काशीहिन्दूविश्वविद्यालयीयसंस्कृतसाहित्यानुसन्धानसमितेः द्वितीयं पुष्पम्

पण्डितराजजगन्नाथविरचितो

रसगङ्गाधरः

द्वितीयो भागः

सम्पादकः
साहित्याचार्यश्रीमधुसूदनशास्त्री, एम० ए०

RASAGANGĀDHARA

OF

PANDITRAJ JAGANNĀTH

PART SECOND

MARMAPRAKASH

OF

MAHĀMAHOPĀDHYĀYA PANDIT NĀGESH BHATTA

Edited with an Original Profound Introduction Commentries and Criticisms

By

SAHITYACHARYA SHRI MADHUSUDAN SHASTRI, *M.A.*

Dean, Faculty of the Oriental Learning, B. H. U.

BANARAS HINDU UNIVERSITY

VARANASI

Price Rs. 35/-

Printed by
R. K. Berry
at the Banaras Hindu University Press, Varanasi—5.

काशीहिन्दूविश्वविद्यालयीयसंस्कृतसाहित्यानुसन्धानसमितेः द्वितीयं पुष्पम्

पण्डितराजजगन्नाथविरचितो

रसगङ्गाधरः

द्वितीयो भागः

महामहोपाध्याय पण्डित नागेशभट्ट विरचित मर्मप्रकाशेन,
काशीहिन्दुविश्वविद्यालयीय संस्कृतमहाविद्यालये
साहित्यविभागाध्यक्षेण, काशीहिन्दुविश्वविद्या-
लयीयसंस्कृतसाहित्यानुसंधानसमितेः
संयोजकेन च

साहित्याचार्य श्रीमधुसूदनशास्त्रिणा
विरचितैः प्रौढभूमिका-मधुसूदनी-बालक्रीड़ा-रसगंगाधरालोचनैश्च सहितः ।

सम्पादकः
साहित्याचार्यश्रीमधुसूदनशास्त्री, एम्० ए०
डीन आफ दी फैकल्टी आफ दी ओरियन्टल लर्निङ्ग, का०हि०वि०वि०, वाराणसी ।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालयीयसंस्कृतसाहित्यानुसन्धानसमित्या
प्रकाशितः

बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी मुद्रणालयव्यवस्थापकेन
आर० के० बेरीमहाशयेन
मुद्रितः

वि० सं० २०२६

मूल्यं पञ्चत्रिंशद्रूप्यकाणि



आचार्य श्री मधुसूदन शास्त्री
डीन, फैकल्टी आफ दी ओरियण्टल लर्निंग
का० हि० वि० वि०, वाराणसी

श्रीगुरुः शरणम्

श्री राजेश्वर शास्त्री द्राविड
"शास्त्र रत्नाकर" "पद्मभूषण"
"पण्डितराज"

के २०/१५४ राजमन्दिर
वाराणसी १
दिनाङ्क १०-१०-६१

श्री पण्डितप्रकाण्डमधुसूदनशास्त्रिप्रणीतं रसगंगाधरविवरणं हिन्दीभाषामयं संस्कृतभाषामयं च स्थालीपुलाकन्यायेन पृथक् पृथङ् मया दृष्टम्। अत्र मूलग्रन्थोपरि नानाविधानि समालोचनानि नूतनतया शास्त्रिमहोदयैरुपस्थापितानि। क्वचिद् ग्रन्थभावविवरणं क्वचिद् व्याकरणादि शास्त्रान्तरविषयोद्भावनम्, प्राचार्याणां स्वं बालकृष्णशास्त्रिमिश्रमहोदयानामुपासनया लब्धानां परिष्काराणां निवेशनं च कृतम्।

रसगंगाधरपद्येषु अधिकपदत्वप्रक्रमभंगत्वादिदोषोद्भावनं नूतनमेव शास्त्रिमहोदयैः कृतम्।

अन्यत्र च नूतनतया दोषोद्भावनेन पण्डितसभायामपूर्वपूर्वपक्षकरणाल्लेखकस्य शक्तिविशेषसूचकत्वं भवत्येव। अतो रसगंगाधरविमर्शप्रवर्त्तने शास्त्रिमहोदयानां परिश्रमः पुरस्कारार्हः। नूतनविचारप्रवर्त्तकश्च भवति। शास्त्रिमहोदयैरेवात्र सर्वत्र विषये योग्यसमाधानान्वेषणपूर्वकं पुनर्ग्रन्थान्तरं कृतं चेन्मूलग्रन्थकर्त्तुः सेवाजनितं महत्पुण्यं तैर्लब्धं भवेत्। उत्साहिनः शास्त्रिणोऽत्र सफलतामनुभवन्त्विति भगवन्तं प्रार्थये।

श्री राजेश्वरशास्त्री द्राविड़ः

आश्विन शुक्ल प्रतिपदि
भौमे २०१८

आचार्य श्री मधुसूदनशास्त्री जी के सम्पादकत्व में बड़ी सुन्दर शैली से ग्रन्थरत्न द्वय प्रकाशित हो रहे हैं। इसमें सहृदय विद्वानों के मनोरञ्जन की, विद्या के अनन्योपासक छात्र वृन्द के अध्ययन की एवं भावुक पाठकों के गुणार्जन की पूर्ण सामग्री है।

शास्त्री जी का पांडित्य शास्त्रीय पद्धति को परिष्कृत करने में सुचतुर हैं, विद्वानों को अपनी ओर आकृष्ट करने में दक्ष है एवं छात्रों की प्रतिभा को आप्यायन करने में रसायन है।

नाट्यशास्त्र के विषय में उसके निर्माण के समय से श्रीमदाचार्य अभिनव गुप्त के बाद शास्त्री जी का ही यह पहला प्रयत्न मेरी दृष्टि में आया है। रसगङ्गाधर के विषय में एक बात कहे विना नहीं रहा जा सकता है कि इसके रचयिता पण्डितराज का प्रकाश या विकाश राजस्थान में ही जैसे हुआ उसी तरह इस दुरूह ग्रन्थ का उत्कृष्ट विवरण भी राजस्थान के ही विद्वान् के द्वारा हो रहा है यह हर्ष का विषय है। इसका प्रसार एवं प्रचार जनता में हो ऐसी विश्वनाथ से प्रार्थना है।

चैत्र व० १ भौम
सं० २०१२
नीची ब्रह्मपुरी काशी

महामहोपाध्याय
आचार्य पं० गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी
जयपुराभिजन

रसगङ्गाधर एवं नाट्यशास्त्र की विवृति के साक्षात्कार करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। यह देखकर और भी उल्लास हुआ कि इसके सर्वस्व मेरे अनन्य सहकारी परममित्र श्री पं० मधुसूदन जी साहित्याचार्य हैं। अब इसमें यह ध्रुव निष्पन्न है कि इसकी विचार चर्चा विमर्श संघटना अनुशीलन परम्परा अवश्य प्रामाणिक होगी।

क्योंकि इसके तत्त्वानुसन्धानकर्त्ता योग्य विद्वान् सद्गुरुशिक्षित परिश्रमी तथा सच्चे विद्याव्यसनी हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भरतनाट्य शास्त्र के व्याख्यान और परिशुद्ध पाठ प्रकाशित होंगे और रसगङ्गाधर की सुलझती हुई ग्रन्थियाँ उपलब्ध होंगी। मैं सम्मान भाजन विद्वानों और भावुक अध्येताओं का आकर्षण चाहता हूँ।

मा० शु० ६ शुक्रवार
सं० २०१२

महादेव शास्त्री पाण्डेय
सर्वतन्त्र स्वतन्त्र कवितार्किक चक्रवर्त्ती
प्रिंसिपल संस्कृत महाविद्यालय
B. H. U. बनारस

प्राक्कथनम्

गीर्वाणवाणीप्रणयिनां नागणितमेतद् यत् पण्डितरेन्द्रस्योक्तयः कियत्यो गभीरा रसगंगाधरावधृता इति। श्रीगुरुभ्यो बालकृष्णमिश्रेभ्यस्तदधिगमनकालीनाभ्यासवशाप्तपरिचयस्थैर्यः विदुषामन्वक्षं किमपि स्वीयं भावं विवृणुयामिति महती समीहा मम समासीत्तदा। परं किं कुर्याम्। "सर्वं कालकृतं मन्ये" "समय एव करोति बलाबलम्" इत्यादि सूक्तिचयमनुसरन्त्समयं प्रत्यैक्षिषि" "श्रुतेन यत्नेन च वागुपासिता ध्रुवं करोत्येव कमप्यनुग्रहम्" इति सिद्धान्तात् समयेन समालोचनात्मकाध्ययनपुरःसरं मधुसूदनीबालक्रीडयोर्लेखने प्रावर्तिषि। तेष्वेव दिवसेषु का० हि० वि० वि० संस्कृतमहाविद्यालये साहित्यविभागाध्यक्षपदं संस्कृतसाहित्यानुसन्धानसमितिसंयोजकपदं च प्राप्नुवम्। मदीयसंयोजकत्वे किमपि नवीनं कार्यं प्रचलतु इत्येतदर्थं, मया मधुसूदनीविवृतिनामकसंस्कृतटीकया श्रीगुरोर्बालकृष्णनाम्ना संकेतितया बालक्रीडानामकहिन्दीटीकया च समन्वितं रसगंगाधरं तथा रसगंगाधरालोचनं मुद्रापयितुं समितेः समक्षं सक्षममहं समुपास्थापयम्। समितिश्च मां तच्च सहर्षमन्वमोदत्।

तदनुमोदनेन प्रोत्साहितः समस्तं विश्वं बिभर्त्तुः परमेश्वरस्यानुकम्पया ग्रन्थरत्ने श्रममकार्षम्। तच्च स्वसमयेन स्वयं समापत्। मध्ये खलानां नानोपद्रवेऽपि ग्रन्थप्रकाशनं विरामं नाग्रहीत्। तत्तु निरन्तरायं प्राचलदेव। विश्वेशितुः श्यामदेवस्य कुलरक्षितुरनुकम्पया पीडाशान्तौ तदेतत्समेषां विदुषां पुरतः समुपाहरामि कीदृशः प्रयास इति सहृदयाः प्रमिण्वन्तु। पठनपाठनप्रवृत्तिरेवमामेवं प्रैरिरत्। आरम्भे लेखनप्रवृत्तौ तु प्रधानं कारणं मदीया प्रथमा धर्मपत्नी दुर्गादेवी सुरेलियावंशोद्भवा एव। तस्यास्तोषार्थमेवायमारम्भः। काव्यमीमांसायाः, व्यक्तिविवेकस्य, रसगंगाधरस्य, नाट्यशास्त्रस्य च मधुसूदनीविवृतिं व्यरीरचम्। बालक्रीडामपि समेषामेषां ग्रन्थानां व्यरचम्। कृतेनानेन सा प्रसीदतु भगवान् सर्वान्तर्यामी श्यामः कुलदेवः प्रीणातु।

रसगंगाधरनाट्यशास्त्रयोर्मधुसूदन्या बालक्रीडायाश्च प्रेसकापीसम्पादने प्रारूप (प्रूफ) संशोधनकर्मणि च मदीया कनीयसी पुत्री कुमारी राज्यलक्ष्मी बी० ए०, पुत्रौ अरुणोदयसूर्योदयौ च महत् साहाय्यमातन्वन्। तदर्थं बह्व आशिषः तेभ्यः

समुपाहरामि। भगवन्तं भूतभावनं भवानीपतिं समनुभावये मुहुर्मुहुर्निवदये च। भूमन्? त्वदीयोऽहं त्वदीयं वस्तु तुभ्यमुपहरे। नतेन शिरसाऽवश्यमिदमेकमभ्यर्थये प्रथमद्वितीयभागवत् तृतीयोऽपि भागोऽस्य ग्रन्थरत्नस्य त्वरितत्वरितं पूर्णतामेतु। तव प्रसादेनैव सर्वं सेत्स्यति। इति मे दृढो विश्वासः।

विदुषामाश्रवो
मधुसूदन शास्त्री
डीन, फैकल्टी आफ दी ओरियन्टल लर्निग
का० हि० वि० वि०
वाराणसी

आषाढी पूर्णिमा
२०२६

विषयाणामानुपूर्वी

द्वितीयानने उत्प्रेक्षावधौ

विषयः	पृष्ठम्	विषयः	पृष्ठम्
१ सलंक्ष्यक्रमध्वनिः	२	५ कविप्रौढोक्तिसिद्धेन वस्तुना वस्तुनः	११५
२ शब्दशक्तिमूलकध्वनौ मम्मटमतम्	१५	६ तेनैव अलंकारेण वस्तुनः	११७
३ ,, ध्वनिकारमतम्	२४	७ तेनैव वस्तुना अलंकारस्य	११८
४ ,, पण्डितराजमतम्	२८	८ तेनैव अलंकारेण अलंकारस्य	११९
५ नानार्थे शक्तिनियामकनिरूपणम् तत्र	५८	८ उभयशक्तिमूलो ध्वनिः	१२१
१ संयोगः	५९	९ लक्षणामूलो ध्वनिः तत्र	१२३
२ विप्रयोगः	६०	१ जहत्स्थार्थामूलः	१२४
३ साहचर्यम्	६१	२ अजहत्स्थार्थामूलः	१२४
४ विरोधिता	६५	१० अभिधाशक्तिनिरूपणम्	१२५
५ अर्थः	६९	१ वाचकशब्दनिरूपणम्	१४३
६ प्रकरणम्	७१	११ लक्षणाशक्तिः तत्र	१५४
७ लिंगम्	७१	१ शाब्दबोधः प्रकारः	१५९
८ शब्दस्यान्यस्य सन्निधिः	७१	२ तत्र केचित्	१६२
९ सामर्थ्यम्	७४	३ अन्ये तु	१६६
१० औचिती	७६	४ अपरे तु	१६८
११ देशः	७७	५ नव्यास्तु	१६९
१२ कालः	७८	६ अत्रेदं विचार्यते	१८५
१३ व्यक्तिः	७८	१२ उपमा	२०७
१४ स्वरः	७८	१ तत्र पदकृत्यम्	२०८
६ शब्दशक्तिमूलो ध्वनिः; तत्र	८१	२ अप्पय्यदीक्षितादीनामुपमा लक्षणालोचसम्	२३६
१ अलंकारध्वनिः	८२	३ प्राचां दृशा तद्भेदाः, तदुदाहरणानि च	२६०।२६२
२ वस्तुध्वनिः	१००	४ स्वमतेन तत्राक्षेपः	२८४
७ अर्थशक्तिमूलो ध्वनिः	१०४	५ पुनः प्रकारान्तरेण विभागः	२९३
१ स्वतः संभविना वस्तुना वस्तुनः	१०४	६ साधारणधर्मप्रकाराः। उपमायाः प्रकाराश्च	२९९।३२१।३२७
२ तेनैव वस्तुना अलंकारस्य	१०८		
३ तेनैव अलंकारेण वस्तुनः	११३		
४ ,, ,, अलंकारस्य	११५		

७ सादृश्यस्य पदार्थान्तरत्वे बोधः ३४२
८ तस्यैव समानधर्मरूपत्वे बोधः ३७१
९ इवादीनां वाचकत्वद्योतकत्वे ३७३
१० उपमादोषाः ३७६
१३ उपमेयोपमा, तद्दोषाश्च ३९२।४१३
१४ अनन्वयः ४१५
१५ असमः ४३८
१६ उदाहरणम् ४४८
१७ स्मरणम् ४६१
१८ रूपकम् ४८०
१९ तद्दोषाश्च ५४५
२० परिणामः ५४७
२१ ससन्देहः ५६५
२२ भ्रान्तिमान् ५९१
२३ उल्लेखः ६०६
२४ अपन्हुतिः ६२३
२५ उत्प्रेक्षा ६४६

रसगंगाधरालोचन के विषयों की अनुक्रमणिका

विषयः

१ संलक्ष्यक्रमध्वनि के निरूपण का आलोचन ।

२ "द्वितीयोऽपि प्रत्येकं व्यंजनादष्टमूर्तिः ।" इस अंश का आलोचन ।

३ "वस्त्वलंकारात्मना लोकसिद्धेन" इस अंश का आलोचन ।

४ "द्वितीयायाः पदार्थोपस्थितेः प्राथमिक्या इव न कुतो नानार्थगोचरता" अंश का आलोचन ।

५ "अर्थैकया शक्त्या···द्वितीयया शक्त्या द्वितीयार्थोपस्थितिस्तथापि" इसमें तथापि अंश के मर्मप्रकाश व्याख्याता का आलोचन ।

६ "अपरे त्वाहुः" मत का आलोचन ।

७ योगरूढिस्थले रूढिज्ञानेन योगापहरणस्य" का आलोचन ।

८ यथा वा "चाञ्चल्ययोगि नयनम्" का आलोचन ।

९ "तस्मादर्थान्तरमिह न शक्तिवेद्यमपितु व्यक्तिवेद्यमेव" का आलोचन ।

१० "अत्र हि···संश्लेषस्य प्रागुक्तदलद्वयाक्रान्तत्वमपेक्ष्यते" का आलोचन ।

११ मर्मप्रकाशे "अर्थान्तरस्य इन्द्रवृत्तान्तस्येत्यर्थः करतलमैरावतगण्डस्थलम्" का आलोचन ।

१२ "अथ श्लिष्ट···यथा गुणीभूतव्यग्यत्वमेवमिहापि उचितं, न चोपमा प्रकृतार्थोपस्कारिका न भवतीति शक्यं वदितुम्" का आलोचन ।

१३ "विरोधविशिष्टाभेदस्य संसर्गत्वाद् विरोधस्य वाच्यत्वम् का आलोचन ।

१४ "शक्त्या प्रतिपादकत्वमभिधा" का आलोचन ।

१५ "अथ गीष्पतिरप्यांगिरस इत्यादौ रूढ्यर्थमादाय पुनरुक्तिः का आलोचन ।

१६ योगरूढपदस्य रूढिशक्तेरनियन्त्रणेन योगार्थमात्रप्रतिपादकताया अनुपपादनात्" का आलोचन ।

१७ लक्षणया तु योगरूढेन योगार्थमात्रप्रतिपादने न किंचिद् बाधकमस्ति का आलोचन ।

१८ "एवमपि ईश्वरज्ञानादिना विनिगगनाविरहः स्यात् का आलोचन ।

१९ "मुख्यार्थान्वियानुपपत्तेः तंत्रत्वे तु काकेभ्यो दधि रक्ष्यतामित्यत्र लक्षणोत्थानं न स्यात् का आलोचन ।

२० "सुन्दरं मुखं चन्द्रः इत्यादौ पौनरुक्त्यापत्तेः" का आलोचन ।

२१ लक्षणास्थलीय "नव्यास्तु" मत का आलोचन ।

२२ "न च सिञ्चतेरपि विषयीकरणे लक्षणाया नानुपपत्तिः" का आलोचन ।

२३ "उत्प्रेक्षाद्यतिरिक्तातिशयोक्त्यपह्नवादिषु" का आलोचन ।

विषय:

२४ "सिंहेन सदृशो नाऽयं किन्तु सिंहो नराधिपः" का आलोचन ।

२५ "उपमितसमासस्य एवं वाचकलुप्ता" इन पदों का आलोचन ।

२६ "काव्यात्मनो व्यंग्यस्य" इसका आलोचन ।

२७ कल्पितोपमा का उपमा में अन्तर्भाव एवं अनन्तर्भाव का आलोचन ।

२८ "विलसत्याननं तस्याः" इस पद्य का आलोचन ।

२९ "कोमलातपशोणाभ्र" इस पद्यका आलोचन ।

३० (सह) गुरुजन (भय?) इस पद्य का आलोचन ।

३१ "वैयर्थ्यापत्तेः से स्वाभीष्टलाभार्थ तक का आलोचन ।

३२ "उपमालक्षण के उपसंहार का आलोचन ।

३३ "पटुपटुर्देवदत्तः" के विषय में आलोचन ।

३४ कुंकुमालेपादौ बिम्बप्रतिबिम्बभावोऽवश्यमभ्युपेयः" का आलोचन ।

३५ यथा इव आदि शब्दों के प्रयोग पर आलोचन ।

३६ "कौमुदीव भवती" पद्य के अंश का आलोचन ।

३७ "नहि घटत्वमित्यादि" का आलोचन ।

३८ "अथ कथमित्यादि से सर्वं सुस्थं पर्यन्त का आलोचन ।

३९ "गाम्भीर्येण" श्लोक की पूर्णता का आलोचन ।

४० "विज्ञत्वं विदुषां गणे" श्लोक का आलोचन ।

४१ "प्राप्तश्रीरेष" पद्य की आलोचना का प्रत्यालोचन ।

४२ "तारानायक शेखराय" पद्य के विचार का आलोचन ।

४३ दूसरों के परिणाम के लक्षण की आलोचना का प्रत्यालोचन ।

४४ मर्मप्रकाशे "परे तु" इत्यस्यालोचनम् ।

४५ "सिन्दूरैः परिपूरितं" पद्य के विचार पर आलोचन ।

४६ "अस्याः सर्गविधौ" इस पद्य के सम्बन्ध में आलोचन ।

४७ "नहि सादृश्यमूलं" इसका आलोचन ।

४८ "वीरास्त्वां देवः" इसका आलोचन ।

४९ "उत्प्रेक्षा के लक्षण का आलोचन ।

५० भ्रान्ति के सम्बन्ध में आलोचन ।

५१ "जगज्जय" में विषय एवं विषयी के स्वरूप का आलोचन ।

५२ "बकानां समजः" का आलोचन ।

विषयः

५३ 'कलिन्दजा" इस पद्य की रचना का आलोचन।
५४ "क्रोशनशब्दयोः" इस में पूर्व निपात का आलोचन।
५५ इसी में अभेद के स्वरूप का आलोचन।
५६ "बकानामनन्वयापत्तेः" का आलोचन।
५७ "चिकुराकार घनान्धकार" की संगति का आलोचन।
५८ निधिं लावण्यानां में महामोह के विषय में आलोचन।
५९ इसी पद्य के उपेक्ष्य त्वां का आलोचन।
६० उत्प्रेक्षायाः साध्यवसानत्वाद्विषयस्यानुपादानं संगच्छते का आलोचन।
६१ दीक्षित जी के द्रविड प्राणायाम का आलोचन।
६२ हर्ष के कार्य लगन की स्वाभाविक लगन के साथ एकता का आलोचन।
६३ विषयिसम्बन्धिना लेपनादिना विषयसम्बन्धिनो व्यापनस्य इस लेख का आलोचन।
६४ निःशब्दत्वाभिन्नत्वेन अध्यवसित मौन के लिखने का आलोचन।
६५ अलंकारसर्वस्वकार के मत के उल्लेख का आलोचन।
६६ "प्रत्ययेन गुणीभूते विषये हेतुफलान्वयो न" इस ग्रन्थांश का आलोचन।
६७ अन्यत्रेत्यादि पर्यस्तापह्नुतिः। अत्र चिन्त्यते का आलोचन।
६८ अत्र कवितायां मुख्यस्य माधुर्यस्यासंभवादुपचारेण का आलोचन।

———

रसगङ्गाधरालोचन

द्वितीय आनन

संलक्ष्यक्रमध्वनि[1] के निरूपण का आलोचन

संलक्ष्यक्रमध्वनि का निरूपण करते समय पण्डितराजने अपने पूर्ववर्त्ती आचार्यों में ध्वन्यालोककार, अभिनवगुप्त एवं मम्मट का ऐच्छिक अनुसरण किया है। कुछ अंश लिया है, कुछ छोड़ दिया है। जैसे आरम्भ में ध्वनिकार एवं लोचनकारने—

"क्रमेण प्रतिभात्यात्मा योऽस्यानुस्वानसन्निभः
शब्दार्थशक्तिमूलत्वात्सोऽपि द्वेधा व्यवस्थितः"

(ध्व० २ उ० २० का)

---

[1] (टि०) "भावस्यापि भावानाद्वारैव" इस अंश का आलोचन ।। विभावानुभाव भिन्नत्वे सति द्वारान्तरनिरपेक्षं रसाभिव्यञ्जकत्वं भावत्वम्। तत्र विभावानुभाव-भिन्नत्वं नाम स्थात्विशिष्टान्यत्वम्। वैशिष्ट्यं च स्वकारणत्वस्वकार्यत्वान्यतरसम्ब-न्धेन। स्वं स्थायी रत्यादिः, तस्य कारणानि विभावाः, कार्याणि अनुभावाः तदन्यत्वं भावेषु वर्तते। रसाभिव्यञ्जकत्वं नाम रसाभिव्यक्तिविशिष्टत्वम्। वैशिष्ट्यं च स्वजनकत्व-स्वजनकार्थप्रतीत्यजनकत्वोभयसम्बन्धेन। स्वं रसाभि-व्यक्तिः तज्जनको भावः। तथा रसाभिव्यक्तिजनको योऽर्थः विभावानुभावरूपः तस्य प्रतीतेरजनकश्च भावः। तत्र द्वारं, व्यापारः, सन्निकर्षः इति पर्यायाः। तत्र द्वारत्वं नाम तज्जन्यत्वे सति तज्जन्यजनकत्वम्। यथा परामर्शः व्याप्ति-जन्यः व्याप्तिजन्यानुमितेर्जनकोऽतः वह्निव्याप्यधूमवानयं पर्वतः इत्याकारस्य तस्य तथात्वम्। नन्वेवंभूतस्य द्वारत्वस्य भावानायामभावः। यतो हि भावना न भावजन्या ततो, भावस्यापि भावनाद्वारैव व्यञ्जकत्वादित्युक्तिः कथं संगच्छेतेति चेच्छृणु। श्रोत्रेण शब्दसाक्षात्कारे समवायः सन्निकर्षः। तत्र सन्निकर्षरूपसमवायस्य जन्यत्वघटितत्व समवायस्तु एक एवेति सिद्धान्तान्नित्यतया विरुद्धम् तथापि अजन्यस्यापि व्यापारत्वं भवतीति स्वीकृत्य श्रोत्रेन्द्रियाजन्यस्य समवायस्य यथा श्रोत्रेण शब्दसाक्षात्कारे सन्निकर्षत्वं व्यापारत्वं तथैव भावाजन्याया भावनाया अपि द्वारत्वं सुलभमिति।

विभावादिभिर्व्यज्यमानो यो हर्षाद्यन्यतमः (अन्यतमो नाम यावन्तो भावास्तावदवृत्तिधर्मशून्यः, भेदकूटद्भिन्नो वा) तत्त्वं भावत्वं, न तु हर्षाद्यन्य-तमः। तथात्वे हि विशिष्टं शुद्धान्नातिरिच्यते इति न्यायात् शुद्धे हर्षादावपि अतिव्याप्तिः स्यात्।

विभाव और अनुभाव से भिन्न तथा द्वारान्तर निरपेक्ष होकर जो जो रस का अभिव्यञ्जन करे वह भाव है। विभावानुभाव भिन्नत्व का परिस्कृत

"द्वितीयोऽपि द्विविधः शब्दशक्तिमूलोऽर्थशक्तिमूलश्च" (इति लोचनकारः)

विवक्षितान्यपरवाच्य ध्वनि का आत्मा स्वरूप जो क्रम से प्रतिभात होता है अत एव अनुस्वानसन्निभ अर्थात् घंटे के स्वान (नाद) के अनुनाद टनन में जैसे प्रतीत होता है। वह भी शब्द शक्तिमूल और अर्थशक्तिमूल भेद से दो प्रकार का व्यवस्थित है। द्वितीय भी द्विविध है शब्दशक्तिमूल और अर्थशक्तिमूल। वैसे ही पण्डितराजने भी "स च तावद् द्विविधः, शब्दशक्तिमूलोऽर्थशक्तिमूलश्चेति" लिखा है।

अर्थ है स्थायिविशिष्टान्यत्व अर्थात् स्थायी से जो विशिष्ट हो सम्बन्ध रखता हो। उससे अन्य। यहाँ वैशिष्टय का अर्थ है स्वकारणत्व स्वकार्यत्वान्यतरसम्बन्ध। स्वपद का दोनों जगह अर्थ है स्थायी, उसके कारण हैं विभाव, और कार्य हैं अनुभाव, उनसे भिन्नता भावों मे है।

रसाभिव्यञ्जकत्व का परिस्कृत अर्थ है रसाभिव्यक्तिविशिष्टत्व। यहाँ वैशिष्टय का अर्थ है स्वजनकत्वस्वजनकार्थप्रतीत्यजनकत्वोभयसम्बन्ध। स्वपद का दोनों जगह अर्थ है रसाभिव्यक्ति। उसका जनक भाव है और उसका जनक जो विभावानुभावरूप अर्थ, उसकी प्रतीति का अजनक भी भाव है। क्योंकि विभाव और अनुभाव रूप अर्थ की प्रतीति के जनक हैं विभावानुभाव के प्रतिपादक शब्द, भाव उनकी प्रतीति का जनक नहीं है। लक्षण समन्वय हो गया।

अब प्रश्न होता है कि द्वारान्तरनिरपेक्ष में द्वार पद के पर्याय हैं व्यापार, सन्निकर्ष। उसका अर्थ है—उस से जन्य हो और उसके जन्य का जनक हो। जैसे परामर्श, यह व्याप्ति से जन्य भी है और व्याप्ति से जन्य अनुमिति का भी जनक है अतः यह परामर्श (वह्निव्याप्यधूमवानयं पर्वतः) व्यापार है द्वार है। इस तरह का द्वार व्यापार भावना नहीं है क्योंकि भावना भावजन्या नहीं है वह तो काव्यजन्या है तब भाव भी भावना के द्वारा रसका अभिव्यञ्जक है यह कहना कैसे संगत होगा।

इस पर कहते हैं कि सुनिये। कर्ण से शब्द के सुनने में समवाय सन्निकर्ष है और सन्निकर्ष तथा व्यापार दोनों एकार्थक हैं यह बतला ही चुके हैं। इस तरह सन्निकर्ष तो जन्यत्व घटित है और समवाय तो एक है नित्य है इस सिद्धान्त के अनुसार जन्यत्व से घटित नही है तब भी कर्ण से अजन्य होने पर भी समवाय को जसे सन्निकर्ष माना जाता है वैसे ही भाव से अजन्य भावना को भी द्वार माना जा सकता है।

विभावादि से व्यज्यमान जो हर्षादि अन्यतम उसका नाम भाव है। अन्यतम का अर्थ हे जितने भाव हैं उनमें नहीं रहने वाले धर्म से रहित हो या हर्षादि भेद कूट (समूह) वान् से जो भिन्न हो।

किन्तु विशुद्ध हर्षादि को भाव नहीं कहते हैं ऐसा मानने पर विशिष्ट पदार्थ शुद्ध पदार्थ से अतिरिक्त नहीं होता है इस न्याय के अनुसार शुद्ध हर्षादि में भी उक्त लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी।

वह संलक्ष्यक्रमध्वनि द्विविध है—शब्दशक्तिमूल और अर्थशक्तिमूल

और जैसे उपसंहार में ध्वनिकार ने—शब्दार्थशक्त्याऽऽक्षिप्तोऽपि; शब्दशक्त्या, अर्थशक्त्या, शब्दार्थशक्त्या वा (इति)

(ध्व० २ उ० २२ का०)

शब्दार्थशक्ति से अर्थात् शब्दशक्ति, अर्थशक्ति अथवा शब्दार्थशक्तिसे आक्षिप्त हुआ भी।

उसी तरह आपने भी उपसंहार में—"इत्थमभिधामूलस्त्रिविधोऽपि संक्षेपेण निरूपितो ध्वनिः" इस तरह अभिधामूल तीनप्रकार के भी ध्वनि का संक्षेप में निरूपण किया।

इस निरूपण में मम्मट का अनुसरण न करके ध्वनिकार एवं लोचनकार का अनुसरण किया किन्तु—

किञ्च—

अनुस्वानोपमात्मापि प्रभेदो य उदाहृतः
ध्वनेरस्य प्रबन्धेषु भासते सोऽपि केषुचित्'।

अस्य विवक्षितान्यपरवाच्यस्य ध्वनेरनुकरणरूपव्यंग्योऽपि यः प्रभेद उदाहृतो द्विप्रकारः सोऽपि प्रबन्धेषु केषुचित् द्योतते। तद्यथा मधुमथनविजये पाञ्चजन्योक्तिषु। यथा वा ममैव कामदेवस्य सहचर-समागमे विषमबाण-लीलायाम्

(ध्व० ३ उ० १४ का०)

इस विवक्षितान्यपरवाच्य ध्वनि का जो अनुरणन रूप व्यंग्य नामक प्रभेद द्वि० उ० में दो प्रकार का शब्दशक्तिमूल और अर्थशक्तिमूल उदाहृत है अर्थात् उदाहरणों के द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है वह किन्हीं२ प्रबन्धों में भी व्यक्त होता है। मधुमथनविजय मधुसूदनविजय के प्रसंग में पाञ्चजन्य शंख की उक्तियों में। (मधुमथनविजय नामक काव्य है) अथवा मेरी बनाई हुई विषमबाणलीला में कामदेव का अपने सहचर वसन्तऋतु प्रभृतियों के साथ समागम में

किञ्चेति। अनुस्वानोपमः शब्दशक्तिमूलोऽर्थशक्तिमूलश्च यो ध्वनेः प्रभेद उदाहृतः स केषुचित् प्रबन्धेषु निमित्तभूतेषु व्यञ्जकेषु सत्सु व्यंग्यतया स्थितः सन्। अस्येति। रसादिध्वनेः प्रकृतस्य भासते व्यंजकतया।

(ध्व० ३ उ० १४ का० लोचनम्)

अनुस्वानोपम शब्दशक्तिमूल एवं अर्थशक्तिमूल जो ध्वनि का प्रभेद उदाहृत है वह व्यंजना के निमित्तभूत व्यंजक किन्हीं प्रबन्धों में व्यंग्यरूप से स्थित है। अर्थात् प्रकृतरसादिध्वनि के व्यंजक के रूप में प्रतीत होता है।

शब्दशक्तिमूलध्वनि का प्रबन्धगतत्वेन निरूपण करते समय ध्वनिकार का अनुसरण नही किया। मम्मटाचार्य का अनुसरण किया। मम्मटाचार्य ने अर्थशक्तिमूलध्वनि का ही प्रबन्धगतत्वेन निरूपण किया है शब्दशक्तिमूलध्वनिका

प्रबन्ध में निरूपण नहीं किया है। तदनुसार पण्डितराज ने भी वही मार्ग अपना लिया। प्रबन्ध में शब्दशक्तिमूलध्वनि को नहीं बतलाया।

द्वितीयोऽपि प्रत्येकं व्यञ्जनादष्टमूर्त्तिः। इस अंश का आलोचन।

द्वितीय अर्थशक्तिमूल भी वस्तु एवं अलंकार रूप लोकसिद्ध एवं प्रतिभानिर्वर्त्तित चतुर्विध व्यञ्जक अर्थ से वस्तु एवं अलंकार स्वरूप से द्विविध प्रत्येक व्यंग्य के व्यक्त होने से आठ प्रकार का है। इस अंश का आलोचन करते हैं।

ध्वनिकार से अर्वाचीन आचार्य अभिनवगुप्त, मम्मट, एवं विश्वनाथ प्रभृतियों ने अर्थशक्तिमूलध्वनि को १२ प्रकार का बतलाया है। अभिनवगुप्तपाद ने ध्व० द्वि० उद्योत की ३१ वीं कारिका के लोचन में "द्वादशविधोऽर्थशक्तिमूलः" यह प्रकार दिखाया है और मम्मटादि का प्रकार सर्वविदित है।

किन्तु ध्वनिकार ने अर्थशक्तिमूलध्वनि को दो ही प्रकार का बतलाया है। जैसे

प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीरः सम्भवी स्वतः।
अर्थोऽपि द्विविधो ज्ञेयो वस्तुनोऽन्यस्य दीपकः" ॥

अर्थशक्त्युद्‌भवानुरणनरूपव्यंग्ये ध्वनौ यो व्यञ्जकोऽर्थ उक्तस्तस्यापि द्वौ प्रकारौ। कवेः, कविनिवद्धस्य वा वक्तुः प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीर एकः, स्वतः सम्भवी द्वितीयः।

ध्व० २ उ० २४ का०)

अधुनास्य प्रभेदनिरूपणं करोति—प्रौढोक्तीत्यादिना। योऽर्थान्तरस्य दीपको व्यञ्जकोऽर्थ उक्तः सोऽपि द्विविधः। न केवलमनुस्वानोपमो द्विविधः, यावत्तस्य भेदो यो द्वितीयः सोऽपि व्यञ्जकार्थद्वैविध्यद्वारेण द्विविध इत्यपिशब्दास्यार्थः।

(ध्व० २ उ० २४ का० लोचनम्)

अर्थशक्त्युद्भव अनुरणनरूप व्यंग्य ध्वनि में जो अन्य वस्तु का दीपक अर्थात् व्यञ्जक अर्थ कहा है उसके दो प्रकार हैं। कवि अथवा कविनिबद्धवक्ता की प्रौढोक्ति मात्र से निष्पन्न शरीर वाला भेद एक है और स्वतः सम्भवी दूसरा है (ध्व०)

अब इसके प्रभेदों का निरूपण करते हैं—प्रौढोक्ति इत्यादिसे। जो अर्थान्तर का दीपक व्यञ्जक अर्थ कहा है वह भी दो प्रकार है। केवल अनुस्वानोपम ही दो प्रकार का नहीं है अपितु उसका जो द्वितीय भेद है वह भी व्यञ्जक अर्थ के द्वैविध्य के द्वारा द्विविध है यह अपि शब्द का अर्थ है (लो०) इसके बाद आगे वाली द्वि० उ० २४ का० में अर्थशक्तिमूल अलंकार का भी निर्देश किया है।

इस प्रकार अर्थशक्त्युद्‌भवध्वनि को अष्टमूर्ति रूप से निरूपण करने में आदर्श ध्वनिकार का लेख ही है पण्डितराज का अपना कुछ नहीं है।

"वस्त्वलंकारात्मना लोकसिद्धेन" इस अंशका आलोचन।

वस्तु और अलंकार को लोकसिद्ध कहने का भाव यह है कि जैसी वस्तु या अलंकार काव्य में उपनिबद्ध है वैसी वस्तु या अलंकार का लोकमें भी मिलना सम्भव है। किन्तु ऐसा लोकसिद्धत्व वस्तु स्थल में तो संगत हो सकता है। अलंकार स्थल में चिन्तनीय है। क्योंकि काव्य में जैसे उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा आदि अलंकार उपनिबद्ध हैं वैसे लोक में अलंकार नहीं हैं। लोकमें तो कटक कुण्डल, हार, वेसर आदि अलंकार हैं अतः लोकसिद्ध अलंकार कटक, कुण्डलादि से उपमादि अलंकार की व्याप्ति कैसे।

अवान्तर प्रश्न एवं उत्तर = जब पहले मूल (ध्वनिकार के) लेख के अनुसार लोचनकार ने भी अर्थशक्तिमूल ध्वनि को दो ही प्रकार का कहा है तब बाद में लोचनकार का उक्तध्वनि को द्वादशविध कहना कैसे बनेगा। उस पर कहते हैं कि उसी ध्व० २ उ० २४ का० के लोचन में आगे लोचनकार ने लिखा है कि प्रौढोक्तेरपि अवान्तरभेदमाह—कवेरिति। तेन एते त्रयो भेदाः। प्रौढोक्ति के भी अवान्तर भेदों को कहते हैं—कवेरिति। उससे ये तीन भेद हो गये। कहने का अभिप्राय कि मूल में ध्वनि दो ही प्रकार का है। किन्तु जब अवान्तर भेद कहते हैं कि यह प्रौढ उक्ति किस की, तब उत्तर मिला कि कवि की और कविनिबद्ध वक्ता की। इस तरह लोचनकार की संगति है।

"प्रतिभानिर्वर्तित्वाविशेषाच्च कवितदुम्भितवक्तृ प्रौढोक्तिनिष्पन्नयोरर्थयोर्न पृथग्भावेन गणनोचिता" का आलोचन

आपने इसी प्रसंग में आगे वाली लाइन में लिखा है कि जो लोकोत्तरवर्णना में निपुण हो वह कवि है। इस के अनुसार काव्य उस कवि का लोकोत्तर वर्णनात्मक कर्म है। क्यों कि सहृदय के हृदय में समवाय सम्बन्ध से स्थित रसादि के बोध के उपयोगी सामग्री विशेष शब्द, अर्थ, और तद्गत, गुण अलंकार, दोषाभाव, रीति, वृत्ति एवं प्रवृत्तियों का इदं प्रथमतया (पहले पहल) कवि के द्वारा प्रकाशन ही वर्णन पदार्थ है। इस तरह के प्रकाशन में शब्दार्थरूप काव्य, द्वार है मार्ग है अतः काव्य कवि का कर्म है यह सिद्धान्त निर्बाध है।

सहृदयसमवेतरसादिबोधानुकूलसामग्रीविशेषसन्निवेशात्मकस्य कविकर्तृकेदं प्रथमतया प्रकाशन-कर्मणः शब्दार्थस्वरूपकाव्ये सत्त्वेन काव्यस्य कविकर्मत्वं निर्बाधम्।

और जब प्रश्न आया कि इस काव्य का निर्माण कैसे होता है तब आपने बतलाया कि (तस्य च कारणं केवला कविगता प्रतिभा) उस का कारण है केवल प्रतिभा जो कि कवि में रहती है। इसतरह आप ही के शब्दों से सिद्ध हुआ कि लोकोत्तरवर्णन कर्म रूप काव्य कवि की ही (अन्य की नहीं) प्रतिभा से ही (कारणान्तर से नहीं) सम्पन्न होता है। और आचार्यों ने भी इसका समर्थन किया है।

अपारे काव्यसंसारे कविरेकः प्रजापतिः ।।

अपार काव्यसंसार में कवि ही एक प्रजापति है।

प्रतिभा कारणं तस्य, व्युत्पत्तिस्तु विभूषणम् ।
भृशोत्पत्तिकृदभ्यासस्त्रयमेकत्र दुर्लभम् ।।

उस काव्य का कारण प्रतिभा है। व्युत्पत्ति तो विभूषण है और अभ्यास काव्य निर्मिति में अधिकता करने वाला है। तीनों का एक जगह मिलना दुर्लभ है। सिद्धान्त हुआ कि शास्त्रीय या लौकिक संभाव्य दोषों का परिमार्जन करने के लिए व्युत्पत्ति की जरूरत है और अधिक रूप में काव्य के निर्माण के लिए अभ्यास अपेक्षित है वस्तुतस्तु काव्य का कारण प्रतिभा ही है।

इस तरह काव्य तथा काव्यगत व्यञ्जक शब्द और अर्थ, व्यंग्य वस्तु अलंकार एवं रसादि सभी कुछ प्रतिभा सम्पन्न है। तत्र कवि या कविनिबद्धवक्ता की प्रौढोक्ति से निष्पन्न अर्थ की तो कथा ही क्या अर्थात् वह तो प्रतिभा सम्पन्न है ही। स्वतः संभवी व्यञ्जक अर्थ भी प्रतिभा निष्पन्न ही है। क्योंकि लोक में सिद्ध साक्षात् दिखाई पड़ने वाला स्वरूप से वर्तमान स्वतः संभवी अर्थ किसी भी प्रकार काव्यत्व का अवगाहन नहीं करेगा और न सहृदयों को चमत्कृत ही करेगा जब तक वह कवि की प्रतिभा से उल्लिखित नहीं होगा और काव्य में ग्रथित नहीं होगा। जैसा कि कहा है

कविशक्त्यर्पिता भावास्तन्मयीभावयुक्तितः
यथा स्वदन्ते काव्येषु, न तथाऽध्यक्षतः किल ।
स्वभावश्चायमर्थानां नातः साक्षादमी तथा
स्वदन्ते सत्कविगिरां गता गोचरतां यथा । भामह ।

तन्मयीभावरूपयुक्ति अर्थात् योग में स्थित हुए कवि की प्रतिभा से काव्यरूप में सहृदयों को अर्पण किये गए भाव जैसे आस्वादप्रद होते है वैसे वे प्रत्यक्ष देखने में आस्वादप्रद नहीं होते हैं।

क्यों कि यह पदार्थों का स्वभाव है कि प्रत्यक्ष देखनें में उन से वैसा आनन्द नहीं मिलता है जैसा कि सत्कवियों की वाणी के द्वारा प्राप्त हुए पदार्थों से आनन्द मिलता है।

अतः "कविप्रतिभा से उल्लिखितत्व रूप धर्म के सभी अर्थों में समान होने से लोकसिद्ध, कविप्रौढोक्तिसिद्ध एवं कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिसिद्ध रूप से अर्थों की पृथग् भाव से गणना करना उचित नहीं है" ऐसा लिखना कदाचित् उचित होता। फलतः "प्रतिभानिर्वर्त्तित्व के सब में समान होने से "यहाँ से आरम्भ करके" पृथग् भेदों के प्रयोजकता की अनुपपत्ति होगी" यहां तक का लेख सब असमंञ्जस ही है।

ननु भोः ? क्षणभर सावधान होइये। यद्यपि यह सिद्धान्त ठीक है कि प्रतिभा से ही काव्य का निर्माण होता है और प्रतिभानिर्वर्त्तितत्व सभी अर्थों में एक रूप है तथापि एक भेद ऐसा है जिसमें प्रतिभानिर्वातततत्व तो है ही परन्तु लोकसिद्धत्व भी है। जैसा कि ध्वनिकार ने लिखा है "जो केवल भणिति वशसे ही अभिनिष्पन्न नहीं हुआ है किन्तु उचित है इसलिए काव्य जगत् के बाहर लोक में भी जिसकी सत्ता सम्भाव्यमान है।

यहां ध्वनिकार जब केवल और एव शब्द का उपन्यास करके सन्तुष्ट नहीं हुए तब लिखते हैं कि उचित है इसलिए बाहर लोक में भी जिसकी सत्ता सम्भव है। तथा मम्मटाचार्य ने और मैंने (पण्डितराजने) भी इसी लिए प्रतिभा शब्द के साथ मात्र शब्द को जोड़ा। जिसका अर्थ होता है कि केवल भणिति से ही निष्पन्न है ऐसी बात नहीं है किन्तु काव्य से बाहर लोक में भी जो औचित्य के कारण सम्भाव्यमान है। यहां हम सब आचार्यों का केवल, एव तथा मात्र पदों के विन्यास करने का यही भाव है कि पहले भेद में जैसे प्रतिभानिर्वर्त्तित्व तो है ही साथ साथ लोकसिद्धत्व भी है। उसी प्रकार दूसरा भेद ऐसा है जहां केवल प्रतिभानिवर्त्तित्व ही है लोकसिद्धत्व नहीं है। "स्वाभाविकात् कृत्रिममन्यदेव" की स्पष्ट प्रतिपत्ति के लिए और प्रधानता का निर्देश करने के लिए ही अलग अलग लोक सिद्ध स्वतःसम्भवी और प्रतिभामात्रनिर्वर्त्तित ये दो नाम बतलाये। वस्तुतस्तु प्रतिभानिर्वर्त्तित एक ही भेद होना चाहिए। फलतः उक्त प्रकार से दो ही भेद हो सकते हैं तीसरा भेद हो ही नहीं सकता है।

इस पर कहते हैं कि सुनिये। जैसे प्रतिभानिर्वर्त्तित्व धर्म के एक रूप होने पर भी लोकसिद्ध स्वतः संभवी भेद को पृथक् माना और कवि प्रौढोक्ति निष्पन्न भेद को पृथक्, उसी प्रकार कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिनिष्पन्न भेद को भी पृथक् ही मानना चाहिए।

प्रश्न—कैसे माना जाय। हेतु के विना, केवल प्रतिज्ञा वाक्य से तो कोई पदार्थ सिद्ध नहीं होता है उसका साधक तो हेतु है।

उत्तर—पहले प्रतिभा के निरूपण के प्रसंग में आपने कहा था कि प्रतिभा का कारण कहीं पर अदृष्ट है और कहीं पर व्युत्पत्ति और अभ्यास है।

अवान्तर शंका—ऐसे यदि प्रतिभा के कारण भिन्न २ मानेंगे तब, अदृष्ट के अभाव में व्युत्पत्ति और अभ्यास से प्रतिभा की उत्पत्ति होगी तथा व्युत्पत्ति और अभ्यास के अभाव में अदृष्ट से प्रतिभा की उत्पत्ति होगी, क्यों कि प्रतिभा के लिए अदृष्ट भी कारण है और व्युत्पत्यभास भी कारण हैं इस का फल होगा कि अदृष्टोत्पन्न प्रतिभारूप कारण के अभाव में काव्यरूप कार्य पैदा नहीं होना चाहिए वाला व्यतिरेक सहचार कट जायगा क्यों कि अदृष्टोत्पन्न प्रतिभा के अभाव में व्युत्पत्यभ्यासोत्पन्न प्रतिभारूप कारण के सद्भाव में काव्यरूप कार्य पैदा हो जायगा। इसी तरह व्युत्पत्यभ्यासोत्पन्न प्रतिभारूप कारण के अभाव में काव्यरूप कार्य पैदा

नहीं होना चाहिए वाला व्यतिरेकसहचार कट जायगा क्यों कि उस प्रतिभा के अभाव में भी अदृष्टोत्पन्नप्रतिभा से काव्यरूप कार्य पैदा हो जायगा अतः व्यतिरेक-सहचार के विरुद्ध व्यतिरेकव्यभिचार रूप दोष लग जायगा।

उत्तर—इस दोंष का निवारण करने के लिए प्रतिभा को कारण न मान कर भिन्न २ प्रतिभाओं में रहने वाले एक प्रतिभात्व रूप सामान्य को कारणतावच्छेदक मान लेंगे कोई दोष नहीं रहेगा।

शंका—ऐसा मान लेने पर भी (पुनस्तत्रैव अवलम्बितो वेतालः) फिर वेताल वहीं आ बैठा वाली कहावत हो गई। व्यतिरेक व्यभिचार ज्यों का त्यों रह जायगा। क्यों कि व्युत्पत्त्यभ्यास से उत्पन्न प्रतिभा यदि अदृष्टोत्पन्न प्रतिभा के सम्पादन योग्य काव्य का सम्पादन करे और ऐसे ही अदृष्टोत्पन्न प्रतिभा यदि दोनों व्युत्पत्ति और अभ्यास से उत्पन्न प्रतिभा के सम्पादन के योग्य काव्य का सम्पादन करे तब कौन निवारण करेगा। अगर कहें कि ऐसा करने से दोष क्या होगा काव्य की निर्मिति तो हो ही जायगी। हां ठीक है ? काव्यनिर्मिति तो अवश्य होगी किन्तु काव्यों के भेद का विनिगमक कौन होगा। यही एक तरफ जानेवाली युक्ति का नहीं मिलना ही दोष हो जायगा।

उत्तर—इस दोष को निवारण करने के लिए हम इन काव्यों में वैलक्षण्य का भेद का विनिगम प्रतिभागत वैलक्षण्य को कारणतावच्छेदक अवश्य मानना सिद्ध कर चुके हैं। तब पुनः प्रश्न होता है कि प्रकृत में पहले स्थिर किये हुए सिद्धान्त को अर्थशक्तिमूलध्वनि के भेदों का निरूपण करते समय क्यों भूलजाते हैं। जो आप लिखते हैं कि कवि की प्रतिभा से निष्पन्न अर्थ से पृथक् कवि निबद्ध वक्ता की प्रतिभा से निष्पन्न अर्थ की गणना करना उचित नहीं है क्योंकि उन दोनों में प्रतिभानिष्पन्नत्व धर्म समान है। अतः जब आप प्रतिभात्वरूप सामान्य धर्म के कारणतावच्छेदक रहने पर भी प्रतिभागत विलक्षणत्व को ही कारणतावच्छेदक मानते हैं। तब विलक्षण कारण से विलक्षण कार्य होता है यही पहले स्थिर किया हुआ सिद्धान्त उत्तम है। जिसके फलस्वरूप कवि की प्रतिभा से निष्पन्न अर्थ से पृथक् ही कविनिबद्धवक्ता की प्रतिभा से निष्पन्न अर्थ को मानना उचित है। जैसे कि देखा गया है, नैषधीय चरित काव्य के निर्माता श्रीहर्ष ही हैं. दूसरा नहीं है; इसमें कोई सन्देह नहीं है किन्तु जब तक वह श्रीहर्ष, श्रीहर्ष है अर्थात् इन्द्रादि के स्वरूप को नहीं स्वीकार करता है तब तक कभी भी वह इन्द्रादि देव तथा नल, चन्द्र एवं दमयन्ती के परस्पर कथोपकथन को नहीं लिख सकता है। क्योंकि शब्दार्थ व्यवहार में स्वभाव ही एकमात्र शरण है। इस अर्थ का समर्थन लोचनकार भी करते हैं। ध्व० २ उ० २४ का० के लोचन में "शिखरिणीति" प्रतीक देकर उन्होंने लिखा है कि लाल लाल बिम्बफल को शुक खाता है इस में कोई व्यञ्जकता नहीं है। जब तो कविनिबद्ध साभिलाष तरुण की इस प्रकार प्रौढ उक्ति होगी तब इस में व्यञ्जकता हो सकती है। इसी स्वभाव को शील को मुख्य कारण

आचार्यों ने काव्यजगत् में स्थिर किया है जिस का निदर्शन है वैदर्भी, गौडी पाञ्चाली आदि शैलियाँ। ये शैलियाँ शील से ही सम्पन्न होती है।

यह तो ठीक है किन्तु कविनिबद्धवक्ता को यदि पृथक् मानियेगा तो कविनिबद्धवक्तृतन्निबद्धादि भेदों को भी पृथक् मानना पड़ेगा, जिससे अनवस्था हो जायगी। इसका क्या उत्तर है। सुनिए। इन भवत्संभावित भेदों का एक भी उदाहरण रामायण, महाभारत, भागवत आदि पुराने एवं रघुवंश, माघ, किरात, नैषध आदि आधुनिक काव्यों या नाटकादि में है क्या। यदि नहीं है तब अलग भेद मानना पड़ेगा का प्रसंग ही कैसा। अगर होता तो मिलता। जब नहीं मिलता है तब यह भेद है ही नहीं। अतः सिद्ध हुआ कि निबद्धतन्निबद्धवक्ता आदि भेदों को और अधिक मानना पड़ेगा यह कहना ही स्वरूपासिद्ध है। अगर मिलता है तब कहिए भेद हैं। जैसे भागवत में व्यास कवि हैं, तन्निबद्धवक्ता शुक है, तन्निबद्धवक्ता मैत्रेय है, तन्निबद्धवक्ता उद्धव है। इसी तरह रामायण में है। महाभारत में तो पदे २ यह कहानी है। फलतः अर्थशक्तिमूल के प्राचीनों के कहे हुए भेद ही ठीक हैं।

और भी एक हेतु कि यदि यह कविनिबद्धवक्तृरूप भेद नहीं मानेंगे तो "मेरे वचन से तुम उस राजा को कहना" ऐसे काव्यों में मेरे पद से कवि समझा जायगा जो कि बहुत ही असंगत होगा।

इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—यदि कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नात्पथक् कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिनिष्पन्नादिभेदानामस्वीकारस्तर्हि "वाच्यस्त्वया मद्वचनात्स राजा" इत्यादौ लक्ष्मणं प्रति सीताया वाक्ये मत्पदात् कवेरेव बोधः स्यादेवं हि बहुसंगतं स्यात्। कुत एतदिति चेदेवम्। तत्कालीनस्वतन्त्रोच्चारणकर्तृत्वं हि अस्मच्छब्दार्थः। अर्थात् उच्चारणे स्वतन्त्रो हि अस्मपदार्थः। उच्चारणे स्वतन्त्रत्वं च अन्योच्चारणाननुवादकत्वमेव। एवं हि तन्निबद्धभेदनंगीकारे केवलं कविप्रौढोक्तिभेदाङ्गीकारे प्रकृते मद्वचनादित्यत्र पद्यनिर्माता कविरेव पद्यस्थ "मत्पदस्यापि" वक्ता स्यात्। किन्तु नह्यत्र कविर्लक्ष्मणं सम्बोध्य कथयति यत्स राजा रामचन्द्रेमम कवेर्वचनात्त्वयालक्ष्मणेन वाच्यः" स तु सीतोक्तेरनुवादकः, न स्वतन्त्रः, अतः स वचनक्रियाकर्तृत्वमनुभवितुं नालम्। कविनिबद्धा सीता लक्ष्मणं सम्बोध्य कथयति। परं कविनिबद्धवक्तृनामको भेद एव भवता न स्वीक्रियते। ततः सीता वक्त्री कथमुपतिष्ठेत्। तदेदुक्तं तन्निबद्धवक्तृभेदानंगीकारे पद्यनिर्मातुः कवेस्तद्वचनक्रियाकर्तृत्वे बहुसंगतं स्यादिति।

अगर कविप्रौढोक्तिनिष्पन्न से पृथक् कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिनिष्पन्नादि भेदों को नहीं मानोंगे तब "मेरे वचन से उस राजा को तुम कहना" इत्यादि लक्ष्मण के प्रति सीता के वाक्य में मत्पद से कवि का ही बोध होने लगेगा अतः बहुत ही असंगति होगी। क्योंकि तत्कालीन स्वतन्त्र उच्चारणकर्तृत्व ही अस्मत् शब्द का अर्थ होता है। इसलिए अस्मत् शब्द से बने हुए मत्पद से भी जो उच्चारण में

स्वतन्त्र हो वही अर्थ उपस्थित होगा। उच्चारण में स्वतन्त्रत्व है अन्य के उच्चारण का अनुवादक नहीं होना। इस प्रकार जब कविनिबद्धादि भेदों को नहीं मानेंगे और केवल प्रौढोक्ति भेद को ही मानेंगे तब प्रकृत "मद्वचनात् पद्य में" पद्यनिर्माता ही पद्यस्थ मत्पद का वक्ता होगा। किन्तु यहां कवि लक्ष्मण को सम्बोधन करके कहता नहीं है कि हे लक्ष्मण ? तुम मेरे कवि के वचन से उस राजा रामचन्द्र को कहना। क्योंकि वह तो सीता के वाक्य का अनुवादक है स्वतन्त्रोच्चारणकर्त्ता नहीं है अतः वचन क्रिया का कर्त्ता हो नहीं सकता है। सीता वचन क्रिया की कर्त्ती है परन्तु कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्ति भेद को आप मानते नहीं तब सीता पद्यस्थ मत्पद की वक्त्री कैसी अतः कैसे इस पद्यस्थ मत्पद से उपस्थित हो। वह तो तभी संभव है जव उस भेद को माना जाय। इसलिए कहा कि उस भेद के न मानने पर बहुत असंगति होगी।

"द्वितीयायाः पदार्थोपस्थितेः प्राथमिक्या इव न कुतो नानार्थगोचरता" अशंका आलोचन

प्राथमिक पदार्थोपस्थिति का कारण है नानार्थकपदज्ञान, और कार्य होता है कारण के अनुसार, अतः नानार्थक पद के सुनने पर जितने अर्थ उसके हैं वे सभी उपस्थित होंगे यही उचित भी है। किन्तु द्वितीयपदार्थोपस्थिति के समय न वह पद है और न उसका ज्ञान है। क्योंकि शब्द एवं उसका ज्ञान तथा शब्द की उच्चारण क्रिया तीनों त्रिक्षणस्थायी होने से नष्ट हो गये हैं। और "शब्दबुद्धिकर्मणां विरम्य व्यापाराभावः" इस नियम के अनुसार नष्ट हो जाने पर अङ्कुरोत्पादनासमर्थ दग्धबीज की तरह वे तीनों पुनः कार्यक्षम नहीं हो सकते हैं। इसी लिए आप (पण्डितराज) ने भी द्वितीय पदार्थोपस्थिति के लिए तात्पर्यज्ञान को पदज्ञान स्थानीय माना है। और वह तात्पर्यज्ञानात्मक पदज्ञान नानार्थक नहीं है वह तो निर्णीत किसी एक ही अर्थ का उपस्थापक है ? अतः नानार्थकत्व के अभाव में द्वितीयपदार्थोपस्थिति भी प्राथमिकपदार्थोपस्थिति की तरह नानार्थविषयक क्यों नहीं यह शंका ही नहीं उठती तब समाधान कैसा। अगर कहेंकि "यह पद इस अर्थ विशेष के तात्पर्य से उच्चरित है" ऐसा तात्पर्यप्रकारक पदविशेष्यकज्ञान ही तात्पर्यज्ञान है अतः इस तात्पर्य ज्ञान में विशेष्यतया पद का ज्ञान होता है। तथा उस पद को सभी वेत्ता लोग सादृश्य के बदौलत वही पद है ऐसा कहेंगे और वह पद नानार्थक ही था। हां ठीक है। किन्तु जिस वाक्य को पुँश्चली कहती है उसी (अत्ता एत्थ णिमज्जइ) वाक्य को साध्वी भी कहती है तब क्या हेतु है कि वह वाक्य एक जगह प्रतारक माना जाता है और दूसरी जगह यथार्थ बोधक माना जाता है। अक्षरों और आकार के सादृश्य से तो वही यह पद है ऐसी प्रत्यभिज्ञा वहां भी है ही। यदि कहें कि वहां एक वाक्य में पुँश्चलीत्व विशेषण ही प्रतारकता का हेतु है और दूसरे वाक्य में साध्वीत्व विशेषण ही यथार्थबोधकत्व का कारण है तब यहां भी नामार्थक पदज्ञान कारण नहीं है किन्तु प्रकरणज्ञानाधीन तात्पर्यज्ञान रूप पद ज्ञान कारण है वह नानार्थक नहीं है क्योंकि तात्पर्य किसी एक ही में है। अतः शंका एवं समाधान दोनों उचित नहीं है।

"अथैकया शक्त्या······द्वितीयया शक्त्या द्वितीयार्थोपस्थितिस्तथापि" इस में तथापि अंश के मर्मप्रकाश व्याख्याता का आलोचन =

यहां पं० नागेशमहाशय ने "तथापि" पद का मर्मप्रकाश में (प्रतिबन्धकसत्त्वेऽपि) प्रतिबन्धक के रहते हुए भी यह व्याख्यान लिखा है वह उचित नहीं मालूम पड़ता है। क्योंकि पहले जो "द्वितीय अर्थ की उपस्थिति के लिए व्यञ्जना व्यापार को मानना चाहिए" यह मन्तव्य है इसके विपरीत नानाशक्तिवादी के मत के अभिप्राय से शंका करते हैं कि यहां शक्ति से ही कार्य का निर्वाह हो जायगा तब व्यंजना की क्या जरूरत है" यह पूर्व पक्ष है और समाधान है कि द्वितीयशक्ति से भी द्वितीय अर्थ की उपस्थिति नहीं होगी। क्योंकि शक्ति के द्वारा नानार्थक पद से होनेवाले अर्थ की उपस्थिति में प्रकरणादि ज्ञान प्रतिबन्धक होता है किन्तु व्यञ्जना के द्वारा नानार्थपद से होनेवाली उपस्थिति में प्रकरणादि ज्ञान प्रतिबन्धक नहीं होता है। यदि वैयञ्जनिक बोध में भी प्रकरणादि प्रतिबन्धक होता तो सुरभि मांस खाता है ऐसा कहने पर गौ का मांस रूप अर्थ प्रतीत नहीं होगा तब सहृदय भोक्ता को अश्लीलता की प्रतीति कैसी ? परन्तु अनुभव कहता है कि गोमांस की प्रतीति होती है और अश्लीलत्व दोष भी होता है" ऐसा कहा है।

यदि ऐसी स्थिति में तथापि का अर्थ प्रतिबन्धक रहते हुए भी करते हैं तब आगे चलकर प्रतिबन्धक का उपराम नहीं हुआ है यह उत्तर कैसा। क्योंकि आप की व्याख्या के अनुसार पूर्व पक्ष का अर्थ हुआ कि तथापि माने प्रतिबन्धक के रहते हुए भी द्वितीय शक्ति से द्वितीय अर्थ की उपस्थिति हो ही जायगी। ऐसी स्थिति में यह उत्तर कैसे होगा कि प्रकरणादिज्ञानरूप प्रतिबन्धक के रहने से द्वितीय शक्ति से द्वितीय अर्थ की उपस्थिति नहीं ही होगी। यहाँ मूल के अक्षर ये हैं कि (न स्यादेव, प्रकरणादिज्ञानस्य प्रतिबन्धकस्य अनुपरमात्) नहीं होगी। क्योंकि प्रकरणादिज्ञान-रूप प्रतिबन्धक का उपराम नहीं हुआ है। अर्थात् प्रतिबन्धक है। पूर्वपक्ष में कहते हैं कि प्रतिबन्धक के रहने पर भी अर्थ की उपस्थिति होगी। उत्तर पक्ष में कहते हैं कि प्रतिबन्धक रहने से अर्थ की उपस्थिति नहीं होगी यह कौन संगति है।

"अपरे त्वाहुः" मत का आलोचन =

"पहले नानार्थक शब्द से अनेक अर्थों की उपस्थिति होने पर भी" में जो पहले पद आया है वह सापेक्ष है। वह बतलाता है कि पीछे भी कुछ क्रिया होनी है। अतः सिद्ध है कि अनेक अर्थों की उपस्थिति क्रिया पहले है और पीछे तात्पर्यनिर्णय क्रिया है। तात्पर्य निर्णय करने की जरूरत सन्देह होने पर ही होती है। निर्णय का स्वरूप है बहुत से अर्थों में जिसमें वक्ता का तात्पर्य नहीं है अर्थात् जो अप्राकरणिक है उसका परित्याग और जो प्रकृत है केवल उसी का उपस्थापन। तब ऐसा निर्णय, एकार्थमात्रविषयक स्मृति के विना तथा अपरार्थ

की उपस्थिति के रोके विना कैसे हो सकता है। और शाब्दबोध अनेक अर्थों का होगा नहीं, वह तो किसी एक का ही होगा। किन्तु उपस्थिति अनेक अर्थों की हुई है अतः बहुतों में से अपरार्थ-को हटाकर किसी एक अर्थ का उपस्थित होना शाब्दबोध के लिये अपेक्षित है तब "नैकार्थमात्र स्मृत्यपेक्षा, नाप्यपरार्थोपस्थापन-प्रतिबन्धकत्व-कल्पनम्, कहना बनता नहीं है।

योगरूढिस्थले रूढिज्ञानेन योगापहरणस्य

इस अंश का आलोचन। "योगरूढ़िस्थल में रूढ़िज्ञान से योग का अपहरण सकल तंत्रो में सिद्ध है" यह उद्धरण जिस प्रसंग में आपने लिखा है वह "अबलानां श्रियं" पद्य योग रुढ़ि स्थल नहीं है। यह तो नानार्थकशब्द श्लेषस्थल है इस बात को अभी हम स्पष्ट करेंगे। पहले इस विषय में सिद्धान्तियों के सिद्धान्त को दिखलाते हैं।

शास्त्रकारों ने लिखा है कि वह शब्द योगरूढ होता है जो उभय शक्ति से एक ही अर्थ का बोधक हो अर्थात् अवयव शक्ति जिस अर्थ को बतलाती है उसी अर्थ को रुढ़ि शक्ति भी बतलावे और रूढ़िशक्ति जिस अर्थ को वतलाती है उसी अर्थ को योगशक्ति भी वतलावे तभी योगरूढ़ शब्द कहलाता है। जैसे पंकज शब्द पंकजनिकर्तृत्वरूप अवयवार्थ से विशिष्ट पद्म रूप अर्थ का बोधक होता है। वहाँ उभय शक्तियों के द्वारा मिल कर एक ही अर्थ का बोध कराने के कारण रूढ़िशक्ति से वही पद्म उपस्थित होता है जो पंक से ही पैदा हुआ (पङ्कजनिकर्तृत्व विशिष्ट) हो। स्थल से पैदा हुआ पद्म उपस्थित नहीं हो सकता है क्योंकि योगशक्ति बाधक हो जाती है। योगशक्ति से भी पङ्क से उत्पन्न पद्म ही उपस्थित होता है कुमुद नहीं क्योंकि रूढ़िशक्ति बाधक हो जाती है। अन्यथा होने पर वह शब्द योगरूढ़ नहीं। जैसा कि आपका भी लेख है (रूढिसमानाधिकरणाया योगशक्तेः रुढ्यर्थासंवलितार्थबोधकत्वस्यासंगतेः) रुढि के समान अधिकरण में रहने वाली योगशक्ति के रूढ अर्थ से असंवलित अर्थ को बतलाने में असंगति हो जायगी सारांश योग, रूढि का और रूढ़ि, योग का अपहरण करती है याने दोनों समान बल वाली हैं यह नहीं कि रूढ़ि ही योग का अपहरण करे।

यही सिद्धान्त प्रोक्षण्यधिकरण में मीमांसित है—

लब्धात्मिका सती रूढ़िर्भवेद् योगापहारिणी।
कल्प्यमाना तु लभते नात्मानं योगबाधतः॥

जहाँ अन्य प्रमाणों से अवयवों के द्वारा मिले हुए अर्थ में शब्द का प्रयोग नहीं होता है वहाँ रूढि लब्धात्मिका अर्थात् क्लृप्ता होती है। वह क्लृप्ता रूढ़ि, योग का अपहरण बाध करती है। और जहाँ तो वह रुढ़ि कल्पनीया होगी वहाँ योग उसका बाध कर देगा क्योंकि वहाँ रुढि अपने स्वरूप को प्राप्त नहीं करती है। अर्थात् रुढि, योग का अपहरण नहीं करती है। यह आचार्य सिद्धान्त हुआ।

अब युक्ति भी सुनिये। यदि योगरूढ़ि स्थल में रूढ़िज्ञान, योग का अपहरण करता होता तब पङ्कज पद से रूढिशक्ति के द्वारा पद्मरूप अर्थ के बोधन के समय पङ्कजनिकर्तृ रूप योगलभ्य अर्थ का बोध नहीं होना चाहिये। किन्तु इसके विपरीत योगरूढ पंकज पद पंकजनिकर्तृत्वप्रकारक पद्म विशेष्यक अर्थ का ही बोधक होता है। अतः योगरूढ़ि स्थल में रूढ़िज्ञान योग का अपहरण करता है यह लेख ठीक नहीं है। जब कि पद्म रूप अर्थ में अनादि तात्पर्यरूप रूढ़ि है और परस्पर में होने वाले अन्वय की जनक सामग्री योगलभ्य अर्थ की उपस्थिति है अतः रूढ्यर्थ पद्म में ही योगार्थ पंकजनिकर्तृत्व का अन्वय होगा, कुमुद में नहीं; तब रूढ़ि ज्ञान योग बुद्धि का अपहरण क्यों करेगा।

प्रकृत "अवलानां श्रियं" पद्य में "अबलानां"[3] 'श्रियं'[2] "वारिवाहैः"[3] और 'चपला'[4] ये चारों शब्द नानाथक हैं श्लिष्ट हैं। जिनमें अबलानां और वारिवाहैः शब्द सभंग हैं और श्रियं और चपला पद अभंग हैं। जैसे अबला शब्द स्त्रीलिंग है और अबल शब्द पुलिंग है। इन दोनों शब्दों का षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में 'अबलनां' यह रूप बनता है। अतः यहाँ प्रकृति श्लेष ही है। इसीलिये नायिकाओं की (शोभा) तथा दुर्बलों के (धन) ऐसे दो प्रकार के अर्थ आपने माने हैं। यदि यहाँ बलरहित नायिका रूप ही अर्थ विवक्षित होता अर्थात् दोनों योग एवं रूढि शक्तियों के द्वारा बोधित एक ही अर्थ जो बलरहित है वह नायिका ही है और जो नायिका है वही बलरहित है ऐसा' अर्थ कहना यदि अभीष्ट होता तब यह 'अबलानां' पद योगरूढ़ होता किन्तु ऐसी बात नहीं है यहाँ तो इसके सिवाय भी अर्थ आपने लिया है। क्योंकि रूढ़ि लभ्य नायिका अर्थ को छोड़ दिया है। केवल योग लभ्य ही अर्थ दुर्बल पुरूष लिया है। तब कैसे यह पद योग रूढ़ हो सकता है। नैवाबलानां भवान्। इस पद्य में अबलानां स्त्रियों का और अबलानां दुर्बलों का इस तरह श्लेषवक्रोक्ति काव्य प्रकाश में दिखलाई है। इसी तरह वारिवाहैः पद में भी उभय शक्तियों से प्राप्त वारिवहनकर्तृत्व प्रकारक मेघ विशेष्यक अर्थ ही विवक्षित होता तब वारिवाहैः पद योगरूढ़ होता किन्तु वही अर्थ विवक्षित नहीं है। यहाँ तो जल भरने वाला कहार रूप अर्थ भी विवक्षित है अतः योगरूढ़िस्थल इसको कहना सिद्धान्त और युक्ति के विरूद्ध है।

श्री शब्द के "श्रीर्वेश-रचना-शोभा-भारतीसरलद्रुमे।
लक्ष्म्यां त्रिवर्गसंपत्तौ वेषोपकरणे मतौ॥

इस विश्व एवं मेदिनी कोष के अनुसार आठ-आठ अर्थ हैं। उनमें ऊपर निर्दिष्ट शोभा और धन दो अर्थ अपने लिये हैं।

तथा

चपला शब्द के "चपला कमला विद्युत्पुंश्चलीपिप्पलीषु च" इस मेदिनी के अनुसार ४ अर्थ है। उनमें से विद्युत् एवं पुंश्चली अर्थ आपने लिखे हैं। इस तरह ये चारों शब्द नानार्थक हैं। इनमें श्री एवं चपला शब्दों में तो योग

रूढ़ि स्थल की संभावना ही नहीं गंध भी नहीं है इसीलिये आपने भी यही लिखा है कि रूढ़ि समानाधिकरण योग शक्ति के पुंश्चलीत्वादि अर्थ सर्वथा विषय नहीं होते हैं। अबलानां और बारिबाहैः इन पदों में योगरूढ़ि की मिथ्या गन्ध थी शुद्ध भ्रान्ति थी जिसका स्पष्टीकरण उपर कर दिया गया है।

"यथा वा—चाञ्चल्ययोगिनयनम्" का आलोचन

यह पद्य अपनी प्रिया को या साधारण किसी नायिका को सम्बोधन करके कहा है। अयि प्रिये ? या हे नायिके। तुम्हारे चंचल नयन कमलों की शोभा को हरण करें तो कर सकते हैं क्योंकि वे कमल चंचल नहीं हैं। अर्थात् नियन्त्रित हैं और नयन चंचल हैं किसी का नियन्त्रण नहीं मानते हैं। इसीलिये कहा भी है कि घूँघट की ओट में भी ये चंचल नयन छिपे न छिपाये। ऐसी अवस्था में अपहरण कर लेना चोरी कर लेना हो सकता है। किन्तु विपिन में रहने वाले क्योंकि नगर में रहने वाले को तो बहुत से व्यवहारों का पालन करना होता है जंगल में उन सब के करने की आवश्यकता नहीं है अतएव स्वच्छन्द विहारी अतिचञ्चल मृगों की शोभा को कैसे हर लेते हैं। क्योंकि नयन केवल चंचल है और मृग तो अतिचंचल है अतः हरण करना जरा कठिन है।

यहाँ चांचल्य गुण रहित कमलों की शोभा का चाञ्चल्य गुण से अधिक तुम्हारे लोचन से तिरस्कार होना कोई आश्चर्यकारी बात नहीं है। आश्चर्यकारी तो यह है कि उस गुण से युक्त हरिणों की शोभा का तिरस्कार। ऐसे वाच्य अर्थ के पर्यवसन्न होने पर अर्थात् समझने के बाद रूढ़ि से निर्मुक्त अतएव केवल योगशक्ति की मर्यादा से मूर्खों की सन्तान अतएव प्रमादी व्यक्तियों की श्री धन का अपहरण नेता चोरों के द्वारा सुशक है। न कि गवेषकों अतएव सावधानों की। यह जलज नयन मृग शब्दों से प्रतीयमान अर्थ कैसे व्यञ्जना व्यापार के विना उपपन्न हो सकता है। क्योंकि रूढ़ि ज्ञान के द्वारा योग का अपहरण हो जाने से योगशक्ति उसको बतलाने में असमर्थ है।

भगवन् पण्डितराज! आप प्राचीनों के द्वारा व्यवस्थापित व्यञ्जना का एक मार्ग से उन्मूलन करके अपने नये मार्ग से उसका पुनर्व्यवस्थापन करते हैं। समर्थ हैं कर सकते हैं। किन्तु जलज शब्द का मूर्ख पुत्र यह अर्थ क्या रूढि लभ्य है या योग लभ्य है। और क्या जलज शब्द नानार्थक है जिससे उसका दूसरा अर्थ मूर्ख पुत्र प्राप्त हो सके। अगर कहें कि धातु जल ही है जड धातु नहीं है तथा (डलयोरैक्यम्) ड और ल में एकता है अतएव जलज को जडज समझा है अतः जडज से मूर्ख पुत्र अर्थ मिलता है। तब प्रार्थना है कि जल लाओ इस अर्थ में जड लाओ इसका प्रयोग कोई भी व्यक्ति करता है क्या। कहना पड़ेगा कि नहीं। तब कैसे यह अर्थ आपने लिया। यदि कहें कि श्लेष मार्ग में ड और ल, ब और व, श और स, ण और न को एक माना जाता है। अस्तु। तो क्या यह श्लेष है ? यदि श्लेष है तब आप ही के कथनानुसार "सोऽव्यादिष्टभुजंगहारवलयस्त्वां सर्वदो माधवः" इस श्लेष

काव्य के अनुसार प्रकृत पद्य में भी दोनों अर्थ वाच्य ही होगें उस अवस्था में व्यञ्जना को कहाँ अवसर है जो आपने लिखा कि कैसे व्यञ्जना व्यापार के बिना यह अर्थ उपपन्न हो सकता है।

नयन शब्द का चोर अर्थ क्या व्याकरण के अनुसार कि प्रकृति एवं प्रत्यय के योग से लभ्य है या अनादि तात्पर्य रूप रूढ़ि से लभ्य है। यदि कहें कि आर्थी-व्यंजना से लभ्य है। भगवन्! तब योगरूढि का विषय यह कैसा जो आपने लिखा कि नयन शब्द का यह अर्थ है। मृग शब्द भी योग रूढ़ नहीं है। योगमर्यादा से प्रतीयमानपरस्परान्वय बोध जनक सामग्री के सद्भाव में ही योगरूढ शब्द होता है यहाँ तो मृग शब्द के हरिण और गवेषक दो भिन्न-भिन्न ही अर्थ गृहीत हैं। अतः यौगिकरूढ़ि का उदाहरण यह हो सकता है। अगर कहें कि यौगिकरूढ़ि स्थल ही यह है तब यहां व्यंजना को अवसर कहाँ ? एक अर्थ यौगिक शब्द का वाच्य है एक रूढ शब्द का वाच्य है।

एक बात और भी है। यहाँ "तव" पद नयन और जलजानां के बीच में रक्खा है अतः चलण्डामरवेष्टितः "रूचिङ्कुरु" पदों में जैसे नहीं चाहने पर भी परस्पर के सहयोग से अश्लील अर्थ भी सहृदयों को भासित होता है उसी तरह प्रकृत में भी काकाक्षिगोलक न्याय से "तव" पद का अन्वय नयन से और जडजानां दोनों से होगा तब तुम्हारे चोर तुम्हारे मूर्ख पुत्रों के धन का अपहरण करते हैं। यह निन्द्य अर्थ भी उपस्थित होगा जो कि व्यवहार विरूद्ध है। अपनी ही चीजों की अपने चोरी न करके बाहरी लोगों के यहाँ चोरी की जाती है। तब कथं पद की क्या संगति होगी। क्योंकि मृग तो बाहरी है उनके यहाँ चोरी हो सकती है। अतः "अबलानां" और "चाञ्चल्ययोगि नयनं" इन दोनों में प्रथम पद्य श्लेष ही का उदाहरण है। और दूसरा न श्लेष का है न व्यञ्जना का है। किन्तु यौगिक रूढ का है। यदि कहें कि अपहर्तृव्यवहार भी विवक्षित है तब आपको यह भी मानना होगा कि 'तव' पद उभयान्वयि है और निन्द्य अर्थ भी उपस्थित होता है। यदि कहें कि "तव" उभयान्वयि नहीं है तब हमारी बतलायी हुई व्याख्या ठीक है।

"तस्मादर्थान्तरमिह न शक्तिवेद्यमपि तु व्यक्तिवेद्यमेव" का आलोचन।

तस्मात् इस उल्लिखित सिद्धान्त से "अबलानां" और "चाञ्चल्ययोगि नयनं" इन पद्यों में योगलभ्य अर्थ शक्तिवेद्य नहीं है अपि तु व्यक्तिवेद्य ही है। यहाँ "अर्थान्तरं" पद की जगह "योगलभ्य अर्थ" यह पाठ उचित है। क्योंकि उक्त उदाहरणों में योग लभ्य अर्थ की स्थिति को समझाने के लिए "ईशानो भूतभव्यस्य" "शब्दादेव प्रमितः" इत्यादि का उपन्यास किया है और फिर अन्त में सिद्धान्त करते हैं कि वह शक्तिवेद्य नहीं है व्यक्तिवेद्य है। इस तरह योगलभ्य अर्थ के लिए व्यक्ति की स्वीकृति सिद्धान्तित की है। यदि अर्थान्तरं पद का विन्यास करेंगे तो नानार्थक शब्द मानना पड़ेगा। जहाँ व्यञ्जना की आवश्यकता का खण्डन कर चुके हैं। पूर्वापर विरुद्ध कथन हो जायगा।

"अत्र हि···संश्लेषस्य प्रागुक्तदलद्वयाक्रान्तत्वमपेक्ष्यते" का आलोचन ।

यहाँ की संगति यह है कि संयोग के लक्षण में कहे हुए दलद्वय का याने दो विशेषणों (आक्रान्तत्व और युक्तत्व) का सम्बन्ध विश्लेष के उदाहरण में अपेक्षित है। किन्तु यह संगति उक्त पाठ से नहीं बैठती है। जैसे (अस्माभिरपेक्ष्यते) हम चाहते हैं। क्या चाहते हैं। पहले कहे हुए दो विशेषणों से सम्बन्ध। किसके साथ चाहते हैं? (इस सम्बन्ध को) विश्लेष के साथ। किन्तु यहां पाठ है (संश्लेषस्य) अतः संश्लेष के साथ प्राप्त होता है। और प्रागुक्तपद से संश्लेष का ही ग्रहण है अन्य का नहीं। क्योंकि इससे पहले संयोग संश्लेष को ही कहा है। तब संश्लेष में तो उनको कह ही चुके हैं तब क्या कहते हैं संश्लेष के साथ? नियम है कि एक जगह बतलाई हुई स्थिति का जब दूसरी जगह अभाव हो किन्तु उसकी आवश्यकता वहां रहे तब "अपेक्षा है" ऐसे पदों का प्रयोग होता है। अतः अपने से नियतपूर्ववर्त्ति संश्लेष की तरह विश्लेष में भी प्रागुक्तदलद्वयाक्रान्तत्व की अपेक्षा है अतः "स्वनियतपूर्ववर्त्तिसंश्लेषवद् विश्लेषस्य प्रागुक्तदलद्वया क्रान्तत्वमपेक्ष्यते" यह पाठ यहाँ उचित है।

मर्मप्रकाशे "अर्थान्तरस्येति । इन्द्रवृत्तान्तस्येत्यर्थः । करतलमैरावतशुण्डागण्डस्थलं" का आलोचन ।

यह अंश मर्मप्रकाश का है। 'करतलनिर्गलदविरल' पद्य-जो शब्दशक्तिमूलालंकार की ध्वनि के उदाहरण रूप से उपन्यस्त है-की व्याख्या है। इसमें प्रकरण के अनुसार राजरूप अर्थ करने पर दूसरा अर्थ (धनद का हस्ती) सार्वभौम ७वां दिशा गज लिया है। उसके साथ राजा की तथा ७वें दिक्पति कुबेर के साथ (धनद) दानियों की तुलना की गई है। और उस गज का शुण्डादण्ड करतल पद से विवक्षित है। अतः मर्मप्रकाश में "अर्थान्तर" शब्द का इन्द्रवृत्तान्त और करतलपद का ऐरावत शुण्डागण्डस्थल अर्थ करना नितान्त भ्रामक है। इसमें भी शुण्डादण्ड न कह कर शुण्डा और गण्डस्थल अर्थ लिखना तो नितान्त अनुचित है।

"जयतितरां सार्वभौमोऽयम्" इस पद से सम्पूर्णभूमण्डलाधीश्वर अर्थ, अथ च सार्वभौम ७ दिशागज अर्थ गृहीत होता है।

ऐरावतः १ पुण्डरीको २ वामनः ३ कुमुदो ४ ऽञ्जनः ५। पुष्पदन्तः ६ सार्वभौमः ७ सुप्रतीकश्च ८ दिग्गजाः। इस कोष के अनुसार सार्वभौम ७ वां दिशागज है।

इन्द्रो १ वह्निः २ प्रेतपतिः ३ नैर्ऋतो ४ वरुणो ५ मरुत् ६। कुबेर ७ ईशः पतयः पूर्वादीनां दिशां क्रमात्। इस कोष के अनुसार ७ वां दिक्पति कुबेर है। इसी की व्याख्या के लिए आपने (नागेशजी ने) धनदः कुबेरः लिखा है अतः अर्थान्तर शब्द की व्याख्या प्रकृत में इन्द्र वृत्तान्त न करके सातवाँ दिग्गज सार्वभौमवृत्तान्त व्याख्या करनी चाहिए। और करतल पद की सार्वभौम शुण्डादण्ड व्याख्या करनी चाहिए न कि ऐरावत शुण्डागण्डस्थल। और "षष्ठ्यर्थे बहुव्रीहिद्वयम्" यह लिखना भी असंगत है। क्योंकि "दान करते समय करतल से अविरल निरन्तर गिरने वाले जल

से अवनिवलय को उल्लासित कर दिया है जिसने" इस तरह तृतीयार्थ में बहुव्रीहि है। उल्लासितक्रियानिरूपित प्रयोजककर्तृत्व राजा में है। और राजरूप कर्तृनिष्ठोल्लासनारूप व्यापारजन्यफलाश्रयत्वरूप कर्मत्व अवनिवलय में है अतः तृतीयार्थे एकः, षष्ठयर्थे द्वितीयः इत्येवं बहुव्रीहिद्वयम्" यह व्याख्या लिखनी चाहिए।

अथ श्लिष्ट······यथा गुणीभूतव्यंग्यत्वमेवमिहाप्युचितं, न चोपमा प्रकृतार्थोपस्कारिका न भवतीति शक्यं वदितुं का आलोचन =

भगवन्? पण्डितराज! आपने "उल्लास्य" जैसे नानार्थक शब्द घटित पद्यों में प्राचीन ग्रन्थकार एवं टीकाकारों के द्वारा समर्थित उपमा को रूपक एवं उसकी ध्वनि को गुणीभूत व्यंग्य सिद्ध करने का प्रयास किया है उस पर हमारा निवेदन है कि (हृदयं निर्णयमेव धावति) हृदय निर्णय करना चाहता है समासोक्ति का लक्षण आपने लिखा है कि जहाँ केवल विशेषणों से उपस्थापित अप्रस्तुत धार्मिक व्यवहार का अभेद, प्रस्तुत धार्मिक व्यवहार में (भासते) व्यञ्जना से प्रतीत होता है वह समासोक्ति है। इससे सुतरां सिद्ध है कि अप्रस्तुत व्यवहार प्रस्तुत का अंग है। क्योंकि प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत दो पदार्थ है उनमें किसी हेतु के विना अभेद एकता कैसी, हाँ एक अंगी और दूसरा उसका अङ्ग बन जाय तब एकता आ सकती है। और अङ्ग का अर्थ है उपस्कारक; फलतः समासोक्ति में अप्रकृत व्यवहार प्रकृत का उपस्कारक हो जाने से समासोक्ति को अपराङ्ग गुणीभूतव्यंग्य माना जाता है: आपने भी समासोक्ति प्रकरण में लिखा है कि "अप्रकृतार्थ उपस्कारकतया गुणः" इति प्रकारो रमणीयः। किन्तु उपमा में यह स्थिति नहीं है। क्योंकि आपने लिखा है कि वाक्यार्थोपस्कारक सुन्दर सादृश्य का नाम उपमा है—सादृश्य का निर्वचन आप लोगों ने किया है कि साधारण धर्म के द्वारा प्रस्तुत की अप्रस्तुत से तुलना। तब बतलाइये कहाँ अप्रस्तुत उपमान प्रस्तुत उपमेय का उपस्कारक होता है। हाँ सादृश्य उपस्कारक होता है।

जैसा कि उदाहरणों से भी स्पष्ट होता है।

स्वप्नेऽपि समरेषु त्वां विजयश्रीर्न मुंचति
प्रभावप्रभवं कान्तं स्वाधीनपतिका यथा

यहाँ स्वाधीनपतिका एवं विजयश्री में तुलना है सादृश्य है, उससे तादृश राजा उपस्कृत है अलंकृत है। जो कि राजा उपमेय नहीं है। प्रावृषेण्य इव वारिधरो में वेदनां हरतु वृष्णिवरेण्यः" इस आप के द्वारा उल्लिखित उपमा के उदाहरण में भी यही परिस्थिति है- यहाँ मत्सम्बधिवेदनाकर्मकहरणकर्तृत्वरूप साधारणधर्मप्रयोज्या मेघ के साथ कृष्ण की उपमा है सादृश्य है। यह सादृश्य ही सकलवाक्यार्थ (श्लोकवक्तृनिष्ठ भगवद्विषयक) रति भाव का उपस्कारक है न कि (सादृश्य अंश) अप्रस्तुत उपमान प्रकृत उपमेय का उपस्कारक है। अतः प्रकृत में उपमा समासोक्ति की तुलना में गुणीभूत व्यंग्य कोटि में नहीं आ सकती है।

दूसरे आपने जो लिखा है कि श्लेष में श्लेष भित्तिक अभेदाध्यवसान होता है। भगवन्? श्लेष के जो उदाहरण प्राचीनों ने तथा आपने लिखे हैं उनमें कहीं भी अभेदाध्यवसान नहीं देखा जाता है।

जैसे सभंग एवं अभंग रूप शब्द श्लेष अथवा अर्थ श्लेष के उदाहरणों में दोनों अर्थ अपनी अपनी जगह अपने रूप में ही ज्ञान के विषय होते हैं अभेद तो उनमें कहीं भी किसी भी आलंकारिक ने नहीं लिखा है। सर्वदो माधवः, पायाद् यो गंगां समदीधरत्। यहाँ उमाधव एवं माधवः दोनों अर्थ लिये हैं किन्तु दोनों में अभेद नहीं है। अतः श्लेषे हि यह पाठ न होकर "श्लेषमूलकालंकारे" यह पाठ होना चाहिए।

अस्तु।

आपने लिखा है कि श्लेष मूलक अलंकारों में श्लेष के कारण दोनों अर्थों में अभेद का ज्ञान होता है अतः प्रकृत "उल्लास्य" इत्यादि पद्यों में उपमा को व्यंग्य न मानकर अभेद को व्यंग्य मानना चाहिए। फलतः उपमालंकार न कहकर रूपकलंकार कहना चाहिये। इस विषय में हमारा निवेदन है कि यहाँ अलंकार स्थल में जहाँ जो अलंकार सहृदयों को चमत्कृति जनक मालूम पड़े वहाँ वही अलंकार माना जाता है। इसीलिये अलंकारों के विशेष लक्षणों में या अलंकार के सामान्य लक्षण में हृद्यत्व का निवेश आपने भी किया है। तब प्रकृत में उद्दिग्गज के सदृश राजा सबसे उत्कृष्ट है इसी अर्थ में चमत्कार है क्योंकि राजा का वर्णन कवि करता है जिससे उसको धनादि लाभ संभावित है और यदि यहाँ अभेद करेंगे तो राजा हाथी बन जायगा। तब हाथी सबसे उत्कृष्ट है यह अर्थ प्रतीत होगा। इससे राजा को क्या लाभ हुआ। फलतः कवि का इष्ट उपमा से ही सिद्ध होने से यहाँ उपमा में चमत्कार है।

एक बात और भी है कि अध्यवसान के माने लक्षणा भी है। क्योंकि सारोपा साध्यवसाना इस प्रकार से लक्षणा का निरूपण आप आगे करेंगे। किन्तु यहाँ तो लक्षणा की गन्ध भी नहीं है तब अभेदाध्यवसान कैसा? फलतः आचार्यों का उपमालंकारध्वनि मानना उचित ही है।

विरोधविशिष्टाभेदस्य संसर्गत्वाद् विरोधस्य वाच्यत्वम्, का आलोचन

दवदहनराशित्वावच्छिन्न-विरोधविशिष्टाभेदसम्बन्धावच्छिन्न-दवदहनराशिनिष्टप्रकारतानिरूपित-मृणालवलयादित्वावच्छिन्न-मृणालयवलयादिनिष्ठविशेष्यताशाली बोधः मृणालववयादि दवदहनराशिरित्यत्र जायते। तत्र शाब्दबोधे विरोधस्य संसर्गघटकतया विषयत्वेन वाच्यत्वाभावेऽपि वाच्यार्थविषयकशब्दजन्येबोधे विषयतया भानात् वाच्यत्वव्यवहार इत्याशयः।

मृणालवलवयादि दवदहनराशिः

इस में दवदहनराशित्व से अवच्छिन्न एवं विरोधविशिष्टाभेदसम्बन्ध से अवच्छिन्न जो दवदहनराशि में रहने वाली प्रकारता तादृशप्रकारता से निरूपित जो मृणालवलयादित्व से अवच्छिन्न मृणालवलयादि में रहने वाली विशेष्यता तादृशविशेष्यताशाली शाब्दबोध होता है। उस शाब्दबोध में विरोध, संसर्ग घटक होकर विषय होता है अर्थात् दवदहना (वनाग्निय) भिन्न मृणालवलयादि इस अभेद संसर्ग में मृणालवलयादित्वजाति से दवदहनत्व जाति का विरोध विशेषणविधया मालूम होता है क्योंकि विरहिणी की अवस्था अद्भुत होती है यह बतलाना लक्ष्य है। इसमें विरोध ही चमत्कारी है। इस तरह विरोध, संसर्ग घटकतया विषय होने से वाच्य नहीं है। क्यों कि वह विरोध, संसर्गमर्यादा याने आकांक्षादि से भास्य है। तथापि वाच्यार्थविषयक शाब्दबोध का विषय होता है अतः वाच्य है यह कहा जा सकता है

शक्त्या प्रतिपादकत्वमभिधा = का आलोचन

अभिधासहकृतः शब्दोऽर्थमुपस्थापयति। तदसहकृतस्तु न इत्यतः शब्दाज्जायमानायामर्थोपस्थितौ सहकारितया यस्याः ज्ञानं कारणं सा शब्दशक्तिरभिधा। एवं च शक्त्यभिन्नाऽभिधेति फलितोऽर्थः। अत्रार्थे शक्त्येति धान्येन धनवानितिवदभेदे तृतीया।

शक्त्येति हेत्वर्थकतृतीयान्तं पदं स्वीकृत्य "शक्त्या प्रतिपादकत्वमभिधा" इत्युच्यमाने तु यः प्रतिपादयति स प्रतिपादकः इत्यर्थकरणे प्रतिपादकः शब्दः। तत्र शब्दे प्रतिपादकत्वं प्रतिपत्तिहेतुत्वमायातं, तस्य प्रतिपादकत्वस्य शब्दगतस्य ज्ञानं प्रतिपत्तौ पदार्थोपस्थितौ न कारणं किन्तु प्रतिपादकसहकारिभूतायाः शक्तेर्ज्ञानं तदुपस्थितौ कारणं ततः कथं प्रतिपादकत्वमभिधा।

अथ प्रतिपादकत्वं नाम प्रतिपत्त्यनुकूलः शब्दगतो व्यापारो विवक्षितः। स च ज्ञात एव पदार्थोपस्थितिं जनयति। एवञ्च शक्त्येति हेत्वर्थकतृतीयान्तं पदमनुपयुक्तम्, आत्माश्रयत्वात्।

अभिधा सहकृत शब्द अर्थ को उपस्थित करता है। यदि सहकृत नहीं होगा तो नहीं उपस्थित करेगा। इसलिये शब्द से होने वाली अर्थ की उपस्थिति में सहकारी के रूप में जिसका ज्ञान कारण हो वह शब्द की शक्ति अभिधा है। इस तरह शक्तिरूप अभिधा है यह फलित हुआ। यहां इस अर्थ में धान्येन धनवान की तरह अभेद में तृतीया है जैसे धान्याभिन्न धनवाला है। और जब "शक्त्या" इस को हेत्वर्थक तृतीयान्त पद मानकर शक्ति से प्रतिपादकत्व का नाम अभिधा है ऐसा कहेंगे तब तो जो प्रतिपादन करता है वह प्रतिपादक शब्द है ऐसा अर्थ हुआ। उस शब्द में रहने वाला प्रतिपादकत्व प्रतिपत्तिहेतुत्व ही हुआ। किन्तु शब्द में रहने वाले उस प्रतिपादकत्व का ज्ञान, प्रतिपत्ति याने पदार्थोपस्थिति में कारण नहीं है। उस की उपस्थिति में तो प्रतिपादक की सहकारीभूत शक्ति का ज्ञान कारण है, तब कैसे प्रतिपादकत्व अभिधा हो सकता है।

अगर कहें कि यहां प्रतिपादकत्व माने प्रतिपत्ति के अनुकूल शब्द में रहने वाला व्यापार विवक्षित है और वह ज्ञात होकर ही पदार्थ की उपस्थिति का जनक है तब तो शक्ति से प्रतिपादन करने वाली शक्ति यह अर्थ हुआ। इस अवस्था में दीक्षित जी महाराज आपही कहिये कि क्या यह लक्षण ठीक हुआ। अपने स्वरूप को बतलाने में अपना ही उपयोग हुआ। यह तो आत्माश्रय दोष हुआ लक्षण कहाँ हुआ। इसलिए शक्त्या यह हेत्वर्थक तृतीयान्त पद अनुपयुक्त है।

"अथ गीष्पतिरप्यांगिरस इत्यादौ रूढयर्थमादाय पुनरुक्तिः" का आलोचन =

"गीष्पतिरप्यांगिरसः" इस पद्य में एक योगरूढ गीष्पति पद से वाणी का पति भी आंगिरस इस रूप से आंगिरस पदार्थ मिल जाता है तब भी पृथक् आंगिरस पद का उपादान किया उस से भी आंगिरस पदार्थ मिला इस तरह रूढ्यर्थ की दो बार प्राप्ति को लेकर पुनरुक्ति दोष हो जाता है यह कथन सुन्दर नहीं है। क्योंकि ध्वनि उत्तमोत्तम काव्य है। वह काव्य चमत्कारी व्यंग्यार्थ की प्रधानता में ही होता है। और प्रधानीभूत उसी अर्थ को हृदय में रखकर महाकवि लोग योगरूढ शब्द का प्रयोग करते हैं। वहां पर योगलभ्य अर्थ व्यञ्जना व्यापार के अनुकूल है इसलिए योगार्थ को बतलाने में ही योगारूढ पद विशेषरूप से संलग्न होता है। फलतः उस योगरूढ पद के रूढि लभ्य अर्थ को समर्पण करने के लिए रूढ पद का पृथक् उपादान कविलोग करते हैं। आप के पद्य "गीष्पतिरप्यांगिरसः" में भी आंगिरसः पद योग रूढ है। और भी जैसे=

उद्यन्मृगाङ्करुचि-कन्दलकोमलाना
मुन्निद्र-शोणनलिनोदरसोदराणाम्।
प्राप्तुं तवाधररुचामवलोकनेन
नालं सहस्रनयनः स वृषाऽपि तृप्तिम्॥

यहाँ पर वह दर्शन के सहस्रों साधनों नयनों को प्राप्त कर के भी तृप्ति को नहीं पा सका इस तरह की तुम्हारे अधरोष्ठ की कान्ति है इस चमत्कारी योगार्थ को बोधन करने में सहस्रनयन शब्द संलग्न है अतः आकांक्षा होती है कि वह कौन है तब उसी शब्द के रूढिलभ्य अर्थ को बतलाने के लिए वृषा पद का पृथक् उपादान किया है।

[यहाँ वृषऽपि में कहा हुआ अपि शब्द भिन्नक्रमार्थक है। उसका वृषा के साथ सम्बन्ध नहीं है किन्तु सहस्रनयनः पद के साथ है अतः वह हजारों नयन वाला भी वृषा इन्द्र तुम्हारे अधर की कान्ति को देखकर तृप्ति को प्राप्त करने में समर्थ नहीं हो रहा है। जो कान्तियाँ उदीयमान मृगांक की रुचि कन्दल (किरणांकुर) से भी अधिक कोमल हैं और उन्निद्र (विकसित) शोणनलिन (रक्तकमल कल्हार) के उदर मध्यभाग के सोदर सदृश है अर्थात् उसके सदृश रक्त हैं]

और जैसे—

कुर्यां हरस्यापि पिनाकपाणेः
धैर्यच्युतिं, के मम धन्विनोऽन्ये ।

संहारशक्ति के प्रतीक पिनाक धनुष को भी हाथ में लेकर यदि भगवान् हर भी आवें तो उनको भी एकवार विक्षिप्त चित्त कर सकता हूं तब और धनुर्धारी बेचारे मेरे सामने क्या हैं तुच्छ हैं। इस चमत्कारी योगार्थ के बोधन में पिनाकपाणि शब्द लगा हुआ है अतः उसके रूढिलभ्य अर्थ को समर्पण करने के लिए हर शब्द का उपादान किया।

यद्यपि जहां तो योगरूढ शब्द, व्यंजना के अनुकूल चमत्कारी योगार्थ के बोधन में लगा हुआ है वहां पर रूढि लभ्य अर्थ को समर्पण करने वाले पद का उपादान कविगण कदाचित् नहीं भी करते हैं। जैसे आप के पद्य में =और कालिदास के पद्य में =

'पुष्पधन्वा विजयते जगत्त्वत्करुणावशात्,
तव प्रसादात् कुसुमायुधोऽपि

[आपकी कृपा के वदौलत पुष्पधन्वा जगत् को जीत लेता है। कुसुमायुध होता हुआ भी तुम्हारे प्रसाद से]

यहाँ कामदेव के वाचक अनेक पदों के रहते हुए भी क्यों इन्हीं पुष्पधन्वा और कुसुमायुध पदों का उपन्यास किया। हाँ अवश्य कोई वैलक्षण्य है। इस गवेषणा के आधार पर एक ही पद आवश्यक रूढ्यर्थ एवं योगार्थ दोनों अर्थों का उपस्थापक है। यह आपही के कृपा कटाक्ष का विलास है या आपही का प्रसाद है कि पुष्प या कुसुम जैसे निःसार तुच्छ तथा कोमल वस्तु से बने हुए धनुष या आयुध से जगत् के ऊपर विजय वैजयन्ती फहरा रहा है। इस चमत्कारी योगलभ्य अर्थ को तथा कामदेव रूपी रूढयर्थ को ये पद बतलाते हैं।

अथवा—

मन्ये निजस्खलनदोषमवर्जनीय
मन्यस्य मूर्ध्नि विनिवेश्य बहिर्बुभूषुः।
आविश्य देव ! रसनानि महाकवीनां
देवी गिरामपि तव स्तवमातनोति ॥

[हे देव ! राजन् ! भगवती गिरां देवी यह समझती है कि महागुणशाली आप के गुणों के वर्णन के समय मेरा स्खलित हो जाना अनिवार्य है। अतः इन दोषों से बचने के लिए वह देवी उन दोषों को साधारण कवियों के मस्तक पर रख देती है। और स्वयं उसका वर्णन करने में असमर्थ है इस लिए महाकवियों की रसना में आविष्ट होकर आप की स्तुति करती है]

यहाँ पर "जैसे जनता स्त्रियों की साधुता के विषय में दुर्जन है उसी तरह वाणी के विषय में तो अत्यन्त दुर्जन है" इस भवभूति की सूक्ति के अनुरोध से अपने स्खलन रूपी दोष की अनिवार्यता का अनुसन्धान करके वाणी की अधीष्ठात्री भी देवी स्वतन्त्ररूप से स्तुति करने में असमर्थ हुई महाकवियों की रसना का आश्रयण करके आपकी स्तुति करने में समर्थ हो पाती है इस तरह के अनन्तगुणगणों के अर्णव आप हैं इस चमत्कारी योगार्थ के बोधन करने में संलग्न हुआ भी गिरांदेवी यह पद अपने रूढयर्थ को भी बतलाता है। इसलिए सरस्वती आदि पद का पृथक् उपादान नहीं किया है।

यहां का भाव यह है कि काव्यों में ग्यारह ही प्रकार का चमत्कार होंता है उस का और कोई प्रकार नहीं है। जैसे कहीं पर विचार्यरमणीय चमत्कार, कहीं पर अविचार्यरमणीय २ समस्त सूक्तव्यापी ३ सूक्तैकदेशव्यापी ४ शब्दगत ५ अर्थगत शब्दार्थोभयगत ७ अलंकारकार्य ८ रसानुभवगम्य ९ प्रख्यातवृत्तप्रत्येय १० उत्पाद्यवृत्तप्रमेय ११। उन में सूक्तैकदेशव्यापी चमत्कार के सद्भाव में यह स्थिति है। जहां तो इसतरह के चमत्कार का मिलना संभव नहीं है। वहां ही पुनरुक्ति दोष की आपत्ति होती है। जैसे

भद्राय भवतु भवतां भगवान् भजमानदैन्यतिमिररविः।
दिवसारम्भविकस्वरनीरजनलिनाभिरामतर-नयनः॥

भजन करने वालों के दैन्यतिमिर के लिए रविस्वरूप भगवान् हमारे कल्याण के लिए होवें। जिस के नयन दिवस के आरम्भ में विकसित होने वाले नीरज के सदृश अभिराम हैं]

इस पद्य में असकृत् ५ वार एक भकार का प्रयोग है। असकृत् ५ बार एक रेफ का प्रयोग है तथा असकृत् ५ ही वार एक नकार का प्रयोग है अतः वृत्यनुमास है और मान दैन्य में दो वार नकार का प्रयोग है

वर्णसाम्यमनुप्रासः, छेकवृत्तिगतो द्विधा।
सोऽनेकस्य सकृत्पूर्व एकस्याप्यसकृत्पर इत्युक्तेः॥

यहाँ पर नीर से पैदा होने वाले रूप योगार्थ और पद्मरूप रूढयर्थ के वोधक नीरज पद के रहने पर भी नलिन रूप रूढयर्थसमर्पक पद का पुनः प्रयोग किया गया है अतः पुनरुक्ति दोष है।

और भी जैसे—

पक्षद्वयक्रशिमपोष-विभाव्यमान
चान्द्रायणव्रतनिषेवण एव नित्यम्।
मेरुं प्रदक्षिणमयन् हि सुरालयं, ते
लिप्सुर्मुखाब्जरुचिमेष तपस्यतीन्दुः॥

हे भगवन् ? यह इन्दु आपके मुखकमल की कान्ति को चाहता है अतः सुरों के आलय मेरु की प्रदक्षिणा करता हुआ तपस्या करता है। क्योंकि दोनों पक्षोंमें क्रमशः कृष्ण पक्ष में जो कृशता और शुक्ल पक्ष में जो पुष्टि उस की होती है उस से प्रतीत होता है कि वह नित्य ही आजीवन ही चान्द्रायण व्रत का निषेवण करता है। यही उसकी तपस्या है।

यहां सुरालय शब्द सुरों का आलय इस अर्थ को योग के द्वारा और सुमेरु अर्थ को रूढि के द्वारा प्रतिपादन करता है अतः योगरूढ है। इस में कोई चमत्कार योगार्थ को लेकर उत्पन्न नहीं होता है तब भी मेरु शब्द का पुनः प्रयोग किया है अतः पुनरुक्त दोष है।

इस स्थिति में योगरूढ स्थल में योग लभ्य अर्थ के व्यंजना के अनुकूल हालत में होने के कारण रूढयर्थसमर्पक पद का पृथक् प्रयोग होता भी है और नहीं भी होता है। तब प्रकृत में गीष्पतिरप्यांगिरस यहां पर पुनरुक्ति का प्रसंग ही क्या है जब कि चमत्कार में संलग्न गीष्पति पद है। अतः पुनरुक्यापत्तिः कहना सुन्दर नहीं है। क्योंकि शब्द प्रथम अर्थ के प्रतिपादन की अवस्था में वाचक है। और द्वितीय अर्थ की दशा में व्यञ्जक है। इस लिए वाचकत्व की कालिकाव्याप्यवृत्तिता है। यह ध्वनित होता है।

योगरूढपदस्य रूढिशक्तेरनियन्त्रणेन योगार्थमात्रप्रतिपादकताया अनुपपादनात् का आलोचन

जैसे रूढ़ि, योग का अपहरण करती है यह नियम सहेतुक है उसी तरह योग, रूढ़ि का निवर्त्तक है यह नियम भी सहेतुक है। तथाहि = शब्द के श्रावण-प्रत्यक्ष होते ही अर्थोपलंभकता के कारण लब्धस्वरूपा रूढ़िशक्ति लिङ्गस्थानीय है। अयववार्थके अनुसन्धान करके विलम्ब से अर्थोपस्थापकता के कारण विप्रकृष्टा योगशक्ति समाख्या स्थानीय है। अर्थ के उपस्थापन में शीघ्रता करने वाली रूढिशक्ति बलशाली है और उसमें विलम्ब करने वाला योग दुर्बल है। इसी के फलस्वरूप यह नियम लागू हुआ कि योगापहारिणी रूढि है। इस लिए—

उल्लासयत्युदरबन्धनिबद्धदिव्य-
शोणाश्मरश्मिकलिकावलिरच्युतैषा ।
आगाम्यनेकशतकल्पविधातृगर्भ-
नाभ्युद्गताम्बुरुहकुड्मलपंक्तिशोभाम् ॥

यहां अम्बुरुह पद से "जल में उत्पन्न होने वाला" इस योगलभ्य अर्थ को दबाकर भगवान् के नाभिकमलरूप अर्थ को रूढिशक्ति बतलाती है

[हे अच्युत ? (उदरबन्ध) कटि में बँधी हुई (दिव्य शोणाश्म) स्वर्गीय माणिक्यमणि की (एषा) यह किरण कलिका, (आगामी) भावी (अनेकशत)

अनन्त (कल्प) सृष्टियों के विधान करने वाले ब्रह्मा जिसके गर्भ में हैं उस नाभि कमल के कुड्मलपंक्तियों की शोभा का उल्लास करती है]

जहां तो अवयवशक्ति याने योगशक्ति का ही प्रयोग दिखाई देता है। जैसे—

कह्लारकैरवमुखेष्वपि पंकजेषु
लोकेश ! यत्कमलमेव तथा प्रसिद्धम् ।
मन्येऽभिजात ! भवदास्यतुलाऽस्य नेति
मर्मप्रकाशनमिदं विधिनैव क्लृप्तम् ॥

यहां कल्हार, कैरव, उत्पल एवं कमल प्रभृति अर्थों में पंकज पद का प्रयोग किया है। यहां रूढिशक्ति के अर्थोपस्थापन में प्रामाण्य नहीं बैठता है अतः योगशक्ति ही अर्थोपस्थापन करने में प्रभु है समर्थक है।

[कह्लार, कैरव, एवं उत्पल प्रमुख कितने ही पुष्प पंक से उत्पन्न होते हैं। किन्तु हे लोकेश ? "मुखकमल" इस रूप से जो कमल की प्रसिद्धि है और "मुख-कह्लार" या "मुखकैरव" इन रूप से प्रसिद्ध नहीं है इससे प्रतीति होता है कि हे अभिजात ! हे उत्तम कुलोद्भूत ? आप के (आस्य) मुख की तुला इनमें नहीं है इस मर्मका प्रकाशन विधि ने ही किया]

तथा—पद्मानि यस्याग्रसरोरुहाणि,

[जिसके अग्र (प्रमुख) सर तालावों में पैदा होने वाले पद्म] इस कालिदास के पद्य में तालावों में पैदा होने वाले रूप योगार्थ के सम्बन्धी अग्र अर्थ का निर्देश कर दिया गया है अतः यहाँ पर भी योग ही बलवान् है रूढि दुर्बल है। रूढि के दुर्बल होने से ही रूढ्यर्थ को बतलाने के लिए पद्मपद का प्रयोग किया।

इस तरह योग, रूढि का निवर्तक है यह भी नियम सहेतुक है तब योगरूढ पद की रूढि शक्ति के नियन्त्रण हुए विना केवल योगार्थ की प्रतिपादकता अनुपपन्न है यह कहना समीचीन नहीं है। क्योंकि उक्त दृष्टान्तों से रूढि का नियन्त्रण और केवल योगार्थ के प्रतिपादकता की उपपत्ति सिद्ध है।

लक्षणया तु योगरूढेन योगार्थमात्रप्रतिपादने न किंचिद् बाधकमस्ति का आलोचन

इस योगरूढ के प्रसंग में यह लिखना कि योगरूढ शब्द लक्षणा के द्वारा यदि योगार्थ का प्रतिपादन करे तो कोई बाधक नहीं है। यह कौन लेख है। क्योंकि अन्वयानुपपत्ति या तात्पर्यानुपपत्ति आदि लक्षणा के बीज है। प्रकृत में कोई भी अनुपपत्ति प्रगतिशील नहीं है। प्रत्युत नानार्थस्थल में जैसे व्यञ्जना प्रभु है वैसे ही यहाँ पर भी अतिशयित अर्थ के प्रतिपादन करने में व्यञ्जना का साम्राज्य है। और भी बात है कि योगरूढशब्द नित्य विशेष्य साकांक्ष है। इसलिए जैसे पंकजपद से

पंकजनिकर्तृत्व प्रकारक पद्मविशेष्यक बोध होता है। किन्तु पद्मत्वमात्र प्रकार होकर पंकजपद से भासित नहीं होता है। हां यदि कदाचित् पद्मत्व भी प्रकार होकर भासेगा तब लक्षणा के द्वारा भासित होगा यही सिद्धान्त है। इसके अनुसार प्रकृत "गीष्पति" पद से भी गिरांपतित्व प्रकारक आंगिरसविशेष्यक ही बोध होता है न कि आंगिरसत्वप्रकारक बोध होता है तब लक्षणा कैसी ?

अथवा जहाँ रूढयर्थ का बाध हो और विशेषण या विशेष्य में से अन्यतर की उपस्थिति में तात्पर्य हो जैसे पंकजपद से कुमुदत्वविशिष्ट पंकजनिकर्तृत्व की या पंकजनिकर्तृत्व विशिष्ट कुमुदत्व की उपस्थिति में तात्पर्य हो तब लक्षणा का प्रसंग आता है। उसी प्रकार रूढयर्थ आंगिरस का बाध हो और वाणी का पति ब्रह्मा भी प्रसिद्ध है इसलिए गिरांपतित्वविशिष्ट ब्रह्मा अथवा ब्रह्मत्वविशिष्ट गिरांपति के बोध में वक्ता का तात्पय हो तब प्रकृत में लक्षणा हो सकती है। परन्तु वह स्थिति प्रकृत में नहीं है तब लक्षणा कैसी ?

एवमपीश्वरज्ञानादिना विनिगगनाविरहः स्यात् का आलोचन।

ईश्वर की इच्छा को संकेत मानने पर प्रश्न होता है कि ईश्वर के ज्ञान या उसकी कृति को ही क्यों न संकेत मान लिया जाय। इसका कौन विनिगमक है कि वे न मान लिए जाँय।

यहां का भाव यह है कि एक सिद्धान्त है कि (जानाति, इच्छति, यतते) पहिले, व्यक्ति वस्तु को जानता है, पीछे उसकी इच्छा करता है फिर उसकी प्राप्ति के लिए यत्न माने कृति करता है। यही सृष्टि के प्राणियों का क्रम है। अतः प्रथम प्राप्त ज्ञान को ही संकेत मानना चाहिए न कि इच्छा को। (शंका) ईश्वर की इच्छा ईश्वर में रहेगी पदादि में तो रहेगी नहीं तब कैसे पदार्थ बोध होगा। और यदि ईश्वर की इच्छा को संकेत माना जायगा तो आधुनिक इच्छाएँ संकेत नहीं हो सकेंगी।

इस के उत्तर में कहते हैं कि श्रुति भगवान् का वाक्य है। कोई भी किसी को कुछ समझाने की ईच्छा से वाक्य का प्रयोग करता है। क्यों कि प्रवृत्ति निवृत्ति रूप व्यवहार प्रधान जगत् है। वह व्यवहार या तो चेष्टा से हो सकता है या शब्द से। चेष्टा से वह व्यवहार अधूरा ही होता है। उसमें पूर्णता नहीं आती है। क्योंकि उसमें स्पष्ट समझाने की क्षमता नहीं है। और शब्द से वह व्यवहार पूर्ण हो जाता है। अतः दूसरे को समझाने के लिए वक्ता व्यवहार के साधन शब्द का प्रयोग करता है।

ईश्वर अपने आप जो समझता है वही ईश्वर का ज्ञान हुआ। मेरे ज्ञान को मेरी सृष्टि मेरे अनुयायी समझें यह ईश्वर की इच्छा होती है। तब सृष्टि के आरम्भ में ईश्वर शब्द प्रयोग करता है वह शब्द प्रयोग ईश्वर अपने ज्ञान को समझाने के लिये करता है फलतः शब्द प्रयोग के मूल में इच्छा के होने से इच्छा ही संकेत है अभिधा है। ज्ञान एवं कृति अभिधा शक्ति नहीं है।

ईश्वर की इच्छा ईश्वर में समवाय सम्बन्ध से रहती है किन्तु भिन्न-भिन्न सम्बन्धों से वह इच्छा पदादि में भी रहती है क्योंकि पदादि भी तो उस की इच्छा के विषय होते हैं।

इस पर कहते हैं कि इस तरह इच्छा के विषय पदादि को मानने में यह निर्णय नहीं हो सकेगा कि वाचक, वाच्य एवं फल किस को कहा जाय। क्योंकि इच्छा रूप शक्ति है और उस शक्ति का विषय पद हुआ तो शक्तं पदं यदि अर्थ हुआ तो शक्तः अर्थः और यदि फल बोध हुआ तो शक्तो बोधः। इस तरह प्रयोग होने पर समानार्थक हो जायँगें। और ईश्वर विभु है उसकी इच्छा भी विभु है एक है नित्य है और वह सर्व विषयिणी है। अतः सभी पदार्थ उसके विषय होंगे। तब घट पद जन्य बोधबिषयत्व प्रकारकेश्वरेच्छा का विषय पद भी अश्व भी होने लगेंगे; सिद्धान्त में जैसे घट पद से केवल घट रूप अर्थ का ही बोध होता है वह नहीं होगा बड़ी अव्यवस्था हो जायगी।

इस के उत्तर में कहते हैं कि कुछ भी अव्ययस्था नहीं होगी। क्योंकि शक्ति के आश्रयतया जो विवक्षित है वह पद है अतः आश्रयतया जो इच्छा का विषय हो वह शक्तिमत् पद है वाचक है। विषयतया जो इच्छा का विषय हो वह शक्य अर्थ है वाच्य है और जन्यतया जो इच्छा का विषय हो वह बोध है फल है। और घट पद से पट या अश्व की उपस्थिति वाला दोष भी तभी होसकता है जब सामान्यतः पद का सन्निवेश करते हैं। यदि वहां व्यक्ति विशेष का अर्थात् तत्तद् व्यक्ति का सन्निवेश कर देंगे तब कोई दोष नहीं है। जैसे घट पदजन्य बोधविषयतात्वावच्छिन्न प्रकारता से निरूपित जो घटत्वावच्छिन्न घटनिष्ठा विशेष्यता तादृशविशेष्यतावती ईश्वरेच्छा का विषय घट है। घट पद जन्य बोध विषयतावान् घट पदार्थ है। इस बोध में प्रकार है घट पद जन्य बोधविषयता और प्रकारतावच्छेदक है विषयतात्व। वाकी सुगम है।

जब ईश्वर की इच्छा को संकेत मानेंगे तब आधुनिक इच्छायें संकेत नहीं हो सकेंगी। यह भी दोष नहीं है। क्योंकि प्रत्येक कार्य में ईश्वर की इच्छा अनुस्यूत है तब प्रत्येक कार्य पद एवं वाक्य में भी वह है ही अतः आधुनिक इच्छायें भी संकेत होंगी।

इस पर कहते हैं कि यदि ईश्वर की इच्छा ही संकेत है तब अनुमान को पृथक् प्रमाण और लक्षणा को पृथक् शक्ति मानने की गुरुता क्यों करते हैं। क्यों कि धूम से वन्हि का ज्ञान हो जाय, गंगा पद से तीर का बोध हो जाय ऐसी इच्छा रूप संकेत से काम चल जायगा। इसके सिवाय ईश्वर की इच्छा को संकेत मानने में प्रबल बाधक यह भी है कि अनीश्वर वादी को भी शब्द से बोध होता है कि तब ईश्वरेच्छा को संकेत मानना कठिन है।

मुख्यार्थान्वियानुपपत्तेः तंत्रत्वे तु काकेभ्यो दधि रक्ष्यतामित्यत्र लक्षणोत्थानं न स्यात् का आलोचन।

पहिले शक्यतावच्छेदक रूप से लक्ष्यार्थभान को स्वीकार किया है अतः प्रकृत (काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्) में काकत्व रूप से दध्युपघातकत्वरूप लक्ष्यार्थ के भान को स्वीकार करना है। तब तो काकत्वरूप से दधि के उपघातकों में प्रविष्ट जो काक है तादृश काक प्रतियोगिकत्व का तात्पर्य के विषयीभूत अन्वय में सद्भाव ही है अभाव नहीं है अतः भक्षितेऽपि लशुने न शान्तो व्याधि न्याय का प्रसङ्ग यह हो गया अर्थात् उक्त मुख्यार्थतावच्छेदकावच्छिन्नमुख्यार्थनिष्ठ प्रतियोगिता निरूपकत्वाभावस्तन्त्रम् में अवच्छिन्नान्तविशेषण के देने पर भी दोष रह गया। यदि आप कहें कि यहां मुख्यार्थ प्रतियोगिकत्व (मुख्यार्थनिष्ठप्रतियोगितानिरूपकत्व) पद से मुख्यार्थमात्रप्रतियोगिकत्व विवक्षित है किन्तु प्रकृत में मुख्यार्थ काक से इतर बिडालादि भी दधि के उपघातक हैं न कि केवल काक है अतः उक्त दोष नहीं है। तब भी ठीक नहीं है—क्योंकि इस तरह की विवक्षा में अर्थात् तात्पर्य के विषय अन्वय में केवल मुख्यार्थ प्रतियोगिकत्व का अभाव लक्षणा के द्वारा अर्थोपस्थापन में तन्त्र है ऐसा मानने में मुख्यार्थतावच्छेदक (काकत्व) रूपेण इस पद का फल क्या होगा। उक्त विशेषण के नहीं देने पर भी काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम् में कोई दोष नहीं होगा। क्योंकि प्रकृत में उपादान लक्षणा है अतः काक पद का काकाकाक समुदाय दध्युपघातक लक्ष्य है।

सुन्दरं मुखं चन्द्र इत्यादौ पौनरुक्त्यापत्तेः का आलोचन।

रूपक स्थल में उपमान वाचक चन्द्र की; चन्द्र सदृश में लक्षणा होती है यह प्राचीनों का सिद्धान्त है। वहां पर उस सदृश में रहने वाला सादृश्य लक्ष्यतावच्छेदक है और वह सादृश्य समानधर्मरूप है। अब प्रश्न होता है कि वह समानधर्म (लक्ष्यांश) चन्द्र सदृश में सुन्दरत्वादि विशेष रूप से प्रतीत होता है या सामान्य रूप से। इसमें पहला पक्ष ठीक नहीं है। क्योंकि सुन्दर पद से सुन्दरत्व की उपस्थिति हुई और चन्द्र पदसे भी लक्षणा के द्वारा उसी (सदृशनिष्ठसादृश्याभिन्नसमानधर्म) सुन्दरत्व की उपस्थिति हुई अतः पुनरुक्ति हो जायगी। ऐसा आप का कहना है। किन्तु यहां पुनरु क्ति नहीं होनी चाहिए। जैसे गौर्वाहीक; इत्यादि स्थलों में बाहीक शब्द से अभिधा के द्वारा बाहीक अर्थ उपस्थित होता है और गोशब्द से भी साधारण गुणाश्रयत्व रूप सम्बन्ध को मानकर लक्षणा के द्वारा भी बाहीक की उपस्थिति होती है। अर्थात् बाहीक शब्द का तो बाहीक अर्थ है ही और गो शब्द का भी बाहीक अर्थ है किन्तु सिद्धान्त में पुनरुक्ति नहीं मानी जाती है। प्रत्युत गवाभिन्नो बाहीकः इस वैयञ्जनिक बोध के लिए वह उपस्थिति आवश्यक अतः है पुनरुक्ति नहीं है। इसी तरह प्रकृत में भी पुनरुक्ति नहीं होनी चाहिए।

लक्षणास्थलीय "नव्यास्तु" मत का आलोचन।

यहां नव्य मत में आलोच्य दो अंश हैं पहला अंश है (सादृश्यस्य शब्दोपात्तत्वेन) सादृश्य के शब्दोपात्त होने पर। दूसरा अंश है रूपक में लक्षणा करने

पर "विद्वन्मानसहंस" जैसे श्लिष्ट परम्परित रूपक में अयोन्याश्रय दोष हो जाता है।

भगवन्! मुखं चन्द्रः इस में चन्द्र पद की चन्द्र सदृश में लक्षणा करते हैं अतः सदृश लक्ष्य है और सादृश्य लक्ष्यतावच्छेदक है। इस अवस्था में सादृश्य शब्दोपात्त कैसे हुआ। शब्दोपात्त पदार्थ वही कहलाता है जो अपने वाचक शब्द से कहा गया हो। जैसे सादृश्य के वाचक इव शब्द या इव के अर्थ में "तत्र तस्येव" इस सूत्र से विहित वति प्रत्यय या यथा प्रभृति शब्दों से जब सादृश्य कहा जायगा तभी वह शब्दोपात्त कहलायेगा अन्यथा नहीं। यदि इस सिद्धान्त को मान्यता नहीं दी जायगी तो आप के ही द्वारा किया गया श्रौती आर्थी का विभाग सब व्याकुल हो जायगा।

प्रकृत में चन्द्र पद चन्द्र या चन्द्रत्व अर्थ का बोधक है न कि सादृश्य का तब सादृश्य शब्दोपात्त कैसे हुआ। यदि कहें कि अभिधा से तो वह शब्द उन्ही अर्थों का बोधक है सादृश्य का नहीं, किन्तु लक्षणा से वह सादृश्य का बोधक है। तब भी ठीक नहीं है। क्योंकि लक्षणा से भी वह चन्द्र सदृश का ही बोधक है न कि सादृश्य का। यदि कहें कि सदृश सादृश्यविशिष्ट है अतः सदृश का बोधक मानना सादृश्य का बोधक मानना हो जायगा। तब भी ठीक नहीं है, क्योंकि

निखिलजगन्महनीया यस्याभा नवपयोधरवत्।
अम्बुजवद्विपुलतरे नयने तद् ब्रह्म समाश्रये सगुणम्॥

इस उपमालंकार के उदाहरण के समन्वय में आपने लिखा है कि (अत्र पूर्वार्द्धे वतेः "तत्र तस्येव" इति सादृश्ये विधानाच्छ्रौती। उत्तरार्द्धे "तेन तुल्यम्" इति विधानात् सादृश्यवदर्थकतया आर्थी) यहां पूर्वार्द्ध में "तत्र तस्येव" इस सूत्र से सादृश्य अर्थ में वति का विधान है अतः श्रौती है। उत्तरार्द्ध में "तेन तुल्यम्" इस सूत्र से सादृश्यवान् (सदृश) अर्थ में न कि सादृश्य अर्थ में वतिका विधान है अतः आर्थी है।

अब आपही बतलाइये कि सदृश का बोधक मानना भी यदि सादृश्य का बोधक मानना हो जायगा तब तुल्यार्थक वति के प्रयोग में सादृश्य का भी प्रतिपादन हो जाने से शाब्दी उपमा क्यों नहीं मानी गई आर्थी क्यों मानी गई। क्योंकि श्रौतीका निरूपण करते समय आपने लिखा है कि (सादृश्यस्य श्रुत्या बोधनाच्छ्रौती) उपमा स्थल में सादृश्य का बोध श्रुति याने शब्द से होता है अतः श्रतौती है। तब रूपक में भी लक्षणा के द्वारा सदृश ही का बोध होने पर सादृश्य शब्दोपात्त कैसे हो सकता है तस्मात् प्रकृत में सादृश्य को शब्दोपात्त कहना गडबड ही है।

"विद्वन्मानसहंस" ऐसे श्लिष्ट परम्परित रूपक में अन्योन्याश्रय दोष की प्रसक्ति कहना ठीक नहीं है। क्योंकि विना एक दूसरे का सहारा लिए जब स्वरूप

ही न बने तब अन्योन्याश्रय दोष होता है। जैसे "आदिरन्त्येन सहेता" को अन्त्य इत् की अपेक्षा है जब उस को अन्त्य इत् का ज्ञान हो तव इसके सहारे प्रत्याहार बनावे और "हलन्त्यं" को हल् प्रत्याहार की अपेक्षा है। जब उसको हल् प्रत्याहार का ज्ञान हो तब उसके सहारे औपदेशिक अन्त्य हल् की इत् संज्ञा करें। ऐसे स्थल अन्योन्याश्रय दोष के माने जाते हैं। प्रकृत में तो बात ही दूसरी है। हंस संसार में प्रसिद्ध है और उसका मानस सरोवर में रहना भी प्रसिद्ध है। राजा भी स्वतन्त्र प्रसिद्ध है। कवि के मन में इच्छा हुई कि राजा को हंस बनाया जाय। कल्पनामय जगत् है हंस बना दिया। अब विचार करना है कि मनुष्य हंस पक्षी कैसे हो सकता है। हाँ हंस सदृश हो सकता है तब मानसवासित्व रूप सादृश्य का निरूपण किया गया। यह भी कोई जरूरी नहीं है कि मानस वासित्व ही सादृश्य हो तभी राजा हंस बने। नीरक्षीरविवेकित्व, गुणदोषविवेकित्व, कर्मणा मनसा, वाचा शुक्लत्व रूप अनेक विध सादृश्य हो सकते हैं। तात्कालिक इच्छा हुई कि हंस मानस में रहता है राजा भी तत्तद्विषयज्ञानवत्त्व रूप सम्बन्ध से विद्वन्मनों में रह सकता है। यह कोई बात नहीं है कि जब तक श्लेष द्वारा साधारण धर्म मानसवासित्व रूप उपस्थित नहीं किया जायगा तब तक राजा का हंस कहा ही नहीं जा सकता। "हंसीव कृष्ण ते कीर्तिः स्वर्गंगामवगाहते" यहां कौन मानसवासित्व साधारण धर्म है और स्वर्गंगामवगाहते में कौन श्लेष है। उपमा की जगह रूपक भी कर सकते हैं। कीर्तिः श्रीकृष्ण ते हंसी शुक्ला सर्वत्र राजते। यह भी कह सकते हैं। तस्मात् यहां लक्षणा मानने में परम्पराश्रय दोष होता है यह कहना ठीक नहीं है।

यदि कहें कि प्रकृत में तो राजा को हंस बनाने के लिए मानसवासित्वरूप शब्द सादृश्य है। अस्तु। परन्तु इसी पद्य में राजा को सूर्य बनाने के लिए जो वैरिकमलासंकोच शब्द का उपन्यास किया है उस में कौन साम्य है। एक तरफ वैरियों की लक्ष्मी अर्थ लेने के लिये "वैरिकमला" इतना शब्द लेते हैं। दूसरी तरफ केवल कमल (पुष्प) लेते हैं और वैरि को छोड़ देते हैं तब शब्द साम्य भी नहीं कह सकते हैं। अर्थ साम्यतो यहां है ही नहीं। अतः जहाँ आहार्य बोध है इच्छा का ही विलास है वहां अन्योन्याश्रय दोष की प्रसक्ति कैसी। नामार्थों में अभेद की सरणि में भी तो आपको आहार्य ही अभेद मानना पड़ता है। अतः दोष नहीं है सब ठीक है।

"न च सिञ्चतेरपि विषयी करणे लक्षणाया नानुपपत्तिः" का आलोचन।

यहां अपि शब्द के तीन अर्थ हो सकते हैं। समुच्चय, अन्य योग व्यवच्छेद, एवं प्रश्न। यहां का प्रसंग यह है कि "मुखचन्द्रः" इत्यादि समास में कहीं पर लक्षणा के बिना भी बोध की उपपत्ति हो जाय। किन्तु व्यास माने वाक्य में तो लक्षणा बिना बोध की उपपत्ति नहीं होगी अर्थात् अनुपपत्ति होगी। अतः व्यास में लक्षणा

का बाधक कोई नहीं है। इस पर कहते हैं कि अनुपपत्ति नहीं होगी यह नहीं कहना चाहिए क्योंकि ("कृपया सुधया सिञ्च हरे मां तापमूर्च्छितम्") सुधा-भिन्न कृपा से संसार के तापों से मूर्छित पीडित मुझको सिक्त करो। इस में सुधारूप कृपा से तो सेक संभावित है किन्तु लक्षणा करके सुधा सदृश कृपा से सेक संभावित नहीं है। क्योंकि कृपा अमूर्त्त पदार्थ है, अन्तः करण का धर्म विशेष है, द्रव पदार्थ नहीं है। अतः वाक्य में भी अद्रव कृपा से सेक का नहीं होना अनुपपत्ति है अतः यही लक्षणा की बाधिका है।

इस पर कहते हैं कि "सिञ्चतेरपि" में अपि शब्द का समुच्चय अर्थ है। अतः जैसे सुधा पद की सुधा सदृश में लक्षणा करते हैं उसी तरह सिंचति की भी अवलोकन अर्थ में लक्षणा कर लेंगे। तब हे हरे! सुधा सदृश कृपा से सेक सदृश आवलोकन मेरा करो। इस तरह वाच्य कृपा का सुधा सदृश लक्ष्य के साथ अभेद बोध होने में कोई बाधक नहीं है! क्योंकि सुधासदृश कृपा से सेक का नहीं होना बाधक रहा। अब तो सेक का भी अर्थ सेकसदृश (अवलोकन) अर्थ लक्षणया हो गया तब व्यास में लक्षणा का बाधक नहीं है। यह मूलकार का अर्थ है।

नागेश महाशय मर्मप्रकाशकार के अनुसार सिंचतिपद को ही लक्षणा का विषय माना जाय तो बोध की अनुपपत्ति नहीं होगी। अतः वाक्य में भी लक्षणा का बाधक कोई नहीं है। इनका भाव यह है कि "सिञ्चतेरपि" में अपि पद एवकार के अर्थ में है अतः सिंचति क्रिया को ही न कि सुधा पद को भी लक्षणा का विषय बनाया जाय अर्थात् केवल सिंचति का अवलोकन अर्थ लक्षणा से लिया जाय। तब यह अर्थ होगा कि हे हरे! हे भगवन्! आधिभौतिक, आधिदैविक, एवं आध्यात्मिक त्रिविध तापों से मूर्छित अर्थात् उन तापों के जलन से दाह से चेतना रहित मुझको सुधा से सिक्त करो मुझ पर अमृत की वृष्टि करो जिस से मैं जीवित हो जाऊँ और कृपा से मुझे अवलोकित करो जिस से चेतना बुद्धि को प्राप्त कर बोध को प्राप्त करूँ मुक्त होऊँ।

मूर्छित प्राणी मृत प्राय हो जाता है चेतना रहित हो जाता है अत एव बोध शून्य हो जाता है। सुधा मृत प्राणी को भी मूर्छित को तो अवश्य ही जीवन दान करती है किन्तु संसार दावानल के संताप से उसको मुक्त नहीं कर सकती है। क्योंकि मुक्ति ज्ञान से ही मिलती है। नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय। और ज्ञान भगवत्कृपा से ही प्राप्त होता है। यं कामये तं तमुग्रं करोमि तं ब्रह्माणं तं सुमेधाम्। यमेवैष वृणुते तस्मै एव विवृणुते तनूं स्वाम्। मैं जिसको चाहता हूं उस को ब्रह्मा, विष्णु, महेश बनाता हूं। जिसको यह स्वीकृत कर लेता है उसी को अपना स्वरूप दिखा देता है। तभी वह मुक्त होता है यह सिद्धान्त है। इसलिए यहां पर सुधा एवं कृपा दोनों पदों के उपादान से यह उपरि कथित भाव व्यक्त होता है।

अथवा अपि पद यहां प्रश्नार्थक है। इसलिए प्रश्न होता है कि—क्या? इस (उक्त) वाक्य में सिंचति को विषयी करने में अनुपपत्ति नहीं है। सिंचति

उपमान पद है जिसका यहां उपादान किया गया है। और उपमेय अवलोकय है जिसका उपादान नहीं किया गया है अतः निगीर्ण है। फलतः यहां अतिशयोक्ति अलंकार माना जा सकता है। और इस अतिशयोक्ति में लक्ष्य और वाच्य में अभेद बोध करने में कोई अनुपपत्ति नहीं है। इस लिए व्यास में लक्षणा का कोई बाधक नहीं है ? यह कहना ठीक नहीं है। क्योंकि यह रूपक का प्रकरण है माने रूपक में नामार्थों में आहार्याभेद बोध सिद्ध करने का प्रकरण है। हां अतिशयोक्ति में वाच्य और लक्ष्य में अभेद बोध हो सकता है। क्योंकि इस अलंकार में लक्षणा का होना आचार्यों को अभिमत है। किन्तु अतिशयोक्ति से अतिरिक्त उत्प्रेक्षा, अपन्हुति प्रभृति में जैसे आहार्यभेद बोध से उपपत्ति होती है उसी तरह रूपक में भी आहार्याभेद बोध से ही नामार्थों में उपपत्ति करनी चाहिए। क्योंकि रूपक में लक्षणा मानने में "नामार्थयोरभेदान्वयः" इस व्युत्पत्ति के रहते बीज अन्वयानुपपत्ति या तात्पर्यानुपपत्ति रूप कारण का अभाव है। प्रत्युत रूपक में लक्षणा के मानने में अनुभव का भो विरोध है।

अनुभव विरोध यह है कि सादृश्य सम्बन्ध से होने वाली गौणी सारोपा प्रयोजनवती लक्षणा के मानने में बीज है प्रयोजनीभूत एषणीय चमत्कार। यहाँ प्रकृत काव्यों में उस उपयोगी चमत्कार के जनक तत्त्व क्या हैं इसी गवेषणा में चमत्कार की अनुभूति जब लडखडा जाती है। तब लक्षणा करने पर "चमत्कार उत्पन्न हो ही जाता है" यह अनुभव नहीं होता है। इसी को अनुभव विरोध शब्द से कहा। फलतः व्यास (वाक्य) में अनुभव विरोध लक्षणा का बाधक है।

"उत्प्रेक्षाद्यतिरिक्तातिशयोक्त्यपह्नवादिषु" का आलोचन।

"उत्प्रेक्षाद्यतिरिक्तातिशयोक्त्यपन्हवादिषु" यह मुद्रित पाठ सर्वथा अशुद्ध है। क्योंकि प्रत्यक्षर में अर्थानुसन्धानशून्यता है। अपन्हव नाम का कोई अलंकार नहीं है। संज्ञा शब्दों में हेर फेर नहीं किया जा सकता है। हां अपह्नुति नाम का अलंकार है। अतः अपह्नुत्यादिषु यह पाठ अपह्नवादिषु के स्थान पर करना चाहिए। और अतिशयोक्ति में आहार्याभेद नहीं होता है किन्तु लक्षणा होती है। जैसा कि पण्डितराज का लेख है। नामार्थों में अभेद सम्बन्ध से विशेषण विशेष्य भाव व्युत्पत्ति प्राप्त है। अतः रूपक में विषय और विषयी में अभेद सम्बन्ध से विशेषण विशेष्य भाव होना उचित है। किन्तु प्रकृत (अतिशयोक्ति) में वह उचित नहीं है। प्रकृत में तो विषयितावच्छेदकरूप से विषय का ही न कि विषयी का भी भान होता है अर्थात् एक ही पदार्थ का भान होता है तब किसको विशेषण बनायें और किस को विशेष्य बनाएं। इस लिए विशेषण विशेष्य भाव की प्राप्ति नहीं होती है। और अभेद सम्बन्ध की भी। अभेदप्रधाना अतिशयोक्ति होती है इस का निर्वाह तो "चन्द्रोऽयमुन्मीलति" में मुखं चन्द्रो न इत्यादि रूप से विषयितावच्छेदक चन्द्रत्व प्रतियोगिक भेद के नहीं मालूम पड़ने से करना चाहिए। और विषयितावच्छेदक चन्द्रत्व से विषय मुख को समझने का द्वार क्या है जरिया क्या

है सिवाय लक्षणा के; अतः अतिशयोक्ति में लक्षणा अतीव आवश्यक है। और उत्प्रेक्षा एवं अपह्नुति में तो आहार्य ज्ञान के बिना संगति नहीं हो सकती है अतः आहार्य ज्ञान वहां नितान्त अपेक्षित है। यह सब विषय पण्डित राज के अतिशयोक्ति अलंकार एवं अपह्नुति तथा उत्प्रेक्षा अलंकारों के निरूपण में विज्ञ लोगों को देखना चाहिए।

"सिंहेन सदृशो नाऽयं किन्तु सिंहो नराधिपः" का आलोचन।

यहां का प्रसंग यह है कि यदि रूपक प्रतीति को उपमानाभेद विषयिणी नहीं मानेंगे और लक्षणा को स्वीकार करके सादृश्य प्रतीति को मानेंगे तो "यह नराधिप सिंह के सदृश नहीं है किन्तु सिंह है"। यहां निषेध्यत्व और विधेयत्व की संगति नहीं होगी। यहां का भाव यह है कि रूपक में लक्षणा मानेंगे तब नराधिप सिंह है इस का अर्थ हुआ नराधिप सिंह सदृश है। क्योंकि सिंह पद की सिंह सदृश में लक्षणा है। और अभी कहे हैं कि नराधिप सिंह के सदृश नहीं है। तब निषेध्य भी सिंह सदृश हुआ और विधेय भी सिंह सदृश हुआ। इस तरह जो निषेध्य है वह विधेय कैसे होगा और जो विधेय है वह निषेध्य कैसे होगा। अतः असंगति स्पष्ट है। और यदि उपमानाभेद विषयिणी रूपक प्रतिपत्ति को मानते हैं तब संगति हो जाती हैं। क्योंकि सिंह सादृश्य निषेध्य है और सिंहाभेद विधेय है।

इस पर आलोचन यह है कि "सिंहेन सदृशो नाऽयं किन्तु सिंहो नराधिपः" "इस पद्यांश का यह सिंह के सदृश नहीं है किन्तु नराधिप सिंह है" ऐसा अर्थ ही नहीं है अतः जिस असंगतिरूप दोष को दिखाने के लिए पण्डित राज ने उदाहरण रूप में उपन्यस्त किया है वह दोष नहीं है। किन्तु प्रधानाविमर्श नामक दोष है। इसके दिखाने का उपक्रम करते हैं।

कोई कहता है कि यह सामने उपस्थित मनुष्य सिंह है। उस को अन्य पुरुष समझाता है कि (अयं ना मनुष्यः) यह मनुष्य सिंह के सदृश है ["चन्द्रेण तुल्यं मुखम्" की तरह यह उपमा का उदाहरण भूत अंश है] किन्तु नराधिप सिंह है सिंहाभिन्न है ("मुखं चन्द्रः" की तरह नराधिप में सिंहत्व का आरोप होने से "तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः" इस लक्षण के अनुसार रूपक का उदाहरण भूत अंश है) इस तरह यहां इन वाक्यों में उपमा एवं रूपक का ही निरूपण है। यदि लक्षणा कर के सादृश्य की प्रतीति भी करें तब भी निषेध किसी का नहीं है। क्यों कि निषेधार्थक कोई शब्द नहीं है। अयं ना पुरुषः इस तरह ना पद का अर्थ मनुष्य है। हां एक जगह सादृश्य वाच्य है और दूसरी जगह वह लक्ष्य है। यह भेद अवश्य है। अतः असंगति नहीं है।

प्रधानाविमर्श दोष इस प्रकार है कि पहले मुख्य अर्थ का उपादान करके पीछे अमुख्य अर्थ का उपादान विद्वान् लोग करते हैं। इस लिए मुख्यार्थ बाचक पद का उपन्यास पहले करना आवश्यक है। प्रकृत पद्य में अयं इस पद का अर्थ

कौन। पहले किसी मुख्य का निर्देश किया नहीं है जिसको यह अयं पद कहे। क्योंकि सर्वनाम शब्दों को प्रतिनिधि शब्द माना गया है इसलिए प्रतिनिधिभूत अर्थात् अमुख्य ही ये सर्वनाम कहाते हैं। इसलिए पूर्व में मुख्य नराधिप के बोधक मुख्य पद का उपादान नही करके अमुख्य अयं पद का उपादान किया है अतः प्रधानाविमर्श दोष है। इदं रजतम् की तरह (अयं ना) "यह मनुष्य" ऐसी संगति की जाय तो "ना" पद का अर्थ अयं पद से कहा जायेगा। ऐसा करने पर पहले पीछे की समीक्षा भी नहीं करनी पड़ेगी।

प्रकृत ग्रंथ की संगति के लिए इस पद्यांश का ऐसा निर्माण करना चाहिए। "सिंहेन सदृशो राजा न तु सिंहोऽयमाहृतः" राजा सिंह के सदृश है किन्तु यह राजा आदृत सिंह नहीं है। इस तरह के पाठ में ही लक्षणा के द्वारा सिंह सदृश अर्थ की उपस्थिति होने पर विधान का निषेध असंगत होता है।

"उपमितसमासस्य एवं वाचकलुप्ता" इन पदों का आलोचन

वाचकलुप्ता "वादेर्लोपे समासे सा कर्माधार क्यचि क्यङि। कर्मकर्त्रोर्णमुलि" इस काव्यप्रकाशीय सूत्र के अनुसार ६ प्रकार की है। इनमें "उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्यप्रयोगे" इस सूत्र से उपमित समास नहीं होता है किन्तु "उपमानानि सामान्य वचनै" इस सूत्र से समास होता है अतः यहाँ उपमित समास नहीं कह कर उपमान समास कहना चाहिए। "कामिनी-गण्डपाण्डुः" "घनश्यामः" "अरविन्दसुन्दरम्" इत्यादि इसके उदाहरण हैं। अब यहाँ झगड़ा यह उपस्थित होता है कि जहाँ उपमित समास कहते हैं वहाँ "नृसोमः" इत्यादि में सोम आदि उपमान शब्द की या उपमित समास की भेद घटित सादृश्य विशिष्ट उपमेय में क्रमशः लक्षणा या शक्ति मान सकते हैं। ठीक है किन्तु जहाँ वाचक लुप्ता है वहाँ कामिनी-गण्डपाण्डुः में उपमित समास होता ही नहीं है क्योंकि वहाँ उपमान ही है तब उपमित समास की भेद घटित सादृश्य विशिष्ट उपमेय में कैसे लक्षणा हो सकती है।

और भी बात है कि आपने आगे उपमा के शाब्दबोध के निरूपण के प्रसंग में लिखा है कि "अरविन्दसुन्दरम्" में अरविन्द पद की अरविन्द निरूपित सादृश्य प्रयोजक में लक्षणा होती है। अतः एक बार लिखते हैं कि उपमान शब्द की "भेद घटित सादृश्य विशिष्ट में" और दूसरी बार लिखते हैं कि "उपमान निरूपित सादृश्य प्रयोजक में" लक्षणा होती है। यह कौन संगति है। अतः वाचक लुप्ता में उपमित समासवाली गति का अनुसरण कैसे किया जाय।

और फिर "वाचकलुप्ता" में तीन शंकायें होती हैं। एक शंका यह होती है कि "वादेर्लोपे" इस काव्य प्रकाशीय कारिका की वृत्ति में "वाशब्द उपमाद्योतकः" ऐसा लिखा है। अतः यहाँ "अरविन्दसुन्दरम्" में इवादि द्योतक के अभाव में द्योतक लुप्ता कहना चाहिए न कि वाचक लुप्तता। दूसरी शंका है कि क्यजादि प्रत्यय स्थल में इवाद्यर्थ सादृश्य की कृत्तद्धित आदि वृत्ति से ही प्रतिपत्ति हो जाती है अतः वहाँ उक्तार्थानामप्रयोगः (जिन अर्थों का प्रकारान्तर से कथन हो जाता है वहाँ उन अर्थों

के वाचक शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता है क्योंकि पुनरुक्ति होने का डर होता है) इस न्याय के अनुसार इवादि का प्रयोग नहीं किया जाता है। किन्तु कृत्तद्धितादि से तो वह सादृश्य वाच्य है ही तब वाचक लुप्ता कैसे। तीसरी शंका है कि नृसिंह इत्यादि उपमित समास में उत्तरपद सिंहादि की और घनश्याम इत्यादि उपमान समास में पूर्वपद घनादि की स्वार्थ सदृश में लक्षणा मानने वाले के मत में वाचक के अभाव में वाचक का लोप ठीक है अतः वाचक लुप्ता भी कह सकते हैं। किन्तु समास में शक्ति मानने वाले के मत में समास ही सादृश्यवाचक है अतः वाचक लोप नहीं हुआ तब वाचक लुप्ता कैसे हो सकती है प्रत्युत नृसिंहः इत्यादि में धर्म की प्रतीति नहीं होने से ऐसे उदाहरणों में धर्म लुप्ता ही कहनी चाहिए।

"काव्यात्मनो व्यंग्यस्य" इसका आलोचन

"लोक में नायक एवं नायिका के या देवी देवताओं के अलंकार सुनाई पड़ते थे किन्तु काव्य के अलंकार यह तो कोई अपूर्व विधान आज करते हैं इस कुन्तक के, "अलंकार के कारण काव्य ग्राह्य है" इस वामन के, सालंकार शब्द और अर्थ ही काव्य है इस आचार्य समुदाय के, काव्यवृत्ति उसके आश्रय पर है अर्थात् यह काव्य है यह काव्य है यह व्यवहार अलंकारों के अधीन है इस आनन्द वर्द्धन के और उपमा के प्रकरण में काव्य के अलंकारों के कथन के अवसर पर लौकिक या अलौकिक, प्रधान एवं अप्रधान, वाच्य एवं व्यंग्य उपमा साधारण का लक्षण कहना अनुचित है ऐसा स्वयं पण्डित राज के लिखने के अनुसार।

काव्यात्मनः इसमें आत्मा का अर्थ व्यवहार है अतः यह काव्य है इस आत्मा माने व्यवहार के प्रयोजक अलंकार हैं।

यह समझने की बात है कि यहाँ "काव्यात्मनो भ्यंग्यस्य" इस पक्ति में ऐसे पद विन्यास करने का पण्डितराज का अभिप्राय स्पष्ट नहीं प्रतीत होता है प्रत्युत सन्देह का जनक हो रहा है। क्योंकि "काव्य की आत्मा ध्वनि" इस रीति से "काव्य की आत्मा जीव भूत व्यंग्य" यह अन्वय होता है किन्तु "प्रागभिहित लक्षण है जिसका" इस विशेषण का यहाँ समन्वय नहीं हो पाता है। जब कि यहाँ उपमा निरूपण के पूर्व कहीं भी ग्रन्थ में व्यंग्य का काव्य की आत्मा के रूप में लक्षण नहीं किया है। बल्कि सभी जगह लक्षणों के समन्वय के समय उदाहरणों में इस काव्य में रति की अभिव्यक्ति है, यहाँ अलंकार प्रधानतया व्यक्त होता है इस प्रकार काव्य से ही व्यंग्य की प्रतीति का होना समर्थित है।

और यदि "काव्यात्मनः" इस पद में आत्मा शब्द को स्वरूप वाचक मानकर "काव्यरूप व्यंग्य के" अर्थ करते हैं तब पहले रस निरूपण के आरम्भ की लाइन "तत्र ध्वनेरुत्तमोत्तमस्य काव्यस्य" की संगति होने पर भी (अथ) "अस्य" इस विशेषण की संगति नहीं होती है। यह उक्त संगति को रोक रहा है। क्योंकि इदम् शब्द सन्निकृष्ट का बोधक है और सन्निकृष्ट में काव्यस्वरूप व्यंग्य के लक्षणादि कहे नहीं है। वस्तु स्थिति यह है कि जैसे शरीर के अवयवों में स्थित अलंकार

आत्मा की रमणीयता के प्रयोजक होते हैं—उसी प्रकार काव्य के अवयव शब्द एवं अर्थ में स्थित अलंकार काव्य के सारभूत व्यंग्य की रमणीयता के प्रयोजक होते हैं। जैसा कि पहले कहा है "इस तरह पाँच प्रकार की ध्वनियों में रसध्वनि परम रमणीय है" इससे ध्वनि ही रमणीय है। काव्य तो रमणीय अर्थ व्यंग्य का प्रतिपादक है यही सिद्ध होता है।

और भी बात है कि आगे आप कहेंगे कि यह इतने भेदों वाली उपमा रस, वस्तु एवं अलंकार रूप प्रधान व्यंग्यों और वाच्य वस्तु एवं अलंकारों की भी उपस्कारक होने से पाँच प्रकार की है। यहाँ पर व्यंग्य का विशेषण प्रधान दिया है और प्रधान व्यंग्य का अर्थ है ध्वनि अतः व्यंग्यस्य के स्थान पर ध्वनेः पद को बैठा देना चाहिए और व्यंग्यस्य के बाद वाच्यस्य च पद को रखना चाहिए तब ग्रन्थ की संगति ठीक होगी। यहाँ संगति का स्वरूप है—(प्राचीनों के अनुसार) काव्य की आत्मभूत ध्वनि (रस, वस्तु एवं अलंकार तथा उत्तमोत्तम काव्यस्वरूप) और वाच्य की रमणीयता के प्रयोजक अलंकारों का निरूपण करते हैं।

कल्पितोपमा का उपमा में अन्तर्भाव एवं अनन्तर्भाव का आलोचन

"उपमान के लोक सिद्ध होने पर उपमा होती है किन्तु प्रकृत में वह कवि कल्पित है अतः उपमा नहीं है" यह कहना ठीक नहीं है। क्योंकि उपमा में यह लोकसिद्धत्व आवश्यक नहीं है किन्तु सादृश्य निष्पत्ति आवश्यक है। वह जब है तब उपमा मानने में कोई संदेह नहीं है। इस बात को सिद्ध करके उपमा के प्रयोजक साधारण धर्म के विषय में विचार करने में प्रवृत्त होते हैं।

दूसरे आचार्य जो अलंकार रत्नाकर के निर्माता हैं। इनका आशय यह है कि जब उपमेय की श्रेणी में समकक्षतया प्रतिद्वन्द्वी के रूप में प्रवेश पाने के लिए स्वाभाविक याने जगत् में प्रसिद्ध उपमान नहीं मिलता है तब कवि, सम्भावना करके अपनी प्रतिभा से उपमान की कल्पना करता है। इसीलिए उसको कल्पितोपमा कहते हैं फलतः इसका उपमा में अन्तर्भाव नहीं होता है। क्योंकि जहाँ उपमा में उपमेय को उपमान के विलक्षण गुणों वाला समझना है वहाँ अन्य उपमान का मिलना असंभव नहीं है। किन्तु कल्पितोपमा में अन्य उपमान का मिलना ही असंभव है अतः इन दोनों उपमाओं का फल भी भिन्न २ है। इस तरह यदि फल भेद होने पर भी इसका उपमा में अन्तर्भाव मानेंगे तब तो अनन्वय और व्यतिरेक का भी उपमा में अन्तर्भाव मान लिया जाय। क्योंकि सादृश्य की प्रतीति वहाँ पर भी समान है। यदि कहें कि हो जाय अन्तर्भाव, क्या हानि है। तब तो अलंकारत्वेन सभी अलंकारों का या सादृश्य मूलक होने से कतिपय अलंकारों का भी उसी में समावेश कर दिया जाय।

यदि लक्षण एवं चमत्कार के अलग होने से वे अलंकार अलग माने जाते है ऐसा कहा जाय तो वह स्थिति प्रकृत कल्पितोपमा में भी है। जैसे—यह उपमेय है यह व्यवहार उपमान की अपेक्षा पर निर्भर करता है। यदि उपमान झूठा है तो

वे दोनों असत्य है, तब सादृश्य भी असत्य है। फलतः उपमिति क्रिया की निष्पत्ति अर्थात् उपमा की सिद्धि वहा नहीं होगी। अतः उपमा की निष्पत्ति के लिए जहाँ उमान की कल्पना की जाती है वह कल्पितोपमा, लोक एवं शास्त्र से सिद्ध उपमान के साथ २ उभय सिद्ध साधर्म्य के सहारे प्रवृत्त होने वाली उपमा से अलग ही है।

इसके उत्तर में कहते हैं कि यह बात नहीं है। सादृश्य में चमत्कार होने के कारण उसका उपमा में अन्तर्भाव करना उचित है। इसलिए अन्य उपमान का मिलना असंभव है ऐसा भेद का कारण फल अकिंचित्कर है। क्योंकि उपमेयोपमा में तृतीय सदृश नहीं है। प्रतीप में उपमान का तिरस्कार किया जाता है अतः उपमान ही नहीं है। उपमान लुप्ता में, वह कोई तुम्हारा उपमान होगा जिसको हम असर्वज्ञ होने के कारण जान नहीं सकते हैं। इस तरह उपमान का लोप होता है इन तीनों जगहों में उपमान का अभाव कल्पितोपमा के समान ही है किन्तु सादृश्य में चमत्कार होने के कारण उनको जैसे उपमा विशेष कहा जाता है उपमा से अलग नहीं, वैसे ही कल्पितोपमा को भी उपमा विशेष ही कहना चाहिए न कि उपमा से अलग कहना चाहिए।

अनन्वय एवं व्यतिरेक में तो वह सादृश्य निष्पन्न ही नहीं होता है तब चमत्कार जनक कैसे हो सकता है अतः उनका पृथग् भाव उचित ही है।

और जो आपने कहा कि उपमा में तो उपमान गुण विशिष्ट उपमेय की प्रतीति होती है और कल्पितोपमा में तो वह नहीं है। यह भी ठीक नहीं है। क्यों कि मधुर स्वभावा नायिका के कोप के साथ पावक की तुलना नही हो सकती है ऐसी प्रसिद्धि न हो जाय इस लिए सुधांशु में अग्नि की कल्पना करके तुलना की जाती है इसलिए सुधांशुसमधिकरणक पावक उपमान और पावक गुणविशिष्ट नायिकाधिकरणक कोप उपमेय की प्रतीति यहाँ भी होती है।

यहाँ का भाव यह है कि साधारण धर्म उपमा का प्राण है किन्तु धर्म सकलाधारवृत्ति नहीं हो पाता है जैसे "हंसीव धवलश्चन्द्रः स्वर्गगामवगाहते" यहाँ जो धवलता हंसी में है वही धवलता चन्द्रमा में नहीं है किन्तु वैसी है तत्सजातीय है इस तरह धर्म में साधारणता होना तो दूर बल्कि भेद होने से उपमा की निष्पत्ति ही नहीं होती।

यदि धर्मों में साधारणता के लिए किसी बीज की गवेषणा करेंगे तब अनवस्था हो जयेगी। क्योंकि उसका बीज क्या फिर उस बीज का बीज क्या। यदि सादृश्य को बीज माने तो सादृश्य के लिए धर्मों की साधारणता, उससे सादृश्य, फिर उसके लिए साधारणता, और साधारणता के लिए सादृश्य इस तरह चक्रक या आत्माश्रय दोष हो जायेग।

ऐसे दोषों की उद्भावना क्यों करते हैं। सुनिए। आधार का पर्याय ही आधारण है। आङ् पूर्वक् धृञ् धारणे धातु से अधिकरण में ल्युट् प्रत्यय हुआ है।

आधारण का विना परित्याग किये जो रहे इस विग्रह में "अव्ययं विभक्ति" इस सूत्र से साकल्य अर्थ में अस्वपद विग्रह नित्य अव्ययीभाव समास हुआ और "अव्ययीभावे चाकाले" सूत्र से सह शब्द को सादेश होने पर साधारणं यह पद निष्पन्न होता है। उसका अर्थ है कि जो अपने आधारभूत सभी पदार्थों में रहे। वह धर्म साधारण धर्म कहलाता है। जो अपने आधार उपमान एवं उपमेय दोनों में रहता है तभी वह उनमें सादृश्य को निष्पन्न करता है। किन्तु वैसी स्थिति नही है। उपमान एवं उपमेय के भिन्न होने से उनमें रहने वाला धर्म भी भिन्न ही है एक रूप नही है।

अगर कहें कि जहाँ अनुगामी धर्म है वहाँ एक ही शब्द से और स्वतन्त्र रूप से अलग २ निर्देश नही होने से प्रतीति की एक रूपता के कारण साधारण धर्म में भी एक रूपता है तब मान सकते हैं किन्तु वस्तु प्रतिवस्तु भाव, जहाँ भिन्न शब्दों से अलग २ निर्देश करने पर स्वरूपगत भेद और सम्बन्धियों के भेद से धर्म में साधारणता नही रहती है वहाँ क्या स्थिति होगी। यदि कहें कि वहाँ शब्द भेद होने पर भी अर्थों में एकता है और तदनुसार प्रतीति में एकता है अतः धर्मों में साधारणता होने में कोई प्रतिबन्धक नही है तब भी विम्ब प्रतिबिम्ब भावस्थल जहाँ शब्द, अर्थ (धर्मी) स्वरूप एवं सम्बन्धियों के भेद बलवान् होकर साधारणता को रोकते हैं वहाँ साधारण धर्म के अभाव में सादृश्य की निष्पत्ति नही हो सकती है अतः वहाँ उपमा न मानकर उस जगह दृष्टान्तालंकार ही मानना पड़ेगा। इस पर कहते हैं कि सुनिए।

दर्पण, मणि, जल, खड्ग, तैल एवं कपोल वगैरह में किसी परछाई को देखकर दर्शक लोग यह खोजते हैं कि किसका प्रतिबिम्ब यह है। जब अपने प्रतिबिम्ब को समझकर देखकर अपने को देखता है और मानता भी है कि मेरी ही परछाही है। मेरा ही मुख दिखाई दे रहा है। यह क्यों। है कोई कारण। कारण की गवेषणा करने पर (लोको वेदस्तथाऽध्यात्मं प्रमाणं त्रिविधं स्मृतम्) लोक, वेद तथा अध्यात्म तीन प्रमाण आते हैं।

उन प्रमाणों में—

स्वभावनियमाभावादुपकारो हि दुर्घटः।
सुघटत्वेऽपि सत्यर्थेऽसति का गतिरन्यथा॥

यदि स्वभाव को नियामक नही मानेंगे तो व्यवहार चलना ही दुर्घट हो जायेगा। कदाचित् पदार्थों की सद्भावना दशा में व्यवहार सुघटित भी हो किन्तु उनके अभाव दशा में क्या गति होगी अतः। स्वभाव को नियामक अवश्य मानना होगा और वह स्वभाव (स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते इस गीता के कथनानुसार) अध्यात्म है। अतः लोक और अध्यात्म प्रमाणों से यह सिद्ध है कि विम्ब और प्रतिबिम्ब की एकता का कारण है भेद का नही मालूम पड़ना।

अगर वहाँ पर भेद के तिरोधान को कारण नहीं मानेंगे तो प्रतिबिम्ब को देखकर मैं गौर हूँ, मैं दुर्बल हूँ, मैं सुन्दर हूँ, मैं स्थूल हूँ यह बुद्धि ही उत्पन्न नही

होगी। और भूषणों के पहिनने में तिलक वगैरह के लगाने में और उनको यथा स्थान में जानने के लिए कोई भी प्रतिबिम्ब का अनुसरण नही करेगा।

काव्य संसार में प्रतिभा की ही प्रधानता है। प्रतिभात वस्तु ही चमत्कारक है। और प्रतिभा एवं प्रतिभात पदार्थों में यह स्वाभाविक विशेषता है कि जिससे वर्तमान पदार्थों का तो प्रतिभान होता ही है अतीत एवं अनागत अर्थों का भी भान प्रतिभा के द्वारा हो जाता है। अतः बिम्बभूत अर्थ से प्रतिबिम्ब स्थानीय पदार्थों में भेद रहने पर भी लोक एवं स्वभाव से नियत एकता बिम्ब प्रतिबिम्ब भावापन्न पदार्थों में होती है और इसलिए उस जगह में उनमें साधारणता होती है तथा तत्प्रयोज्य सादृश्य की निष्पत्ति भी होती है।

"विलसत्यानने तस्याः" इस पद्य का आलोचन

यहाँ यह बात समझने की है कि नासाग्रस्थित मौक्तिक उपमेय और आलक्षित बुधाश्लेष उपमान के विशेषण वाचक पदों की रचना में एक प्रसरता नहीं है। अतः भग्नप्रक्रमताख्य दोष है। क्योंकि मोती नासा के अग्र भाग में स्थित है यह लेख और बुध का आश्लेष दिखाई पड़ रहा है जिसमें, यह लेख दोनों भिन्न रूप है। तथा राकेन्दुमण्डल उपमान वाचक पद है अतः उसके बाद इव पद का विन्यास होना चाहिए उसके अभाव में अस्थानस्थपदत्व दोष भी है। अतः इन दोषों के परिहार के लिए उत्तरार्द्ध की रचना ऐसी होनी चाहिए।

राकेन्दोर्मण्डलमिव कण्ठोपाश्रित मौक्तिकम्। ऐसा करने पर एक और सुन्दरता बढ़ जाती है। मौक्तिकं सौम्यकं इस तरह कं कं अन्त्यानुप्रास बैठ जाता है और दूसरी सुन्दरता जैसे मुक्ता एव मौक्तिकम् यह विनयादिभ्यष्ठक् इस सूत्र से स्वार्थ में ठक् करने पर निष्पन्न हुआ है उसी तरह सौम्य एव सौम्यकं यह भी स्वार्थीय क प्रत्यय से बना है। तीसरी सुन्दरता यह है कि पद्य के पूर्व भाग में उपमेय वाचक पद और उपमान वाचक पद (आनन, राकेन्दोर्मण्डलमिव) आ जाते हैं और उनके विशेषण उत्तर भाग में पड़ जाते हैं अतः दोनों का विन्यास भी शोभाधायक है।

"कोमलातपशोणाभ्र" इस पद्य का आलोचन

जैसे शोणाभ्रत्व का जोड़ीदार काषायवसनत्व है वैसे कोमलातपत्व का जोड़ीदार कुंकमालेपनत्व का उपादान किया है किन्तु जोड़ी बन नही रही है। अतः ऐसा पाठ कर दिया जाय जिससे जोड़ी फिट हो जाती है। इसका स्पष्टीकरण आगे होगा।

कोमलातपशोणाभ्र सन्ध्याकालसहोदरः।
सुलेपकुंकुमो याति काषाययसनो यतिः।

इस तरह पाठ करने से विशेषणों तथा विशेषणांशों का पूर्वापरीभावव्यत्यास रूप प्रक्रमभंगदोष भी दूर हो जाता है।

यह समझने की बात है कि यहाँ कुंकुम के आलेपन से युक्त यति है ऐसा अर्थ अपेक्षित है वह बहुव्रीही समास के अधीन है और वह समास व्यधिकरण नही होता है। किन्तु "कुंकमालेपन" इस पाठ में "कुंकुम का आलेप है जिसमें" ऐसे व्यधिकरण समास के बिना गति नही है अतः यहाँ सुलेप कुंकुमः पाठ होना चाहिए। इसमें वह दोष नही है।

और भी बात है कि आतप को कोमल कहने का भाव है कि उसमें तीक्ष्णता नही है। इससे व्यक्त होता है कि समय सुखमय है। इसी तरह कुंकुम में सुलेपत्व विशेषण से भी यह प्रतीत होता है कि कुंकुभ समुचित रूप से स्थानों में लगा हुआ है जिससे वह आकर्षक मालूम होता है अन्यथा यथा स्थित पाठ में कुंकुम का लेप मात्र ही प्रतीत होता उसकी सुन्दरता नहीं मालूम होती। इस तरह कुंकुम का विच्छायत्व रूप दोष भी दूर हो जाता है।

(सह) गुरुजन (भय?) इस पद्य का आलोचन

यहाँ यह समझने की बात है "गुरुजनभयमद्विलोकन" ऐसा मुद्रित पाठ अशुद्ध है। इसके स्थान पर "सहगुरुजनमद्विलोकन" यह पाठ शुद्ध है। "वोपसर्जनस्य" इस सूत्र से विकल्प से सह के स्थान में सादेश होता। स आदेश के नहीं होने पर "सहगुरुजनमत्" पद गुरुजनेन सह मम अर्थ में बना।

क्योंकि "दरत्रासौ। भीतिर्भीः साध्वसं भयम्" इस अमर कोष के अनुसार भय और त्रास पर्याय है। आपने लिखा है कि पूर्वार्द्ध में एक दूसरे को दबाने की इच्छा रखने वाले त्रास और औत्सुक्य में संधि है। संधि भावों की होती है। और भाव संज्ञा तब होती है जब कोई व्यभिचारी निर्वेदादि व्यक्त हो। क्योंकि अव्यक्त याने वाच्य व्यभिचारी निर्वेदादि, भाव नही होते हैं। व्यभिचारी तथाञ्जितः यही सिद्धान्त है। इसी सिद्धान्त को स्वयं आप (पण्डितराज) अप्पय्य दीक्षित के मत को खण्डन करने के समय स्मरणालंकार में कहेंगे कि (न हि वाच्यस्य व्यभिचारिणो भावत्वमित्यारभ्य अहो महदिदमाश्चर्यं यत् स्वेनैव निर्मितः कुवलयानन्दाख्यः सन्दर्भो विस्मृतः। उक्तं च तत्र विभावानुभावाभ्यामभिव्यंजितो निर्वेदादिर्भाव इत्यन्तः) वाच्य व्यभिचारी निर्वेदादि, भाव नही कहलाते। यहाँ से आरम्भ करके "अहो महान् आश्चर्य है कि जो अपने ही बनाये हुए संदर्भ (ग्रन्थ) कुवलयानन्द को भुला दिया वहाँ लिखा है कि विभाव एवं अनुभाव से व्यक्त हुआ निर्वेदादि, भाव होता है। यहाँ तक। प्रकृत में भय और त्रास पर्याय होने से भय पद से त्रास व्यंग्य नही है किन्तु वाच्य है।

अगर कहें कि व्याघ्रादि भीषणजन्तु एवं पदार्थों को देखने से परम अनर्थ का कारण वैक्लव्य चित्त में उत्पन्न हो जाय तब भय है जो भयानक रस का स्थायी भाव कहलाता है और वही भय जब परम अनर्थ का कारण नहीं बनें तब त्रास व्यभिचारी कहलाता है यही दोनों में भिन्नता है। तब भी ठीक नहीं है क्योंकि

अपसिद्धान्त हो जायेगा। सिद्धान्त है विभाव एवं अनुभाव से व्यक्त हुए न कि स्थायी भाव से व्यक्त हुए निर्वेदादि व्यभिचारी, भाव कहलाते हैं।

और भी समस्या है कि ("व्यभिचारि रसस्थायि भावानां शब्दवाच्यता। दोषः) व्यभिचारी, रस, एवं स्थायी भाव इनको स्ववाचक शब्द से निर्देश करना दोष है। अतः भय को भय शब्द से कहना दोषपूर्ण है। और भी बात है कि नायिका को गुरुजनों से सर्वदा भय नहीं होता है किन्तु जब नायिका स्वतन्त्रता पूर्वक व्यवहा करे या उच्छृंखल होने की स्थिति में होती है तब उनसे भय होता है इसलिए कहा कि "सहगुरुजन" यह पाठ साधु है।

वैयर्थ्यापत्तेः से स्वाभीष्टलभार्थ तक का आलोचन

यहाँ मुद्रण दोष से पाठ में कुछ हेर फेर हो गया है। अतः यहाँ ऐसा संगत पाठ है "वैयर्थ्यापत्तेः" के बाद "व्यापार उपमानाख्यः" तत्रैव—पुनरभिधानाच्च यह पाठ उसके बाद "नक्षत्रोपमान" यह पाठ इसके बाद "नक्षत्राभेद" यह पाठ, इसके बाद "अपि च" यह पाठ होना चाहिए। क्योंकि लक्ष्य वहिर्भूत अनलंकार उपमा में लक्षण की व्याप्ति दिखाना, उपमा सामान्य कथन प्रस्ताव के अनुसार यह भी लक्ष्य है यह अवान्तर समाधान, उसके बाद ध्वन्यमानोपमानिवारण प्रयास का व्यर्थता रूप मुख्य समाधान और उपमासामान्य लक्षण प्रस्ताव नहीं है वह दिखाना, पुनः अतिव्याप्ति को दृढ़ करने के लिए उपमास्वरूप के अतिरिक्त अलंकरणीय वाक्यार्थ के अभाव को दिखाना, उसके बाद स्तनाभोगे में उपमा मानने से ही यह दोष है अतः अभेद प्रधाना उत्प्रेक्षा मान ली जाय की आशंका और उसका समाधान। उसके बाद अप्पय्य दीक्षितोक्त उपमा लक्षण का प्रकारान्तर से खण्डन। यह पाठ का संगत क्रम है। अन्यथा असंगति स्पष्ट ही है।

उपमा लक्षण के उपसंहार पर एक आलोचन

यह एक समझने की वस्तु है कि महानैयायिक पं० विश्वेश्वर जी पार्वतीय उद्भट विद्वान् हुए हैं। उन्होंने अपने बनाए हुए अलंकार कौस्तुभ नामक ग्रंथ में अप्पय्य दीक्षित एवं पण्डित राज की समालोचना की है। उसकी प्रति समालोचना यहाँ दिखाते हैं। जैसा कि उन्होंने कहा है कि=यहाँ पर पण्डित राज का कथन विचारणीय है कि स्तनाभोगे इस पद्य में कल्पितोपमा है। किन्तु यहाँ उत्प्रेक्षा ही है। क्योंकि उस प्रकार का उरग अप्रसिद्ध है।

इस पर हमारा कहना है कि आपने "यदा पुनरयं (उपमानांशः) लोकादसिद्धः कवि कल्पितः तदोत्प्रेक्षैव" इस चक्रवर्ती के पूरे श्लोक के आधे ही अंश को मन में रख कर यहाँ चन्द्रबिम्ब से मेरु पर्वत के ऊपर लम्बमान उरग की अप्रसिद्धि के कारण उत्प्रेक्षा मानते हैं वह ठीक नहीं है। क्योंकि (येन इवशब्दः संभावनापरः) कविकल्पित उपमानांश स्थल में उत्प्रेक्षा क्यों होती है उसके लिए सिद्धान्त स्थिर करते हैं कि उसका कारण है कि जहाँ पर इव शब्द संभावना परक है वहाँ ही

उत्प्रेक्षा होती है। यदि वह इव संभावना बोधक नहीं है उस अवस्था में वहाँ उपमा ही होता है उत्प्रेक्षा नही। इसीलिए कल्पितोपमा नाम का एक उपमा से पृथक् अलंकार अलंकार रत्नाकर प्रभृति ने माना है। औरों के मत में वह उपमा ही है। ऐसी स्थिति में स्तनाभोगे इसमें उत्प्रेक्षा कैसे। क्या वहाँ इव-शब्द सम्भावना परक है। सावधान पुरुष ऐसा नहीं सकता। कोई उन्मत्त कहे तो उसका कोई मूल्य नहीं है। जब संभावना परक नहीं है और सादृश्य वाचक है तब कोई हेतु नहीं है कि स्तनाभोगे में उत्प्रेक्षा मानी जाय। अतः सिद्धान्त है कि यहाँ उपमा ही है।

आपने भी कल्पितोपमा की निर्विषयत्वापत्ति को वारण करने के लिए सिद्धान्त किया है कि जो उपमानत्वेन अभिमत पदार्थ है वह यदि उपमानतावच्छेक से विशिष्ट होकर प्रसिद्ध नहीं हो तब उपमानत्व की कल्पना करते हैं अर्थात् जहाँ कल्पित उपमानतावच्छेदक से विशिष्ट उसको बनाया जाय वहाँ कल्पितोपमा कही जाती है। इसके अनुसार उक्त विध उरग के अप्रसिद्ध होने के कारण उस उरग में उपमानत्व की कल्पना की और इव में सादृश्यवाचक होने के बदौलत संभावनापरत्व भी नहीं है तब प्रकृत में कल्पितोपमा निर्विवाद है।

और जो आपने कहा कि इसीलिए सभी आचार्यों ने अपने ग्रंथों में सभी जगह "उद्गर्भ हूणरमणीलपनोपमान" यही उदाहरण दिया है दूसरा उदाहरण नहीं दिया है यह तो अतीव हास्यास्पद है। क्योंकि परवर्त्ती पण्डितराज के उदाहरण को पूर्ववर्ती कैसे लिखते। और किसी के लिखे हुए को देख कर आप मानते हैं अपने विचार से नवीन उद्भावन करने की क्षमता को प्रकट नहीं करते हैं। अहो दूसरे के दोषों को खोजने में कितना दुराग्रह है।

और भी जो आपने कहा कि मेरे बतलाए हुए नियम को नहीं मानेंगे तब "न नित्यमस्मिन् परिपूर्णतेति, पद्य में उत्प्रेक्षा के भंग होने की आपत्ति लग जायगी। यह भी अविचारित कथन ही है। क्योंकि यहाँ उत्प्रेक्षा हो और भवदुक्त नियम के न स्वीकार करने पर उत्प्रेक्षा भग्न होती हो। तब तद्भंगापत्ति रूप दोष होगा। किन्तु यहाँ तो उपमानत्वेन अभिमत राजा की क्षोणीतलावतीर्णत्व विशिष्ट इन्दु के रूप में प्रसिद्धि नहीं थी अतः तद्रूप से उपमानत्व की कल्पना की गई है अतः भवदुक्त नियम को स्वीकार करके ही हम कहते हैं कि यहाँ उपमा ही है, उत्प्रेक्षा नहीं है। और आप ने भी यहाँ उत्प्रेक्षा न मानकर उपमा ही मानी है। क्योंकि इसी के आगे वाली पक्ति में आपने लिखा है कि (अभ्युपपेत्यापि ब्रूमः) उपमा ही है। उत्प्रेक्षा नहीं है इसको स्वीकार करके भी दूषणान्तर को कहते हैं। और दूषणान्तर को कहा भी है। अतः वह अविचारित है यह हमारा कहना दुरुस्त है।

और भी बात है कि जो कथा "चन्द्रविम्बादिव विषम्" पद्य में है वही कहानी स्तनोभोगे में भी है। जैसा वताते है कि चन्द्रविम्ब से जैसे विष असम्भावित है और चन्दन से जैसे अनल असम्भावित है, वैसे ही तुम्हारे मुख से परुष वाणी असंभावित है। इसी प्रकार शशांक विम्व से मेरु के ऊपर लम्बमान उरग जैसे

प्रतीत होता है वैसे ही कपोल से स्तन के ऊपर फैला हुआ कुटिल अलक प्रतीत होता है। क्या कारण है कि चन्द्रविम्ब पद्य में उपमा और स्तनाभोगे पद्य में उत्प्रेक्षा है। वहाँ जैसे विष एवं अनल के साथ परुष वचन की उपमा में चन्द्र, चन्दन एवं मुख का विम्ब प्रतिविम्ब भाव है उसी तरह यहाँ पर भी उरग एवं अलक की उपमा में शशांक और कपोल, मेरु और स्तन का बिम्बप्रतिबिम्ब भाव है। इसके सिवाय इव शब्द भी दोनों जगह सम्भावना परक न होकर सादृश्य वाचक ही है। इसलिए हेतु के बिना प्रतिज्ञा वाक्य से अर्थ सिद्धि नहीं हो सकती है। अतः 'स्तन' इस पद्य में उत्प्रेक्षा कहना गड़बड़ है।

और भी जो स्तन इस पद्य में अलंकार्य वाक्यार्थ के अभाव में उपमा अनलंकारभूता है यह पण्डितराज का कहना अयुक्त है। क्योंकि वाक्यार्थ ही अलंकार्य होता है इसमें कोई प्रमाण नहीं है यहाँ से आरम्भ करके "सकल व्यवस्था आकुल हो जायगी" यहाँ तक का जो आप का कथन है वह सब बालकों की बात चीत है। बालक जैसे दूसरे के कथन को उसी रूप में मान लेता है कुछ भी विचार नहीं करता है वैसे आप भी दूसरे के लेख को देखकर ही बिना विचारे प्रमाण मान लेते हैं। यह कैसे है उसे सुनिये और समझिये।

"रस भावादितात्पर्यमाश्रित्य विनिवेशनम्" के लोचन में सभी जगह वाक्यार्थ ही अलंकार्य है। अतः इस नियम में सकल आलंकारिकों के गुरु लोग ही प्रमाण हैं।

और जो आपने लिखा कि सादृश्य से मुख का ही उत्कर्ष होता है वह भी तुच्छ है। जब आचार्यों के उक्त सिद्धान्त से वाक्यार्थ ही अलंकार्य है न कि उसका एक देश पदार्थ, यह नियम प्रमाण सिद्ध है। फलतः पद समूह रूप वाक्यार्थ का एक देश पदार्थ अलंकार्य नहीं है तब मुख का सादृश्य से उत्कर्ष होता है यह कहना तुच्छ ही है।

और भी बात है कि सादृश्य, प्रतियोगी और अनुयोगी से निरूप्य होता है। इसी लिए सभी आचार्यों ने और आप ने भी "दो के सादृश्य का नाम उपमा है" यही कहा है। इस प्रकार भिन्न-भिन्न पदों से उपस्थित हुए उपमेय एवं उपमान, इन दोनों में रहने वाला सादृश्यप्रयोजक साधारण धर्म और सादृश्य या सादृश्य-विशिष्ट वाचक शब्द ये चारों अंग मिलकर एक अंगिनी उपमा होती है। यही उपमा का स्वरूप है। रसभावदि को लक्ष्य करके रक्खे गये अलंकार, अलंकारत्व के साधक हैं। इस सिद्धान्त के अनुसार रस भावादि रूप वाक्यार्थ न कि उसका एक देश पदार्थ अलंकार्य है, यह पहले व्यवस्थित कर दिया गया है। तब अंगभूत उपमान, अंगभूत उपमेय को कैसे अलंकृत कर सकता है। गुणानां च परार्थत्वाद-सम्बन्धः समत्वात्स्यात्। इसके अनुसार गुण को गुण अलंकृत नहीं कर सकता है। क्योंकि दोनों सम हैं, अलंकार्य अलंकार भाव के लिए गुण प्रधान भाव रूप-विषमता आवश्यक है।

जो तो मम्मट, दीक्षित, एवं जगन्नाथ पण्डितराज के उदाहरणों का उद्धरण अपने मत को व्यक्त करने के लिए आपने किया है वह भी धूलि समुद्धूलन ही है। जैसे "स्वप्नेऽपि समरेषु त्वाम्" इसमें हे राजन् ? आप अमर विजयी हैं इत्यादि राज प्रशंसारूप मुख्य वाक्यार्थ की उपस्कारिका विजयश्री और स्वाधीनपति का की उपमा है न कि वह स्वयं मुख्य वाक्यार्थ भूता है। फलतः राज विषयक कविनिष्ठ भाव की अंग उपमा है। यह मम्मटोदाहरण की कथा है।

हंसीव कृष्ण ? ते कीर्तिः" इसमें "हे कृष्ण ? सर्वत्र प्रसरणशाली तुम्हारा प्रभाव है" इस तरह के कृष्ण वर्णन मुख्य वाक्यार्थ की उपस्कारिका हंसी एवं कीर्ति की उपमा है। यहाँ पर भी कृष्णविषयक भाव में, अंगतया वर्त्तमान उपमा है न कि मुख्य वाक्यार्थ भूता है। यह अप्पय्य दीक्षित के उदाहरण की कहानी है।

"विभाति वदनं तस्याः" इस पण्डितराज के उदाहरण में भी अभिलाषाख्य विप्रलम्भश्रृंगार रूप मुख्यवाक्यार्थ की उपस्कारिका वदन एवं चन्द्र की उपमा है किन्तु "स्तनाभोगे" इसमें तो विना मेघों की वृष्टि है। किसी का वर्णन नहीं है। केवल कल्पितोपमा का नूतन उदाहरण बनाकर पण्डितराज ने दिखाया है। परन्तु यहाँ उपमा ही मुख्य वाक्यार्थ है। जब चारुता का हेतु अलंकार होता है। तब चारु होने वाला अलंकार्य कोई दूसरा ही होता है। अपने आप अपने आप की चारुता का हेतु नहीं हो सकता है। अतः यह उपमा अनलंकार भूता है। इस तरह विद्वानों को सब कुछ निराकुल प्रतीत होता है आप ही स्वयं आकुल हैं।

और भी जो यहाँ पर आपने चित्रमीमांसा में कहे हुए अय्यय्य दीक्षित जी के लक्षण को व्याख्या सहित दिखाते हुए जयराम भट्टाचार्योक्त दूषण का "न्यायपञ्चाननादयः" यहाँ से "प्राहुः" यहाँ तक का उद्धरण दिया है वह भी अन्धलग्न न्याय के सदृश ही है। उपमिति क्रिया का अर्थ साधर्म्यनिष्पत्ति है यह लेख सर्वदा उद्ग्रंथ है ग्रंथ के बाहर है। क्योंकि प्रतीपालंकार के उदाहरण के समन्वय के प्रकरण में काव्यप्रकाश में उपन्यस्त "उपमित्यनिष्पत्या" क्वचितु "निष्पन्नैव उपमिति क्रिया। इन पदों को लेकर ही दीक्षित जी ने उपमितिक्रियानिष्पत्तिमदित्यादि उपमा का लक्षण बनाया है। अतः काव्य प्रकाश ग्रंथ के अनुसार "उपमिति क्रिया नाम साधर्म्य तस्य निष्पत्तिः। अतः उपमितिक्रियानिष्पत्तिर्नाम साधर्म्यनिष्पत्तिः" ये वाक्य सद्ग्रंथ है। उसके बाद आप लिखते हैं कि वह साधर्म्यनिष्पत्ति अनन्वय में भी है अहो ? मोह का ही माहात्म्य है।

जहाँ साधर्म्य के अन्वय संगति की निष्पत्ति नहीं है वह अनन्वय है अर्थात् अपने साथ निरूप्यमाण अपना साधर्म्य अनिष्पन्न ही रहता है वह तो भेद में निष्पन्न होता है तब यह कहना कि वह साधर्म्य अनन्वय में भी है यह तो मोह-माहात्म्य ही है।

और भी सुनिए। कौशाम्बी से जो निष्क्रान्त अर्थात् बहिर्भूत है वह निष्कोशाम्बी कहलाता है। उसी तरह उपमा से जो बहिर्भूत है वह निरुपम है। उसका

भाव निरुपमत्व है। अतः जो उपमा से बहिर्भूत है उसमें कैसी भी उपमा नहीं हो सकती है। क्योंकि भेद ही उपमा का जीवातु है। स्व में स्व के साधर्म्य की जब सम्भावना भी नहीं कर सकते है फिर भी उसका वर्णन करते हैं। तब यह वर्णन ही असंगत है। फलतः यह असंगत वर्णन ही व्यर्थ होकर ज्ञापन करता है कि स्व में स्व निरूपित साधर्म्य तो है ही नहीं किन्तु स्व में स्वेतरनिरूपित साधर्म्य भी नहीं है। अगर साधर्म्य होता उपमा होती तब निरुपमत्व की प्रतीति कैसी। इसलिए जब उपमा ही नहीं है तब उपमितिवैजात्य किसकी अपेक्षा से होगा। आप ही कहिए। आप ही उत्तर दीजिए।

रूपक में रूपण का, व्यतिरेक में व्यतिरेचन (आधिक्य) का, उत्प्रेक्षा में संभावना (एक कोटि के उत्कट होने) का, अपन्हुति में निन्हवन (छिपाने) का उपमितिक्रियापेक्ष वैजात्य ही तत्तदलंकारत्व का प्रयोजक है। अन्यथा सादृश्य के सर्वत्र अनुस्यूत होने से उपमा ही एक अलंकार होना चाहिए। श्रौती वह उपमा कहलाती है जहाँ इवादि पदों का या तदर्थक वति का प्रयोग होता है। क्योंकि वहाँ उपमान एवं उपमेय दो में रहने वाले साधारणधर्म से प्रयोज्य सम्बन्धरूप साधर्म्य की श्रुति (शब्द) से ही प्रधानतया प्रतीत हो जाती है। जैसा कि कहा है।

भेदकत्वेऽपि नियते षष्ठीवदिवादयः
द्विष्ठं श्रुत्यैव सम्बन्धं गमयन्ति स्वभावतः।
"भेद्यं विशेष्यमित्याहुर्भेदकं तु विशेषणम्"

विशेष्यपदार्थ भेद्य होता है और विशेषण भेदक ही होता है इस नियम के अनुसार भेदकत्व के नियत होने पर भी षष्ठी की तरह इवादि, सुनते ही दो में रहने वाले सम्बन्ध को बतलाते हैं यह उनका स्वभाव है।

तुल्यार्थक पद एवं तुल्यार्थक वति के प्रयोग में आर्थी होती है। क्योंकि तुल्यादि पदार्थ की विश्रान्ति किसी एक में नियत नहीं है। कमल के तुल्य मुख है इस तरह मुख ही में तुल्यार्थ का सम्बन्ध नियत है कमल में नहीं है यह बात नहीं। क्योंकि मुख के तुल्य कमल है यह भी प्रतीति होती है। पारी पारी से इन दोनों में विश्रान्ति है यह भी नहीं। क्योंकि कमल और मुख तुल्य है इस तरह युगपत एक साथ दोनों कमल एवं मुख में तुल्यादि पदार्थ की विश्रान्ति होती है किन्तु जब साम्य की पर्यालोचना करते हैं तब इमौ तुल्यौ यह प्रतीति होती है अतः आर्थी है।

पटुपटुर्देवदत्तः के विषय में आलोचन

इस पर यह आलोचन है कि ये दोनों ही कथन असत् हैं। उनमें दीक्षित जी का यह कहना कि पटुपटु देवदत्तः इसमें आतिदेशिक समास रहने पर भी वास्तविक समास नहीं है। वह ठीक नहीं है। क्योंकि वास्तविक एवं आतिदेशिक दोनों समासों का शास्त्रकारों ने निर्देश किया है। किन्तु जो कार्य वास्तविक समास में होते है। वे कार्य आतिदेशिक समास में भी होते हैं जैसे=सुब्लोप, पुंवद्भाव, अन्तोदात्तत्वादि। केवल समासान्त प्रत्यय उसमें नहीं होता है। वह भी निषेध

क्वाचित्क ही है न कि सभी जगह है। अतः जब फल बराबर है तब क्या हेतु है कि पटुपटुः देवदत्तः में समासगा नहीं मानने का, इसलिए समासगा धर्मलुप्ता ही यह उपमा है इससे पृथक् नहीं।

पण्डित राज का यह कहना कि वस्तुतः जो वाचक है उसी के लोप होने पर वाचक लुप्ता मानी जाती है यह सिद्धान्त है। अतः प्रकृत पटुपटुर्देवदत्तः अर्थात् शास्त्र-वेत्ता सदृश है इसमें द्विर्भाव सादृश्य का द्योतक है वाचक नहीं है। अतः उक्त सिद्धान्त के अनुरोध से सादृश्य द्योतक द्विर्भाव के रहने पर भी वाचक के अदर्शन से वाचक लुप्ता कही जाती है। उस पर हमारा कहना है कि आप का उक्त कथन संगत हो सकता है यदि आप के द्वारा स्वीकृत "उनमें इवादि द्योतक हो हैं वाचक नहीं हैं, क्योंकि ये उपसर्ग की तरह निपात ही हैं" इस सिद्धान्त के अनुसार चन्द्र इव मुखं में द्योतक के रहने पर वाचक के अभाव में वाचक लुप्ता उपमा मानी गई होती तो। किन्तु ऐसी स्थिति नहीं है। अतः द्विर्भाव स्थल में वाचक लुप्ता मानने का दुराग्रह मात्र हीं है।

कुंकुमालेपादौ बिम्बप्रतिबिम्बभावः अवश्यमभ्युपेयः इसका आलोचन

यहाँ आलोचन है कि यति और संन्ध्याकाल की उपमा में बिम्बप्रतिबिम्बभा-वापन्नधर्म से अतिरिक्त धर्म की प्रतीति नही होती है अतः इनकी उपमा में विम्बप्रतिबिम्बभाव मानना आवश्यक है। यह पण्डित राज का कथन शिथिल है क्योंकि जैसे नारद एवं शुकदेव प्रभृति यतियों का गृहस्थों के घरों में गोदोहन काल तक थोड़ी देर ठहरना प्रसिद्ध है उसी तरह संन्ध्याकाल अर्थात् अहोरात्र के संधिकाल का भी दो ही मुहूर्त थोड़ी देर तक ठहरना प्रसिद्ध है। इस तरह जब अचिरस्थायित्व रूप अन्य साधारण धर्म की यति और संन्ध्याकाल में प्रतीति हो रही है तब अन्य धर्म की प्रतीति नहीं होने से इनकी उपमा में कुंकुमालेप कषायवसन तथा कोमलातप शोणाभ्र में विम्बप्रतिबिम्बभाव अवश्य ही मानना पड़ेगा यह कहना कैसे।

अतः सिद्ध है—जैसे दृष्टान्त में केवल बिम्बप्रतिबिम्ब भाव प्राप्त है उसी तरह प्रतिवस्तूपमा में केवल वस्तु प्रतिवस्तु भाव प्राप्त होता है। अन्यत्र वह केवल शुद्ध नहीं मिल सकता है यह चित्रमीमांसाकार का कथन शिथिल नहीं है। क्योंकि प्रकृत में अचिरस्थायित्वरूप अनुगामीधर्म से मिश्रित विम्ब प्रतिबिम्ब भाव है।

यथा इव आदि शब्दों के प्रयोग पर आलोचन

यथा इव व आदि शब्द जिसके वाद प्रयुक्त होते हैं उसी में उपमान की प्रतीति कराते हैं। जिससे वे यथादि उपमान के विशेषण होते है। इससे उपमान ही में न कि उपमेय में सदृश्य का बोध होगा। क्यों कि नियम है जो जिसका विशेषण होता है वह उसी में अपना वैलक्षण्य बतलाता है फलतः अन्य का विशेषण अन्य में अपना वैलक्षण्य नहीं बतलायेगा। किन्तु प्रकृत में अरविन्दनिरूपित-सादृश्यवत् इसरीति से उपमेय मुख में ही, न कि उपमान अरविन्द में, सादृश्य

विशेषण होता है। तव ये यथादि उपमान के विशेषण कैसे। उत्तर। जैसे अरुणोदय की पुस्तक है इसमें षष्ठी विभक्ति शब्द शक्ति स्वभाव के अनुसार दोनों जगह अरुणोदय में स्वामित्व और पुस्तक में स्वत्व रूप सम्बन्ध को बतलाती है। उसी तरह इवादि भी प्रतियोगी एवं अनुयोगी दोनों जगहों में सादृश्य का बोधन करते हैं अतः अनुपपत्ति नहीं है।

इतनी तो समझने की बात है कि

भेद्यं विशेष्यमित्याहुर्भेदकन्तु विशेषणम्
भेद्यभेदकयोः श्लिष्टिः सम्बन्धोऽन्योन्यमिष्यते
द्विष्ठो यद्यपि सम्बन्धः षष्ठ्युत्पत्तिस्तु भेदकात्।

भेद्य विशेष्य है और भेदक विशेषण है। इन दोनों में श्लेष है। क्योंकि सम्बन्ध परस्पर में एक दूसरे का एक दूसरे के साथ इष्ट है। इस तरह यद्यपि सम्बन्ध दोनों में है। तथापि षष्ठी की उत्पत्ति भेदक से ही होती है। इस नियम के अनुसार अनुवेशी एवं प्रतिवेशी दोनों में सम्बन्ध को बतलाने वाली षष्ठी की उत्पत्ति भेदक प्रतिवेशी प्रतियोगी से ही होती है। इसी तरह उपमान एवं उपमेय दोनों में सादृश्य को बतलाने वाले इवादि का प्रयोग उपमान के बाद ही होता है यह ठीक है। किन्तु जैसे राजा का पुरुष इसमें राजनिरूपित सम्बन्ध का आश्रय पुरुष होता है अतः सम्बन्ध पुरुष में ही विशेषण होता है राजा में वह सम्बन्ध विशेषण नहीं होता है वैसे ही चन्द्र इव मुखम् इसमें चन्द्र निरूपित सादृश्य का आश्रय मुख ही होता है अतः इवार्थ सादृश्य मुख में ही विशेषण होता है चन्द्र में वह सादृश्य विशेषण नहीं होता है। तब उपमान के विशेषण ये इवादि है यह लिखना असंगत है। प्रत्युत चन्द्रनिरूपितसादृश्यवन्मुखम् इस बोध के अनुसार इवादि के विशेषण उपमान है यह कहना संगत होगा। फलतः इवादि उपमान की अपेक्षा विशेष्य है और उपमेय की अपेक्षा विशेषण हैं। किन्तु उपमान के विशेषण ये इवादि कथमपि नहीं है। अतः उपमान विशेषणान्येते यथादयः यह लेख असंगत है।

कौमुदीव भवती पद्य के अंश का आलोचन

यहाँ नायिका कानी मालूम पड़ती है। क्योंकि कवि ने लोचन में एक बचन का उपन्यास किया है। यह एक प्रधान दोष है। और विलोचनं में विका लगाव है "लोचनेन" में वह नहीं है। एक बार तुलितं कहते है दूसरी बार समम् कहते हैं। लोचनेन च में चकार निरर्थक है। तवाम्बुजं कहने से "तुम्हारा अम्बुज" मालूम पड़ता है किन्तु "तुम्हारा" पद का सम्बन्ध लोचन के साथ विवक्षित है। इतने सब वैलक्षण्य सहृदयोद्वेजक होने से दोष हैं।

अमितगुणोऽपि पदार्थः इस पद्य के नैयायिकमतानुसार बोध का आलोचन

प्रथमान्तार्थमुख्य विशेष्यक बोधवादी अर्थात् सभी कारकों का व्यापाराश्रय कर्ता प्रथमान्तार्थ में ही अन्वय होता है ऐसा मानने वाले नैयायिकों के मत के

अनुसार उग्रगन्ध के कारण निन्दनीय किन्तु निखिल रसायनों का राजा लशुन जिसका अवयव है वह अवयवी एक दोष के बदौलत निन्दा का पात्र अनन्तगुणविशिष्ट पदार्थ है। ऐसा शाब्दबोध मानने में पण्डित राज कहते हैं कि निन्दितो भवति क्रिया का यदि प्रधान अवयवी सामान्य पदार्थ में अन्वय कर देते हैं तो निराकांक्ष हुई क्रिया का विशेष पदार्थ अप्रधान अवयव लशुन में कैसे अन्यव होगा। इसी को लिखते हैं कि हेत्वन्तर उग्रगन्धरूप दूसरे हेतु का अन्वय करने के लिए क्रिया को खोजना पड़ेगा अर्थात् उसकी आवृत्ति करनी पड़ेगी। अन्यथा हेत्वन्तर में क्रिया के अन्वय नहीं होने पर और लशुनावयवक अमितगुण पदार्थ में क्रिया के अन्वय होने पर वाक्यार्थ की उपपत्ति नहीं होगी।

यह सब पण्डितराज ने क्यों किया जब कि आम्र वृक्ष है इसमें जो आम्र है वही वृक्ष है जो वृक्ष है वही आम्र है याने निर्विशेष सामान्य नहीं होता है किन्तु सामान्य पदार्थ व्यवहार्य नहीं होते है अतः वे विशेष ही के उपस्थापक होते हैं यह सिद्धान्त है तब अभेदेन अन्वय के द्वारा समन्वय हो जायगा। जैसे एक दोष रूप उग्रगन्ध के कारण अमितगुण शाली अतएव रसायनों का राजा लशुन पदार्थ निन्दनीय है। यह वाक्य जैसे हिन्दी में हो जाता है वैसे एकदोषरूपोग्रगन्धहेतुकनिन्दाविषयीभवनाश्रयः अमितगुणशालिपदार्थावयवभूतो निखिलरसायनराजो लशुनः यह वाक्य संस्कृत भाषा में भी हो जाता है। अतः व्यर्थ ही यह सब पण्डितराज ने किया मस्तिष्क को वे बुनियाद दौड़ाया।

नहि घटत्वमित्यदि का आलोचन

किन्तु भगवन्। राजपण्डित? घटत्व सभी घटों में रहता है। अतः सुवर्णघट में भी रहेगा। किन्तु जहाँ घटत्व से सुवर्णघटत्व को लेते हैं। वहाँ वह घटत्व अपने अधिकरण सुवर्ण घट से पृथिवीत्व को हटाकर (क्यों कि सुवर्णस्य तेजस्त्वात् सुवर्ण तेज है पृथिवी नही है) पृथिवीत्व के लिए विषयान्तर पार्थिवघट का ग्रहण करा सकता है। इसी तरह जैसे मृन्मय घड़ा होता है वैसे स्नेहमय घड़ा भी होता है। घी को जमाकर घड़ा बना लिया जाता है। तव घटत्व माने स्नेहमय घटत्व भी हुआ। अतः वह स्नेहमय घटत्व अपने अधिकरण स्नेहमय घट से द्रव्यत्व और पृथिवीत्व को हटा कर (क्योंकि स्नेह गुण है न पृथ्वी है और न द्रव्य है अतः) उसके लिए विषयान्तर पार्थिवघट का या द्रव्यत्व व्याप्य पार्थिवत्वविशिष्ट घट का ग्रहण करा ही सकता है नही करा सकता है यह कैसे। इसलिए अपह्नुति में जब विषय का निषेध कर दिया फलतः उपमेय है ही नही तब उपमान का अभेद किसमें होगा। और जो वस्तु सम्भावना का ही विषय है अर्थात् वस्तुतः जिसकी सत्ता ही नहीं है उस उपमेय में उपमान का अभेद कैसे होगा।

प्रश्न=उत्प्रेक्षा संभावना रूप है। तब उसमें अभेदात्मक रूपक के लक्षण की अतिप्रसक्ति कैसे होगी। उत्तर। कैसे होगी यह नही कह सकते हैं। क्यों कि कोई विनिगमक नहीं है कि संभावना ही उत्प्रेक्षा है। अतः संभाव्यमान का अभेद भी

उत्प्रेक्षा का स्वरूप हो सकता है। इस अवस्था में विषय की संभावना और संभाव्यमान विषय का अभेद इन दोनों के कारण उत्प्रेक्षा में दो अलंकारों के व्यहार की आपत्ति लग जायगी। यदि अभेद में निश्चीयमानत्व विशेषण को जोड़ देते है तब तो हमारे ही मत में आपके मत का पर्यवसान हो गया।

यदि वह रूपक का लक्षण स्वरूप अभेद उत्प्रेक्षादि में रहता है इसके अनुसार और सम्भावनमथोत्प्रेक्षा इस काव्यप्रकाशीय लक्षण के अनुसार अभेदाधिबला सम्भावना यह उत्प्रेक्षा का लक्षण हुआ। तब अलंकार द्वय की आपत्ति कैसे हुई। क्योंकि विशिष्टाभाव जैसे विशेषण के विना होता है वैसे ही विशेष्य के विना भी होता है तब एक ही तो लक्षण हुआ। एक बात हुई।

दूसरी बात है कि दीक्षित जी ने जब स्वयं ही आहार्यताद्रूप्यनिश्चयगोचरतामेति इस तरीके से निश्चीयमान आहार्य ताद्रूप्य रूप अभेद को कह ही दिया है तब निश्चीयमानत्व को अभेद में विशेषण दे दिया जाय तो हमारे ही कथन का अनुसरण होगा इसमें कहने का कौन तुक है।

अथ कथमित्यादि से सर्वं सुस्थं पर्यन्त का आलोचन

यहाँ हमारे समझ में नहीं आया कि अथ कथमित्यादि से सर्वं सुस्थं पर्यन्त का क्लेश (पण्डितों के राजा) राजपण्डित ने क्यों सहन किया। जब कि नियम सब बने हुए हैं। खैर! हम भी विचार करते हैं। जैसे चन्द्रो मुखम्, नीलो घटः ये प्रयोग उद्देश्य विधेय भाव के नियम के टूट जाने से दुष्ट माने जाते हैं और मुखं चन्द्रः घटो नीलः ये प्रयोग निर्दुष्ट हैं। उसी तरह चन्द्रमुखः यह प्रयोग भी तत्पुरुषावयव कर्मधारय समास में असाधु है। क्योंकि इसमें पूर्वनिपात के नियम का भंग हो रहा है। किन्तु मुखचन्द्रः यही साधु है। इस प्रयोग विषयक नियम की तरह अलंकार विषयक नियम भी है। जैसे जिन दो अर्थों में इव, यथा, तुल्य, सदृश एवं सुहृदादि शब्दों के प्रयोग से उपमा होती है उन्हीं दो अर्थों में इवादि के निरास होने पर एक में दूसरे के आरोप में रूपक होता है। यह नियम है। और जिस प्रकार उपमा बोधक वाक्य एवं समास में जिन दो अर्थों में सादृश्य निरूपित अनुयोगिप्रतियोगि भाव होता है उसी तरह रूपक बोधक वाक्य एवं समास में भी उन्हीं दो अर्थों में अभेदनिरूपित अनुयोगिप्रतियोगिभाव होता है। थोड़ा सा भी विपर्यय नहीं है। तथा ये नियम इन्हीं दो अलंकारों में है यह बात नहीं है। अपितु क्या अन्य शास्त्र, क्या लोक, क्या अलंकारशास्त्र सभी जगह यह नियम है। और विधेय अप्रधान है विशेषण है, उद्देश्य प्रधान है विशेष्य है यह भी नियम है। उद्देश्यभूत उपमेय विशेष्य ही होता है। विधेयभूत उपमान विशेषण ही होता है। तथा अभेद विशेषण का ही संसर्ग होता है और विशेषण का संसर्ग अभेद, विशेषणीभूत प्रतियोगी से ही उत्थाप्य होता है। विशेष्य अनुयोगी से उत्थाप्य नही होता है। यही सिद्धान्त आचार्यों का है। तब कहीं पर समास में अभेद की उपस्थिति के लिए अनुयोगित्व ही मुख द्वार है और कहीं पर

वाक्य में उसके लिए प्रतियोगित्व ही मुख है द्वार है कहने और विशेषण का संसर्ग अभेद प्रतियोगी से ही समुत्थाप्य होता है अनुयोगी से नही यह प्राचीनों का दुराग्रह है कहने का भी अलंकार शास्त्रीय आचार्यों के सिद्धान्तों में व्याकुलीभाव कर देने में दुराग्रह ही फल है और कुछ नही है।

और भी एक बात है कि "कथं च शशिपुण्डरीकमित्यादौ यहाँ से लेकर तेषां राकासम्बन्धित्वात् सर्वमेव व्याकुलम्" यहाँ तक लिखने के लिए कौन व्यामोह हुआ है।

उपमा में "उपमितं व्याघ्रदिभिः" के द्वारा जो समास होता है वह विशेष्य के पूर्व निपात के लिए होता है। इस तरह शशिपुण्डरीकं नीलिमतारा, षोडश, सुविमल वगैरह जगहों में भी विशेष्य पूर्व पदार्थ में उत्तरपदार्थ रूप विशेषण का ही अभेद प्रतीत होता है।' अतः उत्तर पदार्थ रूपक ही सिद्ध है।

यहाँ अत्र वदन्ति के बाद की कुछ पक्तियाँ मुद्रण दोष से इधर उधर हो गई है। उनकी व्यवस्था इस प्रकार है।

अभेद स्तावद्विशेषणस्य संसर्गः। स च क्वचित्प्रतियोगित्वमुखः क्वचिदनुयोगित्वमुखः। विशेष्यविशेषणभावस्य कामचारात्। तेन यथा मुखं चन्द्र इत्यादौ वाक्यगते रूपके स्वप्रतियोगिनश्चन्द्रस्य स्वानुयोगिनि मुखे विशेषणताया निर्वाहकस्तथैव समासगते मुखचन्द्र इत्यादौ रूपके स्वानुयोगिनो मुखस्य स्वप्रतियोगिनि चन्द्रे विशेषणतायाः। अतः स्वप्रतियोगिकाभेद एव विशेषणसंसर्गो न तु स्वानुयोगिकाभेद इति तु दुराग्रहः। इति चेच्छृणु उभमत्रापि वस्तुतश्चन्द्राभेद एव संसर्गः, न तु मुखाभेदः संसर्गः। तथासति मुखरूपकापत्तेः। चन्द्ररूपकानापत्तेश्च। मुखाभेदे हि संसर्गे परिणाम एव।

इस तरह के पाठ में ही एवं च सौजन्यचन्द्रिकेत्यादि आगे के पाठ की संगति हो सकती है। वह यह अभेद जहाँ अनुयोगित्व मुख है वहाँ रूपक विधेय है और जहाँ प्रतियोगित्व मुख है वहाँ अनुवाद्य है। यह क्या आपने कहा। ऐसा मानने पर यहाँ दो दोष हो जाते है।

एक तो यह दोष है कि जहाँ प्रतियोगित्वमुख अभेद है वहाँ यदि रूपक को अनुवाद्य ही मानेंगें तो वाक्य में कहीं भी रूपक विधेय नही होगा। क्यों कि वहाँ अभेद की उपस्थिति प्रतियोगी के द्वारा ही होती है अतः सर्वथा अनुवाद्य ही होगा। विधेय कभी होगा ही नही। दूसरा दोष है कि अनुयोगित्व मुख अभेद में परिणाम अलंकर ही माना गया है न कि रूपक। अतः संगति रहित आपका यह कथन है कि उत्तर पदार्थ में पूर्व पदार्थ का ही अभेद प्रतीत होता है अतः पूर्व पदार्थ रूपक होता है। क्योंकि ऐसी स्थिति में शास्त्र एवं व्यवहार दोनों का विरोध होता है।

गाम्भीर्येण श्लोक की पूर्णता का आलोचन

पूरा श्लोक यह है "गाम्भीर्येण समुद्रोऽसि सौन्दर्येणाऽसि मन्मथः। अहार्यो गौरवेणाऽसि कल्पद्रुः स्वेष्टपूरणात्" यहाँ एक पुरुष का हेतुभेद से अनेक रूप से

उल्लेख है अतः उल्लेख अलंकार है। रूपक नही है। किन्तु ग्रन्थकार ने रूपक माना है।

विज्ञत्वं विदुषां गणे श्लोक का आलोचन

यहाँ "बौधं विज्ञगणे कवित्वममलं सामाजिकानां कुले" ऐसा पाठ होना चाहिए। अन्यथा शक्ति नियन्त्रणेऽपि लिखना व्यर्थ हो जायगा। क्योंकि विज्ञ एवं सुकविता पद श्लिष्ट नहीं है अनेकार्थक नहीं है। तब शक्ति का नियन्त्रण अभिधा का नियमन कैसा? (बुध्यते जानातीति बुधः) जानता है वह बुध विज्ञ है और बुध ग्रह भी हैं बुधस्य भावो बौधं में गुरोर्भावः गौरवं की तरह अण् प्रत्यय भाव अर्थ में हुआ। दुर्वृत्ते शनितां में अशनितां भी अर्थ है। कवेः कर्म कवित्वं काव्यं भार्गवत्वं च। उशना भार्गवः कविः यह कोशकार का उल्लेख है। अतः उक्त पाठ उचित है मुद्रित पाठ अपपाठ है।

प्राप्तश्रीरेष पद्य की आलोचना का प्रत्यालोचन

भगवन्! पण्डितों के राजन् या राजाओं के पण्डित! आप दूसरों के आलोचन करने में प्रवृत्त हुए अपनी आलोचना नही करते हैं। आप समर्थ हैं। अस्तु। "कस्तूरिका तिलकमालि! विधाय सायम्, में आपने क्या कहा कि यहाँ कुमुदविक सादि से रूपक ही ध्वनित होता है न कि भ्रान्तिमान्। और यहाँ क्या कहते हैं कि वे विकल्प जलधि की "राजा विष्णु है" इस भ्रान्ति (अर्थात् समुद्र भ्रान्त है) का ही आपेक्ष करता है न कि रूपक का। इसमें कौन हेतु है कि वहां रूपक ध्वनि है और यहाँ नही है। और वहाँ भ्रान्तिमान् नहीं है यहाँ भ्रान्तिमान् है। सुनो भाई बिगड़ो मत। कुमुद एवं दिशाएँ अचेतन हैं और अचेतन में भ्रान्ति ज्ञान नही हो सकता है। वह चेतन को ही होता है। हाँ ठीक है। किन्तु समुद्र क्या चेतन है। नहीं नहीं। वह अचेतन है। तब वहाँ अचेतन में भ्रान्ति नहीं होगी। और यहाँ अचेतन में भ्रान्ति होगी यह कौन तुक है। यदि वहाँ रूपक है भ्रान्ति नहीं है तब यहाँ भी रूपक ही है भ्रान्ति नहीं है। अरे भाई सुनो भी तो। रूपक का ज्ञान आहार्यज्ञान है जो कल्पित मिथ्या ही होता है। मिथ्या ज्ञान से कम्पा नहीं होती है कम्पा होती है सत्यज्ञान से। हे पण्डित राज? राजाओं के पण्डित आप हैं जैसा आप समझावें ठीक है। किन्तु याद करिये। नव्यमत के अनुसार रस के निरूपण में आपने क्या लिखा है। "सत्य शोकादि से ही दुःख पैदा होता है कल्पित शोक से नहीं यही सिद्धान्त है और वह सत्य शोकादि नायक के ही हैं अतः उसी को दुख होगा सहृदयों में कल्पित है अतः वे उनसे दुखी नहीं होंगे। यह आप नहीं कह सकते हैं। क्यों कि ऐसा मानने पर कल्पित मिथ्या रज्जु में सर्पज्ञान से भय एवं कम्पा का होना अनुपपन्न हो जायगा। जिसका उल्लेख एवं मान्यत्व सभी आचार्यों ने किया है।" इस आपके लेख के अनुसार क्या मानना चाहिए। भगवन्? रज्जु में कल्पित सर्पज्ञान, भय एवं कम्पा का

जनक है और राजा विष्णु है यह कल्पित मिथ्या ज्ञान कम्पा का जनक नहीं है। क्यों। क्या तुक है। और भगवन् ?"वैयधिकरण्य से भी" यह कथन तो धूलिप्रक्षेप है। विकल्प कौन करता है और काँपता कौन है। समुद्र करता है और वह काँपता है। (विकल्पों का आकार पहले बतलाया जा चुका है) उससे क्या प्रतीत होता हैं। राजा विष्णु है यही ज्ञान! यह ज्ञान किसके हृदय में होता है। जो विकल्प करता है उस समुद्र के हृदय में। तब वैयधिकरण्य कैसा। चेतनत्व के आरोप से सब ठीक है। इससे अज्ञात तादात्म्य कम्पा में अनुपयुक्त है यह कथन भी परास्त हुआ। यहाँ अज्ञात तादात्म्य इतना ही लेख पर्याप्त है अतः एव और केवल पद का विन्यास निरर्थक है। इस तरह यहाँ कुछ भी क्षोद क्षम नहीं है।

तारानायकशेखराय पद्य के विचार का आलोचन

भगवन् पण्डितराज? जिनका गंध भी नही लिया, स्वप्न भी तो जिनका दीक्षित जी को नहीं आया ऐसे पदार्थों के लेखन में क्या? आपको आनन्द मिलता है। कहाँ विचारे अप्पय्यदीक्षित जी ने यहाँ परिणाम को वैयधिकरण्येन लिखा है। वहाँ की पंक्ति "इदं च वैयधिकरण्यं रूपकेऽपि सम्भवति" यह है कि यह वैयधिकरण्य केवल परिणाम में ही नहीं होता है रूपक में भी संभव है। यथा तारानायकेति यथा वा द्विर्भावः पुष्पकेतोरिति। अतः यह सब अपदार्थ ही आपने लिखा है। यदि लिखने का ही शौक है तो लिखिये कि चन्द्रशेखर? चन्द्रमौलिन्? पाहि माम् इत्यादि चन्द्रशेखर या चन्द्रमौलिके रूप में शिव जी प्रसिद्ध हैं न कि नदीशेखर के रूप में। हाँ नद्या माल्यबते कह सकते है। अतः प्रसिद्धि विरुद्ध यह उक्ति है। दूसरी बात है यहाँ शृगारी पद का अर्थ शृङ्गार रस वाला नही है। उस अर्थ को मानने पर "रसस्योक्तिः स्वशब्देन" दोष है। अतः "वेषभूषा से अपने को सजाने वाला" अर्थ है। इस तरह "रसिक को प्रणति प्रक्रान्त है, यह लेख भी ठीक नहीं है। क्योंकि रसिक प्रणम्य नहीं होता है प्रणम्य तो वह होता है जो जगत् का आधार अर्थात् पालन करने वाला, अनुयायी जनों पर अनुग्रह करने वाला, शत्रु संहार करके विपत्ति को टालने वाला हो। ये गुण भगवान् में है अतः ऐसे गुण शाली की प्रणति प्रकान्त है। यह कहना चाहिए।

दूसरों के परिणाम के लक्षण की आलोचना का प्रत्यालोचन

भगवन्? पण्डित नरेन्द्र? अपने वनाये हुए लक्षण एवं उदाहरणों की भी संगति आप मिलाइये। आपने परिणाम का लक्षण लिखा है कि जहाँ विषयी उपमान, विषय के रूप से ही न कि अपने रूप से प्रकृत कार्य में उपयोगी होता है वह परिणाम है। आपका यह लक्षण आपके निरवयव केवल रूपक के उदाहण "वुद्धिर्दीपकला" में जैसा फिट होता है वैसा आपके परिणाम के उदाहरण "अहीनचन्द्रा" में फिट नही ही होता है। सुनिये वुद्धि दीपकला है। जिस दीपकला से सब वस्तुओं का प्रकाशन होता है। यह कथन असंगत है। क्यों कि दीपकला से भौतिक सूक्ष्म पदार्थो का भी प्रकाशन नही हो पाता है तब सब वस्तुओं का अर्थात्

अवच्छेदकावच्छेदेन यावत् पदार्थों का प्रकाशन तो सुतराम् असंभव है। ऐसा प्रकाशन तो जहाँ न जाय रवि वहाँ जाय कवि के अनुसार बुद्धि से ही हो सकता है और परम अगम्य ब्रह्म का भी प्रकाशन "ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयास्यसि" के अनुसार बुद्धि से ही होता है। अतः दीपकला विषयी, बुद्धि रूप विषय के रूप से ही प्रकृत सब अर्थात् अवच्छेदकावच्छेदेन यावत् पदार्थों के प्रकाशन कार्य में उपयोगी होता है। अतः परिणामालंकार ही यहाँ है। आपका कहा हुआ रूपक नही है।

उत्तरार्ध का भी यही हाल है। "कुछ भी नही मालूम पड़ता" यह अंश विषयी रात्रि में संगत नही होता है। क्यों कि रात्रि में शब्द सुनाई पड़ता है। तथा चोरों और व्यभिचारियों को अपना विषय सब मालूम पड़ता है हाँ बुद्धि शून्य को तो दिन में भी नही मालूम पडता है, रात्रि में तो कहना ही क्या है।

और अहीन चन्द्रा पद्य में योषा कामिनी विषय है सितपक्ष की दोषा यामिनी विषयी है। सर्वजनतोषकर्तृत्व प्रकृत कार्य है। अब विचार यह है कि सब जनों में साधु संन्यासी महात्मा सन्त भी है विरक्त गृहस्थ भी है रोगी भी है इनको क्रमशः कामिनी हेय, आकर्षणशून्य और रोग वर्द्धक होने से कामिनी तोषक नही है। यहाँ यामिनी का अपने रूप से तोषण में उपयोग हो रहा है किन्तु आप के लेख "वह तोषकरण शुक्लपक्ष की रजनी में अपने आप से वाधित है योषारूप से संगत है इससे उलटा ही हो रहा है। क्योंकि कामिनी का आरोप्यमाण यामिनी के रूप में उपयोग हो रहा है। अतः परालोचन प्रवृत्त? श्रीमन्? अपने आपको भी देखिये।

मर्मप्रकाशे "परे तु" इत्यस्यालोचनम्

परे तु इति किञ्चिन्मतं स्वीयं समुल्लिख्य, द्विरुपद्रुतं नागेशमहाशयैः। तत्रैक उपद्रवो यथा=श्रावं श्रावं वचः सुधामित्यत्र पूर्वपदार्थ वचः प्रधानकमयूरव्यंसकादि समासेन सुधाप्रतियोगिकाभेदवद्वच इत्येव बोध इति। ननु भगवन्? इत्येव बोधो नान्यश्चेत्तर्हि श्रावं श्रावमित्यस्य का गतिः स्यात्। सुधाभिन्नस्य श्रुतिः स्यात् किम्। सुधाभिन्नवच इति बोधे तु स्वादं स्वादं वा पायं पायमिति हि पाठः स्यात्। द्वितीय उपद्रवो यथा=मीनानां नयनात्मतापत्त्या एव इति तदंशे परिणाम एव इति नयनप्रतियोगिकाभेदवन्मीनवती (सुन्दरी) इत्येव बोधः। इति। ननु भगवन्। तदंशे परिणाम एव न रूपकम्। इति चेत्तर्हि "मानवती नयनाभ्यामिति श्लोकस्य प्रतियोगित्वमुखस्यार्थवशादन्वये, इति वृत्तेर्व्याख्याने मीनप्रतियोगिकाभेदस्य नयने अर्थवशात् सरसीरूपकानुरोधादन्वये इत्यर्थ इत्युक्तसरसीरूपकानुरोधः क गतः। तथा नयनाभेदे तु गृह्यमाणे सरसीरूपकापोषणादिति मूलकारोक्तेः का गतिः स्यात्। सुन्दर्यां मीनवत्वसम्पादन रूपप्रकृतकार्योपयोगिता मीनानां नयनात्मतापत्त्यैवेति कोक्तिः। प्राङ्मीनवत्वं च स्वाभिन्नद्वारकमित्यस्य व्याख्यायां भवता मीनाभिन्ननयनेत्यर्थः, इति स्वोक्तेरपराधात् इति।

सिन्दूरैः परिपूरितं पद्य के विचार पर आलोचन

भगवन् ? पण्डितों के राजा जी ? या राजओं के पण्डित जी ? आप को यह शोभा नहीं देता कि आप अटर का पटर पदार्थ लिखें। आप की कृतियों को पढ़कर लोग अपने को विद्वान् मानने का गर्व करते है। अस्तु।

आपने "अत्र च विवक्षित विवेचने से लेकर विमर्शिनीकारस्योक्तिरपास्ता" यह सब क्या लिखा। विमर्शिनीकार का तो (केचित्तु अध्यवसायाश्रयेण संदेहप्रकारमाहुः) कोई तो अध्यवसाय के सहारे भी सन्देह के भेद को कहते हैं। इस अलंकार सर्वस्वकार की पंक्ति के व्याख्यान में यह लेख है कि "अत्रैव पक्षान्तरमाह केचिदित्यादि। अनेन च संदेहस्य अध्यवसायमूलत्वमपि ग्रन्थकृतैवोक्तम्। तेन अध्यवसायाश्रयोऽप्ययं स्वरूपहेतुफलानां संदिह्यमानत्वेन त्रिधा भवति। तत्र स्वरूपसंदेहो यथा—

"रञ्जिता नु विविधास्तरुशैला- इत्याद्येव। यथा वा=

एतत्तर्कय। कैरवक्लमहरे, शृंगारदीक्षागुरौ,
दिक्कांतामुकुरे, चकोरसुहृदि, प्रौढ़े तुषारत्विपि।
कर्पूरैः किमपूरि, किं मलयजैरालेपि, किं पारदैः
रक्षालि, स्फटिकोपलैः किमघटि, द्यावापृथिव्योर्वपुः ॥

अत्र कौमुदीधवलिम्नः कर्पूरपूरणादिना अध्यवसितत्वादध्यवसायमूलत्वम्।

इसके बाद हेतुसंदेह एवं फलसंदेह के उदाहरण विमर्शिनीकार ने लिखे हैं। कितना पवित्र एवं निर्भ्रान्त लेख है।

इसी में सारोप संशय के बाद साध्यवसानसंशय रूप दूसरे पक्ष को कहते हैं अध्यवसाय के सहारे भी संदेह का एक भेद है इस लेख के द्वारा ग्रन्थकार ने यह भी कह दिया कि अध्यवसाय मूल भी संदेह होता है। इससे अध्यवसायाश्रय भी यह सन्देह; स्वरूप, हेतु एवं फल में सन्देह होने के कारण स्वरूप सन्देह, हेतु सन्देह और फल सन्देह इस तरह तीन प्रकार का है। उनमें स्वरूपसन्देह जैसे विविध तरु एवं शैल रंग दिये क्या ?। और जैसे

यह तो विचारो कि दिनभर सूर्य के ताप से क्लान्त हुए कुमुदों के क्लम को दूर करने वाले, नायिकाओं के शृंगारदीक्षागुरु, दिशारूपी कामिनियों के दर्पण और चकोरों के दोस्त, तुषार सदृश कान्त चन्द्रमा के प्रौढ़ होने पर अर्थात् पूर्ण विकसित होने पर क्या यह विश्व कर्पूर से भर गया, क्या मलयचन्दन से इस पर लेप कर दिया, क्या पारद से इसको धो दिया, और क्या स्फटिक मणि से इसका निर्माण कर दिया।

यहाँ चाँदनी की धवलिमा में कर्पूरपूरणादि का अध्यवसान किया है अर्थात् यहाँ कौमुदी धवलिमा रूप विषय जो शब्द से उपात्त नहीं हैं उसे कर्पूरपूरणादि रूप विषयी के द्वारा समझा गया है। जहाँ विषय का स्ववाचक शब्द से पृथक्, निर्देश नहीं रहे तब भी उसमें विषयी का अभेद ज्ञान हो वह अध्यवसान कहाता है। यही

लक्षण आपने भी लक्षणा के प्रकरण में लिखा है कि अपृङ्निर्दिष्टे विषये विषय्यभेदोऽध्यवसानम् । स्ववाचक शब्द से पृथक् अनिर्दिष्ट विषय में विषयी का अभेद ज्ञान ही अध्यवसान है। और भी बात है कहाँ यहाँ विमर्शिनी में "स च न सारोपः। विषयविषयिणोस्तदनुकूलविभक्तेरभावात्" यह लिखा है। और आपने जो "एतत्तर्कय" पद्य के कर्पूरैः किमपूरि इस उत्तरार्ध का अनुवाद भूत श्लोक बनाया है उसे भी आपने त्रात, व्रात एवं प्रातः इस अनुप्रास के लोभ में पड़कर भ्रष्ट कर दिया है। और "अतः सिन्दूरत्वादिना संशयधर्मी किरणव्रातोऽध्यवसीयते" लिखकर तो विषय को और भी विकृत कर दिया। क्या कहें। जब किरण व्रात शब्द से किरण व्रात को पृथक लिख दिया है। तब सारोप संशय क्यों नहीं होगा और साध्यवसाय संशय कैसे होगा। तथा व्यंजनागम्य क्यों होगा एवं किसमें वह गुणीभूत होगा। आप गुरु ही नहीं गुरुओं के गुरु हैं। आप ही समझें। अतः इस पद्य की रचना ऐसी करिये जिससे उपद्रव दूर हो जाय। और सब भाव विमर्शिनी कारोक्त पद्य के अनुसार संगत हो जाय। इसकी रचना यों होनी चाहिए।

विश्वं कर्मसु योजयन्, फलमथो तेषां ततः प्रापयन्।
सूर्यः प्रातरुदेति, तर्कय ? मनागेतन्मही मण्डलम्।
सिन्दूरैः परिपूरितं किमथवा लाक्षारसैः क्षालितं।
कौसुम्भद्रवतो नु सिक्तमथवा श्रीचन्दनैर्लेपितम्। इति

आरोप के अनुकूल विभक्तियाँ यहाँ विषय और विषयी में नहीं है। इसका क्या मतलब है। समान विभतियाँ ही आरोप के अनुकूल होती है क्या ? व्यधिकरण रूपक "आस्ये पूर्णशशांकता एवं मीनवती नयनाभ्यां" में कहाँ विभक्तियाँ समान है। और अहीनचन्द्रालसता आननेन इस व्यधिकरण परिणाम में। तथा

रञ्जिता नु विविधास्तरुशैलाः संहृता नु ककुभस्तिमिरेण इस व्यधिकरण संशय में भी कहाँ विषय और विषयी में विभक्तियाँ समान है। किंतु आपने तब भी इन सभी उदाहरणों में आरोप माना है अतः आरोप के अनुकूल विभक्ति नहीं है यह कहना भी कोई अर्थ नहीं रखता है।

आस्याः सर्गविधौ इस पद्य के सम्बन्ध में आलोचन

यहाँ का आशय यह है कि इसके निर्माण के समय प्रजापति कौन था। ऐसा प्रश्न हो तब तो संशय का विषय धर्मी प्रजापति है। यदि यह प्रश्न हो कि क्या जी ? इसके निर्माण के समय चन्द्रमा प्रजापति था, अथवा मदन प्रजापति था या बसन्त था तब संशय के स्थल धर्मी चन्द्रादि तीन होते हैं। इस तरह दोनों पक्ष हो सकते हैं। किन्तु पण्डित राज का पक्ष ही उद्देश्य विधेय भाव के विचार के आधार पर उचित है। वस्तुतस्तु यहाँ नुपद के सद्भाव में उत्प्रेक्षा है। क्योंकि नुपद उत्प्रेक्षा का द्योतक है।

"नहि सादृश्यमूल" इसका आलोचन

राजाओं के पण्डित अपनी कृतियों को भूल जाते हैं और दूसरों की कृतियों पर आक्षेप और वह भी निष्कारण करते हैं। जैसे—स्तन में सादृश्य मूलक कलश रूपक को करके फिर मंजरी की भ्रान्ति की है, वैसे ही

अंकायमानमलिके मृगनाभिपंकं
पंकेरुहाक्षि ? वदनं तव वीक्ष्य विभ्रत्।

यहाँ वदन में चन्द्र विषयक सादृश्यमूलक भ्रान्ति को पुष्ट करने के लिए कस्तूरी के तिलक में अंकाभेद रूपक किया, फिर उसी तिलक में अंक सदृश कह कर उपमा करी है जैसा कि आप का लेख है अत्र प्राधान्येन व्यंग्ये अरोप्यमाणचन्द्रके इत्यादि। यहाँ अंकायमान में उपमानवाचक अंक शब्द से क्यङ् प्रत्यय और लट् के स्थान में शानच् हुआ।

"वीरास्त्वां देवः" इसका आलोचन

यहाँ रचना ठीक नही हुई है। यदि वीराः पाठ रखना इष्ट है तब तो हन्तुं की जगह पर योद्धुं पाठ होना चाहिए। जैसे "जातोऽयं योद्धुमेवेति वीरास्त्वामिति" और यदि हन्तुं पाठ रखना इष्ट है तब "शत्रवो हन्तुमेवेहि जातं त्वाम्" यह पाठ होना चाहिए।

अन्यत्रेत्यादि पर्यस्तापह्नुतिः। अत्र चिन्त्यते इसका आलोचन

यहाँ पण्डितराज जी ने चिन्तन का मार्ग बना दिया है अतः हम भी चिन्तन करते हैं। अप्पय्य दीक्षित जी का लेख बहुत स्पष्ट है और पवित्र भी है फिर भी माननीय पण्डित राज को चिन्ता हो गई है। अस्तु ! भगवन् ? यह पर्यस्तापन्हुति है। जो पहले बतलाई हुई सम्पूर्ण अपन्हुतियों से विलक्षण है। क्योंकि यह पर्यस्त है इसमें विषय का परिवर्त्तन हो गया है। उनमें विषय उपमेय के धर्म का निह्नव है। इसमें उपमान के धर्म का निह्नव है। धर्म निह्नव और आरोप ये दो अंश अपन्हुति के सामान्य लक्षण के घटक हैं। ये दोनों अंश पयस्तापन्हुति में भी है अतः कोई दोष नहीं है। इस तरह काव्य प्रकाश, अलंकार सर्वस्व एवं चित्रमीमांसा में कहे हुए लक्षणों की भी असंगति नहीं हैं। इस प्रकार "यह सुधांशु नहीं है। तब कौन सुधांशु है। सुधांशु तो प्रेयसी का मुख है।" इसमें अपन्हुति ही होनी उचित है दृढ़ारोप रूपक नहीं। क्योंकि गगनस्थ उपमान भूत चन्द्र के चन्द्रत्व धर्म का निह्नव है और उपमेय मुख में उसका आरोप है अतः अपन्हुति का सामान्यलक्षण संगत है। और जो यहाँ दृढ़ारोप रूपक के होने तथा अपन्हुति के नहीं होने में जिस हेतु" उपमेयतावच्छेदक (प्रेयसी मुखत्व) एवं उपमानतावच्छेदक (सुधांशुत्व) के सामानाधिकरण्य की निष्प्रत्यूह प्रतीति" का उपन्यास किया है। वह

"नायं सुधांशुः किन्तर्हि व्योमगंगासरोरुहम्।

इस शुद्धापन्हुति में सुधांशुत्व उपमेयतावच्छेक और मन्दाकिनीकमलत्व उपमानतावच्छेक।

"नेन्दुस्तीव्रो न निश्यर्कः सिन्धोरौर्वोऽयमुत्थितः"

इस हेत्वपन्हुति में इन्दुत्व एवं अर्कत्व उपमेयतावच्छेदक तथा वडवानलत्व उपमानतावच्छेदक,

"प्रजल्पन् मत्पदे लग्नः, कान्तः किं, न हि नूपुरः"

इस छेकापन्हुति में भी कान्तत्व उपमेयतावच्छेदक और नूपुरत्व उपमानतावच्छेदक के सामानाधिकरण्य की निषेध के साथ २ प्रतीति रूप हेतु तो संगत होता है। अतः इनको भी दृढारोप रूपक ही मानिये पर्यस्तापन्हुति के ही पीछे क्यों पड़ गये हैं उसने क्या अपराध किया है। और भी बात है=जैसे आहार्यताद्रूप्यनिश्चय अपन्हुति में है वैसे ही उल्लेख में भी है दोनों में समान है तब क्या हेतु है कि उल्लेख की रूपक के भेदों में गणना नहीं करते है। अपन्हुति की गणना करने में प्रस्तुत हो रहे हैं। इसकी भी रूपक के भेदों में गणना करिये और प्राचीनों के समक्ष सरलता को या शील संकोच को हटाइये।

और भी बात है। इस अपन्हुति में कहीं आरोप पूर्वक अपह्नव है और कहीं पर अपह्नव पूर्वक आरोप है इसको आपने भी माना है। उसमें से

"न विषं विषमित्याहुर्ब्रह्मस्वं विषमुच्यते"

यहाँ अपह्नव पूर्वक आरोप है। अतः अपन्हुति ही है। यहाँ जो आपने विमर्शिनीकार की दुहाई दई हैं कि यहाँ विष में विषत्व का निषेध करके ब्रह्मस्व रूप विषय में उसका आरोप है। इसलिए दृढारोप रूपक ही है अपन्हुति नहीं है। यह सब अविमर्श है अपदार्थ है कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा। यहाँ ब्रह्मस्व रूप विषय उपमेय में विष का आरोप नहीं है किन्तु ब्रह्मस्वऽत्वविशिष्ट उपमान का आरोप है। यहाँ की कथा ऐसी है=आयुर्वेद के विषाधिकार में लिखा है कि

"स्थावरं जंगमं चैव द्विविधं विषमुच्यते
दशधिष्ठानमाद्यन्तु द्वितीयं षोडशाश्रयम्"

विष दो प्रकार के कहे है एक स्थावर दूसरा जंगम। उसमें पहला स्थावर दश विध है दूसरा जंगम सोलह प्रकार का। इस प्रकार छब्बीस ही विष के भेद शास्त्रों में बतलाये हैं किन्तु ब्रह्मस्व नाम का तो कोई भी विष नहीं है। फलतः लोक एवं शास्त्र उभय सम्मत २६ प्रकार के विष उपमेय को असत्य करके कवि कल्पित उपमानभूत ब्रह्मस्वत्व विशिष्ट का आरोप यहाँ किया गया है अतः आलंकारिक आचार्यों के अनुसार अपन्हुति ही यहाँ है। दृढारोप रुपक नहीं है। यह भी तो बात है कि इस नाम के रूपक को किसी भी आचार्य ने किसी भी ग्रन्थ में नहीं लिखा है।

अगर कहें कि मैं विमर्शिनीकार ही नवीन रूप से उद्भावन करता हूँ तो आप के इस उद्भावन में कोई विलक्षणता नहीं है। क्योंकि उपमादि में अलंकार भाव चमत्कार हेतुक ही होता है। यह कह नहीं सकते हैं कि जहाँ आरोप में दार्ढ्य हो वहाँ दृढारोप रूपक है। क्योंकि दृढ़ता का कोई हेतु नहीं बतलाया है। अयमास्ते सदा शम्भुस्तृतीयं लोचनं विना। इसमें जैसे न्यूनत्व वर्णन भी चमत्कारी है क्योंकि

वह वर्णन अभेद में दृढ़ता का आपादन करता है। तृतीय लोचन के अभाव के कथन से पूर्व अवस्था से न्यूनता दिखाई गई है। अत: न्यूनाभेद रूपक है इस तरह न्यूनत्व प्रदर्शन रूप हेतु का यहाँ उपादान किया है। आप का कहा हुआ "आरोप्यमाणत्वात्" हेतु तो सभी रूपकों में समान है तब सभी दृढारोप रूपक हैं। यही दृढारोप क्यों। सभी है ऐसा आप कहेगें नहीं। क्योंकि मुखं चन्द्रः में "न विषम्" वाली स्थिति नहीं है। अतः स्पष्ट है कि "न विषम्" में अपन्हुति है रूपक नहीं है। अतः रूपक कहना अपदार्थ है।

और जो आप ने कहा कि "विषयी का निह्नव होने पर भी विषय तो अनिन्हुत ही है" यह धूलि प्रक्षेप है। यदि विषयी का निह्नव कर दिया तब उपरंजकतामेति का समन्वय कैसे होगा। विषयी के अभाव में कौन उपरंजकता को प्राप्त करेगा। उपरंजकता के अभाव में अर्थात् आहार्यारोपनिश्चय गोचत्व के स्वप्रायित होने पर क्या ? लक्षण का स्वरूप प्रस्फुरित रहेगा। नहीं रहेगा। रूपक के लक्षण की तत्र अतिव्याप्ति कहाँ वज्रलेपायित होगी। तस्मात् यह सब क्षोदक्षम नहीं है।

उत्प्रेक्षालक्षण का आलोचन

तद्भिन्नत्वेन। यहाँ लक्षण घटक पदों में रमणीय पद स्थान भ्रष्ट हो गया है। इसका स्थान है संभावन अतः रमणीय हृद्य संभावन उत्प्रेक्षा अलंकार है। यह अन्वय है। क्योंकि अलंकारत्व का प्रयोजक स्वरूपगत हृद्यत्व ही है। जो कि अलंकार के सामान्य लक्षण होने के कारण स्वतः प्राप्त है। उसके निवेश की लक्षण में कोई आवश्यकता नहीं है किन्तु स्थितस्य गतिश्चिन्तनीया के अनुसार अन्वय दिखा दिया है। तद्वृत्ति एवं तत्समानाधिकरण धर्म रमणीय रहे इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। रहे तो कोई विरोध भी नहीं है। क्योंकि तमो धूमचयं शंके कोकीविरह शुष्मणाम्" यहाँ तम में कोकीविरहाग्नि समुत्थ धूमचय की संभावना की गई है। इसमें नीलत्व दृष्टिप्रतिरोधकत्वरूप धर्म निमित्त है इनमें कोई रमणीयता नहीं है। यह धूमस्तोमं तमः शंके यह पाठ दुष्ट है। क्योंकि इस पाठ में "धूमस्तोम में तम की शंका करता हूँ इस रूप में विरुद्ध बुद्धि हो जाती है। अतः विधेयाविमर्श एवं तत्प्रयुक्त विरुद्धबुद्धिकारित्व दोष है। अतः "तमो धूमचयं शंके" यह पाठ ठीक है। "तनयमैनाक गवेषण" इस गद्य में भागीरथी को हिमगिरि भुज बनाने की प्रक्रिया में सम्भावना की है। इसमें श्वेतत्व और शीतत्व धर्म कोई रमणीय नहीं है। अतः उक्त अन्वय उचित है। और तद्धर्म सम्बन्धनिमित्तकम् इस पद में तत् पद व्यर्थ है प्रत्युत अशुद्ध है। क्योंकि तद्वृत्ति जो धर्म या तत्समानाधिकरण जो धर्म वह है निमित्त जिसमें ऐसा सम्भावन यह अन्वय इष्ट है। इसलिए तद्वृत्ति या तत् समानाधिकरण और धर्म इसके बीच में तत् पद की कोई आवश्यकता नहीं है। बल्कि तत्पद खटकता है। और उक्त प्रकार के अन्वय की अपेक्षा है। यहाँ सम्बन्ध पद का भी स्थान गड़बड़ा गया है। उसकी भी यहाँ कोई आवश्यकता नहीं है। बल्कि आवश्यकता में जो तत्त्वेन या तद्वत्वेन की सम्भावना करते हैं उसके लिए सम्बन्ध

की अपेक्षा है। उस अपेक्षा की पूर्ति के लिए सम्बन्ध को बतलाना जरूरी है। फलतः तत्सम्बन्धकं पाठ होना चाहिए। इस तरह नितान्त शुद्ध लक्षण का स्वरूप यह हुआ कि तद्भिन्नत्वेन तदभाववत्वेन वा प्रमितस्य पदार्थस्य तद्वृत्ति तत्समानाधिकरणान्यतर धर्म निमित्तकं तत्सम्बन्धकं तत्त्वेन तद्वत्वेन वा रमणीयं संभावनमुत्प्रेक्षा।

भ्रान्ति के सम्बन्ध में आलोचन

इस निर्णय के अनुसार नागेश महाशय का यदि भ्रान्ति को अनाहार्या नहीं मानेंगे याने आहार्या मानेंगे तो कार्य के नहीं होने की आपत्ति लग जायगी। किन्तु "धाराधर धिया धीरं नृत्यन्ति स्म शिखावलाः। यहाँ भ्रान्ति में तो नृत्य रूपी कार्य हो रहा है" इत्यादि कथन चिन्तनीय है। क्योंकि रूपक जो आहार्य ज्ञान का मुख्य स्थल है उसमें नायिका के मुख को चन्द्र मानकर नायक लोग आनन्द का अनुभव करते हैं। इस तरह आहार्य एवं अनाहार्य दोनों स्थलों में कार्य होता है तब "भ्रान्ति को आहार्य मानेंगे तो कार्य के न होने की आपत्ति लग जायगी" यह सब व्यर्थ है। क्योंकि भिन्नत्वेन प्रमा सच्चा ज्ञान होने के बाद भी वस्तु को मनमाना समझना सम्भावना उत्प्रेक्षा है। तत् ज्ञान रहित सम्भावना भ्रान्ति एवं उत्प्रेक्षा के दायरे से बाहर है।

जगज्जय में विषय एवं विषयी के स्वरूप का आलोचन

यहाँ "जगद्विजित रूप" यह मुद्रित पाठ गड़बड़ है। लिपिकार का भ्रम प्रमाद ही इसका कारण है।

अतः जगत्कामातुरभवन जगद्विजितत्व रूप पाठ उचित है यह क्रियात्प्रेक्षा जानकर लिखा है। जगत् धर्मी में काम सम्बन्धी जय धर्म की उत्प्रेक्षा मानते हैं तब जगद्विजितत्व पाठ समुचित है। क्योंकि जगत् में कामकर्तृक जय विषयी की सम्भावना करते हैं अतः विजितत्वरूप विषयी होगा न कि जगद्विजित। विजित ही जगत है अतः एक में धर्म धर्मिभाव उचित नहीं होता। वस्तुतस्तु जैसे तमो व्यापन विषय में तमोलेपन विषयी की सम्भावना है उसी तरह यहाँ जगत्कामातुर भवन विषय में जगद्विजयन विषयी की सम्भावना है।

वकानां समजः का आलोचन

"पशूनां समजः" "यूथं तिरश्चाम्" इन कोशों के अनुसार पशुओं के अतिरिक्त बकादि पक्षियों का समूह यूथ होता है। अतः बनानां समजः यह चिन्त्य है। और "यूथं बकानां विरराज कूजन्" यह पाठ ठीक है।"

"कलिन्दजा" इस पद्य की रचना का आलोचन

कलिन्दजेति। अत्र पण्डितराजस्य रचनादारिद्र्यं प्रतीयते यत एकेनैव भूरिपदेनेष्टार्थप्रतिपत्तौ प्रकामामित्यस्य पुनरुक्ततय विसंष्ठुलत्वम्। पूर्वत्र नीरेण अर्ध मज्जनीयत्वमुत्तरत्र ध्वान्तेन निगीर्यमाणत्वं तोलकमस्ति किन्तु वैरादित्यस्यानुगमकं तोलकं

पूर्वत्र नास्ति इति परं विसंष्ठलत्वम् । न च मन्दं मन्दं यथात्र अतिमन्दमित्यर्थः । तथा प्रकामं भूरि इत्यत्रापि अतिभूरि इति स्यादिति वाच्यम् । तथात्वे हि शब्दाधिक्यात्कर्णकटुत्वं तेनाहृद्यत्वादलंकारत्वविनाश एव स्यात् । अन्यच्चात्र तमो व्यापने तमोलेपनमिव बककर्तृकशब्दने शशिकिशोरकर्तृकं क्रोशनमुत्प्रेक्ष्यं तदर्थं वकेषु धर्मिषु शशिकिशोरधर्म्युत्प्रेक्षा। तदेतदुच्यतेऽत्र तादृशेषु वकेषु विषयेषु (धर्मिषु) तादृशशशिकिशोरस्य विषयिणो धर्मिणस्तादात्म्योत्प्रेक्षणपूर्वकं क्रोशनकर्तृत्वं धर्म उत्प्रेक्ष्यते। इत्येवं बकेष्वेव धर्मिषु कोशन कर्तृत्वं धर्म इति तृतीयं विसंष्ठलुत्वं ततोऽत्र सर्वेषां परिहाराय आनुगुण्यलाभाय च "शब्दन्ति यत्ते बहुलं बकास्तत्" इत्येवं द्वितीयं चरणं निर्माणीयम् ।

"क्रोशन शब्दयोः" का आलोचन

यहाँ आलोचन है। "क्रोशनशब्दयोरपि" यह पद अशुद्ध है। क्योंकि कृतभूरिशब्दाः यह अंश पूर्वाध का है और क्रोशन्ति यह उत्तरार्ध का है अतः शब्दरूप अंश पूर्वार्द्ध में उपात्त है। अतः प्रथमोपात्तत्व रूप अभ्यर्हितत्व शब्द में है। और क्रोशन की अपेक्षा शब्द में अक्षर लघु और अच् अल्पतर हैं। इसलिये अभ्यर्हित और लघु अक्षरों तथा अल्पतर अच् वाला होने के कारण तीन हेतुओं से शब्द का पूर्व निपात होगा। क्रोशन का पूर्व निपात नही होगा। यह शब्दाशुद्धि है।

प्रासंगिक चर्चा है कि "अल्पाच्तरम्" इस सूत्र का निर्माण कुछ गड़बड़ जैसा मालूम पड़ता है।

इसका एक कारण तो यह है कि अनेक शब्दों वाले पदों में जिस पद के अच् अधिक अल्प होंगे उसका पूर्व निपात है। यह इस सूत्र का अर्थ है। यहाँ अचों की अल्पता में अतिशय विवक्षित है। अचों में नही अतः तरप् प्रत्यय अल्पपद से होना चाहिए। दूसरा कारण है कि गुणवाचक शब्द से तरप् प्रत्यय होता है। गुणिवाचक शब्द से नही इसलिए अल्प पद से ही तरप् होना चाहिए। तीसरा कारण है कि अच् से तरप् प्रत्यय होगा तो कुत्व होकर अक् तरम् या चुत्व होकर अच्चरम् बनेगा। चौथा कारण है कि अक्तरम् या अच्चरम् न बने इसके लिए निपातन रूपी शस्त्र का प्रयोग करना पड़ेगा। इसलिए "अल्पतराच्" इस रूप में सूत्र का निमार्ण होना चाहिए। वद्धिरादैच् की तरह कुत्वाभाव रहेगा।

क्रोशन शब्दयोरपि में अभेद के स्वरूप का

यहाँ शब्दन में क्रोशन की उत्प्रेक्षा है अतः विषय एवं विषयी के अभेद के लिए प्रयत्न करने का कुछ भी फल नही है। विषय उपात्त रहेगा अभेदारोप होता है। अनुपात्त विषय में अभेदाध्यवसाय होता है जो कि उत्प्रेक्षा के स्वरूपगत है। इसी तरह विम्बप्रतिविम्बभावेनाभेदः यह पाठ भी अशुद्ध है। क्योंकि विम्बप्रतिविम्ब भाव उन्हीं दो पदार्थों में होता है। जो वस्तुतः भिन्न हो। प्रकृत में शब्द तो

शब्द है ही क्रोशन भी शब्द ही है अतः भिन्न नहीं है। हाँ वस्तु प्रतिवस्तुभाव है इनमें। ये दोनों विषया शुद्धि हैं।

"बकानामनन्वयापत्तेः" का आलोचन

यहाँ यह आलोचन है कि (मुखचन्द्रेण विरही प्रसन्नः) यहाँ चन्द्रसदृश मुख से विरही प्रसन्न है इस उपमा में चन्द्र का सादृश्य में अन्वय है और सादृश्य का मुख में है। इस तरह मुख प्रधान हुआ फलतः विरहि प्रसादकत्व मुख में प्रपन्न हो जाता है। जो संगत है। और "मुखचन्द्रो विरहिप्रसादकः" इस वाक्य से चन्द्र मुख बनकर यदि उपस्थित होता है तब तो विरहिप्रसादकत्व चन्द्र में आ सकता है क्योंकि चन्द्र के मुख बनकर उपस्थित होने पर मुखवृत्ति धर्मवान् चन्द्र है ऐसी प्रतीति होगी, ऐसी स्थिति में परिणाम अलंकार होता है। किन्तु मुखाभिन्नश्चन्द्रः ऐसा वाक्यार्थ मुखचन्द्रः से संस्कृत भाषा में उपस्थित होता है। अत मुखचन्द्रो विरहि प्रसादकः इस वाक्य से मुख चन्द्र बनकर उपस्थित होता है तब चन्द्र बने हुए मुख में विरहिदुःख जनकत्व ही प्राप्त होगा, विरहि प्रसादकत्व नही। क्योंकि मुख के चन्द्र बनकर उपस्थित होने पर चन्द्रवृत्ति धर्मवान् मुख है ऐसी प्रतीति होगी। ऐसी स्थिति में रूपक होता है। और चन्द्राभिन्नं मुखम् ऐसा वाक्यार्थ मुखचन्द्रः से उपस्थित होता है। किन्तु संस्कृत भाषा की ऐसी रूप रेखा है कि मुखाभिन्नश्चन्द्रः में मुख का अभेद संम्बन्ध से चन्द्र में अन्वय हुआ और चन्द्र का विरहि प्रसादक में हुआ। इस तरह विरहि प्रसादक में मुख का परम्परया अन्वय हुआ और चन्द्र का साक्षात् अन्वय हुआ। तथा चन्द्राभिन्नं मुखम् में चन्द्र का मुख में मुख का विरहिप्रसादक में इस तरह चन्द्र का परम्परया और मुख का साक्षात् अन्वय होगा। तब बकानामनन्वयापत्तेः कहना कैसे होगा। यहाँ दो उत्प्रेक्षायें हैं। एक बकों में शशिकिशोरोत्प्रेक्षा अर्थात् धर्मी में धर्मी की। दूसरी बक कर्तृक शब्दन में शशिकिशोरकर्तृक क्रोशन की उत्प्रेक्षा अर्थात् धर्म में धर्म की। तमोव्यापन में तमोलेपन की तरह कियोपात्प्रेक्षा का ही यह उदाहरण पण्डितराज ने लिखा है। इसी क्रियोत्प्रेक्षा को बनाने के लिए ही धर्म्युत्प्रेक्षा भी की है। तब बकों का क्रोशन में साक्षात् अन्वय कैसे होगा। किन्तु किशोरों का ही होगा यदि बकों का भी अन्वय साक्षात् चाहते हैं तो ऐसा। "शब्दन्ति यत्ते बहुलं बकास्तत्" पाठ बनाइये। तब किशोराभिन्न बकों का शब्दनाभिन्न क्रोशन में साक्षात् अन्वय होगा। इस पाठ में एक आनुगुण्य ओर होगा कि प्रकामं और भूरि की विसंष्ठुलता हट गई। मन्दं मन्दं अर्थात् अतिमन्द की तरह प्रकामं भूरि के अर्थात् अतिभूरि मानने पर वह घनघोर शब्द कर्ण कटु हो जायगा उससे अहृद्य होकर अलंकारत्व नष्ट हो जायेगा।

शशिकिशोरोभय पद का आलोचन

इससे कलिन्दजानीराधर्मप्रकृतभूरिशब्दोभय स्वरूप बक, वैरहेतुकध्वान्तकर्तृक निगीर्यमाण शशिकिशोर से अभिन्न हुए क्रोशन (रोदन) क्रिया के अनुकूल

कृतिमान् हैं। यहाँ किशोरोभय में किशोर शब्द के बाद उभय पद अशुद्ध है। क्योंकि ध्वान्तकर्तृक निगीर्यमाण किशोर के साथ नीरार्ध मग्न बक का अभेद है। बक में जैसे नीरार्धमग्न और कृतभूरि शब्द दो विशेषण हैं वैसे किशोर में दो विशेषण नहीं है और किशोर के अतिरिक्त कोई पदार्थ नहीं है। अतः दो के विना उभय पद असंगत है।

चिकुराकार घनान्धकार की संगति का आलोचन

यहाँ नितान्त कांति कान्तत्व और जनमोहकरत्व ये दो विशेषण चिकुर के है। किन्तु चिकुर पद का आकार के साथ समास हो गया है। अतः (वृत्तस्य विशेषण योगो न) समस्त पद का विशेषणों के साथ योग नहीं होता है के अनुसार उनसे उसका अन्वय नहीं हो रहा है। किन्तु चिकुराकार के विशेष्य असमस्त घनान्धकार से उनका योग हो रहा है। जो कि अनुचित है अतः यहाँ रचना ऐसी होनी चाहिए। चिकुरं शुद्धमिदं घनान्धकारम्। और इस श्लोक के प्रथम एवं तृतीय पाद में ११ अक्षर है और द्वितीय एवं चतुर्थ में १२ अक्षर हैं। जिनमें सौज गौ ये गण प्रथम एवं तृतीय पाद में और सभरा यः ये गण द्वितीय एवं चतुर्थ पाद में है।

निधिं लावण्यानां में महामोह के विषय में आलोचन

यहाँ इस पद्य में यह आलोचन है कि मोह का अर्थ अज्ञान है। अतः वह सविषय है। प्रकृत में किस विषय का मोह है यह अंश स्पष्ट नहीं लिखा है। जैसा कि "अस्यां मुनीनामपि" में मुनियों को दमयन्ती के विषय में मोह हुआ। यहाँ मुनि धर्मी उत्प्रेक्षा के विषय है और दमयन्ती सम्बन्धी मोह धर्म उत्प्रेक्षा का विषय है। उसी तरह प्रकृत में ब्रह्मा धर्मी उत्प्रेक्षा का विषय है। और उसमें मोह धर्म विषयी है। वह मोह किस वस्तु का है उसका उल्लेख नहीं है। एक बात हुई।

इसी पद्य के "उपेक्ष्य त्वां" के लिखने का आलोचन

दूसरी बात है कि तुम्हारे सुन्दर मुख का निर्माण करने वाले ब्रह्मा जी ने तुम्हारी पर्वाह नहीं करके हे राजन्? विधु को बना दिया इस पर भी वह कृती ऐसा कहने में कौन तुक है। क्योंकि राजा एवं विधु का तो सादृश्य वर्णनीय नहीं है। वह तो वर्णनीय है मुख का और विधु का। अतः मुख को बनाकर चन्द्र को बनाना अविचार्यकारिता है। यहाँ जैसे ब्रह्मा का महामोह है उसी तरह पंडितराज का भी महामोह है "जो मुख को बनाकर उसकी पर्वाह नही करके विधु को बना दिया" इस तरह नहीं लिखकर (त्वामुपेक्ष्य) "हे राजन् तुम्हारी पर्वाह नहीं करके" यह लिख दिया। अतः "उपेक्ष्य त्वाम्" के स्थान पर "उपेक्ष्येदम्" और इह कृती में "नहि कृती" पाठ साधीयान् है। इदं का अर्थ प्रकृत में मुख है।

उत्प्रेक्षायाः साध्यवसानत्वाद्विषयस्यानुपादानं संगच्छते का आलोचन

उत्प्रेक्षा साध्यवसान निगीर्ण विषया होती है अतः उसमें विषय का अनुपादान संगत है यह पण्डित राज का लेख प्रकृत स्थल में अज्ञान का सूचक है। क्योंकि शीलन विशिष्ट अर्थ वाले शीली से शीलन, आल्हाद युक्त अर्थ वाले आल्हादि से आल्हाद और श्रयण कर्त्ता अर्थ वाले श्रितोरु से श्रयण का ग्रहण होता ही है। ऐसी अवस्था में विषयों का अनुपादान कैसे कहाँ जा सकता है। शीलन प्रभृति विषय उपात्त ही है। यदि शीलनादि विषयों का अनुपादान हो तब उत्प्रेक्षा के साध्यवसान होने पर उनके अनुपादान को संगत भी कहा जा सकता। उत्प्रेक्षा का निमित्तभूत धर्म है मुनियों के चित्तवृति की भिन्न २ अंगों में आसक्ति है।

दीक्षित जी के द्रविड़ प्राणायाम का आलोचन

अप्पय्य दीक्षित जी द्रविड़ थे अतः उन्होंने यहाँ प्रकृत पद्य में उत्प्रेक्षा अलंकार का समन्वय द्रविड़ प्राणायाम करके किया है। वे कहते हैं कि जहाँ तो किसी धर्म का निमित्त रूप से उपादान करने पर भी उत्प्रेक्षा के विषय का उस धर्म के साथ सम्बन्ध साफ २ नहीं मालूम पड़ता है। वहाँ निमित्त भूत धर्म का निमित्त भूत धर्म से भिन्न धर्म के साथ ताद्रूप्यसम्पादन करके उसके सम्बन्ध का समर्थन करना चाहिए। वहाँ ताद्रूप्य याने अभेद कहीं पर श्लेष से या कही पर अपन्हुति वगैरह से किया जाता है। जिसमें अस्यां मुनीनाम् पद्य में भृगु आदि पदों में उपरि निर्दिष्ट प्रकार से श्लेष के द्वारा उत्प्रेक्षा के विषय के साथ सम्बन्ध दिखाया गया है अतः धर्मों में पहिले ताद्रूप्य कर लेवे तब बाद में धर्मों के साथ उस धर्म का समन्वय करें। जैसे

मुनियों को उत्प्रेक्षा का विषय बनाया और दमयन्ती विषयक मोह धर्म को उत्प्रेक्ष्यमाण विषयी। इसमें जो कुच शैल परिशीलनादि निमित्त है। वे भृग्वादि मुनियों में नहीं है। किन्तु अतटादि रूप भृग्वादि में है। अतः भृग्वादि शब्दश्लेष से मुनियों में उस निमित्त भूत धर्म का सम्बन्ध किया है। उसका मार्ग है पहले कुच शैल परिशीलनादि और मोह का अभेद सम्पादन किया उसके बाद मोहाभिन्न कुच शैल परिशीलनादि का श्लिष्ट भृग्वादि पदार्थों में सम्बन्ध किया है। इसलिए कहा कि द्रविड़ प्राणायाम किया है। इसमें विचारणीय है कि जो कुच शैल परिशीलनादि निमित्त थे वे तो अब अभेदाध्यवसान से उत्प्रेक्ष्यमाण मोह रूप बन गये। तब निमित्त कौन होगा। यदि इसको दीक्षित जी ने नहीं बतलाया अथवा बतला नहीं सके तो संगति नहीं हुई दोष रह गया।

हर्ष के कार्य लगन की स्वाभाविक लगन के साथ एकता का आलोचन

भगवन् ? पण्डित राज ? हर्ष के कार्य लगन की स्वाभाविक लगन के साथ एकता क्यों की। अगर कहें कि लक्ष्मी जड़ है अचेतन है उसका पैरों में लगना

सम्भव नहीं है। अतः अभेदाध्यवसान करना आवश्यक है। तब प्रश्न होता है कि उस जड़ लक्ष्मी में लगन के कारण हर्ष का रहना भी तो असंभव है वह भी तो उस जड़ में नहीं रहता है। तब उस हर्ष का भी तज्जातीय हर्ष के साथ उस हर्ष के कारण निज वैरिपरिभव ज्ञान का भी तज्जातीय ज्ञान के साथ अभेदाध्यवसान बतलाना चाहिए था। क्यों नहीं बतलाया। अतः भगवन् ? ये सब प्रातिभ पदार्थ है। इनमें यह सब बातें नहीं देखी जाती। हाँ यदि कहीं इन बातों के समझने समझाने में बुद्धि कौशल जागरित होती हो तो करना चाहिए। जहाँ वह आवश्यक भी हो व्यर्थ में नहीं।

"विषयिसम्बन्धिना लेपनादिना विषयसम्बन्धिनो व्यापनादे;" इस लेख का आलोचन।

विषयिसम्बन्धि लेपनादि से विषय सम्बन्धि व्यापनादिकी निमित्तता सम्पत्ति के लिए स्वताद्रूप्य सम्पादन से निगीर्णता है। अतः यहाँ अनुपातविषयत्व एवं अध्यवसानमूलत्व है तब रूपक में भी वैसा कहिए। यह अक्षरों का अर्थ केवल हुआ। किन्तु पदार्थों की संगति नहीं हुई। क्यों कि लेपन की व्यापन में उत्प्रेक्षा है तब लेपन विषयी है। और व्यापन विषय है। ऐसी स्थिति में बिषयी सम्बन्धी लेपन और विषय सम्बम्धी व्यापन यह कौन लेख है। विषयी लेपन का सम्बन्धी खुद लेपन और विषय व्यापन का सम्बन्धी खुद व्यापन कैसे हो सकता है। इनका सम्बन्धी तो कोई दूसरा ही होगा। यदि "उत्प्रेक्षा में ऐसा कहते है तब रूपक में भी ऐसा ही कहिये" के समर्थक वाक्य "खल विष लोगों को मारता है" इस में खल सम्बन्धी दुखदान का विष सम्बन्धी हनन से अध्यवसान है "और समर्थ्य वाक्य लेपन धात्वर्थ का स्वनिगीर्ण व्यापन में उत्प्रेक्षण नही है के देखने से प्रतीत होता है कि लेपन विषयी से व्यापन विषय का निगरण है अतः अनुपात्तविषया और अगर व्यापन रूप विषय के सम्बन्धी जागतिक सकल पदार्थो के ऊर्ध्वाधोभाव तथा साम्यवैषम्य की प्रतीति में अवरोध करते हुए तमः के प्रसरण रूप धर्म की निमित्तता की सम्पत्ति के लिए लेपन रूप विषयी के सम्बन्धी नभः प्रभृति भूपर्यन्त सकलवस्तु सान्द्रमलनीकरणरूप धर्म के द्वारा अध्यवसाय सम्पादन से अध्यवसानमूल उत्प्रक्षा को कहते हैं। तब रूपक में भी कहिये। ऐसा पण्डित राज का लेख है किन्तु लिपिकार की असावधानी या मुद्रण दोष से गड़बड़ सड़बड़ पाठ हो गया है। अतः पाठ ऐसा है "यदि च विषयिलेपनादिना विषयव्यापनादेर्निर्णत्वादनुपात्तविषयत्वम् , विषयसम्बन्धिनो धर्मस्य निमित्ततासम्पत्तये विषयिसम्बधिधर्माभिन्नत्वेन स्वताद्रूप्यसम्पादनादध्यवसायमूलत्वं चोत्प्रेक्षायामुच्यते"। इसके वाद "रूपक में भी अनुपात्त विषयत्व कहिए" यह अंश विचारणीय है। क्यों कि उपमेयत्वेन उपस्थित उपमेय में उपमान का तादात्म्य रूपक है। तदनुसार जब यहाँ खलत्वेन उपस्थित खल में विषत्व का आरोप है। अध्यवसाय का स्वप्न भी नहीं हो सकता है और निगरण का गन्ध भी

औरे धौरे नहीं आ सकता है" तब उक्त कथन कैसे बन सकता हैं। निमित्तांश में अतिशयोक्ति है है तो रहे। प्रकृत उत्प्रेक्षा के निरूपण में अतिशयोक्ति के विधि एवं निषेध का प्रसंग भी तो नहीं है। इसके सिवाय अतिशयोक्त्यनुप्राणित तो सभी अलंकार है। जैसा कि आचार्य भामह का डिण्डिमनाद है कि (कोऽलंकारोऽनया विना) इस अतिशयोक्ति के विना कोई अलंकार ही नही है। उत्प्रेक्षा के निमित्तांश प्रयोजकांश में अतिशयोक्ति है। इससे और रूपक से क्या सम्बन्ध है रूपक में तो सारोपा लक्षणा है। वहाँ विषय अनिन्हुत है। निर्दिष्ट है। दूसरी बात है कि निमितांश में अतिशयोक्ति का अध्यवसाय का अंगीकार करके निमित्ती को साध्यवसान कहेंगे तो उपमादि का लक्षण भी अध्यवसान गर्भ होगा। क्योंकि "चन्द्र इव मुखं शोभते" "वागर्थाविव संपृक्तौ पार्वतीपरमेश्वरौ" "हंसीव कीर्तिः शुक्ला" इन उपमाओं के प्रयोजकांश शोभा, संपर्क एवं शुक्लत्व में अध्यवसान विना किये साधारणत्व नही होगा। क्योंकि चन्द्र शोभा और मुख शोभा और पार्वती परमेश्वर दंपती का सम्पर्क सौहार्द, वागर्थ का सम्पर्क प्रतिपाद्य प्रतिपादक भाव सम्बन्ध तथा हंसी एवं कीर्ति का शुक्लत्व भिन्न है।

निशब्दत्वाभिन्नत्वेन अध्यवसित मौन के लिखने का आलोचन

यहाँ निःशब्दत्वाभिन्नत्वेन अध्यवसित मौन यह लेख गड़बड़ है। उपात्तमौन से अभिन्नत्वेन अध्यवसित अनुपात्त निःशब्दत्व हो सकता है। क्यों कि नियम है कि उपात्त अप्रकृतपदार्थ से अनुपात्त प्रकृत पदार्थ का अध्यवसान अधिक ज्ञान होता है। अनुपात्त से उपात्त का नही। जैसे (गौरयम्) यहां उपात्त गौ से अनुपात्त वाहीक का, "वापी काऽपि स्फुरति गगने" में उपात्त अप्रकृत वापी पदार्थ से अनुपात्त प्रकृत नाभि का और उपात्त अप्रकृत लगन से अनुपात्त प्रकृत कटिका अध्यवसान होता है। इसी तरह कमलमनंभसि, कमले च कुवलये, तानि च कनक-लतिकायाम् इत्यादि में भी है। यही सिद्धान्त है।

अलंकार सर्वस्वकार के मत के उल्लेख का आलोचन

यह अलंकार सर्वस्वकार के मत का उल्लेख कुछ विलक्षण ढंग से हो गया है उनका उल्लेख है कि अभेद की प्रधानता में आरोप गर्भ अलंकारों (रूपक परिणाम आदि) को दिखलाकर अब अभेद की प्रधानता में अध्यवसाय गर्भ अलंकारों का लक्षण दिखाते हैं। अध्यवसाये व्यापार प्रधान्ये उत्प्रेक्षा। यह मूल लक्षण है। इसकी वृत्ति में अध्यवसाय के स्वरूप को बतलाते हैं कि विषय के निगरण से विषयी की अभेद प्रतिपत्ति अध्यवसाय है। वह दो प्रकार का है सिद्ध और साध्य। उसके बाद साध्यत्व और सिद्धत्व की विवेचना की, और लिखा कि साध्यत्व की प्रतीति होने पर व्यापार प्रधान अध्यवसाय में सम्भावन जो अभिमान, तर्क, ऊह एवं उत्प्रेक्षा आदि शब्दों से कहा जाता है तत्र साध्यत्व प्रतीतौ व्यापार प्राधान्ये अध्यवसाये सम्भावन अभिमान तर्क ऊह उत्प्रेक्षेत्यादि शब्दैरुच्यते। यह वहाँ का लेख है फिर इसके बाद पण्डितराज ने अस्यार्थः

यहाँ से उत्प्रेक्षा इति यहाँ तक जो लिखा है वह वहाँ मूल में कुछ नहीं है। किन्तु उसकी टीका विमर्शिनी में है। वह भी इस प्रकार है। अलंकार रत्नाकर ने उसका विचार उठाया कि विषयी के रूप में विषय की सम्भावना उत्प्रेक्षा है। वह सम्भावना "यह स्थाणु हो सकता है" इस तरह अनिश्चयात्मक होने से सन्देह मूलक ही है अध्यवसाय गर्भ नहीं है। क्योंकि अध्यवसाय का स्वरूप है। विषय का निगरण और विषयी का निश्चय। उत्प्रेक्षा में इन दोनों में से एक भी नहीं है। क्योंकि उत्प्रेक्षा में विषय का उपादान रहता है और निश्चय का अभाव है फलतः "अध्यवसाये व्यापार प्रधान्ये" यह लक्षण बिना विचार किये ही कहा गया है। इसके उत्तर में विमर्शिनी कार ने लिखा कि "अत्रोच्यते यहाँ कहते हैं। अलंकार शास्त्र में अध्यवसाय दो प्रकार का है।

एक स्वारसिक दूसरा उत्पादित। तत्राद्यो भ्रान्तिमदादि विषयः। इतरस्तूत्प्रेक्षा विषयः। उनमें पहले के विषय भ्रान्तिमान् बगैरह है। दूसरे का विषय उत्प्रेक्षा है। स च द्विविधः सिद्धः साध्यश्च। सिद्धो यत्र विषयस्यानुपात्ततया निगीर्णत्वादध्यवसितप्राधान्यम्। साध्यो यत्र इवाद्युपादानात् सम्भावनाप्रत्ययात्मकत्वात् विषयस्य निगीर्यमाणत्वादध्यवसायरूप क्रियाया एव प्राधान्यम्। उन सिद्ध और साध्य अध्यवसायों में सिद्ध वह है जहाँ अध्यवसित जिसका अध्यवसाय अभेद ज्ञान किया जाय वह विषयी अध्यवसित प्रधान हो। क्योंकि यहाँ विषय का निगरण है। साध्य वह है जहाँ अध्यवसाय क्रिया अभेद प्रतिपत्तिरूपा प्रधान हो। क्योंकि यहां विषय निगीर्यमाण है अतः उसका निगरण नही हुआ है। इस तस मूल एवं टीका विमर्शिनी को देखते हुए सिद्ध हो रहा है कि पण्डितराज ने उनके लेखों का उद्धरण किया किन्तु विलक्षण ढंग से किया है। जिसके आधार पर हम भी कहते हैं कि यह सब परस्पर विरुद्ध है। किन्तु पण्डितराज के लेखानुसार परस्पर विरुद्ध नही है वह परस्पर विरोध यों हैं। "अभेद प्राधान्ये अध्यवसाय गर्भांल्लक्षयति ऐसी प्रतिज्ञा करके अध्यवसाये व्यापार प्राधान्ये ऐसा लिखना सब ऊँट पे (पर) टाँग (पैर) है अतः ऊँट पटाँग है हाथी पर टाँग पैर नही है। अत्रि ऋषि ने अत्रि स्मृति में ऊँट पर टाँग करने की अपराधों में गणना की है। यह सर्वसम्मत है कि अध्यवसाय का अर्थ है विषयी की अभेद प्रतिपत्ति इस तरह अभेद प्रतिपत्ति रूप अध्यवसाय में अभेद ही गर्भ में है न कि अध्यवसाय गर्भ में है। और अध्यवसाय और अभेद ज्ञान घट कलश की तरह पर्याय शब्द हुए। अतः जैसे घट की प्रधानता में कलशगर्भ यह वाक्य नहीं बन सकता है वैसे ही उक्त वाक्य भी। इसके सिवाय अभेद ज्ञान और अध्यवसाय दोनों व्यापार रूप है क्रिया रूप है। द्रव्य या गुण या जाति रूप नहीं है तब अध्यवसाये व्यापार प्रधान्ये यह कैसा लिखना है। इसीलिए कहा कि तदेतत् सर्व परस्पर विरुद्धम्।

कवितायां मुख्यस्य माधुर्यस्यासंभवादुपचारः का आलोचन

यहाँ पण्डितराज की वही हालत है जैसी कि कालिदास ने दुष्यन्त की बतलाई थी (कथां प्रमत्तः प्रथमं कृताभिव) जैसे असावधान पुरुष अपनी पहले

की हुई कथा को भूलजाता है वैसे ही माधुर्य गुण के विषय में पहले कहे हुए अपने सिद्धान्त को पण्डितराज भूल गये। प्रथम आनन में गुण प्रकरण में "तथा च शब्दार्थयोरपि माधुर्यादेः सत्वादुपचारो नैव कल्प्य इति तु मादृशाः" अतः शब्द एवं अर्थ में भी माधुर्य के सद्भाव से उपचार की कल्पना नहीं करनी चाहिए यह तो मेरे जैसों का कहना है।" इस तरह कहा है। और यहाँ कहते हैं कि कविता में मुख्य माधुर्य का रहना असंभव है अतः उपाचार किया है। रमणीय अर्थ के प्रतिपादन करने वाला शब्द काव्य है कविता है। उस में माधुर्य का सत्व है तब असंभव कह कर उपचार करना तो कालिदासोक्ति ही यहाँ चरितार्थ हुई।

इस प्रकार श्रीमधुसूदनशास्त्र्युपज्ञ रसगंगाधरालोचन समाप्त हुआ।

———

पण्डितराज श्रीजगन्नाथविरचितो

रसगङ्गाधरः

द्वितीयमाननम्

मधुसूदनी

गुणप्रकरणे त्रयस्त्रिंशदुत्तरशतद्वयपृष्ठीयशेषः। ननु माधुर्यादीनां निर्गुणे आत्मनि रसे गुणत्वस्य अनुपपन्नत्वे मधुरो रसः, शृंगारो मधुर इति व्यवहारः कथं चेद्, वाजिगन्धा उष्णेति व्यवहारो यथा।

ननु भोः किं शब्दानां कोशो लिख्यते? यथा घटः कः? इति प्रश्ने कलशः, कलशः कः इति प्रश्ने घट इत्युत्तर्यते; तथैव रसो मधुरः, शृंगारो मधुरः इति व्यवहारः कथं, वाजिगन्धा उष्णेति व्यवहारो यथा। वाजिगन्धा उष्णा इति व्यहारः कथं, शृंगारो मधुर इति व्यवहारो यथा। एतेन पदार्थस्यब्दस्वरूपनिर्देशो न हि भवति। केवलं शब्दस्य प्रतिरूपः शब्दो भवता निर्दिश्यते। तत्रोच्यते

अयं भावः। यो हि वातकफनाशक औषधविशेषो भवति स उष्ण इति व्यवह्रियते। तस्य औषधविशेषस्य स्पर्शे, भोजने च उष्णाताया अननुभवादपि। तादृशं वातादिनाशप्रयोजकत्वमुष्णत्वं वाजिगन्धायां यथा वर्तते, तथा शृंगारादयो यद्यपि माधुर्यादिगुणशालिनो न सन्ति, किन्तु शृंगारादिप्रधानकाव्यच्चेतसो द्रुत्याद्यवस्था जायन्ते। ततश्च चित्तवृत्तीनां द्रुत्यादिप्रयोजकत्वं माधुर्यं रसेषु अथवा प्रयोजकतासम्बन्धेन द्रुत्यादिकमेव माधुर्यम्। तादृशं च शब्दे, अर्थे रचनायां सर्वत्र वर्त्तते न केवलं रसेष्वेव। अतो माधुर्यादयो न केवलं रसधर्माः।

बालक्रीड़ा

यदि निर्गुण आत्मा रस में माधुर्यादि गुण नही रह सकते हैं तब यह रस मधुर है यह शृंगार मधुर है यह व्यहार कैसा। उत्तर। जैसे वाजिगन्धा (असगन्ध) उष्ण है यह व्यवहार होता है उसी तरह उपर्युक्त व्यवहार है।

प्रश्न—यह तो आप का कथन ऐसा है जैसे किसी ने पूछा कि घड़ा का माने क्या? तब उत्तर दिया कि कलश। तब फिर पूछा कि कलश का माने क्या? तब उत्तर दिया कि घड़ा। वसे ही रस मधुर है शृंगार मधुर है यह व्यवहार कैसे? उत्तर दिया कि जैसे असगन्ध गरम है; इस व्यवहार की तरह उसको समझो। तब पूछा कि असगन्ध गरम है यह व्यवहार कैसे। उत्तर दिया कि मधुर रस है शृंगार मधुर है यह व्यवहार जैसे होता है। वैसे समझो। परन्तु यह कथन मात्र ही हुआ इस ये पदार्थ के स्वरूप का निर्देश तो नही हुआ। उस पर कहते हैं कि सुनिये।

यहां का भाव यह है। जो औषधविशेष बात एवं कफ का नाशक होता है उसके विषय में यह औषध गरम है ऐसा व्यवहार होता है भले ही वह औषध स्पर्श करनें में या खाने में

अथ संलक्ष्यक्रमध्वनिर्निरूप्यते—

स च तावद् (द्वि ?) त्रिविधः, शब्दशक्तिमूलोऽर्थशक्तिमूल (उभयशक्ति-

मधुसूदनी

रसगङ्गाधरमुद्धर्तुं रसगङ्गाधरमाश्रये ॥
अवगाह्य तु गङ्गाया ननु गङ्गाश्रयणं यथा ॥

अथ संलक्ष्येति । अथेत्ययं शब्दोऽत्र अर्थत्रयात्मा । पूर्वं द्वितीयाननस्यारम्भार्थकः । अथ द्वितीयमाननमारभ्यते । अथासंलक्ष्यक्रमध्वनिनिरूपणानन्तरमवसरसंगत्या संलक्ष्यक्रमध्वनिर्निरूप्यते इत्येवमानन्तर्यार्थकः । अन्यस्मिन्नर्थे प्रयुक्तोऽथशब्दो वेणुवीणाध्वनिवन् मंगलार्थकश्च । ओंकारश्चाथशब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मणः पुरा । कण्ठं भित्त्वा विनिर्यातौ तस्मान्माङ्गलिकावुभौ । इति स्मृतेः । निरूप्यते भेदप्रभेदोदाहरणादिभिः शिष्याणां बोधगम्यो यथा भवति तथा प्रतिपाद्यते शब्देन निर्दिश्यते इति यावत् ।

स चेति । स संलक्ष्यक्रमध्वनिश्च । द्विविधः द्विप्रकारः । वस्तुतस्तु अयं

बालक्रीडा

रसगंगाधर सेतु का, है रसगंगाधर केतु ।
प्राप्तिहेतु भगवच्चरण, जस होता भगवत्शरण ।

अथ शब्द के तीन अर्थ यहाँ पर हैं । अथ द्वितीय आनन का आरम्भ करते हैं । इस तरह आरम्भ अर्थ है । अथ असंलक्ष्यक्रध्वनि के निरूपण करने के बाद अवसर प्राप्त होने पर संलक्ष्यक्रमध्वनि का निरूपण करते हैं । इस तरह आनन्तर्य अर्थ है । इन भिन्न-भिन्न अर्थों में प्रयुक्त अथशब्द मांगलिक भी है । जैसा कि स्मृति में कहा है ।

ओंकार और अथ शब्द ये दोनों पहिले किसी समय में ब्रह्माजी के मुख से निकले हैं अतः ये दोनों मांगलिक हैं ।

निरूपण करते हैं अर्थात् भेद, प्रभेद एवं उदाहरणों के द्वारा शिष्यों के बोध का विषय जैसे हो वैसे प्रतिपादन करते हैं । नाम निर्देश करके बतलाते हैं ।

वह संलक्ष्यक्रम ध्वनि दो प्रकार का है । वस्तुतस्तु यह ध्वनि शब्दशक्तिमूल, अर्थ-

---

गरम न मालूम पड़े । जैसे यहाँ बातादि के नाश का प्रयोजकत्व रूप उष्णत्व असगन्ध में जैसा है, वैसे ही 'शृंगारादि भी माधुर्यदि गुण युक्त नहीं है किन्तु शृंगारादि प्रधान काव्य के पठन से चित्त की द्रुत्यादि अवस्थाएँ हो जाती हैं, चित्तवृत्तियों के द्रुत्यादि रूप का प्रयोजक त्वरूप माधुर्य गुण रस में है । अथवा जो प्रयोजकता संम्बन्ध से द्रुत्यादि स्वरूप हो वह माधुर्य है । ऐसा माधुर्य तो शब्द, अर्थ, रचना आदि सभी मे है केवल रस ही मे है ऐसी बात नहीं है । अतः मधुर्यादि केवल रस के ही धर्म नहीं है ।

मूलश्च)। तत्राद्यो द्विविधः, व्यङ्ग्यस्य वस्तुत्वालंकारत्वाभ्यां द्वैविध्यात्।

मधुसूदनी

ध्वनिः शब्दशक्तिमूलः, अर्थशक्तिमूलः, उभयशक्तिमूल इत्येवं त्रिविध एव सर्वत्र आकरग्रन्थेषु निरूपितः। स्वयं ग्रन्थकारोऽपि अस्यैव संलक्ष्यक्रमध्वनेरुपसंहारे "इत्थमभिधामूलस्त्रिविधोऽपि संक्षेपेण निरूपितो ध्वनिरित्येवं त्रिविधत्वमेव निरूपयिष्यति, परमारम्भे ध्वन्यालोकदिशा द्विविधत्वमेव दर्शयति। ध्वनिकारेणाऽपि तत्रारम्भे—

क्रमेण प्रतिभात्यात्मा योऽस्यानुस्वानसन्निभः
शब्दार्थशक्तिमूलत्वात्सोऽपि द्वेधा व्यवस्थितः (ध्व. २ उ. २०)

अस्य विवक्षितान्यपरवाच्यस्य ध्वनेः संलक्ष्यक्रमत्वादनुरणनप्रख्यो य आत्मा सोऽपि शब्दशक्तिमूलोऽर्थशक्तिमूलश्चेति द्विप्रकार इत्येवं; तथा लोचनेऽपि द्वि० उ० ३१ कारिकायां द्वितीयो द्विविधः शब्दशक्तिमलोऽर्थशक्तिमूलश्चेति द्विप्रकारतयैव निरूपितः। उपसंहारे तु तत्रापि—

शब्दार्थशक्त्याऽऽक्षिप्तोऽपि (ध्व. २ उ २३ का.) शब्दशक्त्या, अर्थशक्त्या, शब्दार्थशक्त्या वेति रीत्या त्रिविधतया निरूपितः।

आक्षिप्त एवालंकारः शब्दशक्त्या प्रकाशते
यस्मिन्ननुक्तः शब्देन शब्दशक्त्युद्भवोहि सः (ध्व. २ उ. २१)

यस्मादलंकार एव न वस्तुमात्रं यस्मिन् काव्ये शब्दशक्त्या प्रकाशते स

बालक्रीड़ा

शक्तिमूल एवं शब्दार्थोभयशक्ति मूल इस प्रकार सभी आकर ग्रन्थों में तीन प्रकार का बतलाया है। और ये ग्रन्थकार भी इस संलक्ष्यक्रमध्वनि के उपसंहार के समय "इस तरह तीन प्रकार वाले इस अभिधामूलध्वनि का संक्षेप से निरूपण किया है" इस रीति से तीन ही प्रकार का आगे चलकर बतलायेंगे। किन्तु आरम्भ में ध्वनिकार के अनुसार दो प्रकार का बतलाते हैं। ध्वनिकार ने भी आरम्भ में अनुस्वानस्वरूप जो आत्मा क्रम से ध्वनित होता है वह भी शब्दशक्तिमूल और अर्थशक्तिमूल भेद से दो प्रकार का है।

इसी तरह ध्वन्यालोक के द्वितीय उद्योत की २०वीं कारिका एवं उसकी वृत्ति में तथा लोचन में भी द्वितीय द्विविध है शब्द शक्तिमूल एवं अर्थ शक्तिमूल रूप से कह कर उपसंहार में वहाँ भी "शब्दार्थशक्ति से अक्षिप्त भी" ध्व. २ उ. २३ का. में और उस की वृत्ति में तीन प्रकार का बतलाया है।

ध्वन्यालोक में पहिले—आक्षिप्त हुआ अलंकार ही, वस्तु नहीं जिस काव्य में शब्द-शक्ति से प्रकाशित हो वह शब्दशक्ति मूल ध्वनि हमारे यहाँ विविक्षित है। इस प्रकार तथा

मधुसूदनी

शब्दशक्त्युद्भवो ध्वनिरित्यस्माकं विवक्षित इति रीत्या तथा बहुभिरुदाहरणैरपि व्यंग्यस्यालंकारत्वे एव परस्तात्तु तृतीयोद्योतारम्भे वस्तुत्वे च शब्दशक्त्युद्भवो ध्वनिर्दर्शितः।

अयं ध्वनिरभिधामूल इति शब्दार्थोभयशक्तिमूलेषु शक्तिपदेन अभिधा, सामर्थ्यं च ग्राह्ये। यथोक्तं शब्दशक्त्या साक्षाद् वाच्यं सत्प्रकाशते स सर्वः श्लेषस्य विषयः। यत्र तु शब्दशक्त्या सामर्थ्याक्षिप्तं वाच्यव्यतिरिक्तं व्यंग्यमेव प्रकाशते स ध्वनेर्विषयः। यत्रार्थः स्वसामर्थ्यादर्थान्तरमभिव्यनक्ति शब्दव्यापारं (अभिधां) विनैव सोऽर्थशक्त्युद्भवो ध्वनिरिति।

उभयशक्तिमूले "दृष्ट्या केशव ! गोपराग" इत्यस्य लोचने शब्दशक्तिस्तावद् गोपरागशब्दश्लेषवशात्। अर्थशक्तिस्तु प्रकरणवशात्। यावदत्र राधारमण-स्याखिलजनच्छन्नानुरागो न विदितस्तावदर्थान्तरस्याप्रतीतेरिति। तथा "दत्ता-नन्दाः" इत्यस्य लोचने च सामर्थ्यात् ध्वननव्यापारात् शब्दशक्तिमूलादिति। अयमाशयः। शब्दशक्तिमूले एकोऽर्थोऽभिधया, द्वितीयोऽर्थः सामर्थ्यात्। अत्र नानार्थकाः शब्दाः। अर्थशक्तिमूलेऽभिधेयोऽर्थ एव सामर्थ्यादर्थान्तरं शब्द व्यापारं विनैव अर्थान्तरं प्रकाशयति। उभयशक्तिमूले तूक्तमेव।

बालक्रीड़ा

बहुत से उदाहरणों के द्वारा अलंकार ही व्यंग्य है ऐसा दिखाया, किन्तु बाद में तृतीय उद्योत के आरम्भ में वस्तु भी व्यंग्य होता है ऐसा दिखाया।

यह ध्वनि अभिधामूल है अतः शब्दार्थोभयशक्तिमूल तीनों भेदों में शक्तिपद से अभिधा एवं सामर्थ्य को समझना चाहिए। जैसा कि कहा है जहाँ शब्द की शक्ति से साक्षात् वाच्य होकर दूसरा अर्थ मालूम होता है वह सब श्लेष है। किन्तु जहाँ शब्दशक्ति द्वारा सामर्थ्य से वाच्य से अतिरिक्त व्यंग्य आक्षिप्त हो वह ध्वनि का विषय है। जहाँ अर्थ, शब्द व्यापार (अभिधा) के विना ही अपने सामर्थ्य से अर्थान्तर को अभिव्यक्त करता है वह अर्थ-शक्त्युद्भव ध्वनि है। उभयशक्तिमूल के विषय में "दृष्टचा केशव गोपराग" इस श्लोक के लोचन में बतलाया है कि गोप में राग (प्रेम) और गौओं के पराग अर्थात् धूलि" इस तरह शब्दशक्ति, श्लेष के द्वारा और अर्थशक्ति, प्रकरण के द्वारा अर्थान्तर को बतलाती है। क्योंकि जब तक यहाँ राधारमण का अखिलजनों से छिपा हुआ अनुराग नहीं मालूम होगा तब तक अर्थान्तर की प्रतीति नहीं होगी। तथा "दत्तानन्दाः" इस श्लोक के लोचन में सामर्थ्य का अर्थ बतलाया है कि सामर्थ्य माने शब्दशक्तिमूल ध्वननव्यापार।

इसका आशय यह है कि शब्दशक्तिमूल में एक अर्थ अभिधा से और द्वितीय अर्थ सामर्थ्य से बतलाया जाता है। अर्थशक्ति मूल में अभिधा से प्राप्त हुआ अर्थ ही शब्दव्यापार (अभिधा) के विना अपने सामर्थ्य से अर्थान्तर का प्रकाशित करता है। उभयशक्तिमूल में कह ही दिया है।

द्वितीयोऽपि वस्त्वलंकारात्मना लोकसिद्धेन, तथाभूतेनैव प्रतिभामात्रनिर्वर्तितेन

मर्मप्रकाशः

तथाभूतेनैवेति। वस्त्वलंकारात्मनेत्यर्थः। अन्येषां भेदानां संग्रहायाह—

मधुसूदनी

द्वितीयोऽपीति। अत्र अपिशब्दस्तोरर्थे। द्वितीयस्तु इत्यर्थः। आद्यः शब्दशक्तिमूलो द्विविधः तु किन्तु द्वितीयोऽष्टविधस्तदपेक्षया चतुर्गुणो न तु तथा द्विविध एवेति भावः।

ध्वनिकारादर्वाचीनैः सर्वैरपि आचार्यैरभिनवगुप्तमम्मटादिभिरर्थशक्ति-मूलो ध्वनिः द्वादशविधो निरूपितः। अभिनवगुप्ताचार्यैः द्वि. उ. ३१ कारिकायाः लोचने "द्वादशविधोऽर्थशक्तिमूलः" इति दर्शितः। अन्येषां तु प्रसिद्धः। ध्वनिकारैरयमर्थशक्तिमूलो ध्वनिः द्विप्रकार एव प्रदर्शितः।

प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीरः सम्भवी स्वतः।
अर्थोऽपि द्विविधो ज्ञेयो वस्तुनोऽन्यस्य दीपकः (द्वि. उ. २४)

अर्थशत्युद्भवानुरणनरूपव्यङ्ग्ये ध्वनौ यो व्यञ्जकोऽर्थ उक्तस्तस्यापि द्वौ प्रकारौ कवेः, कविनिबद्धस्य वा वक्तुः प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीर एकः, स्वतः सम्भवी च द्वितीयः [इति तद्वृत्तिः]

अर्थशक्तेरलंकारो यत्राप्यन्यः प्रतीयते।
अनुस्वानोपमव्यङ्ग्यः स प्रकारोऽपरो ध्वनेः (द्वि. उ. २५ का.)

वाच्यालंकारव्यतिरिक्तो यत्रान्योऽलंकारोऽर्थसामर्थ्यात् प्रतीयमानोऽव-भासते सोऽर्थशक्त्युद्भवो नामानुस्वानरूपव्यंग्योऽन्यो ध्वनिः। (इति तद्वृत्तिः) अष्टमूर्तित्वोल्लेखस्यायमेवादर्शो न स्वीयः प्रकर्षः पण्डितराजस्येति बोध्यम्

बालक्रीड़ा

द्वितीयोऽपि में अपि शब्द तु के अर्थ में है। जिसका मतलब है कि पहला शब्द-शक्तिमूल दो ही प्रकार का है। किन्तु द्वितीय अर्थशक्तिमूल आठ प्रकार का है पहले की अपेक्षा चार गुना है।

ध्वनिकार से अर्वाचीन अभिनवगुप्त एवं मम्मटादि सभी आचार्यों ने अर्थशक्तिमूल-ध्वनि को १२ प्रकार का बतलाया है। अभिनवगुप्ताचार्य ने तो ध्व. द्वि. उद्योत की ३१वीं कारिका के लोचन में कहा है कि बारह प्रकार का अर्थशक्तिमूल है। ध्वनिकार ने अर्थ-शक्तिध्वनि को इस प्रकार बतलाया है।

अर्थशक्त्युद्भव अनुरणरूप व्यंग्य ध्वनि में जो अन्य वस्तु का दीपक अर्थात् व्यंजक अर्थ कहा है उनके दो प्रकार हैं। कवि अथवा कविनिबद्धवक्ता की प्रौढोक्तिमात्र से निष्पन्न शरीर वाला भेद एक है। और स्वतः संभवी दूसरा है। अष्टमूर्ति निरूपण के लिए पंडित राज को यह ध्वनिकार का लेख ही सहारा है अपना उनका कुछ नहीं है।

च व्यञ्जकेनार्थेन चतुर्विधेन वस्त्वलंकारात्मनो द्विविधस्य व्यङ्ग्यस्य प्रत्येकं व्यञ्जनादष्टमूर्तिः ।

मधुसूदनी

किञ्च—अनुस्वानोपमात्माऽपि प्रभेदो य उदाहृतः।
ध्वनेरस्य प्रबन्धेषु भासते सोऽपि केषुचित् (ध्व. ३ उ. १५ का.)

अस्य विवक्षितान्यपरवाच्यस्य ध्वनेरनुरणनरूपव्यंग्योऽपि यः प्रभेद उदाहृतो द्विप्रकारः सोऽपि प्रबन्धेषु केषुचिद् द्योत्यते। तद्यथा मधुमथन (कर्तृके मधुसूदनकर्तृके) विजये पाञ्चजन्योक्तिषु। यथा वा ममैव कामदेवस्य सहचरसमागमे विषमवाणलीलायां, यथा च गृध्रगोमायुसंवादादौ महाभारते। (इति तद्वृत्तिः)

किञ्चेति। अनुस्वानोपमः शब्दशक्तिमूलोऽर्थशक्तिमूलश्च, यो ध्वनेः प्रभेद उदाहृतः सः केषुचित् प्रबन्धेषु निमित्तभूतेषु व्यञ्जकेषु सत्सु व्यंग्यतया स्थितः सन्। अस्येति। रसादिध्वनेः प्रकृतस्य भासते व्यंजकतयेति शेषः। इति तल्लोचनम्। इत्येवं स्पष्टतया शब्दशक्तिमूलस्य प्रबन्धगतत्वेन प्रतिपादितेऽपि सर्वैराचार्यैः मम्मटादिभिः क्वापि स्वग्रन्थेषु तस्य ध्वनेः प्रबन्धगतभेदो न निरूपितः।

बालक्रीड़ा

जहां वाच्यालंकार से व्यतिरिक्त व्यंग्य अलंकार अर्थसामर्थ्य से प्रतीत होता है वह अर्थ शक्तिमूल ध्वनि का दूसरा भेद है।

इसके बाद ध्व. ३ उ. की १५वीं कारिका में बतलाया है कि इस विवक्षितान्यपर वाच्य ध्वनि का जो अनुरणनरूप व्यंग्य नामक प्रभेद द्वि. उ. में दो प्रकार का शब्दशक्तिमूल और अर्थशक्तिमूल बतलाया है वह किन्ही प्रबन्धों में भी व्यक्त होता है।

जैसे मधुमथन मधुसूदन के विजय के प्रसंग में पाँचजन्य शंख की उक्तियों में। अथवा मेरी बनाई हुई विषमवाण लीला में कामदेव का अपने सहचरों के साथ समागम में और गृध्रगोमायु संवाद में महाभारत में।

इसी प्रकार इस कारिका के लोचन में भी स्पष्ट रूप से शब्दशक्ति मूल ध्वनि को प्रबन्ध में व्यक्त हुआ बतलाया है, किन्तु मम्मटादि किसी भी आचार्य ने शब्दशक्तिमूल को प्रबन्ध में व्यक्त हुआ नहीं बतलाया है।

उनमें पहला शब्दशक्तिमूल दो प्रकार का ह। क्योंकि उसमें व्यंग्य, वस्तु एवं अलंकार के रूप में दो प्रकार का है।

दूसरा अर्थशक्तिमूल भी वस्तु एवं अलंकार रूप से दो प्रकार का लोकसिद्ध तथा वस्तु एवं अलंकार रूप से दो प्रकार का प्रतिभानिष्पन्न; इस तरह चार प्रकार के व्यंजक अर्थ से वस्तु एवं अलंकार रूप दो प्रकार के व्यंग्य के प्रत्येक से व्यक्त होने पर आठ प्रकार का है। यहाँ प्रत्येक पद के कहने का यह अर्थ है कि वस्तु से वस्तु, वस्तु से अलंकार। इत्यादि।

आलोचन। लोकसिद्ध कहने का यह भाव कि जैसी वस्तु काव्य में उपनिबद्ध है

प्रतिभानिर्वर्तितत्वाविशेषाच्च कवितदुम्भितवक्तृप्रौढोक्तिनिष्पन्नयोरर्थयोर्न पृथग्भावेन गणनोचिता, उम्भितोम्भितादेरपि भेदान्तरप्रयोजकतापत्तेः ।

मर्मप्रकाशः

प्रतिभेति । तदुम्भितेति । तन्निबद्धेत्यर्थः ।

मधुसूदनी

लोकसिद्धेनेति । लोके सिद्धेन । काव्योपनिबद्धसदृशं वस्तु लोकेऽपि समुपलब्धुं शक्यम् । परमलंकाराः कथं काव्योपनिबद्धसदृशा लोके प्राप्तुं शक्याः । इति तु चिन्त्यमेव । यतो लोके कटककुण्डलादयस्ते । अतो लाक्षणिकः प्रयोग इति बोध्यम् । अष्टमूर्तिः अष्टविध इत्यर्थः ।

नन्वभिनवगुप्ताचार्यप्रभृतिभिर्द्वादशविधोऽर्थशक्तिमूल इत्युक्तं, भवता कथशाष्टविधत्वमुच्यते इति साधयितुमुपक्रमते–प्रतिभेति । प्रतिभया निर्वर्तितत्वरूपात् आविष्कृतत्वरूपात् अविशेषात् सामान्यात् हेतोः, कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नादर्थात् तेन कविना उम्भितस्य पूरितस्य निबद्धस्येति यावत् वक्तुः प्रौढोक्तिनिष्पन्नस्यार्थस्य पृथग्भावेन भेदेन गणना संकलना नोचिता न योग्या । उम्भ पूरणे इत्यस्माद् धातोः "क्त" प्रत्यये "उम्भितः" इति रूपम् । ननु कुतो नोचितेत्याह––उम्भितोम्भितादेरिति । पृथग्भावेन गणनायां क्रियमाणायां सत्याम्, उम्भितेन उम्भितस्य । आदिपदात् उम्भितोम्भितेन उम्भितस्य । तदुम्भितस्यापि भेदान्तरस्य अन्यस्य भेदस्य प्रयोजकताया हेतुताया आपत्तेः । अयं भावः । प्रतिभानिर्वर्तित्वे समानेऽपि

बालक्रीड़ा

वैसी वस्तु लोक में भी मिल सकती है । ऐसा लोकसिद्धत्व वस्तु स्थल में तो संगत हो सकता है । किन्तु अलंकार स्थल में चिन्तनीय है । क्योंकि काव्य में जैसे उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा आदि अलंकार उपनिबद्ध हैं वैसे लोक में उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा आदि अलंकार नहीं हैं । लोक में तो कटक, कुण्डल, मौक्तिकहार, बेसर वगैरह अलंकार हैं । अतः लोकसिद्ध अलंकार कटक कुण्डल से उपमादि अलंकार की व्यक्ति कैसी ।

अभिनव गुप्त प्रभृति सभी आचार्यों ने अर्थशक्तिमूल को बारह प्रकार का कहा है । आप आठ प्रकार का कैसे कहते हैं इस आशंका का उत्तर देने के लिए आठो प्रकारों को सिद्ध करने का उपक्रम करते हैं ।

प्रतिभा से निर्वत्तितत्व रूप अविशेष अर्थात् एकता के कारण कव्युम्भितवक्तृप्रौढोक्तिनिष्पन्न अर्थ को कविप्रौढोक्तिनिष्पन्न अर्थ से अलग मानना उचित नहीं है । क्योंकि कविप्रौढोक्तिनिष्पन्न जैसे प्रतिभा से निर्वर्तित है वैसे ही कव्युम्भित की प्रौ. से नि. अर्थ भी प्रतिभा से निर्वातत है । तब कोई कारण नहीं है कि दोनों को अलग अलग माना जाय । उम्भ पूरणे धातु से क्त प्रत्यय करने पर "उम्भित" रूप बनता है जिसका अर्थ है पूरित अर्थात् निबद्ध ।

न च तस्यापि कव्युम्भितत्वानपायात्तत्प्रयोज्यभेदान्तर्गतत्वमेवेति वाच्यम्। प्रथमोम्भितस्यापि लोकोत्तरवर्णनानिपुणत्वलक्षणकवित्वानपायात्

मर्मप्रकाश

तस्यापि उम्भितोम्भितस्यापि। प्रतिबन्द्या समाधत्ते—प्रथमोम्भीति।

मधुसूदनी

कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नार्थात् पृथग्भावेन कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिनिष्पन्नस्यार्थस्य गणनायां यो हि प्रयोजकोऽर्थात् हेतुः स एव हेतुः भेदान्तराणामपि गणनायां स्यादिति।

"तस्यापि" इति। तस्यापि उम्भितोम्भितस्यापि। उम्भितो यथा कविकर्तृकोम्भनविशिष्टः, तथा उम्भितोम्भितादिरपि कविनिबद्धवक्तृनिबद्धादिरपि कविकर्तृकोम्भनविशिष्टः। एवं च कविकर्तृकोम्भितत्वस्य कविकर्तृकनिबन्धनस्य धर्मस्य उम्भितोम्भितादावनपायात् अराहित्यात् सद्भावादित्यर्थः, तेन कव्युम्भितत्वेन कविकर्तृकनिबन्धनेन प्रयोज्या जन्या ये उम्भितोम्भितादयो भेदास्तेषां कव्युम्भितान्तर्गतत्वमेव न कविनिबद्धाद् बहिर्भूता इत्यर्थः। इति न वाच्यम्।

प्रथमोम्भितस्यापीति। उम्भितोम्भितादिषु यथा कव्युम्भितत्वस्य सद्भावेन कव्युम्भितात् पृथग्भाव उम्भितोम्भितादेर्नाङ्गीक्रियते। तथैव प्रथमोम्भितोऽपि अर्थात् कविनिबद्धवक्ताऽपि लोकोत्तरवर्णनानिपुणः कविरेव। ततश्च प्रथमोम्भितस्य कविप्रौढोक्तितिष्पन्नार्थात् पृथक्भेदे प्रयोजकतायाः हेतुतायाः अनुपपत्तिरसंगतिः। इति प्रतिबन्द्या समाहितवान् पण्डितराजः।

बालक्रीड़ा

प्रश्न—क्यों नहीं उन दोनों भेदों को अलग २ माना जाय। उत्तर। कवि से निबद्ध को जैसे अलग मानते हैं वैसे ही कविनिबद्ध से निबद्ध को तथा उससे भी निबद्ध को अलग २ मानना चाहिए। क्योंकि जैसे एक भेद कवि की प्रतिभा से, दूसरा कविनिबद्ध की प्रतिभा से, तीसरा कविनिबद्धनिबद्ध की प्रतिभा से चौथा उससे भी निबद्ध की प्रतिभा से निष्पन्न इस तरह अन्य भेदों की प्रयोजकता को मानना पड़ेगा। यहाँ का भाव यह है कि सब भेदों में प्रतिभानिष्पन्नत्व रूप साधारण धर्म के रहते हुए भी, कवि की प्रतिभा से भिन्न कविनिबद्ध की प्रतिभा है अतः यदि अलग २ भेद मानने आवश्यक हैं, तब अन्यप्रतिभाओं को भी अलग २ मानकर अन्य २ भेद भी मानने चाहिए।

अगर कहो कि जितने भी निबद्ध वक्ता आयेंगे उन सब के मूल में कवि रहेगा ही अतः कविनिबद्धत्व का अनपाय अर्थात् नाश नहीं होने से याने उस कविनिबद्धत्व धर्म के रहने से वे सब भेद माने निबद्धशब्द की योजना करके बनने वाले भेद कविनिबद्ध प्रयोज्य (निष्पाद्य) भेद के अन्तर्गत ही मानना उचित होगा। यह भी ठीक नहीं है। क्योंकि प्रथम उम्भित वक्ता भी तो लोकोत्तरवर्णना करने में निपुण कवि ही है तब कविनिबद्ध को कवि से अलग मानने का कोई कारण नहीं होने से असंगत ही होगा।

पृथग्भेदप्रयोजकतानुपपत्तेः। (उभयशक्तिमूल एकः)। एवं साकल्येन (एका) दशभेदोऽयम्।

मर्मप्रकाशः

पृथग्भेदेति। वृद्धोक्तिविषयाच्छिशूक्तिविषय इव कव्युक्तिविषयात् कविनिबद्धोक्तिविषये चमत्काराधिक्यानुभविकत्वात् पृथगुक्तिः। ततः परं च प्रणिधानसाध्यप्रतीतिकतया चमत्कारस्थगनान्नोम्भितोम्भितादेः पृथग्गणना इति तु नव्याः। साकल्येन मिलित्वा। अयं संलक्ष्यक्रमध्वनिः।

मधुसूदनी

एवं साकल्येन संकलनया अयं संलक्ष्यक्रमध्वनिः एकादशभेदः शब्दशक्तिमूलस्य द्वौ, अर्थशक्तिमूलस्याष्टौ, उभयशक्तिमूलस्य एकः इत्येवमेकादश भेदा अस्य। ध्वनिकारैः

प्रौढौक्तिमात्रनिष्पन्नशरीरः सम्भवी स्वतः
अर्थोऽपि द्विविधो ज्ञेयो वस्तुनोऽन्यस्य दीपकः॥

अर्थशक्त्युद्भवानुरणनरूपव्यंग्ये ध्वनौ यो व्यंजकोऽथ उक्तस्तस्यापि द्वौ प्रकारौ—कवेः, कविनबद्धस्य वा वक्तुः प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीर एकः, स्वतः सम्भवी च द्वितीयः। इत्येवं प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नोऽर्थः स्वतः सम्भवी चार्थो व्यंजको द्विप्रकार एव। पूर्वत्र अर्थस्य निष्पत्तिः कवेः प्रौढोक्त्या भवतु अथवा कविनिबद्धवक्तुः प्रौढोक्त्या वा भवतु, परं स भेद एकः, यतः अर्थस्य निष्पत्तौ प्रौढोक्तिरेव कारणं सा च एकैवेति स्वाशयोऽभ्यधीयत। पण्डितराजः प्रौढोक्तिस्थाने प्रतिभामभिषिच्य कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नात्पृथग्भावं कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्ति

बालक्रीड़ा

इस प्रकार संकलन करने से यह संलक्ष्यक्रमध्वनि ग्यारह प्रकार का है। शब्दशक्ति मूल के दो और अर्थशक्तिमूल के आठ उभयशक्तिका भेद एक इस तरह ग्यारह भेद इसके हैं।

यहाँ यह बतला देना आवश्यक है कि अर्थशक्त्युद्भवध्वनि के जो आठ भेद बतलाये हैं वह उनकी अपनी नवीन कल्पना नहीं है। इसको ध्वनिकार ने भी लिख दिया है। उनका लेख है—

प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्नशरीरः सम्भवी स्वतः
अर्थोऽपि द्विविधो ज्ञेयो वस्तुनोऽन्यस्य दीपकः।

अर्थशक्त्युद्भव अनुरणनरूप व्यंग्य ध्वनिका जो व्यंजक अर्थ कहा है उसके दो प्रकार हैं। कवि अथवा कविनिबद्धवक्ता की प्रौढोक्तिमात्र निष्पन्न शरीर एक भेद है और स्वतः सम्भवी द्वितीय है। इस प्रकार व्यंजक अर्थ को प्रौढोक्तिमात्रनिष्पन्न एवं स्वतः संभवी दो ही प्रकार का माना है। प्रथम भेद में अर्थ की निष्पत्ति कवि की प्रौढोक्ति से हो अथवा कविनिबद्ध वक्ता की प्रौढोक्ति से हो किन्तु वह भेद एक ही है। क्योंकि अर्थ की निष्पत्ति का कारण प्रौढोक्ति है वह एक ही है, इस तरह एक ही भेद माना है।

मधुसूदनी

निष्पन्नस्य अर्थस्य निराकुरुते। विभीषिकां च दर्शयति यत् तस्य पृथग्भावस्वीकारे कविनिबद्धवक्तृनिबद्धादयोऽपरेऽपि भेदाः स्वीकर्त्तव्या स्युः। यदि घटेषु घटत्ववत् निबद्धनिबद्धादिष्वपि निबद्धत्वमेकं तेन नार्थभेद इति चेत्। न। कविर्यथा कमपि वक्तारं निबध्नाति तथा कविनिबद्धोऽपि वक्ता स्वान्यं वक्तारं निबध्नाति। तस्यां स्वान्यवक्तुर्निबन्धनदशायां कविनिबद्धो वक्ता कविरेव। लोकोत्तरवर्णनानिपुणत्वरूपस्य कवित्वस्य यतः कविनिबद्धवक्तर्यपि सद्भावात् अनपायादित्यर्थः।

तस्मात् कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नार्थात् पृथक् कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिनिष्पन्नोऽर्थो नास्ति। इति।

अत्रेदमालोचनम्=लोकोत्तरवर्णनानिपुणः कविः। तस्य कवेः लोकोत्तरवर्णनात्मकं कर्म काव्यम्। तस्य च कारणं केवला कविगता प्रतिभा। इति भवता पण्डितराजेनैवाभिहितम्। एवञ्च लोकोत्तरवर्णनात्मककर्मरूपं यावत् काव्यं कवेरेव नान्यस्य, तदपि प्रतिभयैव न तु कारणान्तरेण निर्वर्तितम्। यथोक्तमन्यैरपि—

अपारे काव्यसंसारे कविरेकः प्रजापतिः। इति।

बालक्रीड़ा

पण्डितराज ने यहाँ प्रौढोक्ति के स्थान में प्रतिभा का नाम दे दिया है और अर्वाचीन आचार्यों के माने हुए भेदों के पार्थक्य का निराकरण किया है। और विभीषिका भी दी है कि यदि कवि प्रौढोक्ति से अलग कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्ति को मानोगे तो निवद्धनिबद्ध और इससे भी निबद्ध आदि कई भेदों को मानना पड़ेगा अनवस्था हो जायगी। अगर कहो कि सम्पूर्ण घटों में जैसे घटत्व एक है वैसे ही निबद्धनिबद्धादि में निबद्धत्व एक है अतः अर्थ भेद नहीं है। यह भी नहीं कह सकते क्योंकि कवि जैसे किसी वक्ता का निबन्धन करता है वैसे वह कविनिबद्ध वक्ता भी किसी अन्य वक्ता को निबन्धन करता है ऐसी दशा में कविनिबद्धवक्ता कवि ही है। क्योंकि लोकोत्तर वर्णना निपुणत्वरूप कवित्व उस कविनिबद्ध वक्ता में भी मौजूद है। अतः कविप्रौढोक्तिनिष्पन्न अर्थ से अलग कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्ति निष्पन्न अर्थ नहीं है।

इस पर आलोचन है कि आपने लिखा है कि जो लोकोत्तर वर्णना में निपुण हो वह कवि है। तब भगवन्! उस कवि का लोकोत्तर वर्णनात्मक कर्म का नाम काव्य है यह भी सिद्ध हुआ। और जब प्रश्न आया कि यह काव्य निर्मित कैसे होता है तब आपने कहा कि (तस्य च कारणं केवला कविगता प्रतिभा) उस काव्य का कारण है कवि की केवल प्रतिभा। इस तरह आप ही के शब्दों से सिद्ध हुआ कि लोकोत्तरवर्णन कर्मरूप यावत् काव्य, कवि की ही (अन्य की नहीं) प्रतिभा से ही (कारणान्तर से नहीं) सम्पन्न होता है। औरों ने भी समर्थन किया है—

अपार काव्य संसार में कवि ही एक प्रजापति है।

मधुसूदनी

यस्मात् प्रौढोक्तिनिष्पन्नं, प्रतिभानिष्पन्नमेव सर्वं वस्तु वा, अलंकारो वा सर्वः काव्ये स्यात्तर्हि कवेः कविनिबद्धस्य वक्तुर्वा प्रौढोक्तिनिष्पन्नस्यार्थस्य तु कथैव का स्वतः संभवी अर्थोऽपि व्यञ्जकः काव्ये प्रतिभानिष्पन्न एव। यतो लोके सिद्धः साक्षा त्प्रतीतः स्वरूपेण वर्त्तमान स्वतः सम्भवी अर्थः कथमपि काव्यतां न विगाहते न च चमत्कृतिमाधते यावत् कविप्रतिभया नोल्लिखितः स्यात्, यावच्च काव्ये नोद्ग्रथितः स्यात्। तदेतदुक्तं "तस्य च कारणं केवला कविगता प्रतिभा। इति।

अन्यदपि च

कविशक्त्यर्पिता भावास्तन्मयीभावयुक्तितः
यथा स्वदन्ते काव्येषु, न तथाऽध्यक्षतः किल। इति भामहः।
स्वभावश्चायमर्थानां यन्न साक्षादमी तथा।
स्वदन्ते सत्कविगिरां गता गोचरतां यथा। इति च।

अतः कविप्रतिभया उल्लिखितत्वाविशेषात् लोकसिद्ध-कवि-तदुम्भितप्रौढोक्ति सिद्धानामर्थानां त्रयाणां भेदानां पृथग्भावेन गणना नोचिता इत्येव लेखनीयम्। न तु प्रतिभानिर्वर्तितत्वाविशेषाच्चेत्यारभ्य पृथग्भेदप्रयोजकतानुपपत्तेरित्यन्तं लेखनीयम्। अतः सर्वोऽपि लेखोऽसमञ्जस एव।

बालक्रीड़ा

इस तरह काव्य या काव्यगत व्यञ्जक अर्थ एवं व्यंग्य वस्तु या अलंकार रूप अर्थ सभी कुछ प्रतिभानिष्पन्न है। तब कवि या कविनिबद्ध वक्ता की प्रौढोक्ति से निष्पन्न अर्थ की तो कथा ही क्या है काव्य में स्वतःसम्भवी व्यंजक अर्थ भी प्रतिभा निष्पन्न ही है। क्योंकि लोक में सिद्ध साक्षात् दिखाई पड़ने वाला स्वरूप से वर्त्तमान स्वतःसम्भवी अर्थ किसी भी प्रकार काव्यत्व का अवगाहन नहीं करेगा और न जनता को चमत्कृत ही करेगा जब तक वह कवि प्रतिभा से उल्लिखित नहीं होगा और काव्य में ग्रथित नहीं होगा। जैसा कि कहा है—

कविशक्त्यर्पिता भावास्तन्मयीभावयुक्ततः
यथा स्वदन्ते काव्येषु, न तथाऽध्यक्षतः किल ॥
स्वभावश्चायमर्थानां यतः साक्षादमी तथा
स्वदन्ते सत्कविगिरां गता गोचरतां यथा ॥

तन्मयीभावरूप युक्ति अर्थात् योग में स्थित हुए कवि की प्रतिभा से काव्य रूप में सहृदयों को अर्पण किये गये भाव जैसे आस्वादप्रद होते हैं वैसे प्रत्यक्ष देखने में वे आस्वाद प्रद नहीं होते।

क्योंकि यह पदार्थों का स्वभाव है कि प्रत्यक्ष देखने में उनसे वैसा आनन्द नहीं मिलता है जैसा कि सत्कवियों की वाणी के द्वारा प्राप्त हुए पदार्थों से आनन्द मिलता है।

अतः "कविप्रतिभा से उल्लिखितत्व सभी अर्थों में समान होने से लोकसिद्ध, कवि-प्रौढोक्तिसिद्ध, कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिसिद्ध अर्थों की पृथग्भाव से गणना करना उचित नहीं

मधुसूदनी

ननु भोः क्षणमवधार्यताम्। यद्यपि प्रतिभयैव काव्यमिति सिद्धान्तः। प्रतिभानिर्वर्तितत्वं च सर्वेषु भेदेषु समानम्, तथापि एको भेद ईदृशः यत्र प्रतिभा-निर्वर्त्तितत्वन्तु अस्त्येव परं लोकसिद्धत्वमपि वर्त्तते। अत एव ध्वनिकारैः "न केवलं भणितिवशेन एव अभिनिष्पन्नशरीरः, य औचित्येन बहिरपि सम्भाव्यमानसद्भावः इत्यत्र एवकेवलशब्दाभ्यामसन्तुष्यद्भिः औचित्येन बहिरपि सम्भाव्यमानसद्भाव इति; उदलेखि। तत्र केवलपदैवकारयोरिदमेवाकूतं यदपरो भेद ईदृशो यत्र केवलप्रतिभानिर्वर्तितत्वमेव, लोकसिद्धत्वं नास्ति। मम्मटभट्टैरपि प्रतिभामात्रेण बहिरसन्नपि निर्मितः इति। मयापि (पण्डितराजेनापि) प्रतिभामात्रनिर्वर्तितेनेति। एवं च स्पष्टप्रतिपत्यर्थं तथा प्राधान्यप्रदर्शनार्थमेको भेदो लोकसिद्धः स्वतः सम्भवी, अपरो भेदः प्रतिभामात्रनिर्वर्तित इति पृथङ् नामभ्यां निर्दिष्टौ द्वावेव भेदौ न तृतीय इति चेच्छ्रूयताम्। यथा प्रतिभानिर्वर्तितत्वे समानेऽपि लोकसिद्धः

बालक्रीड़ा

है" ऐसा लिखना कथंचित् उचित होता। फलतः "प्रतिभानिर्वर्त्तित्व सब में समान होने से" यहां से आरम्भ करके "पृथक् भेदों के प्रयोजकता की अनुपपत्ति होगी" यहां तक का लेख सब असमञ्जस ही है।

ननु भोः। क्षण भर सावधान होइये। यद्यपि यह सिद्धान्त ठीक है कि प्रतिभा से ही काव्य का निर्माण होता है और प्रतिभा से निर्वर्तितत्व सभी अर्थों में एक रूप है तथापि एक भेद ऐसा है जिसमें प्रतिभानिर्वर्त्तितत्व तो है ही परन्तु लोकसिद्धत्व भी है। जैसा कि ध्वनिकार ने लिखा है "जो केवल भणिति वश से ही अभिनिष्पन्न नहीं हुआ है, किन्तु उचित है इसलिए काव्यजगत् के बाहर लोक में भी जिसकी सत्ता सम्भाव्यमान है।

यहाँ ध्वनिकार, केवल और एव शब्द का उपन्यास करके सन्तुष्ट नहीं हुए तब लिखते हैं कि उचित हैं इसलिए बाहर लोक में भी जिसकी सत्ता सम्भव है। तथा मम्मटाचार्य ने भी इसीलिए प्रतिभा शब्द के साथ मात्र शब्द को जोड़ा। जिसका अर्थ लिखा कि केवल भणिति से ही निष्पन्न है ऐसी बात नहीं किन्तु काव्य से बाहर भी जो औचित्य के कारण संभाव्य मान है। और मैंने (पण्डितराज ने) भी प्रतिभामात्रनिर्वर्तित लिखा है। हम सब आचार्यों का केवल, एव, और मात्र पदों के विन्यास करने का यही भाव है कि पहले भेद में जैसे प्रतिभानिर्वर्त्तितत्व तो है ही साथ साथ लोकसिद्धत्व भी है। उसी प्रकार दूसरा भेद ऐसा है जहाँ केवल प्रतिभानिर्वत्तितत्व ही है लोकसिद्धत्व नहीं है। इस प्रकार स्पष्ट प्रतिपत्ति के लिये और प्रधानता का निर्देश करने के लिए ही अलग अलग लोकसिद्ध स्वतः सम्भवी और प्रतिभामात्रनिर्वर्तित ये दो नाम बतलाये। वस्तुतस्तु प्रतिभानिर्वर्तित एक ही भेद होना चाहिए फलतः उक्त प्रकार से दो ही भेद हो सकते हैं तीसरा भेद हो ही नहीं सकता है।

इस पर कहते हैं। कि सुकिये जैसे प्रतिभा निर्वत्त्व रूप धर्म के एक रूप होने पर भी लोक सिद्ध स्वतः सम्भवी भेद पृथक् माना और कवि प्रौढ़ोक्ति निष्पन्न भेद पृथक्, उसी तरह कवितिबद्धवप्रौढोक्तिनिष्पन्न भेद भी पृथक् ही मानना चाहिए। प्रश्न—कैसे? माना

मधुसूदनी

स्वतः सम्भवी भेदः पृथक्, कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नो भेदश्च पृथगङ्गीक्रियते तथैव कवितदुम्भितभेदोऽपि पृथक् स्वीकार्यः। कथञ्चेत्, इत्थम्।

पूर्वं हि प्रतिभायाः निरूपणप्रसंगे=तस्याः कारणं क्वचिददृष्टं, क्वचिद् व्युत्पत्त्यभ्यासौ। एवं अदृष्टाभावे व्युत्पत्त्यभ्यासाभ्यां प्रतिभोत्पत्तेः, तयोरभावे अदृष्टात् प्रतिभोत्पत्तेरित्यदृष्टाद्येकतरस्याभावेऽपि प्रतिभायाः सद्भावेन काव्यनिर्म्माणात् समागतस्य व्यतिरेकव्यभिचारस्य निवारणाय=भिन्नप्रतिभयोर्गतं सामान्यमेकं कारणतावच्छेदकं प्रतिभात्वरूपं स्वीकृत्य पुनरागतस्य व्यतिरेकव्यभिचारस्य (एवमपि ताभ्यामुत्पन्ना प्रतिभा, अदृष्टोत्पन्नप्रतिभासम्पादनयोग्यं काव्यं सम्पादयतु, तथा अदृष्टोत्पन्ना प्रतिभा ताभ्यामुत्पादनयोग्यं काव्यं सम्पादयतु कारणतावच्छेदकं प्रतिभात्वं तत्राप्यस्त्येव किं निवारकमितिरूपस्य) वारणाय प्रतिभागतवैलक्षण्यमेव कारणतावच्छेदकं विलक्षणकाव्यं प्रतीति भवता यदाऽवादि। तदा प्रकृतेऽपि

बालक्रीड़ा

जाय। हेतु के विना प्रतिज्ञा वाक्य से तो कोई पदार्थ सिद्ध नही होता है उसका साधक तो हेतु है। उत्तर)

पहले प्रतिभा के निरूपण के प्रसंग में आपने कहा था कि—प्रतिभा का कारण कहीं पर अदृष्ट है और कहीं पर व्युत्पत्ति और अभ्यास हैं।

शंका। ऐसे यदि प्रतिभा के कारण भिन्न २ मानोंगे तब, अदृष्ट के अभाव में व्युत्पत्ति और अभ्यास से प्रतिभा की उत्पत्ति होगी तथा व्युत्पत्ति और अभ्यास के अभाव में अदृष्ट से प्रतिभा की उत्पत्ति होगी क्योंकि प्रतिभा के लिए अदृष्ट भी कारण हैं और व्युत्पत्यभ्यास भी कारण है। इसका फल होगा कि अदृष्टोत्पन्नप्रतिभा रूप कारण के अभाव में काव्य रूप कार्य पैदा नहीं होना चाहिए वाला व्यतिरेक सहचार कट जायगा। क्योंकि उस प्रतिभा के अभाव में व्युत्पत्त्यभ्यासोत्पन्न प्रतिभा रूप कारण से सद्भाव में काव्य रूप कार्य पैदा हो जायगा। इसी तरह व्युत्पत्यभ्यासोत्पन्न प्रतिभा रूप कारण के अभाव में काव्य रूप कार्य पैदा नहीं होना चाहिए वाला व्यतिरेक सहचार कट जायगा क्योंकि उस प्रतिभा के अभाव में भी अदृष्टोत्पन्न प्रतिभा से काव्य रूप कार्य पैदा हो जायगा। अतः व्यतिरेक व्यभिचार रूप दोष हो जायगा।

उत्तर। इस दोष का निवारण करने के लिए भिन्न २ प्रतिभाओं में रहने वाला एक प्रतिभात्वरूप सामान्य को कारणतावच्छेदक मानलेंगे। कोई दोष नही होगा।

शंका। ऐसा मानने पर भी (पुनस्तत्रैव अवलम्बितो बेतालः) फिर बेताल वहीं आ बैठा वाली कहावत हो गई। व्यतिरेक व्यभिचार तदवस्थ रह गया। क्योंकि व्युत्पत्यभ्यास से उत्पन्न प्रतिभा अदृष्टोत्तन्न प्रतिभा के सम्पादन योग्य काव्य का सम्पादन करे और ऐसे ही अदृष्टोत्पन्न प्रतिभा, दोनों व्युत्पत्ति और अभ्यास से उत्पन्नप्रतिभा के सम्पादन के योग्य काव्य का सम्पादन करे तब कौन निवारण करेगा। अगर कहें कि ऐसा करने से दोष क्या होगा काव्य

मधुसूदनी

विलक्षणकारणात् विलक्षणं कार्यं भवतु। अयं भावः। नैषधीयचरितस्य निर्माता श्रीहर्ष एव नास्ति संदेहः। परं यावत् स इन्द्रादिदेवानां, नलस्य वा दमयन्त्याः वा विधोर्वा हृदयं नानुमनुते अर्थात् यावत् स श्रीहर्षः नेन्द्रादिस्वरूपतां विगाहते तावत् स तादृशं वक्तुं न प्रभवति। यतो हि शब्दार्थव्यवहारे स्वभाव एव शरणं नान्यत्। प्रकारान्तरेणामुमेवार्थं समर्थयति लोचनमपि--शिखरिणीति। अत्र लोहितं बिम्बफलं शुको दशतीति न व्यञ्जकता काचित्। यदा तु कवि-निबद्धस्य साभिलाषस्य तरुणस्य वक्तुरित्थं प्रौढोक्तिस्तदा व्यञ्जकत्वमिति। एवं कवेरपेक्षया कविनिबद्धवक्तुः प्रतिभा भिन्ना, तया निर्मितं काव्यमपि भिन्नं चेत्, तर्हि स्वतः सम्भविनः, कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नाच्च अर्थात् कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्ति-निष्पन्नोऽप्यर्थो भिन्न एव मन्तव्य इति त्रयो भेदाः समायाताः। इति दिक्।

नन्वेवं निबद्धनिबद्धोप्यन्यो भेदः स्वीकर्त्तव्यतामापतति चेत्, श्रूयताम् रामायणमहाभारतभागवतादिषु वा रघुवंशादिषु नैषधमाघकिरातादिषु काव्येषु वा

बालक्रीड़ा

निर्मिति हो ही जायगी। उत्तर। काव्यनिर्मिति तो अवश्य होगी किन्तु काव्यों में भेद का विनिगमक कौन होगा। यही दोष हो जायगा।

उत्तर। इस दोष को निवारण करने के लिए इन काव्यों में वैलक्षण्य का भेद का विनिगमक प्रतिभागत वैलक्षण्य को कारणतावच्छेदक अवश्य मानना सिद्ध कर चुके हैं तब प्रकृत में पहले स्थिर किए हुए सिद्धान्त को अर्थशक्तिमूलध्वनि के भेदों का निरूपण करते समय क्यों भूल जाते हैं। जो आप लिखते हैं कि "कवि की प्रतिभा से निष्पन्न अर्थ से पृथक् कविनिबद्धवक्ता की प्रतिभा से निष्पन्न अर्थ की गणना करना उचित नहीं है क्योंकि उन दोनों में प्रतिभा निष्पन्नत्व धर्म समान है" अतः विलक्षण कारण से विलक्षण कार्य होता है यही पहले स्थिर किया हुआ सिद्धान्त निश्चित है। जिसके फलस्वरूप कवि की प्रतिभा से निष्पन्न अर्थ से पृथक् ही कविनिबद्धवक्ता की प्रतिभा से निष्पन्न अर्थ को मानना उचित है। जैसा कि देखा गया है नैषधीयचरित काव्य के निर्माता श्रीहर्ष ही हैं दूसरा नहीं है इसमें कोई सन्देह नहीं है किन्तु जब तक वह श्रीहर्ष; श्रीहर्ष है अर्थात् इन्द्रादि के स्वरूप को नहीं स्वीकार करता है तब तक कभी भी इन्द्रादि देवों नल, चन्द्र एवं दमयन्ती के परस्पर के कथोपकथन को नहीं लिख सकता है। क्योंकि शब्दार्थ व्यवहार में स्वभाव ही एकमात्र शरण है इस अर्थ का समर्थन लोचन भी करता है। शिखरिणीति प्रतीक देकर लिखा है कि लाल बिम्बफल को शुक खाता है इसमें कोई व्यञ्जकता नहीं है। जब तो कविनिबद्ध साभिलाष तरुण की इस प्रकार प्रौढ उक्ति होगी—तब इस में व्यञ्जकत्व हो सकता है। इसी स्वभाव को शील को मुख्य कारण आचार्यों ने काव्य जगत् में स्थिर किया है जिसका निदर्शन है वैदर्भी गौडी आदि शैलियाँ। ये शैलियाँ शील से ही सम्पन्न होती हैं।

यह तो ठीक है किन्तु कविनिबद्धवक्ता से तन्निबद्धवक्ता आदि भेदों को और अधिक मानना पड़ेगा। इसका क्या उत्तर है। सुनिए। इन भेदों का एक भी उदाहरण

२१ **तत्र केचिदाहुः—नानार्थस्य शब्दस्य सर्वेष्वर्थेषु संकेतग्रहस्य तुल्यत्वा-**

मधुसूदनी

तदितरेषु नाटकादिषु वा तादृशं किमप्येकमुदाहरणमस्ति, न वा। नास्ति, तर्हि, गतमतिरिक्तभेदेन यतो नोपलभ्यते ततो नास्त्येवेति। यदि उपलभ्यते, तर्हि, अस्ति, यथा भागवते कविर्व्यासः, तन्निबद्धो वक्ता शुकः, तन्निबद्धो वक्ता मैत्रेयः तन्निबद्धो वक्ता चान्य इति। महाभारते, कविनिबद्धतन्निबद्धतन्निबद्धादिभेदा बहव अतस्त्रय एवेति किं वक्तव्यम्। कविनिबद्धादिभेदानां पृथाग स्वीकारे "वाच्यस्त्वया मद्वचनात्स राजा" इत्यादौ मत्पदात् कवेर्बोधः स्यात्ततश्च बह्वसंगतिः स्यात् इति।

तत्र केचिदाहुरिति। तत्र संलक्ष्यक्रमध्वनेर्यः प्रथमः प्रभेदः शब्दशक्तिमूलध्वनिः तत्प्राणभूतनानार्थकशब्दविषये केचिदाचार्या भर्तृहरिप्रभृतयो महावैयाकरणाः, आनन्दवर्द्धनाभिनवगुप्तादय उद्भटालंकारिकाश्च आहुरित्थमिति शेषः।

अत्र पूर्वे आचार्या नानार्थकशब्दात् प्रथमं युगपत् समेषामर्थानामुपस्थितौ, सन्देहे सति संयोगादिभिरभिधाया नियमनेन नियतैकार्थमात्रबोधः इत्येव कथयन्ति; द्वितीयार्थविषये मौनाः। उत्तरे पुनः यदत्र प्रथमार्थबोधोत्तरं प्रतीतिपथमवतरन् द्वितीयोप्यर्थो बुध्यते सः व्यञ्जनया, अभिधाया नियमनात्। अथ च प्रकृताप्रकृतार्थयोः सादृश्यरूपणादयः कल्प्यन्ते ततश्चोपमारूपकादयोऽपि व्यञ्जनयैवेति सिद्धान्तयन्ति।

बालक्रीड़ा

रामायण, महाभारत, भागवत आदि पुराने एवं रघुवंश माघ, किरात, नैषध आधुनिक काव्यों या नाटकादिकों में है क्या। यदि नहीं है तब अलग भेद मानना पड़ेगा का प्रसंग ही कैसा। अगर होता तो मिलता, जब नहीं मिलता है तब वह भेद है ही नहीं। अतः सिद्ध हुआ कि निबद्ध निबद्ध भेदों को और अधिक मानना पड़ेगा यह कहना ही स्वरूपासिद्ध है। अगर मिलता है तब कहिए भेद हैं। जैसे भागवत में व्यास कवि हैं शुक तन्निबद्ध वक्ता है, तन्निबद्ध वक्ता मैत्रेय, तन्निबद्ध वक्ता और है। फलतः अर्थशक्तिमूल के प्राचीनों के कहे हुए भेद ही ठीक हैं। नहीं तो "मेरे वचन से तुम उस राजा को कहना" ऐसे काव्यों में मत् पद से कवि समझा जायगा जो कि बहुत ही असंगत होगा।

तत्र। संलक्ष्यक्रमध्वनि का जो प्रथम भेद शब्दशक्तिमूलध्वनि है उसके प्राणभूत-नानार्थकशब्द के विषय में कोई आचार्य भर्तृहरिप्रभृति महावैयाकरण एवं आनन्दवर्द्धन, अभिनवगुप्त आदि उद्भट आलंकारिक इस प्रकार कहते हैं।

जिनमें पहले आचार्य इतना ही कहते हैं कि नानार्थक शब्द से पहले एक साथ सभी अर्थों की उपस्थिति होती हैं और जब वक्ता का किस अर्थ में तात्पर्य है ऐसा सन्देह होता है तब संयोगादि के द्वारा अभिधा का नियमन होने से नियत किसी एक ही अर्थ का बोध होता है किन्तु द्वितीयार्थ के विषय में मौन हैं।

द्वितीय आचार्यों का कहना है कि यहाँ पर प्रथम अर्थ के ज्ञान होने पर भी द्वितीयार्थ जो मस्तिष्क में घूमता है उसको किससे समझा जाय क्योंकि अभिधा का तो

मधुसूदनी

एषां मतं यत्र काव्ये एकार्थविषयकमेव प्रकरणादिकं तत्र शब्दशक्तिमूलो ध्वनिः। यत्र उभयार्थविषयकं तत्, तत्र श्लेष इति। तदेतदुक्तं ध्वन्यालोके अलंकारः शब्दशक्त्या यस्मिन् प्रकाशते तत्र शब्दशक्त्युद्भवो ध्वनिरित्यस्माकं विवक्षितम्। वस्तुद्वये च शब्दशक्त्या प्रकाश्यमाने श्लेष इति। अत्रान्तरे कुसुमसमययुगमित्यस्य लोचने अत्र ऋतुवर्णनप्रस्तावनियन्त्रिताभिधाशक्तयो महाकालप्रभृतयः शब्दा एकमेवार्थमभिधाय कृतकृत्याः; तदनन्तरमर्थावगतिर्ध्वननव्यापारादेव शब्दशक्तिमूलादिति च।

इदं मतं पण्डितराजो द्वाभ्यां प्रकाराभ्यां व्याचष्टे—केचिदाहुरिति, अपरे त्वाहुरिति। प्रथमस्मिन् मते प्राक् सकलार्थोपस्थितौ तात्पर्यसन्देहे सति तात्पर्यनिर्णायकैः प्रकरणादिभिस्तन्निर्णयोत्तरमेकार्थमात्रविषया पुनः पदार्थोपस्थितिः। तदनन्तरं निर्णीतार्थान्वयबोधः। इति। द्वितीयस्मिन् मते सकलार्थोपस्थानेऽपि तात्पर्यनिर्णायावश्यं कल्प्यैः प्रकरणादिभिः सुनिर्णीतस्यैवान्वयबोधः। एवं पूर्वस्मिन् पुनः पदार्थोपस्थितिः। उत्तरस्मिन् पुनः पदार्थोपस्थितिरनावश्यकी।

आभ्यां विरुद्धं तृतीयं मतं व्याचष्टे—अन्ये त्वत्र प्रत्यवतिष्ठन्ते इति रीत्या। तात्पर्यधियः कारणताया अभावेन द्वितीयार्थबोधाय व्यञ्जनास्वीकारोऽनावश्यकः,

बालक्रीड़ा

संयोगादि के द्वारा नियमन हो गया है, अतः इसके लिये व्यंजना शक्ति को मानना आवश्यक है। वही द्वितीय अर्थ को बतलायेगी और जो इन प्रकृत एवं अप्रकृत अर्थों में सादृश्य या रूपण वगैरह की कल्पना करते हैं उन उपमा या रूपक वगैरह को भी यही व्यंजना बतलायेगी। इनके मत में जिस काव्य में एक ही अर्थ के अनुकूल प्रकरणादिक हो वहां शब्दशक्तिमूल ध्वनि होती है और जहां दोनों अर्थों के अनुकूल वे होंगे वहां श्लेष होता है। जैसा कि ध्वन्यालोक में कहा है जहां शब्दशक्ति से अलंकार का प्रकाश होता है वहां शब्दशक्त्युद्भव ध्वनि को हम कहेंगे। और जहां शब्दशक्ति से वस्तुद्वय का प्रकाश हो वहां श्लेष होता है। "अत्रान्तरे कुसुमयुग" इस अंश के व्याख्यानभूत लोचन में भी यहां ऋतुवर्णन के प्रस्ताव से अभिधाशक्ति का नियमन हो जाने से महाकाल प्रभृति शब्द एक ही अर्थ का प्रतिपादन करके कृतकृत्य हो गये हैं इसके बाद जो दूसरे अर्थ की अवगति होती है वह शब्द शक्ति मूल ध्वनन व्यापार से ही होती है।

इस मत की पण्डितराज ने दो शैलियों से व्याख्या की है केचिदाहुः और अपरेत्वाहुः इस प्रकार। प्रथम मत में पहले शब्द से सकल अर्थों की उपस्थिति होती है फिर जब वक्ता का किस अर्थ में तात्पर्य है ऐसा सन्देह होता है तब तात्पर्य निर्णायक प्रकरणादि के द्वारा तात्पर्य का निर्णय होता है। इस निर्णय के बाद केवल एक ही अर्थ की पुनः उपस्थिति होती है फलतः उस निर्णीत अर्थ का अन्वय होता है। द्वितीय मत में शब्द से सकल अर्थों का उपस्थापन होने पर भी तात्पर्य निर्णय के लिए अवश्य कल्पनीय प्रकरणादि के द्वारा निर्णीत अर्थ का अन्वय होता है। इसलिए इस मत में पुनः पदार्थोपस्थिति की आवश्यकता नहीं है। पूर्व मत में पुनः पदार्थोपस्थिति की आवश्यकता है।

च्छ्रुतमात्र एव तस्मिन् सकलानामर्थानामुपस्थितौ, शब्दस्यास्य कस्मिन्नर्थे तात्पर्यमिति संदेहे च सति, प्रकरणादिकं तात्पर्यनिर्णायकं पर्यालोचयतः पुरुषस्य सति तन्निर्णये, तदात्मकपदज्ञानजाया एकार्थमात्रविषयाया पुनः

मर्मप्रकाशः

तन्निर्णये तात्पर्यनिर्णये। तदात्मकपदेति। तात्पर्यज्ञानात्मकपदेत्यर्थः।

मधुसूदनी

शक्त्यैवार्थबोधद्वयमुपपन्नं भवति। कदाचिद् द्वयोरर्थयोरुपमाद्यलंकारप्रतीतये व्यञ्जना स्वीकर्त्तुमर्हा स्यात्।

नाना अनेके अर्था यस्य शब्दस्य तस्य यावन्तोऽर्थास्तेषु सर्वेषु अर्थेषु संकेतग्रहस्य शक्तिग्राहकसमयज्ञानस्य तुल्यत्वात् समत्वात् श्रुतमात्र एव श्रावणप्रत्यक्षविषये एव तस्मिन् नानार्थकशब्दे सकलानां नानार्थशब्दबोध्यानां यावतामर्थानामुपस्थितौ सत्याम्। अनन्तरमस्य नानार्थकस्य शब्दस्य हरिगोप्रभृतेः कस्मिन्नेकस्मिन्नर्थे तात्पर्यं विवक्षेति यावत् इत्येवं तात्पर्यं निर्णयति निश्चिनोतीति निर्णायकः (कर्त्तरि ण्वुल् वृद्धिश्च) तं पर्यालोचयतः विचारयतः। तस्य तात्पर्यस्य निर्णये निश्चये।

ननु पदज्ञानं तु करणं; द्वारं तत्र पदार्थधीः। शाब्दबोधः फलं तत्रेति नियमात् शाब्दबोधे पदज्ञानं करणम्। तथा च नानार्थशब्दजशाब्दबोधे नानार्थकस्य पदस्य ज्ञानं करणम्। तादृशपदस्य श्रावणप्रत्यक्षे जात एव सकलानामर्थानामुपस्थितिः, तात्पर्यसन्देहः, ततः प्रकरणादिभिस्तात्पर्यनिर्णयः। एतावता समयेन प्रथमं श्रुतः शब्दस्तज्ज्ञानं चोभयमपि त्रिक्षणावस्थायित्वाद्गतम्। किन्तु तादृशशब्दजशाब्दबोधार्थमेकार्थमात्रविषयिणी पुनः पदार्थोपस्थितिरावश्यिकी। यतः पूर्वोपस्थितेर्नानार्थविषयत्वात् समकालं नानार्थविषयकशाब्दबोधस्याशक्यत्वाच्छाब्दबोधाभावप्रसक्तिः। एककाले एकार्थविषयकशाब्दबोध इत्यभिमानः। अथ च पदजन्या हि पदार्थोपस्थितिर्भवति। परं पदं तज्ज्ञानं च नास्ति; तर्हि कुतः सा पुनः पदार्थोपस्थितिरित्यत आह—

बालक्रीड़ा

इन दोनों मतों के विरुद्ध तृतीय मत की "अन्ये त्वत्र प्रत्यवतिष्ठन्ते" रूप में व्याख्या की है कि शाब्द बोध के लिए तात्पर्यज्ञान की कारणता शिथिल है अतः द्वितीय अर्थ के बोध के लिए व्यञ्जना को मानना अनावश्यक है। शक्ति से ही दोनों अर्थों का बोध हो जायगा। हां कदाचित्, दोनों अर्थों में उपमादि अलंकारों की प्रतीति के लिए व्यञ्जना का स्वीकार करना उचित होगा।

नानार्थक शब्द का संकेतज्ञान सभी अर्थों में तुल्य है अतः उस शब्द के सुनते ही सभी अर्थों की उपस्थिति होना स्वाभाविक है। किन्तु जब इस शब्द का किस अर्थ में तात्पर्य है ऐसा संदेह हुआ तब तात्पर्य के निर्णायक प्रकरणादिकों का पर्यालोचन करनेवाले पुरुष को उसका निर्णय हो गया। उसके बाद=इस पद का इस अर्थविशेष के तात्पर्य से

पदार्थोपस्थितेरनन्तरमन्वयबोध इति नये द्वितीयायाः पदार्थोपस्थितेः प्राथमिक्या इव न कुतो नानार्थगोचरतेति प्रकरणादिज्ञानस्य तदधीनतात्पर्यनिर्णयस्य वा पदार्थोपस्थितौ प्रतिबन्धकत्वं वाच्यम् । अन्यथा शाब्दबुद्धेरपि नानार्थविषयकत्वापत्तिः । अत एवोक्तम्—'अनवच्छेदे विशेषस्मृतिहेतवः'

मर्मप्रकाशः

तस्य नष्टत्वाह—तदधीनेति ।

मधुसूदनी

तदात्मकपदज्ञानेति । एतत्पदमेतदर्थविशेषतात्पर्येणोच्चारितमित्येवं रूपं यत्तात्पर्यप्रकारकं पदविशेष्यकं ज्ञानं तदेव तात्पर्यज्ञानं तदात्मकं तत्स्वरूपं यत्पदज्ञानं तस्माज्जातायाः । तात्पर्यज्ञानमेवात्र पदज्ञानमिति बोध्यम् । इति एवं रूपे नये सिद्धान्ते । पदार्थोपस्थितौ द्वितीयायामिति शेषः । प्रतिबन्धकत्वं नानार्थगोचरताया इति शेषः ।

न कुतो नानार्थगोचरतेति । अत्रालोच्यते । प्राथमिक्याः पदार्थोपस्थितेः करणं नानार्थकपदज्ञानं, ततः कार्यस्य कारणानुसारित्वात् यावन्तो नाना अर्थास्तावतां समेषामुपस्थितिरुचिता । किन्तु द्वितीयस्याः पदार्थोपस्थितेः करणभूतं पदज्ञानं तात्पर्यज्ञानम् । तच्चार्थविशेषविषयकमेवेति प्रकरणादिज्ञानाधीनार्थविशेषविषयकतात्पर्यज्ञानात्मकपदज्ञानस्य नानार्थकत्वाभावात् द्वितीयस्याः पदार्थोपस्थितेः प्रथमिक्या इव न कुतो नानार्थगोचरतेति शंकैव नोदेति । तर्हि समाधानं कुतः । न च तात्पर्यज्ञाने विशेष्यतया पदमुपतिष्ठते । अक्षराणामाकारस्य च सादृश्यात्तदेवेदं पदमिति सर्वोऽपि प्रत्यभिजानाति । तच्चासीन्नानार्थकमेवेति वाच्यम् । तर्हि यद्वाक्यं पुंश्चली ब्रूते तदेव वाक्यं यदि साध्वी ब्रवीति, तत्कोऽत्र हेतुः; यदेकत्र प्रतारकत्वमपरत्र यथार्थबोधकत्वम्, अक्षराकारयोः सादृश्यात्तदेवेदं पदमिति धीः तत्राप्यस्त्येव । ननु पुंश्चलीत्वमेव प्रतारकत्वबीजं साध्वीत्वमेव यथार्थबोधकत्वमिति चेत्, तर्हि; अत्रापि न केवलं पदज्ञानं करणमपि तु तात्पर्यज्ञानात्मकं पदज्ञानम् । तच्च न नानार्थकम् ।

बालक्रीड़ा

उच्चारण किया है ऐसा जो तात्पर्य प्रकारक पदविशेष्यक ज्ञान, इस तात्पर्यज्ञान स्वरूप पदज्ञान से केवल एक ही अर्थ की पुनः उपस्थिति होती है और उस उपस्थिति के अनन्तर अन्वयबोध होता है । इस सिद्धान्त में प्रश्न होता है कि प्राथमिक पदार्थोपस्थिति की तरह द्वितीय पदार्थोपस्थिति भी नानार्थविषयिणी क्यों नहीं । उत्तर । प्रकरणादिज्ञान या उसके नष्ट हो जाने से तदधीन तात्पर्यनिर्णय, द्वितीय पदार्थोपस्थिति के नानार्थ विषयक होने में प्रतिबन्धक हो जाता है । अगर ऐसा नहीं मानेंगे तो शब्दबोध को भी नानार्थक मानना होगा ।

यहां आलोचन है । प्राथमिक पदार्थोपस्थिति का कारण है नानार्थक पद ज्ञान और

इति। अनवच्छेदे तात्पर्यसंदेहे। विशेषस्मृतिरेकार्थमात्रविषया स्मृतिः।

इत्थं च सुरभिमांसं भक्षयतीत्यादेर्वाक्याज्जायमाना द्वितीया प्रतीतिर्गवाद्युपस्थितेरभावात्कथं स्यादिति तदुपस्थित्यर्थं व्यञ्जनव्यापारोऽभ्युपेयः।

मर्मप्रकाशः

द्वितीयेति। गवादिविषयेत्यर्थः। प्रतिबन्धकसत्वादिति भावः। तदाह—गवादीति।

मधुसूदनी

इत्थञ्चेति। इत्थञ्च प्रकरणादिभिर्नियन्तृभिरभिधाया नियमनाच्च। द्वितीयेति। मांसे सुगन्धितत्वरूपप्रथमार्थप्रतीत्यपेक्षया द्वितीया गो-विषया प्रतीतिः। गवाद्युपस्थितेरित्यत्र आदिपदार्थश्चिन्तनीयः। यतोऽत्र सुरभिमांसं भक्षयतीति वाक्ये सुगन्धितरूपस्य वा गोरूपस्य वा अर्थस्य मांसेऽन्वयः। तृतीयस्य वसन्तऋतुरूपस्यार्थस्यात्रासंगतेः। तस्य द्वितीयार्थस्योपस्थित्यर्थम्।

बालक्रीड़ा

अधम पद में रमणरूप अर्थ का शक्तिग्रह हो तो उसी से रमण रूप अर्थ की प्रतीति हो जायगी तब व्यंजना मानने की क्या आवश्यकता है। "यद्यपि आर्थी व्यंजना में यह नियम अनावश्यक है किन्तु शाब्दी व्यंजना में तो इस नियम के बिना गति ही नही है" ऐसा कहने वाले वादी को उत्तर देते हैं इनका आशय यह है कि नानार्थ स्थल में शाब्दीव्यंजना के विषय में ही न कि आर्थी व्यंजना के विषय में इस तरह के कार्य कारण भाव को मानना आवश्यक है। क्योंकि नानार्थ स्थल में शक्ति का नियन्त्रण हो जाता है। इसलिए द्वितीय अर्थ के विषय का शक्तिज्ञान अप्रयोजक हो जाता है अर्थात् अन्य अर्थ को बोधन करने में वह शक्ति ज्ञान अक्षम हो जात। है अतः व्यक्ति की कल्पना करना औचित्य प्राप्त है। फलतः "निःशेषच्युत" इत्यादि काव्यों में अधम पद नानार्थक नहीं है अतः शक्तिग्रह आवश्यक नहीं है।

इस तरह स्थल विशेष को मान्यता देकर नवीन कार्य कारण भावों की कल्पना करने में गौरव की आपत्ति लग जायगी।

तब कहते हैं कि क्या किया जाय। नियन्त्रण से जब गति का रोध हो गया तब

अथास्त्वप्राकरणिकोऽप्यर्थ शक्तिवेद्य एवान्वयधीगोचरः, परंतु यत्र न बाधितः स्यात् । यत्र तु बाधितस्तत्र 'जैमिनीयमलं धत्ते रसनायामयं द्विजः' इत्यादौ जुगुप्सितोऽर्थः, वह्निना सिञ्चतीत्यौ वह्निकरणकसेक इवाबोधोपहत एव स्यात् । बाधनिश्चयस्य तद्वत्ताज्ञानं प्रति प्रतिबन्धकतायाः सर्वजनसिद्ध-

मर्मप्रकाश

स्तदर्थगतशक्तिज्ञानस्यैव तदर्थबोधजनकत्वमस्तु, किं व्यक्त्युल्लासजनकत्वेनेत्यर्थः । अपिः प्राकरणिकार्थसमुच्चायकः । तत्रेत्यस्येत्यादावित्यनेनान्वयः । जैमीति । जैमिनिप्रोक्तं पूर्व-

मधुसूदनी

तस्य हेतोरेव तस्य कारणादेव तत् कर्त्तव्यं स्यात् तदा किन्तेन । अयं भावः । व्यक्तेः प्रादुर्भावको यो हेतुः तदर्थगतशक्तिज्ञानं तस्मादेव तदर्थगतशक्तिज्ञानादेव व्यञ्जनीयार्थ बोधस्तदा किं तेन व्यक्तिप्रादुर्भावनेनेति ।

नानार्थस्थले शक्त्यैव द्वितीयार्थबोध इत्यभ्युपगच्छताऽपि व्यञ्जनायाः पराहति-र्दूरेति शंकते—अथेति । अयं द्विजो ब्राह्मणपुंगवः जैमिनीयं जैमिनिप्रोक्तं पूर्वमीमांसा-शास्त्रं रसनायां जिह्वायामलं पर्याप्तं धत्ते कण्ठाग्रीकृतं सत् धारयति इतिप्रथमार्थबोधोत्तरं द्विजो भूत्वापि अयं जैमिनीयानां जैमिनिप्रोक्तशास्त्राध्येत्तॄणां पुंसां मलं विष्ठां रसनायां धत्ते जिह्वया लेढीति द्वितीयो जुगुप्सितो निन्दितोऽर्थः, वह्निना सिञ्चतीत्यत्र यथा द्रवद्रव्यकरणकः सेको वह्निना कर्त्तुमशक्य इति वह्नेः करणता सिञ्चतिक्रियानिरूपिता असम्भविनी तथा, अबोधेन अज्ञानेन उपहतः ज्ञानाविषयीकृतः स्यात् अर्थात् अज्ञात एव स्यात् । बाधनिश्चयस्यात्र भूतले घटो नास्तीति ज्ञानस्य तद्वत्ताज्ञानं प्रति इदं घटवद्भूतलमिति ज्ञानं प्रति प्रतिबन्धकतायाः सर्वजनस्वीकृतत्वात् ।

बालक्रीड़ा

अलग नियम का निर्माण जरूरी हो गया । इसपर कहते हैं कि अप्राकरणिक अर्थ के उपस्थापन में प्रकरणादि ज्ञान को प्रतिबन्धक स्वीकार करना अहृदयंगम ही है इत्यादि रूप से नियन्त्रण को पहले ही दूषित कर दिया गया है । ओर भी एक बात है । यहाँ "उसके हेतु से ही वह कार्य हो जाता है तब उससे क्या इस न्याय की भी प्राप्ति हो जाती है । इसका आशय यह है व्यक्ति का प्रादुर्भाव करने वाला जो हेतु है तदर्थगतशक्तिज्ञान, उसी हेतुभूत तदर्थगतशक्तिज्ञान से ही व्यंजनीय अर्थ का बोध हो सकता है तब व्यक्ति के प्रादुर्भावन की फिर क्या आवश्यकता है ।

नानार्थ स्थल में शक्ति से ही द्वितीय अर्थ का बोध मान लेने पर भी व्यञ्जना का निराकरण करना अशक्य है ऐसा कहने वाले शंका करते हैं कि हाँ ठीक है अप्राकरणिक अर्थ शक्ति के द्वारा वेद्य होकर शाब्दबोध का विषय बन सकता है अतः व्यंजना की आवश्यकता नहीं है किन्तु यह स्थिति सब जगह नहीं है। जहाँ वह द्वितीय अर्थ बाधित नहीं है वहां पर ही शक्ति वेद्य है अन्यत्र नहीं । जहां तो बाधित है जैसे वह्नि से पौधों को

त्वात् । व्यक्तेस्तु बाधितार्थबोधकत्वं धर्मिग्राहकमानसिद्धमिति व्यक्तिवादिनामदोष इति । मैवम् । 'गामवतीर्णा सत्यं सरस्वतीयं पतञ्जलिव्याजात् ।', 'सौधानां नगरस्यास्य मिलन्त्यर्केण मौलयः । इत्यादौ वाच्यार्थान्वयबोधोप-

मर्मप्रकाशः

मीमांसाशास्त्रं अलं परिपूर्णं धत्ते इत्येकोऽर्थः । जैमिनिप्रोक्तशास्त्राध्येतॄणां मलं विष्ठां धत्ते इत्यपरोऽर्थो निन्दितः । गामिति, सौधानामिति, च भिन्नपद्यार्धे । गामित्यस्य यत इत्यादि ।

मधुसूदनी

तर्हि व्यक्त्यापि कथं बोध इत्याह--व्यक्तेरिति । तु किन्तु व्यक्तेः बाधितार्थबोधकत्वमुपहतार्थज्ञापकत्वं धर्मिणो द्वितीयार्थस्य बाधां प्राप्तस्याऽपि अर्थस्य ग्राहकं यन्मानं प्रमाणं सहृदयानामनुभवरूपं तेन सिद्धमित्यतो व्यक्तिवादिनामदोषो भूषणमेवेति भावः ।

उत्तरति--मैवमिति । "पतञ्जलिव्याजात् गोनर्दीयमिषात् सत्यमियं सरस्वती गां पृथिव्यामवतीर्णा, अत्रार्थी अपह्नुतिः । अस्य नगरस्य सौधानां प्रासादानां मौलयः शिखराणि अर्केण मिलन्ति सूर्येण सङ्गच्छन्ते अत्र सम्बन्धातिशयोक्तिः । इत्यादौ पद्ये वाच्यार्थानामन्वयबोधस्य संसर्गज्ञानस्य उपपादनाय संगतये अनुसरणीयेन सम्पादनीयेन यत्नेन आहार्यज्ञानमिव शाब्दज्ञानं बाधनिश्चयेन न प्रतिबध्यम्; योग्यताज्ञानं शाब्दबोधे न कारणम्, आहार्यो वाऽभेदबोध इत्येवंरूपेण ।

बालक्रीड़ा

सींचता है यहाँ सेचन क्रिया में अग्नि करण नहीं बन सकता है क्योंकि सेचन द्रव पदार्थ से ही होता है अतः वह्नि से सेचन अज्ञान से उपहत है वैसे ही यह ब्राह्मणपुंगव जैमिनिमुनिप्रोक्त मीमांसा शास्त्र को जिह्वा में पर्याप्त रूप से धारण किये हुए है । अर्थात् मीमांसा इसको कण्ठाग्र है इस प्रथम अर्थ के समझने के बाद; यह ब्राह्मण होकर भी जैमिनिप्रोक्त शास्त्र का अध्ययन करने वाले पुरुषों के मल को जिह्वा से लेहन करता है । इत्यादि जुगुप्सित अर्थ बाधित हैं वहाँ द्वितीय अर्थ शक्तिवेद्य नहीं होगा । वहाँ तो विना समझा हुआ ही रह जायगा । क्योंकि बाधनिश्चय तद्वत्ता ज्ञान का प्रतिबन्धक होता है इस सिद्धान्त को सभी लोगों ने माना है । व्यंजना के विषय में यह रुकावट लागू नहीं होती । क्योंकि व्यंजना तो बाधित अर्थ का बोध कराने के लिए ही धर्मिग्राहक प्रमाण से सिद्ध हैं अतः व्यक्तिवादी के लिए यह दोष नहीं है ।

यहाँ प्रकरणादि ज्ञान रूप प्रतिबन्धकों के रहते हुए भी विषम परिस्थितियों में भी और वक्ता कहता भी है कि मेरा यह भाव यहाँ नहीं है तब भी सहृदयों को द्वितीय अर्थ का अनुभव होता है यह अनुभव ही धर्मिग्राहक मान है । यह पहले भी हम कह चुके हैं ।

उत्तर । यह नहीं कह सकते हैं । क्योंकि यह सरस्वती ही पतञ्जलि के बहाने पृथिवी पर अवतीर्ण हुई है । इस नगर के महलों की चोटियाँ सूर्य को स्पर्श करती हैं ।

पादनायानुसरणीयेन यत्नेन नानार्थस्थलेपि बाधितार्थबोधस्योपपत्तिः स्यात् । अन्यथा प्रायशः सर्वेष्वप्यलंकारेषु वाच्यार्थबोधोपपत्तये व्यञ्जनाङ्गीकरणीया स्यात् । तस्मान्नानार्थस्याप्राकणिकेऽर्थे व्यञ्जनेति प्राचां सिद्धान्तः शिथिल एव । प्राकरणिकाप्रकरणिकयोरर्थयोरुपमायां तु सा कदाचित्स्यादपीत्यस्माकं

मर्मप्रकाशः

यत्नेनेति । बाधज्ञानं शाब्दज्ञाने न प्रतिबन्धकम् । अयोग्यतानिश्चयश्च । एवं योग्यताज्ञानमपि न कारणम् । आहार्यो वा बोध इत्यादि यत्नोऽग्रे मूल एव स्फुटः । अन्यथा तत्रैव यत्नानुसरणाभावे । सर्वेष्विति । गामित्यत्र व्याजोक्तिः । सौधानामित्यत्र संबन्धातिशयोक्तिः । एवमन्यत्रापि बोध्यम् । नानार्थस्य शब्दस्य । सा व्यञ्जना । तथा चोपमा व्यङ्ग्येति भावः । स्यादपीत्यसंदिग्धे संदिग्धवचनम् । वेदाः प्रमाणं यदीतिवत् । तादृशद्वितीयार्थमादाय वाक्यार्थस्यासंबद्धार्थकत्वं मा भूदिति कल्प्यमानोपमाया अर्थापत्तिवेद्यत्वस्यापि संभव इत्यत उक्तं कदाचिदिति ।

मधुसूदनी

अन्यथा एतादृशयत्नानुसरणाभावे । तस्मात् उक्तनिर्णयानुरोधात् । नानार्थस्य शब्दस्य । सा व्यंजना । कदाचित्स्यादित्यनेन स्वयं पण्डितराजः संशेत एवेति भावः ।

अस्माकमिति स्वस्मिन् बहुमानो दर्शितः । एतावता प्रघट्टकेन मया महामहद्भिः समर्थिताया व्यञ्जनायाः क्षोदः कृतः । इति भावः ।

बालक्रीड़ा

इत्यादि स्थलों में वाच्यार्थ के अन्वयबोध का उपपादन जिस यत्न से अनुसरणीय है उसी यत्न से नानार्थ स्थल में भी बाधित अर्थ का बोध उपपन्न हो जायगा । यह यत्न है । आहार्यज्ञान की तरह शाब्दबोध भी बाधनिश्चय से प्रतिबध्य नहीं है कटता नहीं है । योग्यता ज्ञान शाब्दबोध का कारण नहीं है । या आहार्य ही अभेद यहाँ है । इत्यादि आगे बतायेंगे । यदि इस तरह के यत्न का अनुसरण नहीं करेंगे तो क्रमशः सभी अलंकारों में वाच्यार्थ बोध की उपपत्ति के लिए व्यंजना मानना आवश्यक हो जायगा इस वास्ते नानार्थस्थल में अप्राकरणिक अर्थ के बोध के लिए व्यंजना वाला प्राचीनों का सिद्धान्त शिथिल ही है । हाँ प्राकरणिक एवं अप्राकरणिक अर्थों की तुलना करने के लिए कदाचित् शायद व्यंजना की आवश्यकता हो सकती है ऐसा हमको मालूम होता है । यहाँ कदाचित् पद से मालूम पड़ता है पण्डितराज को इसके मानने में भी सन्देह है ।

यहाँ हमको मालूम पडता है ऐसा अपने में बहुमान दिखाते हैं उसका भाव यह है कि बड़ों के बड़ों ने भी जिस व्यञ्जना का समर्थन किया था उसका भी विचूर्णन हमने कर दिया । और इसके बाद यह भी दिखाते हैं अगर व्यंजना को अवश्य मानना है तो हमारे बतलाये हुए मार्ग से बतलाई जा सकती है और मानी भी जा सकती है । वह मार्ग यह है ।

प्रतिभाति ।

एवमपि योगरूढिस्थले रूढिज्ञानेन योगापहरणस्य सकलतन्त्रसिद्धतया

मधुसूदनी

प्रतिभातीति । अत्र अस्माकमितिबहुबचनेन स्वीयो बहुमानः कुतः प्रत्यपादि पण्डितराजविरुदभूषतेनापि महामहिम्ना अनेन । यतो हि श्लेषनिरूपणप्रसंगे कुवलयानन्दे, वृत्तिवार्तिके च अप्पयदीक्षितैरुक्तस्य="यदत्र प्रकृताप्रकृतश्लेषोदाहरणे शब्दशक्तिमूलध्वनिमिच्छन्ति प्राञ्चस्तत् प्रकृताप्रकृताभिधानमूलकस्योपमादेरलंकारस्य व्यङ्ग्यत्वाभिप्रायं न तु अप्रकृतार्थस्यैव व्यङ्ग्यत्वाभिप्रायम् । अप्रकृतार्थस्याऽपि शक्त्या प्रतिपाद्यस्य अभिधेयत्वावश्यंभावेन व्यक्त्यनपेक्षणादिति="तद्रीत्या न कथंचिदपि प्रकरणादिना अभिधानियमनं शक्यशंकम् । तस्मात् प्रस्तुताप्रस्तुतोभयपरेऽपि काव्येऽभिधैव वृत्तिः । तदुपस्थितेषु च पदार्थेषु आकांक्षादिसहकारिवशादुभयविधवाक्यार्थप्रत्यय इति अप्रस्तुतविषये न पदार्थप्रतीतये नापि वाक्यार्थप्रतीतये व्यक्तिरुपगन्तव्या । यत्तु प्राचामप्रस्तुते शब्दशक्तिमूलव्यञ्जनावृत्यभिधानम्, तदप्रस्तुतार्थप्रतीतिमूलके प्रतीयमाने उपमाद्यर्थालंकारे तदवश्यंभावदृढीकरणाभिप्रयेण नतु वस्तुतोऽप्रस्तुतार्थविषयेऽपि व्यञ्जनाव्यापाराभिप्रायेणेति" आदेश्चानुवादकत्वमेव पण्डितराजस्य । वस्तुतस्तु अन्ये त्वत्र प्रत्यवतिष्टन्ते इत्यादिना यो हि सिद्धान्तो महता संरंभेण न्यरूपि पण्डितराजेन, सः सर्वोऽपि वृत्तिवार्तिके समस्ति । अथ च योगरूढिस्थलीयं वृत्तमपि तत्रैवास्ति ।

बालक्रीड़ा

अस्माकं में बहुवचनके द्वारा पण्डितराजने जो अपने से अपने बहुमान का उल्लेख किया वह बहुत ही असंगत मालूम पड़ता है क्योंकि "अन्ये त्वत्र प्रत्यवतिष्ठन्ते" में जो भी कुछ लिखा है और "योगरूढिस्थले' कह कर भी जो लिखा है उसको वृत्तिवार्तिक एवं कुवलयानन्द में अप्पय्य दीक्षित महानुभाव कह चुके हैं। अतः उसी का शब्दान्तर से अनुवाद हमने किया है ऐसा कहना युक्ति संगत होगा ।

अप्पय्य दीक्षितास्तु—नानार्थस्थलेऽपि न सर्वत्र व्यंजनोल्लासः । किन्तु चमत्कारिणि विषये एव । तस्य च यत्कारणं श्रोतृगतप्रतिभाविशेषादि अङ्गीकार्यं तस्य नियन्त्रितशक्त्युल्लासकत्वमेवास्तु इति न क्वापि शक्तिविषये व्यञ्जनाङ्गीकारो युक्तः किन्तु प्रकृताप्रकृताभिधानमूलके उपमादावेवेति । प्रभायाम् ।

नानार्थस्थल में सर्वत्र व्यंजना का उल्लास नहीं होता है किन्तु जहां चमत्कारी अर्थ होता है वहीं व्यंजना का उल्लास होता है। और उसका कारण जो श्रोता का प्रतिभाविशेष माना जाता है उसको नियन्त्रित शक्ति का ही उल्लासक ही मानना चाहिए अतः कहीं भी शक्ति के विषय में व्यंजना का अंगीकार करना युक्तिसंगत नहीं है किन्तु यदि व्यंजना मानी जाती है तो प्रकृत और अप्रकृत अर्थों की तुलना के कारण मालूम पड़ने वाले उपमा आदि अलंकारों के विषय में मानी जाती है। यहां का अन्य अंश मधुसूदनी में सहृदय लोग देखें ।

रूढ्यनधिकरणस्य योगालिङ्गतस्यार्थान्तरस्य व्यक्तिं विना प्रतीतिर्दुरुपपादा। यथा—

'अबलानां श्रियं हृत्वा वारिवाहैः सहानिशम्।
तिष्ठन्ति चपला यत्र स कालः समुपस्थितः॥'

अत्राशक्तानां द्रव्यमपहृत्य जलवाहकैः पुरुषैः सह पुंश्चल्यो रमन्त इत्यर्थान्तरं न तावदबलावारिवाहचपलाशब्दैर्योगरूढ्या शक्यते बोधयितुम्। मेघ-

मर्मप्रकाशः

बाधः। योगेति। योगशक्तीत्यर्थः। अबलेति। विद्युतो मेघैः सह नायिकानां

मधुसूदनी

यद्यपि उक्तपथा व्यञ्जनाया आवश्यकता नास्ति तथापि यदि स्याद् व्यञ्जना, तदा अस्मद्दर्शितपद्धत्या तस्याः सिद्धिरिति स्फोरयति—एवमपीति। योगरूढिस्थले समुदायावयवशक्तिसंकरस्थले रूढिज्ञानेन समुदायशक्तिज्ञानद्वारा योगापहरणस्य केवलावयवशक्तिबाधस्य "रूढिर्योगापहारिणी" इति सिद्धान्तस्य सकलेषु तन्त्रेषु शास्त्रेषु सिद्धतया निश्चिततया। अर्थान्तरस्य अप्रकृतस्य अर्थस्य। व्यक्तिं विना व्यञ्जनाया अभावे प्रतीतिर्ज्ञानं दुरुपपादम् दुःशकम्।

अबलानामिति। यत्र काले चपला विद्युतः अबलानां नायिकानां श्रियं शोभां हृत्वा अर्थात् स्वसमक्षं तासां तां शोभां मन्दां विधाय। वारिवाहैर्मेघैः सह अनिशं निरन्तरं तिष्ठन्ति वसन्ति स कालः वर्षर्त्तुरूपः समुपस्थितः प्राप्तः। इति प्रकृतोऽर्थः। अत्राशक्तानामिति मूल एवोट्टंकितो द्वितीयोऽर्थः। योगरूढ्या शक्त्येति शेषः।

बालक्रीड़ा

योगरूढि स्थल में जहाँ समुदाय शक्ति और अवयव शक्तियों का सांकर्य है उस जगह में रूढिज्ञान से योग का अपहरण अर्थात् केवल अवयव शक्ति का बाधन "रूढिर्योगापहारिणी" यह सिद्धान्त सकल तन्त्रों में सिद्ध है। इसलिए एक अर्थ जो रूढ़ि का अनधिकरण है अविषय है किन्तु योग से आलिङ्गित है उस अर्थ की प्रतीति व्यक्ति व्यञ्जना के विना दुरुपपाद है। जैसे—

जिस काल में चपलाएँ विजलियाँ अबलाओं की नायिकाओं की शोभा का अपहरण करके वारिवाह मेघों के साथ अनिश निरन्तर रहती हैं वह वर्षर्तु रूप काल उपस्थित हो गया।

यहाँ "अशक्तों के द्रव्य का अपहरण करके जल भरने वाले कहारों के साथ पुंश्चलियाँ रमण करती हैं" इस अर्थान्तर को अबला वारिवाह एवं चपला शब्द, योगरूढ़ि उभयात्मिका शक्ति के द्वारा बोधन करने में समर्थ नहीं हैं। क्योंकि मेघत्व एवं विद्युत्त्वादि से अघटित असंयुक्त होकर ही उस अर्थ की प्रतीति यहाँ होती है। अन्यथा माने मेघत्व विद्युत्त्व से असंयुक्त हुए विना अर्थात् मेघत्व एवं विद्युत्त्व से संयुक्त होकर प्रतीत होने में चमत्कार नहीं

त्वविद्युत्त्वाद्यघटितस्यैव तस्यार्थस्य प्रतीतेः। अन्यथा चमत्कारो न स्यात्। अत एव न योगशक्त्यापि केवलया। रूढ्यर्थासंवलितार्थबोधकत्वस्य तस्या

मर्मप्रकाशः

शोभामपहृत्य यत्र तिष्ठन्ति स कालः समागत इति वाच्यार्थः। तस्यार्थान्तरस्य। अन्यथा तदप्रतीतौ। तदघटितस्यैव प्रतीताविति यावत्। अत एवेत्यस्यार्थमाह—रूढ्यर्थेति।

मधुसूदनी

आलोचनम्। योगरूढिस्थले रूढिज्ञानेन योगापहरणस्य सकलतन्त्रसिद्धतये-तीदं यस्मिन् प्रसंगे उदध्रे तत् "अवलानां श्रियम्" इति पद्यं योगरूढिस्थलमेव नास्ति, श्लेषस्थलं वा व्यंग्यस्थलं वा स्यात्।

समुदायशक्ती रूढिः अवयवशक्तिर्योगः। यः शब्द उभयशक्त्या एकार्थं बोधयति स योगरूढः। पंकजमुदाहरणम्। अत्र हि उभयशक्त्या पंकजनिकर्तृत्व-रूपावयवार्थविशिष्टस्य पद्मत्वविशिष्टस्य बोधः। उभयशक्त्या एकार्थबोधनात् केवलयोग-लभ्ये पंकजाते कुमुदादौ, केवलरूढिलभ्ये स्थलजाते पद्मे च न पंकजपदप्रयोगप्रसंगः। तदेतदुक्तमपि स्वीयं भवता स्मरणीयम्—अत एव न केवलया योगशक्त्या (अर्थः समु-पस्थापयितुं शक्यते) रूढिसमानाधिकरणायाः योगशक्तेः रूढयर्थासंवलितार्थबोधकत्व-स्य असंगतेरिति। अत एव पंकजादिपदेभ्यः पंकजनिकर्तृत्वेन कुमुदाद्युपस्थितिर्ल-क्षणयैवेति नैयायिका मन्यन्ते इति च। तस्मात् अल्पबलविशिष्टस्त्रीरूपोऽर्थः योग-रूढस्य टाबन्तस्त्रीलिंगस्य अबलापदस्य भवति। स्त्रीतरलिंगकस्य योगरूढाद्भि-न्नस्य अवलपदस्य तु बलाभावयुक्तरूपोर्थः। तथा चात्र स्त्रीलिंगाबलाशब्दस्य स्त्री-

बालक्रीड़ा

होगा। इसीलिए केवल योगशक्ति भी उस अर्थ को नहीं बतला सकती। क्योंकि रूढ़ि के समान अधिकरण वारिवाहादि शब्दों में रहने वाली योगशक्ति यदि रूढ़ि से प्राप्त अर्थ से असंवलित असंक्युत अर्थ को बतलावे तो असंगति ही उसकी होगी। और पुंश्चलीत्वादि रूप अर्थतो सर्वथा ही उसके विषय नहीं हैं।

आलोचन "योगरूढ़ि स्थल में रूढ़िज्ञान से योग का अपहरण सकलतंत्रों में सिद्ध है" यह उद्धरण जिस प्रसंग में आपने लिखा है वह "अबलानां श्रियं" पद्य योग रूढ़ि स्थल नहीं है यह तो नानार्थक श्लेषस्थल है। इस बात को अभी हम स्पष्ट करेंगे। पहले इस विषय में सिद्धान्तियों के सिद्धान्त को दिखलाते हैं।

शास्त्रकारों ने लिखा है कि वह शब्द योगरूढ होता है जो उभय शक्ति से एक ही अर्थ का बोधक हो अर्थात् अवयव शक्ति जिस अर्थ को बतलाती है उसी अर्थ को रूढ़ि शक्ति भी बतलावे और रूढ़िशक्ति जिस अर्थ को बतलाती है उसी अर्थ को योग शक्ति भी बतलावे तभी योगरूढ़ शब्द कहलाता है। जैसे पंकज शब्द पंकजनिकर्तृत्वरूप अवयवार्थ से विशिष्ट पद्म रूप अर्थ का बोधक होता है। यहाँ उभय शक्तियों के द्वारा मिल कर एक ही

रूढिसमानाधिकरणाया असंगतेः। पुंश्चलीत्वादेः सर्वथैव तदविषयत्वात्। एवं यौगिकरूढिस्थलेऽपि बोध्यम्।

मर्मप्रकाशः

तस्या इति। योगशक्तेरित्यर्थः। ननु फलबलात्तथा कल्प्यतेऽत आह—पुंश्चलीति।

मधुसूदनी

लिंगेतरलिंगकस्य अबलशब्दस्य च षष्ठीवहुवचने अबलानामिति एकरूपप्रयोगात् प्रकृतिश्लेषः। यथा नारीणामनुकूलमाचरसीति श्लेषवक्रोक्तेरुदाहरणे काव्यप्रकाशे "हितकृन्नैवाबलानां भवान्" अत्र वामानामित्यस्य नारीणामित्यर्थपरतया योजयित्वा प्रथमः कथयति "भवान् अबलानां स्त्रीणां हितकृन्नैव। अथापरः अबलानामिति दुर्बलार्थतया हितकृदिति हितकर्तनार्थकतया च योजयित्वाह—बलाभावेन शक्त्यभावेन प्रसिद्ध आत्मा स्वरूपं यस्य तस्य हितकर्त्तनं किं युक्तमित्येवं तद् व्याख्यानाच्च। प्रकृतिश्लेष एव। श्रियमिति चपलेति पदयोस्तु योगरूढत्वगन्धोऽपि नास्ति। श्रीर्लक्ष्मीः-शोभेति। चपला कमला विद्युत्पुंश्चलीपिप्पलीषु चेति विश्वमेदिनीकारोक्तेः।

बालक्रीड़ा

अर्थ का बोध कराने के कारण रूढ़िशक्ति से वही पद्म उपस्थित होता है जो पंक से ही पैदा हुआ हो (पङ्कजनिकर्त्तृत्व विशिष्ट) स्थल से पैदा हुआ पद्म उपस्थित नहीं हो सकता है क्यों कि योग शक्ति बाधक हो जाती है। योग शक्ति से भी पङ्क से उत्पन्न पद्म ही उपस्थित होता है कुमुद नहीं क्यों कि रूढ़िशक्ति बाधक हो जाती है। अन्यथा होने पर वह शब्द योगरूढ़ नहीं। जैसा कि आपका लेख है रूढ़िसमानाधिकरणाया योगशक्तेः रूढ्यर्थासंवलितार्थबोधकत्वस्यासंगतेः; सारांश योग, रूढ़ि का और रूढ़ि, योग का अपहरण करती है याने दोनों समान बलवाली हैं यह नही कि रूढ़ि ही योग का अपहरण करे।

यही सिद्धान्त प्रोक्षण्यधिकरण में मीमांसित है—

लब्धात्मिका सती रूढ़िर्भवेद् योगापहारिणी।
कल्प्यमाना तु लभते नात्मानं योगबाधतः॥

जहाँ अन्य प्रमाणों से अवयवों के द्वारा मिले हुए अर्थ में शब्द का प्रयोग नहीं होता है वहाँ रूढ़ि लब्धात्मिका अर्थात् क्लृप्ता होती है। वह क्लृप्ता रूढ़ि योग का अपहरण बाध करती है। और जहाँ तो वह रूढ़ि कल्पनीया होगी वहां योग उसका बाध कर देगा क्यों कि वहाँ रूढ़ि अपने स्वरूप को प्राप्त नहीं करती है। अर्थात् रूढ़ि योग का अपहरण नहीं करती है। यह आचार्य सिद्धान्त हुआ।

अब युक्ति भी सुनिए। यदि योगरूढ़ि स्थल में रूढ़िज्ञान, योग का अपहरण करता होता तब पङ्कज पद से रूढ़िशक्ति के द्वारा पद्मरूप अर्थ के बोधन के समय पङ्कजनिकर्त्तृ रूप योगलभ्य अर्थ का बोध नही होना चाहिए। किन्तु इसके विपरीत योगरूढ़ पंकज पद पंकजनिकर्तृत्वप्रकारक पद्म विशेष्यक अर्थ का ही बोधक होता है। अतः योगरूढ़ि स्थल में रूढ़िज्ञान

मधुसूदनी

एवमेव वारिवहनकर्त्तृत्वप्रकारकः मेघविशेष्यकोऽर्थो विवक्षितश्चेत्तर्हि एवायं वारिवाहशब्दो योगरूढः स्यात्। एतद्भिन्नार्थविवक्षायां तु नैव योगरूढः। यथा प्रकृते गृहेषु जलप्रापकः कहारजातीयः शूद्ररूपोऽर्थोऽपि विवक्षितः। तथा चात्र मेघकहारजातीयशूद्रयोः, अबलादुर्बलयोः, धनशोभयोः, विद्युत्पुंश्चल्योश्च श्लेषः स्यात्, एकार्थस्य नियामकाभावे। सति वा नियामके व्यंग्यतैकस्यापरस्य वाच्यता स्यादिति।

बालक्रीड़ा

योग का अपहरण करता है लेख ठीक नहीं है। जब कि पद्म रूप अर्थ में अनादि तात्पर्यरूप रूढ़ि है और परस्पर में होने वाले अन्वय की जनक सामग्री योगलभ्य अर्थ की उपस्थिति है अतः रूढ़यर्थ पद्म में ही योगार्थ पंकजनिकर्तृत्व का अन्वय होगा, कुमुद में नहीं; तब रूढ़ि ज्ञान योगबुद्धि का अपहरण क्यों करेगा।

प्रकृत "अबलानां श्रियं" पद्य में "अबलानां"[१] 'श्रियं'[२] 'वारिवाहैः'[3] और 'चपला'[४] ये चारों शब्द नानार्थक हैं श्लिष्ट हैं। जिनमें अबलानां और वारिवाहैः पद सभंग हैं और श्रियं और चपला पद अभंग हैं। जैसे अबला शब्द स्त्रीलिंग है और अबल शब्द पुंल्लिग है इन दोनों शब्दों का षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में 'अबलानां' यह रूप बनता है अतः यहां प्रकृति श्लेष ही है। इसीलिए नायिकाओं की (शोभा) तथा दुर्बलों के (धन) ऐसे दो प्रकार के अर्थ आपने माने हैं। यदि यहाँ बलरहित नायिका रूप अर्थ ही विवक्षित होता अर्थात् दोनों शक्तियों के द्वारा बोधित एक ही अर्थ जो बलरहित है वह नायिका ही है, लौर जो नायिका है वही बल रहित है ऐसा अर्थ कहना यदि अभीष्ट होता तब यह 'अबलानां' पद योग रूढ़ होता किन्तु ऐसी बात नहीं है यहां तो इसके सिवाय भी अर्थ आपने लिया है क्योंकि रूढ़ि लभ्य नायिका अर्थ को छोड़ दिया है। केवल योग लभ्य ही अर्थ दुर्बल पुरुष लिया है। तब कैसे यह पद योग रूढ़ हो सकता है। नैवाबलानां भवान्। इस पद्य मे अबलानां स्त्रियों का और अबलानां दुर्बलों का इस तरह श्लेषवक्रोक्ति काव्य प्रकाश में दिखलाई है। इसी तरह वारिवाहैः पद में भी उभय शक्तियों से प्राप्त वारिवहनकर्तृत्व प्रकारक मेघ विशेष्यक अर्थ ही विवक्षित होता तब वारिवाहैः पद योग रूढ़ होता किन्तु वही अर्थ विवक्षित नहीं है। यहाँ तो जल भरने वाला कहार रूप अर्थ भी विवक्षित है अतः योग रूढ़ि स्थल इसको कहना सिद्धान्त और युक्ति के विरूद्ध है।

श्री शब्द के "श्रीर्वेश रचना शोभा भारतीसरलद्रुमे।
लक्ष्म्यां त्रिवर्गसंपत्तौ वेषोपकरणे मतौ॥

इस विश्व एवं मेदिनी कोष के अनुसार आठ ८ अर्थ हैं। उनमें ऊपर निर्दिष्ट शोभा और धन दो अर्थ अपने लिये हैं। तथा

चपला शब्द के "चपला कमला विद्युत्पुंश्चलीपिप्पलीषु च" इस मेदिनी के अनुसार ४ अर्थ है। उन में से विद्युत् एवं पुंश्चली अर्थ आपने लिखे हैं। इस तरह ये चारों शब्द नानार्थक हैं। इनमें श्री एवं चपला शब्दों में तो योग रूढ़ि स्थल की संभावना ही नहीं गन्ध भी नहीं है इसीलिए आपने भी यही लिखा है कि रूढि समानाधिकरण योग शक्ति का

यथा वा—

'चाञ्चल्ययोगि नयनं तव जलजानां श्रियं हरतु ।
विपिनेऽतिचञ्चलानामपि च मृगाणां कथं हरति ॥'

अत्र नैवाश्चर्यकारी चाञ्चल्यगुणरहितानां कमलानां चाञ्चल्यगुणाधिकेन तव लोचनेन शोभायास्तिरस्कारः, आश्चर्यकृत्तु हरिणानां तद्गुणयुक्तानां

मर्मप्रकाशः

पुरुषत्वरतित्वपरिग्रह । योगरूढस्योदाहरणान्तरमाह—यथा वेति । तद्गुणेति । चाञ्चल्य-

मधुसूदनी

चाञ्चल्येति । चाञ्चल्यस्य योगोऽस्तीति तन्मतुबर्थे इनिः । नयति देशाद्देशान्तरं प्रापयति स्वाधिष्ठानभूतं प्राणिनं यत्तत् नयनं नेत्रम् । तवेत्यनेन हे नायिके इति हे प्रिये इति वा सम्बोधनोपलब्धिः । सबोध्यं प्रत्येव तवेति कथनं भवति । सम्बोधनसारो हि युष्मदर्थ इति व्युत्पत्तेः जलजानां जलजनिकर्तृणां पद्मानां श्रियं शोभां हरतु । जलसम्बन्धान्नित्यं सरसानामत एव शोभासम्पन्नेभ्यः प्रभूतत्वात् शोभायाः हरणं सुशकम् । वेपन्ते यत्र तस्मिन् विपिने । यत्र स्थितानां कम्पनं स्थानधर्मः स्वतः प्राप्तं भवन्ति । अत एव अतिचञ्चलानाम् । मृगयन्ति अन्वेषयन्तीति । मृगास्तेषां शोभां कथं हरति अर्थात्तो केवलं बुद्धिमन्त एव शोभायास्तु तत्र सम्बन्ध एव नास्ति तदा कथं तेन तस्या हरणं स्यादिति । यद्वस्तु यस्य पार्श्वे स्यात्तस्यैव वस्तुनस्ततो ग्रहणं सम्भवि नान्यस्य तथापि तत्कथमित्याश्चर्यकृत् ।

बालक्रीड़ा

पुंश्चलीत्वादि सर्वथा विषय नहीं होती है । और अबलानां और बारिबाहैः इन पदों में योगरूढि की मिथ्या गन्ध थी शुद्ध भ्रान्ति थी जिसका स्पष्टी करण ऊपर कर दिया गया है । यही बात यौगिकरूढ स्थल में भी समझना चाहिए । इसके उदाहरण हैं एकान्त, शुद्धान्त उद्भिद् आदि हैं । एकान्त शब्द में "ए कान्त" ऐसा सभंग कर देते हैं तब हे प्रिय ! यह संबोधन होता है । एकान्त ऐसा अभंग कर देते हैं तब "निर्जन" अर्थ होता है । शुद्धान्त शब्द में अन्त शब्द को "अन्तः स्वरूपे निकटे प्रान्ते निश्चयनाशयोः । अवयवेऽपि । इस हेमचन्द्र कोश के अनुसार स्वरूप या निश्चय अर्थ लेते हैं तब निर्मल ज्ञान वाला व्यक्ति अर्थ होता है । दूसरा अर्थ शुद्धान्त शब्द का अन्तः पुर है । उद्भिद् पद का उद्भेदन कर्त्ता तरु गुल्म आदि अर्थ हैं । 'उद्भिदा यजते" के अनुसार उद्भिद याग अर्थ है । इस तरह एक दूसरे से कुछ भी सम्बन्ध नहीं रखते हुए स्वतन्त्र रूप से योगशक्ति और रूढिशक्ति जहां अर्थ बतलावें वह यौगिकरूढि स्थल होता है । इन शब्दों से बने हुए काव्यों में भी रूढ्यर्थ वाच्य होता है और योगार्थ व्यंग्य होता है ।

चाञ्चल्ययोगीति । यह पद्य अपनी प्रिया को या साधारण किसी नायिका को सम्बोधन करके कहा है अयि प्रिये ! या हे नायिके ! तुम्हारे चंचल नयन कमलों की शोभा को

तस्याः स इति वाच्यार्थे पर्यवसन्नेऽपि रूढिनिर्मुक्तकेवलयोगमर्यादया मूर्ख-पुत्राणामत एव प्रमत्तानां नेतृभिश्चोराद्यैः श्रियो धनस्य हरणं सुशकम्, न

मर्मप्रकाशः

गुणाधिक्येत्यर्थः। तस्याः स इति। शोभायास्तिरस्कार इत्यर्थः।

मधुसूदनी

इदन्तु बोध्यम्। अत्र मूर्खपुत्राणामित्यर्थो ग्राह्यः। स च जलजानामित्यस्य जडजानामिति बुध्वा सम्भाव्यते। श्लेषयमकादीनां निर्वाहार्थं स्वीकृतमप्यैक्यं डलयोः शसयोः नणयोः बवयोस्तदपि क्लेषाभावात् कथं स्यात् प्रकृते व्यंग्यं स्वीकर्तुंमते।

बालक्रीड़ा

हरण करें तो कर सकते हैं क्योंकि वे कमल चंचल नहीं हैं। अर्थात् नियन्त्रित हैं और नयन चंचल हैं किसी का नियन्त्रण नहीं मानते हैं। इसीलिए कहा भी है कि घुंघट की ओट में भी ये चंचल नयन छिपे न छिपाये। ऐसी अवस्था में हरण कर लेना चोरी कर लेना हो सकता है। किन्तु विपिन में रहनें वाले क्योंकि नगर में रहने वाले को तो बहुत से व्यवहारों का पालन करना होता है जंगल में उन सब के करने की अवश्यकता नहीं है अत एव स्वच्छन्द विहारी अत एव अतिचञ्चल मृगों की शोभा को कैसे हर लेते हैं। क्योंकि नयन चंचल हैं और मृग तो अतिचंचल है अतः हरण करना जरा कठिन है।

यहां चांचल्य गुण रहित कमलों की शोभा का चाञ्चल्य गुण से अधिक तुम्हारे लोचन से तिरस्कार होना कोई आश्चर्यकारी बात नहीं है। आश्चर्यकारी तो यह है कि उस गुण से युक्त हरिणों की शोभा का तिरस्कार। ऐसे वाच्य अर्थ के पर्यवसन्न होने पर अर्थात् समझने के बाद रूढि से निर्मुक्त अत एव केवल योगशक्ति की मर्यादा से मूर्खों की सन्तान अत एव प्रमादी व्यक्तियों की श्री धन का हरण नेता चोरों के द्वारा सुशक है। न कि गवेषकों अत एव सावधानों की। यह जलज नयन मृग शब्दों से प्रतीयमान अर्थ कैसे व्यञ्जना व्यापर के विना उपपन्न हो सकता है। क्योंकि रूढि ज्ञान के द्वारा योग का अपहरण हो जाने से योग शक्ति उसको बतलाने में असमर्थं है।

अत एव योग शक्ति के असमर्थ होने के कारण ही पंकजादि पदों से पंकजनिकर्तृत्वेन कुमुदादि की उपस्थिति लक्षणासे ही होती है ऐसा नैयायिक मानते हैं।

भगवन् पण्डितराज! आपने प्राचीनों के द्वारा व्यवस्थापित व्यञ्जनां का एक भाग से उन्मूलन करके अपने नये मार्ग से उसका पुनर्व्यवस्थापन करते हैं। समर्थ हैं कर सकते हैं। किन्तु जलज शब्द का मूर्ख पुत्र यह अर्थ क्या रूढि लभ्य है या योग लभ्य है। और क्या जलज शब्द नानार्थक है जिससे उसका दूसरा अर्थ मूर्ख पुत्र प्राप्त हो सके। अगर कहें कि (डलयोरैक्यम्) ड और ल में एकता है अतएव जलज को जडज समझा है अतः जडज से ऐसा अर्थ मिलता है। तब प्रार्थना है कि जल लाओ इस अर्थ में जड लाओ इसका प्रयोग

तु गवेषकाणामत एवाप्रमत्तानामिति जलज-नयन-मृगशब्देभ्यः प्रतीयमानोऽर्थः कथं नाम व्यञ्जनाव्यापारं विनोपपादयितुं शक्यते ।

मर्मप्रकाशः

जलजनयनमृगेति । डलयोरैक्याज्जडजत्वेन मूर्खपुत्राणामित्यस्य, नयतीति नयनमित्यनेन नेतृत्वेन चौराद्यैरित्यस्य, मृगयन्तीति मृगा इत्यनेन गवेषकाणमित्यस्य लाभः । मृग अन्वेषणे' इत्यदन्ताच्चुरादेः पचाद्यच् ।

मधुसूदनी

अथाऽपि प्रसभात्कश्चिद् ब्रूयात्तर्हि यथा चलण्डामरवेष्टितः रुचिङ्कुरु इत्यादिस्थले कवितात्पर्याऽभावेऽपि सहृदयानां प्रतिभासतेऽश्लीलोऽर्थस्तथैवात्राऽपि पद्ये वक्तव्यं यत्तवेतिपदं काकाक्षिगोलकन्यायेन नयनजलजयोरुभयत्रान्वयि स्यात्तर्हि तवैव चौरा तवैव मूर्खप्रत्राणां धनं हरंति इति सम्बोध्यां प्रति वक्तुश्चाटुकारिता वा निन्दा वा प्रस्तुतेति चिन्तनीयं गाढतरशब्दार्थव्युत्पत्तिमसृणीकृतान्तःकारणैरिति । ततश्चास्मदीयं व्याख्याननेव साधु अपरं केवलं चाञ्चल्यमेव । अधिकमुपरिष्टाद्वक्ष्ये ।

बालक्रीड़ा

कोई भी व्यक्ति करता है क्या । कहना पड़ेगा कि नहीं । तब कैसे यह अर्थ आपने लिया । यदि कहें कि श्लेष मार्ग में ड और ल, ब और व, श और स, ण और न को एक माना जाता है । अस्तु । क्या यह श्लेष है ? यदि श्लेष है तब आप ही के कथनानुसार "सोऽव्यादिष्टभुजंगहारवलयस्त्वां सर्वदो माधवः" इस श्लेष काव्य के अनुसार प्रकृत पद्य में भी दोनों अर्थ वाच्य ही होगें उस अवस्था में व्यञ्जना को कहां अवसर हैं जो आपने लिखा कि कैसे व्यञ्जना व्यापार के विना यह अर्थ उपपपन्न हो सकता है ।

नयन शब्द का चोर अर्थ किस व्याकरण के अनुसार किस प्रकृति एवं प्रत्यय के योग से लभ्य है या अनादि तात्पर्य रूप रूढि से लभ्य है । यदि कहें कि आर्थीव्यञ्जना से लभ्य है । भगवन् ! तब योगरूढि का विषय यह कैसा जो आपने लिखा कि नयन शब्द से यह अर्थ लभ्य है ।

मृग शब्द भी योगरूढ नहीं है। परस्परान्वय बोध जनक सामग्री के सद्भाव में ही योगरूढ शब्द होता है यहां तो मृग शब्द के हरिण और गवेषक दो भिन्न भिन्न ही अर्थ गृहीत है । अतः यौगिकरूढि का उदाहरण यह हो सकता है अगर कहे कि यौगिक रूढ़ि स्थल ही यह है तब "यथा वा" में वा पद क्यों ।

एक बात और भी है । यहां तव पद नयन और जलजानां के बीच में रक्खा है अतः चलण्डामरवेष्टितः "रुचिङकुरु" पदों में जैसे नहीं चाहने पर भी परस्पर के सहयोग से अश्लील अर्थ भी सहृदयों को भासित होता है उसी तरह प्रकृत में भी काकाक्षिगोलक न्याय से "तव" पद का अन्वय नयन से और जडजानां दोनों से होगा तब तुम्हारे चोर तुम्हारे मूर्ख पुत्रों के धन का हरण करते हैं यह निन्द्य अर्थ भी उपस्थित होगा जो कि व्यवहार विरुद्ध है ।

अत एव पङ्कजादिपदेभ्यः पङ्कजनिकर्तृत्वेन कुमुदाद्युपस्थितिर्लक्षणयैवेति नैयायिका मन्यन्ते ।

अत एव च 'ईशानो भूतभव्यस्य स एवाद्यः स उ श्वः' इति वेदान्तवाक्ये किमैश्वर्यविशिष्टः कश्चिज्जीवोऽत्र प्रतिपाद्यत उतेश्वर इति संशये जीव

मर्मप्रकाशः

अत एव योगशक्त्या अलाभादेव। एवमग्रेऽपि ईशान इत्यस्य 'अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो ज्योतिरिवाधूमकः' इत्यादिः । कठवल्लीस्थमिदम् । (२ अ २ वल्ली १३मं०) अद्य वर्तमानकाले

मधुसूदनी

अत एव व्यञ्जनाव्यापरं विना रूढिनिर्मुक्तयोगमर्यादया लभ्यार्थस्योपपादयितुमशक्यत्वादेव । नैयायिका इति व्यञ्जनामस्वीकर्तृणां सूचानार्थमत एव अस्मिन् प्रसंगे लक्षणयैवेति निर्देशः । उपपादयितुं शक्यते इति शेषः ।

अत एव चेत्यस्य वादरायणचरणैरिति वेदान्तिनामयमर्थः । ईशानो भूतभव्यस्येत्यत्र व्यंजनाया लक्षणाया अप्रसंगात् रूढिनिर्मुक्तयोगलभ्यार्थस्य विज्ञातुमशक्यत्वादिति ।

बालक्रीड़ा

अपनी ही चीजों की अपने चोरी न करके बाहरी लोगों के यहां चोरी की जाती है । तब कथं पद की क्या संगति होगी । क्योंकि मृग तो बाहरी है उनके यहां चोरी हो सकती है । अतः "अवलानां" और "चाल्ल्ययोगि" नयन इन दोनों में प्रथम पद्य श्लेष ही का उदाहरण है । और दूसरा न श्लेष का है न व्यञ्जना का है यदि कहें कि अपहर्तृव्यवहार भी विवक्षित है तब आपको यह भी मानना होगा कि 'तव' पद उभयान्वयि है और निन्द्य अर्थ भी उपस्थित होता है । यदि कहें कि "तव" उभयान्वयि नहीं है तब हमारी बतलाई हुई व्याख्या ठीक है ।

अत एव योगशक्ति के असमर्थ होने के कारण ही पंकजादि पदों से पंकजनिकर्तृत्वेन कुमुदादि की उपस्थिति लक्षणा से ही नैयायिक लोग मानते हैं ।

ईशान इति । अनुष्ठमात्रः पुरुषो ज्योतिरिवाधूमकः । ईशानो भूतभव्यस्य स एवाद्यः स उ श्वः । एतद्वै तत् । कठ २ अ० २ वल्ली १३ मंत्र । यहाँ "अङ्गुष्ठमात्रः" पद में परिमाण अर्थ में मात्रच् प्रत्यय है । अधूमकः यह ज्योतिः पद का विशेषण है अतः "अधूमकम्" होना चाहिए था किन्तु वैदिक पद है । उ श्वः में उ पद का अर्थ अपि है ।

यहाँ धूम रहित ज्योति की तरह देदीप्यमान अंगुष्ठमात्र पुरुष है । अंगुष्ठमात्र कहने का यह आशय है कि जैसे आकाश सर्वव्यापक है तथापि अंगुष्ठपरिमित पर्व (पोरी) में रहने के कारण उसको अंगुष्ठपरिमाण कह देते हैं इसी तरह प्रकृत में यह ज्योति विभु है किन्तु अंगुष्ठपरिमित हृदय पुण्डरीक में निवास करने के कारण इसको अंगुष्ठपरिमित कहा । भूत जो प्राणी पैदा हो चुके हैं और भव्य जो प्राणी उत्पन्न होंगे उन सब का मालिक यह है । वही

बालक्रीड़ा

आज है वही कल भी रहेगा। यही वह ब्रह्म है। अर्थात् जो सदा रहेगा वह ईश्वर यहां प्रतिपाद्य हैं। इस वेदान्त वाक्य में क्या ऐश्वर्यसम्पन्न कोई जीव यहां प्रतिपाद्य है या ईश्वर ? यह संशय होता है। जब जीव ही प्रतिपाद्य है यह पूर्वपक्ष होता है तब उत्तरमीमांसा वेदान्त शास्त्र के प्रवर्त्तक आचार्य वादरायण व्यास जी ने उपर्युक्त मंत्रगत "ईशान" शब्द अर्थात् निरपेक्ष श्रुति से ईश्वर ही यहाँ प्रतिपाद्य है इस आशय के अनुसार सूत्र (शब्दादेव प्रमितः) बनाया।

लिंग और श्रुति के विरोध में लिंग से श्रुति बलवती होती है। प्रकृत में अंगुष्ठमात्र जीव का लिंग है और ईशान शब्द श्रुति है अतः श्रुति की प्रबलता से परमेश्वर यहाँ प्रतिपाद्य है। ऐसी व्याख्या की योगरूढि स्थल में व्यञ्जना के सिद्धान्त का निरूपण करते समय क्या संगति है।

अतः इसकी यों व्याख्या होनी चहिए, यहां वेदान्त वाक्य में ईशान शब्द योगरूढ़ है। इस का स्वरूप हम ऊपर बतला चुके हैं कि जो शब्द उभयशक्ति के द्वारा परस्परालिंगित अर्थ का बोधक होता है वह योगरूढ़ है। अतः केवल योगशक्ति के सहारे ईशनकर्त्ता जीव यहाँ प्रतिपाद्य नहीं है अपितु उभयशक्ति के सहारे ईशनकर्त्तृत्वविशिष्ट परमेश्वर ही यहां प्रतिपाद्य है यही सिद्धान्त है। फलतः प्रकृत में इस वेदान्त वाक्य के उल्लेख का इतना ही प्रयोजन है कि ऐसे स्थलों में यौगिक अर्थ को स्वतन्त्र रूप से केवल योग शक्ति नहीं बतला सकती है। वस ! व्यंजना या लक्षणा उसे बतलावे या बतलाती है इससे इसका कोई भी सम्बन्ध नहीं है। और लिंग श्रुति वाली व्याख्या का जहाँ उपयोग है वहां वह व्याख्या की ही गइ है।

अथवा उपर्युक्त व्याख्या का समन्वय इस प्रकार हो सकता है। योगरुढ स्थल में एक नियम है कि जहाँ यौगिक अर्थ के किसी भी सम्बन्धी का निर्देश किया गया हो तो वहाँ रूढि शक्ति दुर्बल हो जाती है। जैसे "पद्मानि यस्याग्रसरोरुहाणि प्रबोधयत्यूर्ध्वमुखैर्मयूखैः" यहाँ सरोरूह शब्द योगरूढ है किन्तु "सरोवर में पैदा होने" इस योगलभ्य अर्थ के सम्बन्धी "अग्रभाग में स्थित" रूप अर्थ का निर्देश होने से रूढिशक्ति दुर्बल हो गई अतः अपने पद्मरूप अर्थ को नहीं बतला सकती है इसीलिए पद्मानि पद का पृथक् उपादान किया। इसी तरह प्रकृत वेदान्तवाक्य के ईशान शब्द योगरूढ में योगलभ्य ईशनकर्तृत्त्व रूप अर्थ के सम्बन्धी भूत और भव्य प्राणीरूप पदार्थ का निर्देश है। किनका ईशन (शासन) करता है इस आकांक्षा की पूर्ति इस अर्थ से होती है। अतः रूढि दुर्बल हो गई है। फलतः योगशक्ति से जीव ही प्रतिपाद्य है। इस पूर्वपक्ष में सिद्धान्त है कि जैसे अंगुष्ठमात्र शब्द अल्पपरिमाणरूप जीव लिंग में श्रुत है वैसे ही भूतभव्यसमभिव्याहृत ईशान शब्द की ब्रह्मलिंग में श्रुति है। अतः लिंगत्व दोनों जगह समान है। तथापि योग के द्वारा लिंग होता हुआ भी ईशान शब्द श्रुति रूप ही है और "श्रुतिलिंग वाक्य प्रकरण स्थान समाख्यानां समवाये पारदौर्बल्यमर्थविप्रकर्षात्" इस जैमिनिमहर्षीय सूत्रोक्त सिद्धान्त के अनुसार श्रुति सब से बलवती है अतः परमेश्वर के अभिधायक ईशान शब्द के योगलभ्य अर्थ से रूढि का वारण संभव नहीं है फलतः रूढि से परमेश्वर प्रतिपाद्य है। इसकी प्रकृत से क्या संगति है वह ऊपर बतला दी गई है।

इसके सिवाय स एवाद्य स उ श्वः में यह अंश पूर्व पद्योक्त पद्मानि की तरह उपोद्बलक

एवेति पूर्वपक्षे च 'शब्दादेव प्रमितः' इति सूत्रितमुत्तरमीमांसाकारैर्बादरायणचरणैः। (ब्रह्मसूत्रे १।३।२४) तस्मादर्थान्तरमिह न शक्तिवेद्यम्। अपि तु व्यक्तिवेद्यमेव।

मर्मप्रकाशः

स एवास्ति। श्वो भविष्यत्काले स एव भवितेत्यर्थः। जीव एवेति। 'अङ्गुष्ठपरिमाणस्य लिङ्गस्य ब्रह्मण्यसंभवादिति भावः। सूत्रितमिति। सिद्धान्तार्थमिति शेषः। स चेत्थम्—परमात्मात्र प्रतिपाद्यः प्रमितः। कुतः। शब्दादेव। ईशानो भूतभव्यस्येत्यत्रेशानशब्दात्। नहि जीवे ईशानशब्द आञ्जसः। लिङ्गश्रुत्योर्विरोधे श्रुतेः प्राबल्यात् एतत्सूचनार्थमेवैवकारः। अङ्गुष्ठमात्रत्वं तु अङ्गुष्ठमात्रजीवानुवादेन ब्रह्माभेदप्रतिपादनान्नानुपपन्नमिति। ननु शक्त्य-

मधुसूदनी

अत्रायमाशयः। अत्र श्रुतौ कः प्रतिपाद्यः इति संशये ईशानशब्दो योगरूढः। स हि उभयशक्त्या परस्परान्वितमर्थमेवाभिधत्ते न केवलया योगशक्त्या न च तादृश्या रूढया वा। ततश्च रूढितिनिर्मुक्तयोगेन लभ्यमर्थं गृहीतुमशक्यत्वादुभयशक्त्या ईशनकर्तृत्वविशिष्टः परमेश्वर एव ग्राह्यः इति।

तस्मादुक्तनिदर्शनात् "अबलानां" "चाञ्चल्ययोगि" इति पद्ययोः अर्थान्तरं योगलभ्योऽर्थः। अत्र अर्थान्तरमित्यस्य स्थाने योगलभ्योऽर्थ इति वक्तव्यं तस्य प्रकृतत्वात् अर्थान्तरमित्यस्य कथने नानार्थक एवायाति।

ननु पंकजपदाद्यथा केवलरूढिलभ्यस्य पद्मरूपार्थस्य बाधे सति केवल योगार्थस्य कुमुदरूपस्यार्थस्योपस्थितिर्लक्षणया भवति तथैव "अबलानामिति पद्येऽपि अशक्तानां धनमपहृत्य पुंश्चल्यो जलवाहकैः कहारजातीयशूद्रैः सह रमन्ते" इति केवल

बालक्रीड़ा

है। वही आज है वह कल भी रहेगा। ऐसी किसी जीव की स्थिति नहीं हो सकती है। यह स्थिति तो ईश्वर की ही है; अतः वही प्रतिपाद्य है।

तस्मात् "अबलानां" "चाञ्चल्ययोगि" इन पद्यों में योग लभ्य अर्थ शक्तिवेद्य नहीं है अपितु व्यक्ति वेद्य ही है। यहाँ अर्थान्तरं पद की जगह योगलभ्य अर्थ यह पाठ उचित है। क्योंकि इसी अर्थ के लिए व्यक्ति की स्वीकृति प्रकृत में सिद्धान्तित की है। यदि अर्थान्तरं पद का विन्यास करेंगे तब तो नानार्थक ही होगा।

अगर कहें कि पंकज पद से जैसे केवल रूढि लभ्य पद्मरूप अर्थ के बाध होने पर कुमुदरूप केवल योगलभ्य अर्थ की उपस्थिति लक्षणा वेद्य है उसी तरह यहाँ भी अशक्तों के धन का अपहरण करके पुंश्चलियाँ जलवाहक कहारों के साथ रमण करती है "यह केवल योगलभ्य अर्थ भी लक्ष्य हो जाय। यह भी ठीक नहीं। क्योंकि लक्षणा का बीज है बाध, वह; नायिकाओं की शोभा का अपहरण करके विजलियाँ मेघों के साथ जब रहती हैं वह समय

यथाश्रुतार्थस्यैवोपपत्तेर्बाधाभावेन लक्ष्यमित्यपि न शक्यं वक्तुम्। तात्पर्यार्थबाधस्तु तदर्थबोधोत्तरं बोध्यः। स एव तु कथं स्यादित्युपायोऽयं

मर्मप्रकाशः

वेद्यत्वेऽप्यन्यत्र लक्षणावेद्यत्वमेवास्तामत आह—यथेति। तथा च मुख्यार्थबाधरूपलक्षणाबीजाभावान्न सेति भावः। नन्वेवं तथापि कथं निर्वाहोऽत आह—तात्पर्यार्थेति। ननु यत्र तद्वाक्येन तदर्थान्वयबोधात्प्रावप्रकारान्तरेण तदर्थे वक्तुस्तात्पर्यग्रहस्तत्रास्तु नाम 'काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्'

मधुसूदनी

योगलभ्योऽर्थोऽपि लक्ष्यो भवतु इति प्राह-यथाश्रुतस्येति। नायिकानां शोभामपहृत्य विद्युतो मेघैः सह तिष्ठन्तीत्यर्थस्य यथाश्रुतस्य उपपत्तौ लक्षणाया बीजस्य बाधस्याभावात् लक्षणावेद्यमित्यपि वक्तुं न शक्यते।

ननु बाधस्य प्रतियोगी न केवलं मुख्यार्थ एव तात्पर्यार्थोऽपि ततश्च तात्पर्यबाधाधारेण अर्थान्तरं लक्ष्यमित्यपि वक्तुं शक्यमिति प्राह–तात्पर्यार्थेति। किन्तु तात्पर्यार्थस्य बोधोत्तरं तात्पर्यार्थबाध इति ज्ञातुं सुशकं परं तु स तात्पर्यार्थबोध एव। तत्र कश्चिदुपायो नहि अस्ति इत्यन्वयः। अस्माद् व्यञ्जनाव्यापारात्। ऋते विना। अन्यत्रापि चांचल्योगीति पद्यादावपि।

बालक्रीड़ा

आ गया है इस यथाश्रुत अर्थ की उपपत्ति हो जाने से यहां होता नहीं है अतः इसे लक्ष्य भी नहीं कह सकते।

प्रश्न—यदि कहें कि बाध शब्द का प्रतियोगी केवल मुख्यार्थ ही नहीं है तात्पर्यार्थ भी है अतः तात्पर्यार्थबाध के आधार पर इसे लक्ष्य कहते हैं, ठीक है; किन्तु तात्पर्यार्थ के समझने के बाद असंगत होने पर तात्पर्यार्थबाध जाना जा सकता है। "तात्पर्यार्थ का बोध ही कैसे हो" यही उपाय यहां विशेष रूप से चिन्तनीय है।

जैसे अध्ययन के लिए गुरु में (गुरू के पास) छात्र रहता है। (अध्ययनाय गुरौ वसति) कूप में (कूप के पास) गर्ग का कुल है (कूपे गर्गकुलम्) गंगा में (गंगा के पास) गायें चरती हैं (गंगायां गावश्चरन्ति) इत्यादि सकल उदाहरणों में समीपार्थक सप्तमी सिद्धान्त में मानी जाती है तदनुसार अर्थ भी ऊपर लिखा है। वैसे ही (गंगायां घोषः) गंगा में घोष हे यहाँ पर भी समीपार्थक सप्तमी से गंगा के पास घोष है यह अर्थ समन्वित हो जा सकता है तब लक्षणा की क्या आवश्यकता है। तब पढ़ाया जाता है गोष्ठी में किसी गरिष्ठ व्यक्ति ने कहा कि भाई यहाँ तो बड़ी गरमी है यहाँ रहना इस हालत में मुश्किल है। इस पर किसी सज्जन ने कहा कि हमारे गाँव में चलिये वहाँ आप को बड़ी तरी ठंढक मिलेगी। तब उसने पूछा ऐसी क्या बात है। उत्तर में कहा कि हमारा गाँव गंगा में है इतना कहने पर पूर्व कथित तात्पर्यार्थ नहीं मिला तब लक्षणा की गई फलतः लक्षण का बीज तात्पर्यार्थबाध भी है।

विचिन्त्यते। नह्यपहर्तृव्यवहारो वक्त्रा विवक्षित इति श्रोतुर्बोधे कश्चिदुपायोस्ति ऋते सहृदयहृदयोन्मिषितादस्माद्व्यापरात्। एवमन्यत्राप्यूह्यम्। तादृशार्थप्रतिपत्तिरेव नास्तीति तु गाढतरशब्दार्थव्युत्पत्तिमसृणीकृतान्तःकरणैर्न शक्यते वक्तुम्।

तथा चेत्थं संग्रहः—

'योगरूढस्य शब्दस्य योगे रूढ्या नियन्त्रिते।
धियं योगस्पृशोऽर्थस्य या सूते व्यञ्जनैव सा॥

एवं स्थिते नानार्थस्थलेऽप्युपमायाः प्राकरणिकाप्राकरणिकार्थगतायाः

मर्मप्रकाशः

इत्यादौ तात्पर्यानुपपत्त्या लक्षणा, प्रकृते तु न तथेत्याह—नह्यपहर्तृव्यवहार इति। अस्माद्व्यञ्जनरूपात्। तादृशेति। अन्येत्यर्थः। अवश्यं वाच्ययेति। अर्थापत्तेः प्रमाणान्तरत्वे माना-

मधुसूदनी

गाढेति। गाढतरा दृढा या शब्दार्थयोर्विषये व्युत्पत्तिः विशिष्टं ज्ञानं तया मसृणीकृतं ज्ञातुं योग्यीकृतमन्तः करणं येषां तैः सहृदयैरित्यर्थः।

योगेति। योगरूढस्य शब्दस्य योगे (योगशक्तौ) रूढया नियन्त्रिते योगार्थं बोधयितुमसमर्थे कृते योगस्पृशः योगमर्यादया लभ्यस्यार्थस्य धियं बुद्धिं या सूते करोति सा व्यञ्जनैव नान्या लक्षणादिकेति एवकारार्थः।

गताया निष्ठाया उपमायाः प्रतिपत्तये ज्ञानाय। प्रतिपत्तौ सत्यामिति शेषः।

बालक्रीड़ा

अपहर्त्ता का व्यवहार वक्ता को विवक्षित है अर्थात् अपहर्त्ता के व्यवहार को बताने में वक्ता का तात्पर्य है किन्तु श्रोता के पास उस व्यवहार को समझने के लिए कोई उपाय नहीं है सिवाय सहृदयों के हृदय में उन्मिषित होने वाले व्यंजना व्यापार के; यही सिद्धान्त और उदाहरणों में भी समझना।

अपहर्त्ता के व्यवहार की प्रतिपत्ति ही यहां नहीं होती है; यह तो शब्द एवं अर्थ के विषय में गाढतर व्युत्पत्ति से जिनका अन्तः मसृण हो गया है वे लोग नही कह सकते हैं। यहाँ मसृणित कहने का यह भाव है कि जैसे चिक्कन जगह में पैर रखते ही पैर रखने वाले का शरीर तुरन्त धराशायी हो जाता है वैसे ही उस तरह के शब्द सुनने वाले के अन्तःकरण में उस शब्द का अर्थ सत्त्वर बोध गम्य हो जाता है।

इस वास्ते इस विषय में ऐसा संग्रह हम करते हैं—योगरूढ़ शब्द की योग शक्ति का रूढ़ि के द्वारा नियन्त्रित हो जाने पर जो योगस्पृष्ट योगलभ्य अर्थ की बुद्धि को पैदा करदे वह व्यंजना ही है।

इसी स्थिति में नानार्थ स्थल में भी जब प्राकरणिक एवं अप्राकरणिक अर्थ गत

प्रतिपत्तयेऽवश्यं वाच्यया व्यञ्जनयैवाप्राकरणिकस्याप्यर्थस्य प्रतिपत्तावलं क्लिष्टकल्पनयेत्याशयेन प्राचीनैरुक्तं नानार्थव्यञ्जकत्वमपि न दुष्यति । तत्र नानार्थशक्तिनियमनाय तैः संयोगादयो निरूपिताः—

'संयोगो, विप्रयोगश्च, साहचर्यं, विरोधिता ।
अर्थः, प्रकरणं, लिङ्गं, शब्दस्यान्यस्य संनिधिः ॥
सामर्थ्य, मौचिती, देशः, कालो, व्यक्तिः, स्वरादयः ।
शब्दार्थस्यानवच्छेदे विशेषस्मृतिहेतवः ॥' इति ।

तत्र

मर्मप्रकाशः

भावादिति भावः । क्लिष्टेति । पूर्वोक्तेत्यर्थः । तत्र निरूपितायां व्यञ्जनायाम् । तैः प्राचीनैः । तत्र संयोगादीनां मध्ये ।

मधुसूदनी

क्लिष्टकल्पनया अन्ये त्वत्र प्रत्यवतिष्ठन्त इति मतोक्तरीतिविचारणया "पयो रमणीय" मित्यतः सत्यपि प्रकरणज्ञाने द्वितीयार्थ उपतिष्ठत एवेत्यादि वाचोयुक्तेरमणीयत्वादित्यन्तरूपया अलं व्यर्थम् । इत्याशयेन अभिप्रायेण न दुष्यति उचितमेव प्रतिभातीत्यर्थः ।

तत्र नानार्थस्थले । तैः हरिप्रभृतिभिः । आनन्दाभिनवगुप्तादिभिर्वा । शब्दार्थस्य नानार्थशब्दसम्बन्धिनः अर्थस्य नानारूपस्येत्यर्थात् । अनवच्छेदे नानात्वेन प्रतिपत्त्यनियमे अर्थात् सन्देहे सति विशेषस्य एकतरस्य स्मृतौ पदार्थोपस्थितौ हेतवः । सर्वेषामर्थानामुपस्थितावपि नियन्त्रणवशादेकस्यैव अर्थस्य शाब्दबोध इति सारम् । इमे संयोगादयो नियामकाः चतुर्दश ।

तत्र तेषां मध्ये । संयोग इति । नानार्थस्य शब्दस्य यत् शक्यान्तरं

बालक्रीड़ा

उपमा की प्रतिपत्तिके लिए व्यंजना अवश्य ही वाच्य है तब अप्राकरणिक अर्थ की जानकारी भी उसी से करनी चाहिए अतः (अन्ये तु अत्र प्रत्यवतिष्ठन्ते) और लोग तो इस विषय के विरुद्ध उत्थान करते हैं । इस मत के निरूपण के समय कल्पनाओं का क्लेश करना व्यर्थ है । इस आशय से नानार्थव्यञ्जकत्व भी प्राचीनों का कहा हुआ दुष्ट नहीं है । उचित ही है ।

उस निरूपित शाब्दी व्यञ्जना के प्रसंग में नानार्थशब्द की शक्ति का नियमन करने के लिए भर्तृहरि प्रभृति प्राचीन आचार्यों ने संयोग वगैरह १४ नियामकों को बतलाया है ।

इस नानार्थक शब्द का प्रकृत प्रसंग में कौन सा अर्थ विवक्षित है ऐसा सन्देह होने पर विशेष अर्थात् प्रकृतोपयोगी अर्थ के स्मृति हेतु निर्णायक संयोग आदि १४ कारण हैं ।

उनमें संयोग उस सम्बन्ध को कहते हैं जिसकी नानार्थकशब्द के दूसरे २ अर्थों में

संयोगो नानार्थशब्दशक्यान्तरवृत्तितया अप्रसिद्धत्वे सति तच्छक्यवृत्तितया प्रसिद्धः संबन्धः ॥

यथा—'सशङ्खचक्रो हरिः' इत्यत्र शङ्खचक्रयोः संयोगो भगवन्मात्रनिष्ठतया प्रसिद्धो भगवति हरिशब्दस्याभिधाया नियमेनावस्थापकः। न त्वायुधसामान्यसंयोगः, पाशाङ्कुशादिसंयोगो वा दलद्वयाभावात्। न चासौ

मर्मप्रकाशः

मात्रपदेन विशेषणदलसत्ता सूचिता। भगवति विष्णौ। क्रमेण दलद्वयकृत्यमाह—न त्वायुधेति। असौ संयोगः। लिङ्गत्वात्तत्वेन ग्रहणात्। तथा च विशेषणदले नियमेनेति

मधुसूदनी

द्वितीयोऽर्थः तद्वृत्तितया तन्निष्ठतया। तस्यैव शब्दस्य यः शक्यः तद्वृत्तितया। सम्बन्धः संयोगः गुणविशेषरूपः। भगवन्मात्रेत्युक्तौ तच्छक्यवृत्तितयेत्यस्य तदर्थमात्रनिष्ठतयेति बोध्यम्।

आयुधसामान्येति। आयुधसामान्यस्य आयुधत्वेन अर्थात् आयुधोऽस्तीति यस्य कस्यापि आयुधस्य संयोगः। पाशांकुशत्वादिना आयुधविशेषस्य संयोगो वा नात्र ग्राह्यः। तच्छक्यान्तरवृत्तितया अप्रसिद्धत्वे सति तच्छक्यवृत्तितया प्रसिद्धः इत्यनयोः द्वयोः दलयोः लक्षणखण्डयोरभावात् असमन्वयात्। अयं भावः।

सायुधो हरिरित्यत्र आयुधत्वेन आयुधसामान्यसंयोगः नानार्थकस्य हरि शब्दस्य शक्यान्तरे इन्द्रादौ अप्रसिद्धो नास्ति वज्रहस्तः पुरन्दर इत्यादिना आयुधसंयोगस्य तत्र प्रसिद्धत्वात्। इति प्रथमदलकार्यम्। सपाशांकुशो हरिरित्यत्र आयुधविशेषपाशांकुशयोः संयोगो हरौ विष्णौ प्रसिद्धो नास्ति। अन्येष्वपि वीरेषु तेषां सद्भावात्। इति द्वितीयदलकार्यम्।

न चासाविति। असौ संयोगः। शक्यान्तरे अर्थान्तरे। प्रकृते संयोगादौ। नियमेन अवृत्तेः फलमाह-शंखेति। कदाचिद् धारणं संभवतीत्यस्य नियमेन शक्यान्तरे

बालक्रीड़ा

रहने की प्रसिद्धि न होने पर भी किसी एक अर्थ में रहने की प्रसिद्धि हो। जैसे "सशंखचक्रो हरिः" यहां पर शंख और चक्र का संयोग केवल भगवान् में प्रसिद्ध है और इन्द्रादि अर्थों में प्रसिद्ध नहीं है अतः वह भगवान् में हरि शब्द की अभिधा का नियमन करता है।

आयुधत्व धर्म जिनमें रहता है उन सभी आयुधों का संयोग और पाश तथा अंकुश आदि विशेष आयुधों का संयोग अभिधा का नियामक नहीं हो सकता है क्यों कि इस प्रकार के संयोग में लक्षण के दोनों खण्डों का अभाव है।

शंका—इस संयोग को लिंग के अन्तर्गत क्यों नहीं मान लेते।

उत्तर—दूसरे २ अर्थों में नियम से नहीं रहना ही प्रकृत में लिंग माना है। शंख

लिङ्गान्तर्गत इति मन्तव्यम् । शक्यान्तरे नियमेनावृत्तेरेव प्रकृते लिङ्गत्वात् शङ्खचक्रयोस्त्विन्द्रादिनापि कदाचिद्धारणसंभवात् ।

विप्रयोगो विश्लेषः ॥

यथा—'अशङ्खचक्रो हरिः' इत्यत्र तयोरेव विश्लेषस्तथा । अत्र हि स्वनियतपूर्ववर्तिसंश्लेषवद् विश्लेषस्य प्रागुक्तदलद्वयाक्रान्तत्वमपेक्ष्यते । तेनायुधसामान्यविभागः, पाशाङ्कुशादिविभागो वा न तथा । यद्यप्यत्र गुणतया

मर्मप्रकाशः

पूरणीयमिति भावः । तयोरेव शङ्खचक्रयोरेव । तथा अभिधानियामकः । एवमग्रेऽपि । अतिप्रसङ्गवारणायाह—अत्रेति । तेन संश्लेषपूर्वकस्यैव तस्य ग्रहणमिति नातिप्रसङ्गः । प्रागवत्तत्कृत्यमाह—तेनेति । गुणतया प्रकारतया ।

मधुसूदनी

वृत्तिताया अप्रसिद्धिरिति फलम् । इन्द्रः शंखचक्रौ धारयतीति प्रसिद्धिर्नास्ति अत एव अप्रसिद्धत्वे सति प्रसिद्ध इति संयोगलक्षणे उपात्तम् । लिंगे तु तादृशो नियमः अर्थात् सर्वथा व्यावृत्तिरिति तस्माद्भिन्नः संयोगः ।

तयोरिति । शंखचक्रयोरेवेति । विश्लेषो विभागः । तथा नियमेन अभिधाया व्यवस्थापकः । प्राग् संयोगलक्षणे उक्तस्य दलद्वयस्य आक्रान्तत्वं युक्तत्वं विश्लेषेऽपि अपेक्ष्यते इति भावः । तेन संश्लेषवद्विभागेऽपि दलद्वयापेक्षणेन । पाशेति । आयुधविशेषविभाग इति बोध्यम् ।

"संश्लेषस्य दलद्वयाक्रान्तत्वमपेक्ष्यते" इति विसंठुष्लः पाठः । अत्र प्रागुक्तपदेन संश्लेषस्यैव ग्रहणं नान्यस्य, संयोगस्यैव प्रागुक्तत्वाद् । तत्र तु तत्त्वं वर्त्तत

बालक्रीड़ा

और चक्र को इन्द्रादिक भी कदाचित् धारण कर सकते हैं ऐसा शंख और चक्र में सम्भव है किन्तु वैसी प्रसिद्धि नहीं है । अतः नियम नहीं होने से लिंग नहीं है ।

विश्लेष का नाम विप्रयोग है । जैसे 'अशंखचक्रो हरिः' यहां पर उन्हीं दोनों का विश्लेष अभिधा का नियामक है । यहां पर नियम पूर्वक अपने से अर्थात् विश्लेष से पहले रहने वाले संश्लेष याने संयोग की तरह विश्लेष में भी पहले कहे हुए संयोग के लक्षण के दोनों दलों की सत्ता की अपेक्षा है आवश्यकता है अतः लक्षण के दोनों खंडों की संगति के अभाव में आयुध सामान्य का विभाग या पाश और अंकुश रूप आयुध विशेष का विभाग अभिधा का नियमन नहीं कर सकता है । यद्यपि संयुक्तों का ही विश्लेष होता है इसलिए विश्लेष में पूर्वोक्त लक्षण वाला संयोग भी अंगत्वेन वर्तमान है अतः वही अभिधा के नियमन के लिए पर्याप्त है । तब भी गुण और प्रधान दोनों के एक साथ आने पर प्रधान का ही अनुरोध न्याय्य है उचित है इस आशय से विप्रयोग को पृथक् अभिधा का नियामक कहा । अथवा केवल संयोग और विश्लेष का गुणीभूत संयोग, इस प्रकार संयोग को द्विविध दिखाने के लिए अलग २ कहा ।

वर्तमानस्तादृशसंयोग एवाभिधानियमनायालम्, तथापि गुणप्रधानयोः संनिपाते प्रधानानुरोध एव न्याय्य इत्याशयेन विप्रयोगस्य नियामकत्वमुक्तम्। यद्वा संयोगस्यैव केवलत्वेन, विश्लेषगुणीभूत्वेन च द्वैविध्यप्रदर्शनाय तथोक्तम्।

साहचर्यमेकस्मिन्कार्ये परस्परापेक्षित्वम् ॥

यथा—'रामलक्ष्मणौ' इत्यत्र रामे लक्ष्मणसाहचर्यं रामशब्दस्य। अथ किमिदं परस्परापेक्षित्वं यत्किंचित्कार्ये, सर्वेषु कार्येषु वा। नाद्यः। घटाद्यव्यावर्तनाद्घटसाहचर्यस्यापि रामपदशक्तिनियामकतापत्तेः। न द्वितीयः। लक्ष्मणसा-

मर्मप्रकाशः

तादृशेति। दलद्वयाक्रान्तेत्यर्थः। अलं समर्थः। विश्लेषस्य नियामकत्वकल्पनजगौरवादाह—यद्वेति। केवलत्वेन शुद्धसंयोगत्वेन। रामशब्दस्य राघवेऽभिधानियामकमिति

मधुसूदनी

एव तर्हि किमुच्यते संश्लेषस्य अपेक्ष्यते इति। एकत्र वर्तमानस्य धर्मस्य अन्यत्राभावे आवश्यकतायां सत्यामपेक्ष्यते इति पदं प्रयुंक्ते लोकः। तस्माद् स्वनियतपूर्ववर्त्तिसंश्लेषवद् विश्लेषस्यापीति पाठः सुसंष्ठुलः। स्वपदार्थो विश्लेषः।

ननु संयोगपूर्वको विभाग इति सिद्धान्ताद् विभागे संयोगस्यापि अनुस्यूततया तेनैव कार्यनिर्वाहे किमिति द्वयोः पृथक् पृथङ् नियामकत्वमुच्यते, प्रत्युत तथाकरणे गौरवञ्चेति शंकामभ्युपगम्य क्रमश उत्तरं ब्रूते-यद्यपीति। अत्र विश्लेषे अंगतया गुणतया। किमिति द्वयोरिति शंकां समाधाय गौरवं परिहर्तुमाह—यद् वेति।

परस्परेति। परस्परापेक्षित्वम् अन्योन्यगतमन्योन्यस्यावश्यकतानुभवकर्तृत्वम्। एकस्मिन् कार्ये इत्यस्यार्थं स्फोरयितुमाह-अथ किमिदमिति। घटसाहचर्यस्यापि जलादिग्रहणे रामपदशक्तेर्नियामकताया आपत्तेः। घटसाहचर्यमपि रामपदशक्तिं नियमयिष्यतीति भावः।

बालक्रीड़ा

किसी एक कार्य में परस्पर की अपेक्षा का नाम साहचर्य है। जैसे 'रामलक्ष्मणौ' यहां पर लक्ष्मण का साहचर्य राम रूप अर्थ में राम शब्द की अभिधा का नियामक है।

प्रश्न—यह परस्पर की अपेक्षा क्या है। क्या जिस किसी कार्य में परस्परापेक्षा है या सभी कार्यों में। अगर कहें कि जिस किसी कार्य में परस्परापेक्षा होनी चाहिये, तब तो घटादि की व्यावृत्ति नहीं होगी। क्योंकि घट की भी किसी न किसी कार्य में राम को अपेक्षा हो सकती है। अतः घट साहचर्य भी रामपद की शक्ति का नियामक हो सकता है। यदि कहें कि सभी कार्यों में परस्परापेक्षा होनी चाहिए। तब तो लक्ष्मण साहचर्य के भी निवारण करने की आपत्ति आ जायगी। अर्थात् सभी कार्यों में लक्ष्मण का साहचर्य नहीं हो सकता

हचर्यस्यापि निवारणापत्तेः । पक्षद्वयेऽपि रामायोध्ये रघुरामावित्यत्रानियमापत्तेश्च ।

न च नानार्थपदसमभिव्याहृतपदान्तरार्थस्य प्रसिद्धः संबन्धस्तत् । स चैकजन्यत्वदांपत्यजन्यजनकभावस्वामिभृत्यभावस्वस्वामिभावादिरनेक-

मर्मप्रकाशः

शेषः । निवारणेति । सर्वत्र तदभावादिति भावः । पक्षद्वयेऽपीति । कार्यमात्रे तयोस्तदभावात् । आद्येऽसंभवात्, अन्त्ये तदा रघोरसत्त्वादिति भावः । प्रसिद्ध इति ।

मधुसूदनी

निवारणेति । रामलक्ष्मणयोः सर्वेषु कार्येषु साहचर्यस्याभावात् लक्ष्मण साहचर्यस्यापि निवारणविषये नियमनविषये आपत्तेः । कार्यमात्रे तयोस्तदभावात् लक्ष्मणसाहचर्यमपि रामपदशक्तिं निवारयिष्यति न वेति संदेह एव ।

पक्षद्वयेपि यत्किंचित्कार्ये, सर्वेषु कार्येषु चेति परिग्रहद्वयेऽपि । पक्ष परिग्रहे इति धातुपाठः । रामश्चायोध्या चेति सहभावविवक्षायां वृत्तिर्द्वन्द्वैकशेषयोरिति नयात् रामायोध्ययोः सहभावः सहावस्थानं साहचर्यं बाल्ये आसीत् तथा राज्याभिषेकादुत्तरमान्तमपि । एवं यत्किंचित्कार्ये एव नतु सर्वेषु कार्येषु । लक्ष्मणस्यापि सर्वेषु कार्येषु सहभावो नासीदिति । रघुरामावित्यत्र सहभावोऽसंभवी इति युक्तं, रामसमये रघोरसत्वात् । अनियमापत्तेः नियामकताया अभावस्य आपत्तेः ।

साहचर्यस्य लक्षणान्तरकरणेऽपि न संगतिरिति दर्शयितुमुपक्रमते-न चेति । नानार्थपदस्य समभिव्याहृतं समीपोच्चारितं यत्पदान्तरं तदर्थस्य नानार्थपदबोध्यार्थेन सह प्रसिद्धः सम्बन्धस्तत् साहचर्यम् । स च सम्बन्धः एकजन्यत्वादिरनेकविधो बहुविधः । एकजन्यत्वं सहोदरत्वम् । अविशिष्टतया समानतया । अयं भावः । निर्दिष्टेषु सम्बन्धेषु एकजन्यत्वस्वरूपः सम्बन्धः "रामलक्ष्मणौ" इत्यत्र यथा अस्ति

बालक्रीड़ा

है अतः यही कहना पड़ेगा कि लक्ष्मण साहचर्य भी राम पद की शक्ति का नियामक नही हो सकता है । इस तरह राम पद की शक्ति के नियमन के विषय में लक्ष्मण साहचर्य को निवारण करना पड़ेगा । और भी एक आपत्ति हो जायगी कि दोनों पक्षों में भी "रामायोध्ये" और रघुरामौ इत्यादि स्थलों में नियमन नहीं होने की आपत्ति आ जायगी क्योंकि प्रथम उदाहरण में राम और अयोध्या का सभी कार्यों में परस्परापेक्षा होना असम्भव है और रघु और राम इस द्वितीय उदाहरण में राम के समय में रघु थे ही नही तब साहचर्य कैसा ।

प्रश्न—नानार्थ पद के समीप में उच्चारित जो पदान्तर उसके अर्थ के साथ जिसका सम्बन्ध प्रसिद्ध हो उस प्रसिद्ध सम्बन्ध का नाम ही साहचर्य है । और वह सम्बन्ध एक व्यक्ति के यहां पैदा होना, अर्थात् सहोदरत्व, पतिपत्नीभाव (दाम्पत्य) जन्य जनक भाव,

विधः । तेन रामलक्ष्मणौ, सीतारामौ, रामहनूमन्तौ, रामायोध्ये, इत्यादौ साहचर्यं नियामकमिति वाच्यम् । लक्ष्मणादिसंबन्धापेक्षया चक्रादिसंबन्धस्याविशिष्टतया सशङ्खचक्र इत्यत्रापि साहचर्यस्यैव नियामकतापत्तेः ।

न च सशङ्खचक्र इत्यादौ यत्र संबन्धः संयोगरूपस्तत्राद्यस्य, यत्र च संबन्धान्तरं तत्र तृतीयस्यावकाश इति वाच्यम् । संयोगस्यैव पृथक्कारे बीजाभावात् ।

न च यत्र संयोगः शब्दोपात्तस्तत्र स एव नियामकः, यत्र तु संबन्धि-

मर्मप्रकाश

नानार्थपदार्थे इति शेषः । तत्साहचर्यम् । उक्तसंबन्धानां क्रमेणोदाहरणान्याह—तेनेति । यत्र सशङ्खचक्र इत्यादावित्यन्वयः । आद्यस्य संयोगस्य । यत्र च रामलक्ष्मणावित्यादौ । संबन्धान्तरमेकजन्यत्वादिरूपम् । तृतीयस्य साहचर्यस्य । संबन्धिमात्रं शब्दोपात्तमित्यनुषज्यते ।

मधुसूदनी

तथा सशंखचक्रो हरिरित्यत्रापि स्वस्वामिभावरूपस्य चक्रादिगतस्य सम्बन्धस्य समानतेति ।

संयोगस्यैवेति । त्वदुक्तरीत्या आद्यतृतीययोरवकाशः स्यात् किन्तु संयोगस्य पृथक्कारे एव बीजं नास्ति । तस्य तु अविशिष्टतयेति निर्देशानुसारं साहचर्येणैव गतार्थत्वं वर्तते ।

न च यत्र सशंखचक्र इत्यादौ । स एव संयोग एव । यत्र तु "रामलक्ष्णौ" इत्यत्र तु । तदुदाहरणतायाः साहचर्योदाहरणतायाः । द्वन्द्वादिगत इति सहभाव-

बालक्रीड़ा

स्वामिभृत्य भाव और स्वस्वामिभाव आदि अनेक प्रकार का है । इसका फल होगा कि "राम और लक्ष्मण, सीता और राम, राम और दशरथ, राम और हनुमान्, तथा राम और अयोध्या इत्यादि स्थलों में क्रमशः पूर्वोक्त सम्बन्धों के रहने से साहचर्य ही नियामक होगा ।

उत्तर—ऐसा नहीं कह सकते हैं क्योंकि जैसे राम के साथ लक्ष्मण का सहोदरत्व (एक जन्यत्व) सम्बन्ध प्रसिद्ध है वैसे शंख और चक्र का सम्बन्ध भी विष्णु के साथ प्रसिद्ध है अतः अविशिष्ट है समान है । इसका फल होगा कि सशंखचक्रो हरिः यहां पर भी साहचर्य ही अभिधा का नियामक होगा ।

यह भी नहीं कह सकते कि जहां सशंखचक्रो हरिः में संयोग रूप सम्बन्ध है वह संयोग का उदाहरण है । जहां ओर २ सम्बन्ध है वह साहचर्य का उदाहरण है, ठीक है; किन्तु संयोग को साहचर्य से पृथक् करने में कोई कारण नहीं है ।

यदि कहें कि जहां संयोग शब्द से संयोग कहा गया हो वहां संयोग ही नियामक है । जहां तो सम्बन्धियों को ही शब्द से कहा है और सम्बन्ध को कहने वाला कोई शब्द नहीं है

मात्रं न तु संबन्धस्तत्र साहचर्यम्, अत एव सशङ्खचक्र इति संयोगस्य, रामलक्ष्मणाविति च साहचर्यस्योदाहरणमिति वाच्यम्। सलक्ष्मणो रामो विलक्ष्मणो राम इत्यत्र संयोगविभागयोर्गुणयोरप्रतीत्या साहचर्योदाहरणतायां प्रसक्तायां सशङ्खचक्र इत्यादेरपि तदुदाहरणताया एवौचित्यादिति चेत्।

मर्मप्रकाशः

मात्रपदव्यवच्छेद्यमाह—न त्विति। गुणयोरप्रतीत्येति। असंभवादिति भावः। किं तु

मधुसूदनी

विवक्षायां वृत्तिर्द्वंद्वैकशेषयोरिति स्मृतेः। सम्बन्धिनोः सहभावः न तु सम्बन्धः शब्देन समासे द्वन्द्वाख्ये कथ्यते इति साहचर्यस्योदाहरणत्वमुचितमेव।

सलक्ष्मणो राम इत्यत्र लक्ष्मणसहितो राम इति साहित्यस्य लक्ष्मणविरहितो राम इति राहित्यस्य प्रतीतेः। तथा लक्ष्मणसंयुक्तो राम इत्येवं संयोगस्य, लक्ष्मण-वियुक्तो राम इत्येवं वियोगस्य च गुणस्याप्रतीत्या इत्याशयेनाह-गुणयोरप्रतीत्येति। तत्र विरोधितायाम्। आद्यस्य प्रसिद्धस्य वैरस्य। "रामार्जुनौ" इति प्राञ्चो वदन्ति काव्यप्रकाशकाराः कथयन्ति। इति पण्डितराजलेखः किमाधारः। तत्र रामार्जुन गतिस्तयोरिति लेखः। तयोः प्रस्तुततया अनुभवविषयीभूतयोः युध्यमानयोः का गतिरिति प्रश्ने तदुत्तरं रामार्जुनसदृशी गतिर्दशा। सा च दशा इतिहास प्रसिद्धा रामः परशुरामो घातकः अर्जुनः सहस्रबाहुः कार्त्तवीर्यो वध्यः। ज्ञातयोर्विषये प्रश्नोत्तरं रामार्जुनगतिस्तयोरिति कथनेन प्रश्नशान्तिः। अज्ञातविषयेतु प्रश्ने केन को हत इत्येवं पुनः प्रश्नः स्यादिति च बोध्यम्।

सति च "रामार्जुनौ" इत्येवंरूपेण उदाहरणनिर्देशे अप्पय्यदीक्षितमहाशयस्य तन्निराकरणमुचितमेव स्यात्।

बालक्रीड़ा

वहां पर साहचर्य नियामक है। इसीलिए सशंखचक्र यह संयोग का उदाहरण है और रामलक्ष्मणौ यह साहचर्य का उदाहरण है। यह भी नहीं कह सकते हैं क्योंकि सलक्ष्मणो रामः विलक्ष्मणो रामः इन उदाहरणों में संयोग और विभाग रूप गुणों की प्रतीति नहीं होने से ये साहचर्य के उदाहरण है यही प्राप्त होता है।

यहां पर "गुण की प्रतीति नहीं होने से" कहने का भाव है कि जैसे दण्डी पुरुषः में दण्ड संयुक्त पुरुष इस रीति से संयोग गुण प्रतीत होता है और जैसे विभक्ता भ्रातरः में जिनके हिस्सों का विभाग हो गया है वे भाई; इस रीति से जैसे विभाग गुण प्रतीत होता है। उस रीति से उनमें संयोग एवं विभाग रूपी गुण प्रतीत नही होते हैं किन्तु सलक्ष्मणो रामः में लक्ष्मण के सहित राम, विलक्ष्मणो रामः में लक्ष्मण से पृथक् राम यह साहचर्य और साहचर्या भाव प्रतीत होता है। (पृथक्त्व गुण विभाग से अलग माना गया है)

इसलिए सशंखचक्रः इत्यादि की भी साहचर्योदाहरणता ही उचित है। इस आशंका

उच्यते—संयोगशब्दस्य संबन्धसामान्यपरतया यत्र शब्दोपात्तं प्रसिद्धं संबन्धसामान्यं शक्तिनियामकं तदाद्यस्य, यत्र तु द्वन्द्वादिगतः संबन्ध्येव केवलस्तथा तत्साहचर्यस्योदाहरणमिति प्राचामाशयात् । इत्थं च सगाण्डिवोऽर्जुनः इति संयोगस्य, गाण्डिवार्जुनाविति साहचर्यस्योदाहरणम्

विरोधिता प्रसिद्धं वैरम् , सहानवस्थानं च ॥

तत्राद्यस्य 'रामार्जुनौ' इत्युदाहरणं प्राञ्चो वदन्ति । यत्त्वप्पय्यदीक्षितो वृत्तिवार्तिके प्राचामुदाहरणं निराकुर्वन्नाह—'रामार्जुनपदयोर्वध्यघातकभाव-

मर्मप्रकाशः

साहित्यतदभावयोः प्रतीत्येति शेषः । आद्यस्य संयोगस्य । संबन्ध्येवेति । द्वन्द्वादिघटकः केवलः संबन्ध्येव तथा प्रसिद्धः शब्दोपात्त इत्यर्थः । भावेति । भावरूपविरोधादित्यर्थः । तत्परशुरामेत्यर्थः । तस्मिश्च सति कार्त्तवीर्येऽभिधानियमने सति । तत्कार्तवीर्येत्यर्थः । रामपदस्य

बालक्रीड़ा

पर कहते हैं कि संयोग शब्द सम्बन्ध सामान्य का वाचक है अतः संयोग शब्द से कथित सम्बन्ध जहां शक्ति का नियामक हो वह आद्य का संयोग का उदाहरण है और जहां तो द्वन्द्वादिगत केवल सम्बन्धी ही प्रतिपादित हो वह साहचर्य का उदाहरण है यह प्राचीनों का आशय है । यहां द्वन्द्वादि में आदि पद का अर्थ है एकशेष । इस प्रकार गाण्डीव के सहित अर्जुन यह संयोग का उदाहरण है क्योंकि सहित कहने से उन दोनों का सम्बन्ध ही प्रतीत होता है सम्बन्धी की प्रतीति नहीं होती है । और "गाण्डीवार्जुनौ" यह साहचर्य का उदाहरण है । क्योंकि यहां गाण्डीवश्च अर्जुनश्च इस तरह द्वन्द्व समास के द्वारा सम्बन्धी प्रतीत होते हैं ।

विरोधिता प्रसिद्ध वैर और साथ में नहीं रहना है । उनमें रामार्जुनौ को प्राचीन लोग प्रसिद्ध वैर का उदाहरण कहते हैं । प्राचीन प्रकाशकार ने "रामार्जुनगतिस्तयोः" यह उदाहरण लिखा है । "रामार्जुनौ" यह तो नहीं लिखा । अन्य किसी प्राचीन ने लिखा हो तो शायद लिखा हो । या उसी लेख का संकुचित रूप यह हो सकता है ।

जो तो अप्पय्य दीक्षित ने प्राचीनों के उदाहरण का निराकरण करते हुए कहा है कि वध्य घातक भाव रूप विरोध के बदौलत भार्गव और कार्तवीर्य अर्थों में राम और अर्जुन पद की अभिधा का नियमन होता है वह ठीक ही है । राम पद की अभिधा का नियमन होने पर अर्थात् प्रकृत में राम पद का अर्थ परशुराम है यह मालूम हो जाय और परशुराम के साथ किसका विरोध है इसका प्रतिसंधान हो तब उसके द्वारा अर्जुन पद की अभिधा का कार्त्तवीर्य अर्थ में नियमन हो सकता है । इसी तरह पहले कार्त्तवीर्य की अभिधा का नियमन हो जाय तब कार्त्तवीर्य के साथ किसका विरोध है इसके निश्चय (प्रतिसंधान) से राम पद की अभिधा का नियमन होय इस तरह एक दूसरे की अभिधा के नियमन के लिए एक दूसरे का आश्रय लेने वाली आपत्ति आ जायगी । इसलिए किसी एक पद के अर्थ की व्यवस्था होने पर ही स्मृतिपथारूढ़ हुए उस व्यक्ति के विरोध के प्रतिसन्धान (निश्चय)

विरोधाद्भार्गवकार्तवीर्ययोरभिधा नियम्यत इत्येतदयुक्तम् । रामपदस्याभिधानियमने सति तद्विरोधप्रतिसंधानेनार्जुनपदस्य कार्तवीर्येऽभिधानियमनम्, तस्मिंश्च सति तद्विरोधप्रतिसंधानेन रामपदस्येत्यन्योन्याश्रयापत्तेः । तस्मादन्यतरपदस्य व्यवस्थितार्थत्व एव स्मृततद्विरोधप्रतिसंधानान्नानार्थपदस्याभिधानियमनमिति रामरावणयोरित्युदाहरणं भवितुमर्हति' इति ।

तत्र तावद्रामरावणयोरिति व्यवस्थितार्थान्यतरपदकमुदाहरणं विरोधिताया नियामकत्वस्य न युक्तम् । रामलक्ष्मणयोरित्यत्रेवात्रापि साहचर्यस्यैव नियामकत्वात् । न च लक्ष्मणसाहचर्यं रामस्य प्रसिद्धम्, न तु रावणसाहचर्यमिति वाच्यम् । प्रसिद्धतत्संबन्धकस्यैव तत्साहचर्यपदार्थत्वात् । पितृभ्रातृजायापत्यभृत्यनगरीणां संबन्धस्येव रिपोः संबन्धस्यापि लोकप्रसिद्धत्वात् । एवं स्थितेऽपि विरोधितायाः पृथग्गणने मित्रत्वादेरपि तथागणनापत्तेः । तस्मात्प्राचीनोदाहरणमिव त्वदुक्तमुदाहरणमप्यशुद्धमेव ।

मर्मप्रकाशः

परशुरामेऽभिधानियमनमिति शषः । व्यवस्थितेति । निश्चितेत्यर्थः । नियामकत्वस्येत्यस्योदाहरणमित्यत्रान्वयः । एवं स्थितेपि साहचर्यस्य नियामकत्वसंभवेऽपि । तथा पृथक् । त्वदुक्तमप्पय्यदीक्षितोक्तम् । तत्सिद्धान्तं खण्डयति—

मधुसूदनी

अन्यतरपदस्य रामार्जुनपदयोर्मध्ये एकस्य कस्यापि पदस्य । तत्सम्बन्धकस्येति । प्रसिद्धः तेन नानार्थपदबोध्येनार्थेन सह सम्बन्धो यस्य नानार्थपदसमभिव्याहृतपदान्तरार्थस्य तस्य भावस्तत्वं तस्यैव । तादृशपदान्तरार्थसहचरत्वस्यैव तत्साहचर्यपदार्थत्वात् । एवं स्थितेऽपि अन्यसम्बन्धस्येव रिपुसम्बन्धस्यापि लोक-

बालक्रीड़ा

से नानार्थक पद की अभिधा का नियमन होता है फलतः "रामरावणयोः" यह उदाहरण हो सकता है ।

यहां पर किसी एक पद के अर्थ की व्यवस्था वाले "रामरावणयोः" इस उदाहरण में विरोधिता को नियामक कहना युक्त नहीं है । "रामलक्ष्मणयोः" की तरह "रामरावणयोः" में भी साहचर्य को ही नियामक कहना युक्त है । अगर कहें कि लक्ष्मण का साहचर्य तो राम के साथ प्रसिद्ध है रावण का साहचर्य तो प्रसिद्ध नहीं है तब भी ठीक नहीं है । क्योंकि उन व्यक्तियों के प्रसिद्ध संबन्ध का ही नाम उन व्यक्तियों का साहचर्य है । और भाई, लुगाई, अपत्य, भृत्य एवं नगरियों के सम्बन्ध की तरह दुश्मन का सम्बन्ध भी लोक प्रसिद्ध है । इस प्रकार "रामरावणयोः" साहचर्य का उदाहरण है यह व्यवस्थित होने पर भी विरोधिता

'अन्यतरपदस्य व्यवस्थितार्थत्व एव' इत्याद्यप्यसंगतमेव । हरिनागस्येत्यादावुभयोरव्यवस्थितार्थत्वेऽप्येकवद्भावाभिव्यक्तेन विरोधेन धर्मिविशेषाविशेषितेनापि युगपद्धर्मिविशेषद्वयेऽभिधाया नियन्तुं शक्यत्वात् ।

यदपि रामार्जुनगतिस्तयोरिति शब्दान्तरसंनिधेरुदाहरणम्' इति स

मर्मप्रकाशः

अन्यतरेति । हरीति । येषां च विरोधः शाश्वतिकः' इति समाहारैकद्भावः । अत एवाह—एकवद्भावाभीति । स एवाप्यदीक्षित एव ।

मधुसूदनी

प्रसिद्धत्वात् साहचर्यपदार्थत्वेन संग्रहेऽपि । एकवद्भावेन अहिनकुलमित्यादिष्विव अभिव्यक्तेन । धर्मिविशेषस्य न संजातो विशेषो वैलक्षण्यं यत्र तेन । अर्थात् येन विरोधेन धर्मिविशेषकृतं वैलक्षण्यं न संजायते तादृशेनापि तेन । अयमाशयः । हरिनागस्य इत्यत्र हरिशब्दस्य १५ पञ्चदश, एवमेव नागशब्दस्य चतुर्दश अर्थाः ।

यमानिलार्कचन्द्रेन्द्रयमोपेन्द्र-मरीचिषु
सिंहाश्वकपिभेकाऽहिशुकलोकान्तरेषु च
हरिर्वाच्यवदाख्यातो हरित्कपिलवर्णयोः । इति विश्वात्
नागो मतङ्गजे सर्पे पुंनागे नागकेशरे
क्रूराचारे नागदन्ते मुस्तके वारिदेऽपि च
देहानिलविशेषे च श्रेष्ठे स्यादुत्तरस्थितः
नागं रंगे सीसपत्रे स्त्रीबन्धे करणान्तरे । इति हैमात् ।

एवं चेमौ हरिनागशब्दौ अव्यवस्थितार्थकौ । तत्र हरिश्च नागश्चेति सिंहमतंगजयोः शाश्वतिकविरोधात्, येषां च विरोधः शाश्वतिक इति सूत्रेण समाहारद्वन्द्वैकवद्भावात् हरिनागस्येति पदं साधु । परमत्र धर्मिविशेषयोः सिंहमतंगजयोः कोऽपि विशेषो व्यावर्त्तको धर्मो नहि निर्दिष्टः । एवमव्यवस्थितार्थकत्वेऽपीह अभिधाया नियमनादन्यतरपदस्य व्यवस्थितार्थत्व एव स्मृततद्विरोधप्रतिसंधानात् नानार्थकपदस्याभिधानियमनकथनमनुचितमेव ।

बालक्रीड़ा

की पृथक् गणना करने की तरह मित्रता वगैरह की भी पृथक् गणना करने की आपत्ति लग जायगी इसलिए प्राचीन उदाहरण की तरह तुम्हारा कहा हुआ उदाहण भी अशुद्ध ही है ।

"अन्यतर पद के व्यवस्थितार्थता में ही" इत्यादि लेख भी असंगत है । क्योंकि "हरिनागस्य" उदाहरण में हरि पद एवं नागपद दोनों अव्यवस्थितार्थक ही हैं और दोनों धर्मियों में कोई विशेषता भी निर्दिष्ट नहीं है किन्तु येषां च विरोधः शाश्वतिकः इस सूत्र से विहित समाहारद्वन्द्वसमासीय एकवद्भाव से अभिव्यक्त विरोध से ही युगपत् दोनों धर्मियों में अमिधा का नियमन किया जा सकता है ।

और भी जो रामार्जुनगतिस्तयोः यह शब्दान्तर सन्निधिका उदारण है ऐसा उसी ने

एवाह । तदप्यसत् । त्वया निरूपिते शब्दान्तरसंनिधेरुदाहरणे 'निषधं पश्य भूभृतम्' 'नागो दानेन राजते,' इत्यत्र चाभिधाया नियतविषयतां विनान्वयस्यैवानुपपत्त्या, प्रकृते च रामार्जुनगतिस्तयोरित्यत्रार्थान्तरविषयत्वेऽप्यन्वयानुपपत्तेरभावान्महति वैलक्षण्ये शब्दान्तरसंनिध्युदाहरणत्वायोगात् ।

एवमपि काव्यप्रकाशगतस्य रामार्जुनगतिस्तयोरिति विरोधितोदाहरणस्यासंगतिः स्थितैवेति चेत् । न । तयोः कयोश्चित्प्रसिद्धविरोधयो रामार्जुनगती रामार्जुनसदृशी गतिराचरणमिति तदर्थवर्णने विरोधेन प्रस्ताववशा-

मर्मप्रकाशः

भूभृतमित्यत्रेति । निषधपदसांनिध्याद्भूभृत्पदस्य राज्ञि, दानपदसांनिध्यान्नागपदस्य गजेऽभिधानियमनम् । अर्थान्तरविषयत्वेऽपीति । रामार्जुनवत्पराक्रमशालित्वमित्याद्यर्थान्तरम् : एवमपि दीक्षितोक्तसांगत्येऽपि । स्थितैवेति । दीक्षितोद्भावितान्योन्याश्रयस्यानुद्धारादिति भावः । तदर्थेति ।

मधुसूदनी

निषधं पश्य भूभृतमित्यत्र "निषधं कठिने देशे तद्राजे पर्वतान्तरे" इति विश्वमेदिनीभ्यां निषधपदस्य चत्वारोऽर्थाः । तथा भूभृद्भूमिधरे नृपे इत्यमरात् भूभृत्पदस्य द्वावर्थौ । अतो यावदभिधाया नियतविषयता न हि भवति तावत्कस्य पदस्य कोऽर्थो ग्राह्य इत्यन्वयानुपपत्तिर्जागर्त्ति । एवमेव नागपदस्याऽपि १४ पूर्वोक्ताः अर्थाः । ततश्च शब्दान्तरसंनिधेरुदाहरणताऽनयोः ।

असंगतिरिति । अन्योन्याश्रयरूपदोषादन्वयासंगतिः । शक्तिनियमेति ।

बालक्रीड़ा

कहा है । वह भी ठीक नहीं है । तुम्हारे कहे हुए शब्दान्तर सन्निधि के उदाहरणों "निषधं पश्य भूभृतम्" "नागो दानेन राजते" में अभिधा की हस्ती और मदजल अर्थ की नियत विषयता के विना अर्थात् पर्वत एवं त्याग रूप अन्य अन्य अर्थों की उपस्थिति से अन्वय की ही अनुपपत्ति होती है अन्वय संगति नहीं होती है । किन्तु प्रकृत रामार्जुनगतिस्तयोः इसमें अन्य अर्थों की उपस्थिति होने पर भी अर्थात् अभिधा की नियत विषयता के विना भी अन्वय की अनुपपत्ति नहीं होती है इस तरह महान् वैलक्षण्य के रहते हुए इसमें शब्दान्तर सन्निद्धि के उदाहरण होने का कोई योग नहीं है । राम बलराम और अर्जुन पाण्डव की जैसी उनकी गति (दशा) हुई राम अपने भाई कृष्ण के और अर्जुन अपने भाई भीम के अनुरोध से अलग २ हो गये । भीम और दुर्योधन के युद्ध के समय दोनों नहीं रहे ।

प्रश्न—अपप्यदीक्षित का कथन असंगत होने पर भी काव्य प्रकाश के "रामार्जुनगतिस्तयोः" इस विरोधिता के उदाहरण की असंगति तो नहीं हटी वह तो स्थित ही है ।

उत्तर । नहीं, असंगति नहीं है । उन किसी प्रसिद्ध विरोध वाले व्यक्तियों की रामा-

त्प्रतीतेन युगपद्भार्गवकार्तवीर्ययो रामार्जुनशब्दाभिधाया नियमनस्योपपत्तेः। न च प्रकरणादविशेषः। विरोधस्य प्रक्रान्तत्वेऽपि भार्गवकार्तवीर्ययोः शक्तिनियमाधिकरणयोरप्रकान्तत्वात्। सहानवस्थानलक्षणा विरोधिता तु छायातपावित्यादौ बोध्या।

अर्थः प्रयोजनं चतुर्थ्याद्यभिधेयम् ॥

यथा—'स्थाणुं भज भवच्छिदे' इत्यादौ भवच्छेदनादि स्थाणुपदस्य भवे। नन्वर्थस्य लिङ्गात्को भेदः। न च लिङ्गमनन्यसाधारणस्तद्धर्मः, अर्थस्तु

मर्मप्रकाशः

उदाहरणार्थेत्यर्थः। प्रस्तावः प्रकरणम्। युगपदिति। तथा च नान्योन्याश्रयः इति भावः। नियमाधीति। तन्नियमाश्रयस्य प्रक्रान्तत्वे एव प्रकरणस्य नियामकत्वमिति भावः। द्वितीयविरोधितोदाहरणमाह—सहेति। आदिना तुमनादिपरिग्रहः। प्रयोजनमिति शेषः। भवे अभिधानियामकमिति शेषः। अत्र तच्छब्दाः शिवपराः।

मधुसूदनी

शक्तिनियमस्य अधिकरणयो आधारभूतयोर्भार्गवकार्त्तवीर्ययोरित्यन्वयः। चतुर्थ्यादीति। अत्र आदिपदेन तुमुन् सन् प्रत्ययौ, इच्छार्थकः शब्दश्च। तद्धर्मः इति, तद्ध-

बालक्रीड़ा

र्जुन गति अर्थात् राम और अर्जुन के सदृश गति आचरण है ऐसे अर्थ के वर्णन करने पर और प्रसंग वश से प्रतीत विरोध के द्वारा युगपत् भार्गव और कार्त्तवीर्य अर्थ में राम और अर्जुन शब्द की अधिधा के नियमन की संगति हो सकती है।

शंका। ऐसा होने पर तो यह प्रकरण से भिन्न नहीं है अर्थात् यह प्रकरण का ही उदाहरण है। उत्तर। विरोध के प्रक्रान्त होने पर भी अभिधा शक्ति के नियमन के आधार भूत भार्गव और कार्त्तवीर्य तो प्रक्रान्त नहीं थे। सहानवस्था लक्षण विरोधिता को "छायातपौ" इत्यादि में जानना चाहिए।

अर्थ माने प्रयोजन जो चतुर्थी विभक्ति और आदि पद से संगृहीत तुमुन् और सन् प्रत्यय का अभिधेय वाच्य अर्थ। जैसे संसार के छेदन के लिए शिव का भजन करो इत्यादि उदाहरणों में संसार छेदन रूप प्रयोजन, स्थाणु पद की अभिधा का शिव रूप अर्थ में नियमन करता है।

शंका—अर्थ का लिंग से क्या भेद है। यह भी नहीं कह सकते कि अनन्य साधारण धर्म का नाम लिंग है और नियामक भूत अर्थ शिव भजन का कार्य है फल है। शिव का धर्म नहीं है अतः स्फुट ही भेद है। क्योंकि भवच्छेद ही प्रयोजन है जिसका ऐसे भजन के लिए अत्यन्त ईप्सित शिव ही हो सकते हैं काष्ठ तो स्वप्न में भी संभव नहीं है फलतः

तद्भजनादेः कार्यम्, न तु तद्गतो धर्म इति स्फुट एव भेद इति वाच्यम् । भवच्छेदप्रयोजनकभजनकर्मत्वस्य काष्ठावृत्तिभवधर्मत्वादिति चेत् । अत्राहुः— उक्तस्य विशिष्टधर्मस्य शाब्दबोधोत्तरभाविमानसबोधविषयत्वेन प्रकृतशाब्दबोधाविषयत्वाल्लिङ्गतो वैलक्षण्योपपत्तिरिति ।

लिङ्गं त्वेकपदार्थः कोपादिः, अनन्वित एव यः पदार्थान्तरेण प्रकृतशक्यधर्मतां शक्यान्तरव्यावृत्ततां च भजते । उक्तधर्मस्तु न तथेत्यपि केचित् ।

मर्मप्रकाशः

काष्ठावृत्तीत्यनेनानन्यसाधारणत्वं सूचितम् । उक्तस्य भवच्छेदप्रयोजनकभजनकर्मत्वस्य । शाब्देति । भवच्छेदफलकचैत्राभिन्नकर्तृकस्थाणुकर्मकभजनमित्यस्यैव शाब्दबोधत्वादिति भावः । प्राचीनाशयसूचकं मतान्तरमाह—लिङ्गं त्विति । एकपदार्थ इत्यस्य विवरणं पदार्थान्तरेणानन्वित एवेति । एवं चासमस्ताखण्डैकपदार्थो लिङ्गमिति फलितम् । भवच्छेदनादिकं च भजनादिरूपभिन्नपदार्थान्वितमेव भवधर्म इति भावः । कोपादिरिति । कुपितो मकरध्वज इत्यादौ । उक्तेति । भवच्छेदजनकभजनकर्मत्वरूपस्तु भजनादिरूपभिन्नपदार्थान्वित एव भवधर्मो नान-

मधुसूदनी

जनादेरिति, तद्गत इत्यत्र च तच्छब्दाः शिवरूपार्थपराः । भवस्य संसारस्य च्छेद एव प्रयोजनमस्य, तद्भजनं व्यापारस्तस्य कर्मत्वं कर्तृवृत्तिव्यापारजन्यफलाश्रयः कर्मेति रीत्या भजनजन्यफलाश्रयत्वं काष्ठे इन्धने अवृत्तिः, किन्तु शिवे वृत्तिर्धर्मः । तत्वात् अनन्यसाधारणता । तथा च लिंगोदाहरणता प्रसक्तेति । उक्तस्य विशिष्टधर्मस्य भवच्छेदप्रयोजनकभजनकर्मत्वस्य । शाब्दबोधादुत्तरं भावी यो मानसो बोधः शिवभजनेन संसारोच्छेदो भावीति रूपस्तस्य विषयत्वेन प्रकृतस्य शाब्दबोधस्य भवच्छेदोद्देश्यकं स्थाणुकर्मकं भजनमित्याकारस्य अविषयत्वात् । उक्तधर्मस्तु भवच्छेदनादिकं तु भजनादिरूपपदार्थान्तरेण संगतं सदेव शिवधर्म इति तथा न, एकपदार्थरूपं लिङ्गं भावः ।

बालक्रीड़ा

ईप्सिततमत्व रूप कर्मत्व काष्ठ का धर्म नहीं होकर शिव का ही धर्म है अतः स्थाणुं भज भवच्छिदे यह अनन्य साधारण धर्म रूप लिंग का उदाहरण हो गया ।

उत्तर—यहां पर कहते हैं कि भवच्छेद प्रयोजनकभजन कर्मत्व रूप उक्त विशिष्ट धर्म मानस बोध का विषय होता है वह भी शाब्दबोध के बाद । अतः प्रकृत शाब्दबोध के विषय नहीं होने से लिंग से विलक्षणता की उपपत्ति हो गई । कोई कहते हैं कि लिंग एक पद का अर्थ है जैसे—कोप; जो कि दूसरे पद से अन्वय नहीं करता हुआ ही प्रकृत शक्य अर्थ का धर्म बन जाता है और दूसरे शक्य का धर्म नहीं होता है । किन्तु उक्त धर्म का ऐसा समन्वय नहीं

प्रकरणं वक्तृश्रोतृबुद्धिस्थता ॥

यथा—राजानं संबोध्य केनचिद् भृत्येनोक्ते 'सर्व जानाति देव-' इति वाक्ये देवपदस्य युष्मदर्थे।

लिङ्गं नानार्थपदशक्यान्तरावृत्तिरेकशक्यगतः साक्षाच्छब्दवेद्यो धर्मः ॥

यथा—'कुपितो मकरध्वजः' इत्यत्र कोपो मकरध्वजपदस्य।

शब्दस्यान्यस्य संनिधिर्नानार्थपदैकार्थमात्रसंसर्ग्यर्थान्तरवाचकपदसमभिव्याहारः ॥

मर्मप्रकाशः

न्वित इत्यर्थः। अत्रारुचिः स्फुटीभविष्यत्यनुपदमेव। युष्मदर्थे। शक्तिनियमनमितिः शेषः

मधुसूदनी

प्रकरणमिति। वक्ता ज्ञात्वा ब्रूते, श्रोताऽपि तज् जानाति यद् एवमयं मां व्यवहरतीति वक्तृश्रोतृज्ञानविषयत्वं प्रकरणम्। नानार्थपदस्य शक्यान्तरेषु अन्येषु अर्थेषु अवृत्तिः, अथ च एकस्मिन् नियते शक्येऽर्थे गतः शब्देन साक्षाद् वेद्यो धर्मो लिङ्गम्। मकराकारो ध्वजो यस्य स कामः। मकर एव धर्मो यस्य स समुद्रः। एवं कामसमुद्ररूपनानार्थकपदस्य शक्यान्तरे समुद्रे अवृत्तिः। एकस्मिन् शक्ये कामे वृत्तिः कुपितशब्देन साक्षाद् वेद्यो धर्मः कोपो मकरध्वजपदस्य कामरूपेऽर्थेऽभिधां नियमयति।

शब्दस्येति। नानार्थपदस्य एकेन अर्थेन संसर्गं कुरुते य र्थान्तरं, तद्वाचकपदस्य समभिव्याहारः समीपोच्चारणं स अन्यस्य शब्दस्य सन्निधिः।

बालक्रीड़ा

है क्योंकि वह भजन रूप भिन्न पदार्थ से अन्वित होकर ही शिव धर्म है फलतः अर्थ से लिंग भिन्न ही है।

प्रकरण उसे कहते हैं जो वक्ता एवं श्रोता की बुद्धि का विषय हो। जैसे राजा को सम्बोधन करके किसी भृत्य ने कहा कि देव सब जानते हैं। इस वाक्य में प्रकरण के द्वारा देव पद की अभिधा युष्मदर्थ में नियन्त्रित हो गई।

नानार्थक पद के अन्य अर्थ में जो नहीं रहता हो और प्रकृत शक्य में रहता हो ऐसे साक्षात् शब्द से वेद्य धर्म का नाम लिंग है। जैसे कुपितो मकरध्वजः यहां पर कोप, मकरध्वज की अभिधा का काम अर्थ में नियमन करता है।

नानार्थक पद के एकही अर्थ से केवल संसर्ग रखने वाले अर्थान्तर के वाचक पद का समभिव्याहार का नाम अन्य शब्द की सन्निधि है। जैसे—कर से नाग सुशोभित हो रहा है। यहां नाग पद की सन्निधि कर पद की अभिधा को सूंड अर्थ में नियन्त्रित कर देता है और कर पद की सन्निधि नाग पद की अभिधा को हाथी अर्थ में नियन्त्रित कर देता है। यहां एक पद की शक्ति का नियमन अपर शब्द की शक्ति के नियमन की अपेक्षा नहीं कर

यथा—'करेण राजते नागः' इत्यत्र करपदस्य नागपदमादाय, नागपदस्य च करपदमादाय शुण्डायां गजे च। न चात्रैकशब्दशक्तिनियमनमपरशब्दशक्तिनियमोऽपेक्षते, येनान्योन्याश्रयः स्यात्। किं तु करनागशब्दयोरर्थान्तरग्रहणेऽन्वयानुपपत्त्या युगपदेव शक्तिर्नियम्यते।

देवस्य पुरारातेरिति प्राचामुदाहरणे सुरत्वभूपत्वाभ्यां देवपदान्नगरारित्वासुरविशेषारित्वाभ्यां पुरारातिपदाच्चोपस्थितेरुभयोरपि नानार्थत्वादर्थान्तरस्वीकारेऽप्यन्वयोपपत्तेश्च कथं शक्तेर्नियमः स्यात्। न च पुरारातिपदं योगरूढम्। तथा च रूढेर्योगापहारितया शिवत्वेनैव तस्य बोधकत्वाद्देवपदशक्तिनियामकतेति वाच्यम्। पुरारातिपदस्य रूढौ मानाभावात्।

अथ 'देवस्य त्रिपुरारातेः' इति पाठस्तथापि पदान्तरोपस्थापितस्य

मर्मप्रकाशः

एवमग्रे सर्वत्र। न चेति। नहीत्यर्थः। अर्थान्तरेति। हस्तसर्पेत्यर्थः। प्राचोक्तं खण्डयति—देवस्येत्यादि। वदन्तीत्यन्तेन। अर्थान्तरेति। भूपनगरारिरूपेत्यर्थः। तस्य पुरारातिपदस्य। देवेति। पुरेत्यादिः। पदान्तरेति। त्रिपुरारातेरित्यर्थः। तस्य

मधुसूदनी

करपदस्य अभिधाया नियमनं नागपदमादाय भवति इत्यन्वयः एवमग्रेऽपि। अपरशब्दशक्तिनियम एकशब्दशक्तिनियमनमपेक्षत इत्यन्वयः। अर्थान्तरग्रहणे प्रकृतापेक्षया भिन्नार्थग्रणे अर्थात् नियतविषयतां विना। अर्थान्तरस्वीकारेऽपि सुररूपात् असुराररिूपात् प्रकृतादपेक्षया भिन्नस्यार्थस्य भूपनगरारिरूपस्य ग्रहणेऽपि।

पदान्तरेण पुरारातिपदापेक्षया भिन्नेन त्रिपुरारातिपदेन उपस्थापितस्य।

बालक्रीड़ा

सकता है जिससे अन्योन्याश्रय दोष की सम्भावना की जा सके। किन्तु कर एवं नाग पद के अन्य अर्थों के ग्रहण करने पर अन्वय की संगति नहीं होगी अतः युगपत् ही शक्ति का नियमन हो जाता है।

"पुराराति देव की" इस प्राचीनों के उदाहरण में देव पद से सुरत्व और भूपत्व की और पुराराति पद से नगरशत्रुत्व और असुरविशेषत्व की उपस्थिति होती है। दोनों पद नानार्थक हैं और उनमें अर्थान्तर की स्वीकृति मानने पर भी अन्वय की उपपत्ति हो जाती है तब कैसे शक्ति का नियमन होगा।

प्रश्न—पुराराति पद योग रूढ़ है और योग रूढ़ में रूढ़ि योग का अपहरण करती है अतः शिव बोधक पुराराति पद अपनी सन्निधि में देव पद की शक्ति का नियामक हो सकता है। उत्तर। पुराराति पद के योग रूढ़ होने में प्रमाण नहीं हैं।

अगर कहें कि यहां "देव त्रिपुराराति की" यह पाठ है। तब भी पदान्तर से

त्रिपुरासुरवैरित्वस्य लिङ्गतया लिङ्गोदाहरणत्वमेवास्य स्यात्। न तु शब्दान्तरसंनिध्युदाहरणत्वमिति वदन्ति। तत्रैकपदार्थः कोपादिः पदार्थान्तरेणानन्वित एव यः प्रकृतशक्यधर्मताम्, शक्यान्तरव्यावृत्ततां च भजते स लिङ्गपदेनात्रोक्त इति प्राचामाशये तु नोक्त दोषः।

यत्तु 'शब्दस्याव्यभिचरितस्य संनिधिः सामानाधिकरण्यम्' इति काव्यप्रकाशटीकाकारैरुक्तम्। 'तत्तु करेण राजते नागः' इत्यादावव्यापना-

मर्मप्रकाशः

देवस्य त्रिपुरारातेरित्यस्य। वदन्तीति सूचितामरुचिमाह—तत्रेति। 'देवस्य त्रिपुरारातेः इति पाठे इत्यर्थः। प्रकृते च वैरित्वं त्रिपुरासुरान्वितमेव शक्यान्तरव्यावृत्तमतो न दोष इति भावः। वस्तुतस्तु त्रिपुरारातिपदस्य योगरूढत्वेन रूढ्यर्थान्वितत्रिपुरासुरवैरित्वस्य तत्पीड्यमानभूभृत्स्वपि सत्त्वेन शक्यान्तरव्यावृत्तत्वाभावाच्च। एवं चैकपदार्थ इत्यस्य यथाश्रुतत्वमेवास्त्विति बोध्यम्। नोक्तदोष इति। शब्दान्तरसंनिध्युदाहरणत्वाभावरूपदोषो नेत्यर्थः।

मधुसूदनी

लिंगतयेति। अयमाशयः। नानार्थपदं देवपदं तस्य शक्यान्तरे राजरूपेऽर्थे अवृत्तित्वात्, एकस्मिन् शक्ये शिवे वृत्तित्वात् त्रिपुरासुरवैरित्वं लिङ्गम्। प्राचामाशयेत्विति। अयं भावः। लिङ्गत्वेन तस्यैव ग्रहणं यः एकस्य पदस्य अर्थः सन् पदार्थान्तरेणानन्वित एवेत्यादिलक्षणको भवेत्। एवं च त्रिपुरासुरवैरित्वं न एकस्य पदस्यार्थः किन्तु त्रिशब्दपुरशब्दारातिशब्दानामनेकेषामर्थोऽतो न लिङ्गम्। तथा च उक्तदोषो "देवस्य त्रिपुरारातेः" इति वाक्ये शब्दान्तरसन्निध्युदाहरणत्वाभावरूपो नास्तीति।

अव्यभिचरितस्य नियतार्थकस्य। अव्यापनात् करनागशब्दयोः व्यभिचरितत्वात् अनेकार्थकतया लक्ष्ये एव शब्दान्तरसन्निध्युदाहरणे एवागमनात्। ननु

बालक्रीड़ा

उपस्थापित त्रिपुरासुरवैरित्व लिंग हो गया; इसलिए लिंग का यह उदाहरण हुआ, न कि शब्दान्तर सन्निधि का उदाहरण। जहां यह कहा जाता है वहां प्राचीनों का आशय यह है कि जैसे एक पद का अर्थ जो पदार्थान्तर से अनन्वित हुआ ही प्रकृत शक्य का धर्म हो और शब्दान्तर से व्यावृत्त भी हो वही यहां लिंग पद से कहा गया है। तब उक्त दोष नहीं है अर्थात् शब्दान्तर सन्निधि का उदाहरण न होने का दोष नहीं है। क्योंकि वैरित्व रूप अर्थ, त्रिपुरासुर से अन्वित होकर ही प्रकृत शक्य शिव रूप सुर का धर्म है शक्यान्तर भूप से व्यावृत्त भी है अतः लिंग का उदाहरण नहीं है। शब्दान्तर सन्निधि का ही उदाहरण है।

जो तो "अव्यभिचरित (अर्थात् अर्थान्तर के अप्रत्यायक) शब्द की सन्निधि माने सामानाधिकरण्य" ऐसी व्याख्या काव्य प्रकाश के टीकाकारों ने की है। वह व्याख्या ठीक नहीं

त्नियामकान्तरस्य गवेषणे गौरवात्, 'कुपितो मकरध्वजः इति तन्मूलोक्ते लिङ्गोदाहरणेऽतिव्यापनाच्चोपेक्ष्यम् ।

सामर्थ्यं कारणता ॥

यथा—'मधुना मत्तः कोकिलः' इत्यत्र कोकिलमदजनकता मधुशब्दस्य वसन्ते । अत्र कोकिलमादने मधोरेव शक्तिर्न तु मधुनः । मादकत्वं मधुन्यपीति न लिङ्गमिति वदन्ति । तत्र सामर्थ्यं लिङ्गान्तर्गतमेव कुतो न

मर्मप्रकाश

अव्यभिचरितस्यार्थान्तराप्रत्यायकस्य । गवेषणेऽन्वेषणे । तन्मूलोक्ते प्रकाशकारोक्ते । मधुनो मद्यस्य । वदन्तीतिसूचितामरुचिमाह—तत्रेति । मधुनेत्युदाहरणविषयभूतमित्यर्थः । मादने करणे ल्युट् । वाचकतेति । शक्तीत्यर्थः । असाधारणत्वाभावादिति भावः । इष्टापत्तावाह

मधुसूदनी

प्रकरणादिना नियमेन अव्यभिचारात् लक्षणस्य व्यापनमेव नाव्याप्तिरिति चेदाह—गवेषण इति । अन्येषां नियामकानां गवेषणमन्तरा नानायासेन लाभः । गवेषणे च गौरवं स्यादित्यर्थः ।

कामस्य देवविशेषरूपतया चेतनत्वात् कोपोऽव्यभिचरितः । एवं हि तन्मूलोक्ते काव्यप्रकाशटीकाकारादर्शभूताश्रयोक्ते उदाहरण अतिव्याप्तेः अलक्ष्ये वर्तमानत्वात् ।

सामर्थ्यं कारणता करणता वा । वदन्तीति वदतामिदं हृदयम् । मदस्य करणं मदिरा, आसवादिकं, यौवनम्, (अनासवाख्यं करणं मदस्येति प्रसिद्धेः ।) विद्या,

बालक्रीड़ा

है । क्योंकि कर से नाग शोभित होता है इस उदाहरण में उस व्याख्या की अव्याप्ति है । यहां कर शब्द (बलिहस्तांशवः कराः इस कोश के अनुसार) अर्थान्तर का भी प्रत्यायक है । इसी तरह नाग शब्द भी १४ अर्थों का प्रत्यायक है । यदि कहें कि कर माने सूंड से शोभा हाथी की ही होती है और किसी की नहीं तब अव्याप्ति नहीं है । किन्तु ऐसे नियामकान्तर की गवेषणा करने में गौरव हो जायगा ।

और मकरध्वज कुपित है इस मूलकार के कहे हुए लिंग के उदाहरण में उक्त व्याख्या की अतिव्याप्ति हो जायगी । क्योंकि यहां कोप पदार्थ किसी दूसरे अर्थ का प्रत्यायक नहीं है । अतः अव्यभिचरित शब्द की सन्निधि हो गई इसलिए इस व्याख्या की उपेक्षा करनी चाहिए ।

सामार्थ्य कारणता है । कारणता को यहां करणता रूप ही समझना चाहिए । मधु से कोकिल मत्त है यहां पर कोकिल के मद की जनकता वसन्त में ही है अतः वह मदजनकता मधु शब्द के अभिधा की नियामिका है । यहां कोकिल को मत्त करने में मधु वसन्त की ही शक्ति है न कि मधु माने मदिरा की । साधारणतया मादकत्व मदिरा में है इसलिए

स्यात्, इति शङ्कायाः कथमेतदुत्तरं संगच्छते। न च मादनसामर्थ्यस्य सुरावृत्तितया नासाधारणधर्मतारूपं लिङ्गत्वमिति वाच्यम्। मादनसामर्थ्यस्य सुरावृत्तित्वेऽपि कोकिलमादनसामर्थ्यस्य वसन्तासाधारणतया लिङ्गस्य दुर्वार-

मधुसूदनी

अभिजनः (जन्भूमिः कुलञ्च) रूपं, सौन्दर्यम्, इत्यादि बहु वस्तु। परं कस्य किं मदकरणमिति विचारे वीतरागाणां साधूनां किमपि तथा नास्ति। असाधूनां खलानां तु सर्वं तथा। परं तिरश्चां पशुपक्षिणामपि किमपि मदकरणं भवति। तत्र मधुर्वसन्तः कोकिलस्य भ्रमरस्य च कृते तथा भवति। अत एव केनचित्कविना व्याहृतमपि।

काकः कृष्णः पिकः कृष्णः को भेदो पिककाकयोः।
प्राप्ते वसन्तसमये काकः काकः पिकः पिकः। इति।

अविरलकमलविकासः सकलालिमदश्च कोकिलानन्दः। रम्योऽयमेति सम्प्रति लोकोत्कण्ठाकरः कालः। अत्र अलीनामपि मदजनकत्वं वसन्तेऽस्ति। इति च प्रत्यपादि। तस्मिन् समये क्रमशः स उद्रिक्तः सन् बहु रौति गुञ्जति च तत्सर्वसाक्षिकमिति कृत्वा सर्वैराचार्यैः मधुना मत्तः कोकिल इति सामर्थ्ये उदाहृतम्। किं वसन्तः यूनां युवतीनां वा मदकरणं नहि भवति। परं तथा प्रसिद्धिः कोकिलविषय एव। अत उक्तं कोकिलमादने मधोरेव; न तु मधुनः मद्यस्य मदिरेति प्रसिद्धस्य। नन्वेवं मधु पुष्परसे क्षौद्रे मद्ये, ना तु मधुद्रुमे। वसन्ते दैत्यभिच्चैत्रे स्याज्जीवन्त्यां तु योषिति। इति मेदिनीकोषात् नानार्थपदं मधु, तस्य शक्यान्तरे मदिरायामवृत्तिः एकस्मिन् शक्ये वसन्ते वृत्तिः धर्मः कोकिलमादकत्वमित्येवं लिंगलक्षणस्य प्रकृते उदाहरणे समन्वयाल्लिंगोदाहरणता आयातेति चेदाह--मादकत्वं मधुन्यपीति। मादकत्वधर्मस्य नानार्थकमधुपदस्य शक्यान्तरे मद्ये अवृत्तिर्न, तत्रापि तद् वर्त्तते, वसन्तेऽपि वर्त्तेऽतो लिंगं न लिंगोदाहणं नास्ति; अर्थान्तरे नियमेन अवृत्तेः अर्थात् सर्वथा अवृत्तेरेव लिंगत्वं भवतीति भवताऽपि अवादि संयोगनिरूपणावसरे "शक्यान्तरे नियमेनावृत्तेरेव प्रकृते लिंगत्वादिति"। एवं हि सामर्थ्यं लिंगान्तर्गतं कुतो नेत्यारभ्य प्रसिद्धयाश्रये लिंगत्वमप्रच्युतमित्यन्तोक्तिः समाहिता।

बालक्रीड़ा

लिंग नहीं है ऐसा कहते हैं। वहां प्रष्टव्य है कि सामर्थ्य को लिंग के अन्तर्गत क्यों नहीं मान लिया जाय इस शंका का यह उत्तर कैसे संगत होता है।

यदि कहें कि मादन सामर्थ्य मदिरा में है किन्तु मदिरा में असाधारण धर्म रूपता नहीं है अतः लिंग नहीं है। तब भी ठीक नहीं है क्योंकि मदिरा में मादन सामर्थ्य है किन्तु कोकिल मादन सामर्थ्य तो वसन्त में ही है अतः यह असाधारणता लिंग की दुर्वार है सारांश कि असाधारणता रूप लिंगत्व धर्म वसन्त में हैं इसलिए सामर्थ्य लिंगान्तर्गत ही है।

त्वात्। न च प्राणिमात्रमादनसामर्थ्यस्य मधुनः कोकिलमादनसामर्थ्यमप्यस्तीति वाच्यम्। एवं सति सामर्थ्यस्य वाचकतानियामकत्वमसंगतं स्यात्। न तु मधुन इति स्वोक्तिविरोधश्च भवेत्। प्रसिद्ध्याश्रये पुनर्लिङ्गत्वमप्रच्युतम्। शाब्दत्वाशाब्दत्वाभ्यामेकानेकपदार्थत्वाभ्यां वा विशेषस्तु स्यात्।

औचिती योग्यता ॥

मर्मप्रकाशः

नन्विति। अप्रच्युतमिति। कोकिलमादनसामर्थ्यस्य वसन्त एव प्रसिद्धेरिति भावः। शाब्दत्वाशाब्दत्वाभ्यामिति। मधुकरणकमदाश्रयः कोकिल इति हि तत्र बोधः शाब्दः। कुपितो मकरध्वज इत्यत्र तु कोपाश्रयाभिन्नः इत्येव तथेति भावः। एवं भेदस्य प्रागनुक्तत्वात्तत्रापि कोपसाधनोल्लेखस्य सुवचत्वाच्चाह—एकानेकेति। आक्षिप्तेति।

मधुसूदनी

शाब्दत्वेति। सामर्थ्यं सर्वशब्दानां लिङ्गमित्यभिधीयते इत्युक्तेः शब्दनिष्ठसामर्थ्यस्य लिंगत्वान्नोदाहरणता।

अशाब्दत्वेति। अर्थनिष्ठं तद् यथा मधुना मत्तः कोकिल इति। अत्र वसन्तरूपार्थसामर्थ्यात् कोकिलमदजनकता प्रतीयते।

बालक्रीड़ा

यदि कहें कि प्राणिमात्र को मत्त करने में समर्थ मदिरा में कोकिल को मत्त करने की भी सामर्थ्य है ही। तब भी ठीक नहीं क्योंकि ऐसा होने पर अर्थात् साधारणता मान लेने पर सामर्थ्य में वाचकता माने शक्ति का नियामकत्व ही असंगत हो जायगा। और जब मदिरा में भी कोकिल मादन सामर्थ्य मान लिया तब मदिरा में कोकिल मादन सामर्थ्य नहीं है ऐसी अपनी उक्ति का भी विरोध होगा। यदि प्रसिद्धि का आश्रय करते हैं तब तो लिंगत्व अप्रच्युत ही है सिद्ध ही है। हां सामर्थ्य शाब्द है क्योंकि मधु करणक मद का आश्रय कोकिल है। इस तरह का बोध यहां है। और लिंग अशाब्द है अर्थात् आर्थ है। क्योंकि कोपाश्रयाभिन्न मकरध्वज है इस तरह का बोध यहां होता है। यहां का भाव यह है कि मद धर्म है कोकिल धर्मी है। धर्मधर्मी में आश्रयत्व सम्बन्ध से अन्वय हुआ है। "कुपित" पद का अर्थ है कोपाश्रय। फिर उसका अभेद सम्बन्ध से अन्वय हुआ है। सारांश कोप का आर्थ अन्वय हुआ है। दूसरा हेतु है कि सामर्थ्य अनेक पदार्थ है जैसे मद करणता और लिंग एक पदार्थ है जैसे कोप। ऐसी विलक्षणता दोनों में हो सकती है।

योग्यता पदार्थ ही औचिती है। उच् समवाये धातु से क्त करने पर उचित बना। उचितस्य भावः कर्म वा इस अर्थ में ष्यञ् प्रत्यय, षिद्गौरादिभ्य से ङीष् और हलस्तद्धितस्य से य का लोप तब औचिती बना। सामञ्जस्य, औचित्य, योग्यता इसके पर्याय हैं। उदाहरण दयिता का मुख तुम लोगों की रक्षा करे। यहां रक्षण क्रिया का कर्त्ता मुख है अतः दयिता मुख कर्तृक रक्षण कहा। और रक्षण क्रिया जन्य फलाश्रयत्व रूप कर्मत्व के आश्रित कामार्त

यथा—'पातु वो दयितामुखम्' इत्यत्र दयितामुखकर्तृकरक्षणकर्मत्वाक्षिप्तकामार्तानां संबोध्यपुरुषाणां त्राणं हि तस्याः सांमुख्येनैव भवति। न तु मुखमात्रेण। वैमुख्ये तेन त्राणायोगात्। अतस्त्राणार्हत्वं वदनसांमुख्योभयप्रत्यायकस्य मुखशब्दस्य।

देशो नगरादिः ॥

यथा—'भात्यत्र परमेश्वरः' इत्यादौ परमेश्वरादिशब्दस्य राजादौ। तस्य नगरादिसंबन्धतदभावयोः संभवेनाभावव्यावृत्त्यर्थमधिकरणकीर्तनस्य सार्थक्यात्। परमात्मनस्तु सर्वगस्य व्यावर्त्याभावात्तदुक्तिवैयर्थ्यापत्तेः। एवं 'वैकुण्ठे हरिर्वसति' इत्यत्रापि बोध्यम्। एकत्रार्थान्तरोपग्रहेऽधिकर-

मर्मप्रकाशः

विशेषरूपेण क्षिप्तेत्यर्थः। सांमुख्येन संमुखत्वेन। तेन मुखेन। तदुक्तीति। अधिकरणोक्तीत्यर्थः। एकत्र आद्ये। अर्थान्तरेति। परमात्मवानरादीत्यर्थः। आदिभ्यां रात्रिवह्न्यादिपरिग्रहः।

मधुसूदनी

तस्याः नायिकायाः। सांमुख्येन आनुकूल्येन। वैमुख्ये नायिकाया प्रतिकूलत्वे तेन मुखेन त्राणायोगात् रक्षणासंभवात्। तदर्हत्वमुभयार्थस्य मुखपदस्याभिधानियामकत्वयोग्यत्वम्।

परमेश्वरादिशब्दस्य राजादावभिधानियामकः अत्रपदस्यार्थो नगररूपो देशः। तदभावयोः नगरसम्बन्धाभावयोः। अभावस्य व्यावृत्यर्थं निश्चयेन सम्बन्धबोधार्थम्। व्यावर्त्याभावात् व्यावर्त्तनीयस्य नगरादिसम्बन्धाभावस्य अभावात् अर्थात् सर्वगतस्य सर्वैः सह सम्बन्धस्य सद्भावात्। एकत्र भात्यत्र परमेश्वर इत्यत्र

बालक्रीड़ा

सम्बोध्य पुरुषों का रक्षण दयिता के सांमुख्य माने सामञ्जस्य से ही होता है, केवल मुख से नहीं क्योंकि मुख तो सर्वदा रहता ही है नायिका यदि विमुख है अनुकूल नहीं है तो कामार्त का रक्षण नहीं हो सकता है। इसलिए त्राण का अर्हत्व औचित्य, वदन एवं सांमुख्य दोनों अर्थों के प्रत्यायक मुख शब्द की अभिधा का नियामक है।

देश मानें नगर, ग्राम, मन्दिर, क्षेत्र आदि सभी स्थान। जैसे यहां परमेश्वर शोभायमान है। इत्यादि स्थलों में देश विशेष परमेश्वर शब्द की अभिधा को राजादि रूप अर्थों में नियमन करता है। परमेश्वर का नगरादि के साथ सम्बन्ध हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है। इसलिए अभाव की व्यावृत्ति के लिए अधिकरण देश विशेष का कीर्त्तन सार्थक है। परमात्मा तो सर्वगत है सर्वान्तिर्यामी है अतः उसका व्यावर्त्तन हो नहीं सकता है अतः उसके विषय में स्थान विशेष का कीर्त्तन व्यर्थ ही होगा। इसी तरह वैकुण्ठ में हरि वसते हैं यहां भी समझना चाहिए। वैकुण्ठ विष्णु का ही निवास स्थान है। इन्द्रादि

णोक्तिवैयर्थ्यम्, अपरत्र तु तदधिकरणत्वाप्रसिद्धिरिति विशेषः ।

कालो दिवसादिः ॥

'चित्रभानुर्दिने भाति' इत्यादौ चित्रभान्वादिपदानां सूर्यादिषु । एवं 'चातुर्मास्ये हरिः शेते' ।

व्यक्तिः स्त्रीपुंनपुंसकलिङ्गानि ॥

यथा—'मित्रो भाति', 'मित्रं भाति' इत्यत्र मित्रशब्दस्य पुंनपुंसके सुहृत्सूर्ययोः । एवं 'नभो भाति', 'नभा भाति' इत्यत्रापि ।

स्वर उदात्तादिः ॥

मर्मप्रकाशः

शेते इत्यस्येत्यत्रापि बोध्यमिति शेषः । पुंनपुंसके पुंनपुंसकत्वे । सुहृत्सूर्ययोरिति । सूर्यसुह-

मधुसूदनी

अर्थान्तरस्य परमात्मरूपस्य उपग्रहे स्वीकारे अत्रेति अधिकरणस्य सप्तमीविभक्ति-बोध्याधारस्य उक्तिः कथनं वृथैवेति भावः । अपरत्र वैकुण्ठे हरिर्वसतीत्यत्र अर्थान्त-रस्य नानार्थकहरिपदबोध्यस्य द्वितीयार्थस्य वानरादेः स्वीकारे तदधिकरणत्वाप्रसिद्धिः वैकुण्ठरूपाधारस्य वानरादावप्रसिद्धिरिति द्वयोरुदाहरणयोः विशेषो भेदः ।

चित्रभानुरिति । दिने चित्रभानुपदस्यार्थः सूर्यः । रात्रौ चित्रभानुपदस्यार्थः अग्निः । नभः इति नपुंसकं पदमाकाशवाचकम् । नभाः इति पुंलिंगं पदं श्रावणमास वाचकं "नभः खं श्रावणो नभाः" इति कोशात् ।

बालक्रीड़ा

का नहीं है । भात्यत्र परमेश्वरः "इसमें परमेश्वर शब्द का दूसरा अर्थ परमात्मा लेने में अधिकरण का निर्देश व्यर्थ हो जाता है । वैकुण्ठे हरिर्वसति" इसमें दूसरा अर्थ इन्द्रादि लेने में वैकुण्ठ की उनके निवास स्थान के लिए प्रसिद्धि नहीं है । यही दोनों उदाहरणों में वैलक्षण्य है ।

काल दिवस, रात्रि, मास, सम्वत्सर आदि । जैसे चित्रभानु शोभायमान है । यहाँ दिन में चित्रभानु शब्द का अर्थ सूर्य है और रात्रि में उसका अर्थ अग्नि है । इसी तरह चातु-मास्य में हरि सोते हैं । इसमें हरि की अभिधा के नियमन का हेतु चातुर्मास्य रूप समय है ।

व्यक्ति शब्द का अर्थ है स्त्रीलिंग, पुल्लिग और नपुसंकलिंग । मित्रो भाति में पुल्लिग मित्र शब्द का सूर्य अर्थ है । मित्रं भाति में नपुसंक मित्र शब्द का सुहृत् अर्थ है । इसी तरह नभो भाति में नपुसंक नभ शब्द का आकाश अर्थ है । नभा भाति में पुंल्लिग नभ शब्द का श्रावण मास अर्थ है । "नभः खं श्रावणो नभाः" यह कोश इसमें प्रमाण है ।

स्वर शब्द से उदात्त, अनुदात्त, एवं स्वरित का ग्रहण होता है । जैसे—इन्द्रशत्रुः ।

यथा—'इन्द्रशत्रुः' इत्यत्र समासान्तोदात्तत्वमिन्द्रशत्रुशब्दस्येन्द्रस्य शत्रौ। पूर्वपदप्रकृतिस्वरप्राप्तमाद्युदात्तत्वं त्विन्द्रशत्रुके। आदिनाभिनयादि-परिग्रहः। यथा—'एद्दहमेत्तत्थणिआ' इत्यादौ।

इहार्थसामर्थ्यौचितीनामुदाहरणेषु चतुर्थ्याद्यैस्तृतीयाद्यैरर्थसामर्थ्येन च बोध्यमानकार्यकारणभाव एव नियामकः। न तु वस्त्वन्तरम्। बोधक-

मर्मप्रकाशः

दोरिति क्रमो बोध्यः। पाठ एव वेत्थम्। नभाः श्रावणः। एद्दहेति। 'एद्दहमेत्तत्थणिआ एद्दहमेत्तेहिं अच्छिवत्तेहिं। एद्दहमेत्तावत्था एद्दहमेत्तेहिं दिअएहिं॥' 'एतावन्मात्रस्तनिका एतावन्मात्रैरक्षिपत्रैः। एतावन्मात्रावस्था एतावन्मात्रैर्दिवसैः॥' [इति च्छाया।] अर्थसा-

मधुसूदनी

इन्द्रशत्रुरित्यत्र षष्ठीसमासपक्षे अन्तोदात्तत्वमन्त्यपदोदात्तत्वं तेन इन्द्रस्य शातनक्रियायां कर्मतयाऽवगमः। त्वष्ट्रा उत्पाद्यस्य वृत्रासुरस्य तु शातनक्रियायां कर्तृतयाऽवगमः। इन्द्रः शत्रुः शातयिता समुच्छेदको यस्येति बहुव्रीहौ आद्युदात्त त्वमादिपदस्योदात्तत्वं तेन च इन्द्रस्य शातनक्रियायां कर्तृत्वं वृत्रासुरस्य तत्क्रियायां कर्मत्वं बोध्यते।

इहेति। अर्थोदाहरणे चतुर्थी तुमन् सन् प्रत्ययादिभिः। सामर्थ्योदाहरणे तृतीयाविभक्त्या हेतुबोधकपदैश्च। औचित्या उदाहरणे अर्थसामर्थ्येन पदार्थ-योग्यतया बोध्यमानः कार्यकारणभाव एव अभिधाया नियामकः; न वस्त्वन्तरम् न पदार्थः कश्चित्।

ननु कार्यकारणभाव एव एको नियामको भवति वस्त्वन्तरं न हि भवति तर्हि किमिति पृथक् २ नियामका उक्ता इत्याकांक्षायां बोध्यमानेत्यस्य पदस्य सामञ्जस्यं स्फोरयति—बोधकेति। बोधकभेदान्नियामकभेद इति सामञ्जस्यं वर्त्तते।

बालक्रीड़ा

यहां इन्द्र का शत्रुः ऐसा षष्ठी समास जब करते हैं तब समास में अन्तोदात्त होता है अन्तोदात्त स्वरानुसार इन्द्रशत्रु शब्द का इन्द्र को मारने वाला यह अर्थ होता है। और जब इन्द्रः शत्रुर्यस्य। इन्द्र है शत्रु मारने वाला जिसका, ऐसा बहुव्रीहि समास करते हैं तब पूर्व पद रूप प्रकृति को स्वर प्राप्त होता है अतः आद्युदात्त होता है उसके अनुसार इन्द्र ही मारने वाला है यह अर्थ मिलता है जो षष्ठी समास से मिले हुए अर्थ के बिलकुल विपरीत है।

"स्वरादयः" इस कारिका के स्वरादयः पद के आदि पद से अभिनय आदि का परिग्रह है। अभिनय पद का अर्थ है कि परोक्ष वस्तु का हस्त संचालन एवं अक्षि संकोचन तथा स्पन्दनादि के द्वारा साक्षादिव कर देना। जैसा—"एद्दह मेत्तत्थणिआ" इत्यादि पद्यों में बतलाया हुआ अर्थ अभिनय के द्वारा स्पष्ट किया जाता है।

यहां अर्थ, सामर्थ्य, एवं औचिती के उदाहरणों में क्रमशः चतुर्थी विभक्ति, तुमन् एवं

वैचित्र्याच्च नियामकस्य वैचित्र्येणोक्तिः प्राचाम्। वस्तुतस्तु संयोगादीनामर्थान्तरसाधारणत्वे नानार्थशब्दस्यार्थविशेषे शक्तेः संकोच एव न संभवति। नियामकानामसंकुचितत्वात्। अथ प्रसिद्धत्वादिना तेषामसाधारणताबुद्धिर्यथाकथंचिदुपपाद्यते, तदा प्रायशो लिङ्गभेद एव। एते न तु सर्वथैव ततः स्वतन्त्रा इति बोध्यम्।

मर्मप्रकाशः

मर्थ्येन अर्थयोग्यतया। यथासंख्यमन्वयः। बोधकवैचित्र्येऽपि पदार्थयोर्यः कार्यकारणभावस्तद्बोधकेत्यर्थः। नियामकस्य अर्थादेः। वैचित्र्येण भेदेन। प्राचामिति सूचितामरुचिमाह—वस्तुतस्त्विति। साधारणत्वे सतीति शेषः। स्वारसिकत्वाभावादाह—यथाकथंचिदिति। प्रागुक्तरीत्यार्थादीनामसंग्रहादाह—प्रायश इति। तेषामप्यन्तर्भावसंभवादाह—सर्वथैवेति। ततो लिङ्गात्।

मधुसूदनी

प्राचां मतमननुमतं कुर्वन्नाह–वस्तुतस्तु। अर्थान्तरसाधारणत्व इति। यथा सशंखचक्रो हरिरित्यत्र हरिशब्दस्य विभिन्ना इन्द्रवानरसिंहादयोऽर्थाः विष्णुरपि अर्थः। तत्र यदि शंखचक्रसंयोगस्य इन्द्रादिषु अर्थान्तरेषु अपि साधारणत्वं समानत्वं तर्हि विष्णुरूपे अर्थविशेषे नानार्थशब्दस्य शक्तेरभिधायाः संकोच एव न संभवति। कुतो न संभवतीत्यत्र हेतुमाह–नियामकेति। स्वं नियतं सदेव अन्यान् नियन्तुं प्रभवति स्वस्मिन् अनियते असंकुचिते तु नियामकत्वमेव न जागर्ति इति भावः। तेषां संयोगादीनामसाधारणताबुद्धिर्नियतताबुद्धिः प्रसिद्धत्वादिहेतुना यथाकथंचिदुपपाद्यते। एते संयोगादयः। ततो लिंगात्।

बालक्रीड़ा

सन् प्रत्ययों से, तृतीया विभक्ति एवं हेतु बोधक पदों से तथा अर्थ सामर्थ्य से बोध्यमान कार्य कारण भाव ही नियामक है अन्य कोई वस्तु नियामक नहीं है।

शंका—जब कार्य कारण भाव ही नियामक है तब इस एक कार्यकारण भाव ही को नियामक माना जाय अर्थ वगैरह तीनों को अलग २ नियामक क्यों माना जाय।

उत्तर। ठीक है। किन्तु उस कार्य कारण भाव को बतलाया किसने। इन अर्थ, सामर्थ्य एवं औचिती ने ही उसको बतलाया है अतः इन अर्थ वगैरह बोधकों के भेद से नियामकों को भी भिन्न ही प्राचीनों ने कहा है।

इस विषय में पण्डित राज अपना मत लिखते हैं कि वस्तुतस्तु संयोगादि अन्य २ अर्थों में साधारण है जैसे—संयोग अपने उदाहरण "सशंखचक्र हरि" में नियामक होता है उसी तरह संयोग पूर्वक विभाग होता है इस सिद्धान्त के अनुसार विभाग के उदाहरण में भी गुण भूत होकर वह नियामक होता है। इसी तरह साहचर्य में भी वह स्पष्ट सन्निविष्ट है। फलतः नानार्थक शब्द की अर्थ विशेष के विषय में शक्ति का संकोच ही असम्भव हो जायगा।

तत्र शब्दशक्तिमूलालंकारस्य ध्वनिर्यथा—

'करतलनिर्गलदविरलदानजलोल्लासितावनीवलयः ।
धनदाग्रमहितमूर्तिर्जयतितरां सार्वभौमोऽयम् ॥'

मर्मप्रकाशः

तत्र त्रयोदशभेदानां मध्ये । अलंकारस्येत्यस्योपमेत्यादिः । अविरलेति । संततेत्यर्थः ।

मधुसूदनी

तत्र शब्दशक्तीति । अत्र नागेशमहाशयेन तत्रेति पदस्य व्याख्या तत्र त्रयोदशभेदानां मध्ये इत्युदलेखि । तत्र विचार्यते विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनेरेकस्य भेदस्य संलक्ष्यक्रमध्वनेर्निरूपणप्रस्तावः; यथा अथ संलक्ष्यक्रमध्वनिर्निरूप्यते इति । अथ च तस्यैव भेदान् निरूपयितुमुपक्रमतेऽपि, यथा तत्र शब्दशक्तिमूलालंकारस्य ध्वनिर्यथेति । स च संलक्ष्यक्रमध्वनिः पण्डितराजेन "एवं साकल्येन दशभेदोऽय मि"ति रीत्या पूर्वं दशभेदो निर्दिष्टः, उपसंहारे च एकभेदो उभयशक्त्युत्थो निर्दिष्टः; तथा-च मिलित्वा एकादशभेदाऽयम् । ततः तत्र एकादशभेदानां मध्ये इत्युचितम् । यदि पर्यन्ते निर्दिष्टयोरविवक्षितवाच्यध्वनिभेदयोरपि सम्मेलनं क्रियते तदा त्रयोदश भेदानामिति व्याख्या समुन्नेया स्यात्परं संलक्ष्यक्रमध्वनिभेदनिरूपणे तयोः गणनायाः कः प्रसंगः ।

करतलेति । करतलादविरलं निरन्तरं यथा स्यात्तथा निर्गलद् निःसरदिति भावः स्वयं परापतति, परमक्षराण्येवं न सन्ति । तानि तु करतलान् निर्गलत् निःसरत् यदविरलं बहुलम् इति । दानजलमुत्सर्गवारि । तेन उल्लासितः सरसीकृतोऽवनि वलयो भूमण्डलं येन सः । धनदानां वदान्यानाग्रे प्रथमतया निरूपणीयस्थाने

बालक्रीड़ा

क्योंकि नियामक स्वयं असंकुचित हैं । यदि प्रसिद्धि के आधार पर उनकी असाधारणता बुद्धि का किसी प्रकार उपपादन करते हैं तब प्रायः ये संयोगादि लिंग के ही भेद हैं न कि सर्वथा उससे स्वतन्त्र हैं ऐसा समझना चाहिए ।

उन एकादश भेदों में से शब्दशक्तिमूल अलंकार की ध्वनि जैसे ।—यहाँ पं०नागेश महोदय ने तत्र की व्याख्या (तत्र त्रयोदशभेदानां मध्ये) तेरह भेदों के बीच में लिखा है । किन्तु पण्डितराज ने "साकल्येन दशभेदोऽयम्" । और यदि उभयशक्तिमूल एक भेद को और मिला देते हैं जैसा कि पण्डितराज ने इस भेद को आगे लिखा भी है तब एकादश भेद हो जाते हैं अतः यहां तत्र की व्याख्या "एकादशभेदानां मध्ये" करना उचित है । क्योंकि विवक्षितान्य-परवाच्य ध्वनि के भेदों का निरूपण करना प्रस्तुत है उन्हीं की आरम्भ में प्रतिज्ञा की है और उन्हीं को दिखाने का उपक्रम करते है अतः अविवक्षितवाच्य के भेदों का प्रसङ्ग नहीं है ।

दान करते समय करतल से अविरल निरन्तर गिरने वाले दान जल से जिसने अवनि-वलय भूमण्डल को उल्लासित माने सरस कर दिया है, और धन देने वालों में जिसकी अग्र

अत्र राजप्रकरणे कर-दान-धनद-सार्वभौमशब्दानां शक्तौ संकोचितायामपि तन्मूलकेन ध्वननेन प्रतीयमानस्यार्थान्तरस्याप्रस्तुतस्याभिधानं मा भूदिति प्रकृताप्रकृतयोरुपमानोपमेयभावः प्रधानवाक्यार्थतया कल्प्यत इत्युपमालंकारध्वनिः ।

मर्मप्रकाश

अवनीवलयः भूमण्डलः । धनदानामग्रे आदौ महिता पूजिता मूर्तिर्यस्य सः । अत्रेति । हस्तवितरणदातृजनभूपेष्विति भावः । तन्मूलकेन शब्दशक्तिमूलकेन । अर्थान्तरेति ।

मधुसूदनी

महिता पूजिता मूर्तिः स्वरूपं यस्य सः । अयं सार्वभौमः सम्पूर्णभूमण्डलाधीश्वरो राजा जयतितराम् । अयं प्रकृतोऽर्थः राजरूपः ।

करतलात् शुण्डादण्डात् । दानजलं मदवारि । धनदः कुबेरः । सार्वभौमः अष्टदिशागजेषु सप्तमः उदक्दिशाया गजः । तद्यथा—

ऐरावतः १ पुण्डरीको २ वामनः ३ कुमुदो ४ ऽञ्जनः ५ । पुष्पदन्तः ६ सार्वभौमः ७ सुप्रतीकश्च ८ दिग्गजाः । इत्यमरकोषकारः । एवमेव-इन्द्रो १ वह्निः २ पितृपतिः ३ नैर्ऋति ४ र्वरुणो ५ मरुत् ६ । कुबेरः ७ ईशः ८ पतयः पूर्वादीनां दिशां क्रमात् इत्यमरकोषानुरूपं कुबेरः सप्तमो दिगधिपतिः । स एवात्र अप्रकृतार्थे धनदपदेन गृह्यते । अयं उदग्दिग्गजवृत्तान्तोऽप्रकृतो व्यंग्यश्च ।

शक्तौ अभिधायां संकोचितायां राज्ञः प्रस्तावात् राजरूपार्थे नियन्त्रितायाम् । तन्मूलकेन शब्दशक्तिमूलकेन ध्वननेन । अत्रेदं बोध्यम्=अत्र उपमाध्वनिः स च उपमेयस्य उपमानस्य च उपस्थितिं विना न सम्भवति । अनयोर्द्वयोरुपस्थितौ च मूलं शब्द एव, अतः शब्दशक्तिमूल इति व्यपदिश्यते ।

अर्थान्तरस्य सार्वभौमाख्यसप्तमदिग्गजस्य उदीचीदिग्भवस्य । वक्तुः कवेः तात्पर्यविषयतया प्रधानतामवगाहमानार्थतया । कल्प्यते समर्थ्यते ।

बालक्रीड़ा

सर्वप्रथम महिमा की जाती है वह यह सार्वभौम सम्पूर्ण भूमण्डल प्रसिद्ध राजा सबसे उत्कृष्ट है ।

यहाँ राजा का प्रकरण है । इसलिए प्रकरण से कर, दान, धनद एवं सार्वभौम शब्दों की हाथ, दान, दानी एवं राजरूप अर्थ में शक्ति का संकोच हो गया । यह संकुचित अर्थात् प्रकरण से मिला हुआ अर्थ ऊपर दिखाया गया है ।

किन्तु शक्ति के संकुचित होने पर भी शब्दशक्ति मूलक ध्वनन से अर्थात् इन्हीं शब्दों से यह अर्थ मिल सकता है अन्य से नहीं ऐसे शब्दों के सामर्थ्य से उत्थान करने वाली व्यंजना से प्रतीयमान (करतल) शुण्डादण्ड, मदजल, कुबेर एवं उत्तरदिशा का सार्वभौम नामक

अथ श्लिष्टविशेषणायां समासोक्तौ व्यङ्ग्यस्याप्यप्रकृतव्यवहारस्य प्रकृतधर्मिण्यारोप्यमाणस्य प्रकृतोपस्कारकतया यथा गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वमेवमिहाप्युचितम् । न चोपमा प्रकृतार्थोपस्कारिका न भवतीति शक्यं

मर्मप्रकाशः

इन्द्रवृत्तान्तेत्यर्थः । षष्ठ्यर्थे बहुव्रीहिद्वयम् । करतलमैरावतशुण्डागण्डस्थलम् । धनदः कुबेरः । अप्रस्तुतस्यासंबद्धस्य । श्लिष्टेति । 'अयमैन्द्रीमुखं पश्य' इत्यादौ । व्यवहारस्य मुखचुम्बनादिरूपस्य । आरोप्येति । अन्यथा असंबद्धाभिधानं स्यादिति भावः । इहापि करतले-

मधुसूदनी

"एवमिहापि" इति एवं समासोक्तिवत् । इहापि प्रकृतपद्ये उपमायामपि । अप्रस्तुतस्य अभिधानम् अप्रासंगिकी चर्चा माभूदिति हेतोः ।

बालक्रीड़ा

गज रूप अर्थान्तर अत एव अप्रस्तुत याने अप्रासंगिक जिसका प्रकृत वर्णन से कोई सम्बन्ध नहीं है उस अर्थ का अभिधान अनवसर कथन नहीं हो जाय इसलिए प्रकृत राजा और अप्रकृत दिग्गज में सादृश्य की कल्पना करते हैं । प्रकृत राजा उपमेय है और अप्रकृत दिग्गज उपमान है । यहां इस पद्य का यह उपमानोपमेयभाव सादृश्य ही प्रधानवाक्यार्थ है । इन दोनों के सादृश्य ही को दिखलाने के लिए यह कवि का निर्माण है । और यह सादृश्य शब्दशक्ति मूल व्यंजना से ही मालूम होता है अतः यहां उपमालंकार ध्वनि है । द्वितीय अर्थ की उपस्थिति हुए विना उपमा नहीं हो सकती है और उस उपस्थिति में शब्दशक्ति मूल कारण है अतः शब्दशक्तिमूल ध्वनि कहा है ।

ऐरावतः १ पुण्डरीको २ वामनः ३ कुमुदो ४ ऽञ्जनः ५ ।
पुष्पदन्तः ६ सार्वभौमः ७ सुप्रतीकश्च ८ दिग्गजाः ।

इस कोष के अनुसार सार्वभौम ७वां दिग्गज है और—

इन्द्रो १ वह्निः २ पितृपति ३ नैर्ऋतो ४ वरुणो ५
मरुत् ६ । कुबेर ७ ईशः ८ पतयः पूर्वादीनां दिशां क्रमात् ।

इस कोष के अनुसार ७वां दिक्पति कुबेर है अतः अर्थान्तिर शब्द की प्रकृत में इन्द्र वृत्तान्त व्याख्या न करके "सातवें दिग्गज सार्वभौमवृत्तान्त" व्याख्या करना उचित है ।

काव्यप्रकाश के टीकाकार श्रीवत्सलाञ्छनभट्टाचार्य की उक्ति पर अपना दृष्टिकोण उपस्थित करते हैं—श्लिष्ट शब्दोपत्त विशेषण स्थल वाली समासोक्ति में प्रकृतधर्मी में आरोप्यमाण व्यंग्य अप्रकृत व्यवहार जैसे प्रकृत का उपस्कारक होने से गुणीभूत व्यंग्य माना जाता है वैसे ही यहां प्रकृत पद्य में भी उपमा को ध्वनि न मानकर गुणीभूतव्यंग्य ही मानना उचित है । अतः यह मध्यम काव्य है न कि उत्तम काव्य है ।

यह आप कह नहीं सकते कि यहाँ उपमालंकार प्रकृत राजरूप अर्थ का उपस्कारक नहीं है । क्योंकि "उल्लास्य कालकरवालमहाम्बुवाहम्" "भद्रात्मनो दुरधिरोहतनोः"

वदितुम् । 'उल्लास्य कालकरवालमहाम्बुवाहम्', 'भद्रात्मनो दुरधिरोहतनोः' इत्यादौ प्राचीनानां पद्ये 'करतल-' इत्यादि प्रागुदाहृतपद्ये च व्यङ्ग्योपमया प्रकृतस्य राज्ञः प्रकर्षस्य सकलानुभवसिद्धत्वात् । अनुभवापलापे तु समासोक्तावप्यप्रकृतव्यवहारस्य प्रकृतोपस्कारकत्वं नेति सुवचत्वात् । ननु समासोक्तावत्र चास्ति विशेषः—यत्तत्र व्यवहारिणो नानार्थशब्दानुपस्थाप्यत्वम्, इह तु तदुपस्थाप्यत्वम्, इति चेत्, किं चातो, न हि व्यव-

मर्मप्रकाशः

त्यादावपि । तथा च मध्यमकाव्यत्वम्, नोत्तमकाव्यत्वमिति भावः । व्यङ्ग्योपमयेति । व्यङ्ग्यरूपोपमयेत्यर्थः । समासोक्तावपि उक्तरूपायाम् । अत्र च करतलेत्यादौ । एवमग्रेऽपि । व्यवहारिणो जारादेः । तदुपेति । सार्वभौमेति । नानार्थपदोपेत्यर्थः । स्वभावसुन्दरस्यापि

मधुसूदनी

व्यवहारिणोऽप्रकृतधर्मिणः । नानार्थशब्दानुपस्थाप्यत्वमश्लिष्टत्वमित्यर्थः । तदुपस्थाप्यत्वं नानार्थशब्दोपस्थाप्यत्वं श्लिष्टत्वमिति यावत् ।

किंच अत इति । अतश्च श्लेषाश्लेषयोरभावाच्च किम् । स्वभावो हि अलंकाराणां यत्ते स्वाश्रयमुपस्कुर्वन्ति । स स्वभावः सुन्दरताधानरूपः । काव्येति । काव्यप्रवृत्तौ इदं काव्यम्, काव्यमिदम्, इति प्रवृत्तौ व्यवहारे काव्यवृत्तेस्तदाश्रयादित्युक्तेः । अथवा काव्यस्य प्रवृत्तौ ग्राह्यतायां काव्यं ग्राह्यमलंकारादित्युक्तेः । उद्देश्यता लक्ष्यता । यथा वस्तुमात्रेण अभिव्यलेष्वलंकारेषु स्वभावतः सौन्दर्यं, काव्यप्रवृत्त्युद्देश्यता च तथैव शब्दशक्तिमूलेष्वपि तेषु तच्च सा च अस्त्येव, अदो हि न्यायस्य तुल्यत्वम् । तस्माच्च अलंकाराणां वस्तुमात्रे गुणीभावो न सम्भवतीत्युक्तं तुल्यन्यायत्वादिति ।

बालक्रीड़ा

इन प्राचीनों के पद्यों में तथा प्रागुदाहृत "करतल" इस पद्य में भी व्यंग्य उपमा से प्रकृत राजा का उत्कर्ष सकल सहृदयों के अनुभव से सिद्ध है । यदि अनुभव का अपलाप करेंगे तो समासोक्ति में भी व्यंग्य अप्रकृत व्यवहार प्रकृत का उपस्कारक नहीं है ऐसा कहना भी अच्छा होगा ।

यदि यह कहें कि समासोक्ति और प्रकृत उपमा में एक विलक्षणता है कि समासोक्ति में विशेषण ही केवल श्लिष्ट होते हैं अतः व्यवहारी अर्थात् विशेष्य नानार्थक शब्द से उपस्थाप्य नहीं है अतः श्लिष्ट नहीं हो सकता है और यहाँ तो विशेष्य सार्वभौम नानार्थक शब्द से उपस्थाप्य है अतः श्लिष्ट है ।

इससे क्या हुआ । क्या इस व्यवहारी की नानार्थक शब्द से उपस्थाप्यता होने मात्र से अप्रकृतधर्मी निरूपित उपमा का प्रकृतधर्मी को उपस्कृत करना निवारित कर दिया जायगा । जिस से उपमा में गुणीभूतव्यंग्यत्व ही नहीं होगा ।

हारिणो नानार्थशब्दोपस्थाप्यतामात्रेणाप्रकृतधर्मिनिरूपिताया उपमायाः प्रकृतधर्म्युपस्कारकत्वं वार्यते, येन गुणीभूतव्यंग्यत्वं न स्यात्। न चात्रोपमादीनामलंकाराणां स्वभावतः सुन्दरत्वात्काव्यप्रवृत्त्युद्देश्यतया च वस्तुमात्रे गुणीभावो न संभवति, यथा वस्तुमात्रेणाभिव्यक्तानामलंकाराणाम्, तुल्यन्यायत्वात्। अप्रकृतव्यवहारस्य तु समासोक्त्यवयवस्य निरलंकारतया वस्तुन्युपस्कारकत्वं समासोक्तावविरुद्धमिति वाच्यम्। एवमपि "बाधेऽ-

मर्मप्रकाशः

शृंगारादेः क्वचिद्गुणभावदर्शनादाह---काव्यप्रवृत्त्युद्देश्यतया चेति। अन्यथा नानार्थशब्दघटितकाव्यकरणरूपकविप्रयासानर्थक्यापत्तिरिति भावः। वस्तुमात्रे प्रकृतार्थे। यथा वस्तुमात्रेति—

"वीररुद्रभटान् दृष्ट्वा जयलक्ष्मीसमावृतान्।
रणे कर्षन्त्यरिवधूकेशांस्ते कण्टकिद्रुमाः"॥

इत्यादाविति भावः। तुल्येति। उक्तहेतोस्तुल्यत्वादित्यर्थः। अनलंकारत्वेऽवयव-

मधुसूदनी

अवयविनः अवयवैः परिपूर्णस्यालंकारतया; अवयवस्य निरलंकारता सुतरां प्राप्नोति भावः। वस्तुनि प्रकृतव्यवहारे उपस्कारकत्वं शोभाधायकत्वम्। एवमपि समासोक्तौ निरलंकारस्यैव उपस्कारकत्वेऽपि।

बालक्रीड़ा

यदि कहें कि—जैसे वस्तुमात्र से अभिव्यक्त होने वाले अलंकारों में (ध्वनित्व ही है) गुणीभूत व्यंग्यत्व नहीं हैं उसी तरह यहाँ इन पद्यों में भी शब्द शक्ति मूल व्यंजना से प्राप्त होने वाले अलङ्कारों का भी वस्तुमात्र में गुणीभाव संभव नहीं है। क्योंकि अलङ्कारों की स्वाभाविक सुन्दरता और यह काव्य है इस प्रवृत्ति की इस व्यवहार की उद्देश्यता लक्ष्यता दोनों जगह तुल्य है। और इसके विपरीत अप्रकृत व्यवहार समासोक्ति का अवयव है अतएव अलंकार स्वरूप नहीं है अतः समासोक्ति में व्यंग्य अप्रकृत व्यवहार वस्तु का उपस्कारक होने से गुणीभूत हो सकता है कोई विरोध नहीं है अतः गुणीभूत व्यंग्य कहना संभव है।

तब भी ठीक नहीं है क्योंकि बाध=माने व्यंग्य के गुणीभूतत्व का विनिगमक उपस्कारकत्व दृढ़ है या अदृढ़ है। यदि वह बाध अदृढ़ है अर्थात् यदि सिद्धान्त शिथिल है तब अन्य की समानता से क्या है कुछ नहीं हो सकता है। प्रत्युत सिद्धान्त गत अदृढ़त्व के मूल शिथिलत्व का ही निराकरण करना चाहिए। अन्य के साथ तुलना करना व्यर्थ है। क्योंकि तुलना तो शिथिलता के कारण ही उठायी जाती है जैसे आपने उठाई कि जैसे वस्तु मात्र अर्थात् अलंकार रहित वस्तु से अभिव्यक्त अलंकारों का गुणीभाव नहीं होता है उसी तरह शब्द शक्ति से अभिव्यक्त अलंकारों का भी गुणीभाव उचित नहीं है। क्योंकि जो

दृढेऽन्यसाम्यात् किं दृढेऽन्यदपि बाध्यताम्" इति न्यायेन उक्तयुक्तेः शिथिलत्वात्, अपराङ्गताया दुरपह्नवत्वात् ।

मर्मप्रकाशः

त्वं हेतुः ? अदृढे इतिच्छेदः ।

मधुसूदनी

उक्तयुक्तेः अलंकाराणां स्वभावतः सुन्दरत्वात् काव्यप्रवृत्त्युद्देश्यत्वाच्च गुणीभावो न संभवति निरलंकारस्य तु स सम्भवति इत्येवमुक्ताया युक्तेः ।

शिथिलत्वादिति । प्रकृतोपस्कारकत्वं गुणीभावे बीजम्, तादृशबीजत्वं निरलंकारे वा अलंकारे वा भवतु तत्र अलंकारानलंकारयोश्चर्चा नास्ति । एवं चात्र तादृशबीजरूपे बाधे दृढे सबले अन्यदपि बाध्यताम् अलंकारस्य भवतु गुणीभावः इत्यर्थः। अबलेऽदृढे बाधे अन्यसाम्यात् किं न किमपि फलम् । यथा भूयसां यवनानां निवासत्वात् भारतात् पृथक् पाकिस्तानं जातं तथैव हैदरावादराज्यमपि यवनानां भूयस्वात् भारतात् पृथक् भवतु इत्येवं साम्योपस्थापनात् किमपि फलं नास्ति । इदं भारतस्याङ्गं भारतमेव इति । अदो हृदयम्—गुणीभूततायाः हेतुरुपस्कारकत्वाख्यो बाधोऽदृढो वा दृढो वा । यदि गुणीभूतताया हेतुः उपस्कारकत्वं शिथिलस्तर्हि अन्यसाम्यात् किं, किमपि फलं नास्तीत्यर्थः। प्रत्युत साम्योद्भावनाऽपेक्षया सिद्धान्तादृढत्वस्य मूलं शिथिलत्वं निराक्रियताम् । एवमन्यसाम्योद्भावना—यथा वस्तुमात्रेण अलंकाररहितवस्तुना अभिव्यक्ता अलंकाराः गुणीभावं नार्हन्ति तथैव शब्दशक्त्या अभिव्यक्तास्तेऽपि तद्भावं नार्हन्ति यतः अलंकाराः स्वभावतः सुन्दराः तथा काव्यवहारे इदं काव्यं, काव्यमिदमित्यादि प्रवृत्तौ उद्देश्याश्च इति तुल्यो न्यायः इत्यादिकाव्यर्था ।

यदि गुणीभूतताया हेतुः उपस्कारकत्वरूपो दृढः अर्थात् अशिथिलतया अपरिहार्यस्तर्हि अन्यदपि तुलनासम्पादकं बाध्यताम् निराक्रियताम् ।

अपराङ्गताया इति । उल्लास्य कालकरवालमित्यादौ उपमायाम्, अपराङ्गताया गुणीभावस्य दुरपह्नवत्वात् अपह्नवः कर्त्तुं दुःशकः ।

बालक्रीड़ा

न्याय कि "अलंकार स्वभावतः सुन्दर है और काव्य की प्रवृत्ति के लक्ष्य है" वह दोनों जगह तुल्य है ।

और यदि वह बाध याने गुणीभूत का विनिगमक उपस्कारकत्व दृढ है अर्थात् शिथिल नहीं होने के कारण अपरिहार्य है तब अन्य का भी जिसकी तुलना आप उठाते हैं उसका भी बाध करिये इसलिए शिथिल होने के कारण तुम्हारा साम्यीकरण व्यर्थ है । फलतः अपराङ्गता का अपह्नव करना मुश्किल है ।

अथोच्येत—उपमानमुपमेयं साधारणो धर्मः उपमावाचकमिति हि उपमाशरीरघटकम्। न तु ततः पृथग्भूतम्। तैर्विना तस्या अनिष्पत्तेः। इत्थं चोपमेयस्य सादृश्यांशेनोपस्कारेऽप्युपमाया नापराङ्गत्वम्। उपमेयस्यापरत्वाभावात्। यथा समासोक्तावप्रकृतव्यवहारेण प्रकृतस्योपस्करणेऽपि न समासोक्तेरपराङ्गत्वम्, प्रकृताप्रकृतघटितत्वात्, एवमिहापि स्यादिति।

मर्मप्रकाशः

सादृश्यांशेन तद्रूपोपमाङ्गेनोपमानेन। उक्तमेवार्थं विशदयति—यथेति। गुणीभूतव्यंग्यत्वापत्तेरिति। अयं भावः—विशिष्टस्योपमाशरीरत्वेऽपि उपमेयांशस्य न व्यंग्यत्वम्। शक्त्यैव तल्लाभात्। एवं च तद्घटकव्यंग्यांशस्य तद्घटकवाच्यादनतिशायित्वेन गुणीभूतव्यंग्यत्वं दुर्वारमिति। अत्र वदन्ति—अलंकाराणामुद्दीपनविधया रसाद्युपयोगित्वेन आलम्बनापेक्षयोद्दीपनेऽधिकचमत्कारित्वस्य सर्वानुभवसिद्धतया करतलेतिपदवाच्यालम्बनविभावापेक्षयातिशायित्वाद् ध्वनित्वमव्याहतमेव। रसाद्यपेक्षया गुणीभूतव्यंग्यत्वं त्विष्टमेव। समासोक्तौ तु "आगत्य संप्रति वियोगविसंष्ठुलाङ्गीम्" इति सखीशिक्षावाक्येऽप्रकृतनायकवृत्तान्ताध्यारोपं विना तदनुपपत्तेर्गुणीभूतव्यंग्यत्वं स्पष्टमेव। यत्र तु तस्यापि रसाद्युपस्कारकतया वाच्यादतिशयितत्वं

मधुसूदनी

पक्षान्तरेण दूषयितुं भूमिकामाबध्नाति—अथोच्येतेति। ततः उपमाशरीरात् न पृथग्भूतमंशचतुष्कम्। तैः चतुर्भिरंशैर्विना तस्या उपमाया अनिष्पत्तेरभावात्। सादृश्यरूपेण अंशेन एकदेशेन उपमेयस्य उपस्कारेऽपि उपमेयस्य अपरत्वाभावात् उपमाया अपराङ्गत्वं नास्तीत्यन्वयः। अप्रकृतस्य अपराङ्गत्वं प्रकृतांगत्वं नास्ति। नासमासोक्तरेपराङ्गत्वमित्युक्तिरसमीचीना। यतो हि समासोक्तिरपराङ्गमेव। आगत्य संप्रति वियोगेति पद्यं मम्मटभट्टैरपराङ्गताया उदाहरणमित्यन्वमोदि। अपरांगत्वं कुतो नास्तीति हेतुमाह-समासोक्तेरिति। समासोक्तेः समासोक्तिस्वरूपस्य प्रकृतेन अप्रकृतेन

बालक्रीड़ा

अगर कहें कि—उपमान, उपमेय, साधारण धर्म, और उपमा वाचक यथेवादि ये चार उपमा के शरीर के सम्पादक हैं। अतः ये उपमा से पृथक् नहीं हैं। क्योंकि उनके विना उपमा की निष्पत्ति ही नहीं होगी। इस प्रकार सादृश्य रूप अंश के द्वारा उपमेय के उपस्कृत होने पर भी उपमा अपर का अंग नहीं हुई क्योंकि उपमेय; उपमा के शरीर के अन्तर्गत ही आ गया अपर नहीं हुआ।

फलतः जैसे समासोक्ति में अप्रकृत व्यवहार से प्रकृत के उपस्कृत होने पर भी अप्रकृत अपरका अंग नहीं है (यह तो वदतो व्याघात है। क्योंकि उपस्कारक जो हो वही तो अपरांग होता है। दूसरा अपरांग होने का दृढ़ विनिगमक ही क्या है। इसलिए यहां का पाठ विसंष्ठुल है) क्योंकि समासोक्ति का स्वरूप प्रकृत एवं अप्रकृत से सम्पन्न होता है उसी तरह उपमेय के उपमास्वरूप के अन्तर्गत होने से उपमा भी अपरांग नहीं होगी।

तथापि समासोक्तेरिवास्यापि प्रभेदस्य गुणीभूतव्यंग्यत्वापत्तेः, अस्यैव वा समासोक्तेरपि ध्वनिव्यपदेश्यत्वापत्तेः ।

अन्यच्च—श्लेषे हि श्लेषभित्तिकमभेदाध्यवसानं द्वयोरर्थयोरिति सकलालं-

मर्मप्रकाशः

अन्यथा=प्रकारान्तरेणापि वाच्यार्थोपपत्तेः कर्तुं शक्यत्वाभावे हि वाच्यसिद्ध्यङ्गं भवतीत्यस्यास्वीकारे। कस्तर्हि प्रकारः प्रकृते पद्ये इति समाधत्ते-प्रकृते चेति। भगवन्नाम्नः उच्चारणे यन्माहात्म्यं तेन प्राप्ता या सार्वज्ञ्यरूपा बुद्धिः जगतीतलवर्त्तिसर्वपदार्थविषयिणी बुद्धिरिति यावत्।

बालक्रीड़ा

यही सिद्धान्त है। ऐसा नहीं कह सकते—क्योंकि जब बाधक युक्तियां दृढ हैं तब सिद्धान्त मात्र से ध्वनित्व का स्थापन करना अशक्य है।

सिद्धान्ती उत्तर देता है कि सत्य है। किन्तु वाच्यसिद्ध्यंङ्ग गुणीभूत वहीं होता है जहाँ व्यंग्य की प्रतीति के बिना वाच्य की सर्वथा अनुपपत्ति होती हो और जहाँ तो प्रकारान्तर से भी वाच्य की उपपत्ति की जा सकती है वहाँ गुणीभूत व्यंग्य वाच्यसिद्ध्यङ्ग नहीं होता है।

यदि उपर्युक्त सिद्धान्त वाच्यसिद्ध्यंग के विषय में नहीं माना जायगा तो "निःशेषच्युतचन्दनं स्तनतटम्" इस काव्य में भी दूतीरमण के बिना अधमत्व की सिद्धि ही नहीं होगी फलतः सकल आलंकारिक सम्मत ध्वनि न होकर गूणीभूतव्यंग्य ही मानना होगा।

प्रकृत में तो भगवान् के नाम में योगसिद्धि तादात्म्याध्यवसाय के विना भी भगवान् के नाम के उच्चारणमाहात्म्य से प्राप्त हुई सर्वज्ञता बुद्धि से भी की उपपत्ति हो सकती है तब गुणीभूतव्यंग्य नहीं है।

ज्ञयबुद्धयापि प्रश्नोपपत्तेर्न गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वम् । एतेनासंबन्धे संबन्धरूपातिशयोक्तिर्नामोच्चारणमाहात्म्यप्रभवसार्वज्ञ्याध्यवसायेऽपि स्थितेति स दोषस्तदवस्थ इति परास्तम् । भगवन्नामोच्चारणस्याचिन्त्यमाहात्म्यतायाः पुराणप्रसिद्धत्वात् ।

अथ वा मास्तु प्रागुक्तमुदाहरणं वस्तुनोऽलंकारव्यञ्जकतायाः, इदं तु भविष्यति—

'न मनागपि राहुरोधशङ्का न कलङ्कानुगमो न पाण्डुभावः ।
उपचीयत एव कापि शोभा परितो भामिनि! ते मुखस्य नित्यम् ॥'

अत्र राहुरोधशङ्काऽभावादिभिर्निरपेक्षैर्वस्तुभिर्व्यतिरेकालंकारो व्यज्यते ।

मर्मप्रकाशः

स्थितेति । सर्वज्ञत्वासंबन्धे तत्कल्पनादिति भावः । स दोषो गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वापत्तिरूपदोषः । पुराणेत्युपलक्षणं श्रुत्यादेरपि । तथा च वस्तुतस्तत्सत्त्वैव, न कल्पनमिति । न संबन्धातिशयोक्तिरिति भावः । अभ्युपेत्याप्याह—अथवेति । अनुगमः संबन्धः । पाण्डुभावः पाण्डुत्वम् । उपचीयते वर्धते ।

मधुसूदनी

माहात्म्यतायाः । अचिन्त्यम् तर्कविषयकबुद्धेरगम्यं माहात्म्यं प्रभावो यस्य उच्चारणस्य । तस्य अचिन्त्यमाहात्म्यस्य भावस्तत्ता तस्याः ।

राहुरोधेति । राहुणा कृतो रोधः अपवारणं ग्रासः तस्य शंका । कलंकस्य अनुगमः सम्बन्धः । व्यतिरेकालंकारः चन्द्रापेक्षया मुखे व्यतिरेकस्य सत्वात् ।

बालक्रीड़ा

इस व्याख्यान से किसी का यह कहना कि असम्बन्ध में सम्बन्धरूपा अतिशयोक्ति, नामोच्चारण के माहात्म्य से उत्पन्न सर्वज्ञता के अध्यवसाय होने पर भी स्थित है अतः पहले कहा हुआ वाच्यसिद्धयंग दोष तदवस्थ है" वह सब परास्त हुआ । क्योंकि भगवन्नामोच्चारण का अचिन्त्यमाहात्म्य पुराणों में प्रसिद्ध ही है ।

अथवा प्रागुक्त "मृद्विका रसिता" यह वस्तु से अलंकार व्यंजकता का उदाहरण नहीं है तो मत हो । यह तो होगा ।

हे भामिनि ? तुम्हारे मुख की कोई अनिर्वचनीय शोभा नित्य ही चारों तरफ से बढ़ती ही है । क्योंकि जिस मुख में न राहु के रोध ग्रास की शंका है, न कलंक का सम्बन्ध है और न पीलापन है ।

यहाँ व्यंग्य निरपेक्ष 'राहु के द्वारा ग्रास करने की शंका वगैरह के अभाव रूप' वस्तुओं से व्यतिरेकालंकार व्यक्त होता है ।

'नदन्ति मददन्तिनः, परिलसन्ति वाजिव्रजाः
पठन्ति बिरुदावलीमहितमन्दिरे बन्दिनः ।
इदं तदवधि प्रभो! यदवधि प्रवृद्धा न ते
युगान्तदहनोपमा नयनकोणशोणद्युतिः ॥'

अत्र युगान्तदहनोपमया यदैव तव कोपोदयस्तदैव रिपूणां संपदो भस्मसाद्भविष्यन्तीति वस्तु व्यज्यमानं राजविषयकरतिभावेऽङ्गमपि वाच्यापेक्षया सुन्दरत्वाद् ध्वनिव्यपदेशहेतुः । न च भस्मीकरणपटुत्वरूपस्य साधारणधर्मस्योपमानिष्पादकत्वाद् व्यङ्ग्यस्य वाच्यसिद्ध्यङ्गत्वं शङ्क्यम् ।

मर्मप्रकाशः

नदन्तीति । स्वतः संभव्यलंकारेण वस्तुनो यथेत्यादिः । मदशब्दे अर्शआ द्यच् । बिरुदावलीं स्तुतिपरम्पराम् । अहितमन्दिरे शत्रुगृहे । तदवधि तावत्पर्यन्तम् । एवमग्रेऽपि । उपमयेति । वाच्ययेति शेषः । व्यङ्ग्यस्येति । तच्छरीरनिविष्टत्वादिति भावः ।

मधुसूदनी

मदेति । मदशब्दे अर्शाद्यज्वा, मदेन युक्ता दन्तिन इति मध्यमपदलोपिसमासो वा । युगान्तं प्रलयस्तत्काले यो दहनस्तदुपमया सादृश्येन । तन्निष्पत्तेः वाच्याया उपमायाः सिद्धेः । व्यंग्यस्य यदैव तव कोपोदयस्तदैव रिपूणां सम्पदो भस्मसाद् भविष्यन्तीतिरूपव्यंग्यैकदेशस्य । उपात्तेति । नयनकोणशोणद्युतिरित्येवं शब्देन उपात्तस्य उपस्थापितस्य । उपमेयेन नयनकोणशोणद्युत्या व्यंग्ये प्रतीयमाने कोपे । अतथात्वात् वाच्यसिद्ध्यंगत्वाभावात् ।

बालक्रीड़ा

हे प्रभो; तभी तक दुश्मनों के घर में मत्त साथी चिंघाड़ते हैं, घोड़े हिन हिनाते हैं और बन्दी लोग विरुदावलिका पाठ करते हैं जब तक प्रलय कालीन अग्नि के सदृश तुम्हारे नयन कोण की लाल २ कान्ति उत्पन्न नहीं होती है ।

यहाँ नयनों की लाल कान्ति के साथ युगान्त दहन की उपमा से—"जिस समय तुम्हारे कोप का उदय होगा उसी समय शत्रुओं की सम्पत्तियाँ भस्मीभूत हो जायँगी" यह वस्तु व्यक्त होती है । यद्यपि यह वस्तु राजविषयक रतिभाव में अंग है तथापि वाच्य की अपेक्षा से सुन्दर है अतः ध्वनि है ।

यह शंका नहीं करना कि भस्मीकरण पटुत्व रूप साधारण धर्म उपमा का निष्पादक है अतः व्यंग्य वाच्यसिद्धि का अंग होने से गुणीभूत हो गया है । क्योंकि शब्द से कहे हुए शोणत्व रूप साधारण धर्म से भी उपमा की निष्पत्ति संभव है ।

उपात्तशोणत्वरूपसाधारणधर्मेणापि तन्निष्पत्तेः संभवात् । उपमेयीभूतशोणद्युतिगतस्य भस्मीकरणपटुत्वरूपसाधारणधर्मस्योपमानिष्पादकत्वेऽप्युपमेयव्यङ्ग्यकोपगतभस्मीकरणपटुत्वस्यातथात्वाच्च ।

यथा वा—

'निर्भिद्य क्ष्मारुहाणामतिघनमुदरं येषु गोत्रां गतेषु
द्राघिष्ठस्वर्णदण्डभ्रमभृतमनसो हन्त धित्सन्ति पादान् ।
यैः संभिन्ने दलाग्रप्रचलहिमकणे दाडिमीबीजबुद्ध्या
चञ्चूचाञ्चल्यमञ्चन्ति च शुकशिशवस्तेंऽशवः पान्तु भानोः ॥'

मर्मप्रकाशः

तन्निष्पत्तेरुपमानिष्पत्तेः । विनिगमनाविरहेऽप्याह—उपमेयीभूतेति । उपमाया वाच्यत्वेन तदवस्थायां यदुपमेयं तद्गतधर्मस्यैव तन्निष्पादकत्वम्, न तूपमेयभूतोपमाव्यङ्ग्यरूपकोपगतस्य तद्धर्मस्य । तदा तस्यानुपस्थितेः । तथा च यस्य तन्निष्पादकत्वं न तस्य व्यङ्ग्यत्वम्, यस्य तत्त्वं न तस्य तत्त्वम् । सोऽनुपात्त इत्यन्यत् अस्योदाहरणान्तरमाह—यथा वेति । ते रविकिरणा युष्मान्पान्तु । ते के । येषु तरुणामतिनिबिडमन्तःप्रदेशं विदार्य भूमिं गतेष्वतिदीर्घसुवर्णदण्डसंबन्धिभ्रमेण भृतं पोषितं मनो येषां ते जनाः । हन्तेत्याश्चर्यम् । पादान्किरणा-

मधुसूदनी

निर्भिद्येति । क्ष्मारुहाणां वृक्षाणां सघनं निबिडं मध्यभागमुदरं निर्भिद्य गोत्रां भूमिं गतेषु प्रयातेषु येषु अंशुषु । द्राघिष्ठा अतिशयेन दीर्घा ये स्वर्णदण्डास्तेषां भ्रमः लम्बायमानेषु किरणेषु लम्बायमानस्वर्णदण्डभ्रान्तिः । तेन भृतं व्याप्तं मनो येषां ते शुकशिशवः । पादान् चरणान् । पादा रश्मि, अंघ्रि तुर्यांशा इत्यमरः । धित्सन्ति धर्तुमिच्छन्ति । यैरंशुभिः सम्भिन्ने मिश्रिते दलनामग्रभागे प्रचले हिमकणे तुहिनबिन्दौ दाडिमीबीजमिदमिति बुध्या चञ्चूचाञ्चल्यमञ्चन्ति कुर्वन्ति शुकशिशवः । ते भानोः अंशवः किरणाः अस्मान् पान्तु रक्षन्तु ।

बालक्रीड़ा

हाँ मान भी लिया जाय कि उपमेय नयन के कोण की शोण द्युति में रहने वाला भस्मीकरणपटुत्व रूप साधारण धर्म उपमा निष्पादक होने से वाच्यसिद्धचंग गुणीभूत है, किन्तु उसी उपमेय शोणद्युति से व्यंग्य कोप में रहने वाला भस्मीकरणपटुत्व रूप साधारण धर्म उपमा निष्पादक नहीं होने से वाच्यसिद्धचङ्ग गुणीभूत नहीं है ।

अथवा दूसरा शुद्ध उदाहरण देते हैं—वे भानु के किरण हमारी रक्षा करें । जो वृक्षों के सघन मध्यभाग को भेदन करके पृथ्वी पर पहुँचने के बाद लम्बे २ सुवर्ण के दण्डे की भ्रान्ति पैदा कर देते हैं । अत एव लम्बायमानसुवर्ण दण्ड समझ कर उनके ऊपर शुकशिशु

अत्र भ्रान्तिभृतां तिरश्चामप्येवमानन्दं जनयतीति जगदानन्दहेतुर्भगवानिति व्यज्यते । एवंरूपाया भ्रान्तेर्लोकेऽपि संभवात्स्वतः संभवित्वम् ।

'उदितं मण्डलमिन्दो रुदितं सद्यो वियोगिवर्गेण ।
मुदितं च सकलललनाचूडामणिशासनेन मदनेन ॥'

अत्र समुच्चयेन क्रियायौगपद्यात्मना कार्यकारणपौर्वापर्यविपर्ययात्मिकातिशयोक्तिः । एषु स्वतः संभवी व्यञ्जकः ।

'तदवधि कुशली पुराणशास्त्रस्मृतिशतचारुविचारजो विवेकः ।
यदवधि न पदं दधाति चित्ते हरिणकिशोरदृशो दृशोर्विलासः ॥'

मर्मप्रकाशः

न्धित्सन्ति धर्तुमिच्छन्ति । किं च शुकबालका यैः संभिन्ने मिश्रिते तरुपत्राग्रनिष्ठचञ्चलहिमकणे या दाडिमीबीजस्य बुद्धिस्तया चञ्चवा चाञ्चल्यं ग्रहणार्थं व्यापारमञ्चन्ति । कुर्वन्तीत्यर्थः । अत्र भ्रान्तिमानलंकारः । तद् व्यङ्ग्यमाह—अत्रेति । अपिना अतिरश्चाम् । उदितमिति । तादृशालंकारेणालंकारस्य यथेत्यादिः । तदवधीति । कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नवस्तुना वस्तुनो यथेत्यादिः । तदवधि तावत्पर्यन्तम् । एवमग्रेऽपि । निष्पन्नेन वस्तुनेत्यन्वयः ।

मधुसूदनी

क्रियेति । क्रियाणामुदयनरोदनमोदनानां यौगपद्यम् एककालभावित्वं तेन ।

बालक्रीड़ा

पैर रखना चाहते हैं । और जिनसे मिश्रण होंने के कारण लाल हुई पत्तियों के अग्रभाग में चञ्चल ओस की बूंदों पर दाडिमी बीज की बुद्धि से शुक शिशु अपनी चोंच को संचालित करते हैं ।

यहाँ भ्रान्त शुक शिशुओं को भी इस तरह आनन्द देते हैं ऐसे जगत् को आनन्द देने वाले भगवान् हैं यह व्यक्त होता है । इस प्रकार की भ्रान्ति लोक में भी संभव है अतः यह भ्रान्ति स्वतः संभवी है ।

इधर इन्दु का मण्डल उदित हुआ कि वियोगी वर्ग रो पड़ा और सकल ललनाओं के लिए चूडामणिभूत है शासन जिसका वह मदन मुदित हो गया ।

यहाँ उदयन, रोदन एवं मोदन क्रियाओं के यौगपद्य एक कालभावित्व स्वरूप समुच्चय से कार्य और कारण में पौर्वापर्यविपर्यय रूप अतिशयोक्ति व्यक्त होती है । इनमें स्वतः संभवी व्यञ्जक है ।

पुराण, शास्त्र माने वेदशास्त्र एवं स्मृतियों के विषय में किये गये सैकड़ों सुन्दर विचारों से पैदा हुआ विवेक तभी तक कुशली है । जब तक मृग शावक लोचना के दृग्विलास चित्त में पैर नहीं रखते ।

अत्र कामिनीदृग्विलासे चेतसि पदमर्पितवति विवेकस्य नास्ति कुशलमिति वस्तुना दृग्विलासकर्तृकपदार्पणस्य लोकसिद्धत्वाभावात्कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नत्वेन सुनिषण्णे तस्मिन्का कुशलचर्चा विवेकस्येति वस्तु व्यज्यते।

'कस्मै हन्त फलाय सज्जन ! गुणग्रामार्जने सज्जसि
स्वात्मोपस्करणाय चेन्मम वचः पथ्यं समाकर्णय।
ये भावा हृदयं हरन्ति नितरां शोभाभरैः संभृता-
स्तैरेवास्य कलेः कलेवरपुषो दैनंदिनं वर्तनम् ॥'

इह यद्यपि रमणीयाः पदार्थाः कलेर्नित्यमदनीया इति वस्तुना प्रौढोक्तिसिद्धेन मर्तुं कामयसे चेद् गुणप्राप्तौ यतस्वेति वस्तु व्यज्यते, तथा-

मर्मप्रकाशः

व्यङ्ग्यमाह—सुनीति। दृग्विलासे सुस्थित इत्यर्थः। अस्योदाहरणाभासं खण्डयति—कस्मा इति। उपस्करणाय भूषणाय। भावाः पदार्थाः। वर्तनं वृत्तिः। जीवनमिति यावत्। उत्तरार्धार्थमाह—रमेति। अदनीया भक्षणीयाः। अस्य नियमेन लोकसिद्धत्वाभावादाह—

मधुसूदनी

दृग्विलासेति। दृशोर्विलासः चित्ते पदं दधातीत्येवंरूपेण पदार्पणक्रियायां दृग्विलासः कर्त्ता।

कलेवरपुषः स्थूलशरीरपोषणनिरतस्य कलेः दैनदिनं प्रतिदिनभवं वर्त्तनं भोजनम्।

बालक्रीड़ा

यहाँ कामिनी के दृग्विलास के चित्त में पैर रखते ही विवेक का कुशल नहीं है इस वस्तु से (साधारण तौर से) पैर रखते ही जब विवेक की यह दशा है तब उसके दृढ जम जाने पर तो विवेक की कुशल चर्चा करना ही व्यर्थ है यह वस्तु व्यक्त होती है। यहाँ जड़ दृग्विलास का चित्त में पदार्पण करना अस्वाभाविक है अत एव लोक सिद्ध नहीं है फलतः व्यञ्जक वस्तु कवि की प्रौढोक्ति से निष्पन्न है।

हे सज्जन! किस फल के लिए गुण ग्रामों के अर्जन में लगे हो। यदि अपने आपको सुशोभित करने के लिए, तब तो मेरा हितकर वचन सुनो जो भाव (पदार्थ) अपनी शोभाओं से परिपूर्ण हैं अत एव हृदय को अत्यन्त हरण कर लेते हैं। उन्हीं भावों से केवल अपने कलेवर की पुष्टि करने में लगे हुए इस कलि का प्रतिदिन का भोजन होता है।

यहाँ यद्यपि "रमणीय पदार्थ कलि के नित्य अदनीय है इस कवि प्रौढोक्तिसिद्ध वस्तु से "यदि मरना चाहते हो तो गुणों की प्राप्ति के लिए यत्न करो" यह वस्तु व्यक्त होती है तथापि पर्यायोक्त स्वरूप यह व्यंग्य वाच्य की अपेक्षा सुन्दर नहीं होने से गुणीभूत है।

पि तस्य पर्यायोक्तात्मनो वाच्यापेक्षया सुन्दरताविरहाद् गुणीभूतत्वमेव । अलंकारा हि वाच्यसौन्दर्यसाराः प्रायशः स्वान्तर्गतं प्रतीयमानं पृष्ठतः कुर्वन्ति ।

'देवाः के पूर्वदेवाः समिति मम नरः सन्ति के वा पुरस्ता-
देवं जल्पन्ति तावत्प्रतिभटपृतनावर्तिनः क्षत्रवीराः ।
यावन्नायाति राजन्नयनविषयतामन्तकत्रासिमूर्ते !
मुग्धारिप्राणदुग्धाशनमसृणरुचिस्त्वत्कृपाणो भुजंगः ॥'

अत्र कविप्रौढोक्तिसिद्धेन रूपकेण त्वय्युद्यतकरवाले सति का परेषां जीवनस्याशेति वस्तु व्यज्यते ।

मर्मप्रकाशः

प्रौढोक्तीति । कवीत्यादिः । गुणेति । सज्जनेत्यादिः । तस्य व्यङ्ग्भूतवस्तुनः । पर्यायोक्तेति । 'पर्यायोक्तं तु गम्यस्य वचो भङ्ग्यन्तराश्रयम् ।' इत्युक्तेति भावः । हि यतः । देवा इति । कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नालंकारेण वस्तुनो यथेत्यादिः । के इति मध्यमणिन्यायेनान्वेति । पूर्वदेवा असुराः । समिति सङ्ग्रामे । मम पुरस्तादित्यन्वयः । नर इति जसन्तम् । मुग्धेति । मुग्धरूपशत्रुसंबन्धिप्राणरूपदुग्धभोजनकृतस्निग्धकान्तिरित्यर्थः । रूपकेण खड्गसर्प.

मधुसूदनी

वृत्तौ अदनीया इत्युक्तेः वर्त्तनपदार्थो भोजनमेव । पर्यायोक्तात्मन इति । यदेवोच्यते तदेव व्यंग्यम्, यथा तु व्यंग्यं न तथोच्यते । इत्युक्तदिशा ये रमणीयाः भावास्तान् कलिर्भुंक्ते त्वमपि यदि गुणग्रामार्जनेन रमणीयो भविष्यसि तर्हि कलिस्त्वां भोक्ष्यते । इति यदेव उच्यते तदेव चेन्मत्तुं कामयसे तर्हि गुणाग्रामार्जने यतस्वेति व्यंग्यम् । ततश्च "पर्यायोक्तं विना वाच्यवाचकत्वेन यद्वचः" इति लक्षणात् पर्यायोक्तात्मत्वमुक्तम् ।

मुग्धेति । मुग्धा मूढा स्वपरयोः बलाबले अविचार्यैव वैरमाचरन्तो येऽरयः । तेषां प्राणरूपस्य दुग्धस्य अशने पाने मसृणा स्निग्धाः रुचिः प्रेम यस्य सः कृपाणरूपो भुजंगः सर्पः ।

बालक्रीड़ा

अर्थ में सौन्दर्य का आधान करना ही सर्वस्व समझने वाले अलंकार अपने से निवेदनीय प्रतीयमान को प्रायः अपकृष्ट कर देते हैं ।

"अपने आपको समलंकृत करने के लिए" जो वाच्य है वही "अपने यशः शरीर की सुरक्षा के लिए" इस रूप में व्यंग्य है । यहां यही पर्यायोक्त का स्वरूप है कि यशः शरीर में जरा एवं मरण का भय नहीं है अन्य सब कलि के अदनीय ही है ।

युद्ध में मेरे समक्ष देव, दानव एवं मानव कौन होते हैं इस प्रकार दुश्मनों की सेना के सैनिक वीर तभी तक जल्पन करते है जब तक यम को भी त्रस्त कर देने वाले हे राजन् ! आपका कृपाण रूपी भुजंग नयन विषय नहीं होता है । जिस कृपाण भुजंग की

'साहंकारसुरासुरावलिकराकृष्टभ्रमन्मन्दर-
क्षुभ्यत्क्षीरधिवल्गुवीचिवलयश्रीगर्वसर्वंकषाः ।
तृष्णाताम्यदमन्दतापसकुलैः सानन्दमालोकिता
भूमीभूषण ! भूषयन्ति भुवनाभोगं भवत्कीर्तयः ॥'

अत्र कीर्तेः सानन्दालोकनेन वस्तुना कविकल्पितेन दुग्धभ्रान्तिस्तापसगता व्यज्यते । न च सानन्दालोकनस्यैव चाक्षुषभ्रान्तिरूपतया व्य-

मर्मप्रकाशः

रूपकेण । साहंकारेति । कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नवस्तुना अलंकारस्य यथेत्यादिः । व्याख्यातमिद-

मधुसूदनी

साहंकारेति । व्याख्यातमिदमोजोगुणोदाहरणतया २४१ एकचत्वारिंशदधिकद्विशततमे पृष्ठे । सानन्दालोकनस्यैवेति । अत्र एवकारोऽप्यर्थकः । शंकते-कीर्त्तेरमूर्त्तायाः सानन्दालोकनं भ्रान्तिः वाच्या । वाच्यस्य व्यञ्जकत्वात् सा भ्रान्तिः व्यंजिका । अथ च कीर्तौ अवृत्तियद् दुग्धत्वं तत्प्रकारकं ज्ञानमपि भ्रान्तिर्व्यंग्या एवं भ्रान्तेः व्यञ्जकत्वात् व्यंग्यात्वाच्च व्यंग्यव्यंजकयोरविवेकः भेदाग्रहः । अपि च यदा सा भ्रान्तिर्व्यंजिका वाच्या तदा व्यंग्या कथमित्येवं व्यंग्यत्वं च भ्रान्तेरनुपपन्नम् ।

बालक्रीड़ा

आप से व्यर्थ कलह करने के कारण मुग्ध मूर्ख दुश्मनों के प्राणरूपी दूध के अशन करने में अत्यन्त रुचि है इच्छा है ।

यहाँ कृपाण में भुजंगत्व का आरोप किया गया है । इस कवि प्रौढोक्तिसिद्ध रूपक से तुम जब तलवार उठा लोगे तब दुश्मनों के जीने की क्या आशा है यह वस्तु व्यक्त होती है ।

हे भूमिभूषण ! आपकी कीर्तियां संसार को अलंकृत कर रही है । व्रत एवं उपवासादि से क्षीण होने के कारण प्यास से आकुल तपस्वियों का गिरोह जिस कीर्ति को बड़ आनन्द से देखता है । और जो कीर्तियां अहंकारी सुर एवं असुरों के समूह के करों से आकर्षण करने से घूमते हुए मन्दराचल से क्षुब्ध क्षीरसागर की सुन्दर तरंगों की शोभा के गर्व को विचूर्णन करती है ।

यहां कवि की कल्पना से प्रस्तुत कीर्ति के सानन्द आलोकन रूप वस्तु से यह व्यक्त होता है कि तपस्वियों को कीर्ति में दुग्ध की भ्रान्ति हो रही है ।

प्रश्न = "सानन्दालोकनस्यैव" इस पद में एवकार अप्यर्थक है । यहाँ तापसों का रूप रहित कीर्ति को सानन्द देखना भी भ्रान्ति है । क्योंकि आखों से रूप वाली वस्तु का ही दर्शन हो सकता है रूपरहित वस्तु का नही अतः भ्रान्ति है । यह भ्रान्ति वाच्य है वाच्य व्यञ्जक होता है । और इस सानन्दालोकन रूप भ्रान्ति से दुग्ध भ्रान्ति व्यंग्य है ।

ङ्ग्यव्यञ्जकयोरविवेको व्यङ्ग्यत्वानुपपत्तिश्चेति वाच्यम्। वस्तुन एकत्वेऽपि कीर्तिरूपविशेष्यावृत्तिदुग्धत्वप्रकारकत्वात्मकभ्रान्तित्वेन सानन्दालोकनत्वेन च व्यङ्ग्यव्यञ्जकविवेकस्य व्यङ्ग्यतावच्छेदकरूपेण वाच्यताया अभावाद्व्यङ्ग्यत्वस्य चोपपत्तेः। तथा चाहुः—'यदेवोच्यते तदेव व्यङ्ग्यम्। यथा तु व्यङ्ग्यं न तथोच्यते' इति।

'दयिते! रदनत्विषा मिषादयि! तेऽमी विलसन्ति केसराः।
अपि चालकवेषधारिणो मकरन्दस्पृहयालवोऽलयः॥'

मर्मप्रकाशः

मधस्तात्। अविवेकोऽभेदः। इदं च व्यङ्ग्यत्वमभ्युपेत्य वस्तुनस्तदेव नेत्याह—व्यङ्ग्यत्वेति। वाच्यत्वात्तस्येति भावः। कीर्तीति। यथासंख्यमन्वयः। उपपत्तेरिति। 'शयिता सविधे—' इत्यत्र। 'व्यङ्ग्यतावच्छेदकेच्छात्वरूपजातिरूप' इति पाठः। तेन रूपेणैव मनोरथपदेन बोधनान्न पूर्वग्रन्थविरोधः। मनोरथत्वेच्छात्वयोर्घटत्वकलशत्ववदेकत्वात्। इह तु भ्रान्तित्वसानन्दावलोकनत्वयोर्व्याप्यव्यापकभावेन भेदादिति बोध्यम्। यथा तु येन रुपेण। एवमग्रेऽपि। दयितेति। कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नालंकारेणालंकारस्य यथेत्यादिः। पूर्वोक्तरेति।

मधुसूदनी

उत्तरति। वस्तुनो भ्रान्तेः एकत्वेऽपि भ्रान्तित्वेन समानेऽपि। कीर्तिरूपे विशेष्ये अवृत्ति अतिष्ठद् यद् दुग्धत्वं तत्प्रकारिका भ्रान्तिर्व्यंग्या। कीर्त्तेः सानन्दावलोकनत्वप्रकारिका भ्रान्तिर्वाच्या व्यञ्जिका सैव। एवं व्यंग्यव्यञ्जकयोः विवेकस्य उपपत्तिः। व्यंग्यतावच्छेदकदुग्धत्वरूपेण वाच्यताया अभावाद् व्यंग्यत्वस्यापि संगतिः।

बालक्रीड़ा

इस तरह भ्रान्ति ही व्यंग्य है और भ्रान्ति ही व्यंजक है तब व्यंग्य एवं व्यञ्जक में अविवेक हो गया अभेद एकता हो गई तथा जब भ्रान्ति वाच्य है तब व्यंग्य कैसे अतः भ्रान्ति की व्यंग्यता में अनुपपत्ति है।

उत्तर :– भ्रान्ति रूप वस्तु के एक होने पर भी सानन्दावलोकनक्रियाकर्मीभूतकीर्तिरूप विशेष्य में नहीं रहने वाला जो दुग्धत्व है तत्प्रकारक भ्रान्ति व्यंग्य है। यहां व्यंग्यतावच्छेदक दुग्धत्व है। और कीर्ति को सावन्दावलोकनत्वप्रकारक भ्रान्ति व्यञ्जक है यहां व्यञ्जकतावच्छेदक सानन्दालोकवत्व है अतः व्यंग्य एवं व्यञ्जक का भेद बन गया। और व्यंग्यतावच्छेदक दुग्धत्व की वाच्यता नहीं होने से भ्रान्ति में व्यंग्यत्व की उपपत्ति हो जाती है। इसी वास्ते आचार्यों ने पर्यायोक्त के स्वरूप में कहा है कि जो कहा जाता है वही व्यंग्य है किन्तु जैसे व्यंग्य है वैसे वाच्य नहीं है।

अयि दयिते! दान्तों की कान्ति के बहाने ये केशरही चमकते हैं। यह दान्तों की

अत्र पूर्वोत्तरार्धवर्तिनीभ्यामपह्नुतिभ्यां न त्वं नारी किं तु नलिनीति तृतीयापह्नुतिर्व्यज्यते। एषु प्रौढोक्तिनिष्पन्नो व्यञ्जकः।

यद्यपि शब्दशक्तिमूलकत्वमर्थशक्तिमूलकत्वं चेत्युभयमपि सकलव्यङ्ग्यसाधारणम्, शब्दार्थयोरनुसंधानं विना व्यङ्ग्यस्यैवानुल्लासात्, तथापि परिवृत्त्यसहिष्णूनां शब्दानां प्राचुर्ये तत्प्रयुक्तात्प्राधान्यात्सत्या अप्यर्थशक्तेरप्राधान्याच्च व्यङ्ग्यस्य शब्दशक्तिमूलकत्वेनैव व्यपदेशः। परिवृत्तिसहिष्णूनां तु प्राचुर्येऽर्थशक्तेरेव प्राधान्यात्सत्या अपि शब्दशक्तेः प्रधानानुगु-

मर्मप्रकाशः

लोकसिद्धत्वाभावेन कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नाभ्यामित्यादिः। अनुसंधानं ज्ञानम्। तत्प्रयुक्तात्तदसहिष्णुशब्दप्राचुर्यप्रयुक्तात्। प्रधानेति। तदुपकारकतयेत्यर्थः। चशब्दानामिति। निर्धारण

मधुसूदनी

पूर्वार्धे अपह्नुतिः नेमे रदनाः किन्तु केसराः। उत्तरार्धे अपह्नुतिः नेमे अलकाः किन्तु अलयः। ताभ्यां च तृतीया अपह्नुतिर्व्यज्यते।

सकलव्यंग्यसाधारणं शब्दार्थौ काव्यमिति, अर्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यमिति वदतां मतेऽपि उभयोः स्थितिरस्त्येव।

अत एवोच्यते शब्दार्थयोरनुसन्धानं भावनमिति। प्राचुर्यं बाहुल्यम्। तत्प्रयुक्तात् परिवर्तनासहिष्णुशब्दबाहुल्यनिमित्ताद्धेतोः।

प्रधानेति। प्रधानस्य आनुगुण्यमेव प्रधानत्वसाधनमेव अर्थः प्रयोजनं यस्य तस्य भावस्तत्ता तया।

बालक्रीड़ा

कान्ति नहीं है किन्तु केशर हैं। कमल के पुष्प और उस कमल के मकरन्द की स्पृहा करने वाले ये अलकवेषधारी भ्रमर हैं। अर्थात् ये जुल्फियां नहीं है किन्तु भौंरें हैं।

यहां पूर्वार्धगत अपह्नुति और उत्तरार्धगत अपह्नुतियों से यह तीसरी अपह्नुति व्यक्त होती है कि तुम नारी नहीं हो किन्तु कमलिनी हो। इनमें कवि प्रौढोक्ति सिद्ध व्यञ्जक है।

यद्यपि शब्द शक्ति मूलकत्व और अर्थ शक्तिमूलकत्व सभी व्यंग्यों में समान है क्योंकि शब्द एवं अर्थ के अनुसंधान के विना व्यंग्य का ही उल्लास नहीं होता है। तथापि परिवर्त्तन को नहीं सहन करने वाले शब्दों की प्रचुरता में शब्दों की प्रधानता के कारण रहती हुई भी अर्थ शक्ति के अप्रधान होने से व्यंग्य का शब्द शक्ति मूलक ही नाम करण किया है। तथा परिवर्त्तन को सहन करने वाले शब्दों की प्रचुरता में अर्थ शक्ति के प्राधान्य होने से रहती

ण्यार्थतया मल्लग्रामादिवत्प्रधानेनैव व्यपदेशः। यत्र तु काव्ये परिवृत्तिं सहमानानामसहमानानां च शब्दानां नैकजातीयप्राचुर्यम्, अपि तु साम्यमेव, तत्र शब्दार्थोभयशक्तिमूलकस्य व्यङ्ग्यस्य स्थितिरिति द्व्युत्थो ध्वनिः। न चायं शब्दशक्तिमूलकतयैवार्थशक्तिमूलकतयैव वा व्यपदेष्टुं शक्यः, विनिगमकाभावात्। नापि शब्दशक्तिमूलकार्थशक्तिमूलकयोः संकरेण गतार्थयितुम्, व्यङ्ग्यभेद एव संकरस्येष्टेः। इह तु व्यङ्ग्यस्यैक्येन तस्यानुत्थानात्।

उदाहरणम्—

'रम्यहासा रसोल्लासा रसिकालिनिषेविता।
सर्वाङ्गशोभासंभारा पद्मिनी कस्य न प्रिया॥'

मर्मप्रकाशः

षष्ठी। अयं द्व्युत्थो ध्वनिः। एवमग्रेऽपि। विनिगमनाविरहादाह—अर्थेति। गतार्थयितुमिति शक्योऽयमित्यस्यानुषङ्गः। उदेति। द्व्युत्थध्वनेरित्यादिः। अत्र हासरसालिपद्मिनी

मधुसूदनी

विनिगमकेति। विनिगमकस्य शब्दशक्तिमूलकत्वेनैव व्यपदेशे हेतोरभावात्। तथैवान्यदपि बोध्यम्।

इष्टेः स्वीकारात्। इह तु शब्दार्थोभयशक्त्युत्थे ध्वनौ तु। तस्य व्यंग्यभेदस्य अनुत्थानात् उद्भवाभावात्।

बालक्रीड़ा

हुई भी शब्दशक्ति, प्रधान अर्थशक्ति के आनुगुण्य के लिए ही है। अतः मल्लग्रामादि की तरह प्रधान के नाम से व्यवहार होता है।

जिस काव्य में तो परिवर्त्तन को सहन करने वाले एवं नहीं सहन करने वाले शब्दों में से किसी एक जातीय शब्दों का प्राचुर्य नहीं है किन्तु समानता ही है, वहां शब्दार्थोभयशक्ति मूलक व्यंग्य की स्थिति है अतः वही ध्वनि द्व्युत्थ है।

न तो इसको शब्द शक्तिमूलक ही कह सकते हैं और न तो अर्थशक्तिमूलक ही कह सकते हैं। क्योंकि किसी एक के कहनें में कोई विनिगमक नहीं है और यह भी नहीं कह सकते कि इन दोनों का सांकर्य है। क्योंकि सांकर्य वहां ही होता है जहां दो वस्तुओं का मिलान होता है। अतः व्यंग्य भेद होना सांकर्य के लिए आवश्यक है इष्ट है यहां तो दोनों शक्तियों से प्राप्त व्यंग्य एक हीं है भिन्न नहीं है

जैसे—जिसका हँसना अत्यन्त रमणीय है, जिसमें रसमय उल्लास हैं, रसिकरूपी भौंरे जिस पर मँडराते रहते हैं और जो सम्पूर्ण अगों की शोभा से भरी हुई है, वह पद्मिनी किस को प्रिय नहीं है अर्थात् सभी को प्रिय है।

यहां हास, रस, अलि एवं पद्मिनी शब्द परिवर्तनासह हैं अन्य शब्द परिवर्तनसह हैं।

अयं च वाक्यमात्रे । पदसमूहश्च वाक्यम् । तेनास्य नानार्थानानार्थघटितसमासविषयत्वेऽपि न विरोधः । न तु शुद्धैकपदे तस्मिन्नानार्थानानार्थयोरसमावेशात् । अन्ये तु—'अर्थशक्तिमूलकत्वव्यपदेशे नानार्थप्रकाशकशब्दशक्त्युल्लास्यत्वसामान्यशून्यत्वं तन्त्रम् विषयप्राचुर्यात् । शब्दशक्तिमूलकत्वव्यपदेशे तु नार्थशक्त्युल्लास्यत्वसामान्यशून्यत्वं तथा, विषयदौर्ल-

मर्मप्रकाशः

शब्दास्तत्वसहाः, अन्ये तत्सहा इति साम्यम् । तेन पदसमूहरूपवाक्यनिष्ठत्वेन । अस्य द्व्युत्थध्वनेः । न विरोध इति । तस्याप्यवान्तरपदत्वमादाय पदसमूहत्वादिति भावः । मात्रपदव्यावर्त्यमाह—न त्विति । सामान्यशून्यत्वमिति । सामान्याभाव इत्यर्थः । तथा तन्त्रम् ।

मधुसूदनी

अयं च द्व्युत्थो ध्वनिः वाक्यमात्रे केवले वाक्ये । न तु शुद्धे नानार्थके अनानार्थके वा एकस्मिन् पदे इत्यन्वयः । मात्रपदेन व्यावर्त्यमाह–नत्विति ।

अन्ये त्विति । अयं ध्वनिरर्थशक्तिमूल इति व्यवहारे नानार्थानां प्रकाशका ये शब्दास्तेषां शक्तिभिरुल्लास्यत्वस्य सामान्येन शून्यता अभावस्तंत्रं कारणम् । अर्थशक्तिमूलकतायां नानार्थप्रकाशकशब्दानां सामान्येन शून्यता कारणमिति वक्तुं न शक्यते । यतो हि "आगत्य संप्रतीति" मम्मटभट्टैरुदाहृते पादपतनेनेत्यत्र पादस्य श्लिष्टत्वान्नानार्थप्रकाशकशब्दत्वमर्थशक्तिमूलध्वनावपि वर्त्तते । अतः नानार्थकशब्दाघटितत्वेऽपि अयं ध्वनिर्भवतीति व्यपदेष्टुं शक्यम् । परं नानार्थकशब्दानां सामान्याभावः वक्तुं दुःशकः । शब्दशक्तिमूलकत्वव्ययदेशे अर्थशक्तिसमुल्लास्यत्वस्य सामान्येन अभावः अर्थात् निरर्थकशब्दघटनायां विषयदौर्लभ्यापत्तेः कुत्रापि काव्यत्वं न स्याद्यतः । केवलनानार्थशब्दैर्घटितं पद्यमपि प्रचुरविषयं नहि भवतीत्यतोऽयं द्व्युत्थो ध्वनिः शब्दशक्तिमूलकत्वेनैव व्यपदेष्टुं शक्यः ।

बालक्रीड़ा

यह ध्वनि केवल वाक्य में होती है और पद समूह का नाम वाक्य है । फलतः पद समूह में रहने के कारण इस उभयशक्ति से उत्थ ध्वनि का नानार्थक एवं तद्भिन्न एकार्थक शब्दों से बने हुए समास (की विषयता) में भी कोई विरोध नहीं है । अर्थात् नानार्थक एवं एकार्थक शब्दों के समास से बने हुए समस्त पद में भी यह ध्वनि रह सकता है । क्योंकि वहां समास घटक शब्दों को पदसमूह कह सकते हैं ।

किन्तु शुद्ध अर्थात् केवल नानार्थक या केवल अनानार्थक शब्दों से-समास करने पर बने हुए एक पद में यह उभयशक्त्युत्थ ध्वनि नहीं रह सकता है । क्योंकि उस एक पद में नानार्थक एवं एकार्थक पदों का समावेश नहीं हो सका है ।

अन्य आचार्य तो कहते हैं कि नाना अर्थों को प्रकाशित करने वाले शब्दों की शक्ति से व्यंग्य के उल्लास्य का बिलकुल नहीं रहना ही अर्थशक्तिमूलध्वनि के व्यपदेश में तन्त्र है कारण

भ्यापत्तेः। नहि नानार्थशब्दमात्रघटितपद्यं प्रचुरविषयम्। अतः शब्दशक्तिमूलकत्वेनैवायं शक्यव्यपदेशो ध्वनिः' इत्यप्याहुः। इत्थमभिधामूलस्त्रिविधोऽपि संक्षेपेण निरूपितो ध्वनिः। निरूपयिष्यते चांशतो यथावसरम्।

लक्षणामूलस्तु निरूप्यते—

तत्र वक्ष्यमाणलक्षणायां लक्षणायां प्रयोजनवत्याः षड्विधायाः सारोपसाध्यवसानाभ्यां गौणीशुद्धाभ्यां च विभक्तानां भेदानां चतुर्णामलंकारात्मना परिणतत्वाद् द्वौ भेदौ ध्वन्याश्रयतया स्थितौ, जहत्स्वार्था अजहत्स्वार्था चेति। तन्मूलौ च द्वौ ध्वनेः प्रभेदौ।

मर्मप्रकाशः

कारणमिति तदर्थः। अत इति। तथा वक्तुमशक्यत्वेन। तद्भिन्नत्व एव तत्त्वस्यावश्यवक्तव्यत्वादित्यर्थः। अयं व्युत्थो ध्वनिः। उक्तरीत्या भेदसंभव एवात्रारुचिः। उपसंहरति--इत्थमिति। तत्र निरूपणीये तस्मिन्। वक्ष्यमाणेति। वक्ष्यमाणं लक्षणं यस्यास्तस्यामित्यर्थः। सत्यामिति शेषः। अलंकारात्मनेति। रूपकातिशयोक्तिहेत्वलंकारात्मनेत्यर्थः।

बालक्रीड़ा

है। क्योंकि बिलकुल नानार्थक शब्द नही रहें ऐसे विषय (स्थल) अर्थात् अर्थशक्तिमूलध्वनि के उदाहरण प्रचुर मात्रा में मिल सकते हैं। किन्तु शब्दशक्तिमूलक ध्वनि के व्यपदेश में अर्थशक्तिसमुत्थत्व का सामान्यतः रहितत्व तन्त्र नहीं है। यदि रहितत्व तंत्र हैं ऐसा मानेंगे तो शब्दशक्तिमूल ध्वनि के उदाहरण ही दुर्लभ हो जायेंगे। और केवल नानार्थक शब्दों से बने हुए पद्य भी अधिक नहीं है। अतः शब्दशक्तिमूलकत्व से ही इस उभय शक्त्युत्थ ध्वनि का व्यपदेश कर सकते हैं।

इस तरह तीनों प्रकार की अभिधामूलध्वनियों का संक्षेप में निरूपण कर दिया। आगे भी जैसे-जैसे अवसर आयेगा तब तब आंशिक निरूपण करेंगे।

अब लक्षणा मूल ध्वनि का निरूपण करते हैं। लक्षणा का लक्षण आगे कहेंगे। उस में प्रयोजनवती लक्षणा के छः भेद हैं। उनमें गौणी सारोपा (१) एवं साध्यवासना (२) तथा शुद्ध साध्यवासना (३) एवं सारोपा (४) नाम से पृथक्-पृथक् व्यवहार्य चार भेद रूपक (१) उत्प्रेक्षा (२) अतिशयोक्ति (३) एवं हेतु (४) इन चार अलंकारों के रूप में परिणत हो गये हैं। अवशिष्ट दो भेद लक्षणामूलध्वनि के कारण हैं। उन भेदों के नाम हैं जहत्स्वार्था जिसमें पद अपने अर्थों को छोड़ रहे हैं उसी को लक्षणलक्षणा भी कहते हैं। अजहत्स्वार्था जिसमें पद अपने अर्थों को नहीं छोड़ रहे हैं उसीका दूसरा नाम उपादानलक्षणा है। इस प्रकार जहत्स्वार्थालक्षणामूल एवं अजहत्स्वार्थालक्षणामूल ध्वनि के दो प्रभेद कहे जाते हैं।

तयोर्जहत्स्वार्थामूलो यथा—

'कृतं त्वयोन्नतं कृत्यमर्जितं चामलं यशः ।
यावज्जीवं सखे ! तुभ्यं दास्यामो विपुलाशिषः ॥'

इयं कस्यचिदपकारिणं प्रत्युक्तिः । त्वया कृतेऽप्यपकारे परमखेदहेतौ मधुरमेव यो भाषेय न परुषं, तस्मिन्नेवंजातीयके मयि पापमाचरतस्तव पापिष्ठत्वं कथं शक्यते वक्तुमिति व्यङ्ग्यम् ।

अपरामूलो यथा—

बधान द्रागेव द्रढिमरमणीयं परिकरं
किरीटे बालेन्दुं नियमय पुनः पन्नगगणैः ।
न कुर्यास्त्वं हेलामितरजनसाधारणधिया
जगन्नाथस्यायं सुरधुनि ! समुद्धारसमयः ॥'

अत्र जगन्नाथस्येत्यनेन शक्य एवानेकपापविशिष्टत्वेन लक्ष्यते। पापानां पदान्तरेणानिर्वाच्यत्वं व्यङ्ग्यम्। कुन्ताः प्रविशन्तीत्यादौ तु वाच्यगत

मर्मप्रकाशः

जहत्स्वार्था अजहत्स्वार्था चेति । अनयोरेवोपादानलक्षणलक्षणेति व्यवहारः । कथं कीदृशम् । अत्रोन्नतादिपदानां स्वार्थत्यागेनाधमादौ लक्षणा। अपरेति । अजहत्स्वार्थेत्यर्थः । द्रढिमेति तृतीयातत्पुरुषः । नियमय बधान । शक्य एवेति । जगन्नाथत्वेनेति शेषः । अनेनाजहत्स्वार्थत्वं प्रकटितम् । पदान्तरेण जगन्नाथपदातिरिक्तेन । तैक्ष्ण्यादि लक्ष्ये इति । वाच्यार्थगतं

बालक्रीड़ा

उनमें जहत्स्वार्थमूल ध्वनि जैसे—तुमने उन्नत कृत्य किया । और निर्मल यश भी कमाया । हे सखे ! यावज्जीवन तुम्हें विपुल आशीर्वाद दूंगा ।

यह अपकारी के प्रति किसी की उक्ति है । परम दुःखदायक अपकार करने पर भी जो तुमको मधुर ही कहता है कभी परुष नहीं कहता । इस तरह के मेरे ऊपर पाप करने वाले तुम्हारे पापिष्ठत्व का कथन करना अशक्य है यह व्यंग्य यहाँ है ।

अजहत्स्वार्थमूल ध्वनि जैसे—"हे सुरधुनि ! हे गंगे ! शीघ्र ही दृढ़ता से रमणीय परिकर को बाँध लीजिए । किरीट माने मुकुट में बालचन्द्र को सर्पों से नियमित कीजिए । बहुतों को इस घाट पार उतारा है इस तरह की जैसे इतर जनमें साधारण बुद्धि की जाती है उस बुद्धि से अवज्ञा आप मत करिये । क्योंकि जगन्नाथ के उद्धार का समय है ।

यहाँ "जगन्नाथस्य" इस पद के शक्य जगन्नाथ की अनेक पापों को करने वाले जगन्नाथ में लक्षणा है । यह जगन्नाथ ऐसा पापी है कि जिसके "पापों को किसी अन्य पद से कहना अशक्य है" यह यहाँ व्यंग्य है । यहाँ जगन्नाथ पद ने अपना शक्य अर्थ छोड़ा नहीं अतः

तैक्ष्ण्यादि लक्ष्यम्। तदेवमेते प्रागुक्ता द्वयुत्थातिरिक्ताः सर्वेऽपि ध्वनय एकस्मिन्वाक्ये यद्येकपदमात्रगतास्तदा पदध्वनितया व्यपदिश्यन्ते। नानापदगततायां तु वाक्यध्वनितयेति।

अथ केयमभिधा नाम यन्मूलः प्रथमं निरूपितोऽयं ध्वनिप्रपञ्चः। उच्यते—

मर्मप्रकाशः

यत्तैक्ष्ण्यादि तल्लक्ष्यवृत्तितया व्यङ्ग्यमित्यर्थः। उपसंहरति—तदेवमिति। विनिगमनाविरहादाह—शब्दस्येति।

मधुसूदनी

अथ ध्वनिभेदनिरूपणानन्तरं प्रश्नो जागर्त्ति, यदियमभिधा का? यन्मूलः अभिधाहेतुकः अयं समनन्तरितः ध्वनिप्रपञ्चः ध्वनिभेदप्रभेदः प्रथमं प्राङ् निरूपितः। उत्तरति=उच्यते। इति। शक्तिनाम्ना आख्यायते कथ्यते इति शक्त्याख्यो यः सम्बन्धः सा अभिधा इत्यन्वयः। स च अर्थस्य शब्दगतः। (अर्थप्रतियोगिकः शब्दानुयोगिकः) शब्दस्य अर्थगतो (शब्दप्रतियोगिकः अर्थानुयोगिकः) वर्त्तते। सम्बन्धे हि अपरः (यस्य सम्बन्धोऽन्यत्र नीयते) प्रतियोगी, एकः (यत्र सम्बन्धः कथ्यते) अनुयोगी भवति। प्रकृते च विनिगमनाविरहादुभयानुयोगिकः उभयप्रतियोगिकोऽस्ति।

ननु सम्बन्धो हि सम्बन्धिद्वयभिन्नः सम्बन्धिद्वयगतः एकश्च भवति। तथा च शब्दार्थरूपसंबन्धिद्वयभिन्नः शब्दार्थरूपसम्बन्धिद्वयगतः एकश्च शक्त्याख्यः

बालक्रीड़ा

अजहत्स्वार्था मूल है। कुन्ताः प्रविशन्ति इत्यादि उदाहरणों में वाच्य कुन्त में रहने वाली तीक्ष्णता आदि लक्ष्य में व्यंग्य है।

इस प्रकार, ये पहले बतलाई हुई (उभयशक्त्युत्थ को छोड़कर) सभी ध्वनियाँ एक काव्य में यदि किसी एक पद में रहती है तब तो पदध्वनियां कहलाएँगी। और यदि नाना पदों में रहेंगी तब वाक्य ध्वनियाँ कहलायेंगी।

अब यह पूछते हैं कि यह अभिधा क्या है। जिसके आधार पर पहले वाले अभिधामूल ध्वनिप्रपञ्च का निरूपण किया है। उत्तर देते हैं कि अर्थ का शब्द में रहने वाला और शब्द का अर्थ में रहने वाला जो सम्बन्ध विशेष है उसका नाम अभिधा है जिसका शक्ति यह आख्या नाम है।

अर्थ का प्रतिपादक शब्द काव्य है। वहाँ पहले शब्द का श्रावण प्रत्यक्ष होता है। उस शब्द ज्ञान से अर्थ की उपस्थिति होती है। इसके बाद शाब्दबोध होता है। इस प्रकार शब्द से होने वाले बोध के लिए अर्थोपस्थिति का कारण शब्द और अर्थ का परस्पर सम्बन्ध है। इसी का नाम अभिधा है जिसको शब्दों की शक्ति कहते हैं।

शक्त्याख्योऽर्थस्य शब्दगतः, शब्दस्यार्थगतो वा सम्बन्धविशेषोऽभिधा ॥

सा च पदार्थान्तरमिति केचित् । 'अस्माच्छब्दादयमर्थोऽवगन्तव्य इत्या-

मर्मप्रकाशः

केचित्, वैयाकरणमीमांसकादयः ।

मधुसूदनी

सम्बन्धोऽस्ति । एवम्भूतो हि सम्बन्धो (दण्डपुरुषयोः) संयोगोऽपि, (श्वेतघटयोः) समवायोऽपि वर्त्तते । तर्हि किमयं शक्त्याख्यः सम्बन्धः संयोगरूपो वा समवायरूपो वेति चेदाह—विशेष इति । सम्बन्धसामान्यो न, अपितु सम्बन्धविशेषः । ततश्च अयं शब्दार्थयोः शक्तिरूपः सम्बन्धः विशेषः संयोगसमवायाभ्यां विलक्षण इत्यर्थः । स च वाच्यवाचकभावापरपर्यायतया प्रसिद्ध इति यावत् ।

सा च शक्तिः पदार्थान्तरम्, इति केचित् । अयं भावः । शाब्दे हि व्यवहारे शक्तिपदप्रयोगः न्यायपूर्वोत्तरमीमांसाव्याकरणसाहित्यसौगतशास्त्रेषु । तत्र साहित्यमतं निरूप्य उभयमीमांसकवैयाकरणसौगतानां मतमाह-केचिदिति । न्यायमतस्य च स्वतन्त्रतया निरूपयिष्यमाणत्वात् ।

अत्रत्यः सर्वोऽपि विषयः अस्मदुपज्ञायां रसगंगाधरभूमिकायां षड्त्तरे सप्तोत्तरे च शततमे १०६–१०७ पृष्ठे द्रष्टव्यः । तथापि—सौगतां वैयाकरणानां च मते शब्दार्थयोस्तादात्म्यसम्बन्धः शक्तिः । स च अभेदसमानाधिकरणभेदः । अत एव वह्निशब्दोच्चारणेन न दाहोत्पत्तिः । संक्षेपः ।

नैयायिकमतेन कथयति—अस्मादिति । एषां मते इच्छायाः द्विविधः आकारः । "अस्मात्पदादयमर्थोऽवगन्तव्यः" इति प्रथमः । "इदं पदममुमर्थं बोधयतु" इति द्वितीयः । सर्वथा ईश्वरेच्छा शक्तिः । अत एव "एकादशेऽहनि पिता नाम कुर्यात्"

बालक्रीड़ा

शब्द सभी को सुनाई पड़ते हैं किन्तु सबको सर्वदा उन शब्दों से अर्थ का बोध नहीं होता हैं । जिनको बोध होता है उनको भी वह बोध तत्काल नहीं होता है किन्तु थोड़ी देर के बाद होता है और किसी किसी को ही वह बोध होता है । इसलिए कल्पना करते हैं कि इस बोध का कारण है शब्द और अर्थ के परस्पर सम्बन्ध विशेष के ज्ञान से पदार्थ की उपस्थिति । दूसरे किसी कारण की कल्पना नही हो सकती है ।

अब जिज्ञासा होती है कि इस उपस्थिति का हेतु जो शब्द और अर्थ का सम्बन्ध है उसका स्वरूप क्या है । इसके उत्तर में पूर्व एवं उत्तर मीमांसक कहते हैं कि कारण में कार्य जन्म के अनुकूल शक्ति रहती है । प्रकृत में घटादि पदों में घटत्वादि विषयक शाब्दबोध के अनुकूल शक्ति है यह शक्ति पदार्थान्तर है याने नैयायिकों के माने हुए सात पदार्थों से भिन्न पदार्थ है ।

कारा "इदं पदममुमर्थं बोधयतु" इत्याकारा वेश्वरेच्छैवाभिधा। तस्याश्च

मधुसूदनी

इत्यत्रापि ईश्वरेच्छायाः सत्वादाधुनिके संकेतेऽपि अभिधाऽस्त्येव। ईश्वरानंगीकर्तॄणां नास्तिकानामपि शाब्दबोधो भवतीत्यत इच्छैव अभिधेति अर्वाचीनाः।

द्वितीयान्तादिसप्तम्यन्तपदप्रतिपाद्यानां सर्वेषामर्थानां प्रथमान्तपदप्रतिपाद्येऽन्वयात् प्रथमान्तमुख्यविशेष्यकः शाब्दबोधो नैयायिकानामभिमतः। ततश्च प्रथमस्मिन् आकारे अर्थस्य प्रथमान्तत्वात् अर्थविशेष्यको बोधः। द्वितीयस्मिन् पदस्य प्रथमान्तत्वात् पदविशेष्यको बोधः। पूर्वत्र इदं-पदोत्तरपंचम्या अभेदोऽर्थः। पद शब्दोत्तरपञ्चम्या जन्यत्वमर्थः। जन्यता हि जनकतानिरूपिता भवति अतो जन्यत्वे पदस्य स्वनिष्ठजनकतानिरूपितत्वसम्बन्धेनान्वयः। जन्यश्च बोधः अवपूर्वक गम्धात्वर्थः। अतो जन्यत्वस्य स्वरूपसम्बन्धेन बोधेऽन्वयः। कर्मणि विहितस्य तव्यप्रत्ययस्य विषयत्वमर्थः। तत्र बोधस्य स्वनिष्ठविषयितानिरूपितत्वसम्बन्धेन अन्वयः विषयत्वस्य प्रकारतासम्बम्धेन, अर्थस्य च विशेष्यतासम्बन्धेन इच्छायामन्वयः। यतो हि इच्छा विशेष्यतासम्बन्धेन अर्थे तथा प्रकारतासम्बन्धेन विषयत्वे। विषयताश्रयत्वं विषयत्वमेवेति तथा लिखितम्। एवं हि अस्मात् पदादयमर्थोऽवगन्तव्य इति मते इदंपदनिष्ठजनकतानिरूपितजन्यतावद्बोधनिष्ठविषयितानिरूपितविषयत्वप्रकारकार्थविशेष्यकेच्छात्वमभिधात्वमिति निष्कर्षः। तत्र द्वितीये अर्थपदोत्तरद्वितीयाया विषयत्वमर्थः। तत्रार्थस्य निष्ठत्वसम्बन्धेनान्वयः। विषयत्वस्य च बुधधात्वर्थे बोधे निरूपकत्वसम्बन्धेनान्वयः। बोधस्य च णिजर्थजनकत्वे स्व (बोध) निष्ठजन्यतानिरूपितत्वसम्बन्धेन। णिजर्थजनकत्वस्य च प्रकारतासम्बन्धेन लोडर्थेच्छायाम्। तत्रैव लोडर्थे प्रथमान्तं पदमपि विशेष्यतासम्बंधेन। एवञ्च इदमर्थनिष्ठविषयतानिरूपकबोधनिष्ठजन्यतानिरूपितजनकत्वप्रकारकार्थविशेष्यकेच्छात्वमभिधात्वम्, इदम्पदममुमर्थं बोधयतु इति मते।

ननु ईश्वरेच्छा ईश्वरे न तु पदे तर्हि कथं पदार्थबोध इत्यत आह तस्याश्चेति। ईश्वरेच्छायाश्च विषयतया विषयत्वरूपसम्बन्धेन सर्वत्र पदे अर्थे बोधे वा पदार्थमात्रे वा सत्त्वात्। ईश्वरः सर्वव्यापी तदिच्छापि सर्वव्यापिनीति भावः। पदादीनामिति। पटपदादपि घटरूपार्थस्य, घटपदादपि पटरूपार्थस्य बोधः स्यादिति भावात्। अतः

बालक्रीड़ा

नैयायिक कहता है कि इस संबंध का स्वरूप संकेत है "इस पद से इस अर्थ को समझो" या "यह पद इस अर्थ को समझावे" ऐसी ईश्वर की इच्छा का नाम संकेत है।

इस में शंका होती है कि इस इच्छा के विषय पद (शब्द) अर्थ और उनसे होने वाले बोध तीनों हैं अतः निर्णय नहीं हो सका कि किसको वाचक, वाच्य एवं फल कहा जाय। उत्तर=बोधजनकतया जो इच्छा का विषय है वह वाचक है और बोधविषयतया जो इच्छा का विषय है वह वाच्य है तथा विषयतया एवं जन्यतया जो इच्छा का विषय हो वह बोध फल है।

विषयतया सर्वत्र सत्त्वात्पटादीनामपि घटादिपदवाच्यता स्यात्। अतो व्यक्तिविशेषोपधानेन घटादिपदाभिधात्वं वाच्यम्' इत्यपरे। 'एवमपीश्वर-ज्ञानादिना विनिगमनाविरहः स्यात्, अतः प्रथममतमेव ज्यायः' इत्यपि वदन्ति।

मर्मप्रकाशः

अपरे, नैयायिकाः। एवमपि उक्तरीत्यातिप्रसङ्गवारणेऽपि। विवक्षितेति। शक्त्येति। तृतीयाश्रुतेरिति भावः। स्वज्ञाने स्वज्ञानापेक्षत्वेनात्माश्रयस्य स्पष्टत्वादसंगतिमुपपादयति—

मधुसूदनी

पटादीनां घटादिपदेभ्यो वाच्यता मा भवतु इत्यस्माद् व्यक्तिविशेषस्य तत्तद्व्यक्ते-रुपधानेन सम्बन्धेन घटादिपदाश्रिता अभिधा। पदं हि शक्तेराश्रयत्वेन विवक्षितमिति भावः। तथा च पटपदजन्यबोधविषयत्वप्रकारकपटविशेष्यकेश्वरेच्छात्वमभिधात्व-मिति अस्मात्पदादिति मते लक्षणं फलितम्। पटविषयकबोधजनकत्वप्रकारकपटपद-विशेष्यकेश्वरेच्छात्वमभिधात्वमिति इदं पदमिति मते लक्षणं फलितम्।

एवमपीति। एवमपि ईश्वरेच्छाया अभिधात्वस्वीकारेऽपि ईश्वरज्ञानम्, आदिपदाद् ईश्वरकृतिरभिधा इत्यपि कुतो न, किं विनिगमकम्। नास्ति चेत्तर्हि तज्ज्ञानकृत्योरपि अभिधात्वमस्तु अतः विनिगमनाविरहात् प्रथममतमेव सा च पदा-र्थान्तरमिति वदतां केषाञ्चिन्मतमेव ज्यायः श्रेयः।

बालक्रीड़ा

इस पर पुनः शंका होती है कि इस तरह ईश्वर की इच्छा के विषय सभी हैं तब जैसे घट में इश्वरेच्छीयविषयता है वैसे ही पट में भी हैं फलतः पट पद से घट का बोध और घट पद से पट का बोध होगा तब पटपदवाच्यता घट में रहेगी एवं घटपदवाच्यता पट में रहेगी।

उत्तर=यह दोष तभी होता है जब सामान्यतः पद व्यक्ति का उपधान उपन्यास अर्थात् सन्निवेश होता है। किन्तु व्यक्ति विशेषघट का उपधान करके लक्षण करने से दोष नहीं होगा। अतः "इस पद से इस अर्थ को समझो" इसके अनुसार अभिधा का लक्षण ऐसा हुआ—घट-पदजन्य बोध विषयत्व प्रंकारक घटविशेष्यक ईश्वर की इच्छा का नाम अभिधा है। और "यह पद इस अर्थ को समझावे" इसके अनुसार घटविषयकबोधजनकत्व प्रकारक घटपदविशेष्यक ईश्वर की इच्छा का नाम अभिधा हैं ऐसा लक्षण हुआ।

इस पर प्रश्न है कि ईश्वर के ज्ञान, या ईश्वर की कृति को क्यों न संकेत मान लिया जाय। कौन विनिगमक है जो वे न मान लिये जायें। अतः प्रथम मत ही श्रेयान् हैं यह भी कहते हैं। यहाँ का भाव यह है। एक सिद्धांत है कि (जानाति, इच्छति, यतते) पहिले व्यक्ति ज्ञान करता है, पीछे इच्छा करता है फिर यत्न करता है। यही सृष्टि के प्राणियों का क्रम है अतः ईश्वर की इच्छा ही क्यों संकेत मानी जाय प्रत्युत ज्ञान को अभिधा मानना चाहिए। क्यों कि वह प्रथम प्राप्त है। ईश्वर की इच्छा को अभिधा मानने में और भी

यत्तु वृत्तिवार्तिके—'शक्त्या प्रतिपादकत्वमभिधा' इत्यप्पयदीक्षितैरुक्तं तत्तुच्छम्, उपपत्तिविरोधात्। तथाहि—इह शब्दाज्जायमानायामर्थोपस्थितौ

मधुसूदनी

शक्त्येति। प्रकृत्या चारु, धान्येन धनवान् इतिवदभेदे तृतीया चेन्न कोऽपि दोषः। करणतृतीयां स्वीकृत्य दोषोद्भावनं भवति। पण्डितराजेनाऽपि स्वयं शक्त्याख्याभिधेति उदटंकि। अत्रापि शक्त्यभिन्नाऽभिधेति तत्त्वम्।

इहेति। इह शाब्दे व्यवहारे शब्दादर्थोपस्थितिर्जायते। तत्र शब्दादर्थोपस्थितौ वृत्तिधीः सहकारिणी ततः उक्तं यदीयज्ञानं कारणीभूतम्। अत्र प्रतिपादकत्वं लक्षणं अभिधा लक्ष्या। अत एव सा लक्ष्यतया प्रस्तुतेति। शब्द प्रतिपादकत्वं नाम प्रतिपत्तिहेतुत्वम् परमेतज्ज्ञानं प्रतिपत्तौ उपस्थितौ कारणं नास्ति।

बालक्रीड़ा

बाधक है। यदि ईश्वर की इच्छा संकेत मानी जायगी तब ("दशमेऽह्नि पिता नाम कुर्यात्") दशम दिन में पिता पुत्र का नाम करण करे, इस श्रुति के अनुसार नाम करण के उपयोगी आधुनिक इच्छायें संकेत नहीं हो सकेंगी।

उत्तर=श्रुति भगवान् का वाक्य है। कोई भी वक्ता किसी को कुछ समझाने की इच्छा से वाक्य का प्रयोग करता है अतः ईश्वर के वाक्य में विषयतया ईश्वर की इच्छा रहने से आधुनिक इच्छाओं में भी ईश्वर की इच्छा मूल है। अतः उपर्युक्त दोनों शंकाएँ निर्मूल है क्योंकि जगत् व्यवहार प्रधान है। व्यवहार है प्रवृत्ति या निवृत्ति। यह व्यवहार या तो चेष्टा से या शब्द से हो सकता है। चेष्टा से व्यवहार अधूरा ही होता है उसमें पूर्णता नहीं आती। क्योंकि उसमें समझाने की क्षमता नहीं है अतः शब्द ही व्यवहार का प्रधान कारण है। उस शब्द का प्रयोग दूसरे को समझाने के लिए ही होता है। ईश्वर के ज्ञान को संकेत इसीलिए नहीं कह सकते हैं कि ईश्वर अपने आप जो समझता है वही ईश्वर का ज्ञान हुआ। मेरे ज्ञान को मेरी सृष्टि मेरे अनुयायी समझें यह ईश्वर की इच्छा होती है। तब सृष्टि के आरम्भ में ईश्वर शब्द प्रयोग करता है फलतः ज्ञान को समझाने की इच्छा से शब्द प्रयोग करता है अतः शब्द के मूल में इच्छा के ही होने से इच्छा ही संकेत है। ज्ञान एवं कृति संकेत नही है।

किन्तु ईश्वर की इच्छा को संकेत मानने में बड़ी आपत्तियाँ है। क्योंकि यदि ईश्वर की इच्छा ही संकेत है तब अनुमान को पृथक् प्रमाण मानने तथा लक्षणा को पृथक् शक्ति मानने की क्यों गुरुता की जाय। क्योंकि धूम से वह्नि का ज्ञान हो जाय, गंगापद से तीर का बोध होजाय ऐसी इच्छा रूप संकेत से काम चल जायगा। इसके सिवाय प्रबल बाधक यह है कि अनीश्वर वादी को भी शाब्द बोध होता है तब ईश्वरेच्छा को संकेत मानना कठिन है।

जो तो वृत्तिवार्तिक में अप्पय्य दीक्षित ने कहा है कि "शक्ति से प्रतिपादकत्व का नाम अभिधा है।" वह तुच्छ है, क्योंकि उपपत्ति विरोध है। जैसे—यहां शब्द से होने वाली

कारणीभूतं यदीयज्ञानं सा शब्दवृत्तिरभिधाख्या लक्ष्यतया प्रस्तुता। प्रतिपादकत्वस्य च प्रतिपत्तिहेतुत्वरूपस्य शब्दगतस्य न ज्ञानं प्रतिपत्तौ कारणम्। अतः कथं नाम प्रतिपादकत्वमभिधेत्युच्यते ?

अथ प्रतिपादकत्वं प्रतिपत्त्यनुकूलव्यापाररूपं ज्ञातं सदेवोपयुज्यते प्रतिपत्तावित्युच्येत, एवमपि शक्त्येत्यनेन शब्दगतार्थगता वा काचिच्छक्तिः प्रतिपत्तिहेतुतया विवक्षिता, सैवाभिधेति 'अभिधया प्रतिपादकत्वमभिधा' इति लक्षणं पर्यवसन्नम्। तथा च स्फुटैवासंगतिरात्माश्रयश्च। न चाभिधातः शक्तिरतिरिक्ता शब्दजन्यप्रतिपत्तिप्रयोजिका काचिदस्तीत्यत्र प्रमाणमस्ति।

मर्मप्रकाशः

न चेति। नहीत्यर्थः। प्रमाणमस्तीति। प्रकृत्यादित्वाद्धान्येन धनवानित्यादिवत्तृतीयाया अभेदार्थकत्वेन न कश्चिद् दोष इति चिन्त्यमेतत्सर्वम्।

मधुसूदनी

अतः तज्ज्ञानस्य प्रतिपत्तौ कारणत्वाभावात्।

अथ पक्षान्तरे। प्रतिपत्तेरुपस्थितेरनुकूलो जनको व्यापारः प्रतिपादकत्वरूपः। स च ज्ञातः सन्नेव प्रतिपत्तौ उपयुक्तो भवति इति उच्यते। एवमपि तथा कथनेऽपि।

ननु का असंगतिरित्याह-न चेति। अभिधात अतिरिक्तं किंचित् शक्तिनामकं वस्तु भवेत्तर्हि अतिरिक्तभूतया शक्त्या प्रतिपादकत्वमभिधेति संगतिः स्यात् परं; तदतिरिक्तं शब्देन जन्ये ज्ञाने (प्रतिपत्तौ) प्रयोजकं सहायभूतं किंचिदस्ति इत्यत्र

बालक्रीड़ा

उपस्थिति में जिसका ज्ञान कारण है वह शब्द की वृत्ति अभिधा है वही प्रस्तुत में लक्ष्य है। किन्तु शब्द प्रतिपादक है अर्थात् प्रतिपत्ति (पदार्थोपस्थिति) में शब्द हेतु है इस हेतुत्व का ज्ञान प्रतिपत्ति (पदार्थोपस्थिति) में कारण नहीं है किन्तु इस शब्द का इस अर्थ में संकेत है यह ज्ञान कारण है। तब आप कैसे कहते हैं कि प्रतिपादकत्व अभिधा है।

प्रश्न=यदि कहें कि "अनेकार्थस्य शब्दस्य वाचकत्वे नियन्त्रिते" इत्यादि स्थलों में संयोगादि के द्वारा नियम्य अभिधा ही को आचार्यों ने बतलाया है उस अभिधा का पर्याय शब्द वाचकत्व ही है। और काव्यप्रदीपकार ने स्पष्ट रूप से विवरण किया है कि "वाचकत्वमभिधा"। वाचकत्व कहें या प्रतिपादकत्व कहें एक ही बात है। इसलिए प्रतिपादकत्व अर्थात् प्रतिपति के अनुकूल (पदार्थोपस्थिति का जनक) व्यापार अभिधा ज्ञात होकर ही प्रतिपत्ति में उपयुक्त होता है तब क्या दोष है।—

उत्तर=इस तरह भी "शक्त्या" इससे शब्द में या अर्थ में रहने वाली जो कोई शक्ति प्रतिपत्ति के हेतु रूप से विवक्षित है वही अभिधा है तब अभिधा से प्रतिपादकत्व का नाम अभिधा है यह लक्षण सम्पन्न हुआ। इस तरह स्पष्ट ही लक्षण की असंगति है और

सेयमभिधा त्रिविधा—केवलसमुदायशक्तिः, केवलावयवशक्तिः, समुदायावयवशक्तिसंकरश्चेति । आद्याया डित्थादिरुदाहरणम् , तत्रावयवशक्तेरभावात् । द्वितीयायास्तु पाचकपाठकादिः, तत्र धातुप्रत्ययशक्तिबोध्ययोरर्थयोरन्वयेनोल्लसितात्पाककर्तृरूपादर्थादृतेऽर्थान्तरस्यानवभासेन समुदायशक्तेरभावात् । तृतीयायाः पङ्कजादिः । इह धातूपपदप्रत्ययरूपावयवशक्तिवेद्यानां पङ्कजननकर्तृणामाकाङ्क्षादिवशादन्वये प्रकाशमानात्पङ्कजनिकर्तृ-

मर्मप्रकाशः

निरूपिताभिधां विभजते—सेयमिति । धातुप्रेति पङ्कादिभिर्यथासंख्येनान्वयः । उभयोः समुदायावयवशक्त्योः । विधाः प्रकारः । दूषणानां प्रतिपादकत्वनिष्ठतत्त्वा ? (रूपाभिधात्वा)

मधुसूदनी

कथने प्रमाणं नास्ति । प्रत्युत आत्माश्रयो दोषोऽधिकः, स्वस्य ज्ञाने स्वज्ञानस्य अपेक्षितत्वात् ।

धातुप्रत्ययेति । प्रत्ययस्य प्रकृत्यन्वितस्वार्थबोधकत्वस्यैव व्युत्पन्नत्वात् धातुप्रत्यययोः शक्तिभ्यां बोध्ययोरर्थयोरन्वयेनेति कथितम् । धातुश्च (जन्) प्रत्ययश्च (ड) उपपदं (पंक) चेति धातूपपदप्रत्ययास्तद्रूपा ये अवयवास्तेषां शक्तिभिर्वेद्यानाम् । आकांक्षा आदिपदात् योग्यतासत्त्योर्ग्रहणम् । अन्वये सति सम्बन्धे सति । अतिरिक्तस्य अवयवशक्तिसमुपस्थाप्यार्थाद् भिन्नस्य । प्रत्ययेन ज्ञानेन । पद्मत्वविशिष्टस्य पद्मरूपार्थस्य । तदर्थं समुदायशक्तिसमुपस्थाप्यार्थम् । अयं भावः । स योगरूढो यत्र अवयवशक्तिवेद्येऽर्थे समुदायशक्तिरपि प्रवर्त्तते । एवमत्र उभयशक्त्या पंकजपदात् पंकजनिकर्त्तृत्वरूपावयवार्थविशिष्टस्य पद्मत्वविशिष्टस्य एकस्य अर्थस्य

बालक्रीड़ा

अभिधा के निरूपण में अभिधा का आश्रय लेने से आत्माश्रय भी दोष है। क्योंकि अभिधा से अतिरिक्त कोई शक्ति, शब्द में रहने वाली पदार्थोपस्थिति में प्रयोजिका है कारण है इसमें कई प्रमाण नहीं है।

वह अभिधा तीन प्रकार की है। केवल समुदाय शक्ति, अर्थात् जहाँ अवयव शक्ति न रहे। केवलावयवशक्ति अर्थात् जहाँ समुदायशक्ति न रहे। और समुदायावयवशक्ति संकर अर्थात् जहाँ समुदाय और अवयव दोनों शक्तियाँ मिलकर रहें। पहिलीका डित्थादि उदाहरण हैं। यहाँ अवयव शक्ति का अभाव है। दूसरी का पाचक पाठक आदि उदाहरण हैं। यहाँ पच् धातु एवं पठ् धातु एवं ण्वुल् प्रत्यय की शक्ति से बोध्य अर्थों के अन्वय से उल्लसित पाककर्तृरूप अर्थ के अतिरिक्त अर्थ का अवभास नहीं होने से समुदाय शक्ति नही है। तीसरी का पङ्कज आदि उदाहरण है। यहाँ उपपद पङ्क, धातु जन एवं प्रत्यय ड रूप अवयव की शक्ति यों से वेद्य पङ्क, जनन, एवं कर्त्तृत्व का आकाङ्क्षा आसत्ति और योग्यता के वश से प्रकाशमान पंकजनिकर्त्तृरूप अर्थ के अतिरिक्त पद्मत्व विशिष्ट पद्म रूप

रूपादर्थादतिरिक्तस्य पद्मत्वविशिष्टस्य प्रत्ययेन तदर्थं समुदायशक्तेरपि कल्पनादुभयोः संकरः। एता एव विधा रूढि-योग-योगरूढ़िशब्दैर्व्यपदिश्यन्ते।

यत्तु 'अखण्डशक्तिमात्रेणैकार्थप्रतिपादकत्वं रूढ़िः। अवयवशक्तिमात्रसापेक्षं पदस्यैकार्थप्रतिपादकत्वं योगः। उभयशक्तिसापेक्षमेकार्थप्रतिपादकत्वं योगरूढ़िः।' इति वृत्तिवार्तिकेऽप्पयदीक्षितैरुक्तम्, तन्न। अभिधालक्षणोक्तदूषणानामिहापि दुर्वारत्वात्।

अथ अश्वगन्धा-अश्वकर्ण-मण्डप-निशान्त-कुवलयादि-शब्देषु का शक्तिरिति। अत्र केचित् 'अश्वगन्धारसं पिबेत्' इत्यादिषु विषयविशेषे केवलसमुदायशक्तिः। अश्वगन्धा वाजिशाला, इत्यादिषु तु केवलयोगशक्तिः।

मधुसूदनी

पद्मस्य बोधो भवति। अत एव उभयशक्त्या एकार्थबोधनादेव पंकजाते कुमुदे, स्थलजाते पद्मे च पंकजपदप्रयोगो न हि भवति, लक्षणयैव कुमुदादौ तत्पदप्रयोगो भवतीति।

उक्तदूषणानामिति। प्रतिपत्तिहेतुत्वरूपप्रतिपादकत्वज्ञानस्य प्रतिपत्तौ कारणत्वाभावस्य, अभिधातोऽतिरिक्तशक्तौ प्रमाणाभावरूपासंगतेरात्माश्रयस्येति त्रयाणां दूषणानाम्। इहापि रूढ्यादावपि।

अथेति प्रश्ने। इत्यादिषु विषयविशेषे तथा इत्यादिषु चेत्यत्र मुद्रिपाठे बहुवचनान्तैकवचनान्तयोरसंगत्या इत्यादावित्येकवचनं साधु। केवलत्वविशेषितयोस्तयोर्भेदयोः कथं प्रसक्तिरिति प्रश्नस्यायमाशयः—एके मुख्यान्यकेवला इति कोषानुसारं

बालक्रीड़ा

अर्थ की प्रतीति होती है अतः उस अतिरिक्त अर्थ के लिए समुदाय शक्ति की भी कल्पना की जाती है इस लिए समुदाय और अवयव दोनों शक्तियों का सांकर्य है। इन्ही तीनों प्रकारों को रूढ़ि, योग, योगरूढ़ि शब्दों से कहते हैं।

जो तो वृत्तिवार्तिक में अप्पय्य दीक्षित ने कहा कि केवल अखण्डशक्ति से एकार्थप्रतिपादकत्व रूढ़ि है। केवल अवयव शक्ति की अपेक्षा से पद में एकार्थप्रतिपादकत्व है उसका नाम योग है। और उभयशक्ति सापेक्ष एकार्थप्रतिपादकत्व योगरूढ़ि है; वह ठीक नहीं है। क्योंकि अभिधा लक्षण में कहे हुए असंगति एवं आत्माश्रय रूप दूषणों का यहाँ भी वारण करना कठिन हो जायगा।

अब प्रश्न उठता है कि अभिधा को तीन ही प्रकार की माना जायगा तब अश्वगन्धा अश्वकर्ण, मण्डप, निशान्त, कुवलय प्रभृति शब्दों में कौन शक्ति है। इस पर कोई कहते हैं अश्वगन्धा (असगन्ध) नामक औषधि के रस को पीवे। इत्यादि विषय विशेष में, स्थल

समुदायावयवशक्त्योरुभयोरेकशब्दाश्रयत्वे कथं केवलत्वविशेषितयो-राद्यद्वितीयभेदयोः प्रसक्तिरिति तु न शङ्कयम्। समुदायावयवशक्तिवेद्ययोरर्थ-योरनन्वयेन तादृशशक्त्योः कैवल्यस्य साम्राज्यात्। इदमेव हि केवलत्वमिह विवक्षितम्, यदन्वयायोग्यार्थबोधकत्वम्। संकरस्त्वन्वययोग्यार्थबोधिक-योरेवेति न तस्यात्र प्रसक्तिः' इत्याहुः।

मर्मप्रकाशः

संभवासंगत्यात्माश्रयाणाम्। विषयविशेष इति। ओषधिरूपेत्यर्थः। शङ्कते—समुदेति। अनन्वयेन मिथ इत्यादि। यदन्वयायोग्येति। एवं च योगबोध्यार्थान्वयायोग्यार्थप्रतिपादकत्वं रूढेः केवलत्वम्। रूढिबोध्यार्थान्वयायोग्यार्थप्रतिपादकत्वं योगस्य केवलत्वम्। उभयप्रतिपाद्य-

मधुसूदनी

केवलं नाम एकत्वं तर्हि केवलसमुदायशक्तिरित्यस्य समुदायशक्तिरेव एका प्रकृते न तु अवयवशक्तिरपि। एवमेव अवयवशक्तिरेव एका प्रकृते न तु समुदायशक्तिरपि।

किन्तु प्रकृते अश्वगन्धेति एकस्मिन् शब्दे यर्हि समुदायशक्तिरपि तथा अवयव-शक्तिरपि उभे शक्ती स्तः, तर्हि कथमिह तयोः कैवल्यमिति। उत्तरस्यायमाशयः। अश्वगन्धापदे औषधरूपार्थे प्रतिपाद्ये केवला समुदायशक्तिः, तस्मिन् अवयवशक्तिर्न प्रवर्त्तते। सम्बन्धार्थो गन्ध शब्दः, तथा च वाजिसम्बन्धिशालारूपार्थे बोधे केवला अवयवशक्तिर्न तु तस्मिन् समुदायशक्तिः प्रवर्त्तते। एवं एकशक्तिवेद्येन अर्थेन साकमपरशक्तिवेद्यस्यार्थस्य अन्वयो नास्ति (यथा योगरूढपंकजपदप्रतिपाद्ययोरर्थयोः परस्परमन्वयो भवति तथा नास्तीत्यर्थः) इदमेव तयो; शक्त्योः कैवल्यस्य साम्राज्यम्। तदेतदुक्तम्—इदमेवेत्यादि। अन्वयस्य अयोग्यौ यौ अर्थौ तयोर्बोधकत्वं शक्त्योः। संकरस्तु अन्वययोग्यार्थबोधिकयोः शक्त्योरिति हेतोः तस्य संकरस्य अत्र अश्वगन्धापदे न प्रसक्तिः न प्राप्तिः।

बालक्रीड़ा

विशेष में केवल समुदाय शक्ति है। जहाँ घोड़े की गन्ध अर्थात् घोड़े के साथ सम्बन्ध होने के कारण वाजिशाला को अश्वगन्धा कहा जाता है। यहाँ गन्ध शब्द का "गन्धो गन्धक आमोदे लेशे सम्बन्धगर्वयोः" इस कोष के अनुसार सम्बन्ध अर्थ है। ऐसे स्थलों में केवल योग शक्ति है।

यहाँ ऐसीं शंका नहीं करना कि जब समुदाय शक्ति तथा अवयव शक्ति दोनों एक ही शब्द में रहती हैं तब केवलत्व है विशेषण जिनमें ऐसे केवल समुदायशक्ति और केवल अवयव शक्ति रूप प्रथम और द्वितीय भेदों की अश्वगन्धारसं पिबेत् (यहाँ प्रथम भेद) अश्वगन्धा वाजिशाला (यहाँ द्वितीय भेद) की प्राप्ति कैसे।

उत्तर=समुदाय और अवयव शक्ति से वेद्य अर्थों में परस्पर अन्वय नहीं होने से उन शक्तियों में कैवल्य का ही साम्राज्य है। यहाँ केवलत्व का यही अर्थ विवक्षित है कि

अन्ये तु—'अश्वकर्णादिशब्देषु नाभिधायाः प्रथमद्वितीययोर्विधयोः प्रसक्तिः, कैवल्यविरहात्। परन्तु संकरस्य द्वौ भेदौ–योगरूढिर्यौगिकरूढिश्चेतिः। तत्राद्यस्योदाहरणं पङ्कजादिशब्दाः। द्वितीयस्य त्वश्वकर्णादयः' इत्याहुः। 'चतुर्थ एवायमभिधाया भेदः' इत्यप्यन्ये। 'अखण्डा एव हि शब्दाः। तत्र समासेषु पदानाम्, कृत्तद्धिततिङन्तेषु च प्रकृतिप्रत्ययानां विभागः काल्पनिक एवेति कुत्रास्ति योगशक्तिः? विशिष्टस्य विशिष्टार्थे रूढेरेवाभ्युपगमात्' इत्यपि वदन्ति।

मर्मप्रकाशः

योरर्थयो परस्परान्वययोग्यत्वे संकर इति फलितम्। बोधिकयोरेवेतीति। भेदयोरित्यर्थः(?)। तादृशकैवल्यविवक्षायां मानाभावादाह—अन्ये त्विति। संकरस्य योगरूढिशब्देनैव प्रसिद्धेर्मतान्तरमाह—चतुर्थ एवेति। एवेनाभिधापदसंबंद्धेन संकरभदनिरासः तथा चाभिधा चर्तुविधेति भावः। सिद्धान्तमाह—अखण्डा इति। हिस्त्वर्थे। तत्र अखण्डानां मध्ये।

मधुसूदनी

अन्ये त्विति। उक्तरूपे कैवल्ये प्रमाणं नास्ति। केवलपदार्थोऽत्र एकत्वमेव। ततश्च उभयोः शक्त्योरेकाश्वगन्धाशब्दाश्रयत्वे कैवल्यस्य विरह एवेति तत्त्वम्।

बालक्रीड़ा

जहाँ अन्वय के योग्य अर्थ को नहीं बतलावें। परस्पर में संकरता तो उन्हीं शक्तियों में होती है जहाँ दोनों शक्तियाँ परस्पर में अन्वय के योग्य अर्थ को बतलावें।

दूसरे तो कहते हैं कि अश्वकर्ण आदि शब्दों में अभिधा के प्रथम और द्वितीय भेदों की प्राप्ति नहीं है। क्योंकि उनमें केवलत्व नहीं है। परन्तु संकर के ही ये दो भेद हैं, १ योगरूढ़ि और २ यौगिकरूढ़ि। उनमें प्रथम का उदाहरण पंकजादि शब्द हैं। द्वितीय के अश्वकर्णादि शब्द है।

अन्य आचार्य कहते हैं यह यौगिकरूढ अभिधा का चतुर्थ ही भेद है।

अखण्ड ही शब्द हैं। वहां समासों में पदों का और कृदन्त, तिङन्त एवं तद्धितान्तों में प्रकृति तथा प्रत्ययों का विभाग काल्पनिक है अतः कहीं भी योगशक्ति नहीं है। विशिष्ट की विशिष्ट अर्थ में रूढ़ि ही मानी गई है। यह भी कहते हैं।

यहां कैवल्य का साम्राज्य है कहने का भाव यह है कि जिस अर्थ को समुदाय शक्ति बतलाती है उसमें अवयव शक्ति बोध्य अर्थ का अन्वय नहीं होता है। इसी तरह जिस अर्थ को अवयव शक्ति बतलाती है उस अर्थ में समुदाय शक्ति बोध्य अर्थ का अन्वय नहीं होता है। किन्तु एक ही शक्ति उन शब्दों का अर्थ बतलाने में सहायिका होती है। यही केवल विशेषण की सार्थकता है। अतः तीन भेदों के अतिरिक्त चतुर्थ भेद मानने की आवश्यकता नहीं है।

अथ

गीष्पतिरप्याङ्गिरसो गदितुं ते गुणगणान्सगर्वो न ।
इन्द्रः सहस्रनयनोऽप्यद्भुतरूपं परिच्छेत्तुम् ॥'

इत्यादौ रूढ्यर्थमादाय पुनरुक्त्यापत्तिः । न चैवंविधपदद्वयसमभिव्या-

मर्मप्रकाशः

तथा चाभिधाया रूढ्याख्य एक एव भेद इति भावः। अत्र शङ्कते—अथेति।

मधुसूदनी

अथेति योगरूढशब्दविषये कंचन नियमविशेषं वक्तुं प्रारभते पण्डितराजः = गीष्पतिरिति। हे राजन्। गीष्पतिरपि वाणीनां स्वामी अपि आंगिरसः ते गुणगणान् गदितुं सगर्वो न। पूर्वं भवद्गुणगणानामज्ञानात् बृहस्पतेरयं गर्व आसीत् यदहं वाचामधिपतिः मदधीना इमाः वाचोऽतो यत्थेच्छं प्रयोक्तुमलं स्युः। परन्तु भवतो गुणगणा इयत्ता रहिता अतस्तेषां कथने वाचो न्यूनाः संजाता इति अवनतमुखो गर्वरहितः संजात इति भावः।

एवमेव सहस्रनयनोऽपि नयनानां साहस्रीं संख्यां स्वीकृत्यापि इन्द्रः ते अद्भुतरूपं परिच्छेत्तुमवधारयितुं सगर्वो न ईदृक्तया इयत्तया च रूपं परिच्छेत्तुमसमर्थत्वाद ऽवनतमुखो भवतीति भावः।

इत्यादौ काव्ये एकेन गीष्पतिपदेन (पूर्वार्द्धे) सहस्रनयनपदेन च (उत्तरार्द्धे) अवयवार्थरूढ्यर्थयोर्बोधनात् पुनः आंगिरस इति इन्द्र इति पदोपादाने रूढ्यर्थमादाय पुनरुक्तिदोषस्य आपत्तिः प्रसक्तिः।

नचेति। एवंविधं यत्पदद्वयं (एकं योगरूढमपरं रूढम्) तस्य समभिव्याहारस्थले तयोः सहोच्चारणे इत्यर्थः। तावन्मात्रस्यैव अवयवार्थमात्रस्यैव। अतिशय-

बालक्रीड़ा

अथ यह एक विषय है कि—

हे राजन्! वाणी का प्रभु होता हुआ भी आंगिरस तुम्हारे गुणों के कहने में सगर्व नहीं हैं। अर्थात् तुम्हारे गुण इतने अधिक हैं कि उनके कहने के लिए शब्दों की कमी हो जाती है अतः वाणी के प्रभुत्व का उसका गर्व फीका पड़ जाता है। और हजार नेत्रों वाला भी इन्द्र तुम्हारे अद्भुत रूप का परिच्छेद करने में इयत्ता का निर्धारण करने में सगर्व नहीं है। अर्थात् तुम्हारा रूप इतना अद्भुत है कि हजार नेत्रों से भी उसकी ईदृक्ता के निर्धारण करने में असमर्थ हो जाता है अतः सहस्रनयनधारित्व सब व्यर्थ हो जाता है।

ऐसे योगरूढ़ि के उदाहरणों में केवल योग लभ्य अर्थ की ही प्रतीति मानी जायगी तब रूढ्यर्थ को लेकर पुनरुक्ति दोष हो जायगा।

यदि आप कहें कि जहाँ इस तरह के दो (गीष्पति = आंगिरस तथा सहस्रनयन = इन्द्र जैसे योगरूढ़ एवं रूढ़) पदों का समभिव्यवहार हो वहाँ योगरूढ़ पद केवल अवयवार्थ का ही

गौणी सादृश्यसम्बन्धेन जायमाना । शुद्धा तदतिरिक्तसम्बधेन जायमाना । अजहत्स्वार्था उपादानलक्षणा (उपादानेन लक्षणा) स्वार्थसंवलितपरार्थाभिधायिकेत्यर्थः । जहत्स्वार्था लक्षणलक्षणा (लक्षणेन लक्षणेत्यर्थः) । स्वार्थपरित्यागेनेतरार्थाभिधायिकेति यावत् । तृतीया जहदजहल्लक्षणा यत्रानयोर्द्वयोः समावेशः । विशिष्टार्थबोधक शब्दस्य पदार्थैकदेशे लक्षणेयं प्रवर्त्तते । यथा ग्रामैकदेशे दग्धेऽपि ग्रामो दग्ध इति पटैकदेशे दग्धेऽपि पटो दग्ध इति च व्यवहारस्तथा पदार्थैकदेशे लक्षणा । यथा "सोऽयं देवदत्तः" परोक्षत्वापरोक्षत्वयोस्त्यागः देवदत्तयोरभेदः । "तत्त्वमसि" इत्यत्र सर्वज्ञत्वाल्पज्ञत्वयोर्मध्ये सर्वाल्पत्वयोस्त्यागात् ज्ञयोः परिग्रहात् शुद्धचैतन्ययोर भेदान्वयः ।

बालक्रीड़ा

दो प्रकार की है । शुद्धा चार प्रकार की है १ जहत्स्वार्था २ अजहत्स्थार्था ३ सारोपा ४ साध्यवसाना । इस तरह प्रयोजनवती लक्षणा ६ प्रकार की है ।

उसमें निरूढा लक्षणा के अनुकूल, प्रतिकूल, अनुलोम, प्रतिलोम, लावण्य और नीलादि उदाहरण हैं । "यह धर्म के अनुकूल है' इत्यादि स्थलों म कूलानुगतत्वरूप मुख्यार्थ के बाध होने पर (क्योंकि कूल याने तीर जलाशय में होता है धर्म में नहीं होता है अतः बाध होगा ही) अनादि प्रयोग प्रवाह याने निरूढि के वश से कूलानुगतत्वरूप शक्य का एक वस्तु में प्रवणत्वरूप सादृश्य सम्बन्ध से अनुकूलादि शब्दों से अनुगुणादि अर्थ लक्षणा से जाने जाते हैं ।

इसी तरह नीलादिपदों की नीलादि गुणगत जाति को ही यदि लाघव के अनुरोध से

द्रव्ययोः 'नीलो घटः' इत्यादौ सामानाधिकरण्येनान्वयस्यानुपपत्तेः समवायात्मना गुणरूपशक्यस्य संबन्धेन नीलादिशब्दैर्गुणिनो लक्ष्यन्ते। तत्राद्यवर्गे सादृश्यसंबन्धेन द्वितीयवर्गे च तदितरसंबन्धेन लक्षणायाः प्रवृत्तेर्निरूढायामपि गौणीत्वशुद्धत्वाभ्यां द्वैविध्यमामनन्ति। किन्तु सारोपादयो भेदा अत्र न भवन्ति।

विषयविषयिणोः पृथङ्निर्दिष्टयोरभेद आरोपः। अपृथङ्निर्दिष्टे विषये विषय्यभेदोऽध्यवसानम्। तत्राद्येन सहिता सारोपा। द्वितीयेन तु साध्यवसाना। उदहरणानि च 'मुखं चन्द्रः' इत्यादीनि गौण्याः सारोपायाः। 'पुरेऽस्मिन्सौधशिखरे चन्द्रराजी विराजते' इत्यादीनि च तस्याः साध्यवसानायाः। अद्यायां विषयिप्रतिपादकैश्चन्द्रादिशब्दैर्लक्षणयोपस्थापितानां चंद्रा-

मर्मप्रकाशः

विषयविषयिणोरिति। उपमेयोपमानयोरित्यर्थः। आद्येनारोपेण। द्वितीयेन त्विति। अध्यवसानेनेत्यर्थः सहितेत्यस्यानुषङ्गः। तस्या इति। गौण्या इत्यर्थः।

मधुसूदनी

आद्यवर्गे अनुलोमप्रतिलोमादौ। द्वितीयवर्गे नीलादौ च। आद्यायां गौणसारोपायाम्।

ननु चन्द्रपदस्य चन्द्रसदृशे लक्षणायां सादृश्यविशिष्टाऽर्थग्रहे गौरवं स्यात्, सादृश्यं तद्विशिष्टश्च इति द्वयोर्ग्रहणात्। ततश्च गौरवपरिजिहीर्षया

बालक्रीड़ा

शक्यतावच्छेदक मानेंगे तब नीलो घट इत्यादि स्थलों में गुण एवं द्रव्य का सामानाधिकरण्य से अन्वय अनुपपन्न है अतः गुणरूप शक्य का द्रव्य के साथ समवाय जो सम्बन्ध है उसके बदौलत नीलादि गुणों से गुणी लक्षणा से जाने जाते हैं। उनमें भी आद्य वर्ग अनुकूल प्रतिकूलादि में सादृश्य सम्बन्ध से, द्वितीयवर्ग नीलादि में सादृश्य से इतर समवाय सम्बन्ध से लक्षणा की प्रवृत्ति होती है अतः निरूढा लक्षणा के भी गौणी एवं शुद्धा दो भेद कहते हैं किन्तु सारोपादि भेद निरूढा में नहीं होते हैं।

पृथक् २ स्व स्व वाचक शब्दों से कहे गये विषय एवं विषयी में अभेद का नाम आरोप है। पृथक् स्ववाचक शब्द से नहीं कहे हुए विषय में विषयी के अभेद का नाम साध्यवसाना है। उसमें आद्य आरोप के सहित जो हो वह सारोपा है और द्वितीय अध्यवसान के सहित जो हो वह साध्यवसाना है। "मुखं चन्द्र' इत्यादि गौणी सारोपा के उदाहरण हैं। इस शहर में महलों की शिखर पर चन्द्रश्रेणी सुशोभित हो रही हैं इत्यादि गौणी साध्यवसाना के उदाहरण हैं।

यहां आद्य गौणी सारोपा में विषयी वाचक चन्द्रादि पदों से लक्षणा के द्वारा चन्द्रादि

दिसदृशानामभेदसंसर्गेण मुखादिशब्दोपस्थापितैर्मुखत्वादिविशिष्टैर्मुखादिभिरन्वयः। सादृश्यरूपधर्मलक्षणायां तु तेन सह मुखादीनामन्वयो न स्यात्, नामार्थयोरभेदातिरिक्तसंसर्गेण विशेष्यविशेषणभावस्यानुपपत्तेः।

नन्वेवं सति बोधावैलक्षण्याच्चन्द्रसदृशं मुखमित्युपमातो मुखं चन्द्र इति रूपकस्य कथं भेदः। न च सदृशविशेषणाविशेषणचन्द्रसम्बन्धासंबन्धाभ्या-

मर्मप्रकाशः

ननु गौरवात्सदृशरूपधर्मिलक्षणा न युक्ता अत आह—सादृश्येति। तेन सादृश्येन। न स्यात्कथमपि न स्यात्। अतिरिक्तेति। अभेदेन तु बोधान्नेति भावः। एवं सति धर्मिलक्षणयांऽभेदेनान्वयाङ्गीकारे सति। धर्म लक्षणया व्युत्पत्तिसंकोचमङ्गीकृत्य भेदान्वये तु स्याद्वैलक्षण्यमिति भावः। बोधावैलेति। उपमायामप्यभेदेनैव बोधादिति भावः। सदृशविशेषणचन्द्रसंबन्धासंबन्धाभ्यामिति। सदृशे विशेषणभूतो यश्चन्द्रस्तत्संबन्धतदसंबन्धाभ्यां संसर्गतया भासमानाभ्यामित्यर्थः। बोधवैलक्षण्यमिति शेषः।

मधुसूदनी

सादृश्य एव चन्द्रपदस्य लक्षणा अस्तु इत्यत आह—"सादृश्यरूपधर्मलक्षणायां तु" इति। तेन चन्द्रेण सह अन्वयो न स्यात् मुखचन्द्रयोरभेदान्वयो न स्यादित्यर्थः। भेदान्वये च विशेषणविशेष्यभावोऽनुपपन्नः। शंकते—विशेषण-विशेष्यभावोपपादनार्थं सादृश्यरूपधर्मलक्षणां विहाय सादृश्यविशिष्टे धर्मिणि लक्षणां स्वीकृत्य अभेदान्वयांगीकारे सति। सदृशेति। चन्दपदस्य चन्द्रसदृशे लक्षणायां चन्द्रसदृशस्य चद्ररूपैकपदप्रतिपाद्यतया एकपदार्थत्वात् चन्द्रेत्यत्र सदृशेत्यत्र मिथः कोऽपि सम्बन्धो न

बालक्रीड़ा

सदृश की उपस्थिति होती है उन चन्द्रादिसदृश अर्थों का मुखादि शब्दों से उपस्थापित मुखत्वादि विशिष्ट मुखादि के साथ अभेद सम्बन्ध से अन्वय होता है। यदि यहां चन्द्रादि पद की चन्द्रादि सादृश्य रूप धर्म में लक्षणा करते हैं तो उस सादृश्य रूप धर्म के साथ मुखादि का अन्वय नहीं होगा क्योंकि नामार्थों का अभेदातिरिक्त सम्बन्ध से विशेष्य विशेषण भाव अनुपपन्न है।

इस पर प्रश्न होता है कि इस प्रकार चन्द्र पद की चन्द्र सदृश में लक्षणा करने पर "मुखं चन्द्रः" इस रूपक में जो "चन्द्रसदृशाभिन्नं मुखम्" यह अभेद बोध होता है। वही अभेद बोध "चन्द्रसदृशं मुखम्" इस आर्थी उपमा में भी है तब बोधों में वैलक्षण्य माने भेद नहीं होगा। फलतः उपमा से रूपक की भिन्नता का आधार क्या है। क्योंकि रूपक में जैसे चन्द्रसदृशाभिन्न मुख है यह बोध होता है उसी तरह उपमा में भी चन्द्रसदृशाभिन्न मुख है इस तरह अभेद ही का ज्ञान होगा।

अगर कहें कि सदृश में विशेषण और अविशेषण जो चन्द्र है उसके सम्बन्ध एवं असम्बन्ध का आश्रयण ही बोध में वैलक्षण्य का कारण हो जायगा। (यहां "संबन्धासम्ब-

मर्मप्रकाशः

मुखं चन्द्र इत्यत्र चन्द्रपदस्य तत्सदृशे लाक्षणिकत्वेन तस्यैकपदार्थत्वात्संसर्गस्यापि लक्ष्यघटकतया चन्द्रसदृशयोः संबन्धस्य संसर्गविधयाऽभानम्। चन्द्रसदृशमित्यत्र तु तयोर्भिन्नपदार्थत्वेन संसर्गस्य

मधुसूदनी

भासते सम्बन्धस्य द्विष्ठत्वात्। इति रूपके सम्बन्धस्य भानं नास्ति। चन्द्रसदृशं मुखमित्यत्र तु चन्द्रपदार्थ एकः, सदृशपदार्थो द्वितीयः इति द्वौ पदार्थौ। तयोः सम्बन्ध संसर्गमर्यादया आकांक्षादिना भासते। इत्युपमायां सम्बन्धस्य भानं भवति। चन्द्रसदृशं मुखमित्यत्र सदृशे विशेणीभूतस्य चन्द्रस्य सम्बन्धः। मुखं चन्द्र इत्यत्र सदृशे अविशेषणीभूतस्य चन्द्रस्य असम्बन्धः ताभ्याम्। अत्र सदृशविशेषणाविशेषणचन्द्रसम्बन्धासम्बन्धाभ्यामिति पाठः। मुद्रितस्त्वशुद्धः। मुखं चन्द्र इवेत्यत्र श्रौत्यामुपमायां चन्द्रसदृशं मुखमित्येतद्गतादार्थ्युपमातः। पृथगिति। उभयत्र इदानीमेक उपमालकारः। बोधवैलक्षण्यमात्रेण पृथगलंकारतायाः स्वीकृतौ तु शाब्द्युपमातः पृथगार्थः कश्चिदलंकारः स्यादित्यर्थः।

बालक्रीड़ा

न्धाभ्याम्" में ल्यप् लोपा पंचमी है अतः सम्बन्धासम्बन्धौ आश्रित्य बोधवैलक्षण्यम् यह अन्वय यहाँ विवक्षित है) और बोध वैलक्षण्य से अलंकार वैलक्षण्य सुतरां सिद्ध है।

यहां का भाव यह है कि "मुखं चन्द्रः" यहां पर रूपक में चन्द्र पद चन्द्रसदृश में लाक्षणिक है अतः उस लक्ष्य "चन्द्रसदृश" में चन्द्र और सदृश दोनों चन्द्र रूप एक पद से प्रतिपाद्य होने से एक पदार्थ हो गये।

इसलिए चन्द्र और सदृश के सम्बन्ध का भान संसर्ग मर्यादा माने आकांक्षादि से नहीं हुआ। क्योंकि नियम है कि भिन्न पदों से उपस्थाप्य अर्थों के ही सम्बन्ध का भान संसर्ग मर्यादा से होतां है। और चन्द्रसदृशं मुखम् इस उपमा में तो वे चन्द्र और सदृश दो भिन्न पदार्थ हैं अतः इनके संसर्ग का भान संसर्ग मर्यादा से होना नियम से प्राप्त है। अतः संसर्ग मर्यादा से संसर्ग का बोध होना और न होना ही रूपक और उपमा के भेद का आधार है। यह भी ठीक नहीं है क्योंकि केवल बोध के वैलक्षण्य से पृथग् अलंकार की सिद्धि नहीं हो सकती। अन्यथा यदि केवल बोध के वैलक्षण्य से पृथक् अलंकारों की सिद्धि को स्वीकार करेंगे तो – चन्द्र सदृशं मुखं इस आर्थी उपमा अलंकार की अपेक्षा मुखं चन्द्र इव इस शाब्दी उपमा में पृथक् अलंकार मानने की आपत्ति लग जायगी। क्योंकि इवादि निपातों को द्योतक माना गया है। अतः मुखं चन्द्र इव में चन्द्र पद का ही चन्द्रसदृश अर्थ है इव तो केवल दीपक का काम करता है। दीपक जैसे पूर्व सिद्ध ही वस्तु का प्रकाशक होता है नूतन निर्मापक नहीं है वही स्वरूप इव का है। अतः रूपक में जैसे लक्ष्य चन्द्रसदृश के एक पदार्थ होने से चन्द्र और सदृश के संसर्ग का भान संसर्ग मर्यादा से नहीं होता है अर्थात् आकांक्षादि भास्य नहीं है वही स्थिति मुखं चन्द्र इव में भी है। यदि कहें कि इवादि की द्योतकेता का पक्ष नैयायिक सम्मत है। अलंकारिकों के यहाँ तो इवादि को वाचक माना है। अतएव इवादि के अभाव में वाचक लुप्ता उपमा कही

मिति वाच्यम्। बोध्यस्य वैलक्षण्यमात्रेण पृथगलंकारताया असिद्धेः। अन्यथा मुखं चन्द्र इवेत्यत्र चन्द्रसदृशमित्येतद्गतात् पृथगलंकारतापत्तिरिति चेत्।

अत्र केचित्—"रूपकस्योपमातः स्वरूपसंवेदनांशमादायावैलक्षण्येऽपि

मर्मप्रकाशः

तत्त्वेन भानमावश्यकमेवेति भावः। अन्यथा बोधवैलक्षण्यमात्रेणालंकारभेदाङ्गीकारे। मुखं चन्द्र इवेत्यत्रेति। इत्यस्यामुपमायामित्यर्थः। इवस्य द्योतकत्वेन रूपकरीत्या संसर्गस्य तत्त्वेनाभानात्। सादृश्यवाचकत्वेऽपि तेन सह प्रतियोगित्वं संबन्धः। चन्द्रसदृशमित्यत्र तु तत्प्रतियोगिकाश्रये लाक्षणिकतया अभेदस्य संबन्धत्वमिति स्पष्टं वैलक्षण्यम्। सदृशवाचकत्वेऽपि स्वप्रतियोगिकाश्रयत्वम् चन्द्र इवेत्यत्र संबन्धः, तत्र तु स एवेति स्पष्टो भेद इति भावः। एतद्गतादिति। उपमालंकारादिति शेषः।

मधुसूदनी

अत्र केचिदिति। रूपके अंशद्वयम्। एकः सरूपसंवेदनांशः। अपरस्ताद्रूप्यसंवेदनांशः। उपमायां स्वरूपसंवेदनांश एक एव, लक्षणाया अभावादपरोंऽशो नास्ति। एवं स्वरूपसंवेदनमुभयत्र अविलक्षणम्।

बालक्रीड़ा

जाती है। अस्तु! इव सादृश्य का वाचक है इस अवस्था में "मुखं चन्द्र इव" यहाँ इवार्थ सादृश्य का आश्रयता सम्बन्ध से मुख में अन्वय होगा अतः चन्द्र प्रतियोगिक सादृश्याश्रय मुख है ऐसा बोध है। और "चन्द्रसदृशं मुखम्" यहाँ समास स्थल में लक्षणा के द्वारा चन्द्र प्रतियोगिक सादृश्याश्रय की उपस्थिति होती है उसके बाद चन्द्रसदृश का मुख में अभेद सम्बन्ध से अन्वय होगा। अतः चन्द्रसदृशाभिन्न मुख है यह स्पष्ट भेद है। किन्तु उपर्युक्त दो वाक्यों में सिद्धान्ततः एक ही उपमा अलंकार माना है। यदि बोधों की विलक्षणता के आधार पर अलंकारों के पार्थक्य को निर्भर करेंगे तो प्रकृत वाक्यों में दो पृथक् अलंकार मानने पड़ेंगे। और यदि इव को सदृश वाचक भी मानलें तब भी "चन्द्र इव" यहाँ पर चन्द्रप्रतियोगिक सादृश्याश्रयत्व सम्बन्ध मानना पड़ेगा जो सम्बन्ध तादृश सादृश्य के आश्रय चन्द्रसदृश में रहेगा और चन्द्र सदृश में तो वह अभेद ही सम्बन्ध रहेगा इससे भी दोनों वाक्यों का भेद स्पष्ट है।

इस विषय पर पण्डितराज ने ५ मतों का उपन्यास किया है जिसमें पहला मत है "केचित्"

इसका सारांश है कि उपमा में लक्षणा की उपासना नहीं करते हैं और रूपक में प्रयोजनवती गौणी सारोपा लक्षणा का आश्रय लेते हैं अतः दोनों के स्वरूप ज्ञान में एकता होने पर प्रयोजनरूप फल के वैलक्षण्य से दोनों में भेद है।

द्वितीय मत है "अन्ये तु" इसका तत्त्व यह है कि उपमा एवं रूपक दोनों में स्वरूपज्ञान एवं फलज्ञान भिन्न-भिन्न है अतः सुतरां दोनों में भेद सिद्ध है।

लक्षणाफलीभूतद्रूताप्यसंवेदनमादाय वैलक्षण्यं निर्बाधम्। ताद्रूप्यसंवेदनं च विषये मुखादौ विषयितावच्छेदकस्य चन्द्रत्वादेः संप्रत्ययः। ननु लक्षणा-प्रयोज्यादपि तत्सदृशबोधात् कथं नाम ताद्रूप्यप्रत्ययः स्यात्। उपायस्याभा-

मर्मप्रकाशः

ताद्रूप्यसंवेदनमिति। ताद्रूप्यमात्रसंवेदनमित्यर्थः। एतेन भेदाभेदोभयप्रधानोपमा, असाधारणरूपेणोपमानोपमेययोर्भेदः, साधारणरूपेण त्वभेद इत्यलंकारसर्वस्वकृद्ग्रन्थविरोध इत्यपास्तम्। उपायस्येति। शक्तिलक्षणान्यतरस्येत्यर्थः।

मधुसूदनी

कथं नामेति। यर्हि चन्द्रसदृशबोधात् चन्द्रसदृशत्वप्रत्ययो भवितुमर्हस्तर्हि कथं नाम चन्द्रत्व (ताद्रूप्य) प्रत्ययः; ननु कुतो न तथाप्रत्यय इत्याह—उपेति। यद्यपि

बालक्रीड़ा

तृतीय मत है "अपरे तु" इनका कहना है कि उपमा एवं रूपक का मूल सादृश्य है। किन्तु उपमा में वह भेदकरम्बित है और रूपक में वह भेदाकरम्बित है। अतः कारणभेद नियत कार्यभेद स्वतः प्राप्त है।

चतुर्थ मत है "नव्यास्तु"। यह मत आचार्य अप्पय्य दीक्षित जी का है इन्होंने चित्र-मीमांसा में लिखा है कि (रूपके विषयविषयिणोः स्वस्ववाचकाभिहितयोरभेदप्रतिपत्तिः संस-र्गमर्यादया एव संभवति इति किमर्थं तत्र लक्षणा, अशक्या च तत्र लक्षणाभ्युपगन्तुम्) रूपक में अपने २ वाचकों से अभिहित विषय एवं विषयी में अभेद का भान संसर्गमर्यादा आकांक्षादि से ही हो सकता है इसलिए रूपक में लक्षणा क्यों मानी जाय। इसके सिवाय रूपक में लक्षणा को मानना अशक्य भी है।

इस मत के उपसंहार में इतना तो लिखा कि प्राचीनसम्मत सदृश लक्षणा का फल ताद्रूप्य प्रत्यय है यह हृदयंगम नहीं है किन्तु संसर्ग विषयक बोध वैलक्षण्य के सहारे अलंकारों की पृथक्ता स्वीकृत नहीं हो सकती है इस आपत्ति के निवारण के विषय में मौनावलम्बन ही कर लिया है।

पंचमत है "अत्रेदं विचार्यते"। यह पण्डितराज का अपना विवेचन है। इसमें आप अप्पय्य दीक्षित के उलझन में फँस गये हैं। रूपक में लक्षणा न मानने से प्राचीनों के माने हुए सिद्धान्तों का आकुली भाव हो जायगा। बस इतना लिखकर प्रथम प्रश्न के उत्तर की तरफ कुछ भी ध्यान नहीं दिया।

यहाँ कोई आचार्य कहते हैं कि उपमा से रूपक का स्वरूप संवेदन रूप अंश को लेकर वैलक्षण्य न भी हो किन्तु लक्षणा के फली भूत ताद्रूप्यसंवेदन अंश को लेकर तो वैलक्षण्य निर्बाध है। ताद्रूप्यसंवेदन पद का अर्थ है कि विषय मुखादि में विषयितावच्छेदक चन्द्र-त्वादिका संप्रत्यय (ज्ञान)।

अब प्रश्न होता है कि "मुखं चन्द्रः" में चन्द्र की चन्द्रसदृश में लक्षणा करते हैं। किन्तु इस लक्षणा प्रयोज्य चन्द्रसदृश के ज्ञान से ताद्रूप्य का प्रत्यय कैसे होगा। क्योंकि

वाद्भेदज्ञानेन प्रतिबन्धाच्च। अन्यथा चन्द्रसदृशं मुखमित्यत्रापि ताद्रूप्यप्रत्यय प्रसङ्ग इति चेन्न मैवम्। श्लेषस्थल इवात्राप्येकशब्दोपादानोत्थस्य व्यञ्जनस्योपायत्वाद्वैयञ्जनिकबोधस्य बाधबुध्द्यप्रतिबध्यत्वाच्च।

अथ चन्द्रतत्सदृशयोरेकपदोपात्तत्वाच्चन्द्रसदृशे चन्द्रताद्रूप्यप्रत्ययो यथा-

मर्मप्रकाशः

तत्रापि लक्षणास्तु अत आह—भेदेति। अन्यथा तस्याप्रतिबन्धकत्वे। इत्यत्रापीति। उपमायामपि। ताद्रूप्येति। ताद्रूप्यमात्रेत्यर्थः। एवमुपायमुक्त्वा द्वितीयहेतुं खण्डयति—वैयञ्जनीति। एतेन मुखत्वविशिष्टमुखव्यवच्छेदः। तदेवाह—न त्विति। रूपान्तरेण मुखोपस्थितेः

मधुसूदनी

नामार्थयोरभेदान्वय इति व्युत्पत्तिरेवोपायः। तथापि मुखं यावच्चन्द्रो न स्यात्तावत्तदभेदो न स्यात्। चन्द्रभवनार्थं च चन्द्रत्वप्रत्यय आवश्यक इति हृदयम्। अभेदो न स्यादित्यत्र हेत्वन्तरमाह—भेदेति। भेदो विरोधः। यावच्चन्द्रत्वविरोधिनो मुखत्वस्य प्रत्ययस्तावच्चन्द्रत्वप्रत्ययो न स्यात्। भेदस्य चन्द्रत्वविरोधिनो मुखत्वस्य ज्ञानेन। अन्यथा भेदज्ञानस्य प्रतिबन्धकत्वास्वीकारे। इत्यत्रापि उपमायामपि।

एकेति। एकः शब्दः चन्द्रशब्दस्तेन चन्द्रत्वस्य चन्द्रसदृशस्य च उपादानमुपस्थितिः। तेन उत्थस्य उद्गतस्य। बाधबुद्धिः "मुखत्वविशिष्टं मुखं चन्द्रो नास्ति

बालक्रीड़ा

ताद्रूप्य के जानने के लिए कोई उपाय नहीं है। उपाय के सद्भाव के विषय में क्या कहा जाय प्रत्युत मुखत्व एवं चन्द्रत्व रूप परस्पर विरोधी धर्मों के ज्ञान से उस ताद्रूप्य का प्रतिबन्ध अवरोध भी हो जाता है। अन्यथा यदि भेदज्ञान को प्रतिबन्धक नहीं मानेंगे तब "चन्द्रसदृशं मुखम्" इस उपमा में भी ताद्रूप्य प्रत्यय का प्रसंग उपस्थित हो जायगा।

उत्तर। नहीं; ऐसा नहीं कह सकते हैं कि ताद्रूप्य प्रत्यय का कोई उपाय नहीं है। क्योंकि श्लेष स्थल की तरह यहां प्रकृत में भी चन्द्र एवं चन्द्रसदृश दोनों का एक चन्द्र पदसे उपस्थापन करने के कारण उत्थित व्यञ्जना ताद्रूप्य प्रत्यय के लिए उपाय है। और यह व्यञ्जनारूप उपाय इतना प्रबल है कि इससे होने वाला वैयञ्जनिक बोध बाधबुद्धि अर्थात् भेद ज्ञान से कभी कट नहीं सकता है अप्रतिबध्य है।

अवान्तर प्रश्न होता है कि जिन दो वस्तुओं के एक पद से उपादान करने के कारण जो व्यञ्जना उठी है वह व्यञ्जना उन्हीं दो वस्तुओं में ताद्रूप्य प्रत्यय करायेगी अन्य में नहीं अतः प्रकृत में (मुखं चन्द्रः) में चन्द्र रूप एक पदसे चन्द्र एवं चन्द्रसदृश का उपादान हुआ है फलतः चन्द्रसदृश में चन्द्र के ताद्रूप्य का प्रत्यय यथाकथञ्चित् हो सकता है तो होवे किन्तु मुखत्व विशिष्ट मुख में उस प्रत्यय के होने का कौन तुक है।

[यहाँ यथाकथंचित् कहने का भाव यह है कि सिद्धान्त है मुख में चन्द्रताद्रूप्य होता है। नियमप्राप्त है वह चन्द्रसदृश म किन्तु अपेक्षितनहीं है। इसलिए कहा कि जो भी हो वस ही क्या है]

कथंचिदस्तु, न तु मुखत्वविशिष्टे मुखे। अनुभवसिद्धश्च सर्वेषाम् 'वक्त्रे चद्रमसि स्थिते किमपरः शीतांशुरुज्जृम्भते' इत्यादौ विषये विषयितादूप्यस्य प्रत्यय इति। सत्यम्। स्वतादूप्यवदभेदबुध्या स्वतादूप्यस्य सुबोधतया तस्मिन्नपि तस्य सिद्धेः" इत्याहुः।

मर्मप्रकाशः

सत्त्वादाह—मुखत्वेति। इष्टापत्तिं खण्डयति—अनुभवेति। स्वतादूप्यवदिति। चन्द्रतादूप्यवत्सदृशाभेदेत्यर्थः। तस्मिन्विषये। तस्य तादूप्यप्रत्ययस्य। केचिदित्यनेनाऽरुचिः सूचिता। तद्बीजं तु स्वरूपसंवेदनकृतवैलक्षण्यस्यापि संभवेन तावत्पर्यन्तगमनं व्यर्थमिति।

मधुसूदनी

इत्याकारकं ज्ञानम्। ततोऽप्रतिबध्यत्वात् निवार्यत्वाभावात्। स्वेति। अत्र स्वं पदार्थः चन्द्रः। चन्द्रसदृशे चन्द्रतादूप्यस्य प्रत्ययः पूर्वप्रतिपादितः।

अयमाशयः। मुखं चन्द्र इत्यत्र चन्द्रपदस्य चन्द्रसदृशे लक्षण। ततश्च चन्द्रपदस्य अर्थः (लक्षणया) चन्द्रसदृशम्। तच्च मुखमेव उपस्थितत्वात्। एवं चन्द्रसदृशं मुखं चाभिन्नम्। यदा चन्द्रसदृशं चन्द्रतादूप्यवदितिबुद्धिः। तदा चन्द्रसदृशाभिन्नं मुखमपि चन्द्रतादूप्यवदिति सुबोधम्। तेन च मुखेऽपि चन्द्रत्वस्य सिद्धिः तदेतदुक्तं=स्वतादूप्येति। स्वं चन्द्रः तत्तादूप्यवत् चन्द्रसदृशं तस्य अभेदो मुखे वर्त्तते। तस्य मुखनिष्ठस्य चन्द्रतादूप्यवच्चन्द्रसदृशाभेदस्य बुद्धया चन्द्रतादूप्यस्य सुबोधतया तस्मिन् मुखेऽपि तस्य चंद्रतादूप्यस्य सिद्धिः। अस्मिन् मते चन्द्रसदृशे लक्षणा। चन्द्रतादूप्यज्ञानं फलम्। इत्याहुरित्यनेन स्वारुचिः स्वीकृता।

बालक्रीड़ा

किन्तु सभी को अनुभव सिद्ध तो यह है कि वक्त्ररूपी चन्द्र के रहते हुए यह ऊपर शीतांशु क्यों उज्जृम्भण कर रहा है उदित हो रहा है। इत्यादि स्थलों में विषय मुख में विषयी चन्द्र के तादूप्य का प्रत्यय होता है।

आलोचन। शाब्दबोध में शब्द का भी विशेषण विधया भान होता है अतः चन्द्रपद एवं शीतांशु पद का भान अवश्य होगा। उस अवस्था में "शब्द भेद से अर्थ भेद होता है" इस न्याय से चन्द्रपदार्थ और शीतांशुपदार्थ भिन्न २ होंगे तब तो चन्द्र के रहते शीतांशु का उदित होना ठीक ही है। अगर यहाँ यह कहा जाता कि एक चन्द्र के रहते दूसरे चन्द्र की क्या आवश्यकता तब तो संगति बैठ जाती। परन्तु वैसा कहा नहीं, अतः निर्माण में सावधानी नहीं करी गई है।

कहते हैं कि सत्य है, किन्तु स्व माने चन्द्र, उसका तादूप्य नियम प्राप्त चन्द्रसदृश में है क्योंकि "मुखं चन्द्रः" इसमें चन्द्र पद की चन्द्रसदृश में लक्षणा है। अतः चन्द्रतादूप्यवान् चन्द्रसदृश ही है। किन्तु चन्द्र पद का लक्षणा से जो चन्द्रसदृश अर्थ है वह चन्द्रसदृश उपस्थितत्वात् मुख ही है। इस तरह चन्द्रसदृश और मुख अभिन्न हैं। अर्थात्

अन्ये तु— "चंद्रादिपदेभ्यो लक्षणया चंद्रादिसदृशत्वेनापि रूपेणोपस्थितानां चंद्रादित्वेन रूपेणैव मुखादिपदोपस्थापितैः सहाभेदान्वयबोधो जायते। तत्तत्पदलक्षणाज्ञानस्य तत्तत्पदशक्यतावच्छेदकप्रकारकलक्ष्यान्वयबोधत्वावच्छिन्नं प्रति हेतुतायाः, पदार्थोपस्थितिशाब्दबोधयोः समानाकारत्वस्यानुभवसाक्षिकवैलक्षण्यकलाक्षणिकबोधातिरिक्त-विषयतायाश्च कल्पनात्।

मर्मप्रकाशः

अत एव मतान्तरमाह—अन्ये त्विति। अपिर्मुखत्वसमुच्चायकः। रूपेणैवेत्यस्याभेदान्वये इत्यत्रान्वयः। उपस्थापितैरित्यस्य मुखत्वादिभिरिति शेषः।

ननु लक्षणाज्ञानकार्यतावच्छेदकं प्राचीनसंमतं प्रागुक्तमिति कथं तया बोधोऽत आह—तत्पदेति। नन्वेवमपि तदुपस्थितिबोधयोः समानप्रकारत्वनियमभङ्गोऽत आह—पदार्थोपेति।

मधुसूदनी

अन्येत्विति। चन्द्रादिपदेभ्यः चन्द्रादिसदृशत्वेनाऽपि। अपि शब्दस्यात्रेदं स्वारस्यं, यत् चन्द्रपदात् लक्षणया यत्र चन्द्रसदृशमुपतिष्ठति तत्रोपस्थितौ चन्द्रसदृशत्वमपि भासते। ननु चन्द्रादित्वेनैव रूपेण मुखादिपदेभ्यः उपस्थापितैर्मुखादिभिः सह अभेदान्वयबोध इति कथं, यर्हि चन्द्रसदृशत्वेन उपस्थितिस्तर्हि चन्द्रसदृशत्वेनैव अन्वयबोधः स्यादित्याशंकायामाह–तत्तत्पदलक्षणा-ज्ञानस्येति। अयं भावः–मुखं चन्द्र इत्यत्र चन्द्रपदश्रुतेरनन्तरं शक्त्या चन्द्रत्वं भासते ततश्च मुखेन सह नान्वयः।

बालक्रीड़ा

चन्द्रसदृश और मुख दोनों पदार्थ एक है वस्तु एक ही है। इस अभेद बुद्धि के सहारे जब चन्द्रसदृश चन्द्रताद्रूप्यवान् है तब चन्द्रसदृशाभिन्न मुख भी चन्द्रताद्रूप्यवान् होगया इस तरह मुख में भी चन्द्रत्व की सिद्धि हो गई। "चन्द्रताद्रूप्यवान् चन्द्रसदृश के साथ मुख का अभेद है" इस बुद्धि से चन्द्रताद्रूप्य का बोध सुख पूर्वक होने के कारण मुख में भी चन्द्रताद्रूप्य सिद्ध ही है। इस मत में चन्द्रपद की चन्द्रसदृश में लक्षणा है और चन्द्र ताद्रूप्य ज्ञान फल है।

अन्य आचार्यों का तो कहना है कि "मुखं चन्द्रः" "बाहीको गौः" इत्यादि उदाहरणों में चन्द्र एवं गौः आदि पदों से लक्षणा के द्वारा चन्द्रादिसदृशत्व रूप से मुख एवं बाहीक आदि की उपस्थिति होती है किन्तु चन्द्रादिसदृशत्वेन उपस्थित उन अर्थों का मुख एवं बाहीक आदि अर्थों के साथ अभेदान्वयबोध माने शाब्दबोध चन्द्रत्वेन एवं गोत्वेन होगा। अतएव चन्द्राभिन्न मुख है गवाभिन्न बाहीक है। यह प्रतीति सिद्ध होती है।

प्रश्न=पदार्थोपस्थिति और शाब्दबोध म समानाकारता का नियम है। अर्थात् जिस रूप में पदार्थ की उपस्थिति होती है उसी रूप में शाब्दबोध भी होता है किन्तु प्रकृत मुखं चन्द्रः में तो चन्द्रसदृशत्वेन उपस्थिति होता है और चन्द्रत्वेन शाब्दबोध होता है इस तरह वैरूप्य होने से पदार्थोपस्थिति तथा शाब्दबोध में समानाकारता के नियम का व्याघात हो गया।

उत्तर। तत्तत् पद के शक्य (शक्ति के विषय अर्थ) में रहने वाली शक्यता का

अत एव गङ्गायां घोष इत्यत्र तटत्वेनाप्युपस्थितस्य तटस्य गङ्गात्वेनान्वयबोधस्तत्प्रयोज्यः शैत्यपावनत्वादिप्रत्ययश्च संगच्छते।

प्रकृते तु विषयिचन्द्रादिनिष्ठासाधारणगुणवत्त्वप्रत्ययः फलम्। न हि चन्द्रत्वप्रतीतिं विना मुखे चन्द्रत्वनियतगुणवत्त्वधीः शक्योपपादयितुम्। ताद्रूप्यपदेन तदसाधारणगुणवत्वमेव प्राचीनैरुक्तम्। इत्थं च स्वरूप-

मर्मप्रकाशः

कल्पनाया आवश्यकतामाह—अत एवेति। अपिना समीपत्वसमुच्चयः। ननु प्रकृते फलाभावोऽत आह—प्रकृते त्विति। नन्वेवं प्राचीनविरोधः। ताद्रूप्यसंवेदनस्य फलत्वस्य तैरुक्तत्वादत आह—ताद्रूप्येति। तदसाधारणेति। विजातीयाह्लादकत्वेत्यर्थः। इत्थं चेति। रूपके तथा बोधे तथा फलेऽङ्गीक्रियमाणे चेत्यर्थः।

मधुसूदनी

एवमन्वयानुपपत्तौ लक्षणा प्रसरति। तथा प्रसरन्त्या तया चन्द्रत्वेन सह अन्वयितुं योग्योऽर्थ उपस्थापनीय इति तत्तत्पदशक्यतावच्छेदकप्रकारकलक्ष्यविशेष्यकान्वयबोधत्वावच्छिन्नं प्रति लक्षणाज्ञानस्य हेतुतायाः कल्पनं कृतम्। नन्वेवमपि पदार्थोपस्थितिशाब्दबोधयोः समानाकारताया नियमो भज्यतेऽत आह—पदार्थेपिति। अक्षरार्थः। अनुभवः साक्षी यत्र वैलक्षण्ये तदनुभवसाक्षिकं वैलक्षण्यं, तद् यत्र बोधे स अनुभवसाक्षिकवैलक्षण्यको लाक्षणिकबोधः तस्मात् तादृशबोधात् अतिरिक्ताया विषयतायाः अपि कल्पनम्। अभिधाजन्यबोधापेक्षया लक्षणाजन्यबोधो विलक्षण इत्यत्र अनुभव एव साक्षी। अतः तदतिरिक्तस्थले विषयतयाः समानाकारतेति भावः।

चन्द्रनिष्ठो योऽसाधारणो गुण आह्लादविशेषस्तद्वत्वस्य प्रत्ययः। चन्द्रत्वेन नियतं व्याप्तं चन्द्रत्वनिरूपितव्याप्त्याश्रयः गुणवत्त्वं तस्य धीः।

बालक्रीड़ा

अवच्छेदक है प्रकार जिसमें ऐसा जो लक्ष्य, तद्विषयक अन्वयबोधत्वावच्छिन्न अन्वय माने गंगात्वप्रकारक तीरविशेष्यक शाब्दबोध उसके प्रति, लक्षणाज्ञान हेतु है और जिस लाक्षणिक बोध (तत्तत्पद शक्यतावच्छेदक प्रकारक लक्ष्यविशेष्यक शाब्दबोध) के वैलक्षण्य में अनुभव साक्षी हैं। उस बोध की विषयता से अतिरिक्त विषयता में ही पदार्थोपस्थितीय और शब्दबोधीय समानकारता कल्पित है।

इसीलिए "गंगायां घोषः" में गंगासम्बन्धि तटत्वेन तट की उपस्थिति भले ही होगी किन्तु उस उपस्थित तट का अन्वयबोध (शब्दबोध) गंगात्वेन ही होगा और उसी बोध के कारण ही घोष में शैत्यपावनत्व की प्रतीति संगत होती है।

प्रकृत में तो विषयी चन्द्रादि में रहने वाली असाधारण गुणशालिता की बुद्धि का होना फल है लक्षणा का प्रयोजन है। किन्तु चन्द्रत्व की प्रतीति के बिना चन्द्रत्वनियत (चन्द्रत्वव्याप्य) गुणशालिता की बुद्धि का उपपादन करना शक्य नहीं है। क्योंकि यहाँ

सँवित्तिकृतः फलीभूतसंवित्तिकृतश्चोपमातो रूपकस्य भेदः स्फुट एव" इति वदन्ति ।

अपरे तु—"भेदकरम्बितं सादृश्यमुपमाजीवातुभूतम्, भेदाकरम्बितं च गौणसारोपलक्षणाया इति स्फुटे भेदे कृतं फलकृतवैलक्षण्यपर्यन्तानु-

मर्मप्रकाशः

उपमातो रूपकस्येति । उपमायां तथा बोधाभावात्साधारणस्यैव गुणस्य प्रतीतेश्चेति

मधुसूदनी

भेदेन करम्बितं गर्भितं तद्भिन्नत्वे सति तद्गतभूयोधर्मवत्त्वरूपं सादृश्यमुपमाया जीवातुः । भेदाकरम्बितमर्थादभेदो गौणसारोपाया जीवातुः । यथा अधिकरणत्वाधेयत्वादिकं पदार्थान्तरं, न संयोगादिरूपं, संयोगादिस्वरूपतायां तु कुण्डे बदरमितिवत् बदरे कुण्डमित्यपि व्यवहारः स्यात् संयोगस्य द्विष्ठत्वात् । तथैव सादृश्यमपि पदार्थान्तरम् । अन्यथा आत्माश्रयः स्यात् । सादृश्यनिरूपकभिन्नत्वे सति सादृश्यनिरूपकगतभूयोधर्मवत्त्वरूपस्य सादृश्यस्य लक्षणे प्रवेशात्, (आत्मा सादृश्यमेव आश्रयः इति) आत्माश्रयदोष एव वर्त्तते । अत उक्तातिरिक्तं सादृश्यं भेदागर्भितमेव ।

चन्द्रसदृशं मुखमिति स्थले आह्लादो धर्मः सादृश्यमिति भेदकरम्बितपक्षे । भेदाकरम्बितपक्षेऽपि मुखं चन्द्र इत्यस्य लक्षणया चन्द्रसदृशमित्यर्थे सादृश्यस्य धर्मरूपता तु समानैव । किन्तु उपमायां चन्द्रभिन्नं चन्द्रसदृशमिति बोधात् भेदकरम्बितं, रूपके चन्द्राभिन्नमिति बोधात् भेदाकरम्बितं तत् ।

बालक्रीड़ा

ताद्रूप्यपद से चन्द्रासाधारणगुणवत्व को ही प्राचीनों ने कहा है । इस प्रकार उपमा से रूपक का स्वरूपसंवित्तिकृत एवं फलसंवित्तिकृत भेद स्पष्ट ही है ।

अपर आचार्यों का कहना है कि "नञिवयुक्तमन्यसदृशाधिकरणे" इस परिभाषा में कहा है कि जो पदार्थ नञ्युक्त हो और इवयुक्त हो उसको अन्य (अधिकरण) के सदृश अधिकरण में समझना चाहिए । इस पर शंका होती है कि जो पदार्थ सदृश होगा वह अन्य के ही सदृश होगा तब अन्य पद का निवेश क्यों किया । इससे मालूम पड़ता है कि सादृश्य अन्यत्व याने भेद से करम्बित तो होता ही है भेद से अकरम्बित भी वह होता है । फलतः भेदकरम्बित सादृश्य उपमा का जीवातु है प्राण ह और भेदाकरम्बित सादृश्य गौणी सारोपा लक्षणा का मूल है । इस तरह उपमा से रूपक का भेद स्पष्ट ही है तब फल कृत वैलक्षण्य पर्यन्त अनुधावन करना व्यर्थ है ।

इस पक्ष में भेद भी और ताद्रूप्य (अभेद) भी रहे यह दोनों परस्पर विरोधी एक साथ रहने कठिन है अतः भेदगर्भ सादृश्य प्रतीति का ताद्रूप्य प्रतीति फल कैसे हो सकता है इस अनुपपत्ति के परिहार के लिए आयास भी नहीं करना पड़ेगा । यह एक और अनुकूलता है । इस प्रकार मत भेद से प्राचीनों के आशय का वर्णन कर दिया है ।

धावनेन । पक्षेऽस्मिन् भेदगर्भसादृश्यप्रतिपत्तेस्ताद्रूप्यप्रतीतिः कथं नाम फलं भवितुमीष्टे इत्यनुपपत्तिं परिहर्तुमायासोऽपि नापततीत्यपरमनुकूलम्" इत्यप्याहुः । तदित्थं प्राचामाशयो मतभेदेन वर्णितः ।

नव्यास्तु–"मुखं चन्द्रः, वाहीको गौः" इत्यादौ चन्द्रादीनां मुखादिभिः सह संभवति लक्षणां विनैवाभेदसंसर्गेणान्वयबोधः । बाधनिश्चयप्रतिबध्यतावच्छेदककोटावनाहार्यत्वस्येव शाब्दान्यत्वस्यापि निवेश्यत्वात् । अत

मर्मप्रकाशः

भावः । अत्रापि पक्षेऽरुचिं सूचयन्मतान्तरमाह—अपरे त्विति । करम्बितं विशिष्टम् । सादृश्यस्य धर्मरूपत्वेऽतिरिक्तत्वे च भेदागर्भत्वादिति भावः । जीवातुर्जीवनौषधम् । स्फुटे भेद इति । उपयायां चन्द्रभिन्नं चन्द्रसदृशमिति बोधः । रूपके तु चन्द्रसदृशमित्येवेति भावः । पक्षेऽस्मिन्नित्यस्यापरमित्यनेनान्वयः ।

ननु मुखं न चन्द्र इत्यादिबाधज्ञानसत्त्वेन कथं तथा बोधोऽत आह—बाधेति ।

अनाहार्येति । तत्सत्त्वेऽपीच्छारूपोत्तेजकवशादाहार्यस्य जायमानत्वादिति भावः । न चेत्यस्यैवमिति शेषः । शब्दान्यत्वनिवेशे इति तदर्थः । नन्वेवं प्रकृतेऽपि योग्यताज्ञाना-

मधुसूदनी

बाधेति । तद्वत्ताबुद्धिं प्रति तदभावनिश्चयः प्रतिबन्धक इत्येष कश्चन नियमः । प्रतिबन्धको बाधनिश्चयस्तस्य प्रतिबध्या तद्वत्ताबुद्धिः । तस्या भावस्तत्ता तस्याः अवच्छेदककोटौ विशेषणश्रेण्यां यथा अनाहार्यत्वं निवेश्यते तथा शाब्दान्यत्वमपि निवेश्यम् । तथा च आहार्या शाब्दी च बुद्धिः बाधनिश्चयेन न प्रतिबध्येति लक्षणां विनैव "मुखं चन्द्रः" "गौर्वाहीकः" इत्यत्र गोचन्द्रयोः मुखबाहीकाभ्यां यथायोग्यमभेदसंसर्गेण शाब्दो बोधोऽसंभवी न । अत एव सत्यपि बाधनिश्चये आहार्यशाब्दबोधयोः सत्वादेव ।

ननु एवं तस्मिन् सत्यपि तयोः सद्भावश्चेत्तर्हि "वह्निना सिञ्चति" इत्यतो

बालक्रीडा

नव्य आचार्य अप्पय्य दीक्षित जी तो कहते हैं कि "मुखं चन्द्रः" गौर्वाहीकः' इत्यादि स्थल में चन्द्रादि का मुख आदि के साथ विना ही लक्षणा के अभेद सम्बन्ध से अन्वय संभव है ।

अवान्तर प्रश्न होता है कि मुखत्व और चन्द्रत्व, बाहीकत्व और गोत्व इन परस्पर विरोधी धर्मों के ज्ञान के बदौलत चन्द्राभिन्न मुख है गवाभिन्न बाहीक है यह ज्ञान "मुख चन्द्र से भिन्न है बाहीक गौ से भिन्न है" इस प्रतिबन्धक ज्ञान के रहते कैसे हो सकता है । उत्तर—बाध निश्चय (बाधज्ञान) से प्रतिबध्य (कट जानेवाला) वही ज्ञान है जो अनाहार्य है ऐच्छिक नहीं है और जो शाब्दबोध से भिन्न है । अतः आहार्य (बाधकालिक इच्छाजन्य) ज्ञान और शाब्दबोध, बाधज्ञान से नहीं कटते हैं । इसी को लिखते हैं कि बाध निश्चय से जो प्रतिबध्य हैं उनमें रहने वाली प्रतिबध्यता के अवच्छेदक की 'विशेषण की' श्रेणी में कोटि में

एव 'अत्यन्तासत्यपि ह्यर्थे ज्ञानं शब्दः करोति हि' इति प्राचां प्रवादोऽपि संगच्छते। न च 'वह्निना सिञ्चति' इत्यतो वाक्यादपि शाब्दबोधापत्तिः; योग्यताज्ञानविरहात्। मुखं चन्द्रः, वाहीको गौः, इत्यादौ त्विष्टचमत्कारप्रयोजकताज्ञानाधीनाया इच्छायाः सत्वादाहार्ययोग्यताज्ञान-

मर्मप्रकाशः

भावात्कथं बोधोऽत आह—मुखमिति। अत एवाहार्ययोग्यताज्ञानसत्त्वादेव। शाब्दबोधे शाब्दबोधत्वावच्छिन्ने। लाघवान्मतान्तरमाह—आहार्य एव वेति। मा चास्त्विति। वह्निना सिञ्चतीत्यादावप्याहार्यज्ञानस्येष्टत्वादिति भावः। अस्योभयत्रान्वयः।

मधुसूदनी

वाक्यादपि शाब्दबोधस्य आपत्तिः स्यात्। इति शंका। उत्तरति—नचापत्तिः योग्यताज्ञानस्य विरहात्। नन्वेवं योग्यताज्ञानाभावाच् छाब्दबोधाभावश्चेत्तर्हि उक्तादाहरणयोरपि तदभावात् शाब्दबोधो मास्तु तत आह—मुखमिति। इत्यादौ तु इच्छायाः सत्त्वात् योग्यताज्ञानमस्ति। अयं परामर्शः। अर्थाबाधो योग्यता। अत्र तु अर्थस्य बाधः तत्कथं योग्यता। तथापि बाधकालीनमिच्छाजन्यं ज्ञानमाहार्यमिति नियमादाहार्ययोग्यताज्ञानम्। तदेतदुक्तं तत्साम्राज्यमिति।

ननु इच्छैव कुतः? तत्राह=ज्ञानेति। ज्ञानाधीनाया ज्ञानोत्तरं जायमानायाः। एष क्रमः। पूर्वं जानाति तत इच्छति ततो यतते। अयं परामर्शः। इदं मदिष्टसाधनम्, इदं मत्कृतिसाध्यमिति कृतिसाध्यत्वप्रकारकमिष्टसाधनताज्ञानं प्रवर्त्तकम्। फलेच्छैव उपायेच्छां प्रति कारणम्। इष्ट इच्छाविषयः चमत्कारः फलं तत्प्राप्तुमुपायमातनुते। तन्निष्ठा या प्रयोजकता तस्या ज्ञानं; तदधीनेच्छेति अक्षरार्थः।

बालक्रीड़ा

अनाहार्यत्व की तरह शाब्दान्यत्व का भी निवेश करना चाहिए। आहार्य ज्ञान क्यों प्रतिबध्य नहीं होता है इसका कारण है इच्छा। इसका उल्लेख आगे किया है। शाब्दज्ञान के प्रतिबध्य न होने के कारण का उल्लेख यहां करते हैं कि वस्तु के अत्यन्त अभाव में भी शब्द से उस वस्तु का ज्ञान हो ही जाता है। अतएव तदवच्छेदक कोटि में शाब्दान्यत्व का निवेश अर्थात् बाधबुद्धि 'अभावज्ञान' से शाब्दबोध नहीं कटता है।

वस्तु के अत्यन्त अभाव में भी यदि शाब्दबोध होगा तो "वह्निना सिञ्चति" इस वाक्य में भी शाब्दबोध होने लगेगा। तब कहते हैं कि यहाँ योग्यता (अर्थाबाध) ज्ञान नहीं है प्रत्युत अर्थ का बाध हो रहा है अतः शाब्दबोध न होगा।

अवान्तर प्रश्न होता है कि यदि योग्यता ज्ञान के अभाव में शाब्दबोध नहीं होता है तब "मखं चन्द्रः" "बाहीको गौः" यहाँ भी योग्यता ज्ञान के अभाव में शाब्दबोध नहीं होना चाहिए। उत्तर--फलेच्छा, उपायेच्छा का हेतु है इसलिए इन उदाहरणों में तो इष्ट चमत्कार है और उस चमत्कार की प्रयोजकता(जनकता)"मुख चन्द्राभिन्न है", "बाहीक गवाभिन्न

साम्राज्यम् । अत एव शाब्दबोधे योग्यताज्ञानस्य कारणत्वोक्तिः प्राचां संगच्छते ।

मधुसूदनी

अत एव आहार्ययोग्यताज्ञानस्य साम्राज्यादेव । नन्वेवं तद्वत्ताबुद्धिप्रतीति नियमस्याकारो गुरुभूत इति मतान्तरमातनोति—आहार्य इति । आलंकारिकमते योग्यताज्ञानस्य शाब्दबोधे कारणता नास्ति । अत एव "मशकदशनमध्ये दन्तिनः सञ्चरन्ति" "वन्ध्यापुत्रः समायाति खपुष्पकृतशेखरः" "पिपीलिका नृत्यति वह्नि-कुण्डे" "सलिलादग्निरुत्थितः" इत्यादौ काव्ये शाब्दो बोधः । तथा वह्निना सिञ्च-तीत्यादावपि शाब्दो बोधो भवत्येव । अन्यथा अद्रवस्य वह्नेः सेचनक्रियाकरणत्वं कथं नामोपजायतामिति प्रश्नः कथं संगच्छेत ? ।

बालक्रीड़ा

है" इस अभेदज्ञान में है तथा (जानाति इच्छति यतते) पहले वस्तु को जानता है तब उस वस्तु की ईच्छा करता है फिर उस वस्तु की प्राप्ति के लिए यत्न करता है, इस नियम के अनुसार इच्छा, ज्ञान के अधीन है अतः इच्छा के सद्भाव में आहार्ययोग्यताज्ञान का साम्राज्य है ।

यहाँ का भाव यह है कि मुख में चन्द्र के जैसी आह्लादनरूपकार्यकारिता नहीं है अतः बाधनिश्चय प्रतिबन्धक है तब भी जो शाब्दबोध होता है वह अलंकारिकों को ही होता है । अन्य को नहीं । उसका कारण है अलंकार शास्त्रीय संस्कार । वह संस्कार उत्ते-जक है । फलतः जैसे चन्द्रकान्तमणि का सान्निध्य दाह में प्रतिबन्धक है वैसे ही प्रकृत में बाधज्ञान है । फिर भी चन्द्रकान्तमणि के रहते हुए भी सूर्यकान्तमणि उत्तेजक का सद्भाव दाह में कारण है उसी तरह प्रकृत में भी बाधज्ञान के रहते हुए भी अलंकार शास्त्रीय संस्कार ही शाब्द बोध का कारण है । इसलिए अलंकार शास्त्रीय संस्काराभाव विशिष्ट जो बाधनिश्चय उसका अभाव शाब्दबोध में कारण है । इसीलिए शाब्दबोध में योग्यताज्ञान कारण है यह प्राचीनों का कहना भी संगत हो जाता है । अलंकारिकों के मत में योग्यता ज्ञान शाब्द बोध में कारण नहीं है । इसीलिए मशक के दशनों में हाथी घूमते हैं, आकाश कुसुम की माला पहिने हुए बन्ध्या पुत्र आ रहा है, चींटी बह्निकुण्ड में नाचती है, जलसे अग्नि उठ खड़ी हुई, मक्षिका के पैर के आघात से भुवनत्रय काँप उठा इत्यादि काव्यों में शाब्दबोध होता ही है । तथा अग्नि से सिक्त करता है इस वाक्य से भी शाब्दबोध होता ही है । यदि शाब्द बोध यहां नहीं होता तब अद्रुत वह्निकी सेक क्रिया में करणता कैसे हो सकती है यह प्रश्न कैसे हो सकता है ।

यहाँ पर शंका होती है कि जहां नामार्थों में अभेदान्वयबोध होता है वहाँ के लिए, (अभेदान्वयबोधश्च विरूपोपस्थितयोरेवेति व्युत्पत्तिः, पदद्वारा विरूपाभ्यां विभिन्नरूपाभ्यां धर्माभ्यांमुपस्थितयोरर्थयोरभेदान्वयबोध इति एवं व्युत्पत्तिः,) पदों के द्वारा विभिन्नरूप वाले धर्मों से उपस्थित अर्थों में अभेदान्वयबोध होता है; यह शास्त्रजन्य संस्कार है । जैसे "नीलो घटः" यहाँ पर नीलत्व और घटत्व इन विभिन्नरूप वाले धर्मों से उपस्थित नील-गुणविशिष्ट और घट में अभेद सम्बन्ध से बोध होता है ।

प्रकृत में इसकी संगति यों है कि नीलत्वेन उपस्थित जो नीलगुणवाला धर्मी है वह

आहार्य एव वाऽभेदान्वयबोधोस्तु। मास्तु बाधबुद्धिप्रतिबध्यतावच्छेदक-कोटौ शाब्दान्यत्वम्। मा चास्तु शाब्दबुद्धौ योग्यताज्ञानस्य कारणत्वम्। आहार्यं प्रात्यक्षिकमेवेति नियमश्च। अवश्यं मुखचन्द्र इत्यादौ पराभिमत-

मर्मप्रकाशः

उक्तं द्रढयति—अवश्यं चेत्यादिना। अभेदेत्यस्याहार्येत्यादिः।

मधुसूदनी

आहार्यं प्रात्यक्षिकमेव प्रत्यक्षमेव प्रात्यक्षिकमिति स्वार्थे ठक्। अभेदान्वय-बोधस्य आहार्यतायाः फलमाह—अवश्यमिति। आहार्याभेदान्वयः वाच्यार्थयोः

बालक्रीड़ा

घट ही है और घटत्वेन उपस्थित जो धर्मी है वह भी घट ही है अतः एक होने से अभेद अर्थात् एकता होना स्वाभाविक है किन्तु "मुखं चन्द्रः यहां पर तो मुखत्वेन उपस्थित मुख चन्द्र से भिन्न है और चन्द्रत्वेन उपस्थित चन्द्र मुख से भिन्न है तब भिन्नों में एकता माने अभेद कैसा।

मुख में चन्द्रत्व प्रतीति को अतत् में तत् की प्रतीति रूप भ्रम भी नहीं मान सकते क्योंकि अधिष्ठान के साक्षात्कार नहीं होने पर ही भ्रम होता है। जैसे यह चाँदी है, यह सर्प है, यह भ्रमात्मिका प्रतीति तभी है जब तक प्रकृत भ्रम के अधिष्ठान सीपी एवं रस्सी का साक्षात्कार नहीं हुआ है। यहाँ तो अधिष्ठान नायिका के मुख को देख ही रहे हैं उसीको प्रसन्न करने के लिए ही कहते हैं कि तेरा मुख, चन्द्र है तब वह भ्रमजनित भी अभेद नहीं हो सकता है।

लक्षणा आप मानते नहीं हैं यदि लक्षणा मानते तो उस के द्वारा चन्द्र पद से चन्द्र-सदशत्वेन उपस्थित जो चन्द्रसदृश है वह मुखही है और मुखत्वेन जो उपस्थित हुआ है वह भी मुख ही है अतः दोनों के एक होने से एकता हो सकती थी अगर कहें कि जैसे प्रतिबन्धक चन्द्रकान्तमणि के रहते हुए भी उत्तेजक सूर्यकान्तमणि के रहने पर दाह होता है उसी तरह मख चन्द्र नहीं है इस बाध ज्ञान के रहने पर भी अलंकार शास्त्रीय संस्कार रूप उत्तेजक द्वारा अभेदान्वय बोध हो जाता है इस पर कहना है कि उस संस्काररूप उत्तेजक के सहारे अभेद बोध हो ही जायगा तब योग्यता ज्ञान को आहार्य मानने की क्या आवश्यकता है यह तो अर्धजरतीय होगा। इस पर कहते हैं कि अथवा आहार्य ही अभेदान्वय बोध हो जावे। मत करो बाधबुद्धि से प्रतिबध्य होने वालों की कोटि में शाब्दबोध से अतिरिक्त का निवेश। और मत मानों शाब्दबोध में योग्यता ज्ञान को कारण। तथा

(हम देखते हैं कि मुख चन्द्र नहीं है तब भी कामिनी को खुश करने के लिए कहा जाता हैं कि तुम्हारा मुख चन्द्रमा है इसका कारण वक्ता की इच्छा ही हैं। इसीलिए बाध-कालिक इच्छा जन्य ज्ञान को आहार्य कहते हैं और यह आहार्यज्ञान प्रत्यक्षवस्तु के विषय में ही होता है। इस नियम के विषय में कहते हैं कि) मत मानो इस नियम को कि आहार्य-ज्ञान प्रत्यक्षवस्तु विषयक ही होता है।

सारोपलक्षणोदाहरणे वाच्यार्थयोरेवाभेदान्वयोऽभ्युपगन्तव्यः, न तु वाच्यलक्ष्ययोः। अन्यथा 'राजनारायणं लक्ष्मीस्त्वामालिङ्गति निर्भरम्', 'पादाम्बुजं भवतु मे विजयाय मञ्जुमञ्जीरशिञ्जितमनोहरमम्बिकायाः' इत्यादौ क्रमेणोपमारूपकयोरुपमितविशेषणसमासाधीनयोर्लक्ष्मीकर्तृकालिङ्गन-मञ्जुमञ्जीरशिञ्जितमनोहरत्वयोरनुपपत्तिर्निर्णायिका रूपकोपमयोः प्राचीनैस्तत्र तत्रोपनिबद्धा विरुद्धा स्यात्।

मर्मप्रकाशः

एवव्यवच्छेद्यमाह—न त्विति। अन्यथा वैपरीत्याङ्गीकारे। विरुद्धेत्यत्रास्यान्वयः। उपमितविशेषणेति। 'उपमितं व्याघ्रादिभिः'। 'मयूरव्यंसकादयश्च' इतीत्यर्थः। तत्र तयोः स्वीकारे या तदनुपपत्तिः सा वैपरीत्ये निर्णायिकेत्यखण्डार्थः।

मधुसूदनी

मुखचन्द्रयोः। तु किन्तु वाच्यलक्ष्ययोः मुखचन्द्रसदृशयोर्नान्वयः। अन्यथा वाच्यार्थयोरभेदान्वयमनङ्गीकृत्य वाच्यलक्ष्यार्थयोस्तत्स्वीकारे। क्रमेणेति। राजेति पद्ये उपमितसमासाधीना उपमा। पादेति पद्ये विशेषणसमासाधीनं रूपकं तयोः। अनुपपत्तिरिति। राजेति पद्ये उपमास्वीकारे नारायणसदृशो राजेत्येवार्थः स्यात्तथा च लक्ष्मीः नारायणं भगवन्तमालिंगति न तु तत्सदृशं राजानमिति लक्ष्मीकर्त्तृकालिंगनस्य अनुपपत्तिरसंगतिः रूपकस्य निर्णायिका। यतो हि रूपके वाच्यार्थयोरेव राजनारायणयोरभेदो भवतीति स्वीकारे नारायणाभिन्नं राजानं सा आलिंगति। इति।

पादेतिपद्ये रूपकस्वीकारे वाच्यार्थयोरम्बुजचरणयोरभेदान्वये अम्बुजाभिन्नश्चरण इत्येवार्थः स्यात्तथा चरणे तु नूपुरस्य परिधानं भवति अम्बुजाभिन्ने तु तस्मिन् तदसंभवि इति मंजीरगतमञ्जुशिञ्जनप्रयुक्तमनोहरत्वस्य अनुपपत्तिरसंगतिः उपमाया निर्णायिका यतः अम्बुजसदृशयोः चरणयोर्नूपुराणां परिधानस्यौचित्यात् मंजुशिञ्जनस्य मनोरहतोपपद्यते। इति।

बालक्रीड़ा

मुखं चन्द्रः इस पराभिमत सारोपा लक्षणा के उदाहरण में वाच्य अर्थ मुख और चन्द्र का ही आहार्य अभेदान्वय मानना चाहिए त कि वाच्य मुख और लक्ष्य चन्द्रसदृश का।

अन्यथा वाच्य अर्थों में अभेदान्वय न मानकर वाच्य और लक्ष्य अर्थों में अभेदान्वय मानेंगें तो "तुम राजनारायण को लक्ष्मी निर्भर आलिगन करती है" "मंजु मंजीर (नूपुर) से शिञ्जित शब्दायमान अतएव मनोहर अम्बिका का पादाम्बुज मेरा विजय करे" इत्यादि काव्यों में क्रमशः "उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे" इस सूत्र के द्वारा किये गये उपमित समास और "मयूरव्यंसकादयश्च" इस सूत्र के द्वारा किये गये विशेषण समास के अधीन प्रतीति वाले उपमा एवं रूपक में लक्ष्मीकर्तृक आलिंगन एवं मञ्जुमंजीरशिञ्जितमनोहरत्व की अनुपपत्ति रूपक एवं उपमा की निर्णायिका है" ऐसा जो प्राचीन मम्मटादि ने भिन्न २ स्थलों में लिखा है वह सब परस्पर विरुद्ध हो जायगा। क्योंकि प्रथम पद्य में उपमा

आद्यपद्ये उपमाया इव रूपकस्यापि स्वीकारे बाधकस्य तुल्यतया

मर्मप्रकाशः

बाधकस्य तत्कर्तृकालिङ्गनासंभवस्य ।

मधुसूदनी

एवं काव्यप्रकाशादि ग्रन्थेषु या अनुपपत्तिस्तयोर्निर्णायिका निबद्धा सा विरुद्धा स्यादित्यन्वयः। कथं विरुद्धा स्यादिति स्फोरयति-आद्यपद्य इति। द्वितीयपद्य इति च। अयमिह परामर्शः। मुखं चन्द्र इत्यादौ लक्षणां विहाय वाच्यार्थयोराहार्याभेदान्वय बोध इत्येकः पक्षः तत्रैव उदाहरणे लक्षणां स्वीकृत्य लक्ष्ययोरभेदान्वयबोध इति द्वितीयः पक्षः। तत्र द्वितीयपक्षोऽनुमन्यते चेत्तर्हि राजनारायणमित्यत्र यथा राजा नारायण इवेत्युपमायाः स्वीकारे नारायणसदृशो राजेति बोधस्तथा राजैव नारायण इति रूपकस्यापि स्वीकारे लक्षणया नारायणसदृशो राजेतिबोधस्ततश्च लक्ष्मीकर्तृकालिंग-नानुपपत्तिरूपस्य बाधकस्य तुल्यतया रूपकनिर्णायकताया असंगतेर्हेतोः,—तथैव पादा-जम्बुजमित्यत्र उपमायाः स्वीकारे यथा अम्बुजसदृशचरण इति बोधे बाधकस्य अभाव-स्तथा रूपकस्यापि स्वीकारे लक्षणया तत्सदृशबोधे बाधकस्य मंजीरशिञ्जानासंभवरूपस्य अभावः। तेन तन्निवर्त्तकताया रूपकपरिहारस्यायोगात्। बाधक एव निवर्तकस्तस्य चाभावस्ततः प्राचीनैर्मम्मटादिभिर्निबद्धा निर्णायिका अनुपपत्तिर्विरुद्धा स्यादित्यन्वयः। अतः प्रथमः पक्षः लक्षणां विनेति रूप एव उचितः।

बालक्रीड़ा

की तरह रूपक के भी स्वीकार करने में बाधक समान है तब उस अनुपपत्ति को निर्णायक मानना असंगत है। और द्वितीय पद्य में उपमा की तरह रूपक के भी स्वीकार करने में बाधक नहीं है तब रूपक को हटाना संभव नहीं है।

यहाँ का आशय यह है कि "राजनारायणं" में यदि उपमित समास करते हैं तब "राजा नारायण के सदृश है" यह शाब्दबोध होगा। इसमें अनुपपत्ति होती है कि लक्ष्मी तो अपने पति नारायण का आलिंगन करती है न कि नारायण के सदृश किसी व्यक्ति का; अतः लक्ष्मीकर्तृक आलिंगन के अनुपपन्न होने से उपमित समास प्रकृत में नहीं कर सकते हैं और यदि यहां विशेषण समासाधीन रूपक मानते हैं तब राजा नारायण है यह शाब्दबोध होगा। उस अवस्था में नारायणाभिन्न राजा का आलिंगन लक्ष्मी के लिए औचित्य प्राप्त है। यह तभी हो सकता है जब कि रूपक में लक्षणा नहीं करते हैं और वाच्यार्थ का वाच्यार्थ के साथ अभेद बोध करते हैं। किन्तु जब "राजनारायणम्" में रूपक मानकर नारायण पद की नारायणसदृश में लक्षणा करेंगे तब उसका नारायणसदृशाभिन्न राजा" यह अर्थ होगा। और वाच्यार्थ का लक्ष्यार्थ के साथ अभेद बोध होगा न कि वाच्यार्थ से वाच्यार्थ का। इस बोध के मानने में नारायणसदृश का लक्ष्मी के द्वारा आलिंगन नहीं करने की जो आपत्ति उपमा के मानने में लगी थी वही आपत्ति रूपक के भी मानने में लगी तब तुल्यता के कारण अनुपपत्ति को निर्णायक कहना प्राचीनों का असंगत ही होगा। इसलिए रूपक में लक्षणा मानने की कोई आवश्यकता नहीं है।

इसी तरह "पादाम्बुज" में यदि विशेषण समास करते हैं तब पाद अम्बुजाभिन्न है

तन्निर्णायकताया असंगतेः । द्वितीयपद्ये रूपकस्यापि स्वीकारे बाधकाभावेन तन्निवर्तकताया अयोगात् ।

न च मुखचन्द्रादौ समासे क्वचिदस्तु नाम प्रागुक्तरीत्या लक्षणां विनापि बोधोपपत्तिः, व्यासे तु लक्षणाया नास्ति बाधकमिति वाच्यम् । 'कृपया सुधया सिञ्च हरे मां तापमूर्छितम्' इत्यादौ व्यासेऽप्यनुपपत्तेः ।

मर्मप्रकाशः

बाधकाभावेन तादृशमनोहरत्वासंभवाभावेन ।

प्रागुक्तेति । प्राचीनोक्तेत्यर्थः । नास्ति बाधकमिति । प्राचानुक्तत्वादिति भावः ।

मधुसूदनी

क्वचित् मुखचन्द्रादौ समासे प्रागुक्तरीत्या राजेति पादेति चेत्यत्रत्यकथित प्रकारेण अस्तु लक्षणां विनाऽपि बोधस्य वाच्यार्थयोराहार्याभेदान्वयज्ञानस्य उपपत्तिः। किन्तु व्यासे समासाभावे वाक्ये लक्षणां विना बोधस्यानुपपत्तिरिति वाक्ये लक्षणाया नास्ति बाधकमर्थाल्लक्षणयैव उपपत्तिरिति ।

उत्तरति=इदं न च वाच्यम् । व्यासेऽपि "कृपया सुधया सिंच हरे मां तापमूर्च्छितम् । इत्यादौ समासाभावस्थले वाक्येऽपि लक्षणया शाब्दबोधस्य अनुपपत्तेः लक्षणाया बाधकत्वस्य सत्त्वादित्यर्थः ।

बालक्रीड़ा

यह शाब्दबोध होगा । इसमें अनुपपत्ति होती है कि अम्बुजाभिन्न पाद में मञ्जीरशिञ्जितत्व का सम्भव नहीं है । हां अम्बुजसदृश पाद में वह विशेषण संभव है । अतः अम्बुजाभिन्न पाद में मंजीरशिञ्जन के अनुपपन्न होंने से प्रकृत में विशेषण समास नहीं करते हैं और यदि यहाँ उपमित समासाधीन उपमा मानते हैं तब अम्बुजसदृश पाद यह शाब्दबोध होगा । उस अवस्था में तादृश पाद में मञ्जीर का पहिनना और उसका शिञ्जन पूर्ण रूप से संगत हो जाता है । इसलिए जो अम्बुज सदृश है वही पाद है और पाद शब्द का अर्थ पाद है अतः वाच्यार्थ का वाच्यार्थ के साथ अभेद बोध भी हो जाता हैं । किन्तु यदि यहां पादाम्बुजं रूपक में मानेंगे और में अम्बुजपद की अम्बुजसदृश में लक्षणा करेंगे तब उपमा की तरह रूपक में भी अम्बुजसदृश पाद में मंजीर और उसका शिञ्जन दोनों की संगति हो जाती है । किन्तु वाच्यार्थ पाद का लक्ष्यार्थ अम्बुजसदृश के साथ अभेद होगा । ऐसी अवस्था में उपमा की तरह रूपक को भी स्वीकार करने में कोई बाधक नहीं है । तब रूपक की निवर्तकता का योग नहीं हो सकता है । अतः वाच्यार्थ का लक्ष्यार्थ के साथ अभेद न मानकर वाच्यार्थ का वाच्यार्थ से वह मानना ठीक है । लक्षणा की कोई आवश्यकता नहीं है ।

अवान्तर प्रश्न होता है कि "मुखचन्द्रः" "राजनारायणम्" "पादाम्बुजम्" आदि समास स्थल में कहीं पर भी तथाकथित प्रकार से लक्षणा के बिना वाच्यार्थों में अभेदान्वय बोध की उपपति हो सकती है किन्तु व्यास याने वाक्य में लक्षणा का बाधक कोई नहीं है । अर्थात् जैसे "पादाम्बुजं' मैं उपमा मानने में अम्बुजसदृश पाद में मञ्जीरशिञ्जितत्व विशेषण

न च सिञ्चतेरपि विषयीकरणे लक्षणया नानुपपत्तिः ।

मर्मप्रकाशः

सिञ्चतेरिति । अपिरेवार्थः । उत्प्रेक्षेति-अत्र तु यथा न लक्षणा तथा स्फुटीभविष्यति ।

मधुसूदनी

अयमिह परामर्शः । कृपा हि अमूर्तः पदार्थः ततः सेको भवितुं नार्हः । आहार्याभेदे सति तु सुधाभिन्नया कृपया सेको भाव्यः । यतः सुधा द्रवः पदार्थः । लक्षणाकरणे तु सुधासदृशया कृपया सेकाभावाच्छाब्दबोध एव नहि भवति इति शाब्दबोधाभवनमेव लक्षणाया बाधकमिति । अतः लक्षणां विनैवेति पक्षः समीचीनः ।

सिञ्चतेरपीति । अपिः समुच्चये । यथा सुधासदृशयेति बोधार्थं सुधापदं लक्षणाया विषयीक्रियते तथा सिञ्चतेरपि सिञ्चतिपदस्यापि अवलोकयेत्यर्थे लक्षणाया विषयीकरणे कृपासुधासदृशयोः वाच्यलक्ष्ययोरभेदान्वयबोधस्य न अनुपपत्तिः । तथा च सुधासदृशया कृपया मत्कर्मकं सेकसदृशमवलोकनमिति बोधः । ततश्च व्यासे लक्षणाया बाधकं नास्तीति न वाच्यम् । नागेशानुसारं सिञ्चतेरपीत्यत्र अपिरेवकारार्थे । तथा च सिञ्चतेरेव न तु सुधायाः । लक्षणायाः विषयीकरणे गोचरीकरणे सिंचेत्यस्य अवलोकयेत्यर्थः । एवञ्च दैहिकदैविकभौतिकतापत्रयमूर्च्छितं मां सुधया सिञ्च अभिवर्ष । कृपया सिञ्च अवलोकय । ततश्च व्यासे वाक्ये लक्षणाया बाधकं नास्तीति न वाच्यम् ।

बालक्रीड़ा

अनुस्यूत हो जाता है एवं रूपक मानकर लक्षणा करने पर भी अम्बुजसदृश पाद में उक्त विशेषण की संगति में कोई बाधक नहीं हैं उसी तरह वाक्य में भी लक्षणा करने पर कोई बाधक नहीं है ।

उत्तर—यह कहना कि वाक्य में लक्षणा करने में कोई बाधक नहीं है यह ठीक नहीं है । क्योंकि "कृपया सुधया सिंच हरे मां तापमूर्छितम्' (सुधाभिन्न कृपा से संसार के तापों से मूर्छित पीड़ित मुझको सिक्त करो) इस वाक्य में सुधारूप कृपा से तो सेक संभावित है किन्तु लक्षणा करके सुधासदृश कृपा से सेक संभावित नहीं है क्योंकि कृपा अमूर्त पदार्थ है अन्तःकरण का धर्म विशेष हैं, द्रव पदार्थ नहीं है । अतः वाक्य में भी अद्रव कृपा से सेक का नहीं होना रूप शाब्दबोध की असंभावना ही लक्षणा का बाधक है ।

यदि कहें कि सिंचतेरपि में अपि शब्द का समुच्चय अर्थ है । अतः जैसे सुधापद की सुधासदृश में लक्षणा करते हैं उसी तरह सिंचति की भी अवलोकन इस अर्थ में लक्षणा कर लेंगे । तब सुधासदृश कृपा से सेकसदृश अवलोकन मेरा करो हे हरे ? इस तरह वाच्य लक्ष्य में अभेद होने में बाधक नहीं है फ़लतः व्यास में लक्षणा हो सकती है ।

अथवा नागेश महाशय के अनुसार सिचति पद को ही लक्षणा का विषय माना जाय तो लक्षणा की अनुपपत्ति नहीं होगी । अर्थात् वाक्य में भी लक्षणा का बाधक कोई नहीं है ।

नागेराजी का भाव यह है कि "सिञ्चतेरपि' में अपिपद एवकार के अर्थ में अतः है सिंचति क्रिया को ही न कि सुधापद को भी लक्षणा का विषय बनाया जाय । तब यह अर्थ

अतिशयोक्त्यतिरिक्तोत्प्रेक्षापह्नुत्यादिष्विव अत्राऽपि आहार्यज्ञानेनोपपत्तौ

मधुसूदनी

अथवा अपिः प्रश्ने। ननु सिञ्चतेर्विषयीकरणे अर्थात् सिञ्चतिरूपमानभूतः स चात्रोपात्तः अवलोकयेति विषयः उपमेयभूतः तस्य निगरणं कृतम्। तथा च अतिशयोक्ताविह लक्षणया वाच्यलक्ष्ययोर्बोधे नानुपपत्तिरिति न च वाच्यम्। "अतिशयोक्त्यतिरिक्तोत्प्रेक्षापह्नुत्यादिषु"—इति शुद्धः पाठः। अतिशयोक्तीति। अतिशयोक्तौ भवतु वाच्यलक्ष्ययोर्बोधः। तत्र लक्षणाया आचार्यैः स्वीकृतत्वात्। किन्तु अतिशयोक्तेरतिरिक्तासु उत्प्रेक्षापह्नुत्यादिषु यथा आहार्यज्ञानेन आहार्याभेद-ज्ञानेन उपपत्तिस्तथात्र रूपकेऽपि तेनैव उपपत्तौ लक्षणायां बीजस्य अन्वयानुपपत्तिरूपस्य तात्पर्यानुपपत्तिरूपस्य वा कारणस्य अभावात्।

बालक्रीड़ा

होगा कि हे हरे? हे भगवन्! आधिदैविक आधिभौतिक एवं आध्यात्मिक त्रिविध तापों से मूर्छित अर्थात् उन तापों के जलन से दाह से चेतना रहित मुझको सुधा से सिक्त करो अर्थात् मुझ पर अमृत की वृष्टि करो जिससे मैं जीवित हो जाऊं और कृपा से मुझे अवलोकित करो जिससे चेतना बुद्धि को प्राप्तकर बोध को प्राप्त करूं और मुक्त होऊं।

मूर्छित प्राणी मृतप्राय हो जाता है और चेतना रहित हो जाता है अतएव बोधशून्य हो जाता है। सुधा मृतप्राणी को भी (मूर्छित को तो अवश्य ही) जीवन दान देती है किन्तु संसार दावानल के संताप से मुक्त नहीं कर सकती है क्योंकि मुक्ति ज्ञान से मिलती है और ज्ञान भगवत्कृपा से ही प्राप्त होता है। यं कामये तं तमग्रं करोमि तं ब्रह्माणं तं सुमेधाम्। यमेवैष वृणुते तस्मै एव विवृणुते तनूं स्वाम्। जिसको वह चाहता है उस उसको ब्रह्मा विष्णु एवं महेश बनाता है। जिसको यह वरण करता है उसी को अपना स्वरूप दिखा देता है यह सिद्धान्त है। तभी वह मुक्त होता है इसलिए यहाँ पर सुधा एवं कृपा दोनों पदों के उपादान से यह उपरि कथित भाव व्यक्त होता है।

अथवा अपिपद यहां प्रश्नार्थक है। इसलिए प्रश्न होता है कि क्या? इस उक्त वाक्य में सिंचति को विषयी बनाया गया है। सिंचति उपमानपद है जिसका उपादान यहां किया गया है। और उपमेय अवलोकय है जिसका उपादान नहीं किया गया है अतः निगीर्ण है। फलतः यहाँ अतिशयोक्ति अलंकार हैं। और इस अतिशयोक्ति में लक्षणा के द्वारा वाच्य और लक्ष्य में अभेद वोध करने में कोई अनुपपत्ति नहीं है। इसलिए व्यास में कोई बाधक नहीं है। यहां "अतिशयोक्यतिरिक्तोत्प्रेक्षापह्नुत्यादिषु' यह पाठ है।

उत्तर—हाँ अतिशयोक्ति में वाच्य और लक्ष्य में अभेद बोध हो सकता है। क्योंकि इन अलंकारों में लक्षणा का होना आचार्यों को अभिमत है। किन्तु अतिशयोक्ति से अतिरिक्त उत्प्रेक्षा, अपह्नुति प्रभृति में जैसे आहार्यज्ञान से उपपत्ति होती है उसी तरह रूपक में भी आहार्याभेदवोध से ही उपपत्ति करनी चाहिए। क्योंकि रूपक में लक्षणा मानने के लिए नामार्थयोरभेदन्वयः इस व्युत्पत्ति के रहते वीज अन्वयानुपपत्ति या तात्पर्यानुपपत्ति रूप कारण का अभाव है। प्रत्युत लक्षणा के मानने में अनुभव का भी विरोध होता है।

लक्षणायां बीजाभावादनुभवविरोधाच्च ।

मर्मप्रकाशः

विनिगमनाविरहादाह—अनुभवेति ।

मधुसूदनी

ननु प्रयोजनभूतः एषणीयश्चमत्कार एव प्रयोजनवतीलक्षणाया बीजमिहास्तीत्यत आह—अनुभवेति । सादृश्यसम्बन्धाज्जायमानायां गौणसारोपायां लक्षणायां प्रकृतोपयोगिफलभूतः धर्मः क इति गवेषणायां चमत्कारस्य विश्रृंखलत्वात्, लक्षणाकरण एव चमत्कार उदेतीति अनुभवे विरोधाच्च व्यासेऽपि लक्षणाया बाधकमस्तीत्यन्वयः ।

अत्र "उत्प्रेक्षाद्यतिरिक्तातिशयोक्त्यपह्नवादिषु" इति मुद्रितः पाठः सर्वथा अशुद्धः । प्रत्यक्षरमर्थानुसन्धानविकलत्वात् । तथाहि अपह्नवनामकः कश्चिदलंकारो नास्ति किन्तु अपह्नुतिस्ततश्च अपन्हुत्यादिषु इति करणीयम् ।

अतिशयोक्तौ आहार्यज्ञानं नहि भवति किन्तु लक्षणेति पण्डितराजः = नामार्थयोरभेदसंसर्गेण विशेष्यविशेषणभावस्य व्युत्पन्नतया रूपके तावदुचितो विषयविषयिणोस्तेन संसर्गेण विशेष्यविशेषणभावः । न तु प्रकृते । प्रकृते तु वियियितावच्छेदकरूपेण विषयस्यैव भानादभेदसंसर्गस्याप्रसक्तेः । अभेदप्रधानातिशयोक्तिरिति प्रवादस्तु प्रागुक्ते संसर्गारोपरूपक इव विषयितावच्छेदकस्यैव भेदाभावरूपतया निर्वाह्यः ।

बालक्रीड़ा

अनुभव विरोध दिखाने के लिए शंका एवं समाधानों को लिखते हैं। शंका—प्रयोजनीभूत एषणीय चमत्कार ही प्रयोजनवती लक्षणा के मानने में बीज है । समाधान= सादृश्य सम्बन्ध से होनेवाली गौण सारोपा लक्षणा में यहाँ प्रकृत काव्यों के उपयोगी चमत्कार जनक तत्त्व क्या है इसी गवेषणा में चमत्कार की अनुभूति लड़खडा जाती है इसलिए लक्षणा करने पर ही चमत्कार उत्पन्न होता है इस अनुभव में विरोध होता है । फलतः व्यास में वाक्य में भी लक्षणा का बाधक है ।

यहाँ "उत्प्रेक्षाद्यतिरिक्तातिशयोक्त्यपह्नवादिषु' यह पाठ सर्वथा अशुद्ध है क्योंकि प्रत्यक्षर में अर्थानुसन्धान शून्यता है । अपह्नव नामका कोई अलंकार नहीं है । हां अपह्नुति अलंकार है । अतः अपह्नवादिषु की जगह अपह्नुत्यादिषु करना चाहिए और अतिशयोक्ति में आहार्यभेद नहीं है किन्तु लक्षणा होती है । जैसा कि पण्डितराज का लेख है । नामार्थो में अभेद सम्बन्ध से विशेषण विशेष्यभाव व्युत्पत्ति प्राप्त है अतः रूपक में विषय और विषयी में अभेद सम्बन्ध से विशेषण विशेष्यभाव होना उचित है किन्तु प्रकृत (अतिशयोक्ति) में वह उचित नहीं हैं । प्रकृत में तो विषयितावच्छेदकरूप से विषय का ही न कि विषयी का भान होता है अर्थात् एक ही पदार्थ का भान होता तब किसको विशेषण बनायें और किस को विशेष्य बनाया जाय । इसलिए अभेद सम्बन्ध की प्राप्ति ही नहीं है । अभेदप्रधान अतिशयोक्ति का निर्बाह तो विषयितावच्छेदक के भेद के नहीं मालूम पड़ने से करना चाहिए। और विषयितावच्छेक (चन्द्रत्व) से विषय (मुख) को समझने का द्वार क्या है जरिया क्या

अपि चोपमानवाचकस्य चन्द्रादिपदस्य रूपके उपमानसदृशे लक्षणा इति हि प्राचां समयः। तत्र च लक्ष्यतावच्छेदकं सादृश्यम्। तच्च समानधर्मरूपम्। स च लक्ष्यांशे सुन्दरत्वादिना विशेषरूपेण प्रतीयते,

मर्मप्रकाशः

तत्र विसंवादादाह—अपि चेति। स च समानधर्मश्च। एवमादौ इत्यादावित्यर्थः। अत्रादिशब्दस्य प्रकारार्थत्वात्तत्प्रयोजकधर्ममाह—उपात्तेति। तद्धर्मेति। उपात्तधर्मान्या-

मधुसूदनी

इति। अतिशयोक्तौ लक्षणा भवतीत्यत्रापि स एव-अत्र च विषये विषयिवाचकपदस्य लक्षणायाः शक्यतावच्छेदकमात्रप्रकारकलक्ष्यविशेष्यकबोधत्वं कार्यतावच्छेदकम्। इति चोक्तवाँस्ततः कथं तदुक्तीः "अतिशयोक्तौ आहार्यज्ञानेनोपपत्तौ लक्षणायां बीजाभावादित्येवं रूपाः संगताः कुर्महे। अपह्नुतावुत्प्रेक्षायाञ्चाहार्यज्ञानं भवतीति स एवोक्तवान् तद्यथा=अत्र च (अपन्हुति) लक्षणे आरोप्यमाणमित्यस्याहार्यनिश्चविषयीकरणमित्यर्थः। इति। "तद्भिन्नत्वेन प्रमितस्येति। इदं च संभावनायामाहार्यतां गमयति। तत्राभेदेन संसर्गेण धर्मिस्वरूपोत्प्रेक्षा" इति च।

रूपके लक्षणास्वीकरणे विप्रतिपत्तिरपि जायते इति प्रदर्शयितुमुपक्रमते—अपि चेति। रूपकस्थले। समयः संकेतः सिद्धान्तो वा। तत्र सिद्धान्ते। तच्च सादृश्यं च। स च धर्मश्च। लक्ष्यांशे उपमानसदृशरूपे अंशे। सामान्यरूपेण

बालक्रीडा

है सिवाय लक्षणा के अतः अतिशयोक्ति में लक्षणा भी अतीव आवश्यक है। और उत्प्रेक्षा एवं अपह्नुति में तो आहार्यज्ञान के बिना संगति नहीं हो सकती है अतः आहार्यज्ञान वहां नितान्त अपेक्षित है। यह सब विषय पण्डितराज के अतिशयोक्ति अलंकार एवं अपह्नुति तथा उत्प्रेक्षा अलंकारों के निरूपण में विज्ञ लोगों को देखना चाहिए।

रूपक में लक्षणा के मानने में झगड़ा भी लग जाता है इस बात को दिखलाने के लिए प्रस्तावना करते हैं कि रूपकस्थल में उपमानवाचक चन्द्रादि पद की चन्द्रादिसदृश में लक्षणा होती है यह प्राचीनों का समय सिद्धान्त है। उस सदृश में रहने वाला सादृश्य लक्ष्यतावच्छेदक है और वह सादृश्य समानधर्म रूप है।

अब प्रश्न होता है कि वह समानधर्म (लक्ष्यांश) उपमान सदृश में सुन्दरत्वादि विशेष रूप से प्रतीत होता है। या सामान्य रूप से। इसमें पहला पक्ष ठीक नहीं है क्योंकि सुन्दरत्वादि विशेष रूप से समानधर्म की प्रतीति होना मानेंगे तो सुन्दरं मुखं चन्द्रः में सुन्दर पद से अभिधया सुन्दरत्व की उपस्थिति हुई और चन्द्र पद से भी लक्षणा के द्वारा उसी सदृशनिष्ठसादृश्याभिन्न समानधर्मरूपसुन्दरत्व की उपस्थिति हुई अतः पुनरुक्ति हो जायगी।

आलोचन। यहाँ पुनरुक्ति नहीं होनी चाहिए। जैसे गौर्वाहीकः इत्यादि स्थलों में बाहीक शब्द से अभिधा के द्वारा बाहीक अर्थ उपस्थित होता है और गोशब्द से भी

उताहो सामान्यरूपेण। नाद्यः। सुन्दरं मुखं चन्द्र इत्यादौ पौनरुक्त्यापत्तेः। न चैवमादावुपात्तधर्मके रूपके तद्धर्मातिरिक्तो धर्म एव लक्ष्यतावच्छेदकीभूतसादृश्यरूप इति वाच्यम्; अनुभवविरोधात्।

"अङ्कितान्यक्षसंघातैः सरोगाणि सदैव हि।
शरीरिणां शरीराणि कमलानि न संशयः॥"

मर्मप्रकाशः

ह्लादकत्वादिरित्यर्थः। तथानुभवे विसंवादमाह—अङ्कितानीति। अक्षाणीन्द्रियाणि, अक्षाः पद्माक्षाश्च तत्समूहैर्व्याप्तानि। रोगसहितानि, सरोगामीनीति च। श्लेषेति। शब्दश्लेषनिमित्तको यो विशेषणार्थयोरभेदाध्यवसायस्तद्विषयीभूतो यो धर्मस्तव्द्याप्तत्वसरोगत्वरूपस्तमित्यर्थः। एवमग्रेपि। एवं चात्र पौनरुक्त्यं दृढमिति भावः।

मधुसूदनी

इस से श्लेष को हटाना मुश्किल है। वहाँ तक का दीक्षित जी का पराक्रम सहेतुक नहीं मालूम पड़ता है अतः चिन्तनीय है। क्योंकि "सर्वदो माधवः पायाद् यो गंगां समदीधरत्" इत्यादि श्लेष में कहीं पर भी किसी भी विद्वान् ने माधव एवं उमाधव में विशेषणों के श्लिष्ट होने पर भी अभेदाध्यवसाय स्वीकृत नहीं किया है और न श्लेष के कारण अभेदाध्यवसाय से लब्ध अभेद को किसी ने गुण पदार्थ ही माना है।

अरे भाई! सुनिये तो सही। अभेद माने एकत्व। और वह एकत्व संख्यारूप है अतः गुण है। अहो यह सब मोह का प्रभाव है। उसका भाई। उस भाई का सखा और उस सखा का पुत्र इस वाक्य की तरह परम्परा लब्ध वस्तु को तो गुण माना जाय और आचार्य ने कण्ठ रव से जिस शब्द को गुण कहा उस को गुण मानना दूर रहा। प्रत्युत छिपाया जा रहा है। अगर कहें कि श्लेष पद से यहाँ श्लेषमूलक अलंकार माने तो है स्पष्ट करना चाहिए। अन्यथा खाया कुछ और वमन किया कुछ और वाली कहावत हो जायगी।

इस प्रकार विद्यानाथ का कहा हुआ लक्षण भी अपास्त हुआ। व्यतिरेकालंकार में

'उपमानोपमेयत्वयोग्ययोरर्थयोर्द्वयोः ।
हृद्यं साधर्म्यमुपमेत्युच्यते काव्यवेदिभिः' ॥

इति प्राचामपि लक्षणं प्रत्युक्तम् । हृद्यतामात्रेण निर्वाहे विशेषणान्तरवैयर्थ्यात् । एवं काव्यप्रकाशोक्तमपि 'साधर्म्यमुपमा भेदे' इति लक्षणं नातीव रमणीयम्; व्यतिरेके निषेधप्रतियोगिनि सादृश्येऽतिव्यापनात् । न च पर्यवसितत्वेन साधर्म्यं विशेषणीयमिति वाच्यम् । अनन्वयस्थसादृश्यस्यापर्यवसायित्वेनैव वारणे भेदविशेषणवैयर्थ्यापत्तेः । काव्यालंकारप्रस्तावे

मर्मप्रकाशः

त्यादावित्यर्थः । एवमग्रेऽपि यथासंभवम् । एवमर्थमाह—हृद्यतेति । ननु तत्रैव तात्पर्यग्राहकं तदत आह—काव्येति ।

मधुसूदनी

पर्यवसितत्वेनेति । "पर्यवसितसाधर्म्यमुपमा भेदे" इति लक्षणाकारः । एवं हि यत्र साधर्म्यस्य पर्यवसानं सोपमेति स्वीकारेण व्यतिरेके साधर्म्यस्य निषेधादपर्यवसितत्वेन वारणेऽपि भेदग्रहणं व्यर्थम् । यतो हि अभेदे तस्य पर्यवसानं न भवति भेदे एव तत् । तथा च तेनैव तस्यापि वारणादित्याशयेनाह—अनन्वयस्येति ।

ननु न मया पर्यवसितत्वं निवेश्यते केवलमुपमायाः सामान्यं लक्षणमुच्यत इत्यत्राह-काव्येति ।

बालक्रीड़ा

निषेधप्रतियोगी सादृश्य में यह लक्षण अतिव्याप्त हो जाता है । उपमानत्व एवं उपमेयत्व के योग्य दो अर्थों में हृद्य साधर्म्य उपका है—ऐसा काव्य के विद्वान् कहते हैं यह प्राचीनों का लक्षण प्रत्युक्त है । साधर्म्य में केवल हृद्य विशेषण से ही निर्वाह हो जाता है तब विशेषणान्तर व्यर्थ है ऐसी आपत्ति लगजायगी । इस प्रकार काव्य प्रकाश में कहा हुआ भी भेद रहने पर समान धर्मप्रयोज्य सम्बन्ध उपमा है । यह लक्षण अतीव रमणीय नहीं है । क्योंकि यह लक्षण व्यतिरेक घटक निषेधप्रतियोगी अलक्ष्य सादृश्य में अतिव्याप्त हो जाता है । यह नहीं कहना चाहिए कि साधर्म्य को पर्यवसितत्व विशेषण से युक्त कर दिया जायगा । अर्थात् पर्यवतितसाधर्म्य ही उपमा है यह उपमालक्षण मान लिया जाय । क्योंकि जब अनन्वय के अपर्यवतित सादृश्य का अपर्यवतितत्व विशेषण से ही वरण हो जायगा तब भेद विशेषण देना व्यर्थ ही हो जायगा । यहाँ का आशय यह है कि अभेद में भेदाधिष्ठान सादृश्य का पर्यवसान नहीं होता है उसका पर्यवसान भेद ही में होता है । अतः पर्यवतितत्व विशेषण से ही वारण हो जायगा भेद ग्रहण व्यर्थ ही है ।

अगर कहें कि मैंने तो उपमा सामान्य का लक्षण कहा है । तब भी ठीक नहीं । क्योंकि जब काव्य के अलंकारों का प्रस्ताव है उस समय लौकिक, अलौकिक, प्रधान, वाच्य

लौकिकालौकिकप्रधानवाच्यव्यङ्ग्योपमासामान्यलक्षणकरणानौचित्याच्च। अत एव 'भेदाभेदतुल्यत्वे साधर्म्यमुपमा' इत्यलंकारसर्वस्वोक्तमपि लक्षणं तथैव। एवं 'प्रसिद्धगुणेनोपमानेनाप्रसिद्धगुणस्योपमेयस्य सादृश्यमुपमा' इत्यलंकाररत्नाकरोक्तमपि न भव्यम्। श्लेषमूलकोपमायां तादृशशब्दात्मकस्य धर्मस्य

मर्मप्रकाशः

अत एवेति। प्रकाशग्रन्थे। उक्तदोषगणादेवेत्यर्थः। तथैव नातीव रमणीयमित्यर्थः। एवमिति। व्यतिरेकेऽतिव्यापनादित्यर्थः। ननु पर्यवसितत्वेन विशेषणान्न दोषोऽत आह—श्लेषेति।

मधुसूदनी

भेदाभेदेति। अत्यन्ताभेदे स एवायमिति बुद्धेः कारणात् भेदाधिष्ठानस्य सादृश्यस्यासम्भव एव। अत्यन्तभेदे त्वन्यदेवेति रीत्या अन्वयिनो रूपस्याभावेनापि सादृश्यस्याभाव इति भेदाभेदविमर्शेन द्वयोस्तुल्यत्वे भेदाभेदोभयसम्भिन्नतायामयमेतत्सदृश इति बुद्धिर्जायते ततः साधर्म्यमुपमेति लक्षणं तथैव काव्यप्रकाशीयलक्षणवत् दोषग्रस्तमेव।

प्रसिद्धेति। प्रसिद्धेनाप्रसिद्धस्य सादृश्यमुपमा मतेति तदुक्तलक्षणस्वरूपं प्रसिद्धसाधर्म्यात् साध्यसाधनमुपमानमिति न्यायसूत्रानुसारं बोध्यम्। इदमपि लक्षणं न भव्यं, तत्र भव्यत्वाभावे हेतुमाह=श्लेषेति। सकलकलं पुरमेतज्जातं सम्प्रति सुधां-

बालक्रीड़ा

एवं व्यंग्य सभी उपमाओं का लक्षण कहना अनुचित है।

अत एव काव्यप्रकाशीय लक्षण के दोषग्रस्त होने से ही "भेदाभेद की तुल्यता में साधर्म्य उपमा है" यह अलंकारसर्वस्वकार का कहा हुआ भी लक्षण उसी प्रकार दोषग्रस्त है। यहाँ का आशय यह है कि अत्यन्त अभेद में "वही यह है" ऐसी बुद्धि होती है अतः भेदाधिष्ठान सादृश्य का सर्वथा असम्भव है। अत्यन्त भेद में दूसरा ही यह है उस रीति से जब दो पदार्थों में अन्वय ही नहीं होगा तब उनमें सादृश्य कैसा। हाँ अंशेन भेद भी हो और अंशन अभेद भी हो तब भेद अभेद दोनों के मिश्रण में यह इसके सदृश है यह बुद्धि जहाँ हो वह साधर्म्य उपमा है। यह काव्यप्रकाशीय लक्षण की तरह दोषग्रस्त है।

प्रसिद्ध गुण वाले उपमान के साथ अप्रसिद्ध गुणवाले उपमेय का सादृश्य उपमा है यह अलंकार रत्नाकर में कहा हुआ लक्षण भी भव्य नहीं है क्योंकि संप्रति यह पुर चन्द्रबिम्ब की तरह सकलकल हो गया है। इस श्लेष मूलक उपमा में सम्पूर्ण कलाएँ एवं कलकल सहितत्व रूप अर्थ के बोधक सकलकल इस श्लिष्ट शब्दात्मक साधारणधर्म की कल्पना कवि ने ही की है क्योंकि चन्द्रमा उस तरह के श्लिष्ट शब्द रूप गुण वाले रूप से प्रसिद्ध नहीं है।

इस प्रकार उपमा के लक्षण में सन्निविष्ट पदों के कृत्य याने फल दिखाते हुए पण्डित

कविनैव कल्पनात् तेन रूपेणोपमानस्याप्रसिद्धेश्च इत्यलं परकीयदूषणगवेषणया। प्रकृतमनुसरामः।

मधुसूदनी

शुबिम्बमिवेति श्लेषमूलकोपमायाम्। तादृशेति। कलासाकल्यकलकलसहितत्वरूपार्थबोधकस्य सकलकलेति श्लिष्टशब्दात्मकस्य। कल्पनात् उद्भावनात् श्लिष्टशब्दरूपो धर्मः प्रसिद्धो नास्ति इत्यर्थः। तेन रूपेण श्लिष्टशब्दात्मकगुणवत्त्वेन रूपेण उपमानस्य सुधांशुबिम्बस्याप्रसिद्धेरपि। चकारोऽप्यर्थः।

इत्येवमुपमालक्षणपदकृत्यं निर्दिशन् पण्डितराजः परेषां तल्लक्षणं समालोच्यापि असन्तुष्यन्नाह=इत्यलमिति। अन्यदपि समालोच्यमस्ति परमेतावतैवालमिति। परकीयदूषणानां गवेषणा न कार्येति भावः।

इदन्तु बोध्यम्। स्वनिर्मिते अलंकारकौस्तुभे विश्वेश्वरपण्डितो महानैयायिकः अप्पय्यदीक्षितान् पण्डितराजञ्च समालोचयन् गजनिमीलिकां समाचचार तत्र प्रतिविधीयते। यत् स आह—तत्रेदं चिन्त्यम्। इदं पण्डितराजोक्तं चिन्त्यं विचार्यम्। किन्तदाह "स्तनाभोग"—इत्युत्प्रेक्षैव, उक्तविधोरगस्याप्रसिद्धेरिति। उक्तविधोरगस्य चन्द्रबिम्बापादानकमेर्वधिकरणकलम्बमानत्वविशिष्टोरगस्य अप्रसिद्धेरिति हेतुना उत्प्रेक्षैवेति भवता साध्यते। यदा पुनरयं (मुपमानांशः) लोकादसिद्धः कविकल्पितः। तदोत्प्रेक्षैवेति चक्रवर्त्तिनोक्तं हृदि निधाय। तत्रोच्यते! लोकादसिद्धः कविकल्पित इत्येवांशः भवता उपर्युपरि धावता दृष्टः परं "येनेवशब्दः संभावनापरः" इत्यंशो नालोचितः। उपमानांशस्य लोकादसिद्धत्वे सति कविकल्पितत्वेपि तदैव उत्प्रेक्षा स्यात् यदा इवशब्दस्य सम्भावनापरत्वं स्यादन्यथा तु सम्भावनापरत्वाभावे तु उत्प्रेक्षा न भवति किन्तूपमेति; अत एव संभावनमुत्प्रेक्षेति सकलालंकारिकसिद्धान्तः। यदा तु उपमानांशस्य तथाभूतत्वेऽपि इवशब्दस्य सादृश्यवाचकत्वं तदोपमैव नोत्प्रेक्षेति च तेषां राद्धान्तः। अत एव कल्पितोपमानामक उपमातः पृथगलंकार इति अलंकाररत्नाकरकारादीनां मतमन्येषां तूपमैव न तूपमातः पृथगिति। एवं स्थितौ कथमत्र

बालक्रीड़ा

राज औरों के लक्षण की समालोचना करके भी संतुष्ट नहीं हुए अतः कहते हैं कि और भी समालोचनीय अंश अभी अवशिष्ट है किन्तु इतनी ही समालोचना पर्याप्त है। दूसरों के दोषों की खोज करना अब ठीक ही है।

यह एक समझने की वस्तु है कि महानैयायिक पं० विश्वेश्वर जी पार्वतीय उद्भट विद्वान् हुए हैं। उन्होंने अपने बनाए हुए अलंकार कौस्तुभ नामक ग्रंथ में अप्पय्य दीक्षित एवं पण्डितराज की समालोचना की है। उसकी प्रति समालोचना यहाँ दिखाते हैं। जैसा कि उन्होंने कहा है कि=यहाँ पर पण्डितराज का कथन विचारणीय है कि स्तनाभोगे इस पद्य में कल्पितोपमा है। किन्तु यहाँ उत्प्रेक्षा ही है। क्योंकि उस प्रकार का उरग अप्रसिद्ध है।

मधुसूदनी

स्तनाभोगपद्ये उत्प्रेक्षा। किमत्रेवशब्दः संभावनापरः। न हि कश्चिदनुन्मतः तथा कथयिष्यति। सादृश्यवाचकत्वे संभावनावाचकत्वाभावे तु इवशब्दस्य उपमैव।

भवतापि कल्पितोपमाया निर्विषयत्वापत्तिवारणाय सिद्धान्तितं यत् "उपमानतावच्छेदकविशिष्टस्योपमानत्वेनाभिमतस्याप्रसिद्धौ तदुपमानत्वकल्पनस्य कल्पितोपमाविषयत्वादिति" तद्रीत्या उक्तविधोरगस्याप्रसिद्धौ तदुपमानत्वकल्पनं कृतं, सादृश्यवाचकतया च संभावनापरत्वमपीवशब्दस्य नास्ति इति कल्पितोपमात्र निर्विवादा।

यच्च अत एव सर्वत्र "उद्गर्भहूणरमणी" इत्यादिकमेव तदुदाहरणं लिखितमिति तु हास्यास्पदमेव। केनापि लिखितं दृष्ट्वैव मनुते, नवीनतयोद्भवनं न कुरुते। अहो परकीयदूषणचिन्तनदुराग्रहः।

यद्यपि अन्यथा मदुक्तनियमास्वीकारे "न नित्यमस्मिन् परिपूर्णता" इत्यादीनामप्युत्प्रेक्षात्वभंगापत्तेरिति। तदपि अविचारितमेव। चेदत्रोत्प्रेक्षा स्यात्, नियमास्वीकारे उत्प्रेक्षा न भवेत्तदा तद्भंगापत्तिदूषणं स्यात्। क्षोणीतलावतीर्णत्वविशिष्टस्य उपमानत्वेनाभिमतस्य अप्रसिद्धौ तादृशस्येन्दोरुपमानत्वं कविना कल्पितमिति भवदुक्त नियमं स्वीकृत्यैव ब्रूमः। अत्रोपमैवास्ति। उत्प्रेक्षा नास्ति इति भवानपि स्वीकरोति

बालक्रीड़ा

इस पर हमारा कहना है कि "आपने यदा पुनरयं (उपमानांशः) लोकादसिद्धः कविकल्पितः तदोत्प्रेक्षैव" इस चक्रवर्ती के पूरे श्लोक के आधे ही अंश को मन में रख कर यहाँ चन्द्रविम्ब से मेरु पर्वत के ऊपर लम्बमान उरग की अप्रसिद्धि के कारण उत्प्रेक्षा मानते हैं वह ठीक नहीं है। क्योंकि (येन इव शब्दः संभावना परः) कविकल्पित उपमानांश स्थल में उत्प्रेक्षा क्यों होती है उसके लिए सिद्धान्त स्थिर करते हैं कि उसका कारण है कि जहाँ पर इव शब्द संभावना परक है वहाँ ही उत्प्रेक्षा होती है। यदि वह इव संभावना बोधक नहीं है उस अवस्था में वहाँ उपमा ही होता है उत्प्रेक्षा नहीं इसी लिए कल्पितोपमा नाम का एक उपमा से पृथक् अलंकार, अलंकार रत्नाकर प्रभृति ने माना है। औरों के मत में वह उपमा ही हैं। ऐसी स्थिति में स्तनाभोगे इस में उत्प्रेक्षा कैसे। क्या वहाँ इव शब्द सम्भावना परक है। सावधान, पुरुष ऐसा नहीं कह सकता। कोई उन्मत्त कहे तो उसका कोई मूल्य नहीं है। जब संभावना परक नहीं है और सादृश्य वाचक है तब कोई हेतु नहीं है कि स्तना भोग में उत्प्रेक्षा मानी जाय। अतः सिद्धान्त है कि यहाँ उपमा ही है।

आपने भी कल्पितोपमा की निर्विषयत्वापत्ति को वारण करने के लिए सिद्धान्त किया है कि जो उपमानत्वेन अभिमत पदार्थ है वह यदि उपमानतावच्छेदक से विशिष्ट होकर प्रसिद्ध नहीं हो तब उपमानत्व की कल्पना करते हैं अर्थात् जहाँ कल्पित उपमानतावच्छेदक से विशिष्ट उसको बनाया जाय वहाँ कल्पितोपमा कही जाती है। इस के अनुसार उक्तविध उरग के अप्रसिद्ध होने के कारण उस उरग में उपमानत्व की कल्पना की ओर इव

मधुसूदनी

यतः एतत्समनन्तरपंक्तौ "अभ्युपेत्यापि ब्रूमः इति लिखति। न नित्यमिति स्तनेति पद्ये उपमैव नोत्प्रेक्षा इति अभ्युपेत्य स्वीकृत्यापि दूषणान्तरं ब्रूम इत्येव भवदुक्तस्यार्थः। उक्तमपि भवता दूषणान्तरं, प्रकृतं स्वीकृत्येत्यपि सर्वसमक्षम्।

अन्यच्च चन्द्रबिम्बादिव विषमित्यत्र या कथा सैव कथा "स्तनाभोगे" इत्यत्रापि वर्त्तते। तथाहि—यथा चन्द्रबिम्बाद्विषमसंभावितम्। यथा चन्दनादग्निरसंभावितः, तथा त्वन्मुखात् परुषा वागसंभावितेति। एवमेव - यथा शशांकबिम्बतो मेरौ लम्बमान उरगो भाति तथा कपोलात् पतन्नलको भातीति। को हेतुः चन्द्रेति पद्ये उपमा; स्तनेति पद्ये उत्प्रेक्षा। तद्रूपेण उपमानत्वकल्पनमुभयत्र समानं बिम्बप्रतिबिम्बभावश्च समानः। संभावनापरत्वाभावपुरःसरं सादृश्यवाचकत्वमपि इवशब्दस्य समानम्। हेतुमन्तरा प्रतिज्ञावाक्येन नार्थसिद्धिस्तस्मात् स्तनेति पद्ये उत्प्रेक्षैवेति कथनमलंकारमर्मानभिज्ञतानिदर्शनम्।

बालक्रीड़ा

के सादृश्यवाचक होने के वदौलत संभावनापरत्व भी नहीं है तब प्रकृत में कल्पितोपमा निर्विवाद है।

और जो आपने कहा कि इसीलिए सभी आचार्यों ने अपने ग्रंथों में सभी जगह "उद्गर्भ हूणरमणीलपनोपमान" यही उदाहरण दिया है दूसरा उदाहरण नहीं दिया है यह तो अतीव हास्यास्पद है। क्योंकि परवर्त्ती पण्डितराज के उदाहरण को पूर्ववर्ती कैसे लिखते। और किसी के लिखे हुए को देखकर आप मानते हैं अपने विचार से नवीन उद्भावन करने की क्षमता को प्रकट नहीं करते हैं, अहो दूसरे के दोषों को खोजने में कितना दुराग्रह है।

और भी जो आपने कहा कि मेरे बतलाए हुए नियम को नहीं मानेंगे तब "न नित्य मस्मिन् परिपूर्णतेति पद्य में उत्प्रेक्षा के भंग होने की आपत्ति लग जायगी। यह भी अविचारित कथन ही है। क्योंकि यहाँ उत्प्रेक्षा हो और भवदुक्त नियम के न स्वीकार करने पर उत्प्रेक्षा भग्न होती हो तब तद्भंगापत्ति रूप दोष होगा। किन्तु यहाँ तो उपमानत्वेन अभिमत राजा की क्षोणीतलावतीर्णत्वविशिष्ट इन्दु के रूप में प्रसिद्धि नहीं थी अतः तद्रूप से उपमानत्व की कल्पना की गई है अतः भवदुक्त नियम को स्वीकार करके ही हम कहते हैं कि यहाँ उपमा ही है, उत्प्रेक्षा नहीं है। और आप ने भी यहाँ उत्प्रेक्षा न मानकर उपमा ही मानी है। क्योंकि इसी के आगे वाली पंक्ति में आपने लिखा है कि (अभ्युपेत्यापि ब्रूमः) उपमा ही है उत्प्रेक्षा नहीं है इस को स्वीकार करके ही दूषणान्तर को कहते हैं। और दूषणान्तर को कहा भी है। अतः वह अविचारित है यह हमारा कहना दुरुस्त है।

और भी बात है कि जो कथा "चन्द्राबिम्बादिव विषम्" पद्य में है वही कहानी स्तनोभोगे में भी है। जैसे बताते हैं कि चन्द्रबिम्ब से जैसे विष असंभावित है। चन्दन से जैसे अनल असंभावित है वैसे ही तुम्हारे मुख से परुष वाणी असंभावित है। इसी प्रकार शशांक बिम्ब से मेरु के ऊपर लम्बमान उरग जैसे प्रतीत होता है वैसे ही कपोल से स्तन के

मधुसूदनी

यदपि स्तनेति पद्ये "अलंकार्यवाक्यार्थस्याभावादनलंकारत्वम्" इत्युक्तं पण्डितराजेन, तदयुक्तम्। "नहि वाक्यार्थ एवालंकार्य इति नियमे प्रमाणमस्ति" इत्यारभ्य सकलमाकुलं स्यादितिपर्यन्तं सर्वमपि बालभाषितमेव; कथमेतदिति चेदवधार्यताम्=

"यत्र हि रसस्य वाक्यार्थीभावस्तत्र कथमलंकारत्वम्? अलंकारो हि चारुताहेतुः प्रसिद्धः न त्वसौ आत्मैवात्मनश्चारुताहेतुः। तदयमत्र संक्षेपः—

रसभावादितात्पर्यमाश्रित्य विनिवेशनम्।
अलंकृतीनां सर्वासामलंकारत्वसाधनं ॥

अयं भावः उपमादीनामलंकारत्वे यादृशी वार्ता तादृश्येव रसादीनाम्। तदवश्यमन्येनालंकार्येण भवितव्यम्। तदुक्तम् रसभावादितात्पर्यमिति। लोचनम्। ध्व० द्वि० उद्योत १९७ पृष्ठम्। एवं हि सकलालंकारिकगुरवो ध्वनिकारा लोचनकाराश्च प्रमाणम् वाक्यार्थ एवालंकार्य इति नियमे। इति

बालक्रीड़ा

ऊपर फैला हुआ कुटिल अलक प्रतीत होता है। क्या कारण है कि चन्द्रबिम्ब पद्य में उपमा और स्तनाभोगे पद्य में उत्प्रेक्षा है। वहाँ जैसे बिष एवं अनल के साथ परुष वचन की उपमा में चन्द्र, चन्दन एवं मुख का बिम्बप्रति बिम्ब भाव है उसी तरह यहाँ पर भी उरग एवं अलक की उपमा में शशांक और कपोल, मेरु और स्तन का बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव है। इसके सिवाय इव शब्द भी दोनों जगह संभावनापरक न होकर सादृश्यवाचक ही है। इस लिए हेतु के विना प्रतिज्ञावाक्य से अर्थसिद्धि नहीं हो सकती है। अतः 'स्तन' इस पद्य में उत्प्रेक्षा कहना गडबड़ है।

और भी जो 'स्तन' इस पद्य में अलंकार्य वाक्यार्थ के अभाव में उपमा अनलंकारभूता है यह पण्डित राज का कहना अयुक्त है क्योंकि वाक्यार्थ ही अलंकार्य होता है इस में कोई प्रमाण नहीं है "यहाँ से आरम्भ करके" 'सकल व्यवस्था आकुल हो जायगी" यहाँ तक का आप का कथन है वह सब बालकों की बात चीत है। बालक जैसे दूसरे के कथन को उसी रूप में प्रमाण मान लेता है कुछ भी विचार नहीं करता है वैसे आप भी दूसरे के लेख को देखकर ही विना विचारे प्रमाण मान लेते हैं। कैसे यह है उसे सुनिये और समझिये।

रस भावादितात्पर्यमाश्रित्य विनिवेशनम्।

अलंकृतीनां सर्वासामलंकारत्वसाधनम्। द्वि० उ० १९७ पेज ध्व.। तस्माद्यत्र रसादयो वाक्यार्थीभूता इति। यत्र तु प्राधान्येनार्थस्य वाक्यार्थीभावः स रसादेरलंकारताया विषयः। यदि तु चेतनानां वाक्यार्थीवो रसाद्यलंकारस्य विषयः। इत्युच्यते। अथ अचत्तेनानां वाक्यार्थीभाव··· इति। "तरंगभ्रूभंगा" इत्येवमादौ विषयेऽचेतनानां वाक्यार्थीभावेऽपीति। मूलम्। 'तव शतपत्रेत्यत्र देवीस्तोत्रे वाक्यार्थीभूते।

रसाभासस्यालंकारता यथा ममैव स्तोत्रे समस्तगुणसम्पद' इत्यत्र हि परमेशस्तुतिमात्रं वचः परमोपादेयमिति वाक्यार्थे शृंगाराभासश्चारुता हेतुः। इस तरह ध्वन्यालोक एवं उस

मधुसूदनी

यदपि सादृश्येन उपमेयस्य मुखस्यैवोत्कर्षादिति लिखितं, तदपि तुच्छम्। तथाहि—सादृश्यं हि प्रतियोग्यनुयोगिनिरूपितं भवति। अत एव सर्वैः प्राग्भिराचार्यैः भवतापि विभिन्नशैलीभिः द्वयोः सादृश्यमुपमा, भिन्नयोः सादृश्यमुपमेति प्रादर्शि। एवञ्च उपमानम्, उपमेयम् सादृश्यप्रयोजकः साधारणो धर्मः, (अथवा सादृश्याभिन्नः सः) सादृश्य-सादृश्यविशिष्टान्यतर-वाचकः शब्दश्चेति चत्वारि अंगानि मिलित्वा एका अंगिनी उपमा। अनया अलंकार्यो वाक्यार्थः न तु तदेकदेशः पदार्थः इति "न हि आत्मैवात्मनश्चारुताहेतुरिति" ध्वनिकारैः व्यवस्थापितम्। तर्हि अंगभूतमुपमानं, तादृशमुपमेयं कथमलंकुर्यात्। गुणानां च परार्थत्वादसम्बन्धः समत्वात्स्यादिति चाचार्योक्तेः। किं च लुप्तोपमेयायामुपमेयस्याभाव एव। एवं हि सादृश्यं कमुत्कर्षयतु। इत्यपि द्रष्टव्यम्। द्वयोः मुखचन्द्रयोः समकक्षतया नहि चन्द्रेण मुखस्योत्कर्षः संभावनीयः।

बालक्रीड़ा

के लोचन में सभी जगह वाक्यार्थ ही अलंकार्य है। अतः इस नियम में सकल आलंकारिकों के गुरु ये लोग ही प्रमाण हैं।

और जो आप ने लिखा कि सादृश्य से मुख का ही उत्कर्ष होता है वह भी तुच्छ है। जब कि आचार्यों के सिद्धान्त से वाक्यार्थ ही अलंकार्य है न कि उसका एक देश पदार्थ' यह नियम, प्रमाण सिद्ध है फलतः पद समूह रूप वाक्यार्थ का एक देश पदार्थ अलंकार्य नहीं है तब मुख का सादृश्य से उत्कर्ष होता है यह कहना तुच्छ ही है।

और भी बात है कि सादृश्य, प्रतियोगी और अनुयोगी से निरूप्य होता है। इसी लिए सभी आचार्यों ने और आपने भी "दो के सादृश्य का नाम उपमा है' कहा है। इस प्रकार भिन्न-भिन्न पदों से उपस्थित हुए उपमेय एवं उपमान, इन दोनों में रहने वाला सादृश्य प्रयोजक साधारण धर्म और सादृश्य या सादृश्य विशिष्ट वाचक शब्द ये चारों अंग मिलकर एक अंगिनी उपमा होती है। यही उपमा का स्वरूप है। रसभावादि को लक्ष्य करके रक्खे गये अलंकार, अलंकारत्व के साधक हैं इस सिद्धान्त के अनुसार रस भावादि रूप वाक्यार्थ न कि उसका एक देश पदार्थ अलंकार्य है, यह पहले व्यवस्थित कर दिया गया है। तब अंगभूत उपमान, अंगभूत उपमेय को कैसे अलंकृत कर सकता है। गुणानां च परार्थत्वादसम्बन्धः समत्वात्स्यात्। इस के अनुसार गुण को गुण अलंकृत नहीं कर सकता है। क्यों कि दोनों सम हैं; अलंकार्य अलंकार का भाव के लिए गुण प्रधान भाव रूप विषमता आवश्यक है।

जो तो मम्मट, दीक्षित, एवं जगन्नाथ पण्डितराज के उदाहरणों का अपने मत को व्यक्त करने के लिए उद्धरण आपने किया है वह भी धूलि समुद्धलन ही है। जैसे "स्वप्नेऽपि समरेषु त्वाम्" इसमें हे राजन्? आप समरविजयी हैं इत्यादि राज प्रशंसारूप मुख्य वाक्यार्थ की उपस्कारिका विजय श्री और स्वाधीनपतिका की उपमा है न कि वह मुख्यवाक्यार्थभूता है। फलतः राज विषयक कविनिष्ठ भाव की अंगभूता उपमा है। यह मम्मटोदाहरण की कथा है।

मधुसूदनी

यच्च किंचैवमित्यादिना तत्सिद्धये मम्मटाप्पयपदीक्षितजगन्नाथानां प्राचार्याणां काव्यानि समुद्दध्रिरे तदपि न सम्यक्।

"स्वप्नेऽपि समरेषु" इत्यत्र हे राजन् ? भवान् सरविजयीति राजप्रशंसारूपस्य मुख्यवाक्यार्थस्य उपस्कारिका विजयश्रीस्वाधीनपतिकयोरुपमा। मुख्य वाक्यार्थभूतोपमा नास्ति। यतः सा कविनिष्ठे राजविषयकभावेऽङ्गभूता।

"हंसीव कृष्ण" ? इत्यत्र हे कृष्ण ? सर्वत्र प्रसरणशाली ते प्रभाव इत्येवं कृष्ण वर्णन रूपस्य मुख्यवाक्यार्थस्य उपस्करिका कीर्तिहंस्योरुपमा। अत्रापि कृष्णविषयकभावेंऽगभूतोपमा न तु मुख्यवाक्यार्थभूता।

"विभाति वदनं तस्याः" इत्यादावपि अभिलाषाख्यविप्रलम्भश्रृंगाररूपस्य मुख्यवाक्यार्थस्योपस्कारिका वदन-चन्द्रयोरुपमा। "स्तनाभोगे" इत्यत्र तु निरभ्रा वृष्टिः। कस्यापि वर्णनं नास्ति। केवलं कल्पितोपमाया नूतनमुदाहरणं निर्माय प्रदर्शितमतः उपमैव मुख्यवाक्यार्थभूता अनलंकारेति इति सर्वं समञ्जसं निराकुलं च भासते विदुषां, भवानेव सर्वतः आकुलः प्रतिभाति ॥इति॥

बालक्रीड़ा

"हंसीव कृष्ण ? ते कीर्तिः" इस में "हे कृष्ण ? सर्वत्र प्रसरणशाली तुम्हारा प्रभाव है" इस तरह कृष्ण वर्णनरूप मुख्यवाक्यार्थ की उपस्कारिका हंसी एवं कीर्ति की उपमा है। यहाँ पर भी कृष्णविषयक भाव में अंगतया वर्त्तमान उपमा है न कि मुख्यवाक्यार्थ भूत है। यह अप्पय्य दीक्षित के उदाहरण की कहानी है।

"विभाति वदनं तस्याः" इस पण्डितराज के उदाहरण में भी अभिलाषाख्य विप्रलम्भश्रृंगार रूप मुख्यवाक्यार्थ की उपस्कारिका वदन एवं चन्द्र की उपमा है। किन्तु "स्तनाभोगे" इस में तो विना मेघों की वृष्टि है। किसी का वर्णन नहीं है। केवल कल्पितोपमा का नूतन उदाहरण बनाकर पण्डितराज ने दिखाया है। परन्तु यहाँ उपमा ही मुख्यार्थ है। जब चारुता का हेतु अलंकार होता है। तब चारु होने वाला अलंकार्य कोई दूसरा ही होता है। अपने आप, अपने आप की चारुता का हेतु नहीं हो सकता है। अतः यह उपमा अनलंकार भूता है। इस तरह विद्वानों को सब कुछ निराकुल प्रतीत होता है आप ही स्वयं आकुल हैं।

और भी जो यहाँ पर आपने चित्रमीमांसा में कहे हुए अप्पय्य दीक्षितजी के लक्षण को व्याख्या सहित दिखाते हुए जयराम भट्टाचार्योक्त दूषण का "न्यायपञ्चाननादय" यहाँ से "प्राहुः" यहाँ तक का उद्धरण दिया है वह भी अन्धलग्न न्याय के सदृश ही है। उपमितिक्रिया माने साधर्म्यनिष्पत्ति है यह लेख सर्वथा उद्ग्रंथ है ग्रंथ के बाहर है। क्यों कि प्रतीपालंकार के उदाहरण के समन्वय के प्रकरण में काव्यप्रकाश में उपन्यस्त "उपमित्यनिष्पत्या" क्वचितु "निष्पन्नैव उपमितिक्रिया" इन पदों को लेकर ही दीक्षित जी ने उपमा का लक्षण बनाया है। उपमितिक्रियानिष्पत्तिमदित्यादि। अतः काव्यप्रकाश ग्रंथ के अनुसार "उपमितिक्रिया नाम

मधुसूदनी

यदपि भवता चित्रमीमांसोक्तदीक्षितलक्षणं सव्याख्यं दर्शयता जयराम-भट्टाचार्योक्तं दूषणमत्र न्यायपञ्चाननादय इत्यादि प्राहुरित्यन्तं समुद्ध्रे, तदन्धलग्न-न्यायसदृशमेव।

उपमितिक्रिया नाम साधर्म्यनिष्पत्तिरिति वाक्यं सर्वथा उद्ग्रन्थम्। काव्य-प्रकाशकारेण प्रतीपालंकारस्योदाहरणसमन्वयप्रकरणे उपमित्यनिष्पत्त्येति कश्चित्तु निष्पन्नैवोपमितिक्रियेति च उपन्यस्तं पदमादाय दीक्षितैरुपमालक्षणं निरमायि "उपमिति-क्रियानिष्पत्तिम"दित्यादि। अतो मम्मटमतेन उपमितिक्रिया नाम साधर्म्यं तस्य निष्पत्तिः ततश्च उपमितिक्रियानिष्पत्ति र्नाम साधर्म्यनिष्पत्तिरिति वाक्यं सद्ग्रन्थं स्यात्। "सा च साधर्म्यनिष्पत्तिरनन्वयेऽप्यस्ति" इति। अहो मोहस्य माहात्म्यम्। यत्र साधर्म्यस्य अन्वयः संगतिर्निष्पत्तिर्नास्ति स अनन्वयः स्वेन स्वस्य साधर्म्यं निरूप्यमाणमनिष्पन्नमेव भवति भेदे तु तन्निष्पन्नं भवति। तथाप्युच्यते सा चेत्यादि वाक्यम् तदपि निर्हेतुकम्।

निरुपमत्वस्येति। निष्कान्तो बहिर्भूत उपमायाः निरुपमस्तस्य भावस्तत्त्वम्। यः खलूपमातो बहिर्भूतोऽनन्वयादिस्तत्र कीदृशी अपि स्वनिरूपिता स्वेतरनिरूपिता वा उपमा कथं भवितुमर्हा। भेदो नाम उपमाया जीवातुः। ततः स्वस्मिन् स्वस्य साधर्म्यं संभावयितुमशक्यमथापि वर्ण्यते इति तद्वर्णनमसंगतं सद् व्यर्थीभूय ज्ञापयति स्वस्मिँस्तु तदस्त्येव नहि; स्वेतरस्मिन्नपि तत्साधर्म्यं नास्तीति निरुपमत्वप्रतीतिः कथम्।

बालक्रीड़ा

साधर्म्य तस्य निष्पत्तिः अतः उपमितिक्रियानिष्पत्तिर्नाम साधर्म्यनिष्पत्तिः" ये वाक्य सद्ग्रंथ है। उस के बाद आप लिखते हैं कि वह साधर्म्यनिष्पत्ति अनन्वय में भी है अहो? मोह का ही माहात्म्य है।

जहाँ साधर्म्य के अन्वय की संगति निष्पत्ति नहीं है वह अनन्वय है अर्थात् अपने साथ निरूप्यमाण अपना साधर्म्य अनिष्पन्न ही रहता है वह तो भेद में निष्पन्न होता है तब यह कहना कि वह साधर्म्य अनन्वय में हैं यह तो मोहमाहात्म्य ही है।

और भी सुनिए। कौशाम्बीसे जो निष्क्रान्त अर्थात् बहिर्भूत है वह निष्कोशाम्बी कहलाता है। उसी तरह उपमा से जो बहिर्भूत है वह निरुपम है। उसका भाव निरुप-मत्व है। अतः जो उपमा से बहिर्भूत है उस में कैसी भी उपमा नहीं हो सकती है। क्योंकि भेद ही उपमा का जीवातु है। स्व में स्व के साधर्म्य की जब संभावना भी नहीं कर सकते हैं फिर भी उसका वर्णन करते हैं। तब यह वर्णन ही असंगत है। फलतः यह असंगत वर्णन ही व्यर्थ हो कर ज्ञापन करता है कि स्व में स्वनिरूपित साधर्म्य तो है ही नहीं किन्तु स्व में स्वेतरनिरूपित साधर्म्य भी नहीं है। अगर साधर्म्य है उपमा है तब निरूपमत्व प्रतीति कैसी। इसलिए जब उपमा ही नहीं है तब उपमितिवैजात्य किस की अपेक्षा से हो। आप ही कहिए। आपही उत्तर दीजिए

अस्याश्चोपमायाः प्राचामनुसारेण केचिद्भेदा उदाह्रियन्ते—तथाहि—उपमा द्विविधा, पूर्णा लुप्ता च। पूर्णा तत्र—श्रौती, आर्थी चेति द्विधा

मर्मप्रकाशः

प्राचां प्रकाशकारादीनाम्। तत्र तयोर्मध्ये।

मधुसूदनी

यदोपमितिरेव नास्ति तदा सापेक्षपदार्थस्य उपमितिवैजात्यस्य कः प्रश्नः। रूपके रूपणस्य, व्यतिरेके व्यतिरेचनस्य (आधिक्यस्य) उत्प्रेक्षायां संभावनस्य, अपह्नुतौ अपह्नवस्य उपमितिक्रियाऽपेक्षं वैजात्यमेवालंकारभेदप्रयोजकमन्यथा सादृश्यस्य सर्वत्रानुस्यूततया उपमैवैकोऽलंकारः स्यादिति बोध्यम्।

श्रौतीति। इवादेस्तदर्थकवतेश्च प्रयोगे शाब्दी श्रौती। द्विष्ठस्य सम्बन्धस्य श्रुत्यैव विशेष्यतया अवगमनात्।

भेद्यं विशेष्यमित्याहुर्भेदकं तु विशेषणम्।
भेदकत्वेऽपि नियते षष्ठीवदिववादयः॥
द्विष्ठं श्रुत्यैव सम्बन्धं गमयन्ति स्वभावतः॥ इति॥

तुल्यादिपदानां तदर्थकवतेश्च प्रयोगे आर्थी। यतस्तुल्यादीनामेकत्रैव उपमेये एव न तूपमाने, उपमान एव न तूपमेयेऽपि, युगपदुभयत्रैव नत्वेकत्रेति विश्रान्तेरनियतत्वात्। साम्यपर्यालोचनेन तुल्याविमाविति प्रतीतेः सद्भावात्।

बालक्रीड़ा

रूपक में रूपण का, व्यतिरेक में व्यतिरेचन (आधिक्य) का, उत्प्रेक्षा मे संभावन (एक कोटि के उत्कट होने) का, अपन्हुति में निन्हवन (छिपाने) का उपमिति क्रियापेक्ष वैजात्य ही तत्तदलंकारत्व का प्रयोजक है अन्यथा सादृश्य के सर्वत्र अनुस्यूत होने से उपमा ही एक अलंकार होना चाहिए।

श्रौती वह उपमा कहलाती है जहाँ इवादि पदों का या तदर्थक वति का प्रयोग होता है क्योंकि वहाँ उपमान एवं उपमेय दो में रहनेवाले साधारणधर्मप्रयोज्य सम्बन्धरूप साधर्म्य की श्रुति (शब्द) से ही प्रधानतया प्रतीति हो जाती है। जैसाकि कहा है।

भेदकत्वेऽपि नियते षष्ठीवदिवादयः
द्विष्ठं श्रुत्यैव सम्बन्वं गमयन्ति स्वभावः।

"भेद्यं विशेष्यमित्याहुर्भेदकं तु विशेषणम्" विशेष्यपदार्थ भेद्य होता है और विशेषण भेदक ही होता है इस नियम के अनुसार भेदकत्व के नियत होने पर भी षष्ठी की तरह इवादि, सुनते ही दो में रहने वाले सम्बन्ध को बतलाते है यह उनका स्वभाव है।

तुल्यार्थक पद एवं तुल्यार्थक वति के प्रयोग में आर्थी होती है। क्योंकि तुल्यादि पदार्थ की विश्रान्ति किसी एक में नियत नहीं है। कमल के तुल्य मुख है इस तरह

भवन्ती वाक्यसमासतद्धितगामितया षोढा। लुप्ता च—उपमानलुप्ता, धर्मलुप्ता, वाचकलुप्ता, धर्मोपमानलुप्ता, वाचकधर्मलुप्ता, वाचकोपमेयलुप्ता, धर्मोपमानवाचकलुप्तेति तावत्सप्तविधा। तत्रोपमानलुप्ता—वाक्यगा, समासगा चेति द्विविधा। धर्मलुप्ता समासगता—श्रौती, आर्थी। वाक्यगता—श्रौती, आर्थी। तद्धितगता च—आर्थ्येव, न श्रौती। इति पञ्चविधा। वाचकलुप्ता—समासगता, कर्मक्यङ्गता, आधारक्यज्गता, क्यङ्गता, कर्मण-

मर्मप्रकाशः

तत्र तासां सप्तानां मध्ये। तत्र

मधुसूदनी

ग्रीष्मेति। ग्रीष्मर्तुसम्बन्धिनश्चण्डकिरणमण्डलस्य भीष्मा ये ज्वालाः। वह्नेर्द्वयोर्ज्वालकीलावित्यमरः। तेषां ज्वालानां संसरणेन व्याप्त्या तापिता तप्ता मूर्तिर्यस्य। ज्वालशब्दः पुंल्लिगः। तापितेति स्वार्थे णिच्।

बालक्रीड़ा

मुख ही में तुल्यार्थका सम्बन्ध नियत है कमल में नही है यह बात नहीं। क्यों कि मुख के तुल्य कमल है यह भी प्रतीति होती है। पारी पारी से इन दोनों में विश्रान्ति है यह भी नहीं। क्यों कि कमल और मुख तुल्य है इस तरह युगपत् एक साथ दोनों कमल एवं मुख में तुल्यादि पदार्थ की विश्रान्ति होती है। किन्तु जब साम्य की पर्यालोचना करते हैं तब इमौ तुल्यौ यह प्रतीति होती है अतः आर्थी है।

प्राचीनों के अनुसार इस उपमा के कुछ भेदों को लिखते हैं। यहाँ भेदा उदाह्रियन्ते में उदाह्रियन्ते पद ठीक नहीं है किन्तु प्रदर्श्यन्ते आदि पद होना चाहिए। क्योंकि पहले केवल भेदों को ही दिखाते हैं भेद दिखाने के बाद (क्रमेण) क्रमशः (उदाह्रियन्ते) उदाहरण बताते हैं ऐसा लिखा है। यह संगत भी हैं। अन्यथा उदाह्रियन्ते का दो बार लेख असंगत होगा।

उपमा दो प्रकार की है। एक पूर्णा दूसरी लुप्ता। उनमें पूर्णा, श्रौती एवं आर्थी भेद से दो प्रकार की होती हुई वाक्य, समास एवं तद्धित गामी होने से छ प्रकार की है। और लुत्ता, उपमानलुप्ता १, धर्मलुप्ता २ वाचकलुप्ता ३ धर्मोपमानलुप्ता ४ वाचकधर्मलुप्ता ५ वाचकोपमेयलुप्ता ६ धर्मोपमानवाचकलुप्ता ७ सात प्रकार की है उनमें उपमानलुप्ता = वाक्य एवं समासगा होकर दो प्रकार की है। प्रत्ययार्थ उपमा में तृतीया आगे बतायेंगे।

धर्मलुप्ता = समासगा श्रौती एवं आर्थी, वाक्यगा = श्रौती एवं आर्थी, तथा तद्धितगा केवल आर्थी इस तरह पाँच प्रकार की है। वाचकलुप्ता = समासगा १ कर्मक्यज्गता २ आधारक्यज् गता ३ क्यङ्गता ४ कर्त्तृणमुल्गता ५ कर्मणमुल्गता ६ इस तरह छ प्रकार की है। धर्मो-

मुल्गता, कर्तृणमुल्गता चेति षड्विधा। धर्मोपमानलुप्ता—वाक्यगता, समासगता चेति द्विविधा। वाचकधर्मलुप्ता क्विब्गता, समासगता चेति द्विविधैव। वाचकोपमेयलुप्ता क्यज्गतु तैकविधा। धर्मोपमानवाचकलुप्ता समासगतैकविधा। इति। एवं साकल्येनैकोनविंशतिर्लुप्ताभेदाः पूर्णाभेदैः षड्भिः सह पञ्चविंशतिः क्रमेणोदाह्रियन्ते।

तत्र पूर्णा श्रौती वाक्यगता यथा—

'ग्रीष्मचण्डकरमण्डलभीष्मज्वालसंसरणतापितमूर्तेः।
प्रावृषेण्य इव वारिधरो मे वेदनां हरतु वृष्णिवरेण्यः॥'

अत्र प्रावृषेण्य इत्यनेन वारिधरविशेषणेन नैराकाङ्क्ष्यात्, इवेन

मर्मप्रकाशः

पञ्चविंशतीनां मध्ये। ग्रीष्मेति। मण्डलस्य भीष्मा ज्वाला यत्र तत्र देशे यत्संसरणं गमनं तेनेत्यर्थः। वृष्णिवरेण्य कृष्णः। वाक्यगत्वमाह—अत्रेति। इवेन समास इति

बालक्रीड़ा

पगानलुप्ता=वाक्यगता और समासगता दो प्रकार की हैं। वाचक धर्मलुप्ता=१ किब्गता और २ समासगता दो प्रकार की है। वाचकोपमेयलुप्ता केवल १ क्यज्गता एक प्रकार की है। क्यचि वाद्युपमेयासे। धर्मोपमान वाचकलुप्ता भी १ समासगता एक ही प्रकार की है। इस तरह सकल भेदों को मिला देने से १९ भेद लुप्ता के हैं। इन को पूर्णा के ६ भेदों से मिला देने से कुल योग २५ होता है। जिनका क्रमशः उदाहरण देते हैं।

उन में वाक्यगता श्रौती पूर्णा का उदाहरण जैसे=वर्षा कालीन मेघ सदृश वृष्णिवरेण्य, ग्रीष्म ऋतु कालीन चण्डकर-मण्डल की भीष्मज्वालाओं से संतप्त मेरी बेदना को हरण करे।

इस पद्य में ज्वाल शब्द पुंलिग है। और तापित पद स्थार्थणिच् से बना है जिसका अर्थ है तप्त। "प्रावृषेण्य इव वारिधर," यहाँ पर प्रावृषेण्य और वारिधर दोनों शब्दों में किसी के भी साथ इव शब्द का समास नहीं है। क्योंकि प्रावृषेण्य वारिधर का विशेषण है अतः वारिधर सापेक्ष है। और सापेक्ष असमर्थ होता है। क्योंकि पदविधिः समर्थ में ही होती है असमर्थ में नहीं होती है। अतः समास नहीं हो सकता है।

(नैराकांक्ष्यात्) असामर्थ्यात्। पण्डितराजका निराकांक्षत्व निरपेक्षत्व हेतु लिखने का आशय यह है कि जिन पदों में समास होना है उन समस्यमान पदों से अतिरिक्त पद के अर्थ में सापेक्ष होने वाला पद असमर्थ होता है। यही "सापेक्षमसमर्थं भवति" इस भाष्य की संगति है। किन्तु जिन पदों में समास होना है उनमें तो परस्पर सापेक्षता गुण है प्रत्युत निरपेक्ष होना दोष है। यही दोष प्रकृत में है प्रवृषेण्य इवशब्द के विषय में निराकांक्ष है निरपेक्ष है अतः समास नहीं होता है।

समास इत्येव पाठान्नित्यत्वाभावाद्वारिधरेणापि नेवस्य समासः । एषा चोपमानोपमेययोर्वारिधरभगवतोर्वेदनाहरणकर्तृत्वस्य साधारणधर्मस्य, सादृश्यबोधकस्येवशब्दस्य चाभिधानात्पूर्णा । सादृश्यस्य श्रुत्या बोधनाच्छ्रौती ।

पूर्णा आर्थी वाक्यगता यथा—

'प्राणापहरणेनासि तुल्यो हालहलेन मे ।
शशाङ्क ? केन मुग्धेन सुधांशुरिति भाषितः ॥'

पूर्णा श्रौती समासगा यथा—

मर्मप्रकाशः

'सुप्सुपा' इत्यस्यानित्यत्वेनास्य तत्प्रपञ्चत्वात् । एवं च वैकल्पिकत्वात्तदभाव इति भावः । पूर्णात्वमाह - इषेति । श्रुत्येति । इवेनेत्यर्थः विशेष्यतयेति भावः । प्राणापेति । अत्र समासाभावाद्वाक्यगत्वम् । विषचन्द्रयोः प्राणापहारकत्वरूपधर्मस्य तुल्यशब्दस्य चोपादानात्पूर्णात्वम् ।

मधुसूदनी

नेवस्येति । इवस्य समासो न ततश्च वाक्यगता । प्राणेति । हालाहलमुपमानं, शशांक उपमेयः, प्राणापहरणं साधारणधर्मः, तुल्यं सादृश्यवदर्थकं पदमुपात्तम् ।

बालक्रीड़ा

वारिधर के साथ इव शब्द सापेक्ष है अतः समास होना चाहिए था किन्तु यह कोई जरूरी नहीं है कि इन दोनों में समास होना ही चाहिए । क्योंकि इव के साथ समास हो (इवेन समासः) यही साधारण विधि है । नित्यविधि नही है । नित्य विधि होती तो अवश्य ही समास होता । अतः समासाभाव में वाक्यगता है ।

यह उपमा; उपमान वारिधर, उपमेय भगवान्, वेदनाहरणकर्त्तृत्व साधारणधर्म एवं सादृश्यवाचक इव शब्द के अभिधान करने के कारण पूर्णा है । और सादृश्य का श्रुति याने इव शब्द से बोध करने के कारण श्रौती है ।

वाक्यगता आर्थी पूर्णा उपमा जैसे—

हे शशाङ्क ? प्राणों के अपहरण करने के कारण तुम मेरे लिए हालाहल के तुल्य हो । तब किस मूढ़ ने तुमको अमृत किरण कहा । यहाँ हालाहल (उपमान) शशांक उपमेय (विरहि) प्राणापहरणकर्त्तृत्व साधारणधर्म । सादृश्यवदर्थक तुल्य पद के उपादान करने से आर्थी है । समासाभाव से वाक्यगता उपमा है । चारों के उपादान होने से पूर्णा है ।

पूर्णा श्रौती समासगा जैसे—

भगवान् हरि के चरण कमलों के नखगणों की किरण श्रेणी की तरह अत्यन्त निर्मल गंगा मेरे लोचनों को ठंडा करे । यहाँ "लोचनं" एक वचन ठीक नहीं है उससे काणत्व की प्रतीति होती है । अतः द्विवचन "लोचने" पाठ होना चाहिए ।

'हरिचरणकमलनखगणकिरणश्रेणीव निर्मला नितराम् ।
शिशिरयतु लोचनं मे देवव्रतपुत्रिणी देवी ॥'

अत्रैवेन समासः ।

पूर्णा आर्थी समासगा यथा—

'आनन्दनेन लोकानामातपाहरणेन च ।
कलाधरतया चापि राजन्निन्दूपमो भवान् ॥'

मर्मप्रकाशः

तुल्यशब्दस्य [1]सदृशार्थकत्वेऽपि प्राधान्येनेवशब्दवत्सादृश्यबोधकत्वाभावादार्थत्वम् । हरीति । देवव्रतेन[2] पुत्रिणी । पुत्रवतीत्यर्थः । अत्रापि चतुर्णामिवस्य च उपादानात्पूर्णात्वं श्रौतीत्वं च । समासगात्वमाह—अत्रेति । आनन्दनेनेति । करणे ल्युट् । लोकानामिति मध्यमणिन्यायेनान्वेति । आ समन्तात्तापेत्यर्थः । इन्दूपमो भवानिति । अत्र समासस्य धर्मिशक्तत्वात्कर्मसाधनेनोपम-

मधुसूदनी

हरीति । नखगणकिरणश्रेणी उपमानम् । देवव्रतो भीष्मः तेन पुत्रिणी गंगा उपमेया । निर्मलत्वं साधारणधर्मः । इवेति सादृश्यवाचकमव्ययम् । तेन च समासः ।

आनन्देति । इन्दुरुपमानम् । भवानुपमेयः । उपम इति सादृश्यवदर्थकं पदं तेन समासः । इन्दुनोपमस्तुल्यः तुल्यार्थैरिति तृतीया टावन्तः उपमाशब्दः अतुलोपमाभ्यामिति पर्युदस्तनभो विषयः । अयं तुल्यतार्थकः । बहुव्रीहिसमासघटकश्च । तृतीया-समासघटकः तुल्यार्थक इति रहस्यम् । लोकेभ्य आनन्ददातृत्वम् । लोकानामासमन्तात्तापस्य राजपक्षे कष्टस्य, इन्दुपक्षे संतापस्य हरणम् । कलानां चतुःषष्टीनां राजपक्षे । षोडशानां चन्द्रपक्षे । तासां धरः पोषकः धारकः । ऋदोरप् । अभंगश्लेषः । इमे त्रयः साधारणधर्माः ।

बालक्रीड़ा

यहाँ हरिचरणकमलनखगणकिरणश्रेणी उपमान, (देवव्रत अखण्ड ब्रह्मचर्यव्रतधारण-करने वाले भीष्म पितामह पुत्र हैं जिसके ऐसी देवी) गंगा उपमेय, निर्मलत्व साधारणधर्म और सादृश्यबोधक इव शब्द के अभिधान से पूर्णा । सादृश्य के शब्द से बोधन करने से श्रौती । इव का समास हो जाने से समासगा उपमा है ।

पूर्णा आर्थी समासगा जैसे—

लोकों को आनन्दित करने और उनके ताप को दूर करने तथा कलाओं को धारण करने के कारण हे राजन् ! आप इन्दूपम हैं ।

---

१. सदृशार्थकत्वेऽपीत्यत्र अपेः स्वारस्यम् । यतः सादृश्यविशिष्टः तुल्यपदस्यार्थः । एवं हि तुल्यपदात् सादृश्यस्यापि उपस्थितिस्तथापि न प्राधान्येनेति ।

२. देवव्रतो भीष्मः, तेन पुत्रवती गङ्गा.

पूर्णा श्रौती आर्थी च तद्धितगा यथा—

'निखिलजगन्महनीया यस्याभा नवपयोधरवत् ।
अम्बुजवद्विपुलतरे नयने, तद्ब्रह्म संश्रये सगुणम् ॥'

अत्र पूर्वार्धे वतेः 'तत्र तस्येव' इति सादृश्ये विधानाच्छ्रौती । उत्तरार्धे 'तेन तुल्यं–' इति विधानात्सादृश्यवदर्थकतया आर्थी ।

मर्मप्रकाशः

शब्देन समासाद्वा आर्थीत्वं समासगात्वं च । पूर्णात्वं तु स्पष्टमेव । सगुणं ब्रह्म कृष्णरूपम् ।

मधुसूदनी

निखिलेति । नवपयोधर उपमानम् । यस्येति यच्छब्दार्थ उपमेयः । आभायाः निखिलजगन्महनीयत्वं साधारणधर्मः, षष्ठ्यन्ताद् विहितो वतिः सादृश्यवाचकः ! पूर्वार्धे तद्धितगा श्रौती । अम्बुजमुपमानम् । नयनमुपमेयम् । विपुलतरत्वं साधारणो धर्मः । तुल्यार्थको वतिः । उत्तरार्धे तद्धितगा आर्थी । अत्र यत्तदोः समानार्थकतया यस्याभेति यच्छब्दप्रतिपाद्यं तत् सगुणं ब्रह्म श्रीरामं श्रीकृष्णं वा संश्रये ।

यदीदमेव पद्यं

निखिलजगन्महनीया यस्याभा नवपयोधरवत् ।
अम्बुजवद्विपुलतरे नयने, तं तु वयं न जानीमः ॥

एतादृशं निर्मीयेत तदा उपमेयलुप्ता श्रौती तद्धितगता भविष्यति ।

बालक्रीड़ा

इन्दु उपमान, राजा उपमेय, कर्मसाधन उपम सादृश्यवदर्थक पद के उपादान करने और उसके साथ तृतीया समास होने से तथाकथित उपमा है । जनों को आनन्ददातृत्व और उनके आसमन्तात् ताप राज पक्ष में कष्ट, इन्दु पक्ष में ग्रीष्मसंताप के हरणकर्तृत्व, राजपक्ष में चौसठ कलाओं के, इन्दु पक्ष में षोडश कलाओं के धारणकर्तृत्व ये तीन साधारणधर्म हैं । अभंग श्लेष है । इन्दु से उपमा तुल्यता जिसकी ऐसे बहुव्रीहि समास में उपमा (उपमानम्) टाबन्त है, जिसका अर्थ है तुल्यता । और (उपमीयते यः) उपम अकारान्त ह जिसका अर्थ है तुल्य, वहाँ तृतीया समास होता है । यह साम्प्रदायिक रहस्य है । पर्युदस्तनञ्् का स्थल टाबन्त है ।

पूर्णा श्रौती आर्थी तद्धितगा जैसे—

नूतनपयोधरसदृश जिस श्रीराम या श्रीकृष्ण की निखिलजगन्महनीया आभा है और जिसके अम्बुजसदृश नयन विपुलतर है उस सगुण ब्रह्म का आश्रयण करता हूँ ।

यहाँ नवपयोधर उपमान, यच्छब्दार्थ उपमेय, निखिलजगन्माहनीयत्वविशिष्टा आभा साधारणधर्म और "तत्र तस्येव" इस सूत्र से षष्ठ्यन्त से सादृश्य अर्थ में विहित वति के उपादान से पूर्वार्द्ध में श्रौती तद्धितगा पूर्णा उपमा है ।

उपमानलुप्ता वाक्यगा यथा—

'यस्य तुलामधिरोहसि लोकोत्तरवर्णपरिमलोद्गारैः ।
कुसुमकुलतिलक ! चम्पक ! न वयं तं जातु जानीमः ॥'

मर्मप्रकाशः

कुसुमकुलानां तरूणां तिलक श्रेष्ठेति चम्पकविशेषणम् ।

मधुसूदनी

यत्रोपमेयादीनां चतुर्णामुपादानं सा पूर्णोपमेति इति तस्या लक्षणम् । उपमेयादीनां मध्ये एकद्वित्र्यनुपादानशालित्वं लुप्तोपमात्वं, पूर्णाभिन्नत्वं तत्त्वं वेति । अतः परं लुप्तोपमोदाह्रियते=यस्येति । चम्पकमुपमेयम् । यस्येति यच्छब्देन बोधयितुमभिलषणीयं परमज्ञानादगोचरमुपमानम् । अत एव ज्ञानाविषयत्वादेव उपमानलुप्तेतिव्यवहारः । तुलामिति सादृश्यार्थकं पदम् । लोकोत्तरवर्णस्योद्गारित्वं धारित्वं, लोकोत्तरपरिमलस्य तादृश सौरभस्योद्गारित्वं प्रकाशकत्वं साधारणो धर्मः ।

बालक्रीड़ा

अम्बुज उपमान, नयन उपमेय, विपुलतरत्व साधारणधर्म और तेन तुल्यम् इस सूत्रसे सादृश्यवदर्थ में विहित वति के उपादान से उत्तरार्द्ध में तद्धितगा आर्थी पूर्णा उपमा है ।

यहाँ पूर्णोपमा के छः भेदों का निरूपण समाप्त हुआ । अब लुप्तोपमा के १९ भेदों का निरूपण करते हैं । पूर्णोपमाभिन्नत्व लुप्तोपमा का लक्षण है या उपमानादि चारों में से किसी एक या दो या तीन का जहाँ उपादान नही किया गया हो वह लुप्तोपमा है ।

उनमें उपमान लुप्ता वाक्यगा जैसे—हे कुसुमों में तिलक ! श्रेष्ठ ! चम्पक ! लोकोत्तर वर्ण के धारण एवं लोकोत्तर परिमल के उद्गार के कारण जिसकी तुलना (तराजू) में तुम अधिरोहण करते हो उसको हम शायद नहीं जानते हैं ।

तुला से जिसका मान किया गया हो वह तुल्य समान कहलाता है । इसलिए समान पद का अर्थ यह होता है कि मान तौल वजन जिनका एक हो वे समान होते हैं । यहाँ लोकोत्तर विशेषण का परिमल के साथ भी अन्वय विवक्षित है किन्तु वह परिमलोद्गार शब्द का एक देश है अतः अन्वय होने में बाधा है । क्योंकि सविशेषणों का समास नहीं होता है और यदि समास हो गया तो विशेषण के साथ अन्वय नहीं होगा । (सविशेषणानां वृत्तिर्न वृत्तस्य विशेषणयोगो न) यद्यपि ऐसा भाष्यकार का लेख है । तथापि ससम्बन्धिक पदार्थ के एक देशस्थ होने पर भी विशेषण के साथ अन्वय होता ही है । जैसा कि हरि कारिका में कहा है ।

सम्बन्धिशब्दः सापेक्षो नित्यं सर्वः समस्यते ।
वाक्यवत्सा व्यपेक्षा हि वृत्तावपि न हीयते । इति ।

यहाँ चम्पक उपमेय, जिसको हम नहीं जानते हैं ऐसा यच्छब्देन बोधयितुमभिलषणीय पदार्थ उपमान है : हम नहीं जानते कौन है ऐसा उल्लेख होने से यहाँ उपमानलुप्ता है ।

यत्तुलनामधिरोहसीत्याद्यचरणनिर्माणे इयमेव समासगा। उपमाना-भावेन सादृश्याभावस्य पर्यवसानात्सादृश्यपर्यवसानस्य चोपमाजीवितत्वा-दलंकारान्तरमेवात्र न; उपमानलुप्तेति नाशङ्कनीयम्। यस्य तुलामारोहसि न तं वयं जानीम इत्युक्त्या अस्माकमसर्वज्ञत्वादस्मदगोचरः कोऽपि तवोपमानं भविष्यतीति सादृश्यपर्यवसानमस्तीत्युपमानलुप्तैवेयमुपमा, नालं-कारान्तरम्।

एतेन

'ढुँढुँणन्तो हि मरीहिसि कण्टककलिआइँ केअइवणाइं।
मालइकुसुमसरिच्छं भमर? भमन्तो न पावहिसि॥'

मर्मप्रकाशः

यत्तुलनामिति। वस्य तुलनां यत्तुलनामित्यर्थः। शङ्कते--उपमानेति। यस्येति। यत इत्यादिः। इत्युक्त्येति। स नास्तीत्युक्तिरन्यथा स्यादिति भावः। एतेनेति। उक्तरीत्या सादृश्यपर्यवसानेनेत्यर्थः। अत्रापि तत्प्राप्तिस्तव दुर्लभेत्युक्तं न तु स नास्तीति भावः। 'ढुं ढुं कृत्वा हि मरिष्यसि कण्टककलितानि केतकीवनानि। मालतीकुमुमसदृक्षं भ्रमर? भ्रमन्न प्राप्स्यसि॥'

मधुसूदनी

एतेनेति। उपमानलुप्तायामुपमानलोपविषये सिद्धान्तप्रदर्शनेन।

ढुण्ढुणन्त इति। दुष्प्रापमुत्कृष्टगुणं कुसुममुपमानम्। मालतीपुष्पमुपमेयम्। सौरभादिधर्मः सदृशपदं च। धर्मोपमानयोरत्र लोपः।

बालक्रीड़ा

समानता कह देने वाले तुला पद का उपादान है। लोकोत्तर वर्णपरिमलोद्गारित्व साधारण धर्म है।

यहाँ यस्यां तुलां कहने से वाक्यगता लुप्तोपमा है। उसकी जगह पर यत्तुलनां कर देने से यही समासगा है। उपमान के अभाव में सादृश्य का अभाव है अतएव सादृश्य का पर्यवसान नहीं होता है। सादृश्य का पर्यवसान ही उपमा का प्राण है। अतः यहाँ उपमान-लुप्ता नहीं मानकर अन्य ही कोई अलंकार मानना उचित है। ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए। क्योंकि जिसकी तुला पर तुम आरोहण करती हो उसको हम नहीं जानते हैं इस कथन से हमारे असर्वज्ञ होने से हमको नही मालूम है कि कौन तुम्हारा उपमान होगा इस तरह सादृश्य का पर्यवसान है अतः उपमानलुप्ता ही यह उपमा है अन्य अलंकार नहीं।

इस तरह उपमानलुप्ता में उपमान के लोप के विषय में सिद्धान्त कर देने पर।

हे भ्रमर! काटों वाले केवड़े के वगीचों को खोजते हुए थक जावोगे किन्तु भटकने पर भी मालती के पुष्प के सदृश पुष्प को नहीं पावोगे।

इत्यत्रासमालंकारोऽयमुपमातिरिक्त इति वदन्तोऽलंकाररत्नाकरादयः परास्ताः ।

धर्मलुप्ता श्रौती वाक्यगता यथा—

मधुसूदनी

असमालंकार इति । दुण्दुणन्त इत्यत्र मालतीकुसुमसदृशमन्यन्नास्तीति उपमानासंभवः प्रतीयते । तेन उपमानानुपादानादुपमानलुप्तेयमुपमेति न वाच्यम् ।

संभवत उपमानस्यानुपादाने लुप्तोपमा भवति । अत्र चोपमानस्यासम्भभवोऽत उपमानविरहोऽसमालंकारः । इत्यलंकाररत्नाकरादीनामाशयः ।

परास्ता इति । मालतीकुसुमसदृशं भ्रमर ? भ्रमन्नपि न प्राप्स्यसि । वर्ततां नाम तत्सदृशं कापि, त्वया तु दुष्प्रापमेवेति प्रत्ययादात्यन्तिकोपमाननिषेधाभावादुपमानलुप्तोपमैवेयं भवितुमर्हति, नासमालंकारः । अन्यथा मालतीकुसुमसदृशमन्यन्नास्तीत्येव ब्रूयात, न तु न प्राप्स्यसि इति ब्रूयादिति पण्डितराजहृदयम् । स्वीयां नायिकां परित्यज्यान्यासु आहिण्डमानं नायकं प्रति तत्सख्या उक्तिरिति समासोक्तिरिति मादृशाः ।

बालक्रीड़ा

यहाँ पर उपमा से अतिरिक्त असमालंकार है इस प्रकार कहते हुए अलंकार रत्नाकर प्रभृति परास्त हो गये ।

यहाँ पर दुष्प्राप उत्कृष्ट गुण वाला पुष्प उपमान है । मालती पुष्प उपमेय है । सौरभादि धर्म हैं । सदृश पद है । धर्म एवं उपमान का लोप है ।

मालती के पुष्प के सदृश अन्य नहीं है इस तरह उपमान का मिलना असंभव मालूम पड़ना है । इसलिए उपमान के अनुपादान से उपमान लुप्ता उपमा है ऐसा नहीं कहना चाहिए । क्योंकि संभाव्य उपमान के अनुपादान में लुप्तोपमा होती है यहाँ तो उसका मिलना ही असंभव है अतः उपमा के अभाव में असम अलंकार है ऐसा अलंकार रत्नाकर प्रभृति का आशय है ।

मालती के पुष्प के सदृश पुष्प को हे भ्रमर ! भटकते हुए भी नहीं पावोगे । रहा करे उसके जैसा पुष्प कहीं पर भी, किन्तु तुम्हारे लिए मिलना मुश्किल है । इस प्रकार की प्रतीति के होने से सर्वथा उपमान का निषेध नहीं है । उपमान का मिलना संभाव्य है अतः यह उपमान लुप्ता ही होने के योग्य हैं । असमालंकार नहीं है । अन्यथा "न ही पावोगे" ऐसा नही कह कर मालती कुसुम के समान दूसरा है ही नहीं, ऐसा ही कहते । यह पण्डितराज का आशय है । हमारा आशय मधुसूदनी में देखें ।

धर्मलुप्ता श्रौती वाक्यगता जैसे—

कलाधर चन्द्र की अवशिष्ट कला की तरह (क्षीण) तथा जड़ जिसकी उखाड़ दी हैं ऐसी लवली लोता के सदृश उत्पीडिता अतएव परिपूर्णशोका उस रामयोषा सीताने अशोक के

'कलाधरस्येव कलावशिष्टा, विलूनमूला लवलीलतेव ।
अशोकमूलं परिपूर्णशोका सा रामयोषा चिरमध्युवास ।।'

'ग्रीष्मचण्डकरमण्डल–' इति प्रागुदाहृते पूर्णाया उदाहरणे प्रावृषेण्यो वारिधर इव यो वृष्णिवरेण्यः स मे वेदनां हरत्विति वृष्णिवरेण्यमात्रगतत्वेन वेदनाहरणकर्तृत्वं विवक्षितं, वारिधरसादृश्यं च श्यामत्वादिना यदि; तदा तत्राप्येषा बोध्या । इयांस्तु विशेषः—यत्पूर्णायां वृष्णिवरेण्यमात्रमुद्दिश्य

मर्मप्रकाशः

लवलीलता 'हरफारेवडी' इति भाषायां प्रसिद्धा । अशोकमूलमिति । 'उपान्व–' इत्याधारः कर्म । श्यामत्वादिनेति । विवक्षितमित्यनुषङ्गः ।

मधुसूदनी

कलेति । कलाधरस्य चन्द्रस्य अवशिष्टा कला (उपमानम्) इव (सादृश्य-वाचकम्), क्षीणा (अयं साधारणो धर्मोऽनुपात्तः) रामयोषा (उपमेया) । विलीनमूला उत्खाता लवलीलता (उपमानम्) इव (सादृश्यवाचकम्) उत्पीडिता (अयं धर्मः साधारणोऽनुपात्तः) परिपूर्णशोका सा रामयोषा (उपमेया) अशोकमूलं चिरमध्युवास ।

तत्राप्येषेति । श्यामत्वरूपधर्मस्यानुपादानात् ग्रीष्मचण्डेति पद्येऽपि एषा धर्मलुप्तोपमा बोध्या ।

चेदिदं धर्मलुप्ताया उदाहरणं तर्हि पूर्णाया उदाहरणतया कथमुपन्यस्तमित्याह —इयांस्तु विशेषः इति । अदो हृदयम् । प्राप्ताप्राप्त विवेकेन प्राप्तं सिद्धमुद्देश्यम् । अप्राप्तं साध्यं विधेयम् । तत्र वाक्ये उपात्ता क्रियैव यदि साधारणधर्मस्तदोपमा विधेयता-वच्छेदिकेति उपमाविधेयिका धीरित्येवं लेखः । साधारणधर्मप्रयोज्यं सादृश्यमुपमेति

बालक्रीड़ा

मूल में चिरकाल तक निवास किया । यहाँ क्षीणत्व एवं उत्पीडितत्व धर्मों के अनुपादान से धर्मलुप्ता है । इव के उपादान से श्रौती । समास नहीं है अतः वाक्यगा उपमा यहाँ है ।

"ग्रीष्मचण्डकरमण्डल" इस पहिले पूर्णोपमा के उदाहरण के रूप में कहे हुए पद्य में वर्षाकालीन मेघ के सदृश जो वृष्णिवरेण्य है वह मेरी वेदना को हरण करे इस तरह केवल वृष्णि वरेण्य में ही वेदना हरणकर्तृत्व विवक्षित है और वारिधर की तुलना श्यामता वगैरह धर्मों से है तब वहाँ पर भी धर्मलुप्ता उपमा समझना चाहिए ।

प्रश्न = अगर यह "ग्रीष्मचण्ड" पद्य धर्मलुप्ता का उदाहरण है तब पूर्णा के उदाहरण के रूप में कैसे इसका उपन्यास किया ?

उत्तर = इतनी विशेषता है । यहाँ का हृदय यह है कि वाक्य में क्रिया प्रधान होती है । और कितना अंश प्राप्त है और कितना अंश अप्राप्त है इसका विवेक करने पर प्राप्त अंश

प्रावृषेण्यवारिधरसादृश्यप्रयोजकं तादृशवारिधरसादृश्याभिन्नं वा वेदनाहरण-कर्तृत्वं विधेयमित्युपमाविधेयिका धीः। धर्मलुप्तायां तु वारिधरसादृश्या-वच्छिन्नवृष्णिवरेण्यमुद्दिश्य वेदनाहरणकर्तृत्वमात्रं विधेयमित्युपमोद्देश्यता-वच्छेदिका।

मर्मप्रकाशः

सादृश्यस्यातिरिक्तत्वे आह—प्रावृषेण्येति। धर्मरूपत्वे आह—तादृशेति। प्रावृषेण्येत्यर्थः। अवच्छेदिकेत्यस्येतीति शेषः।

मधुसूदनी

तद्धर्मात्मकक्रियायाः प्रयोजकस्य विधेयतायां प्रयोज्या उपमा विधेयेत्यर्थः। यत्र तु उपमानसादृश्यावच्छिन्नोपमेयमुद्दिश्य धर्मो गुणक्रियादिर्विधेयस्तत्र उपमा (सादृश्यम्) उद्देश्यताया अवच्छेदिका। सादृश्यमवच्छेदकं तेन अवच्छिन्नमुपमेयमुद्देश्यम्। उद्देश्यता उपमेये। उद्देश्यतावच्छेदकमुद्देश्यतायां विशेषणं सादृश्यमिति उपमा उद्देश्यतावच्छेदिकेति।

बालक्रीड़ा

सिद्ध है उद्देश्य है और अप्राप्त अंश साध्य है विधेय है। उसमें यदि उपात्त क्रिया ही साधारण धर्म है तब विधेयतावच्छेदिका उपमाविधेयिका बुद्धि है यह लिखा है। क्योंकि जब साधारणधर्मात्मक क्रिया ही उपमा का मूल है तब उस क्रिया की विधेयता के कारण उपमा विधेया होती है। जब साधारण धर्म श्यामत्वादि अन्य कोई है और क्रिया साधारण धर्म नहीं है तब उपमा उद्देश्या होती है। किन्तु वाक्योपात्ता क्रिया 'एकतिङ् वाक्यम्' इस नियम के अनुसार विधेया होने पर भी उपमा प्रयोजिका नहीं होती है।

इसी भाव को पण्डितराज ने ऐसा लिखा है—धर्म एवं सादृश्य में प्रयोज्ययोजकभाव सम्बन्ध है इस मत के अनुसार—जब पूर्णा में केवल वृष्णि वरेण्य को उद्देश्य करके प्रावृषेण्य वारिधर निरूपित सादृश्य प्रयोजक वेदनाहरण कर्तृत्व विधेय है तब उपमा विधेयिका बुद्धि होती है। सादृश्य समान धर्मरूप है इस मत के अनुसार=वृष्णिवरेय को उद्देश्य करके प्रावृषेण्यवारिधरनिरूपितसादृश्याभिन्न वेदना हरण कर्तृत्व विधेय है तब उपमाविधेयिका बुद्धि होती है। जब श्यामत्व धर्म का उपादान नहीं है तब धर्मलुप्ता में यहां वारिधर सादृश्या-वाच्छिन्नवृष्णिवरेण्य याने वारिधरसदृशवृष्णिवरेण्य को केवल लक्ष्य करके वेदनाहरण कर्तृत्व विधेय है अतः उपमोद्देश्यतावच्छेदिका यह बुद्धि होती है। क्योंकि वृष्णिवरेण्य उद्देश्य है उद्देश्यता वृष्णिवरेण्य में है उद्देश्यता का अवच्छेदक (परिचायक धर्म) याने विशेषण सादृश्य है। सादृश्य और उपमा पर्याय है। अतः सादृश्य से अवच्छिन्न याने सादृश्यरूप अवच्छेदक से विशिष्ट वृष्णिवरेण्य है।

धर्मलुप्ता आर्थी वाक्यगता यथा—

'कोपेऽपि वदनं तन्वि ? तुल्यं कोकनदेन ते ।
उत्तमानां विकारेऽपि नापैति रमणीयता ॥'

धर्मलुप्ता समासगा श्रौत्यार्थी तद्धितगार्थी च यथा—

'सुधेव वाणी, वसुधेव मूर्तिः, सुधाकरश्रीसदृशी च कीर्तिः ।
पयोधिकल्पा मतिरासफेन्दोर्महीतलेऽन्यस्य नहीति मन्ये ॥'

मधुसूदनी

कोपेऽपीति । कोकनदेन तुल्यं रमणीयमिति दिशा रमणीयत्वं धर्मो नापात्त इति लुप्तधर्मा । अर्थान्तरन्यासगतोऽपि स नोपमासम्बद्धः ।

आर्थी चेति तद्धितगा । अत्र चकार एवकारार्थस्तेन तद्धितगा आर्थी एव न श्रौती ।

सुधेवेति । सुधेव वाणी मधुरेति । वसुधेव मूर्तिर्दृढा विशाला वेति समासगा श्रौती । सुधाकरश्रीसदृशी कीर्तिविर्मलेति समासगा आर्थी । पयोधिकल्पा मतिर्गंभीरेति तद्धितगा आर्थी । सर्वत्र एषु वाक्येषु धर्मस्यानुपादानात् लुप्तधर्मा । ईषद्-समाप्तिः सादृश्यमेव तद्वती प्रतीतिरिति तद्धितगा आर्थीति । सादृश्यवदर्थकतायामार्थी भवति ।

बालक्रीड़ा

धर्मलुप्ता आर्थी वाक्यगता जैसे—

हे तन्वि ! कोप के समय में भी तुम्हारा मुख रक्तकमल कोकनद के तुल्य है । ठीक ही है विकारावस्था में भी उत्तमों की रमणीयता दूर नहीं होती ।

यहाँ मुख कोकनद के तुल्य रमणीय है इस प्रकार रमणीयत्व साधारण धर्म है । किन्तु उसका उपादान नहीं किया है अतः लुप्तधर्मा उपमा है । उत्तरार्द्ध में अर्थान्तरन्यास अलंकार है वह उपमा से सम्बद्ध नहीं है । वह केवल रमणीयता दूर नहीं हो सकती है । इसका समर्थन करता है ।

धर्मलुप्ता समासगा श्रौती आर्थी, तद्धितगा आर्थी ही जैसे—यहाँ "आर्थी च" में चकार एवकार के अर्थ में है अतः तद्धितगा धर्मलुप्ता आर्थी ही होती है श्रौती नहीं ।

जगतीतल में आसफेन्दु की ही वाणी सुधा के समान मधुर है, मूर्ति शरीर वसुधा के सदृश दृढ़ या विशाल है (समासगा श्रौती) कीर्ति सुधाकर श्री के सदृश विमला है (समासगा आर्थी) और मति पयोधि के समान गभीरा है (तद्धितगा आर्थी) अन्य की नहीं है ऐसा मैं मानता हूँ । प्रश्न = यहाँ पयोधिकल्पा में तद्धितगा आर्थी कैसे ? उत्तर—ईषत् असमाप्ति में कल्पप् प्रत्यय होता है । उसका अर्थ भंग्यन्तर से भिन्न शैली से सादृश्य ही है । भिन्न

[1] नवाब आसफखान इति नाम्ना प्रसिद्धस्य.

ईषदसमाप्तिरपि भङ्ग्यन्तरेण सादृश्यमेव।

वाचकलुप्ता समासगा—'दरदलदरविन्दसुन्दरं' इति प्रागुदाहृते पद्ये। कर्माधारक्यङ्गता क्यङ्ता च यथा—

'मलयानिलमनलीयति मणिभवने काननीयति क्षणतः।
विरहेण विकलहृदया निर्जलमीनायते महिला॥'

मर्मप्रकाशः

सादृश्यमेवेति। तथा च तद्विशिष्टार्थप्रतिपादकत्वादार्थी। कर्माधारेति। वाचकलुप्तेत्यादिः। नन्वेवमाचारवत्सादृश्यस्यापि क्यजा दिना

मधुसूदनी

दरदलितेति। अरविन्दमिव सुन्दरमिति विग्रहे उपमानानीति सूत्रेण समासः। उपमाप्रतिपादकानामभावे वाचकलुप्तेति व्यवहारः। तत्र उपमावाचकत्वं च आनुपूर्वीविशेषवत्तया उपमाबोधने शिष्टैः परिगृहीतत्वम्। तच्च शक्त्या निरूढया लक्षणया वा। तत्राद्यमिवादिषु तुल्यादिषु। द्वितीयं प्रतिपक्षसुहृदादिषु।

बालक्रीड़ा

शैली यह है कि एक विद्वान् जो वैदुष्य में दूसरे विद्वान् से सर्वथा कम नहीं है किन्तु कुछ कम है अतः विद्वान् के सदृश है विद्वान् नहीं है यही फलितार्थ होता है।

प्रश्न – सादृश्य ही है यह तो ठीक हैं किन्तु सादृश्यार्थक कल्पप् प्रत्यय के योग में आर्थी कैसे? यहाँ तो श्रौती होगी हाँ सादृश्यवदर्थक कल्पप् प्रत्यय को मानिये तब आर्थी हो सकती है।

उत्तर – सादृश्यवदर्थक ही कल्पप् प्रत्यय है यही उसका आशय समझना चाहिए।

वाचकलुप्ता=समासगा "दरदलदरविन्दसुन्दरम्" इस पहले बतलाये हुए पद्य में है। "अरविन्दमिव सुन्दरं" इस प्रकार समास करने के बाद इव शब्द का प्रयोग नहीं होता है। इसलिए वाचक के अभाव में यह वाचकलुप्ता है। यहाँ इस प्रकरण में वाचकत्व की परिभाषा है जो आनुपूर्वीविशेषवत्तया उपमाबोधन मे शक्त हो अथवा निरूढ हो। तत्र शक्त्या शक्तत्वं निरूढत्वं निरूढ लक्षणया। उनमें आद्य इवादि और तुल्यादि है द्वितीय में सुहृत्, प्रतिपक्ष प्रभृति हैं।

कर्मक्यच्, आधारक्यच् एवं कर्तृक्यङ में वाचकलुप्ता जैसे—विरह से विकल हृदया महिला, मलय समीर को अनल समझती है। अतः दाहभय से उसका सेवन नहीं करती है इसी को मलयानिल में अनल के समान आचरण करती है, कहा है। मणिभवन में स्थित है किन्तु प्रेयान् के अभाव में जंगल में स्थित हूँ ऐसा समझती है। जल के अभाव में जो अवस्था मीन की होती है वही अवस्था अपनी समझ रहीं है।

अत्रानलमिवाचरतीत्यर्थेऽनलशब्दात् 'उपमानादाचारे' इति सूत्रेण, कानन इवाचरतीत्यर्थे, काननशब्दाच्च तत्सूत्रस्थेन 'अधिकरणाच्च' इति वार्तिकेन क्यच्। निर्जलमीनशब्दाच्च 'कर्तुः क्यङ् सलोपश्च' इति क्यङ्। आचारमात्रार्थकतया क्यच्क्यङोः प्रकृत्यैव लक्षणया स्वस्वार्थसादृश्यप्रति-

मर्मप्रकाशः

बोधनात्कथं वाचकलुप्तात्वमत आह—आचारेति। सादृश्यवाचकाभावादिति। शक्त्येति

मधुसूदनी

आचारमात्रेति। सामान्याचारबोधकत्वं क्यजादीनाम्। किन्तु स्थलविशेषे पदविशेषसान्निध्यात् आचारविशेषबोधकत्वमावश्यकमेवेति हृत्।

क्यच्क्यङोरिति काकाक्षिगोलकन्यायेन आचारमात्रार्थकतयेत्यत्र प्रकृत्यैवेत्यत्र चान्वयि।

प्रकृत्यैवेति। अनलकाननमीनरूपया प्रकृत्यैव। लक्षणया निरूढलक्षणया

बालक्रीड़ा

यहाँ अनल द्वितीयान्त उपमान है। मलयसमीर उपमेय है। जलाना आचार क्वच् प्रत्यय का अर्थ है यही साधारण धर्म है। यद्यपि "उपमानादाचारे" इत्यादि सूत्रों से विहित क्यच्, क्यङ्, क्विप् (आचारार्थक) कर्त्तृणमूल् कर्मार्थं कणमूल् प्रत्ययों का अर्थ है सामान्याचार। किन्तु स्थल विशेष में पदविशेष के सान्निध्य से आचारविशेष की प्रतीति होती है। और उपमाप्रतिपादक इवादि तथा तुल्यादि के अप्रयोग के कारण सभी जगह वाचकलुप्ता यह व्यवहार होता है।

प्रश्न—यहाँ एक समझने की बात है कि "निष्ठा" इस सूत्र से समास में निष्ठाप्रत्यान्त का पूर्वनिपात होता है अतएव कृतविद्यः, समाप्तविद्यो गुरुदक्षिणार्थी इत्यादि प्रयोग सिद्ध होते हैं। तदनुसार प्रकृत में भी लुप्तधर्मा, लुप्तोपमाना, लुप्तवाचका, लुप्तधर्मोपमानवाचका, लुप्तवाचकोपमेया, लुप्तवाचकधर्मा ये ही प्रयोग साधु हैं तब धर्मलुप्ता इत्यादि प्रयोग कैसे?

उत्तर—"वाहिताग्न्यादिषु" इस सूत्र से निष्ठान्त का पूर्वतिपात विकल्प से विहित है अतः आहिताग्निः अग्न्याहितः की तरह लुप्तधर्मा, धर्मलुप्ता आदि दोनों प्रयोग हो सकते हैं। अतः दोनों साधु हैं।

यहाँ अनल की तरह मलयानिल में आचरण करती है मलयानिल जलारहा है ऐसा व्यवहार करती है। इस अर्थ में "उपमानादाचारे" इस सूत्र से अनल शब्द से और मणिभवन में कानन के जैसा आचरण करती है। कानन के हिंस्रक जीवों से जैसे उनकी भीषणता से डरती है वैसे ही भवनस्थ मणिवगैरह उसे भीषण मालूम पड़ते हैं तथा वहाँ की जैसी शून्यता का अनुभव करती है इस अर्थ में उक्त सूत्र के वार्त्तिक "अधिकरणाच्च" से कानन शब्द से क्यच् प्रत्यय हुआ है। एवं निर्जल मीन शब्द से "कर्त्तुः क्यङ् सलोपश्च" से क्यङ् प्रत्यय हुआ है।

क्यच् और क्यङ्के केवल आचार अर्थ में विहित होने से उनकी प्रकृति अनल, कानन

पत्तिरिति नये; अनलीयतीत्यादिसमुदायस्यैवानलादिसादृश्यप्रयोजकाचरण-कर्तृशक्तत्वमिति नयेऽपि सादृश्यसादृश्यविशिष्टान्यतरमात्रवाचकाभावाद्वा-चकलुप्ता।

कर्तृकर्मणमुल्गता यथा—

'निरपायं सुधापायं पयस्तव पिबन्ति ये।
जह्नुजे! निर्जरावासं वसन्ति भुवि ते नराः ॥'

मर्मप्रकाशः

भावः। ननु नेदं युक्तम्। अत्र मते इवादीनां द्योतकतानये सर्वत्रैव वाचकाभावाद्वाचकलुप्तात्वापत्तेः। चन्द्रप्रतिपक्षमाननमित्यत्रापि वाचकलुप्तात्वापत्तेश्च। तत्र हि प्रतिपक्षपदेन सादृश्यं लक्ष्यमेव। तस्मात्सादृश्यसादृश्यविशिष्टान्यतरमात्रबोधकाभाव एव वाचकलोप इति तत्त्वम्। अत आह—अनलीयतीत्यादीति।

मधुसूदनी

स्वस्याः स्वस्याः प्रकृतेः योऽर्थः। तन्निरूपितसादृश्यस्य प्रतिपत्तिर्ज्ञानम्। इति नैयायिकानां नये। अनलीयतीत्यादिर्यः समुदायः अनलादिप्रकृतिकक्यच्प्रत्ययनिष्पन्नप्रयोगरूपः। तस्यैव न तु प्रकृतेः। अनलादिनिरूपितसादृश्य-प्रयोजकाचरणकर्त्तरि-शक्तिरिति वैयाकरणनां नयेऽपि सादृश्यवाचकस्य इवादेः सादृश्यविशिष्टवाचकस्य तुल्यादेर्वा अन्यतरस्याभावात् वाचकलुप्ता।

निरपायमिति। निरपायं निरन्तरमित्यर्थः। सुधापायनिर्जरावासयोरौपम्यं-सुस्पष्टयति=अत्रेति। "क्रन्मेजन्तः" इति विधानात् द्वयोरव्ययत्वम्। अधिकं बाल-क्रीड़ायां द्रष्टव्यम्।

बालक्रीड़ा

और मीन शब्दों से ही निरूढि लक्षणा के द्वारा अपने २ अर्थ से निरूपित सादृश्य की प्रतिपत्ति होती है, इस नैयायिकों के नय में तथा अनलीयतीत्यादि समुदाय की ही अनलादि सादृश्यप्रयोजकाचरणकर्त्ता में शक्ति है इस वैयाकरणों के नय में भी इवादिस्थल में उपमान-करम्बितसादृश्य, तुल्यादिस्थल में सादृश्यविशिष्ट इन दोनों में से किसी एक वाचक के अभाव में वाचकलुप्ता है। यहाँ क्यच् क्यङोः इसका काकाक्षिगोलकन्याय से दोनों आचारमात्रार्थ-कतया और प्रकृत्यैव में अन्वय है।

कर्ता और कर्म में विहितणमुल् में जैसे—हे जह्नुजे! जो लोग निरपाय निरन्तर सुधा के समान मधुर तुम्हारे जल को पीते हैं वे लोग पृथ्वी पर देवताओं की तरह निवास करते हैं।

यहाँ सुधापायं यह सुधामिव जलं पिबन्ति तथा निर्जरावासं यह निर्जरा इव नरा वसन्ति इस अर्थ में "उपमाने कर्मणि च" से कर्म सुधा और (चकार से प्राप्त) कर्ता निर्जर रूप उपमान के उपपद रहने पर पाधातु एवं आङ पूर्वक वस धातु से णमुल् प्रत्यय होने पर बना

अत्र सुधापायमिति सुधामिव, निर्जरावासमिति निर्जरा इवेति 'उपमाने कर्मणि च' इति कर्मणि चकारात्कर्तर्युपमान उपपदे णमुल् ।

धर्मोपमानलुप्ता वाक्यगा, समासगा च यथा—

'गाहितमखिलं विपिनं, परितो दृष्टाश्च विटपिनः सर्वे ।
सहकार ! न प्रपेदे मधुपेन, तथापि ते समं जगति ।।'

'तथापि ते' इति हित्वा 'भवत्समं' इति यद्यार्या शुद्धैव विधीयते तदेदमेवोदाहरणं समासगायाः ।

मर्मप्रकाशः

गाहितमिति । यद्यपीत्यादिः । तथापि हे सहकार ? जगति तव तुल्यं वस्तु भ्रमरेण न प्राप्तमित्यर्थः । शुद्धैवेति । आर्यासामान्यलक्षणाक्रान्तत्वात् सा तु मिश्रितेति भावः ।

मधुसूदनी

लुप्तधर्मोपमाना वाक्यागा--तथापि ते समं वस्तु जगति मधुपेन न प्रपेदे प्राप्तम् । गाहनदर्शनयोरवधिं निस्तीर्य कदाचित्स्यात्प्राप्तं सहकारसमं वस्तु, किन्तु मधुपेन प्राप्तुं दुःशकमिति उपमानलुप्ता, मधुरत्वोपकारकत्वादिसाधारणधर्माभावे लुप्तधर्मा, तेपदसमंपदयोः समासाभावे वाक्यगा । तथापि ते सममित्यतः तथापितेपदे निःसार्य तेस्थाने भवच्छब्दो निवेश्यते तेनैव समस्येतापि तदा सैव लुप्तधर्मोपमाना समासगा भवति । एवं सति समासे तथापिपदनिःसारणे च शुद्धार्या । तत्पदानिःसारणे गीतिः ।

बालक्रीड़ा

है । णमुल् प्रत्यय की प्रकृति पा एवं वस् केवल प्रयोग सिद्ध करने के लिए उपात्त है उनका कोई अर्थ नहीं है । और जिस धातु से णमुल् प्रत्यय होता है उसी धातु का अनुप्रयोग होता है । इस नियम के अनुसार पिबन्ति वसन्ति का अनुप्रयोग हुआ है ।

यहाँ सुधा उपमान है पय, उपमेय है ये कर्म हैं, निर्जर उपनान है नर उपमेय है ये कर्त्ता हैं । अनुप्रयुक्त धात्वर्थ पान एवं वास साधारण धर्म हैं । णमुल् प्रत्यय भाव में हुआ है अतः णमुल् का अर्थ सादृश्य नहीं है । इस तरह उपमाप्रतिपादक के अभाव में यह वादि-लुप्ता है ।

जो उपमान सुधाकर्मकपान क्रिया है वही पयःकर्मक (नरकर्त्तृक) यच्छब्दार्थकर्तृक पान क्रिया है दोनों अभिन्न हैं । जो उपमाननिर्जरकर्तृकवास क्रिया है वही नरकर्त्तृकवास क्रिया है दोनों अभिन्न है ।

हे सहकार ! हे अतीवसौरभसम्पन्न आम ! मधुप ने अखिल विपिन (जंगल) को छान डाला और चारों तरफ सभी वृक्षों को देखा किन्तु जगत् में तुम्हारे समान वृक्ष नहीं पाया ।

वाचकधर्मलुप्ता क्विब्गता यथा—

'कुचकलशेष्वबलानामलकायामथ पयोनिधेः पुलिने ।
क्षितिपाल ! कीर्तयस्ते हारन्ति, हरन्ति, हीरन्ति ॥'

अत्र हारहरहीरशब्दा आचारार्थके क्विपि लुप्ते धातवः । तत्र हारादि-

मर्मप्रकाशः

धातव इति । तथा च हारन्तीत्यादि प्रयोगसिद्धिरिति भावः । तत्र उक्तप्रयोगेषु ।

मधुसूदनी

कुचेति । हे क्षितिपाल ? राजन् ? ते कीर्तयः अबलानां (कुचाः कलशा इवेति) कलशसदृशकुचेषु हारन्ति मुक्ताहारवदाचरन्ति । अलकायां पुर्यां हरन्ति भगवतो-हरस्यालका निवासभूमिः । रजतगिरिनिभतया शुक्लत्वं कीर्तिपुण्ययोरिति प्रसिद्धेः

पयोनिधेः पुलिने तोयोत्थिते भूभागे हीरन्ति हीरवदाचरन्ति । अत्र शुक्लत्वं साधारणो धर्मः । यथासंख्यालंकारश्च । क्विवाचारं तन्मात्रं बोधयति इति शेषः । विशेषधर्मस्यानुपादानाल्लोपः । उपमानकरम्बितसादृश्यस्योपस्थित्या केवलस्य तस्यानु पस्थित्या लोप एवेति वाचकधर्मयोर्लोपे क्विपि उदाहरणम् ।

बालक्रीड़ा

यहाँ पर तुम्हारे समान पदार्थ को भ्रमर नहीं पा सका इससे सिद्ध होता है कि गाहन करने की और देखने की सीमा को पार करने पर कदाचित् सहकार के सदृश पदार्थ प्राप्त हो सकता है किन्तु भ्रमर में उन सीमाओं के पार करने की सामर्थ्य नहीं है अतः भ्रमर के लिए प्राप्त करना दुःशक है इस तरह उपमान के अभाव में उपमानलुप्ता है । मधुरत्व उपकार-त्वादि धर्मों के अनुपादान से लुप्तधर्मा है । और ते पद एवं समं पद के समस्त नहीं होने से वाक्य है । इस ते पद की जगह भवत् पद को बैठा दें और तथापि को निकाल दें इस तरह यदि शुद्ध आर्या कर दें तब भवत् पद का समं के साथ समास होने से यही उदाहरण समासगा का हो जाता है । "तथापि ते समं" यह गीति लक्षणमिश्रित आर्या का उदाहरण है ।

वाचक और धर्म के लोप होने पर आचार क्विप् में जैसे=हे क्षितिपाल ! राजन् ! तुम्हारी कीर्ति अबलाओ के कलशसदृश कुचों पर मुक्ताहार की तरह, पयोनिधि के पुलिन (तोयोत्थित भूभाग) पर हीरों की तरह, अलकापुरी में हर की तरह सुन्दर आचरण करती है । अलकापुरी कुबेर की नगरी है कुबेर के ऊपर भगवान् साम्बसदाशिव का इतना अनुराग है कि उस पुरी को अपना निवास स्थल बना लिया है । कालिदास ने भी लिखा है "बाह्योद्यान-स्थितहरशिरश्चन्द्रिकाधौतहर्म्या ।" और भगवान् शिव रजतगिरिनिभ है । शुक्लत्वं कीर्ति-पुण्ययोः के अनुसार कीर्ति की श्वेतिमा का वर्णन यहाँ पर है । शुक्लत्व यहाँ साधारण धर्म है । क्रमशः अन्वय होता है अतः यहाँ 'यथासंख्यालंकार है ।

यहाँ हारहरहीर शब्द आचारार्थक क्विप् के लोप होने पर "सनाद्यन्ता धातवः" से धातु संज्ञा होती है अतः धातु हैं । धातुत्व आजाने से लट् आदि प्रत्यय होने पर हारन्ति

शब्दा लक्षणया हारादिसादृश्यं बोधयन्ति। लुप्तोऽपि स्मृतः क्विबाचारमिति पक्षे वाचकधर्मलोपः स्पष्ट एव। हारादिशब्दा एव लक्षणया तादृशसादृश्याभिन्नमाचारमिति पक्षे सादृश्यस्येव धर्मस्यापि तन्मात्रबोधकाभावाल्लोप एव।

वाचकधर्मलुप्ता समासगा यथा---

'शोणाधरांशुसंभिन्नास्तन्वि ! ते वदनाम्बुजे।
केसरा इव काशन्ते कान्तदन्तालिकान्तयः ॥'

मर्मप्रकाशः

आचारमिति। बोधयतीति शेषः। स्पष्ट एवेति। सादृश्यस्य शक्त्यप्रतिपाद्यत्वात्क्विपो लुप्तत्वाच्चेति भावः। तादृशेति। हारादीत्यर्थः। तदित्युचितम्। अभिन्नमिति।

मधुसूदनी

शोणेति। हे तन्वि ! ते वदनाम्बुजे शोणो योऽधरः तस्यांशुभिः संभिन्ना

बालक्रीड़ा

हरन्ति एवं हीरन्ति प्रयोग सिद्ध हो गये। उन सिद्ध प्रयोगों में हारादि शब्द लक्षणा से हारादि सादृश्य का बोध करते हैं।

फलतः आचारार्थक क्विप् के लोप याने अभाव में लुप्त धर्मा और शक्त्या इवादि के द्वारा सादृश्य के अप्राप्त होने से वाचक लुप्ता है। यदि यह पक्ष लें कि लुप्त भी क्विप् स्मृत हुआ आचार अर्थ को बोधन करता है तब भी वाचक लोप इवादि के अभाव में स्पष्ट है और सामान्यतः आचार के स्मृत होने पर भी विशेष आचार की अनुपस्थिति में धर्म लोप भी स्पष्ट है।

यदि यह पक्ष लिया जाय कि हारादि शब्द लक्षणा से हारादिसादृश्य एवं आचार को बतलाते हैं तब भी सादृश्य की तरह धर्म के भी हारादि करम्बित ही सादृश्यमात्र के या धर्ममात्र के बोधक होने से; केवल सादृश्य के या केवल धर्म के बोधक नहीं होने से वाचक और धर्म का लोप स्पष्ट है। यहाँ का भाव यह है कि नलिनप्रतिपक्षमाननम्, चन्द्रसुहृन्मुखम्, इत्यादि स्थलों में प्रतिपक्ष सुहृत प्रभृति शब्द सादृश्य अर्थ में संकेतित नहीं होने से वाचक नहीं हैं किन्तु लाक्षणिक हैं। तथापि इनसे उपस्थित सादृश्य अन्य से करम्बित होकर उपस्थित नहीं होता है। केवल सादृश्य उपस्थित होता है और हारादि शब्दों से जहाँ लक्षणा से सादृश्य उपस्थित होता है वहाँ हारादि उपमान से करम्बित होकर उपस्थित होता है क्योंकि वह उसी शब्द का लक्ष्य अर्थ है। केवल सादृश्य उपस्थित नहीं होता है। इस तरह प्रकृत में जब हारादि शब्दों से तादृशसादृश्याभिन्नाचार रूप से हारादिकरम्बित आचार की उपस्थिति लक्षणा के द्वारा होती है न कि उससे अकरम्बित तन्मात्र की (आचर मात्र की) इसी अर्थ का संकेत तन्मात्र बोधकाभावाल्लोप एव पंक्ति से किया गया है।

वाचक और धर्म का लोप समास में जैसे=हे तन्वि ! तुम्हारे अम्बुज सदृश वदन में

अत्र वदनाम्बुजयोरभेदविवक्षया बिशेषणसमासे दन्तालिकान्तीनां केसरसादृश्योक्तिरसंगता स्यात्। यतो ह्यम्बुजतादात्म्यसाधकं दन्तालिकान्तीनां केसरतादात्म्यं न तु केसरसादृश्यम्। उपमितसमासे तु वदनाम्बु-

मर्मप्रकाशः

तस्य धर्मरूपत्वादिति भावः। संभिन्ना मिश्राः। कान्ताश्च ते दन्ताश्चेत्यर्थः। विशेषणेति।

मधुसूदनी

संमिश्राः। कान्तानां दन्तालीनां कान्तयः केशरा इव काशन्ते। अत्र उभयार्धे वृत्यनुप्रासोपि। अत्र अम्बुजाभिन्नं वदनमिति विशेषण समासे मयूरव्यंसकादयश्चेति सूत्रेण कृते इति शेषः। धर्मिणोस्तादात्म्ये सति धर्मयोरपि तादात्म्यमेवापेक्षितं युक्तं च। ततश्च तेषां तत्सादृश्योक्तिरसंगता एव। केसराणां दन्तानामधिकरणयोरम्बुजवदनयोरुपमा अधिकरणतावच्छेदिका उद्देश्यतावच्छेदिका। अत्र धर्मस्य सुन्दरत्वादेः। वाचकस्येवादेर्लोपः।

बालक्रीड़ा

लाल अधरोष्ठ के अंशुओं से मिश्रित अत एव कान्त सुन्दर दान्तों की कान्तियाँ केसर की तरह प्रकाशित हो रही है।

यहाँ प्रश्न होता है कि दाँतों की कान्तियाँ (उपमेय) केसर (उपमान) की तरह कान्त प्रकाशित होती हैं। इस प्रकार इव सादृश्यवाचक और कान्तत्व साधारण धर्म की उपस्थिति हैं और इव का केसर के साथ समास भी है। समास नहीं है का साधक कोई तत्त्व नहीं है। तब वाचक धर्म लुप्ता कैसे।

दूसरा प्रश्न यह होता है कि यदि "बदनाम्बुजे" इस अंश को लक्ष्य बनाकर वाचक धर्म लुप्ता कहते हैं तो उस पर भी प्रश्नकर्त्ता कह सकता है कि इस पद में मयूर व्यसंकादि से विशेषण समास है अतः अम्बुजाभिन्न वदन है इस तरह रूपकालंकार यहाँ है उपमालंर नहीं है फ़लतः उक्त लुप्ता का प्रसंग ही नहीं है।

इनमें दूसरे प्रश्न का उत्तर यदि स्पष्ट हो जाता है तब प्रथम प्रश्न स्वतः स्पष्ट हो जायगा इसलिए दूसरे का उत्तर देने के लिए उपक्रम करते हैं।

यहां वदन और अम्बुज में विशेषण समास करने पर अभेद करना होगा। क्योंकि अभेद विवक्षा में ही विशेषण समास होता है। जिसके फलस्वरूप दान्तों की कातियों का केसर के साथ अभेद करना पड़ेगा जो कि असंगत होगा। क्योंकि (केसर इव) केसर सदृश दाँतों की कान्तियों को कहा गया है। न कि केसराभिन्न दन्तालिकान्ति। अगर दांतों की कान्तियों का केसर के साथ तादात्म्य अभेद कहते हैं तब तो अम्बुज तादात्म्य सिद्ध हो सकता है। किन्तु कहा गया है केसर सादृश्य। वह केसर सादृश्य अम्बुज तादात्म्य का साधक नहीं है। यदि उपमित याने उपमेय समास करते हैं तो वदन और अम्बुज धर्मियों की

जयोर्धर्मिणोरौपम्ये केसरदन्तालिकान्तोनामपि तद्धर्माणामौपम्योक्तिरुचितैव। अतोऽधिकरणतावच्छेदकोपमामादाय वाचकधर्मलुप्तोदाहृता। विधेयतावच्छेदिका तु पूर्णैव।

वाचकोपमेयलुप्ता क्यज्गता, धर्मोपमानवाचकलुप्ता समासगा च यथा—

'तया तिलोत्तमीयन्त्या मृगशावकचक्षुषा।
ममायं मानुषो लोको नाकलोक इवाभवत्॥'

मर्मप्रकाशः

मयूरव्यंसकेतीत्यर्थः। अधिकरणेति। वदनाम्बुजे इत्यत्रत्यामित्यर्थः। अवच्छेदिका त्विति।

मधुसूदनी

शोणाधरांशुसंभिन्नदन्तालिकान्तिमद्वदनमुद्दिश्य केसरसम्पन्नाम्बुजनिरूपितसादृश्यप्रयोजकं तादृशाम्बुजसादृश्याभिन्नं वा प्रकाशनक्रियाकर्तृत्वं विधेयमिति विधेयतावच्छेदिकोपमा पूर्णा एव।

तयेति। आचारक्रियाकर्मणः। स्वयं तु आत्मानं तिलोत्तमासदृशमाचरन्ती तु या नायिका। तत्कर्त्र्यामात्मकर्मकतिलोत्तमासदृशाचरणक्रियाकर्त्र्यां नायिकायाम्। इयं वाचकोपमेयलुप्ता

बालक्रीड़ा

उपमा होने पर उनके धर्मों केसर एव दन्तालिकान्तियाँ की भी उपमा कहना उचित ही है। अतः अम्बुजनिरूपित सादृश्यावच्छिन्न वदन अधिकरण की उपमा को लेकर उक्त लुप्ता का उदाहरण दिया है। क्योंकि सादृश्य (रूप) अवच्छेदक से युक्त माने अवच्छिन्न वदन अधिकरण है अतः वदन निष्ठ अधिकरणता का अवच्छेदक सादृश्य है वही उपमा है अतः अधिकरणतावच्छेदिका उद्देश्यतावाच्छेदिका उपमा कहा है। अवच्छेदिका में उपमा पद के साथ समास होने पर पुंवद्भाव हो गया है। फलतः यहाँ धर्म सुन्दरत्व और वाचक इवादि का लोप है।

दन्तालिकान्ति को उद्देश्य बनाकर केसरसादृश्य प्रयोजक प्रकाशनकर्त्तृत्व को विधेय कहते हैं तव पूर्णोपमा है जो उपमा प्रकाशनकर्त्तृत्व निष्ठ विधेयता की अवच्छेदिका है। इसीको प्रयोजकतावच्छेदिका भी कहते हैं।

क्यच् प्रत्ययस्थल मे लुप्तवाचकोपमेया, और समास में धर्म, उपमान एवं वाचक के लोप का उदाहरण देते हैं जैसे—

मृगशावक (बालक) के चञ्चल चक्षुओं की तरह चंचल चक्षुओं वाली उस नायिका—जो आचरणों से व्यवहार से अपने आपको तिलोत्तमा के सदृश प्रकट करती है—के वदौलत यह मानुष लोक मेरे लिए स्वर्गलोक हो गया है।

अत्र तिलोत्तमीयन्त्येति तिलोत्तमामिवात्मानमाचरन्त्येत्याचारार्थके क्यचि तिलोत्तमापदस्य तिलोत्तमासादृश्ये लाक्षणिकतया, वाचकस्यस्फुटत्वेना प्रतीयमानतया, आत्मन उपमेयस्य चानुपादानाल्लोपः। स्वयं तु सा नोपमेया। आचारकर्मण उपमानस्य तिलोत्तमारूपस्य तत्कर्त्र्यामुपमेयायामुपमानत्वासंगतेः। अत आत्मैवात्रोपमेयतयोन्नेयः।

मृगशावकचक्षुषेति मृगशावकस्य चक्षुषी इव चञ्चले चक्षुषी अस्या इति 'सप्तम्युपमानपूर्वस्य' इति समासोत्तरपदलोपौ। मृगशावकपदस्य मृगशावकचक्षुःसदृशलाक्षणिकत्वपक्षे, वृत्तेर्विशिष्टार्थवाचकतापक्षेऽपि स्वस्वमात्रबोधकपदाभावात्त्रयाणां लोपः। इति पञ्चविंशतिरुपमाभेदाः।

इहान्यानपि भेदानन्ये निगदन्ति—वाचकलुप्ता षड्विधोपवर्णिता। 'कर्तर्युपमाने' इति णिनौ सप्तम्यपि दृश्यते कोकिल इवालपति कोकिला-

मर्मप्रकाशः

उपमेति शेषः। कान्तयः केसरा इव काशन्ते इत्यत्रत्येति भावः। वाचकस्येति। इवशब्दस्येत्यर्थः। उपमेयानुपादाने हेतुमाह? स्फुटत्वेनेति। स्वयं त्विति। तिलोत्तमीयन्तीति बोध्येत्यर्थः। तत्कर्त्र्यामाचारकर्त्र्याम्। तयोः समानरूपत्वस्य तत्र तन्त्रत्वादिति भावः।

मधुसूदनी

मृगशावकचक्षुषेति तु धर्मस्य उपमानस्य वाचकस्य च लुप्ताया समासगताया उदाहरणम्। तथा हि मृगशावकस्य चक्षुषी (उपमानम्) इव, चंचले, चक्षुषी (उपमेयम्) यस्याः इति विग्रहे सप्तम्युपमानपूर्वपदस्य बहुव्रीहिरुत्तरपदलोपश्चेति वार्तिकेण मृगशावकस्य चक्षुषी इवेत्यत्र चक्षुषीत्युपमानात्पूर्वस्य पदस्य मृगशावकस्येत्यस्य चक्षुषी इत्यनेन सह समासः। समस्तादुत्तरभूतस्य पदस्य चक्षुषीत्यस्य लोपश्च। उपमानलोपादुपमानोत्तरं प्रयुज्यमानस्य इवादेरप्यभावः। चंचलत्वधर्मस्याप्यप्रयोगः। एवं धर्मवाचकोपमानानां त्रयाणां समासे लोपात् त्रिलुप्तेयमुपमा। वृत्तेः समासवृत्तेः।

बालक्रीड़ा

यहाँ तिलोत्तमीयन्त्या इसमें आचरण से अपने को तिलोत्तमासदृश प्रकट करती है। इस अर्थ में आचारार्थक क्यच् प्रत्यय हुआ है। तिलोत्तमापद तिलोत्तमासादृश्य में लाक्षणिक है। अतः वाचक के स्फुट रूप से प्रतीत नहीं होने पर और उपमेय आत्मा के अनुपादान से दोनों का लोप है। स्वयं तु वह नायिका उपमेया नहीं है। आचरण क्रिया की कर्म उपमान तिलोत्तमा का उस क्रिया को करने वाली उपमेय नायिका में उपमानत्व असंगत है इसलिए आत्मा को ही यहाँ उपमेय समझना चाहिए।

लापिनीति। तथाष्टम्यपि—'इवे प्रतिकृतौ' इति कनि 'लुम्मनुष्ये' इति लुपि चञ्चेवेत्यर्थे 'चञ्चा पुरुषः सोऽयं यः स्वहितं नैव जानीते' इत्यत्र। नवम्यपि—आचारक्विपि पदान्तरेण प्रतिपादिते समाने धर्मे दृश्यते 'आह्लादि वदनं तस्याः शरद्राकामृगाङ्कति' इत्यादौ।

मधुसूदनी

इव इति। इवार्थे कनि चञ्चा इव चञ्चाकः। ततः कनो लुपि चञ्चा इवेत्यर्थे चञ्चेति पदम्।

शरदिति। शरत्कालो राकाधिकरणकमृगांकसदृशाचारं करोतीत्यर्थे शरद्राकामृगांकति। तत्र पदान्तरेण सामान्यत आचारबोधकात् क्विपो भिन्नेन पदेन आह्लादीत्यनेन आह्लादरूपे समाने धर्मे प्रतिपादिते सति नवमी उपमा दृश्यते इत्यन्वयः।

बालक्रीड़ा

मृगशावकचक्षुषा पद में मृगके शावक बालक की आँखों की तरह चंचल आँखें जिस नायिका की हो इस विग्रह में "सप्तम्युपमानपूर्वपदस्य बहुव्रीहिरुत्तरपदलोपश्च" इस वार्तिक के द्वारा चक्षुषी इस उपमानबोधक पद से पूर्ववाले मृगशावक पद का उपमानभूत चक्षुषी पद के साथ बहुव्रीहि समास हो गया उसके बाद समस्त मृगशावकचक्षुषी पद में उत्तर पद चक्षुषी का लोप हो गया। जिसका फल हुआ कि उपमान नहीं रहा और उपमान के अभाव में उपमानोत्तर प्रयुज्यमान इवादि का अभाव हो गया तथा चाञ्चल्य धर्मवाचक पद भी नहीं रहा इस तरह समास में उपमान, वाचक एवं धर्म इन तीनों की लुप्तता में त्रिलुप्तोपमा होती है। यह वार्तिक के अनुसार त्रिलुप्तोपमा हुई। नैयायिक का मत है कि मृगशावक पद की मृगशावकचक्षुः सदृश में लक्षणा है। वैयाकरण का मत है कि समासवृत्ति ही मृगशावकसम्बन्धी चक्षु के सदृश इस विशिष्ट अर्थ की वाचक है। इन दोनों पक्षों में अपने-अपने को बोधन करने वाले पदों के अभाव में तीनों का लोप हुआ। इस तरह ६ पूर्णा और १९ लुप्ता के मिलाकर २५ उपमा के भेद दिखा दिये।

इस उपमा में और २ भेदों को भी और २ लोग कहते हैं। जैसे वाचक लुप्ता ६ प्रकार की पहिले बतलाई जा चुकी है किन्तु कोकिल की तरह बोलने वाली कोकिलालापिनी यह "कर्त्तर्युपमाने" सूत्र से णिनि प्रत्यय-स्थल में सातवीं भी दिखाई देती है। यहाँ णिनि प्रत्ययस्थल में कोकिल की तरह मधुर बोलने वाली इस विग्रह में दर्शित "मधुरत्व" कोकिलापिनी पद में श्रूयमाण नहीं है अतः धर्म का भी लोप है। अतः धर्मवाचकलुप्ता कहना चाहिए।

"इवे प्रतिकृतौ" इससे कन् प्रत्यय और "लुम्मनुश्चे" इससे उसके लोप होने पर चञ्चा इव इस अर्थ में चञ्चा बना जैसे "चञ्चा पुरुष वह है जो अपने हित को नहीं समझता है" यहाँ पर आठवीं भी दिखाई देती है। आचारार्थ क्विप् प्रत्यय स्थल में पदान्तर से समान धर्म के प्रतिपादन करने पर नवमी भी दिखाई देती है। जैसे—आह्लादित कर

उपमानलुप्ता वाक्यसमासयोर्द्विविधोपवर्णिता तृतीयापि दृश्यते—

'यच्चोराणामस्य च समागमो' यच्च तैर्वधोऽस्य कृतः ।
उपनतमेतदकस्मादासीत्तत्काकतालीयम् ॥'

इत्यत्र काकतालशब्दयोर्लक्षणया काकागमनतालपतनबोधकयोरिवार्थे 'समासाच्च तद्विषयात्' इति ज्ञापकात्समासे काक इव ताल इव काकतालमिति काकतालसमागमसदृशश्चोराणामस्य च समागम इत्यर्थः । ततः काकतालमिवेति द्वितीय इवार्थे पूर्वोक्तेनैव सूत्रेण छप्रत्यये तालपतनजन्यकाकवधसदृ-

मर्मप्रकाशः

शरद्राकेति । शारदपूर्णिमाचन्द्र इवाचरतीत्यर्थः । पूर्वोक्तेन 'समासाच्च–' इत्यनेन ।

मधुसूदनी

तृतीयापीति । प्रत्ययार्थोपमायां तृतीयाऽप्युपमानलुप्ता दृश्यते इत्यर्थः । इदन्तु बोध्यम् । निर्माय नूतनमुदाहरणानुरूपं काव्यं मयात्र निहितं न परस्य किञ्चिदिति या प्रतिज्ञा आरम्भे पण्डितराजेन कृता सा च प्रत्ययार्थोपमायां तृतीयस्या उपमानलुप्तायाः चतुर्थ्याश्च वाचकोपमानलुप्ताया उदाहरणानुरूपकाव्यानिर्माणे नानुपालिता । चित्रमीमांसायामप्यय्यदीक्षितैर्यदुदाहृतं तदेव स्वरूपतोऽर्थतश्चात्रोल्लिखितम् । अस्य विवरणं चित्रमीमांसायां कुवलयानन्देऽलंकारचन्द्रिकायां वा अन्वेष्यं सरलं स्पष्टञ्चेति ।

बालक्रीड़ा

देने वाला उसका वदन शरत्पूर्णिमा के चन्द्र का आचरण करता है। यहाँ आह्लादि पद से समानधर्म के प्रतिपादन का उल्लेख किया है। शारद्राकामृगाङ्कति में क्विप् प्रत्यय है।

पहले लुप्ता के भेदों के दिखाने के अवसर में उपमानलुप्ता को वाक्य एवं समास में दो प्रकार की बतला चुके है किन्तु वह प्रत्ययार्थ उपमा में तीसरे प्रकार की भी दिखाई देती है। जैसे—

जो तो चोरों का और इसका समागम हुआ। जो तो चोरों ने इसका वध कर दिया। यह अकस्मात् उपनत हुआ अतर्कित प्राप्त हुआ। वह काकतालीय न्याय है। अजाकृपाणीय न्याय है।

यहाँ पर काक और ताल शब्दों का लक्षणा के द्वारा काकागमन एवं तालपतन अर्थ है। इन काकागमन और तालपतन के बोधक काकताल शब्दों का "समासाच्च तद्विषयात्" [इवार्थ स्थल में हुए समास से छ प्रत्यय हों। अब प्रश्न होता है कि इवार्थ में समास कौन करता है। तब उत्तर मिलता है तद्विषयक समास से छ प्रत्ययविधानही ज्ञापन करता है कि इवार्थ में समास होता है] इस ज्ञापक से काक इव ताल इव इस तरह के इवार्थ में समास हुआ। समास होने पर काकतालम् यह शब्द बना। जिसका अर्थ है काकताल-

शश्चोरकर्तृको देवदत्तवध इत्येवं स्थिते प्रत्ययार्थोपमायामुपमानस्य तालपतनजन्यकाकवधस्यानुपादानादुपमानलुप्ता।

वाचकोपमानलुप्ता तु नाम्नैव न निर्दिष्टा। साप्यत्र प्रकृत्यर्थे दृश्यते। धर्मोपमानलुप्ता वाक्यसमासयोर्द्विविधैवोक्ता। सा चात्रापि तृतीयचरणोक्तधर्मनिरासे प्रत्ययार्थे दृष्टा।

वाचकधर्मलुप्ता क्विप्समासयोरेव कथिता। सापि 'चञ्चा पुरुषः सोऽयं योऽत्यन्तं विषयवासनाधीनः' इत्यत्र स्वहिताकरणरूपस्य धर्मस्यानुपादाने कनो लोपे विलोक्यते। एवं च द्वात्रिंशद्भेदाः।

मर्मप्रकाशः

स्थिते इत्यस्यार्थे इत्यादिः। तृतीयचरणोक्तेति। 'उपनतमेतदकस्मात्' इत्यस्य स्थाने चरणान्तरनिर्माण इत्यर्थः।

मधुसूदनी

चञ्चेति। अत्र यदि एवं पठ्यते

चञ्चा पुरुषः सोयं योऽत्यन्तं विषयवासनाधीनः।

तदा स्वहिताकरणस्य धर्मस्यानुपादाने इवे प्रतिकृताविति इवार्थे कनो विधाने "लुम्मनुष्ये" इति कनो लोपे विलोक्यते।

बालक्रीड़ा

समागमसदृश चोर का और इसका समागम। इसके बाद समस्त काकताल शब्द से काकतालमिव इस द्वितीय इवार्थ में पूर्वोक्त सूत्र से छ प्रत्यय हुआ। जिसका अर्थ है ताल के गिरने से जैसे काक का वध हुआ वैसे ही चोरों के द्वारा देवदत्त का वध हो गया। ऐसी स्थिति में प्रत्ययार्थ उपमा में तालपतनजन्यकाकवध रूप उपमान का उपादान नहीं होने से उपमानलुप्ता का यह उदाहरण हुआ।

वाचकोपमानलुप्ता का तो नाम से भी निर्देश नहीं किया। वह भी यहाँ छ प्रत्यय की प्रकृति काकताल के अर्थ काकतालसमागमसदृश में दिखाई पड़ती है। यहाँ काकतालसमागम उपमान के और सदृश उपमावाचक के अभाव में वाचकोपमान लुप्ता है।

धर्मोपमानलुप्ता वाक्य एवं समास में दो ही प्रकार की कही है वह भी यहाँ छ प्रत्यय के तालपतनजन्य काकवधसदृश चोरकर्तृकदेवदत्तवध अर्थ में ही "यच्चोराणाम्" इस पद्य के तृतीयचरण में कहे हुए अकस्मादुपनतत्व अचिन्तितोपपन्नत्व रूप धर्म के हटा देने पर देखी है। यहाँ तालपतनजन्यकाकवध उपमान है चोरकर्त्तृकदेवदत्तवध उपमेय है।

वाचकधर्मलुप्ता क्विप् और समास में ही कही गई है। वह भी चञ्चा पुरुष वही है जो विषय वासना के अत्यन्त अधीन होता है। इसमें स्वहिताकरण रूप धर्म के अनुपादन स्थल में कन् प्रत्यय के लोप में दिखाई पड़ती है। इस तरह लुप्तोपमा के ३२ भेद हैं।

अत्रेदमवधेयम्—कर्माधारक्यचि क्यङि च वाचकलुप्तोदाहरणं प्राचामसंगतमिव प्रतीयते। धर्मलोपस्यापि तत्र संभवात्। न च क्यजाद्यर्थ आचार एव साधारणधर्मोऽस्तीति वक्तव्यम्। धर्ममात्ररूपस्याचारस्योपमाप्रयोजकत्वाभावात्। 'नारीयते सपत्नसेना' इत्यादौ वृत्त्यन्तरनिवेदितैः कातरत्वादिभिरभिन्नतयाध्यवसितस्याचारस्योपमानिष्पादकत्वात्। यदि च क्यङर्थ

मर्मप्रकाशः

धर्मलोपस्यापीति। 'उपमानादाचारे' इत्यत्रोपमानमाचारनिरूपितमेव गृह्यते। उदाहरणे च पुत्रपदस्य पुत्रकर्मकाचारसदृशे लक्षणेति वैयाकरणमते च सुतरां धर्मलोपः। न चैतन्मते 'त्रिविष्टपं तत्खलु भारतावते' इत्यत्र क्यचोऽनुपपत्तिः। भारताचारसदृशाचारस्य त्रिविष्टपवृत्तेरप्रसिद्धेः। 'सुपर्वभिः शोभितम्' इत्यस्य श्लेषेणाभेदाध्यवसाय एव, न सादृश्यावसाय इति वाच्यम्। एकशब्दोपात्तत्वेनाभेदबुद्धेरिव शब्दरूपसाधर्म्येण सादृश्यबुद्धेरप्युपपत्तेः। इत्याहुः। ननु नारीयते इत्यादौ तस्य तत्त्वमस्तीत्यत आह—नारीति। वृत्यन्तरेति।

मधुसूदनी

वाचकेति। केवलवाचकलुप्तोदाहरणमिति बोध्यम्। धर्मवाचकलुप्तेति भवितव्यम्।

ननु क्यच् प्रत्ययसन्निधौ धर्मलोपः कथं स्यादित्याशंक्य निषेधति—नचेत्यादिना। उपमाप्रयोजकत्वात् उपमानिष्पादकत्वात्। उपमालंकृतेरनिष्पत्तिः कुतः

बालक्रीड़ा

यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि कर्मक्यच्, आधारक्यच् एवं कर्त्तृक्यङ् इन में केवल वाचक लुप्ता का जो प्राचीनों ने उदाहरण दिया है वह कुछ असंगत-सा मालूम पड़ता है। क्योंकि वहाँ धर्मलोप की भी संभावना है। अतः वाचकधर्मलुप्ता कहना चाहिए। न कि केवल वाचकलुप्ता। यह आप कह नहीं सकते कि वहाँ क्यच् आदि प्रत्ययों का अर्थ आचार ही साधारणधर्म के रूप में जब मौजूद है तब धर्मलोप कैसा। क्योंकि उपमाप्रयोजक धर्म ही साधारणधर्म होता है आचार वैसा प्रयोजक है नहीं, इसलिए यत्किञ्चिद् धर्मरूप आचार में उपमाप्रयोजकता का अभाव है।

अगर कहें कि "नारीयते सपत्नसेना" इत्यादि उदाहरणों में निर्दिष्ट आचार में उपमा प्रयोजकत्व है। उस पर कहते हैं कि शुद्ध आचार में प्रयोजकत्व नहीं है किन्तु विशिष्ट आचार में है। जैसे—प्रकृत में वृत्यन्तर व्यंजना से प्राप्त कातरत्वादि धर्मों के साथ अभिन्नत्वेन अध्यवसित आचार अर्थात् कातरतामय आचार में उपमाप्रयोजकत्व है तन्निष्पादकत्व है।

यदि क्यङाद्यर्थ शुद्ध आचार ही उपमा निष्पादक होता तब "त्रिविष्टप स्वर्ग भारत महाभारत ग्रन्थ के सदृश आचरण व्यवहार करता है अर्थात् स्वर्ग महाभारत ग्रन्थ है। या

आचारमात्रमुपमानिष्पादकं स्यात्तदा 'त्रिविष्टपं तत्खलु भारतायते' इत्यादौ सुप्रसिद्धत्वादिरूपाचारोपस्थितावप्युपमालंकृतेरनिष्पत्तेः, तस्यैव च 'सुपर्वभिः शोभितमन्तराश्रितैः' इति चरणान्तरनिर्माणे तस्या निष्पत्तेः क्यङाद्यर्थः साधारणोऽपि नोपमां प्रयोजयति। उपमाप्रयोजकतावच्छेदकरूपेण साधारणधर्मवाचकशून्यत्वस्यैव धर्मलोपशब्देनाभिधानात्। अन्यथा 'मुखरूपमिदं वस्तु प्रफुल्लमिव पङ्कजम्' इत्यादौ पूर्णोपमापत्तेरिति दिक्।

मर्मप्रकाशः

मात्रपदेन किंचिदभिन्नतयाध्यवसितत्वव्यवच्छेदः। तस्यैव पद्यस्य। तस्या उपमालंकृतेः। साधारणोऽपि उभयनिष्ठोऽपि। ननु क्यङाद्यर्थाचारमात्रस्योपमाप्रयोजकत्वाभावेऽपि साधारणत्वेनोभयधर्मत्वात्तत्सत्त्वाच्च कथं तल्लोपसंभवोऽत आह—उपमेति।

मधुसूदनी

अर्थात् तदुपस्थितौ सत्यां निष्पत्तिर्भवतु परं तु तथा नास्ति सा कुतः। तस्यैव त्रिविष्टपमिति पद्यस्य एव।

चरणान्तरनिर्माणे आचारविशेषोपस्थितौ। तस्या उपमालंकृतेः। साधारणोऽपीति। उपमाप्रयोजकताशून्यः आचारः केवलः साधारणोऽपि उभयनिष्ठोऽपि। शून्यत्वस्यैवेति। साधारणधर्मस्य वाचकः शब्दो नास्ति इत्यत एव धर्मलोपव्यवहारो न हि भवति। किन्तु तद्वाचकशब्दात्साधारणधर्मे उपस्थितेऽपि तस्मिन् यदि उपमाप्रयोजकता (निष्पादकता) या अवच्छेदकं निश्चायकं रूपं न स्यातदा तादृशव्यवहारो भवतीति भावः।

बालक्रीड़ा

स्वर्ग भारत वर्ष बना है या स्वर्ग भारतवर्ष के तरह आचरण करता है। इसमें सुप्रसिद्धत्वादि रूप आचार के उपस्थित होने पर भी उपमालंकार की निष्पत्ति नहीं होती है किन्तु उसी पद्य के यदि "सुपर्वभिः शोभितमन्तराश्रितैः" अन्दर बैठे हुए सुपर्वा (सुपर्वाणः सुमनसः अमरकोष के अनुसार) देवताओं से शोभित स्वर्ग, सुन्दर पर्व आदिपर्व वनपर्व आदि अष्टादश प्रकरणों से शोभित महाभारत ग्रन्थ या सुन्दर पर्वों उत्सवों से शोभित भारतवर्ष ऐसे चरणान्तर का निर्माण करते हैं तब उपमा की निष्पत्ति हो जाती है इससे सिद्ध है कि साधारण भी उभय में रहने वाला भी क्यङर्थ शुद्ध आचार उपमा का प्रयोजक नहीं होता है।

अगर कहें कि क्यङाद्यर्थ शुद्ध आचार में उपमानिष्पादकत्व का अभाव है ठीक है। किन्तु उस अभाव के रहने पर भी तो वह आचार साधारण-तौर से उपमान एवं उपमेय दोनों में धर्म के रूप में रहता ही है तब उस (धर्म) का लोप कैसे संभव है। इस पर सिद्धान्त करते हैं कि उपमाप्रयोजकतावच्छेदकरूप से ही साधारणधर्मवाचकशून्यत्व को धर्मलोप शब्द से कहा है। अर्थात् जो साधारणधर्म शब्द से कहा जा रहा है उसमें उपमानिष्पाद-

यच्चाप्पय्यदीक्षितैरस्मिन्नेव प्रस्तावे "धर्मलुप्ता वाक्यसमासतद्धितेषु दर्शिता द्विर्भावेऽपि दृश्यते पटुपटुर्देवदत्तः इत्यत्र 'प्रकारे गुणवचनस्य' इति सादृश्ये द्विर्भावविधानात्" इति निगदितं, तत्तुच्छम्। अत्र च वाचकस्याप्यनुपादानाद्वाचकधर्मलुप्तायामेतदाधिक्यमुद्भावयितुमुचितम्, न तु धर्मलुप्तायाम्। धर्मलुप्ताया एव धर्मलुप्ताशब्देन तैर्विवक्षणात्। अन्यथा एकलुप्ताया अपि द्विलुप्तायां, त्रिलुप्तायाश्च द्विलुप्ताया अपि ग्रहणात्पृथगुपादानमसंबद्धमेव स्यात्। न चात्र वाचकस्य द्विर्भावस्यैव सत्त्वान्नास्ति लोपः, अपि तु धर्ममात्रस्येति वक्तुं शक्यम्। द्विर्भावस्य सादृश्यवाचकत्वोक्तेर्भाष्यकैयटादि-

मर्मप्रकाशः

अत्र चेति। चो ह्यर्थे।

मधुसूदनी

यच्चेति। अस्मिन्नेव लुप्तोपमाया विभागप्रदर्शनात्मके प्रस्तावे प्रकरणे। न हि लुप्तानामयं विभागः सामस्त्येन। यस्मात् वाक्यसमासतद्धितेषु या धर्मलुप्ता प्रदर्शिता सा द्विर्भावेऽपि दृश्यते। पटुपटुः पटुसदृशः देवदत्तः शास्त्रवेत्ता, यो हि शास्त्रेषु पटुर्नास्ति अपटुरेव तथापि पटुवदभिनयति स पटुपटुरिति कथ्यते। प्रकारे

बालक्रीड़ा

कतावच्छेदकरूप की शून्यता है याने अभाव है उस अभाव को धर्मलोपशब्द से कहा है। अन्यथा इस कहने को नहीं मानेंगे तो मुखरूप यह वस्तु खिले हुए पंकज के सदृश है इसमें वस्तुत्व रूप साधारणधर्म के मुख और कमल में रहने के कारण पूर्णोपमा माननी पड़ेगीं। जो कि चमत्कार के अभाव में मान्य नहीं है।

जो तो अप्पय्यदीक्षितजी ने इसी लुप्तोपमा के विभागप्रदर्शनात्मक प्रकरण में कहा है कि वाक्य, तद्धित एवं समास में जो धर्मलुप्ता उपमा दिखाई गई है वह उपमा द्विर्भाव अर्थात् द्वित्व स्थल में भी दिखाई पड़ती है जैसे पटुपटुः पटुसदृश देवदत है। अर्थात् जो शास्त्र में पटु नहीं है अपटु ही है तब भी पटु की तरह अभिनय करता है उसे पटुपटु कहते हैं। क्योंकि यहाँ पर "प्रकारे गुणवचस्य" इस सूत्र से सादृश्य द्योत्य होने पर द्विर्भाव का विधान किया गया है।

यह सब कथन तुच्छ है सारभूत वस्तु यहाँ कुछ भी नहीं है। यहाँ पर धर्म का लोप है ही, वाचक का भी लोप है इतना अधिक उद्भावना करना उचित है। केवल धर्मलुप्ता नहीं है। क्योंकि जहाँ धर्ममात्र का लोप रहता है वहीं धर्मलुप्ता आचार्यों के द्वारा विवक्षित है। यह उपलक्षण है उपमानमात्र के लोप में उपमानलुप्ता है, वाचकमात्र के लोप में वाचक लुप्ता है। इस तरह केवल एक के लोप होने पर ही एक लुप्ता कही जाती है। अन्यथा यदि ऐसा नियम नहीं मानेंगे तब जहाँ दो का लोप रहता है वहाँ एकलुप्ता

विरुद्धत्वात् । तदुक्तं कैयटेन 'प्रकारे गुणवचनस्य' इति सूत्रे सिद्धं त्विति प्रतीकमुपादाय 'द्विर्वचनस्य प्रकृतिः स्थानी इति तदर्थो विशेष्यते न तु प्रकारः तत्र सर्वस्य गुणवचनत्वाद्व्यभिचाराभावात् । तद्ग्रहणाद् गुणवचनो यः शब्दो निर्ज्ञातस्तस्य सादृश्ये द्योत्ये द्वे भवत इति सूत्रार्थः इति ।

मर्मप्रकाशः

सूत्रार्थ इति । द्विर्भावस्य सादृश्यद्योतकत्वेऽपि शक्ततवरूपवाचकत्वाभावाद्वाचकलोप इति तव हृदयम् । तत्तु इवादेर्द्योतकतानये चन्द्र इव मुखमित्यत्र, चन्द्रसुहृन्मुखमित्यत्र च वाचकलुप्ताव्यवहाराभावाय सादृश्यतद्विशिष्टान्यतरबोधकाभावस्यैव वाचकलुप्ताव्यवहारप्रयोजकत्वस्य वाच्यत्वेन द्योतकस्यापि बोधकत्वानपायेन नास्ति वाचकलोप इति तदाशयानवबोधमूलकमिति चिन्त्यमिदम् ।

मधुसूदनी

गुणवचनस्येति सूत्रम् । प्रकारो भेदसादृश्ये इति कोषात्प्रकारः सादृश्यमत्र व्याख्यानात् । तस्मिन् द्योत्ये द्वित्वं भवतीति सूत्रार्थः ।

अयमाशयोऽप्पय्यदीक्षितानाम् । उक्तोदाहरणं धर्मलुप्तायाः । पटुपटुः पटुसदृशः । देवदत्तः पटुसदृशः शास्त्रवेत्ता । अत्र पटुरुपमानम् । देवदत्त उपमेयः । द्विर्भावः उपमाप्रतिपादकः । शास्त्रवेत्तृत्वं साधारणधर्मः । ततश्च सादृश्यप्रयोजकस्य शास्त्रवेत्तृत्वरूपधर्मस्याभावे धर्मलुप्ताया उदाहरणमिदं न वाक्यगायाः, कर्मधारयवदुत्तरेष्विति ऐकपद्यविधानात् । नापि समासगायाः, आतिदेशिकतद्भावेऽपि वास्तवसमासाभावात् । नापि तद्धितगाया असंभावात् । अतो द्विर्भावे सर्वतो भिन्ना एवेति ।

बालक्रीड़ा

सुतरां हो सकती है । जहाँ त्रिलुप्ता होती है वहाँ द्विलुप्ता भी हो सकती है तब पृथक्-पृथक् एकलुप्ता या द्विलुप्ता या त्रिलुप्ता कहना असंबद्ध ही होगा । यह आप कह नहीं सकते कि यहाँ पटुपटु में द्विर्भाव रूप वाचक के रहते वाचकलुप्ता नहीं है किन्तु धर्ममात्र का ही लोप है अतः धर्म लुप्ता है । क्योंकि द्विर्भाव को सादृश्यवाचक कहना भाष्य और कैयट के विरुद्ध है ।

जैसा कि कैयट ने "प्रकारे गुणवचनस्य" इस सूत्र के भाष्य की "सिद्धं तु" प्रतीक को ग्रहण करके कहा है = (आक्षेप भाष्य) प्रकारे गुणवचतस्य सूत्र में "गुणवचनस्य" पद क्यों कहा (समाधान भाष्य) यदि गुणवचनस्य नहीं कहेंगे तो अग्निर्माणवाचकः गौर्वाहीकः इनमें अग्नि एवं गो जातिवाचक शब्दों में द्वित्व हो जायगा ।

(आ० भा०) यह दोष तो गुणवचन ग्रहण करने पर भी हो जायगा । क्योंकि प्रकार याने सादृश्य में वर्त्तमान जो भी जातिवाचक, क्रियावाचक एवं द्रव्यवाचक शब्द होंगे वे सभी शब्द गुणबाचक हो जायँगे । जैसे = अग्निर्माणवकः में अग्निपदार्थगत तीक्ष्णता

मधुसूदनी

पण्डितराजस्यायमाशयः। इदं केवलधर्मलुप्तोदाहरणं नास्ति। किन्तु वाचकस्य धर्मस्य चोभयोर्लोपात् वाचकधर्मलुप्तोदाहरणमेतत्। तदेतदुच्यते "अत्र वाचकस्याप्यनुपादानात् वाचकधर्मलुप्तायामेतत्। द्विर्भावेऽपि तस्याः प्रदर्शनरूपं प्राचामाचार्याणामपेक्षया आधिक्यं भेदगतां संख्यावृद्धिमुद्भावयितुमुचितम्। द्विर्भाव एवोपमावाचक इति वक्तुं न शक्यते। कैयटेन महाभाष्यप्रदीपे प्रकारे गुणवचनस्येति सूत्रव्याख्यायां सादृश्ये द्योत्ये द्वे भवत इत्येवं द्विर्भावस्य सादृश्यद्योतकत्वनिरूपणात् वाचकत्वं नास्ति इति।

तत्रेदमालोचनम्। उभयमप्यसत्। वास्तवातिदेशिकसमासयोर्भेदस्य शास्त्रेषु प्रदर्शनादपि समासत्वप्रयुक्तानि सुब्लोपपुंवद्भावान्तोदात्तत्वानि वास्तविकसमासवत् आतिदेशिकेऽपि भवन्ति। सुब्लोपः पटुपटुः। पुंवद्भावः पटुपट्वी। अन्तोदात्तत्वं पटुपटुः। तस्मात्समासगैव धर्मलुप्ता ततः पृथग् द्विर्भावे इयं नास्तीति। इदं दीक्षितमते।

बालक्रीड़ा

को माणवक में प्रतिपादन करने के लिए प्रयुक्त हुआ जातिवाचक अग्निशब्द; गुणशब्द हो गया। इसी प्रकार गौर्वाहीकः में सास्नादिमान् गो पदार्थ में रहनेवाले जाडय मान्द्य को वाहीक में प्रतिपादन करने के लिए प्रयुक्त जातिवाचक गोशब्द; गुण शब्द हो गया। समुच्छलितविभ्रमा गति में समुच्छलन पदार्थगत बहुली भवन क्रिया को गति में प्रतिपादन करने के लिए प्रयुक्त समुच्छलित क्रिया शब्द; गुणशब्द बन गया। रामोऽस्मि में रामपदार्थगत सर्वदुःख सहिष्णुत्व को (अस्मि) हूँ कहनेवाले वक्ता में प्रतिपादन करने के प्रयुक्त व्यक्तिवाचक (द्रव्यवाचक) राम शब्द गुणवाचक शब्द हो गया। तब सभी शब्दों में (अग्निः अग्नि; गोः गौः, समुच्छलित समुच्छलित, राम राम) द्वित्व प्राप्त हो जायगा। इससे यह सिद्ध हो गया कि गुणवचन विशेषण है अर्थात् जिसको द्वित्व किया जायगा उस प्रकृति को विशिष्ट करता है। अतः जिस शब्द को गुणवाचक समझा गया उसको द्वित्व हो सादृश्य के द्योत्य होने पर। इस तरह द्वित्व सादृश्य का द्योतक है वाचक नहीं है इस विषय में अधिक जानना चाहें वे मधुसूदनी में इसी प्रसंग में देखें।

इस पर यह आलोचन है कि ये दोनों ही कथन असत् है। उनमें दीक्षित जी का यह कहना कि पटुपटु देवदत्तः इसमें आतिदेशिक समास रहने पर भी वास्तविक समास नहीं है। ठीक नहीं है क्योंकि वास्तविक एवं आतिदेशिक समासो का शास्त्रकारों ने निर्देश किया है। किन्तु जो कार्य वास्तविक समास में होते हैं वे कार्य आतिदेशिक समास में भी होते हैं जैसे=सुब्लोप, पुंवद्भाव, अन्तोदात्तत्वादि। केवल समासान्त प्रत्यय नहीं होता है वह भी क्वाचित्क है न कि सभी जगह है। अतः जब फल बराबर है तब क्या हेतु है कि पटुपटुः देवदत्त को समासगा नहीं मानने का; इसलिए समासगा धर्मलुप्ता ही यह उपमा है इससे पृथक् नहीं।

पण्डितराज का यह कहना कि वस्तुत जो वाचक है उसी के लोप होने पर वाचकलुप्ता मानी जाती है यह सिद्धान्त है। प्रकृत पटुपटु देवदत्त शास्त्रवेत्ता है इसमें 'द्विर्भाव'

इदं चान्यत्तस्मिन्नेव प्रस्तावे चित्रमीमासाकृद्भिरभ्यधीयत—

'नृणां यं सेवमानानां संसारोऽप्यपवर्गति ।
तं जगत्यभजन्मर्त्यश्चञ्चा चन्द्रकलाधरम् ॥'

अत्र क्विप्कनोर्लोपे प्रत्येकं वाचकधर्मलोप उभयत्रापि," तदरमणीयमेव।

मर्मप्रकाशः

इदं चान्यदिति । वक्ष्यमाणमन्यच्चेत्यर्थः । क्विब्लोपे तथोक्तेर्युक्तत्वेऽपि कन्लोपेऽयुक्तत्वमित्याह—

मधुसूदनी

वस्तुतो यो वाचकस्तस्यैव लोपे वाचकलुप्तेति सिद्धान्तः । एवं पटुपटुर्देवदत्तः शास्त्रवेत्तेत्यत्र द्विर्भावः सादृश्यद्योतकः न तु वाचकः । ततश्चात्रोक्तसिद्धान्तानुरोधात् सादृश्यद्योतकस्य द्विर्भावस्य सद्भावेऽपि वाचकस्यादर्शनाद्वाचकलुप्ता । स्यादप्येवम् । तत्रेवादीनां द्योतकत्वमेव न वाचकत्वम्, निपातत्वादुपसर्गवदितिवादिनाऽपि भवता चन्द्र इव मुखमित्यादौ इवस्य द्योतकस्य सद्भावेऽपि वाचकाभावे वाचकलुप्तोपमानुमन्येत चेत् । नानुमन्यते, तर्हि दुराग्रहमात्रमेवेति । इदं पण्डितराजमते ।

इदं चान्यदिति । अस्मिन्नेव धर्मवाचकलुप्तायां धर्मलोपस्यैच्छिकत्वमपि सम्भवतीति निरूपणे प्रस्तावे ।

क्विप्कनोरिति । अपवर्गतीत्यत्र आचारार्थस्य क्विपः । चञ्चेत्यत्र कनः

बालक्रीड़ा

सादृश्य का द्योतक है वाचक नहीं है। अतः उक्त सिद्धान्त के अनुरोध से सादृश्य द्योतक द्विर्भाव के रहने पर भी वाचक के अदर्शन से वाचक लुप्ता कही जाती है। उस पर हमारा कहना है कि आप का उक्त कथन संगत हो सकता है यदि आप के द्वारा स्वीकृत "उनमें इवादि द्योतक ही हैं वाचक नहीं हैं, क्योंकि ये उपसर्ग की तरह निपात ही हैं" इस सिद्धान्त के अनुसार चन्द्र इव मुखं में द्योतक के रहने पर वाचक के अभाव में वाचक लुप्ता उपमा मानी गई होती तो। किन्तु ऐसी स्थिति नहीं है अतः द्विर्भाव स्थल में वाचक लुप्ता मानने का दुराग्रह मात्र ही है।

यह जो और कुछ इसी धर्मवाचक लुप्ता में धर्म का लोप ऐच्छिक भी हो सकता है इसी के निरूपण के प्रकरण में चित्रमीमांसाकार जी ने कहा।

जिसकी सेवा करने वाले मनुष्यों के लिए संसार भी मोक्ष के सदृश व्यवहारणीय है। उस चन्द्रकलाधर भगवान् का भजन नहीं करने वाला मनुष्य संसार में चञ्चा के सदृश है।

यहाँ अपवर्गति में क्विप् के लोप होने पर, चञ्चा में कन् के लोप होने पर प्रत्येक में दोनों में वाचक एवं धर्म दोनों की लुप्ता उपमा है।

वह सब अरमणीय है। क्योंकि क्विप् एवं कन् रूप वाचकों के लोप होने पर भी

कनो वाचकस्य लोपेऽपि तं चन्द्रकलाधरमभजन्निति चन्द्रकलाधरभजनराहित्यरूपस्य धर्मस्य चञ्चामर्त्यसाधारणस्योक्तत्वात्कथं तावद्धर्मस्य लोपः । न चोपमेयमर्त्यविशेषणतयोपात्तस्य चन्द्रकलाधरभजनराहित्यस्य सादृश्योपसर्जने चञ्चायामनन्वयान्न साधारण्यमिति वाच्यम् ।

"यद्भक्तानां सुखमयः संसारोऽप्यपवर्गति ।
तं शंभुमजन्मर्त्यश्चञ्चैवात्महिताकृतेः ॥'

इति पाठे धर्मश्रवणमुभयत्रापि संभवति" इति स्वोक्तेरसंगतत्वापत्तेः । इहाप्युपमेयसंसारविशेषणतयोपात्तस्य सुखमयत्वस्य सादृश्योपसर्जनेऽपवर्गे

मर्मप्रकाशः

कन इति । तामुपपादयति—इहापीति । कथंकारं कथं कृत्वा । पाठान्तरवादी स्वाशयमाह—

मधुसूदनी

लोपे सति । आचाररूपधर्मवाचकस्य क्विपो लोपे धर्मलोपः । किन्तु इवार्थ कनो लोपे धर्मलोपः कथमिति । शंका

सादृश्योपसर्जन इति । सादृश्ये उपसर्जनं गुणश्चञ्चा तस्मिन् । इवार्थे सादृश्ये कनो विधानात् चञ्चाक पदस्य तथा कनो लोपेऽपि चञ्चापदस्य चञ्चानिरूपितसादृश्य मित्यर्थः । ततश्च चञ्चानिरूपितसादृश्ये चञ्चार्थः उपसर्जनमिति तत्र उक्तधर्मस्य चंचायां गुणानाञ्च परार्थत्वादसम्बन्धः समत्वादिति न्यायेनानन्वयात्साधारण्यं नास्ति । केवले मर्त्येऽन्वयादसाधारण्यमेवेति न वाच्यमित्यन्वयः ।

नन्वेवं कथने का असंगतिरित्याह—स्वोक्तेरिति ।

यद्भक्तानामिति परिवर्त्तिते पाठे धर्मश्रवणमुभयत्रापि सम्भवतीति स्वोक्तेरसंगतिः स्यादित्यर्थः । ननु कथं सा असंगतिरित्याह—इहापीति । ननूभयगतत्वेनोपात्तस्य

बालक्रीड़ा

उस चन्द्रकलाधर को भजता नहीं है इस धर्म के रहने पर धर्म का लोप कैसा । यदि कहें कि चन्द्रकलाधर भजन राहित्य रूप धर्म उपमेय मर्त्य का विशेषण है ।

अतः (चंचानिरूपित सादृश्यवदभिन्नो मर्त्यः) इस बोध के अनुसार सादृश्य में उपसर्जन गुण चंचा में उस धर्म का अन्वय नहीं है । फलतः वह साधारण धर्म नहीं है । वह भी ठीक नहीं है । क्योंकि—

जिसके भक्तों के लिए यह सुखमय संसार अपवर्ग सदृश व्यवहरणीय है । उस शंभु को नहीं भजने वाला मर्त्य चञ्चा सदृश है । क्योंकि उसने अपना हित नहीं किया है ।

इस तरह के पाठ में धर्म का शाब्द बोध दोनों जगह संभव है । इस अपनी पहले कही हुई उक्ति की असंगति के तरफ ध्यान देवें । यहाँ पर भी उपमेय संसार के विशेषण

ऽन्वयाभावात्कथंकारं धर्मस्य साधारण्यम् । उपमेयगतत्वेनोपमानगतत्वेन वोपात्तस्य धर्मस्य शाब्द उभयान्वयेऽसत्यपि वस्तुत उभयवृत्तित्वज्ञानमेव साधारणताया नियामकमिति चेद्, चन्द्रकलाधरभजनराहित्येऽपि दीयतामेव-मेव दृष्टिः । यदि चोपमेयतावच्छेदकतयैव चन्द्रकलाधरभजनराहित्यं मम विवक्षितम्, साधारणधर्मश्च स्वात्महिताकरणरूपः स चात्र लुप्त एवेति शपथेन स्वाभिप्रायः प्रकाश्यते, तदा निवारितोऽयं दोषः; तुष्यतु भवान् ।

मर्मप्रकाशः

उपमेयेति । एवमेवेति । एवं च तुल्यतेति भावः । प्रकारान्तरेण स स्वाशयमाह—यदि चेति ।

मधुसूदनी

धर्मस्य उभयगतत्वेन शाब्दोऽन्वयो मास्तु किन्तु स धर्म उभयवृत्तिरिति ज्ञानमेव धर्मस्य साधारणताया नियामक इति चेत्तर्हि चन्द्रकलाधरभजनराहित्यरूपो धर्मोऽपि चक्षामर्त्यसाधारण एव ।

ननु चन्द्रकलाधरभजनराहित्याख्यो धर्मः केवलमुपमेयतावच्छेदकः । उपमा-प्रयोजकतावच्छेदकस्तु साधारणो धर्मः स्वात्महिताकरणरूपः । स चात्र लुप्त इति चेदाह-शपथेनेति ।

बालक्रीड़ा

रूप से उपात्त सुखमयत्वका सादृश्य में उपसर्जनीभूत अपवर्ग में अन्वय नहीं होता है तब धर्म में साधारणत्व कैसे होगा ।

अगर यह भाव हो कि कोई भी धर्म चाहे उपमेय में कहा गया हो या उपमान में कहा गया हो । जिसमें कहा गया होगा उसी एक में उसका शाब्द अन्वय होगा । दोनों में शाब्द अन्वय नहीं होगा । किन्तु वस्तुतः यदि देखा जाय तो वह धर्म उपमान एवं उपमेय दोनों में है यह ज्ञान तो होता ही है । बस-बस । यह उभयवृत्तित्व का ज्ञान ही धर्म के विषय में साधारणता का नियामक है । तब तो दीक्षित जी ? इसी तरह की दृष्टि; चन्द्रकलाधर भजनरादित्य पर भी दीजिए । उसका भी तो ज्ञान दोनों जगह हो ही जाता है ।

अगर कहें कि हो जाय भले उसका दोनों जगह में ज्ञान, किन्तु उपमेयतावच्छेदकरूप से माने उपमेय मर्त्य के विशेषण के रूप में ही चन्द्रकलाधर भजनराहित्य धर्म मुझे विवक्षित है और स्वात्महिताकरणरूप साधारण धर्म है जो कि यहाँ लुप्त ही है ऐसा यदि अपना अभिप्राय शपथ के द्वारा प्रकाशित करते हैं तब यह दोष निवारित हो गया । आप तुष्ट होइये ।

इदमप्यन्यत्तैरेव वाचकोपमेयलुप्तायामुदाहरणं निरमीयत—

'रूपयौवनलावण्यस्पृहणीयतराकृतिः ।
पुरतो हरिणाक्षीणामेष पुष्पायुधीयति ॥'

इदं च पद्यमपशब्ददुष्टमवैयाकरणतां कर्तुः प्रकाशयति । तथा हि पुरत इति नगरवाचिनः पुरशब्दात्तसिलि हरिणाक्षीणां नगरादित्यर्थस्यासंगतेः । नहि पूर्ववाचकः पुरशब्दः क्वापि श्रूयते । पूर्वशब्दात्तु 'पूर्वाधरावराणामसि पुरधवश्चैषाम्' इत्यसौ पुरादेशे च पुर इति भाव्यम् । न तु पुरत इति । अतएव 'अमुं पुरः पश्यसि देवदारुम्' इति प्रायुङ्क्त महाकविः । एवमेव

मर्मप्रकाशः

इदमप्यन्यदिति । वक्ष्यमाणमित्यर्थः । तसिलीति इदं चिन्त्यम् । तदप्राप्तेः । आद्यादित्वात्तसावित्युचितम् । महाकविः कालिदासः । तैः अप्पदीक्षितैः । इदं चिन्त्यम् । "पुरत इति निपाताङ्गीकारात् । अत एव 'इयं च तेऽन्या पुरतो विडम्बना' इति कालिदासः, 'पश्यामि तामित इतः पुरतश्च पश्चात्' इति भवभूतिश्च संगच्छते इति केचित् । अन्ये तु "दक्षिणोत्तराभ्यामतसुच्' इत्यत्र तसुचैव पुंवद्भावेन सिद्धेऽतसुज्विधानमन्यस्मादपीति ज्ञापनाय । तेन पचाद्यजन्तात्पुरशब्दात्तस्मिन्निष्टसिद्धिः ।" इत्याहुः । वस्तुतस्तु—'पुर

बालक्रीड़ा

यह भी जो और वाचकोपमेयलुप्ता का उदाहरण उन्होंने बनाया है ।

रूप, यौवन एवं लावण्य के कारण अतीव स्पृहणीय आकृतिवाला यह पुरुष मृगनयनाओं के समक्ष में पुष्पायुध कामदेव के सदृश व्यवहरणीय है ।

यह पद्य अपशब्द दोष से युक्त है अतः निर्माण कर्त्ता की अवैयाकरणता को प्रकाशित करता है । जैसे=पुरतः यह पद नगरवाचक पुरशब्द से तसिल् प्रत्यय करने पर बना है । जिसका अर्थ होता है "हरिणाक्षियों के नगर से" जो कि असंगत है । पूर्व का वाचक पुरशब्द कहीं भी सुनाई नहीं पड़ता है । हाँ पूर्व शब्द को "पूर्वाधरावराणामसि पुरधवश्चैषाम्" इस सूत्र में पुर आदेश होने पर पुरः यह प्रयोग होना चाहिए । न कि पुरतः । इसीलिए महाकवि कालिदास ने (अमुं पुरः पश्यसि) इस देवदारु वृक्ष को सामने देख रहे हो । इस वाक्य में पुरः पद का प्रयोग किया है । एक यही अपशब्द नहीं इन्होंने नहीं किया है । इसी तरह "मुख के सामने चन्द्रमा निष्प्रभ है" यहाँ अप्रस्तुत प्रशंसा में । उपमा निरूपण रूप द्वितीय प्रकरण के आरम्भ में भी उन्होंने अपशब्द कर दिया है । जैसा कि वैयाकरणों ने कहा है । पति के पुरतः और परतः, ऊँची नीची भूमि में अपने पैर को पुरतः रख रही है । वह सुदती पुरतः आये हुए मुझको इत्यादि सभी अपशब्द है । जिनके मूल में व्याकरण का अज्ञान ही है । यहाँ पर इतना कहना आवश्यक है कि "स्यात्पुरः पुरतोऽग्रतः" अमर कोष एवं "पुरतः प्रथमे चाग्रे" विश्वकोश में पुरतः शब्द प्रामाणिक तौर से

"मुखस्य पुरतश्चन्द्रो निष्प्रभः' इत्यप्रस्तुतप्रशंसा" इति द्वितीयप्रकरणारम्भेऽप्यपशब्दितं तैः । तथा चाहुर्वैयाकरणाः—"पत्या पुरतः,' 'आत्मीयं चरणं दधाति पुरतो निम्नोन्नतायां भुवि', 'पुरतः सुदती समागतं माम्' इत्यादयः सर्वेऽपि व्याकरणाज्ञानमूला अपशब्दाः" इति ।

इयं चैवंभेदोपमा वस्त्वलंकाररसरूपाणां प्रधानव्यङ्ग्यानां वस्त्वलंकारयोर्वाच्ययोश्चोपस्कारकतया पञ्चधा ।

तत्र व्यङ्ग्यवस्तूपस्कारिका यथा—

'अनवरतपरोपकरणव्यग्रीभवदमलचेतसां महताम् ।
आपातकाटवानि स्फुरन्ति वचनानि भेषजानीव ॥'

मर्मप्रकाशः

अग्रगमने' इति तौदादिकाण्णिजभावे इगुपधलक्षणे के सार्वविभक्तिकस्तसिः' इति बोध्यम् । वैयाकरणा इति । प्राञ्च इत्यादिः । एवं भेदा वक्ष्यमाणप्रकारभिन्ना । तदेव बिशिष्याह—वस्त्विति । आपातेति । प्रागनुभूयमानकटुत्वकानीत्यर्थः ।

मधुसूदनी

उपमालक्षणोक्तं वाक्यार्थोपस्कारकं स्मृत्वाऽऽह=इयं चेति । यथा प्रधानव्यंग्योऽलंकार्यस्तथा मुख्य वाच्यार्थोप्यलंकार्यः । रसस्तु स्वप्नेऽपि न वाच्यतामर्हतीति सिद्धान्तात् द्वौ वस्त्वलंकारौ वाच्यौ, वस्त्वलंकाररसास्त्रयः प्रधानव्यंग्या इति पंचोपस्कार्या वाक्यार्थाः । अतः इयमुपमा पंचधा ।

अनवेति । परोपकरणार्थं व्यग्रं स्वभावतस्तु निर्मलं चेतो येषां तेषां महतां

बालक्रीड़ा

उल्लिखित है । और "पुर अग्रगमने यह चौरादिक धातु है इससे णिच् के अभाव पक्ष में" यह नागेशमहाशय का लेख है या लेखक प्रमाद से आ गया है । जो हो यह पुर अग्रगमने तुदादिगण का धातु है । जिसकी १३४७ संख्या है । चुरादिगण का नहीं है । धातुपाठ में एक ही जगह तुदादि में इसका उल्लेख है ।

यह इस प्रकार के भेदों वाली उपमा; वस्तु, अलंकार एवं रसरूप प्रधान व्यंग्यों की तथा वस्तु एवं अलंकार रूप मुख्य वाच्यों की उपस्कारिका है अतः पाँच प्रकार की है । ३२ प्रकार की उपमा ५ से गुणा करने पर १६० प्रकार की यह सिद्ध होती है ।

उनमें व्यंग्य वस्तु को उपस्कृत करनेवाली उपमा जैसे=अनवरत "राम काज कीन्हे विना मोहि कहाँ विश्राम" इस हनुमान् जी की उक्ति के अनुसार विना विराम ग्रहण किये दूसरों के उपकार करने में व्यग्र हो रहा है किन्तु स्वभावतः निर्मल है चित्त जिनका, ऐसे

अत्र तादृंशि वचनान्यर्थद्वारा सेवमानस्य मनागप्यक्षुभ्यतः परिणामे परमं सुखं भवतीति प्राधान्येन व्यङ्ग्यस्य वस्तुन उपस्कारिका भेषजोपमा।

व्यङ्ग्यालंकारोपस्कारिका यथा—

'अङ्कायमानमलिके मृगनाभिपङ्कं
पङ्केरुहाक्षि ! वदनं तव वीक्ष्य बिभ्रत्।
उल्लासपल्लवितकोमलपक्ष्ममूला-
श्चञ्चूपुटं चपलयन्ति चकोरपोताः ॥'

मर्मप्रकाशः

तादृंशि आपातकाटवानि। प्राधान्येन व्यङ्ग्यस्येति तेनापातकाटवानीति पदव्यङ्ग्यस्येत्यर्थः। नन्वत्रोपमालंकारो नैवात आह—

मधुसूदनी

मातापितृगुरूणां वचनानि। आपातकाटवानि प्रथमं श्रवणलायां कटूनि परं परिणामरमणीयानि। कानीव भेषजानीव। स्पष्टमन्यत्।

अंकेति। हे पंकेरुहाक्षि ? अलिके भाले अंकायमानं कालिम्ना चन्द्रगतांकसदृशं मृगनाभिपंकं बिभ्रत् धारयत् वदनं वीक्ष्य चकोराः चञ्चूपुटं चिरं चटुलयन्ति।

भालस्थमृगनाभिपंके अंकसादृश्यदर्शनाद् वदने चन्द्रभ्रान्तिश्चकोराणां व्यंग्या। तस्या उपपादको भालस्थे मृगमदपंके विषये अंकस्याभेदः। अस्य मूलं सादृश्यम्। इति सादृश्यमुपमा व्यंग्यभ्रान्तेरुपस्कारिका।

बालक्रीड़ा

महापुरुषों के वाक्य औषध के सदृश चमक रहे हैं। जो वचन कानों में श्रवण के समय कड़वे किन्तु परिणाम में सुखजनक है और भेषज भी मुख में पीने के समय कड़ुई किन्तु फल में हितकारक हैं।

वचन उपमेय, भेषज उपमान, इव उपमावाचक, आपातकाटवता साधारण धर्म है अतः पूर्णोपमा है।

यहाँ पर आपातकाटव वचनों का अर्थानुभूति के साथ सेवन करके थोड़ा भी क्षोभ नहीं करनेवाले पुरुष को परिणाम में परमसुख मिलता है इस प्रधान व्यग्यं वस्तु की उपस्कारिका भेषजोपमा है।

हे पंकेरुहाक्षि ? भाल में अंकसदृश कस्तूरीतिलक को धारण किये हुए तुम्हारे वदन को देखकर उल्लास से आनन्द से जिनके कोमलपक्ष्ममूल पल्लवित हो गये हैं वे चकोर अपने चञ्चूपुटों को चिरकाल तक चटुल करते हैं।

अत्र प्राधान्येन व्यङ्ग्ये आरोप्यमाणचन्द्रके भ्रान्तिमत्यलंकारे उपपादकस्य भालस्थमृगमदपङ्कविषयकस्याङ्काभेदारोपस्याङ्कसादृश्यरूपदोषमूलकत्वादुपमात्रालंकारः ।

रसोपस्कारिका तु 'दरदलदरविन्द—इत्यत्र प्रागेवोदाहृता । रसपदेनासंलक्ष्यक्रमस्योपलक्षणाद्भावाद्युपस्कारिकाप्यत्रैवान्तर्भाव्या । यथा—'नैवापयाति हृदयादधिदेवतेव', 'वन्यकुरङ्गीव वेपते नितराम्' इत्यादिषु प्रागुदाहृतेषु ।
वाच्यवस्तूपस्कारिका यथा—

'अमृतद्रवमाधुरीभृतः सुखयन्ति श्रवसी सखे ! गिरः ।
नयने शिशिरीकरोतु मे शरदिन्दुप्रतिमं मुखं तव ॥'

मर्मप्रकाशः

अत्र प्राधान्येनेति । व्यङ्ग्ये इति । वाक्यव्यङ्ग्ये इत्यर्थः । अलंकारे सतीति शेषः । उपपादकेत्यादिः । अत्रालंकार इति । तथा च तदुपस्कारकत्वमस्याः स्पष्टमिति भावः ।

मधुसूदनी

अत्र मृगमदपंकेति पंकपदं शुष्कस्य मृगमदस्य तिलकानर्हता पंकतां गतस्य तु तदर्हतेति द्योतयितुमुपात्तम् । यद्यपि वदने चन्द्रभ्रान्तौ अंकायमानत्वस्य पदार्थस्य हेतुतया काव्यलिंगमपि । तथापि अंक इवाचरतीत्यर्थस्य मूलभूतत्वादुपमेति न्यरूपि ।

अमृतेति । अमृतद्रववन्माधुरीभृत्त्वं गिरां सुखकरत्वे कारणं, शरदिन्दुना प्रतिमा तुलना यस्य मुखस्येति तादृशत्वं मुखस्य नयनशिशिरीकरणे हेतुरिति उभयत्र

बालक्रीड़ा

यहाँ कस्तूरी तिलक में कालिमा के कारण कलंक का सादृश्य देखकर वदन में चन्द्र की भ्रान्ति होती है अतः आरोप्यमाणचन्द्र विषयकभ्रान्तिमान् अलंकार प्रधानतया व्यंग्य है। उसका उपपादक है भालस्थ मृगमदपंकरूप विषय उपमेय में अंक का अभेदारोप । उसका मूल है अंकसादृश्य रूप दोष । अतः प्रधानव्यंग्यभ्रान्तिमदलंकार की उपस्कारिका उपमा है ।

रस की उरस्कारिका उपमा "दरदलदरविन्दसुन्दर" इसमें पहिले ही दिखलाई है। यहाँ रसपद असंलक्ष्य क्रम का उपलक्षण है अतः भावाद्युपस्कारिका उपमा का भी इसी में अन्तर्भाव है। जैसे=अधिष्ठात्री देवता की तरह वह नायिका हृदय से नहीं जाती है । वन्य मृगी की तरह वह अतीव काँप रही है। इत्यादि पहले बतलाये हुये उदाहरणों में समझना चाहिए ।

वाच्यवस्तु की उपस्कारिका उपमा जैसे=हे सखे ? द्रुतअमृत की मधुरिमा से भरी हुई तुम्हारी वाणी कानों को सुख पहुँचाती है। और शरदृतु के इन्दु के सदृश तुम्हारा मुख मेरे नयनों को शीतल करता है।

अत्र नयनशिशिरीकरणरूपे वस्तुनि वाच्ये मुखस्य शरदिन्दूपमोपस्कारिका ।

वाच्यालंकारोपस्कारिका यथा—

'शिशिरेण यथा सरोरुहं दिवसेनामृतरश्मिण्डलम् ।
न मनागपि तन्वि ? शोभते तव रोषेण तथेदमाननम् ॥'

अत्र वाच्यस्य दीपकस्योपमोपस्कारिका ।

रसादिस्तु न वाच्य इति प्रागेवाभिहितम् ॥

अथ कथमलंकारस्यालंकारान्तरोपस्कार्यत्वमुच्यते । प्रधानस्यैवालंकार्यत्वादिति चेत्, मैवम् । अलंकारस्योपमादेर्ध्वन्यमानतायां प्राधान्याद्रसा-

मर्मप्रकाशः

ननु वस्त्वलंकारयोरिव रसस्यापि वाच्यत्वेन षोढा वक्तुमुचितेयमत आह—रसादिरिति। प्रधानस्यैवेति । अलंकारस्त्वप्रधानमेवेति भावः ।

मधुसूदनी

काव्यलिंगमपि · तथापि गीर्मुखयोस्तत्त्वमुपमाहेतुकमिति सैवालंकार उपस्कारक इत्युक्तम् ।

अथ कथमिति । ननु अलंकारः परशोभाधायकतया अन्योत्कर्षकतया अप्रधानं,

बालक्रीड़ा

यहाँ नयनों को शीतल करने रूप वाच्य वस्तु को मुख के साथ शरदृतु के इन्दु की उपमा उपस्कृत करती है । वाणी के सुख देने में अमृद्रवमाधुरी से पूर्ण होना कारण है । अतः काव्यलिंग है ।

हे तन्वि ? जैसे शिशिर से सरोरुह एवं दिवस से अमृतरश्मि चन्द्रमण्डल ग्लान हो जाते हैं शोभा रहित हो जाते हैं उसी तरह रोष से तुम्हारा आनन शोभा रहित हो जाता है याने थोड़ा भी अच्छा नहीं लगता है ।

यहाँ सरोरुह एवं चन्द्र अप्रकृत हैं, मुख प्रकृत है । इनका शोभा राहित्य रूप एक धर्म से सम्बन्ध है । यही दीपक का स्वरूप है । इस वाच्य दीपकालंकार की उपस्कारिका यथातथा पदप्रतिपाद्या उपमा है ।

प्रधान व्यंग्य रस, वस्तु, अलंकार, तथा वाच्य वस्तु एवं अलंकार की तरह वाच्य रसादि की उपस्कारिका उपमा के एक और भेद को मिला कर छः भेद कहने चाहिए थे पाँच ही कैसे कहे । इस प्रश्न के उत्तर में कहते हैं कि रस, और आदि पदग्राह्य भावादि कभी वाच्य नहीं होते हैं यह पहिले ही कहा जा चुका है । इस प्रश्नोत्तर के लिखने की ग्रन्थकार को क्या आवश्यकता थी । अच्छा । स्पष्ट-स्पष्ट प्रतिपत्तिके लिए कह दिया ।

प्रश्न होता है कि प्रधान व्यंग्य यह रस, वस्तु एवं अलंकार ही उपस्कार्य होते हैं ।

दिवदलंकारान्तरोपस्कार्यत्वे न कोऽपि तावदस्ति विरोधः । एवमेव मुख्यतया वाच्यतायामपि । यथा ह्यापणादौ विक्रीयमाणतायां कनकताटङ्कस्य रत्नाद्यलंकारान्तरोपस्कार्यत्वे तस्यैव कामिनीकर्णालंकरणतायां पुनः प्रधानान्तरसांनिध्यात्ताटङ्कस्य तद्गतरत्नानां च साक्षात्परम्परया च कर्णादिशोभोपस्कारकतया यथा तदलंकारत्वम् , एवमेव रसादिसांनिध्ये रूपकादेस्तदुपस्कारकस्यालंकारान्तरस्य च रसाद्यलंकारतेति ।

मर्मप्रकाशः

वाच्यतायामपि न विरोध इत्यनुषङ्गः ।

मधुसूदनी

तस्यापि अप्रधानस्यापि यदि अन्य उत्कर्षकः, एवं हि अप्रधानमपि अलंकार्यं भवतीति प्राप्तं, तर्हि प्रधानमेवालंकार्यमिति—

रसभावादितात्पर्यमाश्रित्य विनिवेशनम् ।
अलंकृतीनां सर्वासामलंकारत्वसाधनमिति

सिद्धान्तो व्याहतस्तथापि प्रतीयमानो व्यंग्योर्थो द्विविधः स्फुटोऽस्फुटश्चेति । तत्र य एव स्फुटः स ध्वनिः । अस्फुटस्य द्वयी गतिः गुणीभूतव्यंग्यो भवति, शब्दचित्रमर्थचित्रं च भवति । स्फुटोऽपि वाच्यांगश्चेद्; गुणीभूतः, यदुक्तं—

यत्र प्रतीयमानोऽर्थः प्रम्लिष्टत्वेन (अस्फुटत्वेन) भासते
वाच्यस्याङ्गतया वापि नास्यासौ गोचरो ध्वनेरिति

एवं प्रधानाप्रधानव्यवस्था सकारणा । व्यंग्यापेक्षयाऽपि वाच्यस्य प्राधान्यं यर्हि, तर्हि, वाच्यान्तरापेक्षया वाच्यान्तरस्यापि प्राधान्ये नास्त्यवरोध इति भवति वाच्यालंकारस्योपस्कारको वाच्यालंकारः इति ।

लौकिकी स्थितिस्तु पण्डितराजेन निर्दिष्टा । अक्षराणि सरलानि । तस्यैव उपस्कार्यस्यैव प्रधानान्तरस्य कामिनीकर्णरूपस्य सान्निध्याद्धेतोः । तदलंकारत्वं कर्णालंकारत्वम् । तदुपस्कारकयेति रूपकाद्युपस्कारकेण अलंकारान्तरेण उपस्कार्यो रसादिः ।

बालक्रीड़ा

क्योंकि गुण प्रधान भाव स्थल में ही अलंकार्य अलंकारक भाव होता है (गुणानां च परार्थत्वादसम्बन्धः समत्वात्स्यात्) गुण दूसरों के ही लिए होते हैं और समान कोटि के होते हैं अतः उनमें परस्पर उपस्कार्य उपस्कारक भाव सम्बन्ध नहीं हो सकता है तब एक अलंकार दूसरे अलंकार से उपस्कार्य कैसे कहा । क्योंकि दोनों ही अलंकार हैं अलंकार्य कोई नहीं है ।

उत्तर=ऐसा मत कहिए । जो रस सर्वावस्था में व्यंग्य ही रहता है वह रस भी प्रधान रूप से ध्वन्यमान उपमादि अलंकारों तथा रसादि का उपस्कारक हो जाता है उस अवस्था

एवं च प्राचां मते पञ्चविंशतिभेदाया: पुनः पञ्चविधतायां सपादशतं भेदाः। द्वात्रिंशद्भेदवादिनां तु षष्टयुत्तरं शतम्। इतश्चान्येऽपि प्रभेदाः कुशाग्रीयधिषणैः स्वयमुद्भावनीया।

मधुसूदनी

कुशाग्रीयेति। अत्र इवे प्रकृतिकृतावित्यधिकारे "कुशाग्राच्छः" इति इवार्थे छप्रत्यये निष्पन्नमिदम्। कुशाग्रमिव कुशाग्रीया कुशाग्रतुल्या धिषणा येषां तैः।

अत्रैका दृष्टिः। "न श्रौती तद्धिते पुनः" इति मम्मटोक्तं सर्वैरालंकारिकैरादृतं तेषामयमाशयः। धर्मलोपे कृते सति तद्धिते श्रौती न हि भवति। कुत इति चेत्। "तत्र तस्येव" इति सूत्रेण सप्तम्यन्तात् षष्ठ्यन्तात् विधीयमानो वतिः सप्तम्यर्थाधारविशेषणस्य षष्ठ्यर्थसम्बन्धविशेषणस्य साधारणधर्मस्य प्रयोगमपेक्षते। अतः उपमेये उपमानसम्बन्ध बोधकस्य वतेर्धर्मलोपे सति संगतिर्नारितः।

नन्वस्तु इवार्थो वतिः धर्मलोपे न संभवति। परं शिलाया ढः, ढञ्, कुशाग्राच्छः, शर्करादिभ्योऽणित्यादिसूत्रैरिवार्थे शिलाया इव शिलेयं, शैलेयं दधि। कुशाग्रमिव

बालक्रीड़ा

में उसका नाम रसवदलंकार होता है। इस तरह जब ध्वन्यमान अतएव प्रधानीभूत उपमादि अलंकार, प्रधान व्यंग्य रस की तरह अन्य अलंकारों के द्वारा उपस्कार्य होने में कोई विरोध नही है। तब मुख्यतया वाच्य उपमादि अलंकारों के, अमुख्यतया वाच्य उपमादि अलंकारों के द्वारा उपस्कार्य होने में कौन बाधक है। जैसे=दुकान वगैरह में बेचने के लिए रक्खे हुए सोने के ताटंक कर्णभूषण, रत्नादि अलंकारान्तर से उपस्कार्य होने पर भी कामिनी के कर्णों को सुशोभित करने की दशा में प्रधान कर्ण की सन्निधि में जो दुकान में विक्रीयमाणावस्था में प्रधान था वही ताटंक और उसमें रहनेवाले रत्न भी कर्ण की शोभा करने के कारण कर्ण के अलंकार बन जाते हैं।

यहाँ भाव यह है कि सुवर्ण और रत्न दानों में रत्न बहुमूल्य होने के कारण प्रधान होते हैं और रत्नापेक्षया अल्पमूल्य होने से सुवर्ण अप्रधान होता है। किन्तु सुवर्ण से बने हुए गहनों में रत्नों को जड देते हैं तब रत्न अप्रधान हो जाते हैं और सुवर्ण प्रधान। इस पर भी जब वह रत्नजटित स्वर्णाभरण कामिनी के कानों की शोभा को बढ़ाता है तब रत्नापेक्षया प्रधान बना हुआ वह स्वर्ण दूसरे प्रधान कामिनी कर्ण की सन्निधि में अप्रधान बनकर अलंकार हो जाता है।

इसी तरह रस की सन्निधि में दीपक रूपक आदि अलंकार रस का उपस्कार करते हैं उसका उपस्कार सादृश्य करता है इस तरह एक अलंकार दूसरे अलंकार से उपस्कार्य होता है। इस विषय में अधिक जानना चाहें वे मधुसूदनी में रखें।

इस तरह प्राचीनों के मत में २५ प्रकार की उपमा को पाँच प्रकार की मानने पर उसका १२५ सवासौ भेद होते हैं। ३२ भेद मानने वालों के मत में १६० साठ सौ भेद

तत्र क्वचिदनुगाम्येव धर्मः। क्वचिच्च केवलं बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नः। क्वचिदुभयम्। क्वचिद्वस्तुप्रतिवस्तुभावेन करम्बितं बिम्बप्रतिबिम्बभावम्। क्वचिदसन्नप्युपचरितः। क्वचिच्च केवलशब्दात्मकः।

मधुसूदनी

कुशाग्रीया धिषणा, शर्करा इव शार्वरम् मोदक्म्। पुण्डरीकमिव मुखमित्यादिषु तद्धितप्रत्ययान्तेषु क्रमशः कठिनत्वतीक्ष्णत्वमधुरत्वमनोज्ञत्वरूपधर्माणां लोपेऽपि श्रौती उपमा संभाव्येति चेत्। शृणु। इवार्थे विहिता अपीमे प्रत्ययास्तुल्यार्था एव। शैलेयं दधीत्यादिषु सर्वत्र अभेदान्वयस्य दर्शनात्। तेषां सादृश्यार्थकत्वे तुल्यार्थत्वाभावे हि उक्तप्रयोगेषु सामानाधिकरण्यस्यासंभव एव स्यादिति।

तत्रेति। तत्र पूर्णायां न तुलुप्तायां, तस्यां तु धर्मस्यानुगामित्वबिम्बप्रतिबिम्बभावाः केचन। अतोऽनुगामित्वाद्यतिरिक्ता भेदा लुप्तयां न भवन्ति। सर्वैरपि ते क्यच् क्यङ् क्विप् णमुलादि प्रत्ययैः साध्याः प्रकारान्तरेण। तत्र धर्मः शुद्धः अध्यवसितः। अध्यवसायोऽपि श्लेषेण वा प्रकारान्तरेण वा। क्वचित्तस्य सकृन्निर्देशः। क्वचित्पृथङ् निर्देशः। तत्र सकृन्निर्देशे क्वचिदनुगामी एकरूपः। कुहचिदसन्नपि उपचरितः। कुत्रचित् समासान्तरमाश्रितः। क्वचिच्छ्लिष्टः। कुहचन केवल शब्दात्मकः। क्वचन समासान्तरमाश्रितः। पृथङ्निर्देशे सम्बन्धिभेदमात्रं न तु स्वरूपतो भिन्नं प्रतिवस्तूप

बालक्रीड़ा

उपमा के होते हैं। इससे और अधिक भेदों का कुशाग्रीय धिषण कुश के अग्रभाग के सदृश पैनी बुद्धिवाले विद्वान् लोग उद्भावन करें।

वहाँ पूर्णोपमा में (लुप्तोपमा में नहीं वहाँ तो केवल अनुगामी और बिम्बप्रतिबिम्बभावरूप ही धर्म होता है) कहीं अनुगामी धर्म होता है। कहीं केवल बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्न रहता है। कहीं उभय रूप रहता है। कहीं पर वस्तु प्रतिवस्तुभाव से करम्बित बिम्बप्रतिबिम्बभाव को आपन्न धर्म रहता है। कहीं पर असत् हुआ भी उपचरित होता है। कहीं पर केवल शब्दात्मक रहता है। यहाँ का तत्त्व मधुसुदनी में अधिक देखेंगे।

यहाँ यह रहस्य है। यह उपमा साधारण धर्म से सम्बन्ध होने पर प्रकृतो में, या अप्रकृतों में या प्रकृत एवं अप्रकृत में होती है। क्योंकि साधर्म्य अर्थात् साधारण धर्म निबन्धन सम्बन्ध ही उपमा का स्वरूप है। धर्म जो है वह द्रव्य में रहता है और यावदाधार गामी है। तथा भाव एवं अभाव रूप से दो प्रकार का है। उनमें अभाव रूप एक प्रकार का है। और भावरूप वह धर्म जातिरूप, गुणरूप एवं क्रियारूप है। इसके सिवाय इन तीनों में से जिसका कोई भी रूप नहीं है वह शुद्ध धर्ममात्र है। जैसे—

सदयं बुभुजे महाभुजः सहसोद्वेगमियं व्रजेदिति
अचिरोपनतां स मेदिनीं नवपाणिग्रहणां वधूमिव।

उस महाभुज राजा ने नवोढा वधू की तरह आचिरोपनता मेदिनी का, सहसा उपभोग करने पर संभव है उद्विग्न हो जाय इसलिए सावधानी से उपभोग किया।

मधुसूदनी

मावत् वस्तुप्रतिवस्तुभावमापन्नः। क्वचित् धर्मितो भिन्नं स्वरूपतो भिन्नं दृष्टान्तवत् बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नः। क्वचिन् मिश्रितः। इत्यनेकविधः।

इदं रहस्यम्। इयमुपमा प्रकृताप्रकृतयोः प्रकृतयोरप्रकृतयोः साधारणेन धर्मेण सम्बन्धे सति भवति। यावता हि साधारणधर्मनिबन्धनमुपमास्वरूपम्। धर्मश्च द्रव्याश्रितो यावदाधारगामी। स च भावाभावरूपतया द्विविधः। तत्र अभाव एकरूपः। भावरूपश्च स धर्मः जातिरूपः, गुणरूपः, क्रियारूपः। एतदति रिक्तमपि धर्ममात्रं, जातिगुणक्रियासु यस्य एकमपि रूपं नास्ति। यथा —

यथासदयं बुभुजे महाभुजः सहसोद्वेगमियं व्रजेदिति।
अचिरोपनतां स मेदिनीं नवपाणिग्रहणां वधूमिव।

इत्यत्र अचिरोपनताख्यः सम्बन्धः संयोगादिगुणमध्यपाठाभावाद्धर्ममात्रम्। एवं चतुर्विधः। अभावेन सह पञ्चविधः। इति सर्वसम्मतः पक्षः।

जातेः साधारणधर्मत्वेऽपि सादृश्यनिमित्तत्वाभावान्नोपमाङ्गत्वम्। तज्जातीयत्वं हि तत्वं स्यान्न तु तत्सदृशत्वं, घटत्वजातिमत्वं हि घटत्ववत्वं स्यान्नतु घटसदृशत्वं स्यात्। अन्यच्च जातेः प्रत्येकं व्यक्तिषु सर्वात्मना परिसमाप्तत्वात् शुक्लतरः शुक्लतम इति गुणेषु, गच्छतितरां गच्छतितमामिति क्रियासु च तारतम्यस्य दर्शनात्, गोतरः गोतम इति जातिष्वदर्शनाच्च तत्र तरतमहेतुत्वाभावाद्विशेषाभावः। यत्र किंचित्सामान्यं कश्चिद्विशेषः स विषयः सदृशताया इति सिद्धान्तात्, गुणानां

बालक्रीड़ा

यह अचिरोपनतत्व मेदिनी और वहू में रहने वाला धर्म, संयोगादि गुणों में पाठ नहीं होने से गुण नहीं है। नित्य और अनेक समवेत नहीं होने से जाति भी नहीं है। साध्य नहीं होने से क्रिया भी नहीं है किन्तु इनसे भिन्न धर्ममात्र है। इस तरह भावरूप धर्म चार प्रकार का हुआ अभाव से मिला देने पर ५ प्रकार का है। यह सर्व सम्मत पक्ष है।

जाति साधारण धर्म होने पर भी सादृश्य की निमित्त नहीं हो सकती है सादृश्य का प्रयोजक नहीं बन सकती है अतः उपमाङ्ग नहीं है क्योंकि तज्जातीय का मतलब वह है न कि उसके सदृश, जैसे घटत्व जाति वाला घटत्ववान् होगा न कि घट सदृश। एक बात और भी हैं कि प्रत्येक जाति स्वानुगत प्रत्येक व्यक्ति में समान रूप से रहती है अतः "शुक्लतर शुक्लतम" इत्यादि गुणों की "गच्छतितरां गच्छतितमां" इत्यादि क्रियाओं की तरह उसमें तरतम भाव नहीं हो सकता है फलतः विशेष रूप वह नहीं है। किन्तु जहाँ कुछ सामान्य हो और कुछ विशेष हो वह उपमा का विषय होता है। अतः जाति उपमा का अंग साधारण धर्म नहीं हो सकती है।

गुणों का गुण या क्रिया साधारण धर्म नहीं हो सकता है और क्रिया का भी गुण और क्रिया साधारण धर्म नहीं हो सकती है क्यों कि वे गुण और क्रिया एक मात्र द्रव्य के ही धर्म हैं। शुद्ध गुण क्रिया से अतिरिक्त धर्म गुणादि का भी साधारण धर्म हो सकता है। वह

मधुसूदनी

क्रियाणां च न गुणक्रियारूपः साधारणो धर्मः तयोर्द्रव्यैकधर्मत्वात्, गुणादेरपि धर्ममात्रं साधारणं भवति। तस्य धर्ममात्रस्य क्वचिद् द्रव्यवृत्तित्वेऽपि न गुणत्वं गुणानां परिगणितत्वात्, गुणक्रियावृत्तित्वाच्चेति। एवं धर्मः गुणरूपः क्रियारूपः, एतद्भिन्नं धर्ममात्रमभावश्चेति चतुर्विध इति अलंकाररत्नाकरकाराणां मतम्।

चतुष्टयी शब्दानां प्रवृत्तिरिति महाभाष्यप्रक्रियया जातिगुणक्रियाद्रव्यरूपो-धर्मो भवति। ननु जातौ तरतमभावो नास्ति तस्याः प्रत्येकपरिसमाप्तत्वात्। गुणे गुणानङ्गीकारात्। क्रिया द्रव्यमेवाश्रित्य तिष्ठति। नहि स्वं स्वस्मिन् तिष्ठतीति द्रव्यमपि न कोऽपि धर्मः। इति चेन्न विरोधः। धर्मधर्मिभावस्य आश्रयाश्रयि-भावेन सत्वात्। अतएव धर्मधर्मिभावो न वास्तवः। जात्याद्यात्मनो धर्मिणोऽपि कदाचिदन्याश्रितत्वे धर्मत्वात्। यथा

यान्त्या मुहुर्वलितकन्धरमाननं
तदावृत्तवृन्तशतपत्रनिभं वहन्त्या ॥

इत्यत्र वलितत्वावृत्तत्वयोर्धर्मयोः कन्धरावृन्तयोर्धर्मिणोर्वर्तमानत्वम्। कन्धरा-वृन्तयोर्धर्मिणोरपि आननशतपत्रापेक्षया धर्मत्वमेव। अत एवोक्तं "स भावो न वास्तवः" इति। एवं च तदतिरिक्तं धर्ममात्रमपि साधारणं न किंचिद्वाच्यम्। चतुष्टय्या एव शब्दानां प्रवृत्तेरुक्तत्वादिति विमर्शिनीकाराणां मतम्।

बालक्रीड़ा

शुद्ध धर्म किसी द्रव्य में रहकर गुण रूप नहीं होता है। क्योंकि गुण परिगणित है। इसके सिवाय वह शुद्ध धर्म गुणाक्रिया में रह सकता है। इस तरह साधारण धर्म गुण, क्रिया, शुद्धधर्म एवं अभाव चार प्रकार का है यह अलंकाररत्नाकरकारका मत हैं।

चतुष्टयी शब्दों की प्रवृत्ति है यह महाभाष्यकार का मत है। इस प्रक्रिया के अनुसार जाति, गुण, क्रिया एवं द्रव्य साधारण धर्म होता है। प्रश्न=जाति में तरतम भाव नहीं होता है क्योंकि वह प्रत्येक में परिसमाप्त है। गुण में गुण नहीं रहता। क्रिया द्रव्याश्रित ही रहती है। द्रव्य भी धर्म नहीं हो सकता है क्यों कि अपने में अपने आप रह नहीं सकता हैं। कितना ही बुद्धिमान् क्यों न हो कोई, किन्तु अपने कन्धे पर अपने नहीं चढ़ सकता है।

उत्तर। यह ठीक नहीं है। यह धर्म धर्मिभाव आश्रय आश्रयिभाव को लेकर के है। इसीलिए वह वास्तविक नहीं है, क्योंकि जाति, गुण, क्रिया एवं द्रव्य रूप धर्मी भी किसी अन्य के आश्रित होने पर धर्म हो जाते हैं। जैसे=मेरी तरफ देखने की इच्छा से वह नायिका बार २ ग्रीवा को घुमाती हुई जा रही थी। उस समय उसका मुख बार २ आव-र्त्तित वृन्त (वृन्त प्रसवबन्धन है अर्थात् पुष्प एवं फल जिस स्थान पर उगते हैं उस स्थान के जोड़ को वृन्त कहते हैं) वाले कमल की शोभा को प्राप्त कर रहा था।

यहाँ वलितत्व और आवृत्तत्व दो धर्म कन्धरा (ग्रीवा) और वृन्त में है। और कन्धरा तथा वृन्त भी मुख और कमल में धर्मरूप है। इसीलिए कहा था कि वह धर्म-

तत्राद्यो यथा—

'शरदिन्दुरिवाह्लादजनको रघुनन्दनः ।
वनस्रजा विभाति स्म सेन्द्रचाप इवाम्बुदः' ॥

अत्र पूर्वार्धे सकृन्निर्देशाद्धर्मोऽनुगामी ।

केवलबिम्बप्रतिबिम्बभावापन्नः 'कोमलातपशोणाभ्र—' इत्यत्र बोध्यः । द्वतीयार्धे तूभयम् (विशेषभानरूपोऽनुगामी, इन्द्रचापवनस्रजोर्बिम्बप्रतिबिम्ब-भावः सादृश्यमूलकाभेदाध्यवसाय इति यावत् तद्विषयश्चेत्युभयरूप इत्यर्थः)

तृतीयोऽपि त्रिविधः—विशेषणमात्रयोर्विशेष्यमात्रयोस्तद्युगलयोर्वा वस्तुप्रतिवस्तुभावेन करम्बितः ।

मर्मप्रकाशः

उभयं अनुगामित्वं विम्बप्रतिबिम्बभावं च । द्वितीयार्धे तु वनस्रजा विभाति इत्यादौ । वनस्रजा आपादतलावलम्बिमालया । अयं चोक्तान्तर्गतो नातिरिक्तो भेदः । अत एव वक्ष्यति—तृतीयोऽपि त्रिविध इति ।

मधुसूदनी

शरदिति । अत्र पूर्वार्धे धर्म आह्लादजनकत्वमेकरूपः सकृन्निर्देशात् ।

द्वितीयेति । द्वितीयार्द्धे शरदिन्दुपद्यस्योतरार्द्धे उभयं विम्बप्रतिभावमनुगा-मित्वञ्चापन्नो धर्मः । तथाहि—विशेषेण भानं रघुनन्दनाम्बुदयोरनुगामी । वनस्रग् रघुनन्दने, इन्द्रचापोऽम्बुदे । एवमयं तयोः बिम्बप्रतिविम्बभावमापन्नः । इति ।

बालक्रीड़ा

धर्मिभाव वास्तविक नहीं है । और इसके सिवाय शुद्ध धर्म कोई वस्तु नहीं है । क्योंकि चतुष्टयी शब्दों की प्रवृत्ति है । यह विमर्शिनीकार का मत है ।

उन धर्मों में प्रथम का उदाहरण जैसे=शरद्ऋतु के इन्दु की तरह आह्लाद करने वाले रघुनन्दन हैं ।

यहाँ पूर्वार्द्ध में आह्लादजनकत्व धर्म का सकृन्निर्देश है एक बार कथन है अतः वह धर्म अनुगामी है ।

"कोमलातशोणाभ्र" इसमें केवल बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्न धर्म है ।

वनमाला पहिने हुए भगवान् रामचन्द्र ऐसे सुन्दर मालूम पड़ते हैं जैसे इन्द्रधनुष से मेघ सुन्दर होता है ।

यहाँ उत्तरार्ध में विभातिपदार्थ सुन्दरता अम्बुद और रघुनन्दन में अनुगामी है । और वनमाला एवं इन्द्रधनुष में बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्न है ।

तीसरा भी तीन प्रकार का है । विशेषणमात्र में स्थित १, या विशेष्यमात्र में

तत्राद्यो यथा—

'चलद्भृङ्गमिवाम्भोजमधीरनयनं मुखम् ।
तदीयं यदि दृश्येत कामः क्रुद्धोऽस्तु किं ततः ॥

अत्र चलनाधीरत्वयोर्विशेषणयोर्वस्तुत एकरुपयोरपि शब्दद्वयेनोपादाना-द्वस्तुप्रतिवस्तुभावः । तद्विशेषणकयोश्च भृङ्गनयनयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावः । इति तत्करम्बितोऽयमुच्यते ।

तत्र द्वितीयो यथा—

'आलिङ्गितो जलधिकन्यकया सलीलं
लग्नः प्रियंगुलतयेव तरुस्तमालः ।
देहावसानसमये हृदये मदीये
देवश्चकास्तु भगवानरविन्दनाभः ॥'

अत्रालिङ्गितत्वलग्नत्वयोर्वस्तुप्रतिवस्तुभावः । तद्विशेष्यकयोश्च जलधि-कन्याप्रियंगुलतयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावः । इत्ययमपि तत्करम्बित एव ।

तत्र तृतीयो यथा—

'दशाननेन दृप्तेन नीयमाना बभौ सती ।
द्विरदेन मदान्धेन कृष्यमाणेव पद्मिनी ॥

बालक्रीड़ा

स्थित २, या दोनों में स्थित ३ वस्तु प्रतिवस्तुभाव से करम्बित बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्न ।

उनमें पहिला जैसे=चलद्भृंग कमल की तरह अधीरनयन उसका मुख सामने दिखाई पड़े तब कामदेव क्रुद्ध भी हो जाय तो क्या; उससे कुछ बनता विगडता नहीं है ।

यहाँ चलन और अधीरत्व विशेषणों में वस्तुतः एक अर्थ का शब्दद्वय से उपादान कर देने से वस्तुप्रतिवस्तुभाव है । और चलन और अधीरत्व विशेषण हैं जिनमें, उन भृङ्ग और नयन में बिम्बप्रतितम्बभाव है । इसलिए वस्तु प्रतिवस्तुभाव से युक्त बिम्ब-प्रतिबिम्बभाव है ।

उनमें दूसरा जैसे=प्रियंगुलता (प्रियंगुर्महिलाह्वया इत्यमरः) महिलाह्वयलता संलग्न तमालतरु की तरह लीला के साथ जलधि कन्या से आलिङ्गित भगवान् अरविन्दनाभ देव मेरे हृदय में देहावसान के समय प्रतिभात होवें ।

यहाँ लग्नत्वालिङ्गितत्व में वस्तुप्रतिवस्तुभाव है । उनके विशेष्य प्रियंगुलताजल-धिकन्या में बिम्बप्रतिबिम्बभाव है । इस तरह यह भी तत्करम्बित ही है । पूर्व में विशेषण थे यहाँ विशेष्य है ।

उनमें में तीसरा जैसे=दृप्त दशानन से नीयमाना सती पतिव्रता सीता मदान्ध हस्ती से कृष्यमाणा पद्मिनी की तरह मालूम पड़ रही है ।

अत्र विशेषणयोर्दृप्तत्वमदान्धत्वयोर्विशेष्ययोश्च नीयमानत्वकृष्यमाणत्वयोर्वस्तुप्रतिवस्तुभावेनोभयतः संपुटितो दशाननद्विरदयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावः। इत्ययमपि तत्करबिम्बतः।

विमलं वदनं तस्या निष्कलङ्कमृगाङ्कति' इत्यत्र वैमल्यनिष्कलङ्कत्वयोर्वस्तुत एकरूपयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावनिर्मुक्तं वस्तुप्रतिवस्तुभावमापन्नयोरुपमानिष्पादकत्वं यद्यस्ति तदा शुद्धं वस्तुप्रतिवस्तुभावमापन्नोऽप्येष षष्ठो धर्मः। न च 'कोमलातपशोणाभ्रसंध्याकालसहोदरः' इत्यादौ यतिसंध्याकालयोरुप-

मर्मप्रकाशः

यद्यस्ति तदेत्यनेनारुचिः सूचिता। तद्बीजं तु — एकोप्यर्थो भिन्नशब्देनोपात्तो भिन्न इव प्रतीयते। अत एव 'उदेति सविता ताम्रस्ताम्र एवास्तमेति च' इत्यादौ 'रक्त एवास्तमेति च' इति पाठे दुष्टतेति प्राञ्चः। प्रकृते संबन्धिभेदादपि भेदप्रत्ययस्तयोः। भिन्नरूपेण प्रतीयमानस्य च न साधारणता। साधारणीकरणस्य च न कश्चिदुपायः, विना बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्नैकधर्मसंबन्धित्वम्। तथा च शब्दाद्भेदेन प्रत्यये, संबन्धिभेदाच्च भेदप्रत्ययं, बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्नैकधर्मसम्बन्धित्वेन तयोरभेदाध्यवसाये साधारणत्वमस्येति कथं शुद्धस्योपमानिष्पादकत्वम्। अत एव प्राञ्चः बिम्बप्रतिबिम्बभावकरम्बित एवायमित्याहुरिति। षष्ठ इति।

मधुसूदनी

शुद्धमिति। शुद्धं केनापि न करम्बितं वस्तु प्रतिवस्तुभावमित्यन्वयः। एकस्यैव धर्मस्य सम्बन्धिभेदेन द्विरुपादानं वस्तुप्रतिवस्तुभावः। स तु शुद्धो न संभवतीति चित्रमीमांसायां दीक्षितानामुक्तिं कटाक्षयितुमियमुक्तिः।

बालक्रीडा

यहाँ विशेषण दृप्तत्व मदान्धत्व, और विशेष्य नीयमानत्व और कृष्णमाणत्व में स्थित वस्तुप्रतिवस्तुभाव से उभयतः सम्पुटित दशानन और द्विरद में बिम्बप्रतिबिम्बभावः है। इस तरह यह भी उससे करम्बित है।

उसका विमल वदन निष्कलङ्क मृगाङ्क के सदृश है। यहाँ पर वैमल्य और निष्कलंकत्व एकरूप हैं।

अतएव ये केवल वस्तुप्रतिवस्तुभाव को आपन्न प्राप्त हैं। अर्थात् अकरम्बित बिम्बप्रतिबिम्बभाव इनमें नहीं हैं उससे विनिर्मुक्त हैं। अतएव शुद्ध है अगर ये विमलत्व निष्कलंकत्व धर्म उपमा के निष्पादक हो जाते हैं तब केवल बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्नधर्म की तरह केवल वस्तुप्रतिवस्तुभावपन्न धर्म नाम से यह छठा एक भेद और हो सकता है।

प्रश्न = "कोमलातपशोभाभ्रसन्ध्याकालसहोदरः" इत्यादि उदाहरणों में यति और सन्ध्याकाल की उपमा में धर्मान्तर की प्रतीति नहीं होती है अतः कुंकुमालेप कषायवसन

मायां धर्मान्तरस्यानवगमात्कुङ्कुमालेपकषायवसनयोः कोमलातपशोणाभ्रयोश्च बिम्बप्रतिबिम्बभावो यथावश्यभ्युपेयः, प्रकृते तु न तथा वस्तुप्रतिवस्तुभावः वदनमृगाङ्कयोः सौन्दर्यरूपसाधारणधर्मस्य प्रतीयमानत्वेन धर्मान्तरानपेक्षणादिति वाच्यम् । एवं तर्हि 'यान्त्या मुहुर्वलितकंधरमाननं तदावृत्तवृन्तशतपत्रनिभं वहन्त्या' इति भवभूतिपद्येऽपि प्रतीयमानेन सौन्दर्येणैव सामान्येन निर्वाहे कंधरावृन्तयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावस्य वलितत्वावृत्तत्वयोर्वस्तुप्रतिवस्तुभावस्य च सकलैरालंकारिकैः स्वीकारो विरुद्धः स्यात् ; अतो यथास्थितमेव साधु ।

मर्मप्रकाशः

प्रकृते तु न तथेति । तथा तु प्रकृते नेत्यर्थः ।

मधुसूदनी

धर्मान्तरस्यानवगमादिति । यतिसंध्याकालयोरुपमायां धर्मान्तरस्य बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नधर्मादतिरिक्तस्य धर्मस्यानवगमादित्युक्तिरसंगतैव । यतः नारदस्य शुकदेवप्रभृतीनां च गोदोहनमात्रं यावद् गृहस्थानां गृहेषु स्थायित्वस्य प्रसिद्धत्वात् । सन्ध्याकालस्यापि अहोरात्रयोः संधिकालस्यापि द्विमुहूर्तव्यापित्वोक्तेश्च अचिरस्थायित्वं तयोः साधारणं धर्मान्तरमवगन्यते एवेति । अतः बिम्बप्रतिबिम्बभावो नावश्यमभ्युपेयः । इति "अवश्याभ्युपेयत्वो"क्तिरपि न समीचीनेति ।

बालक्रीड़ा

तथा कोमलातप शोणाभ्र में बिम्बप्रतिबिम्बभाव अवश्य मानना पड़ेगा । किन्तु प्रकृत विमलं वदनं में वस्तुप्रतिवस्तुभाव अवश्य अभ्युपेय नहीं है । क्योंकि वदन और मृगाङ्क में सौन्दर्यरूप अनुगामी धर्म की प्रतीति होती है अतः शुद्ध वस्तुप्रतिवस्तुभावरूप धर्मान्तर की अपेक्षा नहीं है ।

उत्तर=यदि ऐसी भावना से प्रतीत धर्म के सहारे उपमा की सिद्धि मान ली जायगी तब तो "यान्त्या मुहुः" इस भवभूति के पद्य में भी प्रतीयमान सौन्दर्य साधारणधर्म के द्वारा ही उपमा का निर्वाह हो सकता था तब सकल आलंकारिकों द्वारा स्वीकृत कन्धरा एवं वृन्त में बिम्बप्रतिबिम्बभाव तथा वलितत्व एवं आवृत्तत्व में वस्तुप्रतिवस्तुभाव विरुद्ध ही हो जायगी । अतः यथा स्थित ही साधु है ।

सच शुद्धो न संभवति, किन्तु विशेषणतया विशेष्यतया सर्वत्र बिम्बप्रतिबिम्बभाव करम्बितः, वह वस्तुप्रतिवस्तुभाव शुद्ध मिलना संभव नहीं है । अतः वह सभी जगह विशेषण रूप से या विशेष्यरूप से बिम्बप्रतिबिम्बभाव से करम्बित ही रहेगा । यह चित्रमीमांसाकार का कथन ठीक नहीं है । क्योंकि जैसे यान्त्या में सौन्दर्य धर्म के प्रतीत होने पर भी बिम्बप्रतिबिम्ब एवं वस्तुप्रतिवस्तुभाव माना है उसी तरह प्रकृत में भी समझना चाहिए ।

उपचरितो यथा—

'शतकोटिकठिनचित्तः सोऽहं तस्याः सुधैकमयमूर्तेः ।
येनाकारिषि मित्रं, स विकलहृदयो विधिर्वाच्यः ॥'

एषा सीतां विवासितवतः स्वात्मगता रामस्योक्तिः । अत्र काठिन्यं पार्थिवो धर्मश्चित्ते उपचरितः ।

मधुसूदनी

काठिन्यं धर्मे उपचरित इति विचार्यते। आह्लादकत्वं माधुर्यं शृंगारे द्रुतिकारणमिति काव्यप्रकाशे द्रुतिकारणमित्युक्त्या प्रतिभाति, यद् अद्रुतस्य चेतसो द्रुतेः कारणं माधुर्यमिति। द्रुतस्य द्रुत्यर्थं प्रवृत्तिर्नहि भवति किन्त्वद्रुतस्य तदर्था प्रवृत्तिः। एवं हि अद्रुतं नाम कठिनमपि चित्तं भवति तत एव द्रुतिकारणत्वोक्तिः संगता। चित्तद्रव्यं हि जतुवत्स्वभावात्कठिनात्मकम्। तापकैर्विषयैर्योगे द्रवत्वं प्रतिपद्यते। इत्युक्तिश्च

अतएव; वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि ।
लोकोत्तराणां चेतांसि को हि विज्ञातुमर्हसीति प्रसिद्धिश्चेति ।

बालक्रीड़ा

यहाँ आलोचन है कि यति और संन्ध्याकाल की उपमा में बिम्बप्रतिबिम्बभाव से अतिरिक्त धर्म की प्रतीति नहीं होती है अतः इनकी उपमा में बिम्बप्रतिबिम्बभाव मानना आवश्यक है। यह पण्डितराज का कथन गड़बड़ है। क्योंकि जैसे नारद एवं शुकदेव प्रभृति यतियों का गृहस्थों के घरों में गोदोहन काल तक थोड़ी देर ठहरना प्रसिद्ध है उसी तरह सन्ध्याकाल अर्थात् अहोरात्र के संधिकाल का भी दो ही मुहूर्त तक थोड़ी देर ठहरना प्रसिद्ध है इस तरह अचिरस्थायित्व रूप अन्य साधारणधर्म की यति और संन्ध्याकाल में प्रतीति हो रही है तब अन्य धर्म की प्रतीति नहीं होने से कुंकुमालेप काषायवसन तथा कोमलातप शोणाभ्र में बिम्बप्रतिबिम्बभाव अवश्य मानना पड़ेगा यह कहना कैसे ।

अतः सिद्ध है = जैसे—दृष्टान्त में केवल बिम्बप्रतिबिम्बभाव प्राप्त है उसी तरह प्रतिवस्तूपमा में केवल वस्तुप्रतिवस्तुभाव प्राप्त होता है। फलतः वह शुद्ध नहीं मिल सकता है वह चित्रमीमांसाकार का कथन भी शिथिल है ।

शतकोटि (वज्र) सदृश कठिन हृदय मुझको सुधामयमूर्ति उस नायिका का मित्र जिसने बनाया वह विधि विकल है अतएव वाच्य है निन्दनीय है।

यह सीता को विवासित करनेवाले राम की अपने विषय में उक्ति है। यहाँ काठिन्य पार्थिव धर्म है चित्त में उसका उपचार किया है।

यहाँ "चित्त में काठिन्य उपचरित है" यह विचारणीय है। क्योंकि चित्त में काठिन्य स्वाभाविक नहीं हो तब उपचरित कहना संगत हो सकता है। किन्तु साहित्यदर्पण एवं लोक प्रमाण से चित्त की कठिनता स्वाभाविक भी है। जैसे = (स्वाभाविकानाविष्टत्वात्मक

केवलशब्दात्मको यथा—

'यत्र वसन्ति सुमनसि, मनुजे, पशौ च शीलवन्तः सर्वत्र समाना मन्त्रिणो मुनय इव।'

अत्रोपमानोपमेयगतस्यार्थस्यैकस्याभावाच्छब्द एव धर्मः।

एवमेतेषां धर्माणां व्यामिश्रणं च संभवति।

मधुसूदनी

समाना इति। अन प्राणने इत्यस्माद् घञि आन इति सम आनः समानस्तस्य भावस्तत्त्वम्। मुनिषु सर्वत्र समानत्वम् सर्वप्राणिविषये समप्राणदर्शित्वं। मन्त्रिषु मानेन प्रमाणेन सह न्यायकरणे वृत्तित्वं समानत्वम्।

बालक्रीड़ा

काठिन्यपरित्यागेन सहृदयचित्तार्द्रप्रायत्वं द्रवीभाव:) गूढ़ विषयों में संचाराक्षमत्व रूप स्वाभाविक काठिन्य के परित्याग से सहृदय (प्रतिभाशाली) के हृदय की आर्द्रता का नाम द्रवीभाव है। यहाँ चित्त में स्वाभाविक काठिन्य सिद्ध होता है।

वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि।
लोकोत्तराणां चेतांसि को हि विज्ञातुमर्हति॥

महापुरुषों के चित्त वज्र से भी कठोर हैं और कुसुम से भी मृदु हैं। उनको हर एक नहीं समझ सकता है। यह लोक प्रमाण है।

केवल शब्दात्मक साधारण धर्म जैसे—जिस राजा के राज्य में मन्त्रिलोग मुनियों की तरह सुमन देवताओं में (सुपर्वाणः सुमनसः इत्यमरः) या सुमन विद्वानों में मनुज में, और पशु में सभी में शीलवान् हैं और समान हैं। मुनि लोग सभी में शीलवान् रागद्वेषरहितत्वरूप-भाव वाले हैं। और सम तुल्य है आन प्राणन जिनका ऐसे। अर्थात्—

सभी रहें सुख से यहाँ, सभी रहें नीरोग
सब देखें कल्याण को, दुखी न होवें लोग।

यही सम भावना जिनका जीवन हैं। मन्त्रि लोग सभी में शीलवान् नियमवान् है सभी के साथ नियम का पालन करते हैं। और सभी में समान है मान प्रमाण जिनका ऐसे। अर्थात् प्रमाणों से ही सबके साथ न्याय करते हैं। (शीलः स्वभावो नियमश्च) यह श्रीधरी भागवत टीका और तत्त्व बोधिनी सिद्धान्त कौमुदी की टीका में है। मंत्रिपद के अर्थ के साथ समान शब्द की योजना करने में समान के स्थान में स आदेश हो गया है।

यहाँ उपमान मुनि और उपमेय मंत्री में शील और समान शब्द का एक अर्थ नहीं है भिन्न-भिन्न अर्थ है किन्तु शब्द एक हैं वही यहाँ समान धर्म हैं।

इस प्रकार बतलाये हुए धर्मो का परस्पर में व्यामिश्रण भी संभाव्य है। जैसे—हे

यथा—

'श्यामलेनाङ्कितं भालं बाले ? केनापि लक्ष्मणा ।
मुखं तवान्तरासुप्तभृङ्गफुल्लाम्बुजायते ॥'

अत्र भालगताङ्कप्रसुप्तभृङ्गौ बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नौ क्यङर्थे आचारेऽनुगामिन्यभेदमापद्य स्थितौ ।

यथा वा—

'सिन्दूरारुणवपुषो देवस्य रदाङ्कुरो गणाधिपतेः ।
संध्याशोणाम्बरगतनवेन्दुलेखायितः पातु ॥'

मधुसूदनी

श्यामेति । मुखमम्बुजायते मुखमम्बुजमिवाचरतीति क्यङर्थं आचार मुखे अम्बुजे चानुगामी । तत्र मुखे भालगतश्यामललक्ष्माङ्कत्वम्, अम्बुजे स्वान्तरासुप्तभृङ्गत्वं धर्मौं । तद्धर्मविशिष्टाम्बुजकर्तृकाचारसदृशः तद्धर्मविशिष्टमुखकर्तृकाचारः । एवं बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नौ तौ धर्मौं क्यङर्थे आचारेऽनुगामिनि एकतां प्राप्तौ ।

सिन्दूरेति । गणाधिपते रदांकुरोऽम्बरगतनवेन्दुलेखायितः नवेन्दुलेखा इवाचरन् पातु । क्यङर्थं आचारो रदांकुरे नवेन्दुलेखायां चानुसामी । कीदृशो गणपतिः सिन्दूरेण अरुणं वपुर्यस्य सः । कीदृशमम्बरं संध्यया शोणम् ।

अत्र वस्तुत एकरूपयोरपि सम्बन्धिनोऽम्बरस्य गणपतेश्च भेदाद् द्विरुपात्तयोः शोणारुणयोर्वस्तुप्रतिवस्तुभावः ।

तत्रोक्तभावमापन्नयोः शोणारुणयोर्विशेषणतया स्थितौ सन्ध्यासिन्दूरौ बिम्बप्रतिबिम्बभावं गतौ । तादृशयोस्तयोः विशेष्यतया स्थितौ अम्बरगणाधिपौ बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नौ ।

सन्ध्याहेतुकशोणत्वविशिष्टाम्बरगतनवेन्दुलेखाचारसदृशाचारवान् सिन्दूरजन्यारुण्यविशिष्टगणपतिसम्बन्धिरदाङ्कुरः पातु ।

बालक्रीड़ा

बाले ? मस्तक में किसी श्यामल चिह्न से अंकित हुआ तुम्हारा मुख जिसके भीतर भौंरा सोया हुआ है ऐसे खिले हुए कमल के सदृश आचरण करता है ।

यहाँ बिम्बप्रतिबिम्ब भाव को प्राप्त हुए भालगत अंक और अम्बुज में प्रसुप्त भृंग क्यङ प्रत्ययार्थ अनुगामी आचार में अभिन्न होकर स्थित हैं । यहाँ बिम्बप्रतिबिम्ब भाव एवं अनुगामी धर्मों का मिश्रण है ।

और भी जैसे=सान्ध्य शोणिमा से शोण अम्बर में वर्त्तमान नवीन इन्दु लेखा के सदृश सिन्दूर से अरुण शरीर वाले देव गणेश जी का रदाङ्कुर (दाँतरूपी अंकुर) हमारी रक्षा करे ।

अत्र वस्तुप्रतिवस्तुभावमापन्नयोः शोणारुणयोः क्रमशो विशेषणतया विशेष्यतया स्थिताभ्यां सिन्दूरसंध्याभ्यां गणाधिपगगनाभ्यां च बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नाभ्यां धर्माभ्यां संपादितविशिष्टधर्मेण सहाभेदेनावस्थितः क्यङर्थोऽनुगामी।

क्वचिद्धेतुहेतुमद्भावेन। यथा—

खलः कापट्यदोषेण दूरेणैव विसृज्यते।
अपायशङ्किभिर्लोकैर्विषेणाशीविषो यथा॥

मर्मप्रकाशः

गणाधिपगगनाभ्यामिति। गणाधिपगगनयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावे च बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्नसिन्दूरसंध्याविशेषणकारुणत्वशोणत्वे वस्तुप्रतिवस्तुभावापन्ने एव साधारणधर्म इति तयोरभेदेन विशिष्टधर्मेणेत्युक्तिरिति भावः। यद्यपि प्रसिद्धौज्ज्वल्यशोभाविशेषादिकमादायाप्याचारोऽनुगामी कर्तुं शक्यते तथापि कवितात्पर्यविषयतास्यैवेति बोध्यम्। तादृशशोभाविशेषयोरैक्यप्रतिपत्तये वानयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभाव आवश्यक इत्याहुः केचित्।

मधुसूदनी

एवमत्र बिम्बप्रतिबिम्बभावकरम्बितो वस्तुप्रतिवस्तुभावः। तादृशवस्तुप्रतिवस्तुभावकरम्बितः पुनर्बिम्बप्रतिबिम्बभावः इत्येवं विशिष्टधर्मेण सह अभेदेन अवस्थितः क्यङर्थ आचारोऽनुगामी।

अत्र वस्तुप्रतिवस्तुभावमापन्नयोः शोणारुणयोः क्रमशः विशेषणतया विशेष्यतया स्थिताभ्यां सन्ध्यासिन्दूराभ्यां गणाधिपगगनाभ्यां बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नाभ्यां धर्माभ्यां सम्पादितविशिष्टधर्मेण सह अभेदेनावस्थितः क्यङर्थोऽनुगामी। इति पाठो मौलिकः साधीयान्। पूर्वं मुद्रितस्य त्वसंगतिं सर्वं एव जानाति। इति सुधीभिर्विमृश्यम्। सम्पादित उद्भूत इत्यर्थः। विशिष्टो धर्मोऽस्माभिः प्रदर्शिते शाब्दबोधेऽनुसन्धानीयः।

खल इति। यथा अपायशंकिलोककर्तृकं विषहेतुकमाशीविषकर्मकं दूरविसर्जनं तथा तादृशलोककर्तृकं कापट्यदोषहेतुकं खलकर्मकं दूरविसर्जनम्।

बालक्रीड़ा

यहाँ इन्दुलेखा उपमान एवं रदाङ्कुर उपमेय में उपमा है। इन दोनों के क्रमशः सम्बन्धी हैं संध्याकालीनशोणिमा सम्पन्न अम्बर एवं सिन्दूर जन्यारुण्य विशिष्ट गणाधिपति। इन में संध्या एवं सिन्दूर का बिम्बप्रतिबिम्ब भाव हैं। इनके विशेष्य शोणिमा एवं आरुण्य में वस्तु प्रतिवस्तु भाव है जो कि उक्त भाव से करम्बित है। इनके विशेष्य अम्बर एवं गणाधिपति में पुनः बिम्बप्रतिबिम्ब भाव है। जो कि उक्त करम्बित भाव से करम्बित है। उक्त करम्बित भाव करम्बित धर्म से अभेद को प्राप्त हुआ क्यङर्थ आचार अनुगामी धर्म है। यहाँ मिश्रितों का मिश्रण है।

कहीं पर हेतुहेतुमद्भाव अर्थात् कार्यकारण भाव से धर्मों में साधारण्य है। जैसे=

अत्र कापट्यं विषं च बिम्बप्रतिबिम्बतां गतं दूरतो विसर्जनेऽनुगामिनि हेतुः ।

यथा वा—

'रूपवत्यपि च क्रूरा कामिनी दुःखदायिनी ।
अन्तः काटवसंपूर्णा सुपक्वेन्द्रवारुणी ॥'

अत्र रूपवत्त्वदुःखदायित्वयोर्द्वयोरनुगामिनोर्मध्ये युवतित्वसुपक्वत्वे क्रौर्यकाटवे च बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्ने रूपवत्त्व-दुःखदायित्वाभ्यां सह हेतु-

मर्मप्रकाशः

अनुगामिनि हेतुरिति । तयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावं विना भिन्नप्रकरणकत्वेन दूरविसर्जने भेदप्रतीत्यानुगामित्वमेव न स्यादिति भावः ।

मधुसूदनी

रूपवतीति । अत्र कामिनी उपमेया । इन्द्रवारुणी उपमानम् । इन्द्रवारुणी सुपक्वा अत एव रूपवती । कामिनी युवतिरत एव रूपवती । बालिकाया अवयवानां विकासाभावेन, वृद्धायास्तेषां ह्रासात् रूपवतीत्वं नास्तीत्यर्थः । तथात्वं युवत्या एव । इन्द्रवारुणी पक्षे रूपवत्यां हेतुः सुपक्वत्वमुपात्तम् । कामिनीपक्षे तद्धेतुः युवतीत्वं नोपात्तमिति आर्थः स हेतुः । इन्द्रवारुणी अन्तः काटव सम्पूर्णा अत एव दुःखदायिनी । कामिनी अन्तः क्रूरा अत एव दुःखदायिनी । तथा च अन्तःकाटवपूर्ण सुपक्वेन्द्र-वारुणीनिरूपितसादृश्यप्रयोजकदुःखदायिनीत्वरूपवतीत्वाश्रया क्रूरयुवतिकामिनी इति वाक्यार्थः । रूपवत्वं रूपमेव । दुःखदायित्वं दुःखमेव । एवं रूपं दुःखञ्चानु-गामिनौ धर्मौ । तयोर्मध्ये क्रौर्यं काटवं सुपक्वत्वं युवतित्वं च बिम्बप्रतिबिम्बभावेन

बालक्रीड़ा

अपाय की शंका करने वाले लोग जैसे विष के कारण सर्प का दूर ही से त्याग कर देते हैं उसी तरह कपटता दोष के कारण खल का भी ।

यहाँ आशीविषकर्मक दूरविसर्जन रूप हेतुमान् (कार्य) का हेतु है विष, और खल का दूरत्याग रूप कार्य का कारण है कपटता । इस तरह बिम्बप्रतिबिम्ब भाव को प्राप्त हुए कापट्य एवं विष, दूरतोविसर्जन रूप अनुगामी धर्म में हेतु हैं ।

और भी जैसे=सुपक्व अतएव रूपवती किन्तु अन्तः कड़ुवापन से भरी हुई इंद्रायन जैसे दुःखदायिनी है वैसे ही युवति अतएव रूपवती कामिनी किन्तु क्रूरा है अतः दुःखदायिनी है ।

यहाँ रूपवत्व और दुःखदायित्व अनुगामी धर्म हैं । इनके मध्य में रूपवत्व के साथ बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्न युवतित्व एवं सुपक्वत्व का और दुःखदायित्व के साथ; बिम्बप्रतिबिम्ब

हेतुमद्भावेन मिश्रितानि । अपरेण तु शुद्धसामानाधिकरण्येन । एवमन्यैरपि व्यामिश्रणं बोध्यम् । प्रकारान्तरं च लक्ष्यानुसारेण सुधीभिः स्वयमुन्नेतुं शक्यम् ।

'यथा लतायाः स्तबकानतायाः स्तनावनम्रे ? नितरां समासि ।
तथा लता पल्लविनी सगर्वे ? शोणाधरायाः सदृशी तवापि ॥'

मधुसूदनी

स्थिता धर्माः । एषां धर्माणां रूपदुःखाभ्यां सह हेतुहेतुमद्भावेन मिश्रणम् । बालिकायाः कामिनीत्वं न भवति वृद्धायास्तद् ग्रसति ।

तथा च अत्र "अपरणे तु शुद्धसामानाधिकरण्येन" इति तु सुपक्वत्वयुवतित्वे प्रति अनवधानमेवेति बोध्यम् । अपरः कः पदार्थोऽवशिष्टो येन अपरेण इति कथनमावश्यकं स्यात् ।

यथा लताया इति । हे स्तनाभ्यामवनम्रे ? प्रह्वीभूते कान्ते ? नितरामतिशयेन त्वं स्तकैर्गुच्छैरानताया भुग्नाया लतायाः समासि तुल्यासि । अत्र कान्ता उपमानम् । लता उपमेया । समशब्दः सादृश्योपस्थापकः । विशेषणयोः स्तनस्तवकयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावः । विशेष्ययोरानतावनम्रयोर्वस्तुप्रतिवस्तुभावः । एवं स्तना-

बालक्रीड़ा

भावापन्न क्रौर्य एवं काटव का हेतु-हेतुमद्भाव से मिश्रण है । अतः अपर रूपवत्व के साथ उनका शुद्ध सामानाधिकरण्य है यह कहना ठीक नहीं है क्योंकि रूपवत्व का हेतु सुपक्वत्व एवं युवतीत्व है । तब शुद्धसामानाधिकरण्य किसके साथ होगा । हाँ जहाँ इद्रायन में रूपवत्व है वहाँ ही काटव भी है । और जहाँ कामिनी में रूपवत्व है वहाँ ही क्रूरत्व भी है इस तरह एक २ अधिकरण में दो २ धर्मों का शुद्ध सामानाधिकरण्य से व्यामिश्रण है इस प्रकार और-और धर्मो का भी और २ धर्मो के साथ व्यामिश्रण समझना चाहिए । प्रश्न= व्याभिश्रण के प्रकारों को बतलाना चाहिए । क्या २ प्रकार हैं । उत्तर=अन्य प्रकारों का सुधी लोग स्वयं उन्नयन कर सकते हैं । बतलाने की आवश्यकता नहीं है । प्रकारान्तर का उन्नयन जैसे=

हे स्तनों से झुकी हुई कान्ते ? तुम गुच्छों से झुकी हुई लता के अत्यन्त समान हो । यहाँ कान्ता उपमान है । लता उपमेया है । समशब्द सादृश्योपस्थापक है । विशेषण स्तन एवं स्तवक में बिम्ब प्रतिबिम्बभाव है । और विशेष्य अवनम्र एवं अवनत में वस्तुप्रतिवस्तु भाव है । अतः स्तनावनम्रत्व एवं स्तवकानतत्व बिम्बप्रतिबिम्बभावकरम्बितवस्तुप्रतिवस्तु-भावापन्न साधारण धर्म है । यह समशब्दप्रतिपादित एक उपमा है ।

इस तरह पूर्वार्द्ध में निराकांक्ष वाक्यार्थ सम्पन्न होता है किन्तु उत्तरार्द्ध में तवापि में तव के बाद अपि शब्द का प्रयोग और सगर्वे ? यह सम्बोधन साभिप्राय है अतः वाक्य साकांक्ष है । इतनी दोनों में विशेषता है ।

अत्र स्तनावनम्राहं स्तवकानताया लताया उपमानमस्मीति गर्वं मा विदध्याः। यतः शोणाधराया उपमेयायास्तवापि पल्लविनी लतोपमानं

मधुसूदनी

वनम्रत्वाभिन्नस्तबकानतात्वं बिम्बप्रतिबिम्बभावकरम्बितवस्तुप्रतिवस्तुभावापन्नः साधारणधर्मः। इयं समशब्दप्रतिपादितोपमैका।

इत्येवं निराकांक्षो वाक्यार्थः सम्पन्नो भवति। किन्तु उत्तरार्द्धे तवापीति तवेत्युत्तरमुपात्तोऽपिशब्दः सगर्वे इति सम्बोधनं च साभिप्रायमत आकांक्षामुत्थापयति। यत् हे सगर्वे ? अहं लताया उपमानमिति गर्वं मा समुद्वह यतः शोणाधरायास्तवापि शोणपल्लविनी लता उपमानं वर्त्तते। अत्र लता उपमानं, सगर्वा कान्ता उपमेया। सदृशीशब्द उपमोपस्थापकः। शोणत्वविशिष्टोऽधरः कान्ताया विशेषणम्। तद्विशिष्टः पल्लवो लताया विशेषणम्। शोणत्वमेकत्र शब्दोपात्तमितरत्राक्षेप्यमित्यन्यदेतत्। इदं शोणत्वं सम्बन्धिभेदाद् भिन्नं वस्तुतस्तु एकमेवेति वस्तुप्रतिवस्तुभावः। अधरपल्लवयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावः। तथा च वस्तुप्रतिवस्तुभावकरम्बितबिम्बप्रतिबिम्बभावापन्नं शोणपल्लवाभिन्नशोणाधरत्वं साधारणधर्मः। इयं सदृशीशब्दप्रतिपादितोपमा द्वितीया।

बालक्रीड़ा

हे सगर्वे ? मैं लता की उपमान हूँ यह गर्व मत कर। क्योंकि शोणीधरा तुम्हारी भी शोण पल्लविनी लता उपमान है। यहाँ लता उपमान है और सगर्वा कान्ता उपमेया है। सदृशी शब्द उपमा का उपस्थापक है। शोणत्व विशिष्ट अधर कान्ता का और तद्विशिष्ट पल्लव लता का विशेषण है। इनमें एक जगह शोणत्व शाब्द है दूसरी जगह आर्थ है। यह शोणत्व सम्बन्धियों के भेद से भिन्न है वस्तुतस्तु एक है। इसलिए इसमें वस्तुप्रतिवस्तुभाव है। किन्तु अधर और पल्लव में बिम्बप्रतिबिम्बभाव है। अतः वस्तुप्रतिवस्तुभावकरम्बितबिम्बप्रतिबिम्बभावापन्न शोणपल्लवाभिन्न शोणाधरत्व साधारण धर्म है यह सदृशी शब्दप्रतिपादित द्वितीया उपमा है।

इस तरह यह वाक्यार्थ निराकांक्ष सम्पन्न हो गया। कान्ता इव लता, लता इव कान्ता यह परस्परोपमा है। किन्तु उपमेयोपमा नहीं है क्योंकि एक ही धर्म के सहारे एक दूसरे का प्रतियोगी हो वह उपमेयोपमा होती है। जहाँ तो भिन्न-भिन्न धर्मों से वैसी स्थिति हो वहाँ उपमा होती है। अतः प्रकृत में उपमा ही है। भिन्न धर्म व्याख्या में पहिले दिखा दिये गये हैं।

इस तरह निराकांक्ष सम्पन्न पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध गत वाक्यों में निर्दिष्ट उपमाएँ यथा तथाऽनुगत वाक्यार्थोपमा के सम्पादक हैं जैसे=स्तवकानतत्वविशिष्टलतासम्बन्धि सादृश्य की आश्रया जैसी तुम हो वैसी ही शोणाधरत्वविशिष्टत्व त्सम्बन्धि सादृश्याश्रया शोण पल्लविनी लता हैं। यहाँ यथापद सन्निहित वाक्यार्थ उपमान हैं तथा पद सन्निहित वाक्यार्थ उपमेय है।

इसी बात को पण्डितराज ने लिखा कि=यहाँ स्तनावनम्रा मैं स्तनकावनता लता की उपमान हूँ। ऐसा गर्व मत करो। क्योंकि शोणाधरा उपमेय तुम्हारी भी शोण पल्लविनी

भवतीति वाक्यार्थे यथातथापदप्रतिपाद्या कान्तोपमानिका लतोपमेयिकोपमा-निष्पाद्या।

निष्पादिके चास्यामुपमायां निरूपकतासंबन्धेनोपमेयगते द्वे उपमे

मर्मप्रकाशः

उपमा। निष्पादिके चेति। एवं च वाक्यार्थोपस्कारिके उपमेइत्यर्थः।

मधुसूदनी

इत्येवं निराकांक्षो वाक्यार्थः सम्पन्नो भवति। कान्तेव लता, लतेव कान्तेयति इयं परस्परोपमा। न तु अन्योन्यप्रतियोगिकत्वविशिष्टा उपमेयोपमा। यतो हि तत्र एकेनैव धर्मेण अन्योन्यप्रतियोगिकत्वं भवति। अत्रोपमायां तु भिन्नाभ्यां धर्माभ्यां तद्भवति। अत उपमैव। भिन्नो धर्मौ तु पूर्वत्र व्याख्यायां निर्दिष्टौ।

एवं निराकांक्षतया निष्पन्नयोर्वाक्यार्थयोर्मध्ये निर्दिष्टौ यथा तथा शब्दौ वाक्यार्थोपमां प्रयोजयतः। तथाहि—स्तवकानतत्वविशिष्टलतासम्बन्धिसादृश्याश्रया यथा त्वमसि, तथा शोणाधरत्वविशिष्टत्वत्सम्बन्धिसादृश्याश्रया शोणपल्लविनी लतेति। अत्र यथापदसन्निहितो वाक्यार्थ उपमानम्। तथापदसन्निहितो वाक्यार्थ उपमेयः।

तदेतदुक्तं पण्डितराजेन=इति वाक्यार्थे यथा तथा प्रतिपाद्या विशिष्टकान्तोपमानिका विशिष्टलतोपमेयिका उपमा निष्पाद्येति।

अत्र यत्तदोर्नित्यसम्बन्धात् यथोपष्टब्धार्थकतथाशब्दप्रयोगे यथा विशिष्टधर्मवती कान्ता तथा विशिष्टधर्मवती लतेति, उभयविशेष्यको बोधः। पश्चात् यत्तद्भ्यां बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नयोः धर्मभूतयोरुपमयोः साधारण्यप्रत्ययात् साधारणधर्मप्रयोज्यं सादृश्यं कान्तालतयोर्निष्पद्यते इति अस्यां वाक्यार्थगतायामुपमायां स्थिते द्वे उपमे निष्पादिके इत्यन्वयः।

अथाक्षरार्थः। निष्पादिके चेति। अस्यां यथा तथा प्रतिपाद्यायां वाक्यार्थगतायाम्। उपमायां समसदृशीशब्दाभ्यां प्रतिपादिते वस्तुप्रतिवस्तुभावमापन्ने अतएव साधारणधर्मतया स्थिते निरूपकता सम्बन्धेन कान्तालतोभयोपमानोपमेयगते द्वे उपमे निष्पादिके इति। "सादृश्यमुपमा" सामान्यतः तत्राश्रयत्वसम्बन्धेन सादृश्यमुपमेयगतं, निरूपकता सम्बन्धेन तदुपमानगतं भवति। यतः सादृश्यस्य निरूपकमुपमानमेवातस्तेन सम्बन्धेन तद्गतं तदिति सिद्धान्तः। प्रकृते च कान्तोपमानं पूर्वार्द्धे,

बालक्रीड़ा

लता उपमान है इन वाक्यार्थों में यथा तथा से प्रतिपाद्य विशिष्ट कान्तोपमानिका विशिष्ट लतोपमेयिका उपमा निष्पाद्या है सम्पाद्या है। यहाँ यत्तद का नित्य सम्बन्ध होने से यथोपष्टब्धार्थक तथा शब्द के प्रयोग में "जैसी विशिष्ट धर्मवती कान्ता है वैसी विशिष्ट धर्मवती लता है" इस तरह का उभय विशेष्यक बोध होता है।

समसदृशशब्दाभ्यां प्रतिपादिते बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्ने साधारणधर्मतया स्थिते । तत्र निरूपकतासंबन्धेन पूर्वार्द्धे उपमानकान्तागतायामुपमायां प्रति-

मर्मप्रकाशः

बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्ने इति । यद्यपि समसदृशशब्दाभ्यां प्रतिपादितोपमयोर्वस्तु-प्रतिवस्तुभाव एव, तथापि तद्विशेषणयोः शोणाधरनायिकास्तबकावनम्रलतयोर्बिम्बप्रतिबिम्ब-भाव आवश्यक इति भावः । तयोश्च बिम्बप्रतिबिम्बभावे सादृश्यानुयोगित्वमेव साधारणो धर्म इति ध्येयम् । तत्र तयोरुपमयोर्मध्ये । निरूपकतेति ।

मधुसूदनी

उत्तरार्द्धे लतोपमानमिति उभयत्र सादृश्यं विश्रामम्यति । ततश्च कान्तालतोभयोप-मानोपमेयगते इति सिद्धम् । तथापि यथा तथाशब्दवेद्यायामुपमायां लताया उपमेय-त्वादुपमेय गतेत्युक्तिः संगच्छते ।

तत्र तयोरुपमयोर्मध्ये पूर्वार्द्धे निरूपकतासम्बन्धेन प्रयोजकत्वसम्बन्धेन । उप-मानभूतकान्तागतायामुपमायाम् । प्रतिबिम्बभूतायाम् । प्रतिबिम्बेति । अयमा-शयः । दर्पणादौ स्थितं मुखं प्रतिबिम्बमप्रधानं यतः प्रतिबिम्बभूतमुखाश्रयणेन तिलका-

बालक्रीड़ा

उसमें बिम्बप्रतिबिम्बभाव को प्राप्त होने वाली ये उपमाएँ ही, साधारण धर्म हो जाती हैं । जिसके बदौलत कान्ता एवं लता में साधारण धर्म प्रयोज्य सादृश्य निष्पन्न हो जाता है अतः इस वाक्यार्थ गत उपमा में दो उपमाएँ निष्पादक रूप से स्थित हैं ।

यहाँ के अक्षरों का अर्थ है कि इस यथा तथा पदों से प्रतिपाद्य वाक्यार्थगत उपमा की सम सदृशी शब्दों से प्रतिपादित वस्तुप्रतिवस्तुभाव को प्राप्त अतएव साधारणधर्मतया स्थित अर्थात् साधारण धर्म रूप से अनुभूयमान कान्ता उपमान एवं लता उपमेय गत दो उपमाएँ निरूपकता सम्बन्ध से अर्थात् प्रयोजकता सम्बन्ध से निष्पादिका हैं ।

यहाँ का भाव यह है कि "सादृश्य उपमा" है । उसमें सामान्य तौर से आश्रयत्व सम्बन्ध से सादृश्य उपमेय गत है । आश्रयत्व सम्बन्ध से सादृश्य उपमेय में वहाँ ही रहता है जहाँ इव शब्द या इवार्थक शब्द गर्भित समास हो या उपमान तृतीयान्त हो । किन्तु जहाँ षष्ठयन्त पद के बाद सदृश या सदृशार्थक शब्द रहेगा वहाँ आश्रयत्व सम्बन्ध से सादृश्य उपमान में रहेगा । यह प्रयोग के अनुसार शाब्दबोध होता है । चूंकि उपमान सादृश्य का निरूपक होता है अतः निरूपकता सम्बन्ध से सादृश्य उपमान में रहता है । प्रकृत में पूर्वार्द्ध में कान्ता उपमान है उत्तरार्द्ध में लता उपमान है । अतः सादृश्य की विश्रान्ति दोनों जगह है । इस तरह कान्ता और लता उपमान एवं उपमेय दोनों हैं । किन्तु यथा तथा प्रतिपाद्य उपमा में लता उपमेय ही है अतः उपमेय लता कहा है ।

उन दोनों उपमाओं में यह पहिले बतलाया जा चुका है कि समा पद जहाँ लगा है वह वाक्यार्थ उपमान और सदृशी पद वाला वाक्यार्थ उपमेय है । तदनुसार पूर्वार्द्ध में प्रति-

बिम्बभूतायां गुच्छस्तनयोर्वस्तुप्रतिवस्तुभावापन्ननमननम्रीभवनविशेषणयो-र्बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नयोः साधारणधर्मत्वम्। एवमुत्तरार्द्धे तेनैव सम्बन्धेन

मर्मप्रकाशः

प्रतियोगितेत्यर्थः। तेनैव संबन्धेनेति प्रतियोगितासंबन्धेनेत्यर्थः।

मधुसूदनी

दिमिश्चर्चनीयं, (यस्य प्रतिबिम्बं दर्पणादौ गतं तत्र) मुखं बिम्बं प्रधानीभूतमिति लौकिकी स्थितिः। नायकयोरुत्कर्षनिरुपणार्थं रसविशेषानुभूत्यर्थं च प्रसिद्धं किन्तु अप्रकृतं चन्द्रादिकं समाश्रित्य प्रकृतं मुखादि वर्ण्यते। अर्थात् मुखादिगत वैलक्षण्यानां स्पष्टप्रतिपत्तये मुखादिगतवैलक्षण्यापेक्षाधिक-वैलक्षण्यसम्पन्न-चन्द्रादिकं समालम्ब्य मुखादि निरूप्यते। एवञ्च बिम्बं मुखादि प्रकृतमेव। चन्द्रादि अप्रकृतमेव प्रति-बिम्बम्। गुणक्रियादिरूपं केवलं धर्ममात्रं वा दर्पणस्थानीयमिति बोध्यम्। अत एव यथा दर्पणस्थप्रतिबिम्बमुखाश्रयणेन मुखादिचर्चने दर्पणः प्रयोजकं तथा उपमान निरूपित सादृश्यस्य उपमेये चर्चने अध्ययने साधारणधर्मः प्रयोजक इति रहस्यमिति आलंकारिक-संप्रदायः। स्वनेत्राभ्यां स्वमुखस्य दर्शनं न सम्भवि। नहि सुनिपुणोऽपि पुमान् स्वस्कन्धमधिरोढुमीष्टे।

अत्र प्रधानीभूतोपमेति भ्रष्टः पाठः। यथा तथा प्रतिपाद्यप्रधानीभूतोपमाया निष्पाद्यायाश्चर्चनप्रसंगो नास्ति। प्रकृते तु निष्पादिकयोरुपमयोः प्रसंगः। ततश्चात्र पूर्वार्द्धे इति पाठः। अग्रेतनस्य उत्तरार्द्धे इति पाठस्य संगाति रपि तदैव स्यात्।

तेनैवेति। तेनैव पूर्वोक्तेनैव सम्बन्धेन निरूपकतासम्बन्धेनेत्यर्थः।

बालक्रीड़ा

बिम्बभूत उपमान कान्तागत उपमा में, गुच्छाभिन्नस्तन प्रयोजकता निरूपकता सम्बन्ध से साधारण धर्म है। गुच्छ और स्तन यद्यपि भिन्न-भिन्न दो पदार्थ हैं किन्तु बिम्बप्रतिबिम्बभाव को प्राप्त हो जाने से दोनों अभिन्न हो गये हैं। ये दोनों वस्तुप्रतिवस्तुभाव को प्राप्त अवनमन एवं नम्री भवन में विशेषण हैं।

इसी प्रकार उत्तरार्द्ध में लता रूप उपमेय गत बिम्बभूत उपमा में उसी निरूपकत्व प्रयोजकत्व सम्बन्ध से अधर पल्लव भी पूर्ववत् साधारण धर्म हैं।

यह यहाँ का आशय हैं कि दर्पण आदि में दिखाई पड़ने वाला मुख प्रतिबिम्ब है अप्रधान है और प्रतिबिम्ब मुख का आश्रयण करके तिलकादि से चर्चनीय (जिसका प्रतिबिम्ब दर्पण आदि में दिखाई देता है वह) मुख बिम्ब है प्रधान है। यह स्थिति लोक में है। काव्य में नायक नायिकाओं के उत्कर्ष निरूपण करने के लिए और रसानुभूति के लिए भी; प्रसिद्ध किन्तु अप्रकृत चन्द्रादि के सहारे प्रकृत मुखादि का वर्णन किया जाता है। अर्थात् मुखादिगत विलक्षणताओं की स्पष्ट जानकारी के लिए मुखादिगत विलक्षणताओं की अपेक्षा अधिक विलक्षणता सम्पन्न चन्द्रादि का अवलम्बन करके मुखादि का निरूपण करते हैं अतः बिम्ब प्रकृत मुखादि है और प्रतिबिम्ब अप्रकृत चन्द्रादि होते हैं।

लतारूपोपमेयगतायां बिम्बभूतायामुपमायामधरपल्लवयोः । न च तेन सदृश इत्यादौ तन्निरूपितसादृश्याश्रयस्योपमेयस्य, तस्य सदृश इत्यादौ च तत्सं-बन्धिसादृश्याश्रयस्योपमानस्य प्रतीतेः सिद्धत्वात्प्रकृते च तव सदृशीति शब्दा-न्निवेद्यमानेऽप्युपमानभावे कथं नाम लताया उपमेयतेति वाच्यम्। सदृशी-शब्दप्रतिपाद्यधर्मभूतोपमायामुपमानत्वेऽपि यथातथाशब्दवेद्योपमायां लताया उपमेयत्वे बाधकाभावात् । एवमन्येऽपि प्रकाराः ।

मर्मप्रकाशः

अधरपल्लवयोरिति । कान्तालताविशेषणयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नयोः साधारणधर्म-त्वमित्यर्थः । तन्निरूपितेति ।

मधुसूदनी

अधरेति । अधरपल्लवयोः कान्तालता-विशेषणयो बिम्बप्रतिबिम्बभावमापन्नयोः साधारणधर्मत्वमित्यन्वयः । न नु निरूपकतासम्बन्धः प्रतियोगितासम्बन्ध एव । तेन सम्बन्धेन सादृश्यमुपमानगतमेव भवति न तूपमेयगतं, ततश्च तेनैव सम्बन्धेन लता रूपोपमेयगतायामुपमायामिति संगतिरहितमेवेत्याह-नचेति । इदं वस्तु शंका समाहितीभ्यां स्पष्टं निरूपितं, साधर्माणां समानजातीयनाम् ।

बालक्रीड़ा

गुण क्रिया आदि या केवल धर्ममात्र दर्पण स्थानीय है। इसीलिए जैसे दर्पणस्थ प्रतिबिम्ब मुख के आश्रयण से मुखादि के चर्चन में दर्पण प्रयोजक होता है उसी तरह उपमान निरूपित सादृश्य का उपमेय में चर्चन करने के लिए साधारण धर्म प्रयोजक होता है। यह रहस्य है यही आलंकारिक सम्प्रदाय है।

यहाँ प्रधानीभूतोपमा यह पाठ भ्रष्ट है। यथा तथा प्रतिपाद्य प्रधानीभूत निष्पाद्य उपमा का प्रसंग नहीं है किन्तु निष्पादिका उपमाओं के निरूपण का प्रसंग है। इसलिए यहाँ पूर्वार्द्ध पाठ है। क्योंकि आगे उत्तरार्द्ध यह पाठ है।

अब शंका होती है कि निरूपकता सम्बन्ध प्रतियोगिता सम्बन्ध ही है और उस सम्बन्ध से सादृश्य उपमान में ही है रहता है उपमेय में नहीं, तब उसी सम्बन्ध से लतारूप उपमेय में रहने वाली उपमा में यह कहना तो असंगत ही हुआ। इसका अवान्तर उत्तर देते हैं कि यह शंका ठीक नहीं है क्योंकि प्रतीतियों के अनुरोध से "तेन सदृश" यहाँ पर तृतीयान्त पाठ में तन्निरूपित सादृश्य का आश्रय उपमेय माना जाता है और "तस्य सदृश" इत्यादि षष्ठचन्त पाठ में तत्सम्बन्धी सादृश्य का आश्रय उपमान माना जाता है अतः प्रकृत में "तव सदृशी" इस षष्ठचन्त पाठ में त्वत्सम्बन्धी सादृश्य की आश्रय लता उपमान ही तो हुई न कि उपमेय। तब लता को उपमेय कैसे कहा।

उत्तर=यद्यपि सदृशी शब्द प्रतिपाद्य धर्म भूतउपमा में लता उपमान है किन्तु यथा-तथा शब्द प्रतिपाद्य निष्पाद्य उपमा में तो लता के उपमेय होने में कोई बाधक नहीं है।

'यथा तवाननं चन्द्रस्तथा हासोऽपि चन्द्रिका ।
यथा चन्द्रसमश्चन्द्रस्तथा त्वं सदृशी तव ॥'

एभिर्भेदैः प्रागुक्तानां सधर्माणां भेदानां यथासंभवं गुणने बहुतरा भेदा भवन्ति । तथा धर्माणां वाच्यतायां वाच्यधर्मा बहुधोक्ता । व्यङ्ग्यत्वे व्यङ्ग्यधर्मा धर्मलोपे गदितैव ।

लक्ष्यतायां यथा—

'सर्प इव शान्तमूर्तिः, श्वेवायं मानपरिपूर्णः ।
क्षीब इव सावधानो, मर्कट इव निष्क्रियो नितराम् ॥'

इत्यत्रोपमानमहिम्ना शान्तमूर्त्यादिशब्दैर्विरुद्धा धर्मा लक्ष्यन्ते ।

मर्मप्रकाशः

तत्प्रतियोगिकेत्यर्थः । सादृश्याश्रयस्य तत्प्रतियोगिन इत्यर्थः । सधर्माणां भेदानामिति । साधारणधर्मभेदसहितानां पूर्णालुप्तादिभेदानामित्यर्थः । व्यङ्ग्यत्वे इति । धर्माणामित्यस्यानुषङ्गः । लक्ष्यतायामिति । धर्माणामित्यादिः । महिम्नेति । तेषु शान्तमूर्तित्वादेरभावादिति भावः ।

मधुसूदनी

सर्प इति । अत्र विरोधिलक्षणा 'उपकृतं बहु तत्रेत्यादिवत् ।'

बालक्रीड़ा

इस तरह अन्यान्य प्रकारों को समझना चाहिए । जैसे तुम्हारा मुख चन्द्र है वैसे तुम्हारा हास भी चन्द्रिका है । और जैसे चन्द्र के समान चन्द्र है वैसे ही तुम भी तुम्हारे ही जैसी हो ।

इन भेदों के साथ प्रागुक्त समान जातीय धर्मों का यथा संभव् गुणन करने पर बहुत से भेद होते हैं और धर्मों की वाच्यता अवस्था में वाच्यधर्म बहुत प्रकार से कह दिये हैं । और उन धर्मों की व्यंगता में व्यंग्यधर्म भी धर्मलुप्ता उपमा में कह दिए हैं । अब उन धर्मों की लक्ष्यता में जैसे सर्प की तरह शान्तमूर्ति, कुत्ते की तरह अभिमान सम्पन्न । मद्यप की तरह सावधान और मर्कट बानर की तरह एकदम निष्क्रिय यह पुरुष है ।

यहां उपमान सर्प, कुत्ता, मद्यप एवं मर्कट की महिमा माने उनके स्वभाव के कारण शान्तिमूर्ति, मान परिपूर्ण, सावधान एवं निष्क्रियशब्दों से विरुद्धधर्म अशान्तमूर्तित्व अपमान परिपूर्णत्व, असावधानत्व और व्यर्थक्रियाकारित्व लक्षित होते हैं ।

यह उपमा कहीं पर मुख्यार्थ की साक्षात् उपकारिणी होती है । और कहीं पर दूसरे-दूसरे उपस्कारकों को उपस्कृत करती हुई उपस्कारक होती है । उनमें साक्षात् उपस्कारिणी उपमा पहिले बहुत प्रकार से कही जा चुकी है । परम्परया उपस्कारिणी जैसे—

इयं चोपमा मुख्यार्थस्य क्वचित्साक्षादुपस्कारिणी, क्वचिच्चोपस्कारकान्तरोपस्करणद्वारा। तत्र साक्षादुपस्कारिणी प्राग्बहुधोदीरिता।

परम्परया यथा—

'नदन्ति मददन्तिनः, परिलसन्ति वाजिव्रजाः
पठन्ति बिरुदावलीमहितमन्दिरे बन्दिनः।
इदं तदवधि प्रभो ? यदवधि प्रवृद्धा न ते
युगान्तदहनोपमा नयनकोणशोणद्युतिः॥'

अत्र मुख्यार्थस्य राजविषयायाः कविरतेरुपस्कारकस्य यदैव तव कोपोदयस्तदैव रिपूणां संपदो भस्मसाद्भविष्यन्तीति वस्तुन उपस्कारिका नयनकोणशोणद्युतेर्युगान्तदहनोपमा। इयं चेवयथावादिशब्दैर्वाचकैः प्रतिपादिता वाच्यांलंकारः। लक्ष्यापि चालंकुर्वाणा दृश्यते।

मर्मप्रकाशः

धर्मा लक्ष्यन्त इति। लक्ष्यतावच्छेदकेऽपि लक्षणेति मतेनेदम्। इयं चेति। उपमेत्यर्थः।

मधुसूदनी

"नदन्ति" इति। इदं नदनं परिलसनं पठनं च। युगान्तदहनस्य उपमा तुलेति सा यत्रास्तीति। अत्र नयनशोणिमा उपमेयः। युगान्तदहन उपमानम्। इयमुपमा मुख्यार्थस्य परम्परयोपस्कारिणी। तथाहि मुख्यार्थः राजविषया कविगतरतिः। तस्या उपस्कारकं यदैव तव कोपादयस्तदैव रिपूणां सम्पदो भस्मसाद्भविष्यन्तीति व्यंग्यं वस्तु। तस्योपस्कारिकेयमुपमेति।

बालक्रीड़ा

दुश्मनों के मन्दिरों में मस्त हाथी चिंग्घाड़ते हैं, घोड़ों की कतारें सुशोभित होती हैं और स्तुतिपाठक लोग विरुदावलियों का पाठ करते हैं। हे प्रभो ? यह चिंघाड़ना, सुशोभित होना एवं विरुदावलिका पठन तभी तक होता है। जब तक प्रलय की अग्नि के सदृश तुम्हारे नयनों की लालकान्ति बढ़ती नहीं है।

यहाँ नयन शोणिमा उपमेय है युगान्तदहन उपमान है। यह उपमा मुख्यार्थ की परम्परया उपस्कारिणी है। राजविषयकरति मुख्यार्थ है। उसका उपस्कारक है "जभी तुम्हारे कोप का उदय होगा तभी दुश्मनों की सम्पतियाँ भस्म हो जायँगी" यह व्यंग्य वस्तु; उसकी उपस्कारिका है उपमा।

यथा—

'नीवीं नियम्य शिथिलामुषसि प्रकाश-
मालोक्य वारिजदृशः शयनं जिहासोः ।
नैवावरोहति कदापि च मानसान्मे
नाभेर्निभा सरसिजोदरसोदरायाः ॥'

अत्रैकोदरप्रभवत्वरूपस्य मुख्यार्थस्य बाधात्तदीयशोभालक्षणसमानांशहरत्वादेः प्रयोजनस्य सत्त्वात्सोदरपदेन सदृशो लक्ष्यते।

आर्थी च तत्रोपमा लक्ष्यमाणा। अवरोहतिलक्ष्यस्य विषयतया स्मृतिशून्यीभवनस्य निषेधनेन प्रतीयमानायाः स्मृतेरुपस्कारिका। एवं प्रतिभटप्रति-

मर्मप्रकाशः

तत्र नाभौ। अवरोहतिलक्ष्यस्येति एतत्पदलक्ष्यस्येत्यर्थः।

मधुसूदनी

नीवीमिति। उषसि प्रकाशमालोक्य शयनहानात्प्राक् शिथिलां नीवीं नियम्य। शयनं जिहासोः वारिजदृशः सरसिजोदरसोदरायाः नाभेः निभा शोभा मे मानसात् कदापि च नैवावरोहति दूरं गच्छति।

सोदरेति। सोदरपदेन सदृशो लक्ष्यते तत्कथमित्याह—अत्रेति। नाभेः प्रभव उत्पत्तिस्थानं नायिका। सरसिजोदरस्य प्रभवः सरसिजमिति तयोर्भिन्नाधिकरणप्रभवतया एकोदरत्वं बाधितमिति लक्षणा प्रवृत्ता। लक्षणायाः प्रयोजनं सरसिजोदरसम्बन्धि—शोभारूपसमानांशहरत्वम्। एकोदरप्रभवाः सकुल्याश्च दायादा भवन्ति। दायो नाम स्वसम्बन्धि धनम्। समानविभागेन तमाददानो हि दायादो भवति। प्रकृतेऽपि नाभिः सरसिजोदरस्य सपिण्डा दायादा अतः स्वसम्बन्धिनः सरसिजोदरस्य शोभालक्षणं दायं समानांशं हरतीति।

तत्र नाभौ आर्थी (श्रौत्या अभावे) उपमा लक्ष्यमाणा। अवरोहतीति। अवरोहणं नीचैर्गमनं तच्च चेतनधर्मः। शोभा अचेतनपदार्थः। अतो बाधाल्लक्ष्यते

बालक्रीड़ा

उषः काल में प्रकाश को देखकर अतएव शिथिल नीवी का नियमन करके शयन को छोड़ने के लिए उद्यत नायिका की कमल के मध्य भाग के सदृश नाभिकी शोभा मेरे मन से कभी हटती नहीं है।

जिस उदर से कमल पैदा हुआ है उसी उदर से नाभि नहीं पैदा हो सकती है अतः एकोदरप्रभवत्व रूप मुख्यार्थ के बाध हो जाने से तदीय नाभि सम्बन्धी शोभा (लक्षण) रूप समान अंश के हरणकर्तृत्व प्रयोजन के कारण सोदर पद की सदृश की अर्थ में लक्षणा करते

मल्लादिशब्दानां तदीयन्यग्भवनतदीयशोभारूपसर्वस्वापहरणादेः प्रयोजनस्य सत्वात्सादृश्यवति लक्षणैव, न व्यञ्जना, मुख्यार्थस्य बाधात्। प्रयोजने पुनर्व्यञ्जनैवेति।

क्वचिद्यङ्गयापि चेयमुपमालंकारः। यथा—

'अद्वितीयं रुचात्मानं मत्वा किं चन्द्र ! हृष्यसि।
भूमण्डलमिदं मूढ ! केन वा विनिभालितम्॥'

कस्यचिद्विदेशस्थितस्य किरणैरात्मानं संतापयन्तं चन्द्रं प्रत्येषोक्तिः। अत्र च अस्ति मम प्रियायाः कदापि बहिरनिर्गतायाः, अत एव त्वयाप्यदृ-

मर्मप्रकाशः

व्यञ्जनैवेति इत्यस्य बोध्यमिति शेषः। विनिभालितमिति विशेषेण दृष्टमित्यर्थः। अत्र चेति। प्रतीयमानेत्यत्रास्यान्वयः।

मधुसूदनी

मानसविषयतया स्मृतिः प्रतीयते। एवं प्रतीयमानायाः स्मृतेः लक्ष्यमाणोपमा उपस्कारिकेति।

अद्वितीयमिति। अत्र मूढपदेन ध्वन्यमानायामसूयायामुपमालंकारः।

बालक्रीड़ा

हैं। इस तरह सदृश पद के योग में आर्थी लक्ष्यमाणा उपमा है। अवरोहति पद का वाच्य अर्थ है नीचे उतरना। वह मानस के निराकार होने से संगत नहीं होता है अतः अवरोहति पद का लक्ष्य (नाभि) विषयक स्मृति का शून्यीभवन अभाव है। उस अभाव के निषेध (अभाव) से (अभावाभाव भावरूप होता है इस लिए) स्मृति प्रतीत होती है। स्मृति की उपस्कारिका उक्त उपमा है। इस तरह प्रतिभट प्रतिमल्लादि शब्दों की सादृश्यवान् अर्थात् सदृश में प्रयोजनवती लक्षणा ही होती है व्यंजना नहीं। क्योंकि मुख्यार्थ का बाध यहाँ होता है। तदीय अर्थात् उपमान का न्यग्भवन और तदीय शोभा रूप सर्वस्व का अपहरण आदि प्रयोजन में तो व्यंजना ही है।

कहीं पर यह उपमा व्यंग्या भी होती है जैसे—हे चन्द्र ? अपने आपको कान्ति में अद्वितीय समझ कर क्यों प्रसन्न हो रहे हो। अरे मूढ ? इस भूमण्डल को किस ने पूरा देखा है।

यह किसी विदेश में पड़े हुए व्यक्ति की किरणों से संतप्त करने वाले चन्द्र के प्रति उक्ति है। यहाँ पर कभी भी बाहर नहीं निकली अतएव तुमने भी जिसको नहीं देखा है ऐसी मेरी प्रिया का आनन तुम्हारे जैसा है इस तरह प्रतीयमाना उपमा, मूढ़ पद से ध्वन्यमाना वक्ता की चन्द्र विषयक असूया में अलंकार है।

ष्टाया आननं त्वत्सदृशमिति प्रतीयमाना उपमा मूढपदेन ध्वन्यमानायां चन्द्रविषयायां वक्तृगतायामसूयायामलंकारः ।

एतेनाप्पदीक्षितैरुपमालक्षणे दत्तमव्यङ्ग्यत्वविशेषणमयुक्तमेव । नहि व्यङ्ग्यत्वालंकारत्वयोरस्ति कश्चिद्विरोधः । प्राधान्येन व्यङ्ग्यतायां तु प्रधानत्वालंकारत्वयोर्विरोधादलंकारलक्षणं तत्र मातिप्रसाङ्क्षीदित्युपस्कारकत्वेन पुनर्विशेषणीयम्, न त्वव्यङ्ग्यत्वेन । प्रागुक्तायामसूयालंकारोपमाया-मव्याप्त्यापत्तेः । विशिष्टोपमादिस्थले विशेषणाद्युपमानां वाक्यसिद्ध्यङ्ग-तया गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वम्, सिद्धार्थस्योपस्करणाभावात्तु नालंकारत्वमिति न काप्यसंगतिः ।

यच्चापि "सेयमुपमा संक्षेपतस्त्रिविधा—क्वचित्स्ववैचित्र्यमात्रविश्रान्ता । यथा स च्छिन्नमूलः क्षतजेन रेणुः' इत्यादौ । क्वचिदुक्तार्थोपपादनपरा । यथा

मर्मप्रकाशः

प्रतीयमाना उपमेति । अत्रोपमानस्योपमेयत्वकल्पनात्मकप्रतीपस्यैव व्यङ्ग्यत्वम् । मूढपदस्वारस्यात्, चमत्कारातिशयाच्च । किं हृष्यसीत्येतत्स्वारस्याच्चेति केचित् । एतेनेति । एतेनापीत्यर्थः । अपिना प्रागुक्तदूषणसमुच्चयः ।

बालक्रीड़ा

इसलिए अप्पय्य दीक्षित जी का उपमा लक्षण में दिया हुआ अव्यंग्यत्व विशेषण युक्ति संगत नहीं है । क्योंकि व्यंग्यत्व एवं अलंकारत्व का कोई विरोध नहीं है । उसी उपमा की प्रधानतया व्यंग्यदशा में तो प्रधानत्व और अलंकारत्व का विरोध है अतः अलंकार का लक्षण उस प्रधानतया व्यंग्य उपमा में अति-प्रसक्त मत हो जाय इसलिए उपस्कारकत्व विशेषण को उपमा लक्षण में निवेश करना चाहिए । किन्तु अव्यंग्यत्व विशेषण को नहीं । यदि उपस्कारकत्व विशेषण का नहीं उपन्यास करेंगे तो प्रांगुक्त असूया को अलंकृत करने वाली व्यंग्य उपमा में लक्षण व्याप्त नहीं होगा ।

अगर कहें कि विशिष्ट उपमा अर्थात् वाक्यार्थोपमा स्थल में विशेषणों में होने वाली व्यंग्योपमा के व्यावर्त्तन के लिए अव्यंग्यत्व विशेषण सार्थक है तब भी ठीक नहीं है क्योंकि वहाँ वह उपमा वाच्यसिद्धचंग होने से गुणीभूतव्यंग्य है । और व्यंग्यत्व तथा अलंकारत्व का कोई विरोध नहीं है यह पहिले ही कहा जा चुका है अतः कोई दोष नहीं है । यदि वह व्यंग्योपमा किसी वाच्य की सिद्धि नहीं करती है क्योंकि वह अर्थ सिद्ध ही है तब इसमें उपस्कारकत्व के अभाव में अलंकारत्व ही नहीं है अतः भी कोई दोष नहीं है ।

और जो भी वह उपमा संक्षेप से तीन प्रकार की है—कहीं पर स्ववैचित्र्यमात्र में विश्रान्त होने वाली जैसे—"स च्छिन्नमूलः क्षतजेन रेणुः" इत्यादि में । कहीं पर उक्तार्थ के

'अनन्तरत्नप्रभवस्य' इत्यादौ" 'क्वचिद् व्यंग्य प्रधाना सा' इति तैरेव द्रविड-शिरोमणिभिरभ्यधीयत। तदप्यहृद्यमेव। 'नयने शिशिरीकरोतु मे शरदिन्दु-प्रतिमं मुखं तव,' इति वाच्यवस्तूपस्कारिकायाः शरदिन्दूपमाया अक्रोडीकरणात्। अलंकारभूतोपमासु स्ववैचित्र्यमात्रविश्रान्ताया उपमायाः संग्रहे को नाम ध्वन्यमानायास्तस्या निरासायाव्यङ्ग्यत्वविशेषणदानदुराग्रहः।

अहो महदेवेदमन्याय्यम्—यदलक्षणीयायाः संग्रहः, लक्षणीयायाश्चा-

मर्मप्रकाशः

तैरेवेति। अप्पदीक्षितैरेवेत्यर्थः।

मधुसूदनी

वाच्यवस्त्विति। वाच्यवस्तुनो मुखेन नयनयोः शिशिरीकारणस्य। शरदिन्दुप्रतिमत्वान्मुखे तत्करणसामर्थ्यमुदीतमिति भावः। शारद इन्दुः शिशिरतापादकस्तत्तुल्यं मुखम्।

स्ववैचित्र्येति। स्वीये वैचित्र्ये एव या विश्रान्ता अन्यत्र कस्मिन्नपि स्ववैचित्र्यं नादधाति अर्थात्कञ्चनमन्यं नोपस्करोति एवमनलंकारभूताया उपमायाः संग्रहे ध्वन्यमानायास्तादृश्याः संग्रहः सुतरां कृत एवेति अनलंकार भूताया उपमाया निरासाय अव्यंग्यत्वविशेषणदानं दुराग्रहमात्रमेव।

अलक्षणीयाया इति। उपस्कारकत्वमलंकारत्वमिति सामान्यं लक्षणमलंकाराणाम्। अतः स्ववैचित्यमात्रविश्रान्ताया इतरोपस्कारकत्वाभावादनलंकारतया अलंकारलक्षणबहिर्भूताया अलक्षणीयायाः।

लक्षणीयाया इति। यद्यपि ध्वन्यमानाया अनलंकारत्वाल्लक्षणीयात्वाभावाल्लक्षणीयाश्चासंग्रह इति न संगच्छते तथापि लक्षणे अव्यंग्यत्वविशेषणदानेन

बालक्रीड़ा

उपपादन में तत्परा जैसे—"अनन्तरत्नप्रभवस्य" इत्यादि में। कहीं पर व्यंग्यप्रधाना वह है। ऐसा द्रविड़ शिरोमणि जी ने कहा है। वह भी अहृद्य ही है। क्योंकि "नयने शिशिरी करोतु मे शररिन्दुप्रतिमं मुखं तव" इस वाच्य वस्तु की उपस्कारिका शरदिन्दूपमा का क्रोडीकरण अर्थात् संग्रह नहीं हो रहा है।

अलंकार भूत उपमाओं में स्ववैचिव्यमात्र में विश्रान्त अर्थात् अनलंकार भूत उपमा का संग्रह करने पर ध्वन्यमान उपमा के निरास के लिए अव्यंग्यत्व विशेषण देने का कौन दुराग्रह है। अनलंकार भूतत्व धर्म, स्ववैचित्र्यमात्र विश्रान्त एवं ध्वन्यमाना दोनों उपमाओं में बराबर है। तब एक का संग्रह दूसरे का निरास यह तो आश्चर्य है।

अहो बहुत ही बड़ा यह अन्याय है कि जो अलक्षणीया अनलंकार भूता का संग्रह हो

संग्रह इति। प्राचीनानां तूपमासामान्यं लक्षयतां ध्वन्यमानाया इवास्या अपि संग्रहो नानुचितः। स तु स्वस्य यत्नेन ध्वन्यमानोपमां निरस्य कण्ठरवेणालंकारभूतोपमालक्षकस्य।

यदि च प्रबन्धव्यङ्ग्योपस्कारकत्वेनेयं संगृह्यत इत्युच्यते तदा 'स्ववैचित्र्यमात्रविश्रान्ता' इति स्वोक्तिर्विरुद्धा स्यात्।

मर्मप्रकाशः

स्वस्येति। तवेत्यर्थः। अनुचित इत्यस्यानुषङ्गः। इयं स्ववैचित्र्यमात्रविश्रान्ता। विरुद्धा स्यादिति। वस्तुतस्तु उपमानोपमेययतावच्छेदकयोर्भेदाच्चास्त्येवोपमितिनिष्पत्तिः। अत एव सेयमुपमेत्येवोक्तम्, न त्वलंकार इति। 'नयने शिशिरीकरोतु मे शरदिन्दुप्रतिमं मुखं तव' इत्यत्र तु उक्तार्थोपपादनपरैव मुखकर्तृकनयनकर्मकशिशिरीकरणस्य कव्युक्तस्येन्दूपमयैवोपपत्तेः। उक्तार्थोपपादनेत्यस्य चोक्तार्थस्योपपादनमुक्तार्थे वोपपादनमित्यर्थद्वयम्

मधुसूदनी

"अद्वितीयं रुचात्मानमित्यादिषु" व्यंग्यापि चेयमुपमा मूढपदेन ध्वन्यमानायां चन्द्रविषयायां वक्तृगतायामसूयायामलंकारत्वं भजमाना लक्षणीया एव निरस्यते इति लक्षणीयायाश्चासंग्रह इति संगच्छते एवेति भावः।

प्राचीनानामिति। उपमा सामान्यं लक्षयतां अलंकारानलंकारभूतोपमामात्रस्य लक्षणं विदधतां प्राचीनानां यथा ध्वन्यमानाया उपमाया अलक्षणीयायाः संग्रहः अनुचितो न तथा अस्या स्ववैचित्र्यमात्रविश्रान्तायाः अपि संग्रहस्तथा न। तु किन्तु यत्नेन अव्यंग्यत्वविशेषणदानरूपेण। लक्षकस्य लक्षणनिर्माणं कुर्वतः स्वस्य तव अस्याः स्ववैचित्र्यमाविश्रान्तायाः स संग्रहोऽनुचितः।

स्वोक्तिर्विरुद्धेति। पूर्वमुक्तमियमुपमा स्वीये वैचित्र्ये विश्रान्ता अन्यस्मिन् स्वीयं वैचित्र्यं नादधाति। इदानीमुच्यते प्रबन्धव्यंग्योपस्कारिकेयम्। इति पूर्वापरविरुद्धाभिधानमेति भावः।

बालक्रीड़ा

रहा है और लक्षणीया व्यंग्यत्व और अलंकारत्व का विरोध नहीं होने से लक्ष्यभूता गुणीभूतव्यंग्या का संग्रह नहीं हो रहा है।

उपमा सामान्य का लक्षण बतलाने वाले प्राचीनों का तो अनलंकारा ध्वन्यमाना की तरह इस स्ववैचित्र्यमात्र विश्रान्ता अनलंकारा उपमा का भी संग्रह अनुचित नहीं है। अगर कहें कि प्रबन्ध से व्यक्त होने वाले अर्थ की उपस्कारिका होने से इसको भी संगृहीत करते हैं ऐसा कहें तो स्ववैचित्र्य में विश्रान्त होने वाली कहना ही आपका विरुद्ध होगा प्रबन्धव्यंग्य का उपस्कार भी करें और अपने ही चमत्कार में लीन रहे। अर्थात् दूसरे का उपस्कार नहीं करे ये दोनों परस्पर विरुद्ध हैं।

'अनन्तरत्नप्रभवस्य' इत्यत्र गुणसमूहसमानाधिकरण एको दोषो दोषत्वेन न स्फुरतीत्यस्यार्थस्य पूर्वार्धप्रतिपादितार्थसमर्थनात्मकस्य सामान्यरूपस्य विशेषरूपोदाहरणप्रदर्शनमन्तरेण सम्यगनाकलनादिन्दुकिरणसमानाधिकरणेऽङ्क उदाहृतः न तूपमानतया निर्दिष्टः।

सामान्याद्विशेषस्य भेदाभावेनोपमितिक्रियाया अनिष्पत्त्या उपमालंकृते-

मर्मप्रकाशः

विनिगमनाविरहात्; इति न दोष इति चिन्त्यमिदमिति बोध्यम्। उक्तार्थोपपादनपरोपमायास्तवुक्तमुदाहरणं दूषयति—अनन्तेति। 'अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य हिमं न सौभाग्यविलोपि जातम्। एको हि दोषो गुणसंनिपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः॥' इत्यत्रेत्यर्थः। स्फुरतीत्यस्यार्थस्य तृतीयचरणप्रतिपाद्यस्य। तत्त्वेनानिर्दिष्टत्वे हेतुमाह—सामान्येति।

मधुसूदनी

गुणेति। यत्र गुणसमूहः गुणसन्निपातस्तत्रैवेको दोषः स्यात्तदा गुणसमूहसमानाधिकरणो दोष उच्यते। पूर्वार्द्धे प्रतिपादितो योऽर्थस्तस्य समर्थनात्मकः सामान्यरूपोऽर्थस्तस्य। यस्मिन्निन्दौ किरणसमूहस्तत्रैवेंदावंक इति इन्दुकिरणसमानाधिकरणोऽङ्कः।

भेदाभावेनेति। उपमितिक्रियायाः उपमानतावच्छेदकोपमेयतावच्छेदकयोर्भेदे एव निष्पत्तिर्भवति प्रकृते तु गुणसमूहसमानाधिकरण एको दोषो दोषत्वेन न स्फुरति इति सामान्योऽर्थः। यथा इन्दुकिरणसमानाधिकरणोंऽको दोषत्वेन न

बालक्रीड़ा

